


परम पूज्य तपश्चर्या-चक्रवर्ती पट्टाधीशाचार्यश्री

सुविधिसागर जी महाराज

के

50 वें जन्मदिवस के पावन अवसर पर

सुविधि-परिवार के द्वारा आयोजित

जिनवाणी-महोत्सव

सहस्रग्रन्थसंग्रह

❊ जन्मदिवस 19-03-1971 ❊ मुनिदीक्षा-11-05-1989 ❊ आचार्यपद- 20-06-2004

पट्टाधीशपद- 24-12-2010 (20-06-2004 को की गई उद्घोषणा के अनुसार)

परम पूज्य आचार्यश्री सन्मतिसागर जी महाराज के द्वारा की गई उद्घोषणा:-

हमारी समाधि के पश्चात् आपको इस संघ के संचालकपद पर नियुक्त करते हैं।

(अंकलीकर वाणी-जुलाई 2004) (अक्षयज्योति-अक्तूबर 2004)


जैनेन्द्र लक्षणावली

भाग 3

सम्पादक
बालचन्द्र सिद्धान्त शास्त्री

प्रकाशक
वीर सेवा मन्दिर 21,
दरियागंज, दिल्ली-6

(परम्परानायक)



परम पूज्य चारित्र–चक्रवर्ती,
आचार्यश्री आदिसागर जी महाराज
(अंकलीकर)

(द्वितीय पट्टाधीश)



परम पूज्य तीर्थभक्त–शिरोमणि,
आचार्यश्री महावीरकीर्ति जी महाराज

(तृतीय पट्टाधीश)



परम पूज्य सिद्धान्त–चक्रवर्ती,
आचार्यश्री सन्मतिसागर जी महाराज

(चतुर्थ पट्टाधीश)



परम पूज्य तपश्चर्या–चक्रवर्ती, आचार्यश्री सुविधिसागर जी महाराज

दिगम्बर साधु निरन्तर पगविहार करते रहते हैं। ग्रन्थभण्डार को साथ में रख कर विहार करना अशक्यप्रायः होता है। फलतः उनको ग्रन्थों के सन्दर्भ देखने में असुविधा होती है। उनकी सुविधा के लिये इस कोश का निर्माण किया गया है। इस कोश के निर्माण में किसी भी प्रकार का व्यापारिक हेतु नहीं है।

आर्थिक दृष्टि से सम्पन्न श्रावकबन्धुओं से निवेदन है कि वे ग्रन्थ का विक्रय कर अध्ययन करने की परम्परा को कायम रखें।

मुखपृष्ठ पर हमने ग्रन्थकर्त्ता, अनुवादक, सम्पादक, प्रकाशक आदि के नाम दिये हैं। किसी संस्थान का कर्तृत्व हमने लुप्त नहीं किया है।

इस कोश के लिये आवश्यक ग्रन्थ हमें अनेक स्रोतों से प्राप्त हुये हैं। हम उन सभी का आभार मानते हैं।

सुविधि–परिवार

जैन-लक्षणावली

(जैन पारिभाषिक शब्द-कोश)

तृतीय भाग (प्रकरणसमाजाति-ह्रस्व तक)

सम्पादक
बालचन्द्र सिद्धान्त-शास्त्री

वीर सेवा मन्दिर प्रकाशन

प्रकाशक
वीर-सेवा-मन्दिर
२१, दरियागंज
नई दिल्ली-२

मूल्य
रु० ४०-००

वी. नि. सं० २५०५
विक्रम संवत् २०३६
सन् १९७९

मुद्रक
प्रिंट आर्ट प्रेस
नवीन शाहदरा, दिल्ली-३२
कम्पोजिंग गीता प्रिंटिंग एजेंसी

JAINA LAKṢAṆĀVALI

(An authentic discriptive dictionary of Jaina philosophical terms)

Vol. III

★

EDITED BY

BĀLCHANDRA SIDDHĀNTA SHĀSTRI

★

VIR SEWA MANDIR
21, Daryaganj, New Delhi-2

Vir Samvat 2505
V. Samvat 2036
A. D. 1979

Rs. 40-00

प्रकाशकीय

"जैन लक्षणावली" जैसे महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ का प्रकाशन इस युग की एक अभूतपूर्व घटना है। ग्रन्थ के पूर्ण हो जाने पर अब उसके इस अन्तिम तृतीय भाग को पाठकों के सन्मुख प्रस्तुत करते हुए 'वीर सेवा मन्दिर" गौरव का अनुभव करता है। ग्रन्थ की उपयोगिता व महत्त्व पर अन्यत्र प्रकाश डाला गया है। उससे यह स्पष्ट है कि इस तरह का ग्रन्थ न तो अब तक छपा है और न निकट भविष्य मे उसके छपने की कुछ सम्भावना ही है।

ग्रन्थ के सकलन, सम्पादन, मुद्रण इत्यादि मे जिन विद्वानो, सोसायटी के अधिकारियो व अन्य महानुभावो का किसी भी रूप मे योगदान रहा उनका उल्लेख प्रथम व द्वितीय भाग म किया जा चुका है। सोसायटी की ओर से मैं उन सबका पुनः आभार मानता हू। प्रमुख रूप मे ग्रन्थ के सयोजन' सम्पादन, मुद्रण व प्रकाशन मे जिन चार महानुभावो का महत्त्वपूण योगदान रहा है वे इस प्रकार है--



१. **स्व० श्री आचार्य जुगलकिशोर जी मुख्तार**—यद्यपि ग्रन्थ की मूल परिकल्पना मुख्तार साहब की थी तथा इसकी रचना में वही मूल प्रेरणा-स्रोत थे तथापि उनके जीवनकाल में ग्रन्थ से सम्बन्धित सामग्री व्यवस्थित नही हो सकी थी। इसके लिए यद्यपि समय-समय पर कई विद्वानों का सहयोग भी प्राप्त हुआ, फिर भी वह सकलित सामग्री अव्यवस्थित ही रही दिखती है—उसमे एकरूपता नहीं रही तथा सम्भवतः त्रुटिया भी अधिक रहीं।



२. पं. बालचन्द्रजी सिद्धान्तशास्त्री– स्व मुख्तार साहब के पश्चात् ग्रन्थ का व्यवस्थित सम्पादन कर उसे पूर्ण करा देने के लिए उपयुक्त विद्वान् के खोजने मे सस्था को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ा। अन्ततः इसे मैं 'वीर सेवा मन्दिर' व इस ग्रन्थ का सौभाग्य ही मानता हू कि प० बालचन्द्र जी सिद्धान्तशास्त्री ने ग्रन्थ के सम्पादन के भार को उठाना स्वीकार कर लिया और तदनुसार कार्य को पूर्ण करने के लिए सबके आग्रह पर स्वास्थ्य की शिथिलता व अवस्थागत कठिनाइयो के बावजूद वे तैयार हो गये। जिन कठिनाइयो का प्रथम भाग के सम्पादकीय मे उल्लेख किया गया है और जिनको कुछ पिछले कई वर्षो मे मैंने देखा और समझा है उस आधार पर यह कहना अतिशयोक्तिपूर्ण न होगा कि इस श्रम व समय-साध्य तथा कठिन ग्रन्थ की रचना के, जिसके लिए एक उच्चकोटि का प्रतिभावान विद्वान् भी होना आवश्यक है, प० जी मूलाधार है।



३. स्व० श्री छोटेलाल जी जैन— ग्रन्थ के सकलन, सम्पादन के कार्य म कुछ आरम्भिक कठिनाइया उत्पन्न हो गई थी, जिनको स्व० श्री छोटेलाल जी ने सुलझाया तथा ग्रन्थ की रचना को गति प्रदान की। अन्यथा एक स्थिति पर आकर तो कार्य प्राय. बिल्कुल ही रुक गया था।

४. **स्व० श्री साहू शान्तिप्रसाद जी जैन**—स्व० साहू जी न केवल इस ग्रन्थ की रचना मे निरन्तर प्रेरणा, सुझाव व सहायता देते रहे; अपितु "वीर सेवा मन्दिर" के अध्यक्ष के पद पर सदा



सोसायटी के मन-प्राण ही रहे। आर्थिक योगदान "जैन लक्षणावली" के प्रकाशन मे मूलरूप से उन्ही का रहा। यहां तक कि इस अन्तिम भाग के प्रकाशन मे भी उनकी प्रेरणा से "भारतीय ज्ञानपीठ ट्रस्ट" से दस हजार रुपये की राशि प्राप्त हुई, जिसके बिना कार्य मे अवरोध उत्पन्न होना अवश्यम्भावी था।

मेरे पास शब्द नहीं हैं कि मैं इन चार महान् व्यक्तियो का समुचित रूप से आभार प्रकट कर सकूं। 'वीर सेवा मन्दिर' चिरकाल तक इनका हृदय से आभारी रहेगा।

महेन्द्र सेन
महासचिव

नई दिल्ली
७-४-७९

सम्पादकीय

प्रस्तुत जैन लक्षणावली का दूसरा भाग लगभग ५ वर्ष पूर्व (१९७३) मे प्रकाशित हुआ था। अब उसका यह अन्तिम तीसरा भाग कुछ विलम्ब से जिज्ञासु पाठकों के हाथों में पहुंच रहा है। इतना लम्बा समय लग जाने का कारण यह है कि सितम्बर १९७४ मे मैं अस्वस्थ हो गया था। दिल्ली मे अकेले रहते हुए स्वास्थ्यसुधार की आशा कुछ कम रह गई थी। इससे मुझे दिल्ली छोडकर घर चला जाना पड़ा। इधर प्रस्तुत लक्षणावली के शेष कार्य के कराने की कोई अन्य व्यवस्था नहीं हो सकी। इसके लिए मुझे प्रेरणा की गई। इस सम्बन्ध मे मुझे जो स्व. साहू शान्तिप्रसाद जी जैन (अध्यक्ष वीर सेवा मन्दिर) का दि. १८-११-७४ का पत्र मिला, उससे मुझे यह निश्चय करना पड़ा कि स्वास्थ्य के कुछ ठीक होते ही मुझे दिल्ली पहुच कर जिस किसी भी प्रकार से उसके शेष कार्य को पूरा अवश्य करा देना है। तदनुसार स्वास्थ्य के कुछ ठीक हो जाने पर मैं दि. १३ नवम्बर १९७५ को पुनः दिल्ली पहुचा और लगभग १० मास वहा रहकर उसके शेष कार्य को सम्पन्न करते हुए उसकी पाण्डुलिपि तैयार करा दी। मुद्रण कार्य मे विलम्ब होते देख मैं पुनः घर वापिस चला आया। मुद्रण कार्य के चालू हो जाने पर उसके दूसरे प्रूफो को मैं यहा मगाकर देखता रहा तथा प्रथम और अन्तिम प्रूफों को वहीं देखकर श्री प. पद्मचन्द्रजी शास्त्री मुद्रण का कार्य सुचारु रूप से कराते रहे। इस प्रकार से उसके इस अन्तिम भाग का कार्य सम्पन्न हो सका।

इस समय मुझे उन स्व. साहू शान्तिप्रसाद जी का विशेष स्मरण हो रहा है, जिनकी सद्भावना-पूर्ण प्रेरणा से मैं इस कार्य को सम्पन्न करा सका। दुःख इस बात का है कि जिनका इस कार्य के कराने मे इतना महत्त्वपूर्ण योगदान रहा वे साहू जी इसे सम्पन्न होता न देख सके और बीच मे ही काल-कवलित हो गये।

जैसी कि प्रथम भाग की प्रस्तावना मे (पृ. ६९) सूचना की गई थी, इस भाग की प्रस्तावना मे शेष ग्रन्थो का परिचय कराना अभीष्ट था, पर स्वास्थ्य की शिथिलता और यहां (हैदराबाद) उन ग्रन्थो की अनुपलब्धता के कारण उनका परिचय नही कराया जा सका।

इस भाग मे नयविवरण, रयणसार और वसुदेवहिंडी जैसे २-४ ग्रन्थों को छोड़कर अन्य नये ग्रन्थो का उपयोग नही हुआ है। इसी से इस भाग के अन्त मे प्रथम और द्वितीय भाग के समान ग्रन्थ और ग्रन्थकारो की अनुक्रमणिका नही दी गई है।

आभार—

इस भाग के सम्पादन कार्य मे श्री पन्नालाल जी अग्रवाल और पं. परमानन्द जी शास्त्री का सहयोग पूर्ववत् रहा है। बीच मे परिस्थिति वश कार्य के कुछ रुक जाने पर उसे पूरा करा देने के सम्बन्ध मे अग्रवाल जी के तो मुझे कई प्रेरणात्मक पत्र भी मिले हैं।

स्व. साहू शान्तिप्रसाद जी की सद्भावनापूर्ण प्रेरणा के अतिरिक्त वीर सेवा मन्दिर के उपाध्यक्ष ला. इन्द्रसेन जी, महासचिव श्री महेन्द्रसेन जी और साहित्यसचिव श्री गोकुलप्रसाद जी एम. ए., साहित्य-रत्न की अत्यधिक प्रेरणा से जो मुझे बल मिला उसके आश्रय से ही मेरे द्वारा यह रुका हुआ कार्य सम्पन्न हो सका है।

श्री प्रकाशचन्द्र जी एम. ए प्राचार्य समन्तभद्र विद्यालय से पाण्डुलिपि के तैयार करने में सहयोग मिला है ।

श्री विद्यावारिधि डा. ज्योतिप्रसाद जी जैन लखनऊ ने हमारे निवेदन पर अंग्रेजी में फोरवर्ड लिख देने की कृपा की है । आपने यह महत्त्वपूर्ण सुझाव भी दिया है कि जो बहुत से लक्ष्य शब्द इस संस्करण मे संगृहीत नही हो सके है उनका संकलन करके परिशिष्ट के रूप मे एक पुस्तिका को प्रकाशित कराया जाय, जिसमे जिन शेष ग्रन्थो का परिचय नही कराया जा सका है उनके परिचय के साथ ग्रन्थकारों के संशोधित समय आदि के सम्बन्ध मे भी प्रकाश डाला जाय । आपका यह सुझाव बहुत उपयोगी है, पर उसके लिये अनुकूल कभी वैसी परिस्थिति निर्मित होगी, इस विषय मे अभी कुछ कहा नही जा सकता ।

श्री प. पद्मचन्द्र जी शास्त्री एम्. ए. ने पहिले और अन्तिम प्रूफों को देखकर मुद्रण के कार्य मे सहायता की है, साथ ही प्रसंगवश यदि कभी किसी ग्रन्थ के सन्दिग्ध स्थलविशेष को देखना पडा तो वे उसे यथासम्भव देखकर उसकी सूचना मुझे करते रहे हैं ।

श्री सत्यनारायण जी शुक्ला (कंपोजिंग गीता प्रिंटिंग एजेंसी) ने ग्रन्थ के मुद्रण कार्य में काफी रुचि दिखलायी है । यदि कभी संशोधन कार्य कुछ बढ भी गया तो इसके लिये उन्होने कभी विमनस्कता नही प्रगट की ।

इस प्रकार इन उपर्युक्त सभी महानुभावो के यथायोग्य सहयोग के बल पर ही यह कार्य सम्पन्न हुआ है । अतः मैं इन सभी का हृदय से आभार मानता हूं ।

महावीर जयन्ती
१०-४-७९

बालचन्द्र शास्त्री
हैदराबाद

FOREWORD

Jainism represents a fully developed, very comprehensive and one of the oldest living religious and cultural systems indigenous to India. It possesses a vast and varied literature of its own, most of the early and basic works being composed in the Prakrit language, supplemented by those in Sanskrit and Apabhramsha. Thanks to the patient and painstaking work done by a number of eminent orientalists, both Indian and Western, during the past two hundred years or so, Jainology has now come to be recognised as a distinct, rich and important branch of Indology or oriental studies. In the Indian, as also in several foreign universities, dozens of scholars have done research work or undertaken specialised studies in various aspects of the Jaina religion, philosophy, culture tradition, history, art and literature, during the past several decades, and the number is daily on the increase. If no more in its infancy, Jainology is still in its adolescence, there is yet immense scope and new vistas open to those who delve deeper in any of its branches.

Most of the available ancient works, written in different languages have been published. Many of these are well-edited, are often accompanied by vernacular or English translations and commentaries, useful appendices and indices, and usually carry a learned and critical introduction. But all the manuscripts preserved in the numerous Jaina Shastra Bhandars, which are scattered over the country, have not been exhausted, and of the published ones many are such as need be produced in revised, improved and standard editions by specialists in the subjects concerned. The number of independent modern treatises and dissertations is also not small, but some aspects or branches still remain unrepresented or poorly represented.

In order to facilitate the work of the students and researchers of Jainology, what are most needed are the suitable, authentic and up-to-date reference books of different categories, such as, reports of manuscript libraries, catalogues of manuscripts and of published books, comprehensive index of authors and works, classified histories of literature, bibliographies, well-edited collections of Pattavalis (pontifical genealogies), colophons, other historical documents and inscriptions, reports of the survey of Jaina archaeological sites and cultural and pilgrim centres, regionwise and periodwise catalogues of Jaina antiquities, art and architecture, directories, geographical and biographical dictionaries, index of verses of the ancient texts, topical dictionaries, dictionaries of technical terms and a good encyclopaedia Jainica.

Considerable work has been already done in this sphere and we do not now suffer from a lack of reference books, one or more of which are available in all but a few of the categories hinted above. But not all of these books are complete, com-

prehensive, systematic, authentic or of the requisite standard, wherefor much has yet to be done.

In the present context, we are chiefly concerned with the glossaries or the dictionaries of technical terms Every science, art, skill, profession or department of knowledge possesses its own set of technical terms which have a significance peculiar to that subject, different from their ordinary dictionary meanings or common usages Naturally, therefore, a well-developed and comprehensive religious, cultural and philosophical system with a long standing tradition as Jainism is, possesses numerous technical terms, related to its metaphysics, ontology, cosmology, mythology, epistemology, psychology, philosophy, dialectics, dogmatics, ethics and ritual. One not knowing the real import of such a term with reference to the context will find great difficulty in grasping the meaning of the text and is likely to misunderstand and misinterpret it.

There are certain terms which are exclusively used in the Jaina system, some others are such as are common to both, the Jaina and non-Jaina systems, but are used in the Jaina in an altogether different sense, or even if the sense is the same or similar, the philosophical concept implied in the term differs materially, and there are also terms which are current in common usage but have been adopted in Jainism and given a peculiar meaning Moreover, there are certain terms, each conveying more than one sense which differ from context to context, in Jainism itself, and cases are not wanting when the definitions of the same term, given by several ancient writers, differ from one another. Many a time this helps in tracing the development in the meaning of a term and consequently in the concept, philosophical or otherwise, implied by that term. Then there are also some terms the definitions of which have a wider import and are interesting as well as valuable for the cultural, social, economic and even political history of ancient India. Hence the need for compilation of glossaries containing independent definitions and precise explanations of the words and expressions used in the Jaina system with technical and specialised meaning has been imperative

Happily, it was early realised by the pioneers of the Jaina renaissance in the modern age. As early as 1909, Pt Gopaldas Baraiya published his glossary, the **Jain Siddhanta Praveshika**, in 1908 J L. Jaini brought out his **Jaina Gem Dictionary** and in 1925, Bihari Lal Chaitanya's **Jain Shabda Maharnava**, Part I, was published from Barabanki, the second part of which was compiled by Br Sital Prasad and published from Surat in 1934 In the mean time, Vijaya Rajendra Suri's famous **Abhidhana-Rajendra**, in seven volumes, was published from Ratlam in 1913-34, the **Ardhmagadhi Kosha** of Ratanchandra Shatavadhani from Ajmer-Bombay in 1923-32 and the **Paiya-sadda-mahannavo** of Hargovindadas, T. Shah from Calcutta in 1928 The **Alpa-parichita-saiddhantic-sabda-Kosha**, Part I, of Anandsagar Suri came out from Surat in 1954 and the two excellent topical dictionaries, the **Leshya Kosha** and the **Kriya-Kosha**, by the joint efforts of Mohanlal Banthia and Srichand Chorariya from Calcutta, in 1966 and 1969 respectively. **A Dictionary of Prakrit Proper Names**, Part I (1970) and Part II (1972), has been published by the L.D. Institute of Indology, Ahmedabad, and the four volumes of Jinendra Varni's **Jainendra Siddhanta Kosha**, by the Bharatiya Jnanpith, New Delhi in 1970-73.

All these works have proved very useful for the students of Jainology, and will remain so for time to come But whereas the **Abhidhana Rajendra** and the **Jainendra Siddhanata Kosha** aim at being veritable encyclopaedias, the former drawing upon mainly the Shvetambara literature and tradition and the latter upon the Digambara, the other dictionaries are either incomplete, partial, sectarian, or confined to a particular topic or section of literature The need for a comprehensive, methodical, authentic and precise dictionary giving original definitions, in chronological sequence, of each of the Jaina technical terms, gleaned from a wide range of literature including almost all the ancient Jaina works, both Digambara and Shvetambara, and accepted as basic and authentic, therefore, remained unfulfilled.

It was the late Pt Jugal Kishore Mukhtar (1877-1968) who, as early as 1932, conceived the idea of and later chalked out a detailed scheme for the compilation of exactly such a dictionary under the title **Jaina Lakshanavali**. He was a doyen of learning and an eminent pioneer researcher in the field of Jainology, who devoted the major part of his ninety-one years' life to the service of Jaina literature, and produced many valuable works including critical editions, translations and commentaries of several old texts, a number of scathing critiques, lists of mss., collections of colophons, a valuable index of verses of 64 important Prakrit texts, and historical discussions on most of the ancient authors and their works In 1936, he founded the Vir Sewa Mandir, started its research journal the **Anekant**, and began in right earnest, work on his cherished scheme of the **Jaina Lakshanavali**. For about a year the work went on smoothly, but thereafter laxity crept in and, for several reasons, it was ultimately put off, though not wholly given up. After the Vir Seva Mandir was shifted, in the fifties, from Sarsawa to Delhi and a new registered society was formed to run it, Babu Chhote Lal Jain, its chairman, who had great respect for and interest in the work of Mukhtar Sahib, revived the scheme

The task of compiling the dictionary was stupendous and required the devoted services of a very mature, experienced and learned scholar, quite at home with the whole range of ancient Jaina literature Fortunately, the man most suited to this undertaking was Pt Balchandra Shastri who had been associated with this work in its early stages in the late thirties During the intervening 25 years or so, he had ably assisted in the editing and translating of the Dhavala volumes (VI to XVI), and himself edited and translated about a dozen other important Sanskrit and Prakrit texts. He was, therefore, entrusted, in the early sixties, with the completion and finalisation of the **Jaina Lakshanavali**. He took it as a labour of love. The result was that the first volume saw the light of the day in 1972, the second in 1973, and the present is the third and last volume.

This marvellous dictionary amply illustrates all the characteristics of Jaina technical terms, as indicated above. Each term, its Sanskrit form, carries with it its definitions in the original, with reference to the texts from which they have been gleaned, followed by an illuminating substance in Hindi, which enhances the usefulness of the work. Moreover, volume I also contains a list of the 390 texts used for the purpose. Their approximate chronology, a descriptive account of 102

of them, and a very learned introduction, running into 87 pages and yet incomplete is completed in the present volume A perusal of the introduction reveals the difficulties and stupendousness of task, the method adopted in the compilation, and the value and importance of the glosses, through a critical discussion of some 25 typical specimens.

This is, no doubt, a monumental work, an authentic reference book, extremely useful not only for the students of Jainology, but also those of Indology and of philosophy, eastern and western, in general, All those associated with the initiation preparation and publication of the work · Pt. Jugal Kishore Mukhtar, B. Chhote Lal Jain, Sahu Shanti Prasad Jain, the authorities of the Vir Seva Mandir, and Pt. Balchandra Shastri, its very competent editor, deserve our warm thanks. Unfortunately, B. Chhote Lal Jain (died 1966) and Mukhtar Sahib (died 1968) could not live to see it in print, and Sahu Shanti Prasad (died 1977) could have the satisfaction of seeing only the first two volumes published We gratefully cherish the memory of all these noble servers of the cause of Jainology.

Jyoti Nikunj,
Charbagh, Lucknow-1
24 December, 1978

—*Jyoti Prasad Jain*

प्रस्तावना

प्रस्तुत 'जैन लक्षणावली' भाग १ की प्रस्तावना मे उस भाग मे संग्रहीत लक्ष्य शब्दो मे से कुछ के अन्तर्गत विशिष्ट लक्षणो के सम्बन्ध मे आलोचनात्मक दृष्टि से 'लक्षण वैशिष्ट्य' शीर्षक मे पृ. ७०–८५ मे विचार किया गया है। अब यहा भाग २ व ३ मे संग्रहीत लक्ष्य-शब्दो मे से कुछ चुने हुए लक्ष्य शब्दो के अन्तर्गत विशिष्ट लक्षणो के सम्बन्ध मे प्रकाश डाला जा रहा है। यह स्मरण रहे कि विवक्षित लक्ष्य शब्द के अन्तर्गत जितने ग्रन्थो से लक्षणो का संग्रह किया जा सका है उनके अतिरिक्त अन्य ग्रन्थो मे भी जो पीछे प्रकृत लक्षण दृष्टिगत हुए है, समीक्षात्मक दृष्टि से विचार करते हुए यहा उन लक्षणो को तथा उनके पूर्वापर सम्बन्ध को भी विचार कोटि मे ले लिया गया है।

कपित्थ दोष - इसका लक्षण मूलाचार वृत्ति (७-१७) और प्रवचनसारोद्धार आदि मे उपलब्ध होता है। मूलाचार वृत्ति के रचयिता आ. वसुनन्दी और प्रवचनसारोद्धार के निर्माता नेमिचन्द्र हैं। दोनो का समय वि. की १२वी शती रहा दिखता है। उनमे पूर्वोत्तर समयवर्ती कौन है, इसका निर्णय नही किया जा सका। वसुनन्दी के द्वारा जो उसका लक्षण वहा निबद्ध किया गया है उसमे कहा गया है कि जो कपित्थ (कैथ) के फल के समान मुट्ठी को बाधकर कायोत्सर्ग मे स्थित होता है वह कायोत्सर्ग के इस कपित्थ नामक दोष का भागी होता है।

प्रवचनसारोद्धार (२५६) मे उसके विषय मे कहा गया है कि जो षट्पदो (मधुमक्खियो) के भय से शरीर को कपित्थ के समान वस्त्र से वेष्टित करके कायोत्सर्ग मे स्थित होता है वह प्रकृत कपित्थ दोष का भाजन होता है। इसकी वृत्ति मे और योगशास्त्र के स्वो. विवरण मे भी मतान्तर को प्रगट करते हुए किंचित् अभिप्रायभेद के साथ यह विशेष निर्देश किया गया है कि मधुमक्खियो के भय से कपित्थ के समान चोलपट्ट से शरीर को ढककर व उसे मुट्ठी मे ग्रहण करके अथवा जघा आदि के मध्य मे करके स्थित होना, यह कपित्थदोष का लक्षण है। अन्य आचार्यों के मत का उल्लेख करते हुए यहां यह भी निर्देश किया गया है —इसी प्रकार मुट्ठी को बाधकर स्थित होना, इसे अन्य आचार्य कपित्थ दोष का लक्षण कहते है।

श्वेताम्बर सम्प्रदाय मे चूंकि प्रायः वस्त्र का विधान है, अत. वहा उसका उक्त प्रकार का लक्षण सगत ही प्रतीत होता है। मूला वृत्ति और अनगारधर्मामृत मे जो लक्षण निर्दिष्ट किया गया है उसका आधार सम्भवत शीत आदि की वेदना रहा होगा।

पर्व-पर्वांग-- ये काल विशेष है। इनके विषय मे भाग १ की प्रस्तावना पृ. ७१-७२ पर 'अटटाग' शब्द को देखिये।

काङ्क्षा व कांक्षा--यह सम्यग्दर्शन का एक अतिचार है। तत्त्वार्थाधिगमभाष्य (७-१८) मे इसके लक्षण का निर्देश करते हुए यह कहा गया है कि इस लोक और पर लोक सम्बन्धी विषयो की इच्छा करना, इसका नाम काक्षा है। हरिभद्र सूरि और सिद्धसेन गणि विरचित उसकी वृत्तियो मे विकल्प रूप मे यह भी कहा गया है – अथवा विभिन्न दर्शनो (सम्प्रदायो) को स्वीकार करना, इसे काङ्क्षा कहा जाता है। इसकी पुष्टि मे वहा 'तथा चागमः' ऐसा निर्देश करते हुए **'कंखा अण्णण्णदंसणग्गाहो'** इस आगमवाक्य को भी उद्धृत किया गया है। यह आगमवाक्य श्रावकप्रज्ञप्ति की ८७वी गाथा के अन्तर्गत है।

रत्नकरण्डक (१२) मे प्रकृत काक्षा के विपरीत अनाकाक्षा या निःकाक्षित अग के लक्षण मे कहा गया है कि जो सासारिक सुख कर्म के अधीन, विनश्वर एव दुख का कारण है उस पाप के बीजभूत सुख मे आस्था न रखना— उसकी स्थिरता पर विश्वास न करते हुए अभिलाषा न करना—इसका नाम निःकाक्षित है। इससे यह फलित हुआ कि ऐसे सासारिक सुख की इच्छा करना, यह उक्त काक्षा का लक्षण है। भगवती आराधना की विजयो. टीका (४४) मे आसक्ति को काक्षा कहा गया है। आगे इसे स्पष्ट करते हुए वहा यह कहा गया है कि दर्शन, व्रत, दान, देवपूजा एव दान से उत्पन्न पुण्य के प्रसाद से मेरे लिए यह कुल, रूप, धन और स्त्री-पुत्रादि अतिशय को प्राप्त हो; इस प्रकार की जो अभिलाषा होती है उसे काक्षा कहा जाता है। तत्त्वार्थवार्तिक (६, २४, १) मे नि.काक्षित अग के स्वरूप को प्रगट करते हुए कहा गया है कि उभय लोक सम्बन्धी विषयोपभोग की आकाक्षा न रखना अथवा मिथ्या दर्शनान्तरों की अभिलाषा न करना, इसे निःकाक्षित अग कहा जाता है। तदनुसार उभय लोक सम्बन्धी विषयोपभोग की इच्छा को अथवा मिथ्या दर्शनो के ग्रहण की अभिलाषा को काक्षा अतिचार समझना चाहिए।

इस प्रकार तत्त्वार्थाधिगम भाष्य मे जहा केवल विषयोपभोग की आकाक्षा को काक्षा का लक्षण निर्दिष्ट किया गया है वहा उसकी वृत्ति मे हरिभद्र सूरि और सिद्धसेन गणि ने इस लोक व परलोक सम्बन्धी विषयो की इच्छा के साथ विकल्प रूप मे पूर्वोक्त आगमवचन के अनुसार विभिन्न दर्शनो के ग्रहण की अभिलाषा को भी काक्षा कहा है। जैसा कि ऊपर सकेत किया गया है, उक्त आगम वाक्य श्रावकप्रज्ञप्ति की ८७वी गाथा के अन्तर्गत उपलब्ध है जो किसी अन्य प्राचीन ग्रन्थ का होना चाहिए।

जैसा कि ऊपर कहा जा चुका है तत्त्वार्थवार्तिककार को काक्षा के लक्षण मे विषयोपभोग की इच्छा और दर्शनान्तरो के ग्रहण की इच्छा दोनो ही अभिप्रेत रहे है। अमृतचन्द्र सूरि को तत्त्वार्थवार्तिककार के समान काक्षा के लक्षण स्वरूप इस भव म वैभव आदि की अभिलाषा तथा पर भव मे चक्रवर्ती आदि पदो की अभिलाषा के साथ एकान्तवाद से दूषित अन्य सम्प्रदायो के ग्रहण की अभिलाषा भी अभीष्ट रही है (पु. सि. २४)। उक्त त. वा. का अनुसरण चारित्रसार (पृ. ३) मे भी किया गया है।

उक्त त. भा. को छोड़कर जहा प्राय. अन्य श्वेताम्बर ग्रन्थकारो को काक्षा से विभिन्न दर्शनो का ग्रहण अभीष्ट रहा है वहा अधिकाश दि. ग्रन्थकारो को उससे विषयोपभोगाकाक्षा अभिप्रेत रही है। श्वे. ग्रन्थो मे इसके दो भेद निर्दिष्ट किये गये है – देशकाक्षा और सर्वकाक्षा। देशकाक्षा से उन्हे बौद्धादि किसी एक ही दर्शन की अभिलाषा अभिप्रेत रही है (देखिए दशवै. नि. १८२ की हरि. वृत्ति, श्रा. प्र. की टीका ८ और धर्मबिन्दु की वृत्ति २-११ आदि)।

गच्छ व गण— धवला (पु. १३, पृ. ६३) के अनुसार तीन पुरुषो के समुदाय का नाम गण और इससे अधिक पुरुषो के समुदाय का नाम गच्छ है। मूलाचार की वृत्ति (४-३२) मे तीन पुरुषों के समुदाय को गण और सात पुरुषो के समुदाय को गच्छ कहा गया है। तत्त्वा. भाष्य की सिद्धसेन विरचित वृत्ति (९-२४) व योगशास्त्र के स्वो. विवरण (४-९०) मे एक आचार्य के नेतृत्व मे रहने वाले साधुओ के समूह को गच्छ कहा गया है।

सर्वार्थसिद्धि (९-२४), तत्त्वार्थाधिगम भाष्य (९-२४) और तत्त्वार्थवार्तिक (९, २४, ८) आदि के अनुसार स्थविरो की सन्तति को गण कहा जाता है। आवश्यक निर्युक्ति (२११) की हरिभद्र व मलयगिरि विरचित वृत्ति के अनुसार एक वाचना, आचार व क्रिया मे स्थित रहने वालो के समुदाय का नाम गण है। औपपातिक सूत्र की अभय. वृत्ति (२०) और योगशास्त्र के स्वो. विवरण (४-९०) में कुलो के समुदाय को गण कहा गया है।

ग्रन्थि—विशेषावश्यक भाष्य (११९३) मे ग्रन्थि के लक्षण का निर्देश करते हुए यह कहा गया है कि जिस प्रकार वृक्ष या रस्सी की कठोर व सघन गाठ अतिशय दुर्भेद्य होती है उसी प्रकार जीव का जो कर्मजनित राग-द्वेषरूप परिणाम अतिशय दुर्भेद्य होता है उसे उक्त ग्रन्थि के समान होने से ग्रन्थि कहा गया है। जब तक इस ग्रन्थि को नही भेदा जाता है तब तक जीव को सम्यक्त्व प्राप्त नही होता।

इस ग्रन्थि का भेदन अपूर्वकरण परिणामो के द्वारा होता है। यथाप्रवृत्तकरण जीव के अनादि काल से प्रवृत्त रहता है। जिस प्रकार नदी मे पड़े हुए पत्थरो मे से कोई घिसते-घिसते स्वयमेव गोल हो जाता है उसी प्रकार अनादि से प्रवृत्त इस करण मे घर्षण-घूर्णन के निमित्त से ज्ञानावरणादि कर्मों की स्थिति मे केवल एक कोड़ाकोड़ि को छोड़ शेष समस्त कोडाकोडिया क्षय को प्राप्त हो जाती है। पश्चात् शेष रही उस एक कोड़ाकोडि मात्र स्थिति मे भी जब पल्योपम का असख्यातवा भाग और भी क्षीण हो जाता है तब तक पूर्वोक्त ग्रन्थि अभिन्नपूर्व ही रहती है। उसका भेदन अपूर्वकरण परिणाम के द्वारा होता है। अनन्तर अनिवृत्तिकरण के अन्त मे जीव को मोक्षपद के कारणभूत उस सम्यक्त्व का लाभ होता है। इस ग्रन्थि का प्रसग विशेषा. भाष्य (११८८-१२१५) व अन्य भी श्वे. ग्रन्थो मे उपलब्ध होता है। पर वह किसी दि. ग्रन्थ मे मुझे दृष्टिगोचर नही हुआ।

तत्त्वार्थवार्तिक (९, १, १३) मे यथाप्रवृत्त के समानार्थक 'अधाप्रवृत्त' का निर्देश करते हुए कहा गया है कि जीव कर्मों को अन्तःकोडाकोड़ि प्रमाण स्थिति से युक्त करके कालादिलब्धिपूर्वक अधाप्रवृत्त करण के प्रथम समय मे प्रविष्ट होता है। यह करण चूकि पूर्व मे उस प्रकार से कभी भी प्रवृत्त नही हुआ, अतः उसकी 'अधाप्रवृत्त' यह सार्थक संज्ञा है।

दि. ग्रन्थो मे 'षट्खण्डागम' यह एक प्राचीनतम ग्रन्थ है। उसके प्रथम खण्डभूत जीवस्थान की नौ चूलिकाओं मे आठवी चूलिका के द्वारा सम्यक्त्व की उत्पत्ति की प्ररूपणा की गई है (देखिए पु. ६, पृ. २०३ से २६७)। उसके अनुसार पचेन्द्रिय, सज्ञी, मिथ्यादृष्टि, पर्याप्तक सर्वविशुद्ध जीव जब कर्मों की शेष स्थिति को क्षीण करके उसे सख्यात हजार सागरोपमो से हीन अन्तःकोडाकोडि प्रमाण कर देता है तब वह प्रथम सम्यक्त्व के उत्पादन म समर्थ होता है (सूत्र १, ९-८, ३-५)। सर्वार्थसिद्धि (२-३) और तत्त्वार्थवार्तिक (२, ३, २) मे प्रायः उक्त षट्खण्डागम के सूत्रो का शब्दशः अनुसरण किया गया है। जैसा कि पूर्व मे निर्देश किया गया है त. वा. (९, १, १३) मे सूचित 'कालादिलब्धि' की विशेष प्ररूपणा यहां की जा चुकी है।

उस समय उसके क्षयोपशम, विशुद्धि, देशना, प्रायोग्य और करण ये पाच लब्धिया होती हैं। इनमे प्रथम चार लब्धिया तो साधारण है—वे भव्य के समान अभव्य के भी हो सकती है, किन्तु अन्तिम करणलब्धि सम्यक्त्व के उन्मुख हुए भव्य जीव के ही होती है। इस करणलब्धि मे क्रम से अध:प्रवृत्त-करण, अपूर्वकरण और अनिवृत्तिकरण इन तीन करणो को करते हुए जीव के अनिवृत्तिकरण के अन्तिम समय मे प्रथम सम्यक्त्व का लाभ होता है (इन लब्धियो का स्वरूप धवला पु. ६, पृ. २०४-३० पर देखा जा सकता है)।

छेद—आचार्य कुन्दकुन्द ने छेद के अभिप्राय को प्रगट करते हुए प्रवचनसार (३-१६) मे कहा है कि शयन, आसन, स्थान और गमनादि कार्यों मे जो श्रमण की प्रयत्न से रहित चर्या—असावधानता-पूर्ण प्रवृत्ति—होती है उसका नाम छेद है। यद्यपि मूल गाथा मे प्रकृत छेद शब्द का प्रयोग न करके पूर्वोक्त प्रवृत्ति को हिंसा कहा गया है, तो भी उसकी व्याख्या करते हुए अमृतचन्द्र सूरि ने यह स्पष्ट कहा है कि अशुद्ध उपयोग का नाम छेद है, और चूकि अनाचारपूर्ण प्रवृत्तिरूप मुनि का वह अशुद्ध उप-योग श्रमणधर्म का छेदन करता है—उसका विनाशक है, इसलिए उसे छेद कहना युक्तिसगत है।

त. सूत्र (९-२२) और स. सि. आदि ग्रन्थो के अनुसार छेद यह नौ प्रकार के अथवा मूलाचार (५-१६५) के अनुसार दस प्रकार के प्रायश्चित्त के अन्तर्गत है। स. सि. मे उसके लक्षण का निर्देश करते हुए कहा गया है कि अपराध के होने पर साधु की दीक्षा को यथायोग्य एक दिन, पक्ष व मास आदि से हीन कर देना, इसका नाम छेद प्रायश्चित्त है। त. वा. और (धवला पु १३, पृ. ६१) आदि में प्रायः इसी का अनुसरण किया गया है। विशेषरूप से धवला मे यह कहा गया है कि दिवस, पक्ष, मास, ऋतु, अयन और संवत्सर आदि प्रमाण दीक्षापर्याय को छेदकर अभीष्ट पर्याय से नीचे की भूमि मे स्थापित करना, यह छेद नाम का प्रायश्चित्त है। यह प्रायश्चित्त अपराध करने वाले उस अभिमानी साधु के

होता है जो उपवास आदि के करने मे समर्थ, साधारणत. बलवान् और शूर होता है। धवलाकार के इस अभिप्राय को चारित्रसार (पृ ६२) मे प्राय: शब्दश: आत्मसात् किया गया है। आचारसार (६, ४७ व ४८) में उसे कुछ और विशद किया गया है।

तत्त्वा. भाष्य (९-२२) के अनुसार छेद, अपवर्तन और अपहार ये समानार्थक शब्द हैं। यह छेद दीक्षा सम्बन्धी दिवस, पक्ष, मास और सवत्सर इनमे से किसी एक का होता है। दशवैकालिक चूर्णि (पृ. २६) मे इसी का अनुसरण किया गया दिखता है। त. भाष्यगत उक्त लक्षण का स्पष्टीकरण करते हुए उसकी व्याख्या मे सिद्धसेन गणि ने कहा है कि वह छेद महाव्रतो के आरोपणकाल से प्रारम्भ करके गिना जाता है। जिस दिन महाव्रतो का आरोपण किया गया है वह उसकी आदि पर्याय कहलाती है। उसमे पचकादि पर्याय से लेकर दस वर्ष पर्यन्त आरोपित महाव्रत का अपराध के अनुसार कभी पंचक का छेद और कभी दशक का इस प्रकार छह मास तक की पर्याय का लघु अथवा गुरु रूप मे छेद किया जाता है। इस प्रकार के छेद से छेदा जाकर प्रव्रज्यादिवस को भी अपहृत करता है। योगशा. के स्वो. विवरण (४-९०) मे सक्षेप मे यही अभिप्राय देखा जाता है।

भगवती आराधना की विजयोदया टीका (गा. ६) मे इस छेद के हेतु को दिखलाते हुए कहा गया है कि प्रव्रज्या की हानिरूप वह छेद असयम से घृणा प्रगट करने के हेतु किया जाता है।

छेदोपस्थापक, छेदोपस्थापन, छेदोवस्थापनशुद्धिसंयम और छेदोपस्थापना— ये शब्द प्राय: समान अभिप्राय के द्योतक है। प्रवचनसार (३, ८-९) मे श्रमण के २८ मूल गुणो का निर्देश करते हुए यह कहा गया है कि जो श्रमण उनमे प्रमाद से युक्त होता है—उनके परिपालन मे असावधान रहता है—वह छेदोपस्थापक होता है। व्याख्याप्रज्ञप्ति (खण्ड ४, पृ २६२) मे विशेषरूप मे यह कहा गया है कि जो पुरातन पर्याय को छेदकर अपने को पंचयामरूप धर्म म स्थापित करता है वह छेदोपस्थापक होता है। इस अभिप्राय की बोधक जो गाथा उक्त व्याख्याप्रज्ञप्ति मे अवस्थित है वह यत्किंचित् शब्दपरिवर्तन के साथ दि पंचसंग्रह (१-१३०) मे भी उपलब्ध होती है, अभिप्राय समान ही है। इसके अतिरिक्त उसे धवला (पु. १, पृ. ३७२) मे उद्धृत किया गया है तथा गोम्मटसार—जीवकाण्ड (४७०) मे उसी रूप मे उसे आत्मसात् किया गया है। उपर्युक्त अभिप्राय को हरिभद्र सूरि ने आवश्यक नि. (२१४) की वृत्ति और अनुयोगद्वार (पृ १०४) की वृत्ति मे तथा मलयगिरि ने आवश्यक नि. (११४) की वृत्ति मे भी प्रगट किया है।

धवला (पु १, पृ. २६९-७०) मे अपने भीतर समस्त संयमभेदो को अन्तर्गत करने वाले एक ही यमस्वरूप सामायिकशुद्धिसंयम का निर्देश करते हुए यह कहा गया है कि इसी एक व्रत के छेद से—दो-तीन आदि भेदो के निर्देशपूर्वक—व्रतो के उपस्थापन (आरोपण) को छेदोपस्थापनशुद्धिसयम कहते है। धवलाकार के इस अभिप्राय का अनुसरण करते हुए तत्त्वार्थसार (६-४६) और अमितगतिश्रावकाचार (१-२४०) मे कहा गया है कि जिस सयम मे हिंसादि के भेद के साथ सावद्य कर्म का परित्याग अथवा व्रत का विलोप होने पर उसकी शुद्धि की जाती है उसे छेदोपस्थापन कहा जाता है। यहा छेद का अर्थ भेद अभीष्ट रहा है। इसी अभिप्राय को कुछ विस्तार के साथ बृहद्द्रव्यसंग्रह की टीका (३५) और गो. जीवकाण्ड की जी. प्र. टीका (४७१) मे भी व्यक्त किया गया है।

धवलाकार के उपर्युक्त अभिप्राय की पुष्टि मूलाचार (७, ३३-३८) से होती है। वहा कहा गया है कि भगवान् अजितनाथ से लेकर पार्श्वनाथ पर्यन्त बाईस तीर्थंकर एक सामायिक संयम का ही उपदेश करते है। परन्तु भगवान् ऋषभदेव और महावीर ये दो तीर्थंकर छेदोपस्थापनसंयम का प्रतिपादन करते है। पाच महाव्रतो की जो प्ररूपणा की गई है वह दूसरे को प्रतिपादन करने के लिए और एक सामायिक सयम के सुबोध के लिए की गई है। ये दो तीर्थंकर छेदोपस्थापन का उपदेश क्यों करते हैं, इसे स्पष्ट करते हुए वहां यह कहा गया है कि प्रथम तीर्थंकर के तीर्थ मे शिष्य जन अतिशय सरल स्वभावी होने से कष्ट के साथ व्रत का शोधन करते है तथा अन्तिम तीर्थंकर के तीर्थवर्ती शिष्य कुटिल

होने से दुख के साथ उसका परिपालन करते है। इन उभय तीर्थकरो के तीर्थवर्ती शिष्य कल्प्याकल्प्य—योग्य-अयोग्य आचरण—को नही जानते है।

लगभग यही अभिप्राय उत्तराध्ययन (२३, २६-२७) मे भी व्यक्त किया गया है। वहा केशि-गौतम सवाद के प्रसंग मे केशी के द्वारा पूछे गये चातुर्याम व पंचयाम विषयक प्रश्न के समाधान मे गौतम के द्वारा कहा गया है कि प्रथम तीर्थंकर के शिष्य ऋजु जड़ होने से दुर्विशोध्य और अन्तिम तीर्थंकर के शिष्य वक्रजड होने से दुरनुपाल्य—कष्ट के साथ व्रत का पालन करने वाले थे। मध्यवर्ती बाईस तीर्थंकरों के शिष्य ऋजुप्रज्ञ – स्वभाव से सरल और बुद्धिमान् थे। इसीलिए मध्यवर्ती बाईस तीर्थंकरों के द्वारा चातुर्याम का तथा आदि व अन्त के तीर्थंकरो के द्वारा पचयाम का उपदेश किया गया है।

'छेदोपस्थापना' के अन्तर्गत सर्वार्थसिद्धि (९-१८) मे भी यही कहा गया है कि प्रमाद के वशीभूत होकर जो अनर्थ—विरुद्ध आचरण—किया गया है उससे सदाचरण का लोप होने पर जो सम्यक् प्रतीकार किया जाता है उसे छेदोपस्थापना कहते है। तत्त्वार्थवार्तिक (९, १८, ६-७) मे इसको कुछ विशेष स्पष्ट करते हुए यह कहा गया है कि प्रमाद से किये गये अनर्थ से निरवद्य क्रिया (सदाचरण) का विलोप होने पर उसके द्वारा उपार्जित कर्म का जो सम्यक् प्रतीकार किया जाता है उसे छेदोपस्थापना जानना चाहिए। अथवा सावद्यकर्मस्वरूप हिंसादि के विकल्पपूर्वक जो संयम ग्रहण किया जाता है उसे छेदोपस्थापना समझना चाहिए। इसमे पूर्वोक्त मूलाचार (७, ३६-३८) का ही अनुसरण किया गया प्रतीत होता है।

तद्भवमरण—उत्तरा. चूर्णि (५, पृ १२७) के अनुसार जीव जिस भवग्रहण मे मरता है—जैसे नारकभवग्रहणादि, उसे तद्भवमरण कहा जाता है। त. वार्तिक (७, २२, २) मे सल्लेखना के प्रसग में कहा गया है कि भवान्तर की प्राप्ति के अनन्तर उपश्लिष्ट पूर्व भव के विनाश का नाम तद्भवमरण है। यही अभिप्राय प्राय शब्दश: भ. आ. की विजयोदया टीका (२५) और चारित्रसार (पृ. २३) में भी प्रगट किया गया है। भ आ. की टीका में 'उपश्लिष्ट' के स्थान मे 'उपसृष्ट' तथा इन दोनो में ही 'प्राप्त्यनन्तरो' के स्थान मे 'प्राप्तिरनन्तरो-'पाठ उपलब्ध है। प्रवचनसारोद्धार (१०१२) और स्थानाग की अभयदेव विरचित वृत्ति (१०२) मे इसे कुछ और विकसित करते हुए कहा गया है कि अकर्मभूमिज मनुष्य व तिर्यंच, देवगण और नारकी इनको छोडकर शेष जीवो मे किन्ही का तद्भवमरण होता है। उक्त स्थानाग की वृत्ति मे आगे (१०२, पृ. ८९) मे यह भी स्पष्ट किया गया है कि जीव जिस भव में है उस भव के योग्य आयु को बाधकर जब मरण को प्राप्त होता है तब उसके मरण को तद्भवमरण कहा जाता है। यह तद्भवमरण सख्यातवर्षायुष्क मनुष्य और तिर्यचो का ही होता है, क्योकि उन्ही के उस भव की आयु का बन्ध होता है। भ. आ. की मूलाराधनादर्पण टीका (२) के अनुसार भुज्यमान आयु के अन्तिम समय में होने वाले मरण को तद्भवमरण कहा जाता है। इस प्रकार स्थानाग के टीकाकार अभयदेव सूरि को जहा तद्भवमरण कर्मभूमिज मनुष्य-तिर्यचो के ही अभीष्ट है वहा अन्यो को जीव जिस किसी भी भव में मरण को प्राप्त होता है वही तद्भवमरण के रूप मे अभीष्ट रहा है, ऐसा प्रतीत होता है।

त्रस—सर्वार्थसिद्धिमम्मत सूत्रपाठ के अनुसार तत्त्वार्थसूत्र (२, १३-१४) में पृथिवी, अप्, तेज, वायु और वनस्पति इनको स्थावर तथा द्वीन्द्रिय-त्रीन्द्रिय आदि जीवो को त्रस कहा गया है। परन्तु त. भाष्यसम्मत सूत्रपाठ के अनुसार उक्त तत्त्वार्थसूत्र (२, १३-१४) मे ही पृथिवी, अम्बु और वनस्पति इन जीवो को स्थावर तथा तेज, वायु और द्वीन्द्रिय आदि जीवों को त्रस कहा गया है।

उक्त त. सू. की स. सि. (२-१२) त. वा. (२, १२, १) और त. श्लो. वा. (२-१२) आदि व्याख्याओ मे तथा धवला (पु. १, पृ. २६५-६६) मे त्रसनामकर्म के वशीभूत प्राणियों को त्रस कहा गया है। इसी त. सू. की व्याख्यास्वरूप त. भा. में त्रस जीवो के स्वरूप का कही (२, १२-१४) कोई निर्देश नही किया गया है। आगे वहां त्रसनामकर्म के प्रसंग (८-१२) मे भी केवल त्रसभाव के निव-

तक कर्म को त्रसनामकर्म कहा गया है। यहां भी त्रसभाव का कोई असाधारण लक्षण नहीं प्रगट किया गया। पर त. सू. की पूर्वोक्त स. सि. (८-११) आदि व्याख्याओं में त्रसनामकर्म उसे कहा गया है जिसके कि उदय से प्राणी का जन्म द्वीन्द्रिय आदि जीवों में होता है।

त भा. की हरिभद्र विरचित वृत्ति (२-१२) में 'त्रस्यन्तीति त्रसा.' ऐसी निरुक्ति करते हुए त्रस नामकर्म के उदय से परिस्पन्दन आदि से युक्त जीवों को त्रस कहा गया है। आगे उसी त. भाष्य की हरिभद्र व सिद्धसेन विरचित वृत्ति (८-१२) में 'त्रस्यन्तीति त्रसा.' इस प्रकार की निरुक्ति के साथ द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय और पंचेन्द्रिय लक्षण प्राणियों को त्रस कहा गया है। कारण का निर्देश करते हुए वहां यह भी कहा गया है कि क्योंकि उस (त्रस) कर्म के उदय से उपर्युक्त प्राणियों में परिस्पन्दन देखा जाता है। जिस कर्म के उदय से गमनादि क्रिया रूप उस प्रकार की विशेषता होती है वह त्रसभाव का निर्वर्तक त्रसनामकर्म कहलाता है। श्रावकप्रज्ञप्ति की टीका (२२) में भी यही निर्देश किया गया है कि जिसके उदय से चलन वा स्पन्दन होता है वह त्रसनामकर्म कहलाता है। दशवैकालिक की चूर्णि में (४-१, पृ. १३६) 'तसंतीति तसा' ऐसी निरुक्ति मात्र की गई है। सूत्रकृताग की शीलाक वृत्ति (२, ६, ४, पृ. १४०) में भी लगभग पूर्वोक्त अभिप्राय को ही व्यक्त किया गया है।

दशवैकालिक सूत्र (४-१, पृ. १३६) में छठे जीवनिकायस्वरूप त्रस जीवों के स्वरूप को स्पष्ट करते हुए अण्डज, पोतज, जरायुज, रसज, संस्वेदिम, सम्मूर्च्छिम, उद्भिज और औपपातिक जीवों का निर्देश किया गया है। आगे वहां कहा गया है कि जिन किन्हीं त्रस प्राणियों का ज्ञान उनके अभिमुख गमन, प्रतिकूल गमन, सकोचन, प्रसारण, रुत (शब्द), भत (भ्रमण), पीड़ित होकर पलायन एवं गमनागमन से होता है। साथ ही यह भी कहा गया है कि कीट-पतंग, कुन्थु, पिपीलिका, सब दो इन्द्रिय, सब तीन इन्द्रिय, सब चार इन्द्रिय, सब पचेन्द्रिय ये सब तिर्यंच; सब नारक, सब मनुष्य, सब देव और परमाधार्मिक प्राणी; इस छठे निकाय को त्रसकाय कहा जाता है। जीवाभिगम की वृत्ति (९) में कहा गया है कि जो जीव उष्ण आदि की वेदना से सन्तप्त होकर विवक्षित स्थान से छाया आदि के आसेवनार्थ अन्य स्थान को प्राप्त होते है वे त्रस कहलाते हैं। आगे इसे और भी स्पष्ट करते हुए विशेष रूप से यह निर्देश किया गया है कि (त्रसन्ति इति त्रसा) इस व्युत्पत्ति से त्रसनामकर्म के उदय के वशवर्ती जीवों को ही त्रस जानना चाहिए, शेष जीवों को त्रसरूप में नहीं ग्रहण करना चाहिए।

इस प्रकार दशवैकालिक सूत्र में कुछ त्रस जीवों का नामोल्लेख करते हुए उनका परिज्ञान गमनागमनादि क्रियाओं में कराया गया है। श्वे. मान्य तत्त्वार्थसूत्र (२, १३-१४) में पृथिवी, जल और वनस्पति जीवों को स्थावर बतलाते हुए तेज, वायु और द्वीन्द्रिय जीवों को त्रस कहा गया है। यहां तेज और वायु जीवों का निर्देश जो त्रस जीवों के अन्तर्गत किया गया है वह सम्भवतः क्रिया के आश्रय से किया गया है, न कि त्रसनामकर्म के उदय के आश्रय से। कारण यह कि उक्त दोनों प्रकार के जीवों के त्रसनामकर्म का उदय न रहकर स्थावरनामकर्म का ही उदय रहता है। यही कारण प्रतीत होता है जो उसकी व्याख्या में सिद्धसेन गणि ने क्रिया के आश्रय से तेज और वायु जीवों को त्रस बतलाते हुए लब्धि से स्थावरनामकर्म के उदय के वशीभूत होने से उन्हें भी उक्त पृथिवी आदि के साथ स्थावर बतलाया है। अन्यथा, पूर्वोक्त सूत्रकृताग और स्थानांग की वृत्तियों में द्वीन्द्रियादि जीवों को ही त्रस बतलाना असंगत ठहरेगा।

दि. मान्य त. सू. (२, १३-१४) के पाठ के अनुसार पृथिवी, जल, तेज, वायु और वनस्पति इनको स्थावर और द्वीन्द्रिय आदि जीवों को त्रस कहा गया है। यहां त्रसनाम के अन्तर्गत ग्रन्थों का सन्दर्भ भी द्रष्टव्य है।

दर्शन—दर्शन शब्द से यहां उपयोगविशेष विवक्षित है। सन्मतिसूत्र (२-१), त. भा. की हरिभद्र विरचित वृत्ति (२-९), अनुयोगद्वार की हरिभद्र विरचित वृत्ति (पृ. १०३), पचास्तिकाय की अमृत-

चन्द्र विरचित वृत्ति (४१), अमितगति विरचित पंचसग्रह (१-२४६), स्थानाग की अभयदेव विरचित वृत्ति (२-१०५) औपपातिक की अभयदेव विरचित वृत्ति (१०, पृ. १५), आवश्यक निर्युक्ति की मलयगिरि विरचित वृत्ति (पृ २७७ व पृ. ५६८ निर्युक्ति १०५१ की वृत्ति), प्रवचनसारोद्धार की वृत्ति (१२४६) और जीवाभिगम की मलय. वृत्ति (१-१३, पृ. १८) आदि ग्रन्थो मे प्रकृत दर्शन का लक्षण सामान्यग्रहण निर्दिष्ट किया गया है।

तत्त्वार्थवार्तिक (२, ६, १), महापुराण (२४, २०१-२), अष्टसहस्री (१५, पृ. १३२), त. भा. की सिद्धसेन विरचित वृत्ति (२-६), तत्त्वार्थसार (२-१२), सन्मतिसूत्र वृत्ति (२-१, पृ. ४५८), स्याद्वादरत्नाकर (२-१०), मोक्षपचाशिका (३) और प्रतिष्ठासार (२-६०) मे उक्त दर्शन का लक्षण अनाकार या निराकार कहा गया है।

उक्त तत्त्वार्थवार्तिक मे आगे (६, ७, ११) तथा पूर्वनिर्दिष्ट तत्त्वार्थसार मे भी आगे (२-८६) दर्शनावरण के क्षयोपशम से प्रादुर्भूत आलोचन को दर्शन कहा गया है।

ललितविस्तरा मे (पृ ६३) इस दर्शन के स्वरूप का निर्देश करते हुए यह कहा गया है कि सामान्य को प्रधान और विशेष को गौण करके जो पदार्थ का ग्रहण होता है उसे दर्शन कहा जाता है।

प्रकृत दर्शन का विचार आ वीरसेन के द्वारा धवला टीका मे यथाप्रसग अनेक स्थलो में शंका-समाधानपूर्वक विस्तार से किया गया है। यथा— पु १, पृ १४५ पर 'दृश्यते अनेनेति दर्शनम्' इस निरुक्ति के साथ जिसके द्वारा देखा जाता है उसे दर्शन कहा गया है। इस सामान्य लक्षण के निर्देश से नेत्र व प्रकाश मे जो अतिव्याप्ति का प्रसग प्राप्त था उसका निराकरण करते हुए वही पर आगे अन्तर्मुख चित्प्रकाश को दर्शन कहा गया है। इसी पुस्तक मे आगे (पृ. १४७) अनेक शका-समाधानपूर्वक सामान्य-विशेषात्मक आत्मा के स्वरूप के ग्रहण को दर्शन सिद्ध किया गया है। ऐसी स्थिति मे "ज सामण्ण गहणं तं दसण" इस आगमवचन के साथ जो विरोध की सम्भावना थी उसका निराकरण करते हुए उसका समन्वय किया गया गया है। वह सम्पूर्ण आगमवचन इस प्रकार है—

ज सामण्ण गहण भावाणं णेव कट्टुमायार।
अविसेसिऊण अत्थे दसणमिति भण्णदे समए ।।[1]

इसके साथ समन्वय करते हुए वहा यह कहा गया है कि 'सामान्य' शब्द से यहा समस्त बाह्य पदार्थों मे साधारण होने से आत्मा को ग्रहण किया गया है। उक्त गाथा की व्याख्या करते हुए वहाँ यह सूचित किया गया है कि गाथागत 'भाव' शब्द से बाह्य अर्थ विवक्षित है। उन बाह्य अर्थों के प्रतिकर्मव्यवस्थारूप आकार को ग्रहण न करके तथा 'यह अमुक पदार्थ है' इस प्रकार से पदार्थों की विशेषना को न करके जो सामान्य का – सामान्य-विशेषात्मक आत्मस्वरूप का—ग्रहण होता है उसे आगम मे दर्शन कहा गया है। आगे यही पर (पृ १४८) विकल्प रूप मे आलोकनवृत्ति को दर्शन कहते हुए उसका स्पष्टीकरण इस प्रकार किया गया है—'आलोकते इति आलोकनम्' इस निरुक्ति के अनुसार आलोकन का अर्थ आत्मा और वृत्ति का अर्थ वर्तन है। तदनुसार आलोकन की वृत्ति को—स्वात्मसवेदन को –दर्शन समझना चाहिए।

आगे यहा (पृ. १४६) प्रकारान्तर से प्रकाशवृत्ति को दर्शन कहते हुए प्रकाश का अर्थ ज्ञान किया गया है। तदनुसार उस प्रकाश के निमित्त आत्मा की जो प्रवृत्ति होती है उसे दर्शन कहा गया है जो विषय और विषयी के सम्पात से पूर्व की अवस्थारूप है। इसी पुस्तक मे आगे (पृ. ३८४-८५) पुनः स्वरूपसंवेदन को दर्शन स्वीकार करने की प्रेरणा करते हुए अपने से भिन्न वस्तु के परिच्छेद को ज्ञान और अपने से अभिन्न वस्तु के परिच्छेद को दर्शन कहा गया है। इस प्रकार से ज्ञान और दर्शन मे भेद भी प्रगट कर दिया गया है।

---

१. यह गाथा अनुयोगद्वार की हरिभद्र विरचित वृत्ति (पृ. १०३) मे उद्धृत है।

प्रकृत धवला मे ही आगे (पु ६, पृ. ६) मे पुनः आत्मविषयक उपयोग को दर्शन बतलाते हुए ज्ञान के बाह्य पदार्थविषयक होने से इसकी भिन्नता भी प्रगट कर दी गई है। इसी पुस्तक मे आगे (पु. ६, ३२-३३) ज्ञानोत्पादक प्रयत्न से अनुगत आत्मसंवेदन को दर्शन कहा है, जिसका अभिप्राय आत्मविषयक उपयोग ही रहा है। इस प्रकार से विचार करते हुए यहा (पृ ३४) आत्मा को समस्त पदार्थों मे साधारण होने से सामान्य सिद्ध करके तद्विषयक उपयोग को ही दर्शन कहा है। इससे ज्ञान और दर्शन मे यह भेद भी प्रगट हो जाता है कि ज्ञान जहा बाह्य पदार्थों को विषय करता है वहा दर्शन अन्तरग (आत्मा) को विषय करता है।

पूर्व मे (पु. १, पृ. १४६) प्रकाशवृत्ति को दर्शन कहा जा चुका है। उसे पु. ७ (पृ. ७) में पुनः दोहराया गया है। पूर्व पु. १ (पृ. १४७) के समान इस पुस्तक (७, पृ. १००) मे भी 'सामान्य' शब्द को आत्मार्थक बतलाते हुए पूर्वोक्त 'जं सामण्णग्गहणं' आदि आगमवाक्य के साथ प्रसगप्राप्त विरोध का परिहार करके उसके साथ समन्वय प्रगट किया गया है।

प्रकृत धवला मे ही आगे (पु १३, पृ २०७) अनाकार उपयोग को दर्शन बतलाते हुए आकार का अर्थ कर्म-कर्तृभाव प्रगट किया गया है और यह निर्देश किया गया है कि इस आकार के साथ जो उपयोग रहता है उसे साकार उपयोग (ज्ञान) कहा जाता है। इस साकार उपयोग से भिन्न— अनाकार उपयोग—दर्शन कहलाता है। यही पर आगे (पु १३, पृ. २१६) विषय और विषयी के सन्निपातरूप ज्ञानोत्पत्ति से पूर्व की अवस्था को दर्शन कहते हुए उसका काल अन्तर्मुहूर्त निर्दिष्ट किया गया है आगे पु १५ (पृ. ६) मे भी यह निर्देश किया गया है कि बाह्य अर्थ मे सम्बद्ध आत्मस्वरूप के संवेदन का नाम दर्शन है।

दिव्यध्वनि—इस दिव्य वाणी की विशेषता को प्रगट करते हुए आ. समन्तभद्र ने उसे सर्वभाषास्वभाववाली कहा है। वे अपने स्वयम्भूस्तोत्र मे (९६) अर जिनकी स्तुति करते हुए कहते है कि हे भगवन् ! समस्त भाषाओ के स्वभाव से परिणत होने वाली आपकी दिव्यवाणी समवसरण सभा मे व्याप्त होकर प्राणियो को अमृत के समान प्रसन्न व सुखी करती है। उक्त स्वामी समन्तभद्र ने उसकी अलौकिकता को दिखलाते हुए अन्यत्र (रत्नकरण्डक ८) भी यह कहा है—जिस प्रकार वादक के हाथ के स्पर्श से ध्वनि करता हुआ मृदंग बिना किसी प्रकार के स्वार्थ या अनुराग के ही श्रोताजनो को मुग्ध किया करता है उसी प्रकार वीतराग सर्वज्ञ प्रभु आत्मप्रयोजन और जनानुराग के बिना ही अपनी दिव्यवाणी के द्वारा सत्पुरुषो को हित का उपदेश किया करते है।

तिलोयपण्णत्ती (१-७४) मे अर्थकर्ता के प्रसग मे कहा गया है कि छद्मस्थ अवस्था से सम्बद्ध मति, श्रुत, अवधि और मन पर्ययरूप ज्ञान के विनष्ट हो जाने तथा अनन्तज्ञान (केवलज्ञान) के उत्पन्न हो जाने पर अरहन्त की जो दिव्यध्वनि—अलौकिक वाणी— निकलती है वह नौ प्रकार के पदार्थों के रहस्य को सूत्र के रूप मे निरूपण करती है। प्रकृत तिलोयपण्णत्ती मे ही आगे (४, ९०१-५) केवलज्ञान के साथ प्रगट होने वाले ग्यारह अतिशयो का निरूपण करते हुए कहा गया है कि अरहंत देव अक्षर-अनक्षरस्वरूप अठारह महाभाषाओ और सात सौ क्षुद्र भाषाओ मे तालु, दात, ओष्ठ और कण्ठ के व्यापार से रहित होते हुए जिस दिव्य भाषा के द्वारा भव्य जीवो को उपदेश करते है वह दिव्यध्वनि के नाम से प्रसिद्ध है। स्वभावतः स्खलन से रहित वह दिव्य वाणी तीनो सन्ध्याकालो मे नौ मुहूर्त निकलती है जो एक योजन तक फैलती है। गणधर, इन्द्र और चक्रवर्ती के प्रश्न के अनुसार वह दिव्यध्वनि उक्त तीन सन्ध्याकालो के अतिरिक्त अन्य समयो मे भी सात भगो के आश्रय से अर्थ का व्याख्यान करती है।

धवला (पु. १, पृ ६४) मे भी तिलोयपण्णत्ती के ही समान अभिप्राय प्रगट करते हुए वहा जो गाथा उद्धृत की गई है वह तिलोयपण्णत्ती की उस गाथा (१-७४) से प्रायः मिलती-जुलती ही है। इस धवला के निर्माता आ. वीरसेन उस दिव्यध्वनि के स्वरूप को प्रगट करते हुए जयधवला (१, १२६) में कहते है कि समस्त भाषास्वरूप वह दिव्यध्वनि अक्षर-अनक्षरात्मक होती हुई अनन्त अर्थ से गर्भित बीज पदो के द्वारा तीनों सन्ध्याकालो में छह घड़ी निरन्तर प्रवर्तमान होकर अर्थ का निरूपण करती है।

इसके अतिरिक्त संशय, विपर्यय व अनध्यवसाय को प्राप्त गणधर को लक्ष्य कर अन्य समय में भी प्रवृत्त होती है। विशद स्वरूप वाली वह दिव्य वाणी शंकर-व्यतिकर दोष से रहित उन्नीस धर्मकथाओं का निरूपण करती है।

भक्तामर स्तोत्र (३५) में उक्त दिव्यध्वनि की विशेषता को प्रगट करते हुए कहा गया है कि वह जिनेन्द्र की अनुपम वाणी स्वर्ग और मोक्ष को प्राप्त कराने वाले मार्ग के खोजने में कुशल होकर तीनों लोको के प्राणियो को समीचीन धर्म का निरूपण करती है। विशद अर्थ की प्ररूपक उस वाणी का गुण समस्त भाषाओ में परिणत होने का है। भक्तामर का यह कथन पूर्वोक्त स्वयभूस्तोत्र से प्रभावित रहा प्रतीत होता है।

हरिवंशपुराण (५८-९) मे इस अनुपम जिनवाणी को मधुर, स्निग्ध, गम्भीर, दिव्य, उदात्त एवं स्पष्ट अक्षरस्वरूप निर्दिष्ट किया गया है। जीवन्धरचम्पू (६-१९) मे इस दिव्य भाषा को समस्त वचन-भेदों की प्रकारक कहा गया है।

जिनेन्द्र का उपदेश अर्धमागधी भाषा मे होता है। निशीथचूर्णि के अनुसार आधे मगध देश से सम्बद्ध भाषा को अर्धमागधी कहा जाता है, अथवा अठारह देशी भाषाओ मे नियत भाषा अर्धमागधी कहलाती है। समवायांग की अभयदेव विरचित वृत्ति (३४, पृ. ५९) के अनुसार प्राकृत आदि छह भाषा-भेदो मे मागधी नाम की भाषा है। (यह सम्भवतः समस्त मगध देश की भाषा रही होगी)। र के स्थान मे ल और श, ष एवं स इन तीनो के स्थान मे एक मात्र स; इत्यादि व्याकरण नियमों से युक्त वह मागधी भाषा अपने समस्त नियमो का आश्रय न लेने से अर्धमागधी कही जाती है।

धर्म—आ. कुन्दकुन्द ने प्रवचनसार (१, ७-८) मे चारित्र को धर्म कहा है जो समस्वरूप है। इस सम को उन्होने मोह (दर्शनमोह) और क्षोभ (चारित्रमोह) से रहित आत्मपरिणति बतलाया है। आगे उन्होने 'जो द्रव्य जिस रूप से परिणत होता है वह उस काल में तन्मय कहा जाता है' इस नियम के अनुसार धर्मस्वरूप से परिणत आत्मा को धर्म कहा है। यही पर आगे (१-११) उन्होने यह भी कहा है कि इस प्रकार के धर्म से परिणत आत्मा यदि शुद्धोपयोग से सहित होता है तो वह निर्वाणसुख को प्राप्त करता है और यदि शुभोपयोग से सयुक्त होता है तो फिर स्वर्गसुख को प्राप्त करता है। उक्त कुन्द-कुन्दाचार्य ने सागार और निरागार के भेद से सयमचरण को दो प्रकार का बतलाकर (चा. प्रा. २१) उनमें सागार सयमचरण को श्रावकधर्म और शुद्ध (निरागार) सयमचरण को यतिधर्म कहा है (चा. प्रा. २७)। उक्त आ. कुन्दकुन्द ने भावप्राभृत (८३-८५) में भी प्रवचनसार के समान पुन मोह और क्षोभ से रहित आत्मा के परिणाम को धर्म कहा है। यहा इतना विशेष कहा गया है कि व्रत सहित पूजा आदि मे जो प्रवृत्ति होती है उससे उपार्जित पुण्य भोग का कारण होता है, कर्मक्षय का कारण वह नही होता। मोक्ष का कारण तो वह आत्मा है जो समस्त दोषो से रहित होता हुआ रागादि मे निरत न होकर आत्मा मे ही रत होता है। ऐसे आत्मा को ही यहा धर्म कहा गया है। इन्ही आ. कुन्दकुन्द ने बोधप्राभृत (२४) मे दया से विशुद्ध आचरण को भी धर्म कहा है। पूर्वोक्त प्रवचनसार (३, ४५-५४) में आ. कुन्दकुन्द ने श्रमणो को शुद्धोपयोग और शुभोपयोग इन दोनो से युक्त बतलाते हुए अरहन्तादि मे जो भक्ति और प्रवचनाभियुक्तो मे जो वात्सल्यभाव होता है उसे शुभोपयोगयुक्त चर्या बतलाया है। आचार्य आदि को आते देखकर वन्दना व नमस्कार के साथ उठकर खड़े हो जाना, पीछे पीछे चलना और श्रमणों के श्रम को पादमर्दनादि के द्वारा दूर करना; इस सबको यहा सराग चारित्र मे निन्द्य नही कहा गया, अतः उसे उपादेय ही समझना चाहिए। इतना यहा विशेष कहा गया है कि वैयावृत्य मे उद्यत होकर श्रमण यदि प्राणियों को पीड़ा पहुचाता है तो वह श्रमण नही रहता, किन्तु गृहस्थ हो जाता है; क्योकि वह श्रावकों का धर्म है। श्रमणों की अथवा गृहस्थो की इस प्रशस्तभूत चर्या को यहां 'पर (उत्कृष्ट)' कहा गया है, कारण यह कि उससे साक्षात् अथवा परम्परा से मोक्षसुख प्राप्त होता है। आगे उन्होने यहा (३-६०) यह भी स्पष्ट कह दिया है कि अशुभोपयोग से रहित होकर जो शुद्धोपयोग अथवा शुभोपयोग से युक्त होते

हैं वे लोक का कल्याण करते हैं। उनकी भक्ति करने वाला प्रशस्त (पुण्य) को प्राप्त करता है।

इस प्रकार आ. कुन्दकुन्द के उपर्युक्त विवेचन को देखते हुए हम इस निष्कर्ष पर पहुचते है कि वे व्यवहार धर्म के सर्वथा विरुद्ध नही रहे। उनकी दृष्टि मे जो शुद्धोपयोग की भूमिका पर आरूढ होने मे असमर्थ है वे उसके ऊपर आरूढ़ होने की उत्कट अभिलाषा रखते हुए शुभोपयोगी होकर सम्यग्दर्शन के साथ उस व्यवहार धर्म का भी आचरण कर सकते है जो परम्परया मोक्षसुख का साधक है। इसी अभिप्राय को हृदयगम करते हुए अमृतचन्द्र सूरि ने भी समयसारकलश (६) मे प्राक्पदवी मे—शुद्धोपयोग से पूर्व की शुभोपयोगरूप भूमिका मे—व्यवहारनय को भी सहारा देने वाला बतलाया है। यह अवश्य है कि शुद्धोपयोग की उपेक्षा कर जो शुभोपयोग मे ही निमग्न रहना चाहता है वह परम्परा से भी मोक्षसुख को प्राप्त नही कर सकता।

रत्नकरण्डक (३), धवला टीका (पु. ८, पृ ९२) और तत्त्वानुशासन (५१) मे जो सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यक्चारित्र को जो धर्म कहा गया है वह प्रवचनसार (१-७) का ही अनुसरण है। तत्त्वानुशासन (५१) मे तो उक्त रत्नकरण्डक के श्लोक ३ के पूर्वार्द्ध को जैसा का तैसा आत्मसात् किया गया है।

विमलसूरि ने अपने पउमचरिउ (२६-३४) मे मुनिजन के द्वारा निर्दिष्ट जीवदया और कषायों के निग्रह को धर्म बतलाते हुए यह भी कहा है कि इन प्रवृत्तियो मे रत हुआ प्राणी सघन कर्मबन्ध से छूटता है—मुक्ति प्राप्त कर लेता है।

दशवैकालिक (१-१), सर्वार्थसिद्धि (६-१३ व ९-७) तत्त्वार्थवार्तिक (६ १३, ५) और तत्त्वार्थश्लोकवार्तिक (६-१३) आदि मे धर्म का लक्षण अहिंसा कहा गया है। स. सि (९ २) और त. वा. (९, २, ३) आदि मे 'इष्टस्थाने धत्ते इति धर्मः' इस निरुक्ति के साथ यह कहा गया है कि जो जीवो को इष्ट स्थान (मोक्ष) को प्राप्त कराता है उसे धर्म कहते है। यहा त. वा. मे 'इष्ट स्थान' को स्पष्ट करते हुए स. सि. से इतना विशेष कहा गया है कि जो आत्मा को चक्रवर्ती, देवेन्द्र और मुनीन्द्र आदि के पद को प्राप्त कराता है उसका नाम धर्म है। इस निरुक्ति मे पूर्वोक्त रत्नक. (२) का अनुसरण किया गया प्रतीत होता है। आगे रत्नक. (३) मे धर्म को सम्यग्दर्शनादि स्वरूप बतलाकर सम्यग्दर्शन के माहात्म्य को दिखलाते हुए उसे इन्द्रादि पदो का प्रापक भी कहा गया है (४१)। उक्त त वा. (९, २, ३) का अनुसरण करते हुए चारित्रसार (पृ २) मे नरेन्द्र (चक्रवर्ती) पदादि के साथ 'मुक्तिस्थान' को भी ग्रहण कर लिया है जो त. वा. में नहीं है। त. वा. (९, ७, १२) म अनुप्रेक्षा के प्रसग मे धर्म के लक्षण का निर्देश करते हुए कहा गया है कि जीवस्थान और गुणस्थान इनके स्वतत्त्व का गति-इन्द्रियादि मार्गणास्थानो मे जो विचार किया जाता है वह धर्म का लक्षण है। इस प्रकार के लक्षणयुक्त धर्म को भगवान् अर्हन्त ने मोक्ष का हेतु कहा है। इसका अनुसरण त. श्लो. वा. (९ ७) और चा सा. (पृ. ८९) मे भी किया गया है।

दशवै. चूर्णि मे (पृ १५) धर्म के लक्षण का निर्देश करते हुए कहा गया है कि जो नारक, तिर्यंच, कुमानुष और कुदेव पर्यायो में पडते हुए जीव का उनसे उद्धार करता है वह धर्म कहलाता है। रत्नक. (२) मे निर्दिष्ट धर्म के लक्षण से इसके अभिप्राय मे बहुत कुछ समानता है। इस कथन की पुष्टि यहा (द चूर्णि) किसी प्राचीन ग्रन्थगत एक श्लोक को उद्धृत करते हुए उसके द्वारा की गई है। ललितविस्तरा (पृ ९०), स्थानाग की अभयदेव विरचित वृत्ति (१-४०, पृ. २१) और आव. निर्युक्ति की मलयगिरि विरचित वृत्ति (पृ ५९२) म भी उक्त श्लोक को उद्धृत करते हुए उसी अभिप्राय को व्यक्त किया गया है। ललितविस्तरा मे उसके पूर्व (पृ. १६) धर्म को सम्यग्दर्शनादि स्वरूप तथा दान, शील एव तपोभावनारूप भी बतलाते हुए उसे आस्रव से सहित और उससे रहित भी निर्दिष्ट किया गया है।

इस प्रकार विविध ग्रन्थकारो ने अपनी रुचि के अनुसार प्रकृत धर्म को प्राय. अपने पूर्ववर्तीग्रन्थों

का अनुसरण करते हुए कहीं मैत्री आदि भावनाओं स्वरूप, कहीं अभ्युदय व निश्रेयस का साधक, कहीं उत्तमक्षमादिरूप, कहीं श्रुत-चारित्रस्वरूप, कहीं दयाप्रधान और कहीं वस्तुस्वभावरूप कहा है।

नय -- यह जैनागम का एक दृढतम आधार रहा है। विविध ग्रन्थों मे इसके स्वरूप का विचार अनेक प्रकार से किया गया है व उपयोगिता भी उसकी अत्यधिक प्रगट की गई है। यथा—स्वयम्भूस्तोत्र (५२) मे श्रेयान् जिनकी स्तुति करते हुए आ. समन्तभद्र ने कहा है—प्रतिषेधसापेक्ष विधि प्रमाण है। उक्त विधि व प्रतिषेध मे एक प्रधान व दूसरा गौण हुआ करता है। उनमे जो मुख्य का नियमन करता है उसे नय कहा जाता है। इसी स्तुति मे आगे (६५) यह भी कहा गया है कि 'स्यात्' पद से चिह्नित वे नय यथार्थ होते हुए इस प्रकार अभीष्ट गुणवाले हैं जिस प्रकार कि रसायन से अनुविद्ध लोह धातु प्रयोक्ता को अभीष्ट गुणवाली हुआ करती है। इसके पूर्व प्रकृत स्तुति मे ही (६१) उसकी उपयोगिता और अनुपयोगिता को प्रगट करते हुए यह भी सूचित कर दिया गया है कि ये द्रव्यार्थिक व पर्यायार्थिक नय तभी स्व-पर के लिए उपकारक होते है जब वे परस्पर सापेक्ष हुआ करते हैं। इसके विपरीत—परस्पर की अपेक्षा के बिना—वे यथार्थता से दूर रहते हुए स्व-पर के घातक ही हुआ करते है। उक्त समन्तभद्राचार्य ने अपनी आप्तमीमांसा (१०६) मे हेतुपरक नय के स्वरूप को दिखलाते हुए कहा है कि साध्य का सधर्मा होने से जो बिना किसी प्रकार के विरोध के स्याद्वादस्वरूप नीति से विभक्त अर्थविशेष (साध्य) का व्यजक होता है वह नय कहलाता है। लगभग इसी अभिप्राय को प्रगट करते हुए सर्वार्थसिद्धि (१-३३) मे कहा गया है कि वस्तु अनेकान्तात्मक --नित्यत्व-अनित्यत्व, एकत्व-अनेकत्व, भावरूप-अभावरूप और भिन्नत्व-अभिन्नत्व आदि परस्पर विरुद्ध प्रतीत होने वाले अनेक धर्मोंस्वरूप है। उनमे जो प्रयोग बिना किसी प्रकार के विरोध के हेतु की मुख्यता से साध्यविशेष की यथार्थता की प्राप्ति मे कुशल होता है उसे नय कहा जाता है।

तत्त्वार्थाधिगम भाष्य (१-३५) मे नय के प्रापक, कारक, साधक, निर्वर्तक, उपलम्भक और व्यजक इन समानार्थक नामो का निर्देश करते हुए कहा गया है कि जो जीवादि पदार्थों को ले जाते है, प्राप्त कराते हैं, कारक है, सिद्ध कराते हैं, निर्वर्तित करते है, उपलब्ध कराते है और व्यक्त कराते है उनका नाम नय है। लगभग इसी अभिप्राय को उत्तराध्ययन चूर्णि (पृ. ४७) मे भी प्रगट किया गया है। आवश्यक नि. (१०६६) और दशवैकालिक नि. (१४६) मे नय के स्वरूप को प्रगट करते हुए कहा गया है कि ग्रहण करने योग्य अथवा नही ग्रहण करने योग्य ज्ञात पदार्थ के विषय मे प्रयत्न करना चाहिए, इस प्रकार का जो उपदेश है उसे नय कहा जाता है। न्यायावतार (२९) के अनुसार जो एक देश विशिष्ट पदार्थ को विषय करता है उसे नय माना गया है।

भट्टाकलंकदेव ने सिद्धिविनिश्चय (१०,१-२), लघीयस्त्रय (५२) और प्रमाणसग्रह (८७) मे ज्ञाता के अभिप्राय को नय कहा है। इसके पूर्व लघीयस्त्रय (३०) मे वे प्रकारान्तर से यह भी कहते है कि प्रमाण के विषयभूत (ज्ञेय) वस्तु भेदाभेदात्मक—सामान्य-विशेषस्वरूप है उसके विषय मे पुरुषों के जो अपेक्षा और उसके बिना सामान्य व विशेष विषयक अभिप्राय हुआ करते है उन्हे यथाक्रम से नय और दुर्नय कहा जाता है। इस कारिका की स्वो. वृत्ति मे भी उन्होंने ज्ञाता के अभिप्राय को नय कहा है। इसी अभिप्राय को उन्होने आगे भी इस लघीयस्त्रय की स्वो. वृत्ति (७१) में पुनः प्रगट किया है। उक्त लघीयस्त्रय की ६२वीं कारिका मे उन्होंने श्रुत के दो उपयोग (व्यापार) बतलाये है—एक स्याद्वाद और दूसरा नय। इनमें स्याद्वाद को—अनेकान्तात्मक पदार्थ के कथन को—सकलादेश—सम्पूर्ण पदार्थ का कथन करने वाला—और नय को विकलसंकथा—वस्तु के एक देश का कथन करने वाला—कहा है। प्रकृत लघीयस्त्रय मे आगे (६६) उन्होने कहा है कि श्रुत के भेदभूत जो नय हैं वे नैगम-सग्रहादि के भेद से सात है। उनका मूल आधार द्रव्य व पर्याय है। इसका अभिप्राय यह है कि मूल मे नय के दो भेद हैं—एक द्रव्यार्थिक नय और दूसरा पर्यायार्थिक नय। पूर्वनिर्दिष्ट नैगमादि सात मे पूर्व के तीन द्रव्यार्थिक और अन्तिम चार पर्यायार्थिक नय के अन्तर्गत हैं। यह पूर्वोक्त

ज्ञाता के अभिप्रायस्वरूप नय के लक्षण का स्पष्टीकरण है। इन्हीं अकलंकदेव ने अपने तत्त्वार्थवार्तिक (१, ६, ३) मे नय के लक्षण मे कहा है कि जो अवयव को विषय करता है उसका नाम नय है। यह लघीयस्त्रय की ६२वी कारिका मे निर्दिष्ट 'विकलसंकथा' का ही स्पष्टीकरण है। यही पर आगे (१, ६, ६) उन्होंने सम्यक् एकान्त को नय का लक्षण कहा है। हेतुविशेष के सामर्थ्य की अपेक्षा रखकर जो प्रमाण के द्वारा प्ररूपित पदार्थ के एक देश का कथन किया करता है उसे सम्यक् एकान्त कहा जाता है। यहीं पर आगे (१, ३३, १) प्रकारान्तर से पुनः यह कहा गया है कि जो प्रमाण से प्रकाशित अस्तित्व-नास्तित्वादिरूप अनन्तधर्मात्मक जीवादि पदार्थों के विशेषो (पर्यायों) का निरूपण करने वाला है उसे नय कहा जाता है।

उत्तरा. चूर्णि (पृ. ६) और आव. निर्युक्ति की हरिभद्र विरचित वृत्ति (७६) मे वस्तु की पर्यायो के अधिगम को नय का लक्षण निर्दिष्ट किया गया है। दोनों मे प्रायः शब्दशः समानता है। अनुयो. की हरिभद्रविरचित वृत्ति (पृ. २७ व ६६) मे अनन्तधर्मात्मक वस्तु के एक अंश के ग्रहण करने को नय कहा गया है। इसी वृत्ति में आगे (पृ, १०५) प्रकारान्तर से यह भी निर्दिष्ट किया गया है कि जो अनेक धर्मात्मक वस्तु को विवक्षित किसी एक धर्म से ले जाता है उसे नय कहते है।

धवला (पु. १, पृ. ८३ व पु. ६, पृ. १६४) मे कहा गया है कि प्रमाण से परिगृहीत वस्तु के एक देश मे जो वस्तु का निश्चय होता है उसे नय कहा जाता है। आगे इस धवला (पु. ६, पृ. १६२ व १६३) मे लघीयस्त्रय की ५२वी कारिका के अनुसार ज्ञाता के अभिप्राय को नय का लक्षण बतलाते हुए उसके स्पष्टीकरण मे कहा गया है कि प्रमाण से परिगृहीत पदार्थ के एक देश मे जो वस्तु का अध्यवसाय होता है, इसे नय जानना चाहिए। लघीय की प्रकृत कारिकागत 'युक्तितोऽर्थपरिग्रह.' इसे हृदयंगम कर कहा गया है कि युक्ति का अर्थ प्रमाण है, इस प्रमाण से जो अर्थ का परिग्रह होता है—द्रव्य और पर्याय मे से विवक्षा के अनुसार जो किसी एक का वस्तु के रूप मे ग्रहण होता है उसे नय कहते है। यही पर आगे (पु. ६, पृ १६५-६६) पूज्यपाद भट्टारक द्वारा निर्दिष्ट लक्षण को उद्धृत करते हुए यह कहा गया है कि प्रमाण से प्रकाशित अनेकधर्मात्मक पदार्थों के विशेषो (पर्यायो) की जो प्ररूपणा किया करता है उसे नय कहते हैं। इसे वीरसेनाचार्य ने धवला मे जहा पूज्यपाद के अभिप्रायानुसार सामान्य नय का लक्षण बतलाया है वही उन्होने उसे जयधवला (१, पृ. २१०) में तत्त्वार्थभाष्यगत (त. वा. १, ३३, १) वाक्यनय का लक्षण कहा है। त. वा. मे उसकी उत्थानिका मे उसे सामान्य नय का ही लक्षण निर्दिष्ट किया गया है—तत्र सामान्यनयलक्षणमुच्यते। इसी पु. ६ मे आगे (पृ. १६६) प्रभाचन्द्र भट्टारक के द्वारा निर्दिष्ट 'प्रमाणव्यपाश्रय' इत्यादि वाक्य को उद्धृत करते हुए कहा गया है कि प्रमाण के आश्रय से होने वाले परिणामविकल्पो के—अभिप्रायविशेषों के—वशीभूत पदार्थगत विशेषो के निरूपण मे जो प्रयोग अथवा प्रयोक्ता समर्थ होता है उसे नय समझना चाहिए। आगे (पृ. १६७) आ. पूज्यपाद विरचित सारसग्रहगत 'अनन्तपर्यायात्मकस्य' इत्यादि वाक्य को उद्धृत करते हुए तदनुसार यह कहा गया है कि अनन्तपर्यायस्वरूप वस्तु की उन पर्यायों मे से किसी एक पर्याय को ग्रहण करते समय उत्तम हेतु की अपेक्षा करके जो निर्दोष प्रयोग किया जाता है उसका नाम नय है। जयधवला (१, पृ. २१०) मे पूर्वोक्त धवला (पु. ६, पृ. १६६-६७) के ही अभिप्राय को व्यक्त करते हुए जहां धवला मे सारसंग्रहोक्त नय के उस लक्षण को विशेषरूप मे वाक्यनय का लक्षण कहा गया है। इसी प्रसार प्रभाचन्द्र के द्वारा निर्दिष्ट पूर्वोक्त नय के लक्षण को धवला मे जहां सामान्य से नय का लक्षण निर्दिष्ट किया गया है वहां जयधवला मे उसे प्रभाचन्द्रीय वाक्यनय का लक्षण कहा गया है।

तत्त्वार्थश्लोकवार्तिक (१, ६, ४) और नयविवरण (४) मे स्वार्थ के—प्रमाण के विषयभूत पदार्थ के—एक देश के निर्णय को नय का लक्षण प्रगट किया गया है। यहां आगे (१, ३३, २) नय के लक्षण मे जो यह कहा गया है कि स्याद्वाद से विभक्त अर्थविशेष का जो व्यंजक होता है वह नय कहलाता है, यह शब्दशः आप्तमीमासा १०६ का अनुसरण है। यहां आगे (१, ३३, ६ व नयवि. १८) यह

निर्देश किया गया है कि श्रुत के विषयभूत अर्थ के एक देश को जो ग्रहण किया करता है उसका नाम नय है। सम्भवतः इसी का अनुसरण करते हुए प्रमाणनयतत्त्वालोक (७-१) मे यह कहा गया है कि जो श्रुत नामक प्रमाण के विषयभूत पदार्थ के अन्य अंशों की ओर से उदासीन होकर एक अंश को ले जाता है उस प्रतिपत्ता के अभिप्रायविशेष को नय कहते हैं। यह पूर्वोक्त त. श्लोकवार्तिक (१, ३३, ६) के उस संक्षिप्त लक्षण का ही स्पष्टीकरण दिखता है।

नयचक्र (२) और द्रव्यस्वभावप्रकाशनयचक्र (१७४) मे कहा गया है कि वस्तु के अंश को ग्रहण करने वाला जो श्रुत का भेदभूत ज्ञानियो का विकल्प (अभिप्राय) है उसे नय कहा गया है। इसका अभिप्राय पूर्वोक्त त श्लो. वा. (१, ३३, ६) मे निर्दिष्ट लक्षण से भिन्न नही है। लगभग यही अभिप्राय आलापपद्धति (पृ. १४५) मे निर्दिष्ट नय के लक्षण मे देखा जाता है। विकल्परूप में यहां इतना विशेष कहा गया है कि अथवा जो वस्तु को नाना स्वभावों से पृथक् करके एक किसी विवक्षित स्वभाव मे ले जाता है—प्राप्त कराता है उसे नय जानना चाहिए।

सूर्यप्रज्ञप्ति की मलयगिरि विरचित वृत्ति (१-७, पृ. ३६) मे कहा गया गया है कि वक्ता का जो विशेष अभिप्राय वस्तु के प्रतिनियत एक अंश को विषय करता है उसका नाम नय है। इसकी पुष्टि मे वहां समन्तभद्रादि के नाम निर्देशपूर्वक 'नयो ज्ञातुरभिप्रायः' (लघीय. ५२) इस वाक्य को उद्धृत किया गया है।

इस प्रकार विविध ग्रन्थकारो ने अपनी रुचि के अनुसार पूर्ववर्ती ग्रन्थों का अनुसरण कर प्रकृत नय के लक्षण को व्यक्त किया है। निष्कर्ष रूप मे कुछ लक्षण इस प्रकार है—

१ समन्तभद्र—विधि-प्रतिषेध मे मुख्य का नियामक।
,, स्याद्वाद से विभक्त अर्थ के विशेष का व्यजक।
२. पूज्यपाद—अनेकान्तात्मक वस्तु में विना किसी विरोध के हेतु की प्रमुखता से साध्यविशेष
,, को यथार्थता प्रगट करने वाला प्रयोग।
,, अनन्तपर्यायात्मक वस्तु को अन्यतम पर्यायविषयक अधिगम के समय निर्दोष हेतु अपेक्षा निरवद्य प्रयोग (सारसग्रह)।
,, प्रमाणप्रकाशित अर्थ के विशेष (नित्यानित्यत्वादि) का प्ररूपक।
३ तत्त्वार्थाधिगमभाष्यकार—प्रापक, कारक, साधक, निर्वर्तक, निर्भासक, उपलम्भक अथवा व्यजक।
४ निर्युक्तिकार—ग्राह्याग्राह्य अर्थ के विषय मे यत्नविषयक उपदेश।
५ उत्तरा. चूर्णिकार—वस्तु की पर्यायो में सम्भव पर्याय की अपेक्षा वस्तु का अधिगमन।
६ सिद्धसेन दिवाकर—एकदेशविशिष्ट अर्थ को विषय करने वाला।
७ अकलंकदेव—भेदाभेदात्मक ज्ञेय के विषय में भेदाभेदविषयक सापेक्ष अभिप्राय।
,, ज्ञाता का अभिप्राय।
,, अवयव को विषय करने वाला।
,, सम्यक् एकान्त।
,, प्रमाणप्ररूपित अर्थ की पर्यायों का प्ररूपक।
८ हरिभद्र सूरि—अनन्त पर्यायात्मक वस्तु के एक अंश का परिच्छेद।
,, अनेक धर्मात्मक ज्ञेय के अध्यवसायान्तर का हेतु।
९ वीरसेन—प्रमाणपरिगृहीत अर्थ के एक देश में वस्तु का अध्यवसाय।
१० विद्यानन्द—स्वार्थ के एकदेश का निर्णय।
,, श्रुतार्थांश का ज्ञापक।
११ स्वामिकुमार—लोकव्यवहार का प्रसाधक श्रुतज्ञान का विकल्प।

१२ **प्रभाचन्द्र**—प्रतिपक्ष का निराकरण न करके वस्त्वंश का ग्राहक ज्ञाता का अभिप्राय।

१३ मलयगिरि—विशेषाकांक्ष सामान्य का ग्राहक अथवा सामान्यापेक्ष विशेष का ग्राहक। (लघीयस्त्रयगत कारिका ३० का फलितार्थ)।

इन नयलक्षणो मे उत्तरोत्तर कुछ विकास हुआ प्रतीत होता है। अन्य ग्रन्थकारों के द्वारा निर्दिष्ट लक्षण इन्ही लक्षणो मे से किसी के आधार पर होना चाहिए।

नाग्न्यपरीषहजय – सर्वार्थसिद्धि (९-९) और तत्त्वार्थवार्तिक (९, ९, १०) आदि मे प्रार्थना की सम्भावना से रहित; याचना (दीनता), रक्षण व हिंसा आदि दोषो से विहीन तथा परिग्रह से रहित होने के कारण निर्वाणपद की प्राप्ति के प्रति अद्वितीय साधनभूत ऐसे बाधा मे रहित बालक की नग्नता के समान स्वाभाविक नग्नवेष को धारण करने वाला साधु मानसिक विकार से युक्त हो जाने के कारण स्त्रियो के रूप को अपवित्र व घृणास्पद देखता हुआ दिन-रात अखण्डित ब्रह्मचर्य पर अधिष्ठित रहकर निर्दोष अचेलव्रत को जो धारण करता है उसे उसका नाग्न्यपरीषहजय कहा गया है।

उत्तराध्ययन (२-१३) मे इसके स्वरूप का विचार करते हुए कहा गया है कि तत्त्वज्ञानी साधु कभी अचेल (निर्वस्त्र) और कभी सचेल (सवस्त्र) होता है। पर निर्वस्त्र होने पर जो अनेक प्रकार की शीत्य आदि की उसे बाधा होती है उससे वह खेद को प्राप्त नही होता व उसे धर्म के लिए हितकर मानता है। यदि वह सवस्त्र है, पर वस्त्र अनुकूल नही है अथवा वह जीर्ण हो गया है तो उसके लिए याचना करते हुए वह दीनता को प्रगट नही करता। इस प्रकार से वह उपर्युक्त दोनो ही अवस्थाओ मे खेदखिन्न नही होता। यह उसके नाग्न्यपरीषह या अचेलपरीषहजय का लक्षण है। आव. निर्युक्ति की हरिभद्र विरचित वृत्ति (९१८, पृ. ४०३) मे परीषहों से सम्बद्ध श्लोको को किसी पूर्वकालीन ग्रन्थ मे उद्धृत कर प्रकृत परीषह के विषय मे कहा गया है कि लाभ-अलाभ की विचित्रता को जानता हुआ साधु नग्नता से उपद्रवित होकर 'मेरा वस्त्र अशुभ या नही' इस विचार से उत्तम या निकृष्ट वस्त्र की इच्छा न करे। त भा. की सिद्धसेन विरचित वृत्ति (९-९) मे कहा गया है कि दिगम्बर या भोत आदि के समान उपकरणों मे रहित होना ही नाग्न्यपरीषह नही है। तो फिर वह क्या है, इसके उत्तर मे वहा कहा गया है कि प्रवचन मे उसका जो विधान कहा गया है तदनुसार नग्नता को जानना चाहिए।

इस नग्नता का पर्यायवाची शब्द अचेलकता है। प्रकृत लक्षणावली के प्रथम भाग की प्रस्तावना मे (पृ. ७०-७१) आचाराग आदि के आश्रय से अचेलकता के विषय मे विशेष विचार किया जा चुका है। विशेष जिज्ञासुओ को उसे वहा पर देखना चाहिए।

निगोदजीव—धवला पु. ३ (पृ. ३५७) मे निगोद जीवो के स्वरूप को दिखलाते हुए कहा गया है कि जिन अनन्तानन्त जीवो का साधारणरूप से एक ही शरीर होता है उन्हें निगोदजीव कहा जाता है। इसी धवला मे आगे (पु. ७, पृ. ५०६) कहा गया है कि जो जीव निगोदों में अथवा निगोदभाव से जीते है वे निगोदजीव कहलाते है। यही पर आगे (पु १४, पृ ८५ और पृ. ४९२) पुलवियो को निगोद कहा गया है। इसी पुस्तक मे पृ. ८६ पर पुलवियो के स्वरूप को प्रगट करते हुए कहा गया है कि स्कन्ध, अण्डर, आवास, पुलविया और निगोदशरीर ये पाच होते हैं। यहां पृथक्-पृथक् पांचों के स्वरूप का भी निर्देश किया है। पूर्व मे यहा (धवला पु. ३, पु. ३५७) मे निगोद जीवो के स्वरूप को दिखलाते हुए उन अनन्तानन्त जीवो का एक ही साधारण शरीर निर्दिष्ट किया गया है। ऐसे साधारण शरीर वाले जीव नियम से वनस्पतिकायके अन्तर्गत हैं (षट्खं. ५, ६, १२०—पु. १४, पृ. २२५)। इन साधारण जीवों के लक्षण का निर्देश करते हुए कहा गया है कि साधारण जीव वे है जिनका आहार और आन-पानग्रहण साधारण है, अर्थात् एक जीव के द्वारा आहार ग्रहण करने पर सभी अनन्तानन्त जीवों का वह साधारण आहार होता है। यही प्रक्रिया उनके श्वासोच्छ्वास की भी जानना चाहिए (षट्ख. ५, ६, १२२—पु. १४, पृ. २२६)। जहा एक का मरण होता है वहां एक साथ अनन्त साधारण जीवो का मरण होता है, इसी प्रकार जहां एक उत्पन्न होता है वे वहां सभी एक साथ उत्पन्न होते

हैं। धवलाकार ने साधारण जीवों का लक्षण एक शरीर में निवास करने वाले निर्दिष्ट किया है (पु. १४, पृ. २२७)। एक ही शरीर मे अवस्थित ये साधारण बादर व सूक्ष्म निगोदजीव एकमेक के साथ परस्पर में बद्ध और स्पृष्ट होते हैं। उदाहरण यहां मूली व थूहर आदि का दिया गया है। इन निगोद जीवों मे ऐसे भी अनन्त (नित्यनिगोद) जीव हैं जिन्होने सक्लेश की प्रचुरता के कारण कभी त्रस पर्याय को नही प्राप्त किया है (षट्ख. ५, ६, १२६-२७—पु. १४, पृ. २२६–३४ द्रष्टव्य है)।

जीवाजीवाभिगम की मलयगिरि विरचित वृत्ति (५, २, २३८, पृ. ४२३) मे जीवों के आश्रय-विशेषों को निगोद कहा गया है।

गो. जीवकाण्ड की जीवतत्त्वप्रदीपिका टीका (१९१) और कार्तिकेयानुप्रेक्षा की टीका (१३१) मे समानरूप से 'नियता गा भूमि क्षेत्रं निवास अनन्तानन्तजीवानां ददातीति निगोदम्' इस प्रकार की निरुक्ति के साथ यह अभिप्राय प्रगट किया गया है कि जो अनन्तानन्त जीवो को नियमित निवास देता है उसका नाम निगोद है।

ये निगोदजीव दो प्रकार के माने गये है—नित्यनिगोदजीव और अनित्यनिगोदजीव। तत्त्वार्थ-वार्तिक २, ३२, २७) म योनिभेदो की प्ररूपणा के प्रसग मे इन दो प्रकार के निगोदजीवो के स्वरूप का निर्देश करते हुए कहा गया है कि जो जीव तीनो ही कालो मे त्रस पर्याय प्राप्त करने के योग्य नही हैं उन्हे नित्यनिगोत और जो त्रस पर्याय को प्राप्त कर चुके है तथा आगे भी उसे प्राप्त करने वाले है उन्हे अनित्यनिगोत कहा जाता है। यहा 'निगोत' शब्द का उपयोग 'निगोद' के समानार्थक रूप मे हुआ है। इसे प्राकृत 'णिगोद' का सस्कृत मे रूपान्तर हुआ समझना चाहिये। इस निगोत शब्द का उपयोग अनगारधर्मामृत की स्वो. टीका (४-२२) मे उद्धृत एक श्लोक मे भी हुआ है।

धवला (पु १४, पृ. २३६) मे 'अनित्यनिगोत' के स्थान मे 'चतुर्गतिनिगोद' शब्द का उपयोग हुआ है। वहा इनके स्वरूप का निर्देश करते हुए कहा गया है कि चतुर्गतिनिगोद जीव वे है जो देव, नारक, तिर्यंच और मनुष्यो मे उत्पन्न होकर पुन. निगोदो मे प्रविष्ट होकर रहते है तथा जो जीव सदा निगोदो मे ही रहते है उन्हे नित्यनिगोदजीव जानना चाहिए। यही अभिप्राय अनगारधर्मामृत की स्वो. टीका (४-२२) मे भी प्रगट किया गया है।

पूर्वोक्त षट्खण्डागम के जिस गाथासूत्र (५, ६, १२७) के अनुसार ऐसे अनन्त जीवों का उल्लेख किया गया है जिन्होने कभी त्रस पर्याय को प्राप्त नही किया, उस गाथासूत्र को गो. जीवकाण्ड में (१९१) उसी रूप मे आत्मसात् किया गया है। उसकी जी. प्र. टीका मे यह अभिप्राय प्रगट किया गया है कि प्रकृत गाथा मे उपयुक्त 'प्रचुर' शब्द एकदेशाभाव से विशिष्ट समस्त अर्थ का वाचक है। अतः उसके आश्रय से यह सूचित किया गया है कि आठ समय अधिक छह मासो के भीतर चतुर्गतिरूप जीवराशि से निकल कर छह सौ आठ जीवो के मुक्त हो जाने पर उतने (६०८) ही जीव नित्यनिगोदभव को छोड़कर चतु-र्गतिभव को प्राप्त होते हैं। उपर्युक्त आठ समय अधिक छह मासो मे छह सौ आठ जीवो के मुक्त (क्षपक-श्रेणिप्रायोग्य) होने का उल्लेख धवला (पु. ३, पृ. ९२-९३) में भी किया गया है।

निर्ग्रन्थ—नाग्न्यपरीषहजय के प्रसग मे निर्ग्रन्थता अपेक्षित है, यह पूर्व मे स्पष्ट किया जा चुका है। प्रकृत मे निर्ग्रन्थ की विशेषता को प्रगट करते हुए सूत्रकृतांग (१, १६, ४) में कहा गया है कि जो एक है, एकवित्— एक आत्मा को ही जानता है, प्रबुद्ध है, कर्मागम के स्रोतों (आस्रवों) को नष्ट कर चुका है, अतिशय संयत है, समितियों का दृढ़ता से पालन करता है, सुसामायिक—शत्रु-मित्रादि के विषय में समभाव रखता है, आत्मवाद को प्राप्त है, विज्ञ है, द्रव्य व भावरूप दोनो स्रोतो को नष्ट कर चुका है, पूजा-सत्कार की अपेक्षा नही करता है, धर्मार्थी है, धर्म का वेत्ता है और नियागप्रतिपन्न है—मोक्ष-मार्ग को प्राप्त है; उसे निर्ग्रन्थ कहा जाता है। ऐसा निर्ग्रन्थ इन्द्रियों व कषायों का दमन करके शरीर से निःस्पृह होता हुआ समित— समतास्वरूप आचरण करता है। इस प्रकार यहां बाह्य व अभ्यन्तर परिग्रह से रहित साधु की सामान्य से प्रशंसा की गई है

तत्त्वार्थसूत्र (दि. ९-४६, श्वे. ९-४८) मे इन पांच निर्ग्रन्थों का निर्देश किया गया है—पुलाक बकुश, कुशील, निर्ग्रन्थ और स्नातक। इनमे निर्ग्रन्थों के स्वरूप को दिखलाते हुए उसकी व्याख्यास्वरूप सर्वार्थसिद्धि, तत्त्वार्थवार्तिक व त. श्लोकवार्तिक तथा हरिवंशपुराण (६४-६३) आदि में कहा गया है कि जिनके कर्मों का उदय पानी मे लकड़ी से खींची गई रेखा के समान अव्यक्त है तथा जिनके अन्तर्मुहूर्त में केवलज्ञान व केवलदर्शन प्रगट होने वाला है वे निर्ग्रन्थ कहलाते है। त. भाष्य में भी लगभग इसी प्रकार के अभिप्राय को व्यक्त करते हुए कहा गया है कि जो वीतराग होकर छद्मस्थ हैं, अर्थात् दोनों प्रकार के मोहनीयकर्म से रहित हो जाने पर भी जिनके अभी केवलज्ञान व केवलदर्शन प्रगट नही हुआ है, तथा जो ईर्यापथ को प्राप्त हो चुके हैं, उन्हें निर्ग्रन्थ कहा जाता है। यहा 'ईर्या' का अर्थ योग और 'पथ' का अर्थ संयम करके उसका यह अभिप्राय सूचित किया गया है कि वे योग व संयम को प्राप्त हो चुके हैं। आराधनासार (३३) के अनुसार शरीर बाह्य ग्रन्थ और इन्द्रियविषयो की अभिलाषा अभ्यन्तर ग्रन्थ है, इन दोनो का परित्याग हो जाने पर क्षपक परमार्थ से निर्ग्रन्थ होता है। तत्त्वसार (१०) के अनुसार जिसने मन, वचन व काय से बाह्य और अभ्यन्तर परिग्रह को छोड़ दिया है तथा जिनलिंग का आश्रय ले लिया है उस श्रमण को निर्ग्रन्थ कहा जाता है।

आवश्यकसूत्र की हरिभद्रविरचित वृत्ति (अ. ४, पृ. ७६०) और दशवैकालिक नि. की भी हरिभद्रविरचित वृत्ति (१५८) मे भी कहा गया है कि जो बाह्य और अभ्यन्तर परिग्रह से रहित हो चुके है वे निर्ग्रन्थ कहलाते है। लगभग यही अभिप्राय त. भाष्य की सिद्धसेन विरचित वृत्ति (९-४८) मे भी व्यक्त किया गया है। वहां ग्रन्थ शब्द से आठ प्रकार के कर्म के साथ मिथ्यात्व, अविरति, कषाय और दुष्प्रणिधान युक्त योग को ग्रहण किया गया है। यही पर आगे (९-४९) उपशान्तमोह और क्षीणमोह सयतो को निर्ग्रन्थ कहा गया है। प्रवचनसारोद्धार (७३१) मे निर्ग्रन्थ, शाक्य, तापस, गैरुक और आजीव इन पाच को श्रमण कहा गया है। इनमें निर्ग्रन्थ मुनि उन्हे कहा गया है जो जिनशासन मे ही सम्भव है।

निर्विचिकित्स—निर्विचिकित्सता और निर्विचिकित्सा ये दोनो शब्द भी प्रकृत निर्विचिकित्स के समानार्थक है। सम्यग्दर्शन के आठ अंगो में तीसरा अग निर्विचिकित्सा हैं। इसकी प्रतिपक्षभूत विचिकित्सा यह उस सम्यग्दर्शन को मलिन करने वाला उसका एक अतिचार है। समयप्राभृत (२४९) मे निर्विचिकित्स सम्यग्दृष्टि उस कहा गया है जो सभी धर्मों मे—सब ही वस्तु स्वभावों के विषय में—घृणा नही करता है। इस कारण उसके जुगुप्सा के आश्रय से होने वाला कर्मबन्ध नही होता। रत्नकरण्डक (१३) मे निर्विचिकित्सता अग के लक्षण का निर्देश करते हुए कहा गया है कि शरीर यद्यपि स्वभावत. अपवित्र है, फिर भी उसे (मनुष्य शरीर को) रत्नत्रय की प्राप्ति का कारण होने से पवित्र भी माना गया है। अतएव उससे घृणा न करके गुणो के आश्रय से जो प्रीति हुआ करती है, इसका नाम निर्विचिकित्सा अग है, जो सम्यग्दर्शन का पोषक है। तत्त्वार्थवार्तिक (६, २४, १) और चरित्रासार (पृ.३) मे इस अग के लक्षण का निर्देश करते हुए कहा गया है कि शरीर आदि के अशुचि स्वभाव को जानकर 'वह शुचि है' इस प्रकार के मिथ्या सकल्प को दूर करना, इसका नाम निर्विचिकित्सता है। अथवा, जिनागम में यदि यह घोर कष्ट देने वाला विधान न होता तो सब सगत था, इस प्रकार का विचार न आने देना, इसे निर्विचिकित्सता का लक्षण जानना चाहिये। पुरुषार्थसिद्ध्युपाय (२५) मे प्रकृत निर्विचिकित्सता के विपरीत विचिकित्सा का निषेध करते हुए कहा गया है कि क्षुधा, तृषा, शीत और उष्ण आदि जो अनेक प्रकार के भाव है उनमे तथा विष्टा आदि द्रव्यो के विषय में घृणा नही करना चाहिये। इसका अभिप्राय यही हुआ कि क्षुधा-तृषादि के होने पर सक्लेश को प्राप्त न होना तथा मल-मूत्रादि घृणित समझे जाने वाले पदार्थों से घृणा न करना, यह उक्त निर्विचिकित्सता का लक्षण है। कार्तिकेयानुप्रेक्षा (४१७) व अमितगतिश्रावकाचार (३-७५) मे दस प्रकार के धर्म के धारक तपस्वियो के स्वभावत: दुर्गन्धित व अपवित्र शरीर को देखकर उनके प्रति घृणा न करना, इसे निर्विचिकित्सा गुण—सम्यग्दर्शन का अग—कहा गया है।

पश्चात्कालीन ग्रन्थकारों ने प्राय पूर्वोक्त रत्नकरण्डक, पु. सिद्ध्युपाय, कार्तिकेयानुप्रेक्षा अथवा अमितगतिश्रा. का अनुसरण किया है। समयप्राभृत में जो कुछ इस प्रसग में कहा गया है वह आध्यात्मिक दृष्टि की प्रधानता से कहा गया है। त. वार्तिक में विकल्प रूप से उक्त निर्विचिकित्सता के लक्षण में जो यह कहा गया है कि इस अग से युक्त सम्यग्दृष्टि यह विचार नहीं करता कि 'जिन शासन में यदि यह कष्टप्रद विधान न होता तो सब युक्तिसगत था' उसका अनुसरण चारित्रसार (पृ.३), बृहद्द्रव्यसंग्रह टीका (४१) कार्तिकेयानुप्रेक्षा की टीका (३२६) में भी लगभग उन्हीं शब्दों में किया गया है,। अन्य कौन से दि ग्रन्थों में विकल्प रूप से इस लक्षण का अनुसरण किया गया है, यह अन्वेषणीय है।

दशवैकालिक नि. (१८२) की हरिभद्र विरचित वृत्ति में तथा धर्मबिन्दु (२-११) की मुनिचन्द्र विरचित वृत्ति में समान शब्दों में 'विचिकित्सा' का अर्थ मतिभ्रम करते हुए यह निर्देश किया गया है कि जिसका वह मतिभ्रम निकल चुका है उसको निर्विचिकित्स कहा जाता है। दशवै नि के वृत्तिकार उक्त हरिभद्र सूरिने श्रावकप्रज्ञप्ति (८७) की टीका में भी 'विचिकित्सा' का अर्थ मतिभ्रम किया है व उसको स्पष्ट करते हुए यह कहा है कि युक्ति और आगम से सगत भी अर्थ के विषय में फल के प्रति यह सन्देह होता है कि बालुकणों के भक्षण के समान इन कनकावली आदि तपों के क्लेश जनक परिश्रम का मुझे कुछ फल प्राप्त होगा या नहीं, क्योंकि कृषकों की क्रियायें सफल और निष्फल दोनों ही प्रकार की देखी जाती है। इस प्रकार के सन्देह का नाम ही विचिकित्सा है। आगे इसका शका से भेद दिखलाते हुए कहा गया है कि शका जहा समस्त व असमस्त पदार्थों को विषय करने के कारण द्रव्य और गुण को विषय करती है वहा यह विचिकित्सा केवल क्रिया को विषय करती है। वस्तुतस्त्व मिथ्यात्वमोहनीय के उदय से होने वाले प्राय ये सभी जीवपरिणामविशेष सम्यक्त्व के अतिचार कहे जाते है, अत सूक्ष्म विचार नहीं करना चाहिये। पक्षान्तर में यहा यह भी कहा गया है— अथवा विचिकित्सा से विद्वज्जुगुप्सा को ग्रहण करना चाहिए। 'विद्वान्' से यहाँ उन साधुओं को ग्रहण किया गया है जो ससार के स्वभाव को जानकर समस्त परिग्रह से विरत हो चुके है, ऐसे विद्वानों की जो जुगुप्सा (निन्दा) की जाती है कि उनका शरीर स्नान न करने के कारण पसीना से मलिन व दुर्गन्धित रहता है, यदि वे प्रासुक जल से शरीर को धो लिया करें तो क्या दोष होगा ? सूत्रकृताग की शीलाक विरचित वृत्ति (सू. २, ७, ६९) में भी अतिशय सक्षेप में विचिकित्सा के इसी अर्थ को निर्दिष्ट किया गया है। अन्यत्र भी यहा (सू १०-३ की वृत्ति) प्रस्तुत विचिकित्सा को चित्तविप्लुति अथवा विद्वज्जुगुप्सा मात्र कहा गया है। योगशास्त्र के स्वो विवरण (२-१७) में भी कुछ ही शब्दपरिवर्तन के साथ इसी अभिप्राय को व्यक्त किया गया है।

इस प्रकार समयप्राभृत में विचिकित्सा के अभाव स्वरूप निर्विचिकित्सा के लक्षण में जो यह कहा गया है कि निर्विचिकित्स सम्यग्दृष्टि वस्तु के अनिष्ट प्रतीत होने वाले किसी भी धर्म से घृणा नहीं करता वह अध्यात्म को लक्ष्य कर निश्चय नयकी प्रधानता से कहा गया है। त वार्तिक आदि में शरीर आदि की स्वाभाविक अशुचिता को देखकर उसके विषय में शुचिता की मिथ्या कल्पना के परित्याग की प्रेरणा की गई है। आगे चलकर इस व्यापक लक्षण को कुछ सकुचित कर कार्तिकेयानुप्रेक्षा और अमितगतिश्रावकाचार में दस प्रकार के धर्म के धारक तपस्वियों के सस्कार विहीन अशुचि शरीर की निन्दा करने का निषेध किया गया है। बृहद्द्रव्यसग्रह की टीका (४१) में प्रकृत निर्विचिकित्सा के दो भेदों का उल्लेख करते हुए रत्नत्रय के धारक भव्य जीवों के स्नानादि से रहित दुर्गन्धयुक्त शरीर से घृणा न करने को द्रव्य निर्विचिकित्सा गुण तथा 'जैन समय (आगम) में सब समीचीन है, किन्तु वहा वस्त्र के पहिरने व स्नान आदि का जो निषेध किया गया है वही दूषण है' इत्यादि मलिन विचार का विवेक बुद्धि के बल से परित्याग करना, इसे भावनिर्विचिकित्सा गुण कहा गया है।

त. वा आदिम द्वितीय विकल्प के रूप में जैन शासनविषयक अस्थिरचित्तता का जो निषेध किया गया है लगभग वैसा ही अभिप्राय अनेक श्वे ग्रन्थों - जैसे दशवैकालिकवृत्ति, श्रावकप्रज्ञप्तिकी टीका और सूत्रकृताग की शीलाक वृत्ति आदि—में भी व्यक्त किया गया है (देखिये 'विचिकित्सा' शब्द)। विशेषता वहा यह है कि

दशवैकालिक वृत्ति आदि मे मतिभ्रम या चित्तविप्लुतिको प्रथम विकल्प के रूप मे निर्दिष्ट किया गया है और विद्वज्जुगुप्सा या साधुजुगुप्सा को द्वितीय विकल्प के रूप मे निर्दिष्ट किया गया है। जैसा कि पूर्व में निर्देश किया जा चुका है आ. अमितगति और भट्टारक शुभचन्द्र (कार्ति टीकाकार) ने भी निर्विचिकित्सा के प्रसग मे साधुजुगुप्सा का निषेध किया है। हरिभद्र सूरि ने तो विचिकित्साविषयक इन दोनो अभिप्रायों की पुष्टि में पृथक्-पृथक् दो कथानक भी दिये है (श्रा. प्र. टीका ९३)।

परिभोग—श्रावक के १२ व्रतो मे एक भोगोपभोगपरिमाण या उपभोग-परिभोगपरिमाण व्रत भी है। तत्त्वार्थसूत्र (दि ७-२१, श्वे ७-१६) मे इस व्रतका उल्लेख जहा उपभोग-परिभोगपरिमाण व्रत के नाम से किया गया है (श्वे. त सू मे 'उपभोग-परिभोगव्रत' के नाम से ही उसका निर्देश किया गया है) वहा रत्नकरण्डक (८२) मे उसका निर्देश भोगोपभोगपरिमाण व्रत के नाम से किया गया है। तदनुसार भोग, उपभोग व परिभोग के लक्षण मे भी भेद रहा है। यथा—त.सू. की व्याख्या स्वरूप सर्वार्थसिद्धि मे अशन, पान, और गन्ध-माल्यादि को उपभोग तथा आच्छादन, प्रावरण, अलकार, शयन, आसन, गृह और वाहन आदि को परिभोग कहा गया है। त. भाष्य मे भी लगभग इसी अभिप्राय को प्रकट करते हुए अशन, पान खाद्य, स्वाद्य और गन्धमाल्य आदि के साथ आच्छादन, प्रावरण, अलकार, शयन, आसन, गृह, यान और वाहन आदि मे जो बहुत सावद्य से युक्त है उनके परित्याग को उपभोग-परिभोगव्रत कहा गया है। इसके साथ वहा यह सूचना की गई है कि उनमे जो अल्प सावद्य से युक्त है उनका परिमाण करना भी इस व्रत मे अभिप्रेत है। यहा 'गन्धमाल्यादि' तथा 'वाहनादि' मे जो 'च' शब्द के साथ पृथक् पृथक् षष्ठी बहुवचन का निर्देश किया गया है उससे यही प्रतीत होता है कि भाष्यकार को अशन-पान आदि भोगरूप से और आच्छादन-प्रावरण आदि परिभोग रूप से अभिप्रेत है। यहा स सि से यह विशेषता रही है कि स सि. मे उपभोग के लक्षण में जिन खाद्य व स्वाद्य शब्दो का निर्देश नही किया गया है वे यहाँ उसके अन्तर्गत उपलब्ध होते हैं। इसी प्रकार परिभोग के लक्षण मे यहा स सि की अपेक्षा 'गृह' और 'वाहन' के स्थान मे 'यान' शब्द अधिक पाया जाता है।

त. वा (७, २१, ८) मे 'उपन्य भुज्यते इत्युपभोगः' इस निरुक्ति के साथ जिन अशन-पानादि को आत्मसात् करके भोगा जाता है उन्हे उपभोग तथा 'परित्यज्य भुज्यते इति परिभोग' इस निरुक्ति के साथ जिन आच्छादन-प्रावरण आदि को एक बार भोगकर पुन भोगा जाता है उन्हे परिभोग कहा गया है। श्रावकप्रज्ञप्ति (२८४) की टीका मे भी उक्त दोनो शब्दो की इसी प्रकार से निरुक्ति करते हुए लगभग इसी अभिप्राय को व्यक्त किया गया है। त वा से यहा इतनी विशेषता है कि विकल्प रूप में यहा 'उप' शब्द को अन्तर्वचन मानकर तदनुसार विषय और विषयी मे अभेदोपचार से अन्तर्भोगको उपभोग और 'परि' शब्द को बहिर्वाचक मानकर तदनुसार बहिर्भोगको परिभोग कहा गया है। इसके पूर्व इसी श्रा प्र. (२६) टीका मे भोगान्तराय और उपभोगान्तराय के प्रसग में एक बार भोगे जाने वाले आहार आदि को भोग और पुनः पुन भोगे जाने वाले भवन-वलय आदि को उपभोग कहा गया है। अपने इस अभिप्राय की पुष्टि मे वहा "सद्दभुज्जइत्ति भोगो" आदि एक गाथा भी उद्धृत की गई है। इस प्रकार एक ही ग्रन्थ मे यह अभिप्राय भेद देखा जाता है।

रत्नकरण्डक (८२-८३) आदि मे जहा इस व्रत को भोगोपभोगपरिमाण व्रत के नाम से निर्दिष्ट किया गया है वहा एक ही बार भोगे जाने वाले आहार आदि को भोग और पुन पुन भोगे जानेवाले वस्त्रादि को उपभोग कहा गया है। इस प्रकार से यदि कही (स. सि आदि) एक ही बार भोगे जाने वाले भोजन आदि को उपभोग और पुन-पुन. भोगे जाने वाले आच्छादन व प्रावरण आदि को परिभोग के अन्तर्गत किया है तो अन्यत्र (रत्नक आदि मे) उन्हे क्रम से भोग और उपभोग के अन्तर्गत किया गया है।

प्रकृत उपभोग-परिभोगपरिमाण व्रत के प्रसग मे श्वे सम्प्रदाय के श्रावकाचारविषयक ग्रन्थो में—जैसे उवासगदसाओ (५१) और श्रावकप्रज्ञप्ति (२८५ व २८७-८८) आदि में—एक यह विशेषता देखी जाती है कि वहा इस व्रत के भोजन व कर्म की अपेक्षा दो भेद निर्दिष्ट किये गये है। उनमे कर्म की अपेक्षा

इस व्रत में अगार, वन, शकट, भाटक, स्फोटन तथा दात, लाख, रस, केश और विष विषयक व्यापार; यत्र-पीडन, निर्लाछन, दवदान, तालाब-ह्रद-तडाग का शोषण और असतीपोष इन पन्द्रह सावद्य कर्मों को निषिद्ध प्रगट किया गया है।

दि. सम्प्रदाय के श्रावकाचारविषयक ग्रन्थो मे इनका उल्लेख किया गया नही दिखता। हा, पं. आशाधर विरचित सागारधर्मामृत (५, २१-२३) मे इनका निर्देश तो किया गया है, पर वह पूर्वोक्त मान्यता के निराकरण के रूप मे किया गया है। प आशाधर का कहना है कि ऐसे सावद्य कर्म निषिद्ध तो हैं, पर जब वे अगणित हैं तब वैसी अवस्था में पूर्वोक्त पन्द्रह कर्मो का ही परित्याग कराना उचित प्रतीत नही होता। अथवा, अतिशय मन्दमतियो को लक्ष्य करके यदि उनका परित्याग कराया जाता है तो वह अनुचित भी नही है। यहा यह स्मरणीय है कि श्रावकप्रज्ञप्ति की टीका में हरिभद्र सूरि ने भी इसी प्रकार के अभिप्राय को प्रगट करते हुए यह कहा है कि इन बहुसावद्य कर्मों का यहा प्रदर्शन मात्र किया गया है, क्योंकि इनके अतिरिक्त अन्य भी कितने ही ऐसे सावद्य कर्म हो सकते है जिनकी गणना नही की जा सकती है। अतएव उनकी यहा गणना की गई नही समझना चाहिये।

इसी प्रकार प्रकृत व्रत के अतिचारो के विषय मे भी मतभेद देखा जाता है। यथा —त. सू (दि ७-३५ और श्वे ७-३०) म उक्त व्रत के ये पाच अतिचार निर्दिष्ट किये गये है —सचित्ताहार, सचित्तसबद्धाहार, सचित्तमिश्राहार, अभिषवाहार और दुष्पक्वाहार। किन्तु रत्नकरण्डक (९०) मे विषयरूप विष की उपेक्षा न करना, विषयो का पुन पुन स्मरण करना, उनके सेवन मे अतिशय लोलुपता, उनके सेवन की अतिशय आकाक्षा और अतिशय आसक्ति के साथ उनका उपभोग; ये पाच अतिचार निर्दिष्ट किये गये है। श्रा प्र (२८६) मे उसके जो अतिचार निर्दिष्ट किये गये है उनमे तीन अतिचार तो त. सू. के समान है, पर दो मे कुछ उससे भिन्नता है। यथा—सचित्ताहार, सचित्तप्रतिबद्धाहार, अपक्वभक्षण, दुष्पक्व-भक्षण और तुच्छौषधिभक्षण। प आशाधर ने अपने सा. ध (५-२०) मे त. सू के समान उसके अतिचारों का निर्देश करके स्वो टीका मे 'अत्राह स्वामी' ऐसा कहते हुए रत्नक मे निर्दिष्ट पूर्वोक्त अतिचारो का भी निर्देश कर दिया है व उनकी व्याख्या भी की है। यही पर उन्होंने 'तद्वच्चेमेऽपि श्रीसोमदेवविबुधाभिमताः' ऐसी सूचना करके प्रकृतव्रतातिचारविषयक उपासकाध्ययन के श्लोक (७६३) को भी उद्धृत कर दिया है। तदनुसार वे अतिचार ये है—दुष्पक्वभक्षण, निषिद्धभक्षण, जन्तुसम्बद्धभक्षण, जन्तुसम्मिश्रभक्षण और अवीक्षितभक्षण। इस प्रकार उक्त व्रत के जो भी अतिचार निर्दिष्ट किये गये है वे सब भोजन से ही सम्बद्ध है, कर्म से सम्बन्धित अतिचारो का कही कोई निर्देश नही किया गया। यह व्रत बहुत व्यापक है। यही कारण है जो रत्नक. (८४-८९) मे त्रसघात के परिहार के लिये इस व्रत मे मद्य-मास आदि कितने ही अन्य विषयो का भी नियम कराया गया है।

पादपोपगमन—आगम मे त्यक्त शरीर के प्रायोपगमन, इगिनीमरण और भक्तप्रत्याख्यान ये तीन भेद निर्दिष्ट किये गये है। प्राकृत मे प्रायोपगमन के वाचक पाओवगमण, पाओवगमन और पाउग्गगमण ये शब्द उपलब्ध होते है। इनके सस्कृत रूप भी अनेक हुए है। जैसे—पादपोपगमन, पादोपगमन, प्रायोगमन, प्रायोग्यगमन और प्रायोपगमन। शब्दभेद होने से कुछ अर्थभेद भी हुआ है, पर अभिप्राय प्राय. सबका समान ही रहा है। यथा—

पण्डित मरण के प्रसग मे भगवती आराधना (२०६८-६९) मे कहा गया है कि क्षपक (आराधक) शरीर से निर्ममत्व होकर उसे जहा जिस प्रकार से रखता है जीवन पर्यन्त वह उसे स्वय नही चलाता है—हलन-चलन क्रिया से रहित उसी प्रकार से उसे स्थिर रखता है। इस प्रकार निष्प्रतिकर्म—स्व-परप्रतीकार से रहित—मरण को प्रायोपगमन मरण कहा जाता है। इसी भ. आ. की विजयोदया और मूलाराधना-दर्पण टीकाओ (२९) मे इसके स्वरूप को दिखलाते हुए कहा गया है कि सघ को छोड़कर अपने पावो से अन्यत्र चले जाने पर आराधक का जो अपनी व अन्य की वैयावृत्ति से रहित मरण होता है उसे पादोप-गमन मरण कहते है। यह उसकी सार्थक संज्ञा है। प्रकारान्तर से वहा यह भी सकेत किया गया है—अथवा

'पाउग्गगमण मरण' ऐसा पाठ है। तदनुसार 'प्रायोग्य' शब्द से ससार का अन्त करने योग्य संहनन और सस्थान को ग्रहण किया गया है तथा 'गमन' का अर्थ प्राप्ति है, इस प्रकार के सहनन और संस्थान की प्राप्ति के आश्रय से जो मरण होता है वह प्रायोग्य मरण कहलाता है। यह भी उसकी सार्थक सज्ञा है। मूलाराधनादर्पण मे इतना विशेष कहा गया है कि इसे 'प्रायोगमन' भी कहा जाता है। तदनुसार वहा 'प्राय' शब्द से संन्यास युक्त अनशन को ग्रहण किया गया है। प्रकृत मरण चूंकि सन्यास युक्त अनशन की प्राप्ति होने पर सिद्ध किया जाता है, इसीलिए उसे 'प्रायोगमन' कहा गया है। यह नाम भी उसका सार्थक है।

पुलाक—तत्त्वार्थसूत्र (दि ९-४६, श्वे ९-४८) मे जिन पाच निर्ग्रन्थो का निर्देश किया गया है उनमे पुलाक प्रथम है। उसके स्वरूप का निर्देश करते हुए स. सि. और त. वा (९, ४६, १) आदि मे कहा गया है कि जिन निर्ग्रन्थ मुनियो का मन उत्तरगुणो की भावनाओं से दूर रहता है तथा जो कही व कभी व्रतो की परिपूर्णता से भी रहित होते है उन्हे पुलाक निर्ग्रन्थ कहा जाता है। पुलाक नाम तुच्छ धान्य का है। ये निर्ग्रन्थ चूंकि शुद्धि से रहित होते हुए उस तुच्छ धान्य के समान होते है, इसीलिए उनका उल्लेख 'पुलाक' नाम से किया गया है। त भाष्य (९-४८) मे पुलाक उन निर्ग्रन्थो को कहा गया है जो जिनप्रणीत आगम से निरन्तर विचलित नही होते। इसी भाष्य मे आगे (९-४९) प्रतिसेवना के प्रसग मे यह भी कहा गया है कि जो दूसरे के अभियोग (आक्षेप या कहने) से अथवा दबाव से पाच मूलगुणो और छठे रात्रि-भोजनव्रत इनमे से किसी एक का सेवन करता है उसे पुलाक कहते है। यहा मतान्तर को प्रगट करते हुए यह भी कहा गया है कि किन्ही आचार्यो के अभिमतानुसार पुलाक नाम उसका है जो मैथुन का प्रतिसेवन करता है। इस भाष्य की सिद्ध वृत्ति (९-४९) म भाष्योक्त इस लक्षण को स्पष्ट करते हुए कहा गया है कि 'सम्यग्दर्शनपूर्वक होने वाले ज्ञान और चारित्र मोक्ष के हेतु है' इस प्रकार के आगम से जो कभी भ्रष्ट न होकर— उसपर दृढ रहते हुए—ज्ञान के अनुसार क्रिया का अनुष्ठान करते है, साथ ही जो तप और श्रुत के आश्रय से उत्पन्न हुई लब्धि (ऋद्धि) को उपजीवित रखते हुए -उसमे अनुरक्त रहकर—सकल सयम (महाव्रत) के गलने से अपने आपको तन्दुल कणो से शून्य धान्य के समान नि सार करते है उन्हे पुलाक कहा जाता है। कारण यह कि ज्ञान, दर्शन और चारित्र य सारभूत है, उनके विनाश से ही उक्त पुलाक निर्ग्रन्थो को नि सार कहा गया है। लगभग यही अभिप्राय प्रवचनसारोद्धार की वृत्ति (७२३) मे भी प्रगट किया गया है।

प्रवचनवत्सलत्व—सर्वार्थसिद्धि (६-२४) और तत्त्वार्थवार्तिक (६, २४, १३) आदि मे इसके लक्षण मे यह कहा गया है कि जिस प्रकार गाय अपने बछडे मे स्नेह करती है उसी प्रकार से साधर्मी जन के साथ जो स्नेह किया जाता है उसका नाम प्रवचनवत्सलत्व है। त भा (६-२३) मे उसके स्वरूप को दिखलाते हुए कहा गया है कि जो जिनशासन मे विहित अनुष्ठान के करने वाले व श्रुत के पारगत है उनका तथा बाल, वृद्ध, तपस्वी, शैक्ष और ग्लान आदिकों का सग्रह, उपग्रह और अनुग्रह करना, यह प्रवचनवत्सलत्व का लक्षण है। स सि की अपेक्षा इस भाष्य मे 'सधर्मा' को उक्त प्रकार से स्पष्ट किया गया है। धवला (पु. ८, पृ ९०) व चारित्रसार (पृ ३६) मे समान रूप मे कहा गया है कि प्रवचन तथा देशव्रती, महाव्रती और सम्यग्दृष्टि उनके विषय मे जो अनुराग, आकाक्षा एव ममेदभाव होता है उसका नाम प्रवचनवत्सलता है।

बकुश—पाच प्रकार के निर्ग्रन्थ मुनियो मे बकुश दूसरे है। सर्वार्थसिद्धि मे उनके लक्षण का निर्देश करते हुए कहा गया है कि जो निर्ग्रन्थता के प्रति स्थित [प्रस्थित] है —उसपर आरूढ है—व अखण्डित (निरतिचार) व्रतो का पालन करते है, पर जो शरीर और उपकरणो (पीछी व कमण्डलु) की विभूषा की अपेक्षा रखते है तथा जिनका परिवार से मोह नही छूटा है; ऐसे मोह की विचित्रता से युक्त निर्ग्रन्थ बकुश कहलाते है। 'बकुश' शब्द का अर्थ विचित्र है। उनका यह लक्षण कुछ विशेषता के साथ तत्त्वार्थभाष्य (९-४८) और तत्त्वार्थवार्तिक (९, ४६, २) इन दोनों मे प्राय शब्दश: समान पाया जाता है। वहा कहा गया है की जो निर्ग्रन्थता के प्रति प्रस्थित है—प्रस्थान कर चुके है, (इसपर आरूढ है), शरीर और उपकरणो की विभूषा (सस्कार या स्वच्छता) की अपेक्षा करते है, ऋद्धि व यश के अभिलाषी है, सात गौरव के आश्रित है, परिवार

के मोह से रहित नही हुए हैं, तथा छेद (प्रायश्चित्तविशेष) की विचित्रता से सयुक्त होते है, उन्हे वकुश कहा जाता है। स. सि की अपेक्षा इनदोनो मे 'ऋद्धि-यशस्कामाः, सातगौरवाश्रिता, छेदशबलयुक्ता.' (स सि मे 'मोहशबलयुक्ता.' ऐसा विशेषण है) ये विशेषण अधिक है। त वा मे 'अखण्डितव्रता.' यह पद भी स सि के समान है, पर वह त. भाष्य में नही है। प्रकृत लक्षण के प्रसग मे स. सि मे 'नैर्ग्रन्थ्य प्रति स्थिता' त भा मे 'नैर्ग्रन्थ्य प्रति प्रस्थिता.' और त वा. मे 'नैर्ग्रन्थ्य प्रस्थिता' ऐसा पाठभेद पाया जाता है। इनमे त. भा का पाठ अधिक सगत दिखता है। सम्भवत. प्रतिलेखको के आश्रय से यह पाठभेद हुआ है।

ब्रह्मचर्यअणुव्रत—श्रावक के पाच अणुव्रतो में यह चौथा है। इसके स्वरूप का निर्देश करते हुए चारित्रप्राभृत (२३) मे कहा गया है कि परसे प्रेमका परिहार करना—उससे निवृत्त होना– इसका नाम ब्रह्मचर्य अणुव्रत है। रत्नकरण्डक (३-१३)के अनुसार जो पाप के भय से—न कि राजदण्डादि के भय से—न तो स्वय परस्त्री के साथ समागम करता है और न उसके लिए दूसरे को प्रेरित करता है, इसे परदार-निवृत्ति कहा जाता है। दूसरे नाम से इसे वहा स्वदार सन्तोष भी कहा गया है। सर्वार्थसिद्धि (७-२०) के अनुसार जिसका अनुराग उपात्त और अनुपात्त अन्य स्त्री के सग से हट चुका है ऐसा गृहस्थ प्रकृत अणुव्रत का धारक होता है। लगभग यही अभिप्राय प्रायः उन्ही शब्दो मे त वार्तिक (७, २०, ४), त. श्लोकवार्तिक और चरित्रसार (पृ ६) मे भी प्रगट किया गया है।

श्रावकप्रज्ञप्ति (२७०) और पचाशक प्रकरण (१-१५) में पर-स्त्री के परित्याग और स्वदार-सन्तोषको चतुर्थ (ब्रह्मचर्य) अणुव्रत का लक्षण निर्दिष्ट किया गया है। यहा औदारिक और वैक्रियिक के भेद से पर-स्त्री को दो प्रकार कहा गया है। श्रा प्र की प्रकृत टीका में वैक्रियिक मे विद्याधरी आदि को ग्रहण किया गया है।

पुरुषार्थसिद्ध्युपाय (१०७-१०) मे अब्रह्म के स्वरूप को दिखलाकर उसे हिसा का कारण बतलाते हुए यह कहा गया है कि जो मोह के वश अपनी स्त्री मात्र को नही छोड सकते है उन्हे भी अन्य सभी स्त्रियो का सेवन नही करना चाहिए। कार्तिकेयानुप्रेक्षा (३३७-३८) मे कहा गया है कि जो अशुचिस्वरूप व दुर्गन्धित स्त्री के शरीर की ओर से विरक्त होता हुआ उसके रूप-लावण्य को भी मन के मोहित करने का कारण मानता है तथा जो मन, वचन व काय से परस्त्री को माता, बहिन और पुत्री के समान मानता है वह स्थूल ब्रह्मचारी—ब्रह्मचर्य अणुव्रत का धारक—होता है। यही अभिप्राय सुभाषितरत्नसन्दोह (७७८) मे भी प्रगट किया गया है।

योगशास्त्र (२-७६) मे प्रकृत अणुव्रत के लक्षण का निर्देश करते हुए यह कहा गया है कि ब्रह्मचर्याणुव्रती गृहस्थ को अब्रह्म के फलभूत नपुसकता और इन्द्रियछेद को देखकर स्व-स्त्री मे सन्तुष्ट रहते हुए अन्य स्त्रियो का परित्याग करना चाहिये। इसके स्वो विवरण मे विशेष रूप से यह निर्देश किया गया है कि अपनी धर्मपत्नी मे सन्तुष्ट रहना, गृहस्थ का यह एक ब्रह्मचर्य है तथा अन्य से सम्बन्धित स्त्रियो का छोडना, यह उसका दूसरा ब्रह्मचर्य है।

सागारधर्मामृत (४, ५१-५२) मे स्वदारसन्तोष अणुव्रत (ब्रह्मचर्याणुव्रत) के प्रसग मे रत्नकरण्डक का अनुसरण करते हुए कहा गया है कि स्वदारसन्तोषी वह गृहस्थ होता है जो पाप के भय से—न कि राजदण्डादि के भय से – अन्य स्त्रियो और अगट स्त्रियो के साथ न तो स्वय समागम करता है और न दूसरों को कराता है। इसकी स्वो टीका मे अन्य स्त्री और अगट स्त्री का स्पष्टीकरण करते हुए कहा गया है कि अन्य स्त्री से अभिप्राय उन परस्त्रियो से है जो चाहे परिगृहीत हो और चाहे अपरिगृहीत हो। इनमे परिगृहीत स्त्रिया वे हैं जो स्वामी से सनाथ है। स्वेच्छाचारिणी, जिसका पति प्रवास मे है अथवा अनाथ कुलागना इनको अपरिगृहीत माना जाता है। भविष्य मे पति से सम्बद्ध होने के कारण अथवा पिता आदि के अधीन होने के कारण कन्या को भी सनाथ माना जाता है—उसे अनाथ नही माना जा सकता।

यहा आ. कुन्दकुन्द ने प्रकृत ब्रह्मचर्याणुव्रत के प्रसग मे जो सक्षेप से 'परिहारो परपिम्मे' इतना मात्र कहा है उसमे उनका यही अभिप्राय रहा दिखता है कि परस्त्रीविषयक प्रेम को छोडना, यह ब्रह्मचर्य

अणुव्रत का लक्षण है। रत्नकरण्डककार को इस अणुव्रत में कृत व कारित रूप में पर स्त्री ससर्ग का परित्याग अभीष्ट रहा है। वह राजदण्डादिके भय से न होकर पाप के भय से होना चाहिये। इसका उन्होंने दूसरा नाम स्वदारसन्तोष भी दिया है। कारण यह कि स्वदारसन्तोष होने के बिना परदारपरित्याग सम्भव नही है। सर्वार्थसिद्धिकार ने अन्य स्त्री को स्पष्ट करते हुए उसे उपात्त और अनुपात्त विशेषणो से विशिष्ट किया है। उपात्त-अनुपात्त से उनका क्या अभिप्राय रहा है, यह प्रकृत में स्पष्ट नही है। फिर भी आगे उसके अतिचारो के प्रसग (७-२८) में सूत्रनिर्दिष्ट इत्वरिका के परिगृहीत व अपरिगृहीत विशेषण दृष्टिगोचर होते हैं। सम्भव है सर्वार्थसिद्धिकारका अभिप्राय उपात्त से परिगृहीत और अनुपात्त से अपरिगृहीत अन्य स्त्री का रहा हो। यहा परिगृहीत और अपरिगृहीत को स्पष्ट करते हुए स. सि में परिगृहीत उस स्त्री को कहा गया है जिसका एक पुरुष भर्ता (पति) है। स्वामिविहीन वेश्या अथवा दुश्चरित्र होने से स्वभावत: पर पुरुष से समागम करने वाली स्त्री का निर्देश यहा अपरिगृहीता के रूप में किया गया है। सर्वार्थसिद्धिकारका 'अन्य स्त्री' से अभिप्राय विधिपूर्वक परिणीत अपनी पत्नी से भिन्न स्त्री मात्र का रहा है, ऐसा प्रतीत होता है; उससे उनका अभिप्राय 'अन्य की स्त्री' नही रहा।

जैसा कि ऊपर कहा जा चुका है हरिभद्र सूरि ने परस्त्री के दो भेद निर्दिष्ट किये है—औदारिक और वैक्रियिक। औदारिक से उन्होंने मनुष्यनी व तिर्यञ्चनी तथा वैक्रियिक से विद्याधरी आदि को ग्रहण किया है। हरिभद्र के पूर्व इन भेदो का उल्लेख कहा व किसके द्वारा किया गया है, यह अन्वेषणीय है। इसके अतिरिक्त हरिभद्र सूरिने इत्वरपरिगृहीतागमन और अपरिगृहीतागमन इनको प्रकृत व्रत का अतिचार माना है। इनमें इत्वरपरिगृहीतागमन को स्पष्ट करते हुए उन्होंने अपनी टीका में कहा है कि जिस वेश्या को भाडा देकर कुछ काल के लिए अपने वश कर लिया है उसका सेवन करने पर व्रत भग न होकर इत्वरपरिगृहीतागमन नाम का अतिचार ही होता है। जिस वेश्या ने किसी दूसरे से भाडा नही ग्रहण किया है उसको तथा स्वामिविहीन कुलागना को उन्होंने अपरिगृहीता माना है। इनके साथ समागम करने पर भी उक्त व्रत का अतिचार ही होता है। प्रकृत व्रत को हरिभद्र सूरिने परदारपरित्याग और स्वदारसन्तोष के भेद से दो प्रकार का निर्दिष्ट किया है। तदनुसार इस चतुर्थ अणुव्रत का धारी गृहस्थ इस व्रत को विकल्प के रूप में स्वीकार करता है—वह या तो परस्त्री का ही त्याग करता है या फिर केवल स्वदारसन्तोष को ही स्वीकार करता है। यही कारण है जो उन्होंने आगे प्रकृत व्रत के पाच अतिचारो के प्रसग (२७३) में उपर्युक्त इत्वरपरिगृहीतागमन अतिचार को स्वदारसन्तोषी के लिए और अपरिगृहीतागमन अतिचार को परदारपरित्यागी के लिये निर्दिष्ट किया है। इन अतिचारो के सम्बन्ध में लगभग इसी अभिप्राय को विशेष विशदीकरण के साथ हेमचन्द्र सूरिने अपने योगशास्त्र के स्वो. विवरण (३-९८) में तथा प आशाधर ने अपने सा ध की स्वो टीका (४-५८) में भी व्यक्त किया है।

भोगोपभोगपरिमाणव्रत—देखिये पीछे पृ. १८-२० 'परिभोग' शब्द।

यथाप्रवृत्तकरण—इसके अथाप्रवृत्तकरण और अध प्रवृत्तकरण ये अन्य पर्यायनाम भी उपलब्ध होते है। प्रथम सम्यक्त्वकी प्राप्ति के प्रसग मे षट्खण्डागम (१, ९-८, ३-४, पु. ६, पृ २०३ व २०६) मे कहा गया है कि जीव जब कर्मों की अन्त कोडाकोड़ि प्रमाण स्थिति को बाधता है तब वह उस प्रथम सम्यक्त्व को प्राप्त करता है—उसकी प्राप्ति के योग्य होता है। यह सम्यक्त्व को प्राप्त करने वाला जीव कैसा होना चाहिये, इसे स्पष्ट करते हुए वहा यह कहा गया है कि वह पचेन्द्रिय, सज्ञी, मिथ्यादृष्टि, पर्याप्तक और सर्वविशुद्ध—अध प्रवृत्तकरण, अपूर्वकरण और अनिवृत्तिकरण रूप तीन प्रकार की विशुद्धियो से परिणत—होना चाहिए। षट्खण्डागमगत इस अभिप्राय को सर्वार्थसिद्धि (२-३) और तत्त्वार्थवार्तिक (२, ३, २) मे भी प्राय: वैसे ही शब्दो द्वारा व्यक्त किया गया है। त. वा (९, १, ११) मे 'सर्वविशुद्ध' पद के स्पष्टीकरण मे जिन तीन प्रकार की विशुद्धियो का उल्लेख किया गया है उनमे प्रकृत अथाप्रवृत्त (अध.प्रवृत्त) करण प्रथम है। वहा सामान्य से अथाप्रवृत्त, अपूर्वकरण और अनिवृत्तिकरण इन तीनों करणो को समस्त ही कर्म

प्रकृतियो की स्थिति को हीन करने वाले तथा अशुभ प्रकृतियो के अनुभागबन्ध को हीन और शुभ प्रकृतियो के अनुभागबन्ध को वृद्धिगत करनेवाले कहा गया है। वहा यह स्पष्ट किया गया है कि प्रथम सम्यक्त्व के अभिमुख हुआ जीव कर्मो को अन्त कोड़ाकोडि प्रमाण स्थिति से युक्त करके कालादिलब्धि को प्राप्त होता हुआ अधाप्रवृत्तकरण के प्रथम समय मे प्रविष्ट होता है। यह करण चूकि पूर्व मे कभी प्रवृत्त नही हुआ, इसीलिए इसका 'अधाप्रवृत्त' यह सार्थक नाम है। इस अधाप्रवृत्तकरण के अन्तिम समय तक नाना जीवो के अधस्तन व उपरिम परिणाम सम भी होते है और विषम भी। इन असंख्यात लोक प्रमाण परिणामो के समुदाय का नाम अधाप्रवृत्त है। लगभग इसी अभिप्राय को अमितगति विरचित पचसंग्रह (पृ ३०) में भी प्रगट किया गया है। इतनी यहा विशेषता है कि विकल्प के रूप में उसके 'अधःप्रवृत्तकरण' इस नामान्तर का भी निर्देश किया गया है। इस करण में चकि उपरितन जीवों के परिणाम अधस्तन समयवर्ती जीवो के परिणामो से समान प्रवृत्त होते है, इस प्रकार से उसकी उक्त सज्ञा की भी यहा सार्थकता दिखलायी गई है।

धवला (पु ६, पृ २१७) के अनुसार उत्तरोत्तर अनन्तगुणित अध.प्रवृत्त रूप विशुद्धियो का नाम अध.प्रवृत्तकरण है। इस करण मे चूकि ऊपर के परिणाम नीचे के परिणामों में प्रवृत्त होते है, अतएव यह उनका सार्थक नाम है। इन परिणामो का उल्लेख 'करण' नाम से क्यो किया गया, इसे स्पष्ट करते हुए यह कहा गया है कि इन परिणामों मे तलवार व वसूला आदि के समान करण का लक्षण (साधकतमत्व) पाया जाता है, इसीसे उन्हे करण कहा गया है। पूर्वोक्त पचसग्रह मे विकल्प रूप में 'अध प्रवृत्तकरण' इस नाम का भी जो निर्देश किया गया है उसे प्रकृत धवला का अनुसरण समझना चाहिये। सामान्य से इसी प्रकार का अभिप्राय जो गो. जीवकाण्ड (५८) और लब्धिसार (३५) मे प्रगट किया गया है वह भी धवला का अनुसरण है।

सम्यक्त्वकी प्राप्ति के प्रसग मे विशेषावश्यक भाष्य में कहा गया है कि आयु को छोडकर शेष सात कर्मों की उत्कृष्ट अथवा जघन्य स्थिति के होने पर सम्यक्त्व, श्रुत, देशव्रत और सर्वव्रत इन चार सामायिको मे से कोई भी नही प्राप्त होता। उन कर्मो की स्थिति जब अन्त कोडाकोडि प्रमाण होकर उसमे भी पल्योपम के असख्यातवें भाग से हीन हो जाती है तब कही उसकी प्राप्ति सम्भव है। कर्मो की इस स्थिति तक घन राग-द्वेष परिणाम स्वरूप ग्रन्थि अभिन्न ही रहती है। उसका भेदन जब अपूर्वकरण परिणाम के द्वारा कर दिया जाता है तब कही उक्त सम्यक्त्व आदि का लाभ हो सकता है। अधाप्रवृत्त, अपूर्व और अनिवृत्ति के भेद से करण तीन प्रकार का है। इनमे अधाप्रवृत्तकरण भव्य और अभव्य दोनो के सम्भव है, किन्तु अपूर्वकरण और अनिवृत्तिकरण ये दोनो भव्य के ही सम्भव है, अभव्य के नही। प्रथम अधाप्रवृत्तकरण अनादि काल से रहकर उक्त ग्रन्थिस्थान तक रहता है। जिस प्रकार पहाडी नदी के भीतर पडे हुए पत्थर प्रवाह मे परस्पर के सघर्षण से स्वयमेव अनेक आकारो मे परिणत हो जाते है उसी प्रकार अनादिसिद्ध उस अधाप्रवृत्तकरण के आश्रय से उक्त ग्रन्थिस्थान तक पूर्वोक्त कर्मो की स्थिति स्वयमेव हीन हो जाती है। उक्त सम्यक्त्व आदि की प्राप्ति के विषय में वहाँ पल्य, गिरिसरित्पाषाण एव पिपीलिका आदि के कितने ही उदाहरण भी दिये गये है। विशेष के लिए देखिये विशेषावश्यक भाष्य (द. ला भारतीय विद्यामन्दिर, अहमदाबाद) ११८८-१२१३ आदि। विशेषावश्यकभाष्यगत सम्यक्त्व प्राप्ति विषयक इस अभिप्राय का अनुसरण सक्षेप मे श्रावकप्रज्ञप्ति (३१-३७) में भी किया गया है। गाथा ३२ की टीका में वहां विशेषावश्यक भाष्य की 'गठित्ति सुदुब्भेओ' आदि गाथा (११९३) को भी उद्धृत किया गया है।

आवश्यक निर्युक्ति की मलयगिरि विरचित वृत्ति (१०६) मे यथाप्रवृत्तकरण के लक्षण का निर्देश करते हुए कहा गया है कि अनादिसिद्धि प्रकार मे जो करण प्रवृत्त है उसका नाम यथाप्रवृत्त है, 'क्रियते कर्मक्षपणमनेनेति करणम्' इस निरुक्ति के अनुसार जिसके द्वारा कर्म का क्षय किया जाता है उसे यहा करण कहा गया है। अभिप्राय यह हुआ कि पहाडी नदी मे अवस्थित पाषाणों की घोलना के समान जो अध्यवसाय-विशेष अनादि काल से कर्मक्षय मे प्रवृत्त है उसे यथाप्रवृत्तकरण जानना चाहिये।

याचनापरीषहजय—प्रकृत परीषह के स्वरूप का विचार करते हुए सर्वार्थसिद्धि (९-९) और

तत्त्वार्थवार्तिक (९, ९, १९) में कहा गया है कि बाह्य और अभ्यन्तर तप का आचरण करते हुए साधु का शरीर यद्यपि अतिशय दुर्बल व कान्ति से हीन हो जाता है, फिर भी वह प्राण निकल जाने पर भी दीन वचन कहकर या मुख की विवर्णता को प्रगट करके भोजन, वसति और औषध आदि की याचना नहीं करता तथा भिक्षा के समय भी वह दुरुपलक्ष्य रहकर शीघ्रता से निकल जाता है—किसी गृहस्थ के द्वार पर विशेष रुकता नहीं है। इस प्रकार से वह याचनापरीषह पर विजय प्राप्त करता है।

आव. निर्युक्ति की हरिभद्र विरचित वृत्ति (९१८) में कहा गया है कि साधु दूसरों के द्वारा दिये गये भोजन आदि पर जीवित रहता है। उसे चूंकि बिना याचना के कुछ प्राप्त होता नहीं है, इसीलिए उसे याचनाजनित दुख को सहन करना चाहिये और गृहस्थपने की इच्छा नहीं करना चाहिये। यह अभिप्राय हरिभद्र सूरि ने वहां एक प्राचीन पद्य को उद्धृत कर उसके आश्रय से प्रगट किया है। यहीं पर उन्होंने आगे चतुर्थ अध्ययन की वृत्ति (पृ. ६५७) में पुनः यह कहा है कि याचना का अर्थ अन्वेषण है। भिक्षु को वस्त्र, पात्र, अन्न-पान एवं वसति आदि सब दूसरों से प्राप्त करना पड़ते है। जो शालीन—धृष्टता से रहित—होता है वह याचना के प्रति आदरभाव नहीं रखता, पर प्रतिभासम्पन्न साधु को कार्य के उपस्थित होने पर अपने धर्म और शरीर के संरक्षण के लिये याचना अवश्य करना चाहिये। इस प्रकार से याचना करता हुआ साधु याचनापरीषह पर विजय प्राप्त करता है।

यहां सर्वार्थसिद्धि के कर्ता आ. पूज्यपाद और आव निर्युक्ति के वृत्तिकार हरिभद्र सूरि के अभिप्राय में यह विशेषता है कि पूज्यपाद जहां भोजन आदि के अलाभ में कष्ट के होने पर साधु के लिए किसी भी प्रकार की याचना न करने की प्रेरणा करते है वहां हरिभद्र सूरि याचना को अनिवार्य बतलाकर उसके लिए प्रेरित करते हुए साधु को तज्जन्य दुख के सहन करने का उपदेश करते है।

रसत्याग, रसपरित्याग—यह अनशन आदि छह बाह्य तपों में सीथा है। इसके स्वरूप को प्रगट करते हुए मूलाचार (५-१५५) में कहा गया है कि दूध, दही, घी, तेल, गुड और नमक इनका तथा तिक्त, कटुक, कषाय, आम्ल और मधुर इन रसों का जो परित्याग किया जाता है उसका नाम रसपरित्याग तप है। इसी अभिप्राय को भगवती आराधना (२१५-१७) में भी कुछ विस्तार से प्रगट करते हुए वहां इतना विशेष निर्देश किया गया है कि इस तप का आराधन विशेष कर सल्लेखना करने वाले के लिए समझना चाहिये।

त. भाष्य (९-१९) में रसपरित्याग को अनेक प्रकार का कहा गया है। जैसे—मद्य रस के विकृतिभूत मास, मधु और नवनीत आदि का परित्याग करते हुए नीरस व रूखे भोजन का नियम करना आदि। इसका कुछ स्पष्टीकरण योगशास्त्र के स्वो विवरण में किया गया है। वहां यह अभिप्राय प्रगट किया गया है कि 'रसपरित्याग' के अन्तर्गत 'रस' शब्द से रसवान् अभिप्रेत है, कारण कि यहां 'मतुप्' प्रत्यय का लोप हो गया है। तदनुसार विशिष्ट रस से संयुक्त गरिष्ठ व विकार के हेतुभूत मद्य, मास, मधु और नवनीत तथा अभिग्रह के योग्य दूध, दही, तेल व गुड आदि के परित्याग को रसपरित्याग तप जानना चाहिये।

यहां यह विचारणीय है कि जिन मद्य, मांस और मधु आदि से गृहस्थ भी परहेज करता है उनका परित्याग साधु के द्वारा अनुष्ठेय प्रकृत रसपरित्याग तप के अन्तर्गत क्यों कराया गया। आ समन्तभद्र ने तो रत्नकरण्डक (६६) में उक्त मद्य, मास और मधुके परित्याग को श्रावक के मूलगुणों में गर्भित किया है। इसके अतिरिक्त भोगोपभोगपरिमाणव्रत के प्रसंग में भी उन्होंने उनके परित्याग को अनिवार्य समझते हुए कहा है कि श्रावक को त्रसहिंसा के परिहारार्थ मधु और मांस का तथा प्रमादपरिहार के लिए मद्य का भी परित्याग करना चाहिये (रत्नक ८४)। इसी प्रकार अमृतचन्द्र सूरि ने भी अपने पुरुषार्थसिद्ध्युपाय में उक्त मद्य, मास और मधु के साथ पांच उदुम्बर फलों के भी दोषों को दिखलाते हुए उनका परित्याग गृहस्थ को अहिंसाणुव्रत के अन्तर्गत कराया है। उन्होंने तो यहां तक कह दिया है कि जो निर्मलबुद्धि भव्य जीव दुस्तर पाप के स्थानभूत उन आठों का परित्याग कर देते है वे ही जिनधर्मदेशना के पात्र होते हैं (पु. सि ६१-७४)। इसी प्रकार हेमचन्द्र सूरि ने भी अपने योगशास्त्र (३,६-७) में उक्त मद्य, मास, मधु और नवनीत को हेय बतलाकर उनके परित्याग के लिये गृहस्थ को प्रेरित किया है।

वलन्मरण, वलाकामरण, वलायमरण—ये प्रायः समान अभिप्राय के सूचक है। इनके लक्षण का निर्देश करते हुए उत्तराध्ययनचूर्णि (५ पृ, १२८) मे कहा गया है कि जो संयमयोगसे—सयम के सम्बन्ध से अथवा संयम व योग (ध्यान-समाधि) के अनुष्ठान से—विषाद को प्राप्त होकर मरते हैं उनके इस मरण को वलायमरण या वलाकामरण कहा जाता है। अभिप्राय यह है कि जिनके सयमयोग है वे मरण को तो स्वीकार करते है, किन्तु संयम को सर्वथा नही छोडते, यह वलायमरण का लक्षण है। अथवा क्षुधादिपरीषहो से वलते हुए—भ्रष्ट होकर—जो मरते हैं उनके मरण को वलायमरण समझना चाहिये। उपसर्गमरण को वलायमरण नही कहा जा सकता। भ. आ की विजयोदया टीका (२५, पृ ८६) के अनुसार जो विनय व वैयावृत्य आदि के विषय में आदर नही करते, प्रशस्त योग के धारण करने में आलस्य करते है, प्रमाद से युक्त रहते है; व्रतो, समितियो एव गुप्तियो के परिपालन मे अपनी शक्ति को छिपाते है; तथा धर्म के चिन्तन मे निद्रा से झूमते हुए के समान उपयोग से रहित होकर ध्यान व नमस्कार आदि से दूर भागते हैं, उनके मरण को वलायमरण कहा जाता है। प्रवचनसारोद्धार (१०१०) मे उक्त उत्तरा चूर्णि के समान ही अभिप्राय को व्यक्त किया गया है। स्थानागकी अभयदेव विरचित वृत्ति (१०२) और समवायाग की भी अभयदेव विरचित वृत्ति (१७) में प्राय समान रूप से यह कहा गया है कि परीषहादि से पीडित होकर जो सयम से निवर्तमान होते है उनके मरण को वलन्मरण कहते हैं।

प. आशाधर ने भ. आ. की मूलाराधनादर्पण टीका (२५) मे पार्श्वस्थ रूप मे होने वाले मरण को वलाकामरण कहा है।

विहायोगति नामकर्म—स सिद्धि (८-११) त वा. (८, ११, १८), धवला (पु ६, पृ. ६१) और मूलाचार वृत्ति (१२-१३५) मे कहा गया है कि विहायस् नाम आकाश का है, जिस नामकर्म के उदय मे जीव का आकाश में गमन होता है उसे विहायोगति नामकर्म कहा जाता है। धवला मे आगे (पु १३, पृ.३६५) कुछ विशेष रूप मे यह कहा गया है कि जिसके उदय से पृथ्वी का आश्रय लेकर अथवा बिना उसका आश्रय लिये भी जीवो का आकाश मे गमन होता है वह विहायोगति नामकर्म कहलाता है।

त भाष्य (८-१२) के अनुसार जो कर्म लब्धिनिमित्तक, शिक्षानिमित्तक अथवा ऋद्धिनिमित्तक आकाशगमन का कारण है उसे विहायोगति नामकर्म कहते हैं। समवायाग की वृत्ति (४२) मे कहा गया है कि जिसके आश्रय से जीव शुभ या अशुभ गति से युक्त होता है उसका नाम विहायोगति नामकर्म है।

वृत्तिपरिसंख्यान तप—यह छह बाह्य तपो मे तीसरा है। मूलाचार (५-१५८) मे कहा गया है कि गोचर (गृह) के प्रमाण के साथ दाता—जैसे पुरुष, स्त्री, वृद्ध अथवा युवक आदि, पात्र और भोजनविषयक विशेषता के नियम को ग्रहण करके तदनुसार भोजन के प्राप्त होने पर उसे ग्रहण करना, अन्यथा उपवास करना, इसका नाम वृत्तिपरिसख्यान तप है। लगभग इसी प्रकार का अभिप्राय स. सि (६-१६) व त. वा. (६, १६, ४) आदि मे भी प्रगट किया गया है।

भगवती आराधना (२१८-२१) मे इसके लक्षण को प्रगट करते हुए ऋजु व गोमूत्रिका आदि अनेक प्रकार की वीथी (गली) की विशेषता, पाटक, नियमण एव भिक्षा के प्रमाण और ग्रास के प्रमाण, इत्यादि कितनी ही विशेषताओ को प्रगट करते हुए तदनुसार ही भोजन के प्राप्त होने पर उसके ग्रहण करने को वृत्तिपरिसंख्यान तप कहा गया है।

त भाष्य (६-१६) मे प्रकृत तप को अनेक प्रकार का बतलाया गया है। जैसे—उत्क्षिप्तचर्या, अन्तचर्या अथवा प्रान्तचर्या आदि मे तथा सक्तु, कलमाष अथवा ओदन आदि मे से किसी एक का नियम करके शेष सबका परित्याग करना।

व्यवहारनय—स सिद्धि (१-३३), त. वा. (१, ३३, ६), धवला (पु.१, पृ. ८४ व पु. ६, पृ. १७१), त. श्लो. वा. (१, ३३, ५८), नयविवरण (७४), ह. पुराण (५८-४५) और त सार (१-४६) आदि मे प्रकृत नय के लक्षण का निर्देश करते हुए प्राय. समान रूप में यही कहा गया है कि सग्रहनय के द्वारा गृहीत पदार्थों का जो विधिपूर्वक अवहरण (विभाग) किया जाता है, इसे व्यवहारनय कहते है। आगे धवला मे (पु ६,

पृ. १७१) इतना विशेष कहा गया है कि पर्यायरूप कलंक से रहित शुद्ध द्रव्यार्थिक स्वरूप संग्रहनय के विषयभूत अद्वैत से शेष दो-तीन आदि अनन्त विकल्परूप संग्रह प्रस्तार का आलम्बन लेने वाला जो व्यवहारनय है उसे पर्यायरूप कलंक से दूषित होने के कारण अशुद्ध द्रव्यार्थिक जानना चाहिये। यही अभिप्राय जयधवला (१, पृ. २८६) में भी प्रगट किया गया है।

आव. निर्युक्ति (७५६) में उसके स्वरूप को दिखलाते हुए कहा गया है कि जो विनिश्चयार्थ—सामान्याभाव के निमित्त—जाता है, अर्थात् सामान्याभावस्वरूप विशेष को विषय करता है, उसे व्यवहारनय कहते हैं। इस निर्युक्ति (वच्चइ विणिच्छयत्थं ववहारो सव्वदव्वेसु।) की व्याख्या करते हुए आ. मलयगिरि ने 'विनिश्चय' के अन्तर्गत 'निर्' का अर्थ अधिकता किया है, इस प्रकार अधिकता से होनेवाले क्षय को निश्चय मानकर उन्होंने यह अभिप्राय प्रगट किया है कि जो उस निश्चय (सामान्य) से विगत है—सामान्य को विषय न करके उसके अभावस्वरूप विशेष को विषय करता है—उसका नाम व्यवहारनय है। आगे उन्होंने 'विशेषतोऽवह्रियते निराक्रियते सामान्यमनेनेति व्यवहार' ऐसी निरुक्ति करते हुए निष्कर्ष रूप में उसी अभिप्राय को व्यक्त किया है कि जो नय विशेष के प्रतिपादन में तत्पर रहता है उसे व्यवहारनय समझना चाहिए।

त. भाष्य (१-३५) में उक्त नय के लक्षण को प्रगट करते हुए प्रारम्भ में यह कहा गया है कि जो नय लौकिक जन के समान उपचारप्राय विस्तृत अर्थ को विषय करता है वह व्यवहारनय कहलाता है। तत्पश्चात् प्रसंगानुरूप एक शंका का समाधान करते हुए वहां उसके लक्षण में पुनः यह कहा गया है कि नामस्थापनादि विशेषणों से विशिष्ट वर्तमान, अतीत और भविष्यत् कालीन एक अथवा बहुत से घट जो संग्रहनय के विषयभूत रहे हैं, लौकिक (व्यवहारी) जन और परीक्षक जन के द्वारा ग्राह्य उपचारगम्य उन्हीं घटों के विषय में स्थूल पदार्थों के समान जो बोध होता है उसे व्यवहारनय समझना चाहिये।

अमृतचन्द्र सूरि प्रसंगानुसार प्रकृत व्यवहारनय के लक्षण में यह कहते हैं कि पुद्गलपरिणामरूप जो आत्मा का कर्म है वह पुण्य और पाप के भेद से दो प्रकार का है। उस पुद्गलपरिणाम का कर्ता आत्मा उसको ग्रहण करता है व छोड़ता है, इस प्रकार से जो अशुद्ध द्रव्य का निरूपण किया करता है उसे व्यवहारनय जानना चाहिये (प्रव. सा. वृत्ति २-९७)। तत्त्वानुशासन (२९) के अनुसार व्यवहारनय वह है जो भिन्न कर्ता व कर्म आदि को विषय करता है।

सूत्रकृतांग की शीलांक विरचित वृत्ति (२, ७, ८१, पृ. १८८) में कहा गया है कि जो लोकव्यवहार के अनुसार वस्तु को ग्रहण किया करता है उसका नाम व्यवहारनय है। स्थानांग की अभयदेव विरचित वृत्ति (१८६) में सम्भवतः आव. निर्युक्ति का अनुसरण करते हुए निरुक्तिपूर्वक यही कहा गया है कि जो सामान्य का निराकरण करके विशेष रूप से वस्तु को ग्रहण करता है उसका नाम व्यवहारनय है। अथवा लोकव्यवहार में तत्पर होकर विशेष मात्र को जो स्वीकार करता है उसे व्यवहारनय समझना चाहिये।

श्रमण—प्राचीन काल में जैन ऋषियों के लिए श्रमण शब्द का उपयोग होता रहा है। प्रवचनसार (३, ४०-४१) के अनुसार पांच समितियों और तीन गुप्तियों का पालन करने वाले, पांचों इन्द्रियों व कषायों के विजेता, दर्शन व ज्ञान में परिपूर्ण तथा शत्रु व मित्र, सुख व दुख, प्रशंसा व निन्दा, मिट्टी व सोना एवं जीवन व मरण; इनमें सम —राग-द्वेष से रहित —होते हैं ऐसे मुनियों को श्रमण कहा गया है।

सूत्रकृतांग (१, १६, २) में श्रमण की अनेक विशेषताओं को प्रगट करते हुए कहा गया है कि जो शरीर आदि विषयक प्रतिबन्ध से व निदान से रहित होता है, आदान, अतिपात, मृषावाद, बहिद्ध (मैथुन), क्रोध, मान, माया, लोभ, राग और द्वेष इत्यादि जो स्व और पर का अहित करनेवाले हैं उनको ज्ञ परिज्ञा से जानकर प्रत्याख्यान परिज्ञा से जो परित्याग करता है; इसके अतिरिक्त जो जिस जिस अनुष्ठान से अपने प्रद्वेष के कारणों को देखता है—उस सबसे विरत होता है, तथा जो दान्त, द्रविक (संयमी) व शरीर से निःस्पृह होता है, उसे श्रमण जानना चाहिये। उत्तरा. चूर्णि (पृ. ७२) के अनुसार जिसका मन सर्वत्र—शत्रु-मित्र आदि के विषय में, सम—राग-द्वेष से रहित—होता है वह समण (श्रमण) कहलाता है।

पद्मपुराण (१४-५-) में श्रमण उन्हे कहा गया है जो सब प्रकार के परिग्रह से रहित होकर घोर तपश्चरण मे निरत होते हुए तत्त्व के चिन्तन में परायण रहते हैं। ऐसे श्रमणो को उत्कृष्ट पात्र समझना चाहिये।

भ आराधना की विजयोदया टीका (७१), सूत्रकृ. की शीलाक विरचित वृत्ति (२, ६, ४) और योगशास्त्र के स्वो. विवरण (३-१३०) मे लगभग समान रूप से 'श्राम्यति तपस्यतीति श्रमणः, इस प्रकार की निरुक्तिपूर्वक यह कहा गया है कि जो तपश्चरण में तत्पर रहता है उसे श्रमण कहा जाता है। उपासकाध्ययन (८५९) मे कहा गया है कि जो श्रान्ति से श्रान्त नही होता उसे श्रमण जानना चाहिये। 'भिक्षु' को श्रमण का ही पर्यायवाची समझना चाहिए। सूत्रकृताग (१, १६, ३) और उत्तराध्ययन (१५, १ से १६) मे इसी प्रकार के अनेक महत्त्वपूर्ण विशेषणो द्वारा भिक्षु की विशेषता प्रगट की गई है (देखिये 'भिक्षु' शब्द)।

सत्य—यह दस प्रकार के धर्म तथा पाच प्रकार के अणुव्रत और पांच प्रकार के महाव्रत के अन्तर्गत है। द्वादशानुप्रेक्षा मे (७४) इसके स्वरूप का निर्देश करते हुए कहा गया है कि जो वचन दूसरों के सन्ताप का कारण न होकर स्व और पर के लिये हितकर हो उसका नाम सत्य है। सत्यधर्म का धारक भिक्षु ऐसे ही वचन को बोलता है। स. सिद्धि (९-६) और त. वार्तिक (९, ६, ९) आदि मे कहा गया है कि प्रशस्त जनो के मध्य मे जो साधु (उत्तम या निरवद्य) वचन बोला जाता है उसे सत्य कहते है।

त भाष्य (९-६) मे इसके लक्षण का निर्देश करते हुए 'सत्यार्थे भव वच' सत्यम्, सद्भ्यो वा हित सत्यम्' इस प्रकार की निरुक्ति के साथ कहा गया है कि जो वचन यथार्थ वस्तु को विषय करता है अथवा सत्पुरुषो के लिए हितकर होता है उसका नाम सत्य है। वह असत्यता, कठोरता, पिशुनता, असभ्यता, चपलता, कलुषता और भ्रान्ति से रहित होता हुआ मधुर, अभिजात—कुलीनता का सूचक, असदिग्ध, स्पष्ट, औदार्य गुण से सहित, ग्राम्य दोष से रहित और राग-द्वेष से मुक्त होता है। इसके अतिरिक्त आगमानुसार प्रवृत्त होने वाला वह वचन यथार्थ, श्रोता जनो के लिये अभिप्राय के ग्रहण कराने मे समर्थ, अपना व दूसरो का अनुग्राहक, उपाधि से रहित, देश-काल के योग्य, निर्दोष, जैनागम में प्रशस्त, सयत, मित, वाचन, पृच्छन और प्रश्न के अनुसार समाधान करनेवाला होता है। वसुदेवहिंडी (पृ २६७) मे सत्य-वचन उसे कहा गया है जो भावत विशुद्ध, यथार्थ, अहिंसा मे अनुगत तथा पिशुनता व कठोरता से रहित होता है।

भ आ की विजयोदया टीका (५७) मे असत् (असमीचीन) वचन से विरत होने को सत्य कहा गया है। यह तत्त्वार्थसूत्र का (७-१४) का अनुसरण है।

मूलाचार (५-१११) में भाषा समिति के प्रसग मे सत्य वचन के ये दस भेद निर्दिष्ट किये गये हैं—जनपद, सम्मत, स्थापना, नाम, रूप, प्रतीत्य, सम्भावना, व्यवहार, भाव और औपम्य सत्य। आगे वहा (५,,११२-१६) मोदाहरण पृथक्-पृथक् उनके लक्षणो का भी निर्देश कर दिया गया है। इनसे बहुत कुछ मिलते जुलते उस सत्य वचन के दस ही भेद सत्यप्रवाद पूर्व के प्रसंग मे त वार्तिक (१, २०, १२) में भी उपलब्ध होते है जैसे—नाम, रूप, स्थापना, प्रतीत्य, सवृति, संयोजना, जनपद, देश, भाव और समय सत्य। यहां भी उनके पृथक्-पृथक् लक्षण निर्दिष्ट किये गये हैं। पूर्वोक्त मूलाचार के समान उसके वे दस भेद योग मार्गणा के प्रसंग में गो. जीवकाण्ड (२२१-२३) में भी उदाहरणपूर्वक कहे गये हैं।

असत्य—पूर्वोक्त सत्य का प्रतिपक्षी अनृत या असत्य है। तत्त्वार्थसूत्र (७-१४) में इसके पर्यायवाची 'अनृत' शब्द का उपयोग करते हुए असत् वचन के बोलने को अनृत कहा है। उसकी व्याख्या करते हुए स. सिद्धि आदि में 'सत्' शब्द को प्रशंसावाची मानकर 'असत्' का अर्थ अप्रशस्त किया गया है। ऋत का अर्थ सत्य और अनृत का अर्थ असत्य है। त. भाष्य (७-९) में असत् शब्द से सद्भाव के प्रतिषेध, अर्थान्तर और गर्हा को ग्रहण किया गया है। इनका विशेष विचार प्रस्तुत जैन लक्षणावली के प्र. भाग की प्रस्तावना पृ. ७९ मे 'अनृत'क अन्तर्गत किया जा चुका है।

भगवती आराधना (८२५-२९) में असत्य के चार भेद कहे गये हैं—(१) द्रव्य, क्षेत्र, काल और भाव से पदार्थ के सत् होते हुए भी अपनी बुद्धि से विचार न करके उसका प्रतिषेध करना। जैसे—यहां घट नही है। इत्यादि प्रकार के वचन को प्रथम असत्य जानना चाहिये। इसे भूतनिह्नव या सदपलाप कहा जा सकता है। (२) जो असद्भूत है—जिसका होना सम्भव नही है—उसके उद्भावन को द्वितीय असत्य कहा गया है। जैसे—देवो का अकाल में मरण होता है। अथवा जो द्रव्य, क्षेत्र, काल और भाव से असत् (अविद्यमान) है उसका विचार न करके उसके अस्तित्व को प्रगट करना। जैसे—यहा घट है। इत्यादि प्रकार का वचन। इसे अभूतोद्भावन या असदुद्भावन कहा जा सकता है। (३) एक जाति का जो पदार्थ विद्यमान है उसे अविचारपूर्वक अन्य जाति का बतलाना। जैसे—गाय को घोडा कहना। इत्यादि प्रकार के वचन को तीसरा असत्य कहा गया है। इसे अर्थान्तर वचन कहा जा सकता है। जो वचन गर्हित, सावद्य सयुक्त अथवा अप्रिय है उसे चौथा असत्य माना गया है। इन गर्हित आदि वचनो का सोदाहरण लक्षण भी वहा प्रगट किया गया है।

ध्यानशतक की हरिभद्र सूरि विरचित वृत्ति (२०) में द्वितीय रौद्र ध्यान के प्रसंग में पिशुन, असभ्य, असद्भूत और भूतघात इन असत्य वचनो की व्याख्या करते हुए पूर्वोक्त त. भाष्य (देखिये प्र. भाग की प्रस्तावना पृ. ७९) के अनुसार असद्भूत को अभूतोद्भावन, भूतनिह्नव, और अर्थान्तर के भेद से तीन प्रकार का निर्दिष्ट किया गया है। यहा क्रम से उन तीनो के लिए ये उदाहरण दिये गये है - यह आत्मा सर्वगत है, आत्मा है ही नही, तथा गाय को अश्व कहना। इनके अतिरिक्त यहा मूल मे निर्दिष्ट पूर्वोक्त पिशुन, असभ्य और भूतघात इन असत्य वचनो के स्वरूप को भी प्रगट किया गया है।

पूर्वोक्त भ आराधना के अनुसार पुरुषार्थसिद्ध्युपाय (९१-१००) में भी प्रकृत असत्य वचन के वे ही चार भेद स्वरूपनिर्देश के साथ उपलब्ध होते है। विशेष इतना है कि भ आ. मे जहा प्रथम व द्वितीय असत्य वचनो का स्वरूप दो दो विकल्पो मे निर्दिष्ट किया गया है वहा पु. सि. मे उनके विषय मे कोई विकल्प न करके सामान्य से भ. आ. गत द्वितीय विकल्प को ही अपनाया गया है तथा उदाहरण भी क्रम से देवदत्त व घट के दिये गये है। इतनी विशेषता यहा और भी है कि प्रकृत असत्य वचन व चौर्य कर्म आदि सभी पापो को वहा हिंसा का रूप दिया गया है।

सागारधर्मामृत (४, ३९-४५) में सत्याणुव्रत के प्रसग में सत्याणुव्रती को कन्यालीक, गायविषयक अलीक, पृथिवी विषयक अलीक, कूटसाक्ष्य और न्यासापलाप इन पाच असत्य वचनों के परित्याग के साथ जो सत्य वचन स्व और पर को आपत्ति जनक है ऐसे सत्य वचन का भी परित्याग कराया गया है। इसमें जो कन्यादिविषयक पाच असत्य वचनो का परित्याग कराया गया है उसका आधार सम्भवत श्रावक-प्रज्ञप्ति की २६०वी गाथा रही है। इस प्रसग में यहा सामान्य से वचन के इन चार भेदो का निर्देश किया गया है—सत्य-सत्य, सत्याश्रित असत्य, असत्याश्रित सत्य और असत्यासत्य। इनका स्वरूप वहा सक्षेप मे इस प्रकार कहा गया है—जो वस्तु जिस देश, काल, प्रमाण और आकार मे प्रतिज्ञात है उसके विषय मे उसी प्रकार के कथन को सत्यसत्य कहा जाता है। वस्त्र बुनो, भात पकाओ, इत्यादि प्रकार के वचन को सत्याश्रित असत्य माना गया है। विवक्षित वस्तु को प्रयोजनवश किसी अन्य से लेकर जितने समय में उसे वापिस कर देने की प्रतिज्ञा की थी उतने समय में न देकर कुछ काल के बाद उसे वापिस करने पर तीसरा असत्याश्रितसत्य वचन होता है। जो वस्तु अपने पास नही है 'उसे मैं कल दूगा' इस प्रकार के वचन का नाम असत्यासत्य है। यह वचन लोक व्यवहारका विरोधी होने से सत्याणुव्रती के लिये सर्वथा हेय कहा गया है, शेष प्रथम तीन वचनो का प्रयोग वह कर सकता है।

समभिरूढनय—जैन सम्प्रदाय में नयों को महत्त्वपूर्ण स्थान प्राप्त है। विविध जैन ग्रन्थों में उनका विस्तार से विवेचन किया गया है। कही-कही तो यह जटिल और दुरूह भी हो गया है। इसके अतिरिक्त तद्विषयक मतभेद भी कुछ परस्पर मे हो गया है। प्रकृत में समभिरूढनयविषयक विचार विविध ग्रन्थो में जिस प्रकार से किया गया है उसका दिग्दर्शन यहा कराया जाता है।

स. सिद्धिसम्मत सूत्रपाठ के अनुसार त. सू. (१-३३) में नैगम, संग्रह, व्यवहार, ऋजुसूत्र, शब्द समभिरूढ और एवंभूत ये नय के सात भेद निर्दिष्ट किये गये है। पर त. भाष्य सम्मत सूत्रपाठ के अनुसार उसी त. सू (१-३४) में उसके ये पांच भेद कहे गये हैं—नैगम, संग्रह, व्यवहार, ऋजुसूत्र और शब्द। उसके भाष्य (१-३५) मे देशपरिक्षेपी और सर्वपरिक्षेपी के भेद से नैगमनय को दो प्रकार का तथा साम्प्रत, समभिरूढ और एवंभूत के भेद से शब्दनय को तीन प्रकार का कहा गया है।

प्रकृत समभिरूढनय के लक्षण का निर्देश करते हुए स. सि. (१-३३) में कहा गया है कि जो शब्द के अनेक अर्थों को छोडकर प्रमुखता से एक ही अर्थ में रूढ होता है उसे समभिरूढनय कहते हैं। जैसे—'गो' शब्द के वाणी व इन्द्रिय आदि अनेक अर्थ है, फिर भी वह इस नय की अपेक्षा अन्य अर्थों की उपेक्षा करके पशुविशेष (गाय) मे रूढ है। जैसा कि ऊपर कहा जा चुका है, त. भाष्यसम्मत सूत्रपाठ में यद्यपि इस नय को प्रमुख स्थान प्राप्त नही है, फिर भी उसे शब्दनय के एक भेद के रूप मे स्वीकार किया ही गया है। वहां उसके लक्षण में कहा गया है कि अनेक अर्थों के होने पर भी इस नय की अपेक्षा उनमे संक्रमण नही होता—अनेक अर्थों मे प्रवृत्त न होकर वह प्रमुखता से एक ही अर्थ को स्वीकार करता है। आगे यही पर वहां एक प्रसगप्राप्त शंका का समाधान करते हुए यह स्पष्ट किया गया है कि साम्प्रत शब्दनय के विषयभूत उन्ही साम्प्रत (वर्तमान) घटो में जो अध्यवसाय का असक्रमण होता है उसे समभिरूढनय समझना चाहिए। इसका स्पष्टीकरण करते हुए वहा वितर्क ध्यान का उदाहरण देकर यह अभिप्राय प्रगट किया गया है कि जिस प्रकार वितर्क—एकत्ववितर्क शुक्लध्यान का – अर्थ, व्यजन और योगो में सक्रमण नही होता, किन्तु उनमे से किसी एक के ऊपर ही वह आरूढ रहता है, उसी प्रकार प्रकृत समभिरूढनय का शब्द के अनेक अर्थों मे सक्रमण नही होता --एक ही अर्थ को वह प्रमुखता से ग्रहण करता है।

यहा यह स्मरणीय है कि धवला (पु. १, पृ ८५-८६) मे अर्थनय और व्यजननय के भेद से पर्यायार्थिकनय को दो प्रकार का निर्दिष्ट किया गया है। उनमें ऋजुसूत्र को अर्थनय तथा शब्द, समभिरूढ और एवभूत को शब्दनय कहा गया है।

आगे इसी धवला (पु ९, पृ १८१) और नयविवरण (९५) मे नैगम, संग्रह, व्यवहार और ऋजुसूत्र इन चार को अर्थनय तथा शेष तीन को शब्दनय कहा गया है।

विशेषा. भाष्य (२७२७) के अनुसार शब्द जिस जिस अर्थ को कहता है, शब्दान्तर के अर्थ से विमुख होकर वह चूकि उसी अर्थ पर आरूढ रहता है, इसीलिए उसका समभिरूढनय यह सार्थक नाम है।

त. वार्तिक (१, ३३, १०), त भाष्य की हरि. वृत्ति (१-३५), अनुयोग की हरि वृत्ति (पृ. १०८), धवला (पृ १, पृ ८९ व पु ९, पृ. १७९), जयध. (१, पृ २४०), हरिवशपुराण (५८-४८), त. श्लो. वार्तिक (१, ३३, ७६), सूत्रकृताग की शीलाक. वृत्ति (२, ७, ८१, पृ. १८८) और प्रमेयकमलमार्तण्ड (६-७४, पृ. ६८०) आदि मे प्राय सवार्थसिद्धि के लक्षण (नानार्थसमभिरोहणात् समभिरूढः) का अनुसरण किया गया है। त वा. मे विशेषता यह है कि वहा पूर्वोक्त त भा. के समान वस्त्वन्तर मे असक्रमण तो बतलाया गया है, पर वहा तृतीय अवितर्क व अविचार सूक्ष्मक्रिय नामक शुक्लध्यान का उदाहरण दिया गया है। त. वा का यह विवेचन उक्त त. भा. से प्रभावित रहा दिखता है। त. भा में जहा सामान्य से अवितर्क ध्यान का उदाहरण दिया गया है वहा त. वा. में सामान्य से 'अवितर्क ध्यानवत्' ऐसा निर्देश करके भी आगे उसे स्पष्ट करते हुए तीसरे सूक्ष्मक्रिय-अवितर्क-अविचार शुक्लध्यान की ही सूचना की गई है।

लघुनयचक्र (४२) द्रव्यस्व. प्र. नयचक्र (२१४) और आलापपद्धति (पृ. १४६) के अनुसार जिस नय के आश्रय से अर्थ शब्द मे और शब्द अर्थ मे रूढ होता है वह समभिरूढनय कहलाता है।

स्थानाग की अभय. वृत्ति (१८६) में कहा गया है कि समभिरूढनय वह है जो प्रत्येक वाचक के आश्रय से वाच्यभेद का आश्रय लेता है वह अनन्तर उक्तविशेषण से युक्त भी वस्तु के शक्र व पुरंदर आदि वाचकों के भेद से भेद को स्वीकार करता है, जैसे घट-पटादि विभिन्न शब्द। जैसे—'घटते चेष्टते इति घटः' इत्यादि शब्दार्थ।

सम्यक्त्व—दर्शन, सद्दर्शन, सद्दृष्टि, सम्यग्दर्शन और सम्यग्दृष्टि ये प्रायः प्रकृत सम्यक्त्व के समानार्थक शब्द हैं। बोधप्राभृत (१४) में दर्शन के लक्षण का निर्देश करते हुए कहा गया है कि जो सम्यक्त्व, संयम और उत्तम धर्मस्वरूप मोक्षमार्ग को दिखलाता है तथा परिग्रह से रहित होता हुआ ज्ञानस्वरूप है उसे जैन मार्ग में दर्शन कहा गया है। पंचास्तिकाय (१०७) में भावो—जीव-अजीव आदि नौ पदार्थों—के श्रद्धान को सम्यक्त्व कहा गया है। आगे इसी पचास्तिकाय की गा १६० और तत्त्वानुशासन (३०) में धर्मादिकों के श्रद्धान को सम्यक्त्व का लक्षण प्रगट किया गया है। समयप्राभृत (११) मे सम्यग्दृष्टि उसे कहा गया है जो भूतार्थ (शुद्धनय) के आश्रित है। आगे इसी समयप्राभृत (१५) और मूलाचार (५-६) में भी समान शब्दों में भूतार्थस्वरूप से अधिगत जीव, अजीव, पुण्य, पाप, आस्रव, सवर, निर्जरा, बन्ध और मोक्ष इनको ही अभेद विवक्षा से सम्यक्त्व कहा गया है। आगे उक्त समयप्राभृत (१६५) मेजीवादि के श्रद्धान को भी सम्यक्त्व का लक्षण प्रगट किया गया है। नियमसार गा. ५ मे आप्त, आगम और तत्त्वो के श्रद्धान को; गा. ५१ में विपरीत अभिप्राय से रहित श्रद्धान को, तथा गा ५२ मे चल, मलिन और अगाढता दोषो से रहित श्रद्धान को सम्यक्त्व कहा गया है। दर्शनप्राभृत (१९) मे छह द्रव्य, नौ पदार्थ, पाच अस्तिकाय और सात तत्त्व इनके स्वरूप के श्रद्धान करने वाले को सम्यग्दृष्टि तथा यही पर आगे (गा २०) जीवादि के श्रद्धान को व्यवहार से सम्यक्त्व एव आत्मा के श्रद्धान को निश्चय से सम्यक्त्व कहा गया है। मोक्षप्राभृत (१४) के अनुसार सम्यग्दृष्टि वह श्रम० होता है जो स्वद्रव्य में निरत रहता है। आगे इस मोक्षप्राभृत (३८) और उपासकाध्ययन (२६७) मे तत्त्वरुचि को तथा उसके आगे इसी मोक्षप्राभृत की गा ९० और भावसग्रह की गा. २६२ में समान शब्दो द्वारा हिंसा से रहित धर्म, अठारह दोषो से रहित देव, निर्ग्रंथ गुरु और प्रावचन—प्रवचन से होने वाले ज्ञान अथवा द्रव्यश्रुत—विषयक श्रद्धान को सम्यक्त्व का लक्षण कहा गया है। यहां यह स्मरणीय है कि मूलाचार, उपासकाध्ययन और भावसग्रह को छोडकर उपर्युक्त सभी ग्रन्थ कुन्दकुन्दाचार्य के द्वारा रचे गये है।

जैसा कि पूर्व मे निर्देश किया जा चुका है, मूलाचार (५-६) मे समयप्राभृत की १५वी गाथा को आत्मसात् कर तदनुसार भूतार्थस्वरूप से अधिगत जीवादि नौ पदार्थों को ही सम्यक्त्व कहा गया है। इसके पूर्व (५-५) यहा मार्ग (मोक्षमार्ग) को भी सम्यक्त्व कहा जा चुका है। आगे यहा (५-६८) यह भी कहा गया है कि 'जो जिन देव के द्वारा उपदिष्ट है वही यथार्थ है', इस प्रकार भावत—परमार्थ से-ग्रहण करना, यह सम्यग्दर्शन का लक्षण है। वृत्तिकार ने इसे आज्ञा सम्यक्त्व का लक्षण कहा है। ध्यान रहे कि ये लक्षण यहा दर्शनाचार के प्रसग मे निर्दिष्ट किये गये है। इस प्रकार यहा सम्यग्दर्शन के लिये दर्शन (५-३) सम्यक्त्व (५,५-६) और सम्यग्यदर्शन (५-६८) ये तीन शब्द प्रयुक्त हुए है।

उत्तराध्ययन (२८-१४-१५) मे कहा गया है कि जीव, अजीव, बन्ध, पुण्य, पाप, आस्रव, सवर, निर्जरा और मोक्ष ये नौ पदार्थ जिस रूप मे अवस्थित है उसी रूप में उनका जो श्रद्धान करता है उसके वह सम्यक्त्व जानना चाहिए। यहा यह विशेष ध्यान देने योग्य है कि पूर्वोक्त समयप्राभृत (१५) मे जहा भूतार्थ से अधिगत इन्ही नौ पदार्थों को ही अभेदविवक्षा मे सम्यक्त्व कहा गया है वहा प्रकृत उत्तराध्ययन मे उनके श्रद्धान को सम्यक्त्व का लक्षण निर्दिष्ट किया गया है। प्रकृत उत्तरा की चूर्णि (पृ. २७२) मे कहा गया है कि शुद्ध पदार्थों के विषय मे जो निसर्ग अथवा अधिगम से रुचि होती है उसका नाम सम्यग्दर्शन है। यह स्पष्टत· त सू. (१,२-३) का अनुसरण है।

तत्त्वानुशासन (२५) के अनुसार जो जीवादि नौ पदार्थ जिन देव के द्वारा जिस प्रकार से उपदिष्ट है वे उसी प्रकार है, ऐसी जो श्रद्धा होती है उसे सम्यग्दर्शन माना गया है। इसमें सम्भवतः मूलाचार (५-६८) का अनुसरण किया गया है। लगभग यही अभिप्राय धर्मपरीक्षा (१९-१०) में भी प्रगट किया गया है, जो शब्द और अर्थ से भी प्रकृत तत्त्वानुशासन से बहुत कुछ मिलता-जुलता है।

तत्त्वार्थसूत्र १-२ मे तत्त्वार्थश्रद्धान को सम्यग्दर्शन का लक्षण कहा गया है। इसके भाष्य (१-१) में प्रशस्त अथवा सगत दर्शन को सम्यक्त्व कालक्षण निर्दिष्ट किया गया है। आगे इसी भाष्य (१-२)

मे तत्त्वार्थश्रद्धान को स्पष्ट करते हुए कहा गया है कि तत्त्वों के अर्थों के श्रद्धान अथवा तत्त्व रूप से अर्थों के श्रद्धान का नाम तत्त्वार्थश्रद्धान है और यही तत्त्वार्थश्रद्धान उस सम्यग्दर्शन का लक्षण है जो प्रशम, संवेग, निर्वेद, अनुकम्पा और आस्तिक्य स्वरूप है। प्रशमरतिप्रकरण(२२२)में जीवादिकों के विषय में जो निश्चय से 'तत्त्व' इस प्रकार का अध्यवसाय होता है उसे सम्यग्दर्शन कहा गया है। बृहत्कल्पसूत्र (१३४) के अनुसार सुन करके·····जो तत्त्वरुचि होती है उसे सम्यक्त्व कहा जाता है। पउमचरिउ(१०२,१२१) में सम्यग्दृष्टि उसे कहा गया है जो लौकिक श्रुतियो स रहित होकर जीवादि नौ पदार्थों का श्रद्धान करता है।

रत्नकरण्डक(४) के अनुसार परमार्थभूत आप्त, आगम और गुरु का जो तीन मूढताओं से रहित, आठ अगो से सहित एव आठ मदो से रहित श्रद्धान होता है उसका नाम सम्यग्दर्शन है। परमात्मप्रकाश (१-७६) के अनुसार सम्यग्दृष्टि वह जीव होता है जो आत्मा को आत्मा मानता है। योगसार(८९)मे भी लगभग इसी अभिप्राय को प्रगट करते हुए कहा गया है कि जो सब व्यवहार को छोड़कर आत्मस्वरूप में रमता है उसे सम्यग्दृष्टि समझना चाहिए, ऐसा सम्यग्दृष्टि जीव शीघ्र ही ससार के पार को पा लेता है—वह मुक्त हो जाता है। दि पचसग्रह (१-१५९) और भावसंग्रह (२७८) में प्राय समान रूप में यह कहा गया है कि जिन भगवान् के द्वारा उपदिष्ट छह, पाच और नौ प्रकार के पदार्थों का आज्ञा और अधिगम से जो श्रद्धान होता है उसे सम्यक्त्व कहते है। तत्त्वार्थवार्तिक (१, १, १) मे कहा गया है कि उपयोगविशेष से प्रादुर्भूत निसर्ग व अधिगम रूप दो प्रकार के व्यापार से युक्त जो तत्त्वार्थश्रद्धान होता है उसका नाम सम्यग्दर्शन है। इसका अनुसरण करते हुए त. श्लो वार्तिक (१, १, १) में भी प्राय. इसी अभिप्राय को व्यक्त किया गया है।

श्रावकप्रज्ञप्ति (६२) मे पूर्वोक्त तत्त्वार्थसूत्र और उसके भाष्य का अनुसरण करते हुए तत्त्वार्थ-श्रद्धान को सम्यक्त्व का लक्षण बतलाकर यह कहा गया है कि उसके होने पर नियम से प्रशम आदि (सवेग, निर्वेद, अनुकम्पा और आस्तिक्य) प्रगट होते हैं।

धवला(पु १, पृ. १५१ व पु ७, पृ. ७)तथा मूलाचार की वृत्ति (१२-१५६) मे प्रशम, सवेग, अनुकम्पा और आस्तिक्य इनकी अभिव्यक्ति को सम्यक्त्व का लक्षण प्रगट किया गया है। आगे इस धवला (पु. ६, पृ. ३८ तथा पु १३, पृ. ३५७-५८) मे आप्त, आगम और पदार्थ विषयक रुचि को दर्शन का लक्षण बतलाते हुए रुचि, प्रत्यय, श्रद्धा और स्पर्शन इन शब्दो को समानार्थक निर्दिष्ट किया गया है। यही पर (पु ७, पृ ७) तत्त्वार्थश्रद्धान को सम्यग्दर्शन अथवा तत्त्वरुचिको सम्यक्त्व कहा गया है। पु. १३ (पृ २८६-८७) मे 'सम्यग् दृश्यन्ते परिच्छिद्यन्ते जीवादय पदार्था अनया इति सम्यग्दृष्टिः' इस निरुक्ति के साथ यह अभिप्राय प्रगट किया गया है कि जिस दृष्टि के द्वारा जीवादि पदार्थ यथार्थ रूप में जाने जाते है उस दृष्टि का नाम सम्यग्दृष्टि है। प्रकारान्तर से यहा यह भी कहा गया है कि अथवा सम्यग्दृष्टि के अविनाभाव से सम्यग्दृष्टि जानना चाहिये। पु १५(पृ १२)मे छह द्रव्य और नौ पदार्थ विषयक श्रद्धान को सम्यग्दर्शन कहा गया है।

वरांगचरित (२६-९१) मे सम्यग्दृष्टि उन्हे कहा गया है जो जिनप्रणीत प्रवचन पर श्रद्धा करते है, भावतः वृद्धिगत होते है और प्रत्यय भी करते है। हरिवशपुराण (५८-१९) मे तत्त्वार्थसूत्र के अनुसार तत्त्वार्थश्रद्धानको तथा महापुराण (९-१२१ व २४-११७) मे धवला (पु ६, पृ. ३८) के अनुसार आप्त, आगम और पदार्थ विषयक रुचि या श्रद्धान को दर्शन या सम्यग्दर्शन का लक्षण कहा गया है।

त. भाष्य (१-१, पृ २६) की सिद्धसेन विरचित वृत्ति मे कहा गया है कि सम्यग्दर्शन के घातक मिथ्यादर्शन और अनन्तानुबन्धी कषायो के क्षय आदि से जिनदेव के द्वारा उपदिष्ट समस्त द्रव्यों और पर्यायों को विषय करने वाली जो जीव की रुचि प्रादुर्भूत होती है उसे सम्यग्दर्शन कहते हैं। आगे यहा (पृ ३०) यह भी कहा गया है कि अविपरीत (यथार्थ) पदार्थों को ग्रहण करने वाली जो दृष्टि जीवादि विषय का उल्लेख करती हुई सी प्रवृत्त होती है उसका नाम सम्यग्दर्शन है। यही पर आगे (१-७, पृ. ५५) मुख्य वृत्ति से जो रुचि - श्रद्धा-सवेगादि रूप ज्ञानलक्षण आत्मपरिणाम—होता है उसे सम्यग्दर्शन कहा

गया है। यहां सम्यग्दृष्टि उस जीव को कहा गया है जिसकी सुन्दर दृष्टि समीचीन पदार्थों का अवलोकन किया करती है। आगे इसी वृत्ति (२-३) में तत्त्वरुचि को और तत्त्वार्थश्रद्धान (७-६ व ८-१०) को भी सम्यक्त्व का लक्षण कहा गया है। सूत्र ६-४ की वृत्ति में प्रशम, संवेग, निर्वेद, अनुकम्पा और आस्तिक्य की अभिव्यक्ति को सम्यग्दर्शन का लक्षण बतलाया गया है।

भ. आराधना की विजयोदया टीका (१६) के अनुसार वस्तु की यथार्थता के श्रद्धान का नाम दर्शन है। पुरुषार्थसिद्ध्युपाय (२१६) में आत्मविनिश्चिति—पर से भिन्न आत्मा के निर्णय—को दर्शन कहा गया है। तत्त्वार्थसार १-४ व २-६१ में तत्त्वार्थश्रद्धान को क्रम से दर्शन व सम्यक्त्व कहा गया है। पंचास्तिकाय की अमृतचन्द्र विरचित वृत्ति (१६०) में द्रव्य व पदार्थ के विकल्प युक्त धर्मादिकों के श्रद्धान नामक तत्त्वार्थश्रद्धानभावस्वभाव भावान्तर को सम्यक्त्व का लक्षण निर्दिष्ट किया गया है। योगसारप्राभृत (१-१६) के अनुसार जिसके आश्रय से जैसी वस्तु है उसका उसी रूप में जो ज्ञान होता है उसे जिन भगवान् के द्वारा सम्यक्त्व कहा गया है, वह सिद्धि (मुक्ति) के सिद्ध करने में समर्थ है। उपासकाध्ययन (२६७) में सम्यक्त्व का लक्षण तत्त्वविषयक रुचि कहा गया है। सावयधम्मदोहा (१९) व वसुनन्दिश्रावकाचार (६) में प्रायः समान शब्दों में यह कहा गया है कि आप्त, आगम और तत्त्वों का शंकादि दोषों से रहित जो निर्मल श्रद्धान होता है उसे सम्यक्त्व जानना चाहिये। जीवन्धरचम्पू (७-६) में आप्त, आगम और पदार्थों के श्रद्धान को दर्शन का लक्षण कहा गया है। जैसा कि धवला (पु. ६, पृ. ३८) में निर्दिष्ट किया जा चुका है तदनुसार आचारसार (३-३) में भी आप्त, आगम और पदार्थ विषयक रुचि को सम्यक्त्व कहा गया है। द्रव्यसंग्रह (४१) में सम्यक्त्व का लक्षण जीवादि का श्रद्धान प्रगट किया गया है।

स्थानांग की अभय वृत्ति (१-४३) में 'दृश्यन्ते श्रद्धीयन्ते पदार्था अनेनास्मादस्मिन् वेति दर्शनम्' इस निरुक्ति के अनुसार दर्शनमोहनीय के क्षय या क्षयोपशम को तथा 'दृष्टिर्वा दर्शनम्' इस निरुक्ति के अनुसार उक्त दर्शनमोहनीय के क्षय आदि के आश्रय से प्रादुर्भूत तत्त्वश्रद्धानरूप आत्मपरिणाम को दर्शन कहा गया है। लगभग इसी अभिप्राय को व्यक्त करते हुए आव. निर्युक्ति की मलयगिरि विरचित वृत्ति (१२१) में भी आत्मपरिणतिस्वरूप तत्त्वार्थश्रद्धान को सम्यग्दर्शन का लक्षण प्रगट किया गया है।

इस प्रकार संक्षेप में उक्त सम्यग्दर्शन के लक्षणों को निम्न रूपों में देखा जा सकता है—

१. सम्यक्त्व, संयम या उत्तम धर्मस्वरूप मोक्षमार्ग का दर्शक (बोधप्राभृत)
२. जीवादि नौ पदार्थों का श्रद्धान (पंचास्तिकाय)
३. धर्मादिकों का श्रद्धान (पंचास्तिकाय)
४. भूतार्थ का आश्रय (समयप्राभृत)
५. भूतार्थ स्वरूप से अधिगत जीवादि (समयप्राभृत)
६. जीवादि का श्रद्धान (समयप्राभृत)
७. आप्त, आगम और पदार्थों का श्रद्धान (समयप्राभृत)
८. आप्त, आगम और तत्त्वों का श्रद्धान (नियमसार)
९. विपरीत अभिनिवेश से रहित श्रद्धान („)
१०. चल, मलिन और अगाढता से रहित श्रद्धान (नियमसार)
११. छह द्रव्य, नौ पदार्थ, पांच अस्तिकाय और सात तत्त्व इनके स्वरूप का श्रद्धान (दर्शनप्राभृत)
१२. जीवादिका श्रद्धान (व्यवहार सम्यग्दर्शन), आत्मा का श्रद्धान (निश्चय सम्यग्दर्शन)—दर्शनप्राभृत
१३. तत्त्वरुचि (मोक्षप्राभृत व बृहत्कल्प)
१४. हिंसारहित धर्म, अठारह दोषरहित देव, निर्ग्रन्थ गुरु और प्रवचन विषयक श्रद्धान (मोक्षप्राभृत)
१५. जिनोपदिष्ट ही यथार्थ है, ऐसा भावतः ग्रहण (मूलाचार)
१६. मार्ग ही सम्यक्त्व है (मूलाचार)

१७. यथावस्थित जीवादिकों का भावतः श्रद्धान (उत्तराध्ययन)
१८. यथार्थ शुद्ध भावों की निसर्ग अथवा अधिगम से होनेवाली रुचि (उत्तराध्ययन चूर्णि)
१९. तत्त्वार्थ श्रद्धान (तत्त्वार्थसूत्र)
२०. निश्चय से यही तत्त्व है, ऐसा अर्थविषयक अध्यवसाय (प्रशमरति प्रकरण)
२१. परमार्थभूत आप्त, आगम और गुरु का निर्दोष श्रद्धान (रत्नकण्डक)
२२ आत्मा को आत्मा समझना (परमात्मप्रकाश)
२३. जिनोपदिष्ट छह, पाच और नौ प्रकार के पदार्थों का आज्ञा व अधिगम से होनेवाला श्रद्धान (दि. पचसग्रह)
२४. प्रणिधानविशेष से आहित निसर्ग व अधिगम रूप दो प्रकार के व्यापार से होने वाला श्रद्धान (तत्त्वार्थवार्तिक)
२५. प्रशम, सवेग, अनुकम्पा और आस्तिक्य की अभिव्यक्ति (धवला)
२६. जिस दृष्टि से भली भाति जीवादि पदार्थों का श्रद्धान होता है वह दृष्टि (धवला)
२७. जिनप्रणीत प्रवचन पर श्रद्धा (वरागचरित)
२८ दर्शनविघातक कर्मों के क्षयादि से होनेवाली जिनोपदिष्ट समस्त द्रव्य-पर्यायविषयकरुचि (त. भा सिद्ध. वृत्ति)
२९. अविपरीत पदार्थों को ग्रहण करने वाली दृष्टि (त भा सिद्ध. वृत्ति)
३० आत्मविनिश्चिति (पुरुषार्थसिद्ध्युपाय)
३१ द्रव्य अ पदार्थ के विकल्प युक्त धर्मादिको के तत्त्वार्थश्रद्धानभावस्वभाव श्रद्धान नामक भावान्तर (पचा. अमृत वृत्ति)
३२ शुद्ध नय की अपेक्षा एकत्व में नियत, व्यापक एव पूर्ण ज्ञानघनस्वरूप आत्मा को द्रव्यान्तरों से पृथक् देखना (समयसारकलश)
३३ जैसी वस्तु है उसी प्रकार का ज्ञान जिसके आश्रय से आत्मा के होता है (योगसारप्राभृत)
३४ विपरीतता से रहित जिन प्रणति तत्त्वप्रतिपत्ति (प्रज्ञापना मलय वृत्ति)

संग्रहनय —इसके लक्षण का निर्देश करते हुए सर्वार्थसिद्धि (१-३३) में कहा गया है कि जो अपनी जातिका विरोध न करके अनेक भेद युक्त पर्यायों को सामान्य से एक रूप में ग्रहण करता है उसे संग्रहनय कहते है। समस्तको ग्रहण करने के कारण इसका सग्रहनय यह सार्थक नाम है।

त. भाष्य (१-३५, पृ. ११८) के अनुसार पदार्थों का जो सर्वदेश अथवा एकदेश रूप से संग्रहण होता है उसका नाम सग्रहनय है। यही पर आगे (पृ १२३) एक शंका के समाधान रूप मे पुनः यह कहा गया है कि नाम स्थापनादि से विशिष्ट एक अथवा बहुत साम्प्रत, अतीत व अनागत घटो में जो सम्प्रत्यय —सामान्य बोध —होता है उसे सग्रहनय कहा जाता है। आगे वहाँ नयविषयक विरोध की आशका का निराकरण करते हुए 'आह च' ऐसा निर्देश करके ४ कारिकायें उद्धृत की गई हैं। उनमें से दूसरी कारिका मे संग्रहनय के लक्षण का निर्देश करते हुए कहा गया है कि जो सामान्यविषयक अथवा देशत: विशेषविषयक सगृहीतवचन है उस सग्रहनय से नियत ज्ञान को सग्रहनय जानना चाहिए।

अनुयोगद्वार गाथा १३७ (पृ. २६४) व आव. निर्युक्ति १३७ के अनुसार जो संग्रहवचन पदार्थों को पिण्डित रूप मे ग्रहण करता है उसे संग्रहनय जानना चाहिये। विशेषा. भाष्य (७६ व २६९९) में भावसाधन, कर्तृसाधन और करणसाधन के आश्रय से कहा गया है कि सामान्य से भेदों के पिण्डित अर्थ के रूप में होने वाले सग्रह को, जो उनका सग्रह करता है, अथवा जिसके द्वारा उनका सग्रह किया जाता है उसका नाम संग्रहनय है। यह उसका सार्थक नाम है।

त. वार्तिक (१, ३३, ५) में पूर्वोक्त सर्वार्थसिद्धिगत लक्षण को स्पष्ट करते हुए कहा गया है कि अपनी चेतन-अचेतन रूप जाति से च्युत न होकर जो एकता को प्राप्त कराकर भेदो का सग्रह—समस्त रूप

ग्रहण होता है, इसका नाम संग्रहनय है। जैसे—'सत् द्रव्य' ऐसा कहने पर द्रव्य, पर्याय व उनके भेद-प्रभेद जो सत्ता सम्बन्ध के योग्य है उन सबको द्रव्यत्व से अविरुद्ध होने के कारण एक रूप में ग्रहण किया गया है। अतएव इसे संग्रहनय जानना चाहिये। दूसरा उदाहरण यहां घट का दिया गया है, 'घट' ऐसा कहने पर यद्यपि प्रकृत घट नाम-स्थापनादि के भेद से, सुवर्ण व मिट्टी आदि उपादान के भेद से, रक्त-पीतादिरूप वर्ण के भेद से, तथा आकार के भेद से अनेक प्रकार के है, तो भी वे सब ही 'घट' शब्द के द्वारा ग्रहण किये जाते हैं। अतः वाचक के अभिन्न होने से उन सबको यह नय एक रूप मे ग्रहण करता है। यहा जो 'सत् द्रव्य व घट' ये दो उदाहरण दिये गये है उन्हे क्रम से पूर्वोक्त त भाष्य मे निर्दिष्ट सर्वदेश व एकदेश के स्पष्टीकरण स्वरूप समझना चाहिए।

पूर्वोक्त त भाष्यगत 'अर्थानां सर्वैकदेशग्रहण संग्रह' इस लक्षण को स्पष्ट करते हुए उसकी हरि. वृत्ति मे 'सर्व' शब्द से सामान्य और 'देश' शब्द से विशेष को ग्रहण करके उसका यह अभिप्राय प्रगट किया है कि पदार्थों का सामान्य व विशेष रूप से जो एक रूप मे ग्रहण होता है उसे संग्रहनय कहा जाता है। यही अभिप्राय प्राय उन्ही शब्दो मे उक्त त. भाष्य की अपनी वृत्ति मे सिद्धसेन गणि ने भी व्यक्त किया है। अनुयोगद्वार की हरि वृत्ति (पृ ३६) मे प्रकृत संग्रहनय को स्वभावत सामान्य मात्र को ग्रहण करने वाला निर्दिष्ट किया गया है।

धवला (पु १, पृ ८४) मे प्रकृत संग्रहनय के स्वरूप को दिखलाते हुए कहा गया है कि विधि को छोडकर चूंकि प्रतिषेध उपलब्ध नही है, इसलिये 'विधि मात्र ही तत्त्व है' इस प्रकार का जो अध्यवसाय होता है उसे समस्त को ग्रहण करने के कारण संग्रहनय कहा जाता है, अथवा द्रव्य को छोड़कर पर्याय चूंकि पाई नही जाती, इसलिए 'द्रव्य ही तत्त्व है' इस प्रकार का जो अध्यवसाय होना है उसे संग्रहनय समझना चाहिये। अन्यत्र यही पर (पु ९, पृ १७०) पर्याय कलक से रहित होने के कारण जो सत्तादि के द्वारा सबमे अद्वैतता —द्वैत के अभाव स्वरूप एकत्व—का अध्यवसाय होता है उसे शुद्ध द्रव्यार्थिक संग्रहनय का लक्षण कहा गया है।

पश्चात्कालीन ग्रन्थो मे प्रायः सर्वार्थसिद्धिगत लक्षण का अथवा त. भाष्यगत लक्षण का ही हीनाधिक रूप में अनुसरण किया गया है।

सयम - प्राकृत पंचसंग्रह (दि. १ १२७) मे व्रतो के धारण, समितियो के पालन, कषायो के निग्रह, दण्डो के त्याग और इन्द्रियो के जय को सयम का लक्षण कहा गया है। प्रकृत पंचसंग्रह की यह गाथा धवला (पु १, पृ १४५) मे उद्धृत की गई है तथा गो जीवकाण्ड (४६५) मे वह उसी रूप मे आत्मसात् की गई है। उक्त लक्षण का अनुसरण प्राय उन्ही शब्दो मे त वार्तिक (९, ७, ११), धवला (पु.१, पृ १४४ व पृ ७, पृ. ७), उपासकाध्ययन (९२४), चारित्रसार (पृ ३८) अमितगति विरचित पचसंग्रह (१-२३८), मूलाचार वृत्ति (१२-१५६) और कार्तिकेयानुप्रेक्षा की टीका (३९९) मे किया गया है। सर्वार्थसिद्धि (६-१२) के अनुसार प्राणियो और इन्द्रियविषयो में जो अशुभ प्रवृत्ति हुआ करती है उससे निवृत्त होने का नाम सयम है। इसका अनुसरण त वार्तिक (६, १२, ६), तत्त्वार्थसार (२-८४) और पद्मनन्दिपचविंशति (१-९६) में किया गया है।

त भाष्य (९ ६) मे योगो के निग्रह को संयम का लक्षण निर्दिष्ट किया गया है। यहां यह स्मरणीय है कि मूल तत्त्वार्थसूत्र (९-४) मे सम्यक प्रकार से किये जाने वाले योगनिग्रह को गुप्ति कहा गया है। प्रकृत भाष्य मे सयम को सत्तरह प्रकार का निर्दिष्ट किया गया है—१-५ पृथिवीकायिकादि के भेद से (पृथिवीकायिकसंयम आदि) ६-९ द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय और पचेन्द्रिय के भेद से, १० प्रेक्ष्यसयम, ११ उपेक्ष्यसंयम, १२ अपहृत्यसयम, १३ प्रमृज्यसंयम, १४ कायसयम, १५ वाक्सयम १६ मनसंयम १७ उप-

करणसंयम ।

त. वार्तिक में अन्यत्र (९, ६, १४) संयम के लक्षण मे यह भी कहा गया है कि समितियों में प्रवर्तमान मुनि उनके परिपालन के लिए जो प्राणिपीडा और इन्द्रियविषयो का परिहार करता है वह संयम कहलाता है । इसका अनुसरण मूलाचार की वृत्ति (११-५) और तत्त्वार्थवृत्ति (९-६) मे भी किया गया है ।

ध्यानशतक की हरि. वृत्ति (६८) मे प्राणातिपातादिकी निवृत्ति को सयम का लक्षण कहा गया है। इसका अनुसरण त. भाष्य (६-१३ व ६-२०) की वृत्ति में भी किया गया है, उक्त हरिभद्र सूरि के द्वारा दशवै. की वृत्ति (१-१ पृ. २१) मे आस्रवद्वारो के उपरम को तथा त. भाष्य (६-२०) की वृत्ति में विषय-कषायो की उपरति को सयम का लक्षण निर्दिष्ट किया गया है ।

धवला मे इसका लक्षण पाच स्थलो पर उपलब्ध होता है—जैसा कि ऊपर सकेत किया जा चुका है, पु १, पृ. १४४ पर व्रत, समिति, कषाय, दण्ड और इन्द्रिय इनके यथाक्रम से धारण, अनुपालन, निग्रह, त्याग और जय को सयम कहा गया है । यही पर आगे (पृ १७६) गुप्तियों और समितियों से अनुरक्षित मुनि जो हिसादि पांच पापो से विरत होता है, इसे सयम का लक्षण प्रगट किया गया है । आगे (पृ. ३७४) कहा गया है कि बुद्धिपूर्वक सावद्य से विरत होने का नाम संयम है । पु. ७, पृ ७ पर पूर्वोक्त व्रतादि के रक्षण आदि को सयम का लक्षण कहा गया है । पु. १४, पृ. १२ पर विपाकप्रत्ययिक जीवभावबन्ध के प्रसग मे सयम और विरति मे भेद को दिखलाते हुए कहा गया है कि समितियो के साथ महाव्रतो और अणुव्रतो को सयम और समितियों के विना उक्त महाव्रतो और अणुव्रतो को विरति कहा जाता है ।

भ आराधना की विजयो टी. (६) में कर्मादान की कारणभूत क्रियाओ से उपरत होना, इसे सयम का लक्षण कहा गया है । यही अभिप्राय उसकी मूलाराधनादर्पण टीका (४) मे भी व्यक्त किया गया है । अमितगतिश्रावकाचार (३-६१) के अनुसार धार्मिक, उपशान्त, गुप्तियो से सुरक्षित और परीषहो का विजेता अनुप्रेक्षाओ मे तत्पर होता हुआ जो कर्म का सवरण करता है वह सयम कहलाता है, प्रवचनसार की जय. वृत्ति (१-७९) में कहा गया है कि बाह्य इन्द्रियो व प्राणो के सयम के बल से अपनी शुद्ध आत्मा मे सयमन होने के कारण जो समरसीभाव से परिणमन होता है उसे सयम कहते हैं । आचारसार (५-१४८) में निरुक्तिपूर्वक सयम के लक्षण का निर्देश करते हुए कहा गया है कि सम्यग्दर्शन व सम्यग्ज्ञान से पवित्र व पाप का विघातक जो द्वन्दद्वितय—प्राणिपीडा व इन्द्रियविषय इन दोनो का—यम (त्याग) किया जाता है उसका नाम सयम है ।

प्रज्ञापना की मलयगिरि विरचित वृत्ति (३१६ की उत्थानिका) में निरवद्य योग मे प्रवृत्ति और इतर (सावद्य) योग से निवृत्ति को सयम कहा गया है । आव. निर्युक्ति की मलय. वृत्ति (८३१) के अनुसार समीचीन अनुष्ठान (सदाचरण) का नाम सयम है ।

संसारपरीत – ससारपरीत और परीतससार ये दोनो शब्द समान अभिप्राय के बोधक हैं । मूलाचार (२-३६) के अनुसार जो जिनागम मे अनुरक्त रहते हैं, गुरु की आज्ञा का भावतः परिपालन करते हैं, तथा अशबल—मिथ्यात्व की कलुषता से रहित— होते हुए सक्लेश से रहित होते हैं वे परीतसंसार—परिमित संसार वाले होते है । प्रज्ञापना (१८-२४७) में ससारपरीत का स्वरूप क्या है, इस गौतम गणधर के प्रश्न का समाधान करते हुए श्रमण महावीर के द्वारा कहा गया है कि ससारपरीत का अभिप्राय है ससार का कम से कम अन्तर्मुहूर्त मात्र और अधिक से अधिक अपार्ध पुद्गलपरिवर्त मात्र शेष रह जाना । प्रकृत सूत्र के अभिप्राय को व्यक्त करते हुए मलयगिरि ने अपनी वृत्ति में कहा है कि जिसने सम्यक्त्व आदि के द्वारा संसार को परिमित कर दिया है वह संसारपरीत है । ऐसा जीव जघन्य से अन्तर्मुहूर्त मात्र संसार में रहता है, तत्पश्चात् अन्तकृत्केवलित्व के योग से वह मुक्त हो जाता है । उत्कर्ष से वह अनन्त काल—अपार्ध पुद्गलपरिवर्त प्रमाण—संसार में रहता है, तत्पश्चात् वह नियम से मुक्ति को प्राप्त हो जाता है ।

धवला (पु. ४, पृ. ३३५) में सादि-सपर्यवसित मिथ्यादृष्टि के काल की प्ररूपणा के प्रसग में अपरीतससार और परीतससार का विवेचन करते हुए कहा गया है कि एक अनादि मिथ्यादृष्टि अपरीत-

संसारी जीव अधःप्रवृत्तकरण, अपूर्वकरण और अनिवृत्तिकरण इन तीन करणो को करके सम्यक्त्वग्रहण के प्रथम समय में ही उस सम्यक्त्व गुण के द्वारा पूर्व के अपरीत ससार से हटकर अर्धपुद्गलपरिवर्त मात्र परीतससारी होता हुआ उतने काल ही उत्कर्ष से ससार मे रहता है। जघन्य से वह अन्तर्मुहूर्त मात्र ही संसार में रहता है।

सामायिक—इसका विधान मुनियो के छह आवश्यको, चारित्रभेदों, प्रतिमाओं, शिक्षाव्रतो तथा संयतभेदो या सयमभेदो के अन्तर्गत उपलब्ध होता है। पर उसके स्वरूप का विचार करते हुए तदनुसार उसका पृथक्-पृथक् विश्लेषण नही किया गया है --सर्वत्र उसका स्वरूप प्राय समान रूप मे ही दृष्टिगोचर होता है।

नियमसार के नौवें परमसमाधि अधिकार (१२५-३३) मे सामायिकव्रत के योग्य कौन होता है, इसका विचार करते हुए कहा गया है कि जो समस्त जीवो मे सम—राग द्वेष से रहित, सयम, नियम और तप मे निरत, राग-द्वेषजनित विकार से विहीन, आर्त व रौद्र रूप दुर्ध्यान से दूरवर्ती, पुण्य-पापरूप कर्म के विकार से विमुक्त, हास्यादि रूप नोकषाओ से रहित, निरन्तर धर्म व शुक्लरूप प्रशस्त ध्यानो का ध्याता और ज्ञान एव चारित्र मे बुद्धि को लगाने वाला है उसके जिनशासन में सामायिकव्रत कहा गया है, अर्थात् उपर्युक्त विशेषताओ से विशिष्ट जीव ही उस सामायिक का अधिकारी होता है।

मूलाचार (१-२३) मे मुनि के २८ मूलगुणो के अन्तर्गत सामायिक आवश्यक के लक्षण का निर्देश करते हुए कहा गया है कि साधु जो जीवित और मरण, लाभ और अलाभ, सयोग और वियोग, मित्र और शत्रु तथा सुख और दुःख आदि मे समता—राग-द्वेष से रहित समानता— का भाव रखता है, इसका नाम सामायिक है। यही पर आगे (७.१८-३२) मुनि के छह आवश्यको के अन्तर्गत उस सामायिक का पुनः विस्तार से विवेचन करते हुए कहा गया है कि सम्यक्त्व, ज्ञान, सयम और तप के साथ जो जीवका प्रशस्त समागम— उनके साथ एकरूपता— होती है उसे समय कहा गया है, इस समय को ही सामायिक जानना चाहिए। यह सामायिक का निरुक्त लक्षण है। जो जीव उपसर्ग व परीषहो पर विजय प्राप्त करके भावनाओ और समितियो मे उपयुक्त होता हुआ यम व नियम मे बुद्धि को सलग्न करता है वह सामायिक से परिणत होता है, जो श्रमण स्व व पर म सम—राग-द्वेष से रहित—होता है, माता और समस्त महिलाओ के विषय मे सम होता है—उन्हे माता के समान मानता है, तथा अप्रियव प्रिय एव मान व अपमान मे समण (समान) रहता है उसे ही सामायिक जानना चाहिए। जो द्रव्य, गुण और पर्यायों के समवाय को— उनकी अपेक्षाकृत समानता को- जानता है उसे उत्तम सामायिक जानना चाहिए। राग और द्वेष का निरोध करके समस्त कर्मों मे जो समता और सूत्रों मे—द्वादशाग श्रुत के विषय मे—जो परिणाम होता है उसे उत्तम सामायिक जानना चाहिए। समस्त सावद्य से विरत, तीन गुप्तियो से सुरक्षित और जितेन्द्रिय जीव का नाम ही सामायिक है जो उत्तम सयमस्थानस्वरूप है। जिसकी आत्मा सयम, नियम और तप मे स्थित है, जो त्रस और स्थावर समस्त जीवो के विषय मे सम—राग-द्वेष से रहित है, जिसके राग और द्वेष विकार को उत्पन्न नही करते, जिसने क्रोधादि चारो कषाओ को जीत लिया है, जिसके आहारादि सज्ञायें और कृष्णादि लेश्यायें विकार को उत्पन्न नही करती, जो रस व स्पर्शस्वरूप काम को तथा रूप, गन्ध और शब्दरूप भोगो को सदा छोडता है, तथा आर्त-रौद्र रूप दुर्ध्यानो को छोडकर सदा धर्म व शुक्ल रूप समीचीन ध्यानो को ध्याता है उसके जिनागम के अनुसार सामायिक स्थित रहती है[1]। योगीदु विरचित योगसार (९९-१००) मे उक्त नियमसार के समान सक्षेप में समभाव को सामायिक का लक्षण निर्दिष्ट किया गया है।

---

१. इस प्रसग से सम्बद्ध नियमसार के पद्य १२५-२९ व १३३ और मूलाचारगत पद्य क्रम से २३, २५,२४,२६,३१ और ३२ ये उभय ग्रन्थों मे समान रूप मे उपलब्ध होते हैं। (नि. सा. के पद्य १२५ और मूला. के पद्य २३ का उत्तरार्ध भिन्न है)। नि. सा. के पद्य १२६ व १२७ तथा आवश्यक नि. के पद्य ७९७ व ७९६ भी परस्पर में समान हैं।

रत्नकरण्डक (४-७) मे शिक्षाव्रत के प्रसग में नियमित समय पर्यन्त पाचो पापो के पूर्णतया परित्याग को सामायिक का लक्षण निर्दिष्ट किया गया है। आगे यहां (४-८) उपर्युक्त समय को स्पष्ट करते हुए कहा गया है कि बालो के बन्धन, मुट्ठी के बन्धन और वस्त्र के बन्धन को अथवा स्थान (कायोत्सर्ग) व उपवेशन को आगम के ज्ञाता समय—काल अथवा आचारविशेष—जानते है। यही पर आगे (५-१८) तीसरी सामायिक प्रतिमा के प्रसंग में कहा गया है कि जो गृहस्थ यथाजात—बालक के समान दिगम्बर वेष में स्थित होकर अथवा समस्त प्रकार की परिग्रह की ओर से निर्ममत्व होकर—चार बार तीन-तीन आवर्त पूर्वक कायोत्सर्ग में स्थित होता हुआ चार प्रणाम करता है तथा दो उपवेशन से युक्त होकर तीनो योगो से शुद्ध होता हुआ तीनो सन्ध्याकालो मे देववन्दना किया करता है उसे सामयिक—तीसरी सामायिक प्रतिमा का धारक श्रावक—जानना चाहिए।

सर्वार्थसिद्धि (७-२१) मे शिक्षाव्रतो के प्रसग में निरुक्तिपूर्वक सामायिक के लक्षण को दिखलाते हुए कहा गया है कि 'सम्' का अर्थ एकीभाव और 'अय' का अर्थ गमन है, तदनुसार एकीभाव स्वरूप से जो गमन (प्रवृत्ति) होता है उसका नाम समय है और उस समय को ही सामायिक कहा जाता है। अथवा 'समय. प्रयोजनमस्येति वा विगृह्य सामायिकम्' इस प्रकार के विग्रहपूर्वक यह भी निर्देश किया गया है कि उक्त प्रकार का 'समय' हो जिसका प्रयोजन है उसे सामायिक जानना चाहिए। सर्वार्थसिद्धिगत इस लक्षण को कुछ स्पष्ट करते हुए तत्त्वार्थवार्तिक (७, २१, ६) मे कहा गया है कि प्रतिनियत काय, वचन और मन की क्रिया रूप पर्याय से निवृत्त होकर द्रव्यार्थस्वरूप से जो आत्मा का एकीभाव (अभिन्नता) को प्राप्त होना है, यह सामायिक का लक्षण है। सर्वार्थसिद्धिगत शेष सभी अभिप्राय को यहा प्राय. शब्दश आत्मसात् किया गया है। आगे यहा चारित्र के प्रसग मे (९,१८,२) मे कहा गया है कि समस्त सावद्य योग का जो अभेद रूप से—हिंसा आदि भेदो के बिना—प्रत्याख्यान का आश्रय लेकर प्रवृत्त होना है, इसका नाम सामायिक चारित्र है। सर्वार्थसिद्धि (९-१८) मे इस सामायिक को नियतकाल और अनियतकाल के भेद से दो प्रकार कहा गया है। इनमे स्वाध्यायादि रूप सामायिक को नियतकालिक और ईर्यापथ आदि रूप सामायिक को अनियतकालिक जानना चाहिए।

तत्त्वार्थाधिगमभाष्य (७-१६) मे शिक्षाव्रत के प्रसग में कहा गया है कि कालका नियम करके जो तब तक के लिए समस्त सावद्य योग का परित्याग किया जाता है उसे सामायिक कहते हैं। प्रकृत त. भा. (९.१८) मे चारित्र के प्रसग मे उस सामायिक सयम के नाम मात्र का निर्देश किया गया है, स्वरूप के सम्बन्ध में वहा कुछ नही कहा गया। आवश्यकसूत्र (अ. ६) के अनुसार सावद्य योग के परित्याग और निरवद्य योग के प्रतिसेवन का नाम सामायिक है। आवश्यक भाष्य (१४९) मे कहा गया है कि सावद्य योग से विरत, तीन गुप्तियो से विभूषित, छह काय के जीवो के विषय मे संयत—उन्हे पीडा न पहुचाने वाला, उपयुक्त एव प्रयत्नशील आत्मा ही सामायिक होता है (पूर्वोक्त नि. सा. गत पद्य १२५-२६ और आव. भाष्य का प्रकृत पद्य ये परस्पर एक-दूसरे से कुछ प्रभावित रहे प्रतीत होते है)। विशेषावश्यकभाष्य (४२२०-२६) में सामायिक के लक्षण का निर्देश निरुक्तिपूर्वक अनेक प्रकार से किया गया है। यथा—'सम' का अर्थ राग-द्वेष से रहित और 'अय' का अर्थ गमन है, इस प्रकार समगमनका नाम 'समाय' और यह समाय ही सामायिक है। अथवा उक्त 'समाय' मे होनेवाली, उससे निर्वृत्त, तन्मय अथवा उक्त प्रयोजनन की साधक सामायिक जानना चाहिए। अथवा 'सम' से सम्यक्त्व, ज्ञान और चारित्र अभिप्रेत है, उनके विषय मे या उनके द्वारा जो अय—गमन या प्रवर्तन है—उसका नाम 'समय' और उस समय को ही सामायिक कहा जाता है। अथवा समके—राग-द्वेष से रहित जीव के—जो आय—गुणों की प्राप्ति होती है—उसका नाम समय है, अथवा समों का—सम्यक्त्व, ज्ञान और चारित्र का—जो आय (लाभ) है उसे सामायिक जानना चाहिए। अथवा 'साम' का अर्थ मैत्रीभाव और 'अय' का अर्थ गमन है, इस प्रकार उस मैत्रीभाव मे या उसके द्वारा जो प्रवृत्ति होती है उसे सामायिक कहा जाता है। अथवा उक्त मैत्रीभावरूप जो साम है उसके आय (लाभ) को सामायिक जानना चाहिए। इस प्रकार यहां सामायिक शब्द की निष्पत्ति की प्रमुखता से अर्थ को बैठाया गया है।

त. भाष्य (९-१८) की हरिभद्र व सिद्धसेन विरचित वृत्तियो में तथा अनुयोगद्वार की हरिभद्र विरचित वृत्ति मे (पृ १०३) मे पूर्वोक्त त. वार्तिक के समान समस्त सावद्य योग से विरत होने को सामायिक कहा गया है। इसके पूर्व उस अनुयोगद्वार की हरि वृत्ति (पृ. २६) और आवश्यकसूत्र (६,९,पृ. ८३१) की भी हरि. वृत्ति में पूर्वोक्त विशेषावश्यकभाष्य के समान निरुक्त्यर्थ को भी प्रगट किया गया है। इसी अभिप्राय को हरिभद्र सूरि ने अपने पंचाशक (४९९) में भी सक्षेप में व्यक्त किया है। श्रावकप्रज्ञप्ति (२९२) मे शिक्षाव्रत के प्रसग मे पूर्वोक्त आवश्यकसूत्र के समान सावद्य योग के परित्याग और निरवद्य योग के आसेवन को सामायिक का लक्षण प्रगट किया गया है। इसकी टीका में हरिभद्र सूरिने 'एत्थ पुण सामायारी' ऐसा निदश करते हुए श्रावक को सामायिक कहा, कब और किस प्रकार से करना चाहिए; इत्यादि बातो का स्पष्टीकरण करते हुए ऋद्धिप्राप्त और अनृद्धिप्राप्त इन दो प्रकार के श्रावको के आश्रय से विचार अभिव्यक्त किया है। तत्पश्चात् यहा यह शका उठाई गई है कि सामायिक में अधिष्ठित श्रावक जब साधु ही होता है तब वह उतने काल के लिए पूर्ण रूप से समस्त सावद्य योग का परित्याग मन, वचन व काय से क्या नही करता है ? करता ही है। इस शका के समाधान मे वहां श्रावक के लिए मन, वचन व काय से पूर्णतया उस समस्त सावद्य योग के परित्याग को असम्भव बतलाकर साधु और श्रावक इन दोनो मे अनुमति की प्रधानता से दो प्रकार की शिक्षा, गाथा (सामाइयमि उ कए ...॥२९९॥), उपपात, स्थिति, गति, कषाय, बन्ध, उदय, प्रतिपत्ति और अतिक्रम इन अधिकारो के आश्रय से भेद प्रगट किया गया है (श्रा, प्र. २९३-३११)।

वरागचरित (१५, १२१-२२) मे शिक्षाव्रत के प्रसंग मे सामायिक के लक्षण का निर्देश करते हुए कहा गया है कि व्रत की वृद्धि के लिए निरन्तर दोनो सन्ध्याकालो मे नमस्कारपूर्वक हृदय मे शरण, उत्तम और मागल्य इनका ध्यान करना चाहिए। सब जीवो मे समता — राग-द्वेष का अभाव, सयम, उत्तम भावनाए और आर्त-रौद्र रूप दुर्ध्यानों का परित्याग, यह सामायिक शिक्षाव्रत का लक्षण है। जयधवला (१, पृ ९८) के अनुसार तीनो सन्ध्याकालो मे, अथवा पक्ष, मास व सन्धिदिनों मे, अथवा अपने अभीष्ट समयो मे बाह्य और अभ्यन्तर समस्त पदार्थविषयक जो कषाय का निरोध किया जाता है उसका नाम सामायिक है। कार्तिकेयानुप्रेक्षा (३५६-५७) मे कहा गया है कि जो पल्यक आसन बाधकर अथवा खडा होकर काल के प्रमाण को करके इन्द्रियो के व्यापार से रहित होता हुआ जिनागम मे मन को लीन करता है तथा शरीर को स्थिर रखता हुआ अंजलिपूर्वक — मुकुलित दोनों हाथो के साथ — आत्मस्वरूप मे लीन होता है व वन्दना के अर्थ का चिन्तन करता है; इस प्रकार से जो देश प्रमाण को करके सामायिक को करता है वह तब तक के लिए मुनि जैसा होता है। सागारधर्मामृत (५-२८) मे सामायिक शिक्षाव्रत के स्वरूप को दिखलाते हुए कहा गया है कि एकान्त स्थान मे बालो के बन्धन आदि के छूटने तक मुनि के समान आत्मा का ध्यान करते हुए जो समस्त हिसादि पापो का त्याग किया जाता है, यह सामायिक शिक्षाव्रत का लक्षण है।

यहा सागारधर्मामृत मे जो बालो के बन्धन आदि के छूटने रूप समय का निर्देश किया गया है वह स्पष्टतया पूर्वोक्त रत्नकरण्डक (४-८) के आधार से किया गया है। पर जैसे रत्नकरण्डक मूल व उसकी प्रभाचन्द्र विरचित टीका मे भी उसके अभिप्राय को स्पष्ट नही किया गया है वैसे ही इस सागारधर्मामृत व उसकी स्वो. टीका मे भी उसका कुछ स्पष्टीकरण नही किया गया। प्रकृत मे 'समय' से काल अभिप्रेत है या आचारविशेष अभिप्रेत है, इसका स्पष्ट बोध नही होता। पूर्वोक्त कार्तिकेयानुप्रेक्षा (३५६) मे भी जो 'बधित्ता पज्जक अहवा उड्ढेण उब्भओ ठिच्चा' यह कहा गया है वह भी पूर्वोक्त रत्नक के 'पर्यङ्कबन्धनं वापि। स्थानमुपवेशन वा' से प्रभावित रहा ही प्रतीत होता है। पर यहा रत्नकरण्डक के 'मूर्द्धरुह-मुष्टि-वासोबन्ध' को सम्भवत बुद्धिपुरस्सर छोड दिया गया है जबकि सागारधर्मामृत मे 'केशबन्धादिमोक्ष' के रूप में उसे ग्रहण कर लिया गया है। पर उसका स्पष्टीकरण नही किया गया।

इनके अतिरिक्त अन्य ग्रन्थो मे जो प्रकृत सामायिक का लक्षण उपलब्ध होता है उसमें नियमसार, मूलाचार, सर्वार्थसिद्धि, अथवा विशेषावश्यकभाष्य इनमें से किसी न किसीका अनुसरण किया गया है।

सामायिक प्रतिमा—इसके स्वरूप का निर्देश करते हुए रत्नकरण्डक (५-१८) में कहा गया है कि जो श्रावक तीन-तीन आवर्तों को—मन, वचन व काय के संयमनरूप तीन-तीन शुभ योगरूप प्रवृत्तियों को—चार बार करता है, चार प्रणाम करता है, यथाजात रूप से—दिगम्बर होकर अथवा समस्त परिग्रह की ओर से निर्ममत्व होकर—कायोत्सर्ग में स्थित होता है व दो उपवेशन करता है, इस प्रकार की क्रिया को करता हुआ तीनों सन्ध्याकालों में तीनों योगों से शुद्ध होकर वन्दना किया करता है वह सामयिक—तीसरी सामायिक प्रतिमा का अनुष्ठाता—होता है।

षट्खण्डागम (४,४,४—पु. १३, पृ. ३८) में निर्दिष्ट दस कर्मभेदों में ९वां क्रियाकर्म है। इसके स्वरूप का निर्देश करते हुए वहां आत्माधीन, प्रदक्षिण, त्रि:कृत्वा (तीन बार करना), तीन अवनमन, चार शिर और बारह आवर्त, इन सबको क्रियाकर्म (कृतिकर्म) कहा गया है (५,४,२७-२८—पु. १३, पृ. ८८) पूर्वोक्त रत्नकरण्डक में जो बारह आवर्त (४-३) और चार प्रणामों का उल्लेख किया गया है सम्भव है वह इस षट्खण्डागम के ही आधार से किया गया हो। दोनों ही ग्रन्थों में 'आवर्त' शब्द तो समान रूप से व्यवहृत हुआ है, पर षट्खण्डागम में जहां 'चतु:शिरस्' का उपयोग किया गया है वहां रत्नकण्डक में 'चतु: प्रणाम' का उपयोग किया गया है। वीरसेनाचार्य विरचित इस षट्खण्डागमसूत्र की टीका (पु. १३, पृ. ९१ व ९२) में 'चतु:शिर' का स्पष्टीकरण करते हुए यह कहा गया है कि समस्त क्रियाकर्म चतु:शिर होता है। वह इस प्रकार से—सामायिक के आदि में जो जिनेन्द्र के प्रति शिर नमाया जाता है वह एक शिर है, उसी के अन्त में जो शिर नमाया जाता है वह दूसरा शिर है, 'थोस्सामि' दण्डक के आदि में जो शिर नमाया जाता है, वह तीसरा शिर है तथा उसीके अन्त में जो नमन किया जाता है वह चौथा शिर है। इस प्रकार एक क्रियाकर्म चार शिर से युक्त होता है। यहीं पर आगे प्रकारान्तर से उस 'चतु:शिर' को स्पष्ट करते हुए यह भी कहा गया है कि अथवा सब ही क्रियाकर्म चतु:शिर—चतु: प्रधान (चार की प्रधानता से)—होता है, क्योंकि अरहंत, सिद्ध, साधु और धर्म को ही प्रधानभूत करके सब क्रियाकर्मों की प्रवृत्ति देखी जाती है। बारह आवर्तों को स्पष्ट करते हुए यहां यह कहा गया है कि सामायिक और थोस्सामि दण्डक के आदि और अन्त में मन, वचन व काय की विशुद्धि के परावर्तन के बार (आवर्त) बारह (३+३+३+३) होते हैं।

मूलाचार के अन्तर्गत षडावश्यक अधिकार में वन्दना का विवेचन करते हुए नामवन्दना के प्रसंग में कृतिकर्म, चितिकर्म, पूजाकर्म और विनयकर्म इनको वन्दना का समानार्थक कहा गया है। इस प्रसंग में वहां ये प्रश्न उठाये गये हैं—वह कृतिकर्म किसके द्वारा किया जाना चाहिए, किसके प्रति किया जाना चाहिए किस प्रकार से किया जाना चाहिए, कहां किया जाना चाहिए, कितने बार किया जाना चाहिए, कितने उसमें अवनत—हाथ जोडकर शिर से भूमिका स्पर्श करते हुए नमस्कार—किये जाने चाहिये, कितने शिर—हाथ जोडकर शिर को नमाते हुए नमस्कार किये जाने चाहिये; तथा वह कितने आवर्तों से शुद्ध और कितने दोषों से रहित होना चाहिए (७, ७८-८०)। इन प्रश्नों का वहां यथाक्रम से समाधान करते हुए वह कितने अवनत, कितने आवर्त और कितने शिर से युक्त होना चाहिए, इन प्रश्नों के समाधान में वहां यह कहा गया है—उस कृतिकर्म का प्रयोग दो अवनतों से सहित, यथाजात रूप से संयुक्त, बारह आवर्तों से युक्त, चार शिर से सहित और मन, वचन और काय रूप तीनों योगों से शुद्ध किया जाना चाहिए (७-१०४) यह मूलाचार का विवरण निश्चित ही पूर्वोक्त षट्खण्डागम से प्रभावित रहा प्रतीत होता है। विशेष इतना है कि षट्खण्डागम में जहां तीन 'अवनत' का निर्देश किया गया है वहां मूलचार में 'दो अवनत' का निर्देश किया गया है।

पूर्वोक्त रत्नकरण्डक का वह अभिप्राय मूलाचार के इस कथन से अत्यधिक प्रभावित रहा प्रतीत होता है। दोनों ग्रन्थों में बारह (४×३) आवर्त, चार प्रणाम (शिर), यथाजात, दो निषद्य (अवनत) और त्रियोगशुद्ध (त्रिशुद्ध) इनका समान रूप में व्यवहार हुआ है। यथा—

दोणद तु जधाजादं वारसावत्तमेव य।
चदुसिर तिसुद्ध च किदियम्म पउंजदे ।। मूला ७-१०४.
चतुरावर्त्तत्रितयश्चतुःप्रणाम' स्थितो यथाजातः।
सामयिको द्विनिषद्यस्त्रियोगशुद्धस्त्रिसन्ध्यमभिवन्दी ।। रत्नकरण्डक, १३९

मूलाचारगत प्रकृत पद्य से अतिशय समान यह पद्य समवायाग मे भी उपलब्ध होता है—

दुओणय जहाजाय किदिकम्म बारसावय।
चउसिर तिगुत्त च दुपवेसं एगणिक्खमण ।। समवायाग १२

धवला (पु ९, पृ १८७-८९) मे चौदह प्रकार के अनगश्रुत के नामोल्लेखपूर्वक कृतिकर्म के प्रसंग में मूलाचारगत उपर्युक्त पद्य को 'एत्थुवउज्जंती गाहा' ऐसा निर्देश करते हुए यत्किंचित् वर्णभेद के साथ उद्धृत किया गया है।

उपर्युक्त प्रसग से सम्बद्ध मूलाचार और रत्नकरण्डक में इतनी विशेषता रही है कि मूलाचार का वह प्रसग जहा मुनि के छह आवश्यको के अन्तर्गत वन्दना आवश्यक से सम्बद्ध है वहा रत्नकरण्डक मे वह श्रावक के ग्यारह पदो में से तीसरे पदभूत सामायिक प्रतिमा के धारक से सम्बन्ध रखता है। किन्तु ऐसा होने पर भी उसमे कुछ विरोध नही समझना चाहिए। कारण यह कि उसके पूर्व उक्त रत्नकरण्डक (४-१२) मे ही यह कहा जा चुका है कि श्रावक के सामायिक मे अवस्थित होने पर चूकि वह उस समय समस्त आरम्भ और परिग्रह से रहित होता है, इसीलिये वह उपसर्ग के वश वस्त्र से आच्छादित मुनि के समान यतिभाव को —महाव्रतित्व को—प्राप्त होता है। यह अभिप्राय केवल रत्नकरण्डक मे ही नही, बल्कि उक्त मूलाचार (७-३४), आवश्यकनिर्युक्ति (५८४), विशेषावश्यकभाष्य (३१७३) और श्रावकप्रज्ञप्ति (२९९) मे भी समानरूप से व्यक्त किया गया है। इतना ही नही, इन चारों ग्रन्थो मे प्रकृत गाथा भी अभिन्न रूप मे ही उपलब्ध होती है।

रत्नकरण्डक मे निर्दिष्ट उपर्युक्त सामायिक प्रतिमाधारी के स्वरूप को कार्तिकेयानुप्रेक्षा (३७१ व ३७२) और वामदेव विरचित भावसग्रह (५३२-३३) मे भी समान रूप से प्रगट किया गया है।

सावयधम्मदोहा (१२) मे भी पूर्वाचार्यपरम्परा के अनुसार तीनो सन्ध्याकालो मे बत्तीस दोषो से रहित जिनवन्दना का विधान किया गया है।

वसुनन्दिश्रावकाचार (२७४-७५) मे उक्त सामायिक के प्रसंग मे कहा गया है कि स्नानादि से पवित्र होकर चैत्यालय मे व अपने गृह मे प्रतिमा के अभिमुख होकर अथवा अन्यत्र पवित्र स्थान में पूर्वाभिमुख या उत्तराभिमुख होकर जिनवाणी धर्म, चैत्य, परमेष्ठी और जिनालय की जो तीनो कालो मे वन्दना की जाती है, यह सामायिक कहलाती है।

योगशास्त्र के स्वो विव (३-१४८) मे कहा गया है कि तीसरी सामायिक प्रतिमा का धारक श्रावक प्रमाद से रहित होकर तीन मास तक उभय सन्ध्याकालो मे पूर्वोक्त प्रतिमाओ के अनुष्ठान के साथ सामायिक का पालन करता है। लगभग यही अभिप्राय आचारदिनकर (पृ. ३२) मे भी प्रगट किया गया है।

अन्य ग्रन्थो मे प्राय पूर्वनिर्दिष्ट इन्ही ग्रन्थो मे से किसी न किसी का अनुसरण किया गया है।

सूत्र मूलाचार (५-८०) मे सूत्र के लक्षण का निर्देश करते हुए कहा गया है, जो गणधरों के द्वारा, प्रत्येकबुद्धो के द्वारा, श्रुतकेवलियो के द्वारा और अभिन्नदशपूर्वियो के द्वारा कहा गया हो उसे सूत्र जानना चाहिए। आवश्यकनिर्युक्ति (८८०) के अनुसार सूत्र नाम उसका है जो ग्रन्थ से अल्प होकर अर्थ से महान् हो, बत्तीस दोषो से रहित हो, लक्षण—व्याकरणनियमो—से सहित हो, और आठ गुणो से सम्पन्न हो। इसी आवनि मे आगे (८८६) पुन. कहा गया है कि जो थोड़े से अक्षरो से सहित, सन्देह से रहित, सारयुक्त, विश्वतोमुख—अनुयोगो से सहित, अर्थोपम—व्याकरणविहित निपातो से रहित—और अनवद्य होकर

सर्वज्ञ के द्वारा कहा गया हो वह सूत्र कहलाता है। तत्त्वार्थवार्तिक (७, १४, ५) में सूत्र का लक्षण लघु और गमक कहा गया है। धवला (पु. ९, पृ. २५९) और जयधवला (१, पृ. १५४) में एक प्राचीन श्लोक को ग्रन्थान्तर से उद्धृत करते हुए उसके द्वारा कहा गया है कि जो अक्षरों से अल्प, सन्देह से रहित, सारवान्, गूढ तत्त्वों का निर्णायक, निर्दोष युक्ति का अनुसरण करने वाला और यथार्थ हो उसे सूत्र के ज्ञाता सूत्र मानते है। यह लक्षण पूर्वोक्त आव निर्युक्ति (८८६) से प्रभावित प्रतीत होता है। प्रकृत धवला में आगे (पु. १४, पृ. ८) दाशांग शब्दागम को भी सूत्र कहा गया है। जयधवला १, पृ. १७१) में भी आगे एक अन्य श्लोक को उद्धृत करते हुए यह अभिप्राय व्यक्त किया गया है कि महान् अर्थ से संयुक्त अथवा जो पदसमूह अर्थ की उत्पत्तिका कारण हो उसे सूत्र जानना चाहिए।

सूत्ररुचि—यह सम्यक्त्व के दस भेदो के अन्तर्गत है। उत्तराध्ययन (२८-१६) और प्रज्ञापना (गा. ११५) के अनुसार वे दस भेद ये हैं—निसर्गरुचि, उपदेशरुचि, आज्ञारुचि, सूत्ररुचि, बीजरुचि, अभिगमरुचि, विस्ताररुच, क्रियारुचि, सक्षेपरुचि और धर्मरुचि। इनमे से उपदेशरुचि, आज्ञारुचि, सूत्ररुचि, बीजरुचि, विस्ताररुचि और सक्षेपरुचि ये छह भेद तो तत्त्वार्थवार्तिक (३,३६,२), महापुराण (७४ से ४४०, ४४४) आत्मानुशासन (११), उपासकाध्ययन (पृ ११४) और अनगारधर्मामृत की स्वो. टीका (२-६२) में भी उपलब्ध होते है; किन्तु शेष चार भेदो के स्थान में यहो ये अन्य ही चार भेद उपलब्ध होते है — मार्गरुचि, अर्थरुचि, अवगाढरुचि और परमावगाढरुचि। प्रकृत मे सूत्ररुचि के लक्षण का निर्देश करते हुए उत्तरा (२८-२१) और प्रज्ञापना (गा. १२०) में कहा गया है कि जो जीव सूत्र का अध्ययन करता हुआ अंगश्रुत व बाह्यश्रुत से सम्यक्त्व का अवगाहन करता है उसे सूत्ररुचि जानना चाहिए। त. वा. के अनुसार प्रव्रज्या और मर्यादा के प्ररूपक आचारश्रुत के सुनने मात्र से जिनके सम्यग्यदर्शन उत्पन्न हुआ है उन्हे सूत्ररुचि कहा जाता है। म. पु. (७४,४४३-४८) में कहा गया है कि आचार नामक प्रथम अग मे निर्दिष्ट तप के भेदों के सुनने से शीघ्र ही जो रुचि प्रादुर्भूत होती है उसे सूत्रजा रुचि कहते हैं। आत्मानु (१३) के अनुसार मुनि के चारित्रविधि के सूचक आचारसूत्र को सुनकर जो श्रद्धा उत्पन्न होती है उसे सूत्रदृष्टि कहा जाता है। उपासकाध्ययन और अनगारधर्मामृत की टीका में समान रूप से यतिजन के आचार के निरूपण मात्र को सूत्र—उससे होने वाले श्रद्धान को सूत्रसम्यक्त्व—कहा गया है। दर्शनप्राभृत की टीका (१२) के अनुसार मुनियों के आचारसूत्र स्वरूप **मूलाचार** शास्त्र को सुनकर जो सम्यक्त्व उत्पन्न होता है उसका नाम सूत्रसम्यक्त्व है।

इस प्रकार प्रस्तुत सूत्ररुचि या सूत्रसम्यक्त्व के लक्षण में प्रायः उत्तरोत्तर कुछ विशेषता देखी जाती है। यथा—उत्तराध्ययन में जहा अग व बाह्य श्रुत से इस सम्यक्त्व की उत्पत्ति निर्दिष्ट की गई है वहा तत्त्वार्थवार्तिक में बिशेष रूप से प्रव्रज्या व मर्यादा के प्ररूपक केवल आचार सूत्र के सुनने मात्र से उसकी उत्पत्ति बतलायी गई है। शेष ग्रन्थो में प्रायः इस तत्त्वार्थवार्तिक के लक्षण का ही अनुसरण किया गया है। दर्शनप्राभृत की टीका में तो मूलाचार—जो वर्तमान मे उपलब्ध है—उसके सुनने से प्रकृत सम्यक्त्व की उत्पत्ति कही गई है।

सोपक्रमायु—यह शब्द मूलाचार (१२-८३) में उपलब्ध होता है। इसके अभिप्राय को व्यक्त करते हुए उसकी वसुनन्दी विरचित वृत्ति में विष, वेदना, रक्तक्षय, भय, संक्लेश, शस्त्रघात एवं उच्छ्वास-निःश्वास के निरोध से होनेवाले आयु के घात को उपक्रम और उस उपक्रम से युक्त आयु वाले जीवों को सोपक्रमायु—सघातायु—कहा गया है। सोपक्रम और निरुपक्रम ये दो शब्द त. भाष्य (२-५२) में उपलब्ध होते हैं। वहां आयु के अपवर्तन के निमित्त को उपक्रम कहा गया है। उपक्रम से आयु का अपवर्तन हो सकता है, इसके लिए यहा संहत शुष्क तृणराशि और गुणकार-भागहार से राशिछेद ये दो उदाहरण भी दिये गये है। बृहत्संग्रहणी (२६६) मे भी कहा गया है कि जिस अध्यवसान आदि से, चाहे वह आत्मोत्पन्न हो अथवा अन्य हो, आयु उपक्रम को प्राप्त होती है उसे उपक्रम कहा जाता है। त. भाष्य की हरिभद्र विरचित वृत्ति (२-५२) में जिनकी आयु प्रायः अपवर्तन के योग्य होती है उन्हें सोपक्रम और जिनकी आयु

अपवर्तन के योग्य नही होती है उन्हे निरुपक्रम निर्दिष्ट किया गया है। इसी भाष्य की सिद्धसेन विरचित वृत्ति (२-५१) में प्रत्यासन्नीकरण के कारण को उपक्रम कहा गया है। इसे स्पष्ट करते हुए वहां यह कहा गया है कि जिस अध्यवसान आदि रूप कारणविशेष से अतिशय दीर्घकाल की स्थिति वाली भी आयु अल्प काल की स्थिति से युक्त हो जाती है उस कारणकलाप का नाम उपक्रम है। आगे (२-५२) यहां उदाहरण के रूप में विष, अग्नि और शस्त्र आदि को उपक्रम बतलाते हुए कहा गया है कि देव व नारक आदि के चूकि आयु के भेदक प्राणापान निरोध, आहारनिरोध, अध्यवसान, निमित्त, वेदना, पराघात और स्पर्श नामक सात वेदनाविशेष रूप उपक्रम सम्भव नही है, इसलिये वे निरुपक्रम ही होते हैं।

धवला (पु. १०,पृ. २३३-३४) मे सोपक्रमायुष्क और निरूपक्रमायुष्क इनके लक्षण का तो कुछ निर्देश नही किया गया, पर वे पर भव सम्बन्धी आयु को किस प्रकार से बाधते हैं, इसे स्पष्ट करते हुए वहां कहा गया है कि जो जीव सोपक्रमायुष्क होते है वे अपनी भुज्यमान आयु के दो त्रिभागो (२/३) के बीत जाने पर असक्षेपाद्धा काल तक पर भव सम्बन्धी आयु के बाधने के योग्य होते हैं, अर्थात् दो त्रिभागो के बीत जाने पर प्रथमादि आठ अपकर्षकालो मे से यथासम्भव किसी एक अपकर्षकाल में उसे बाधा जा सकता है। पर उक्त आठ अपकर्षकालो में से यदि वह किसी मे भी न बध सकी तो फिर आवली के असख्यातवें भाग मात्र असक्षेपाद्धा काल मे वे अवश्य ही पर भव सम्बन्धी आयु को बाध लेते है। इनसे विपरीत जो निरुपक्रमायुष्क होते है वे अपनी भुज्यमान आयु मे छह मास शेष रह जाने पर पर भव सम्बन्धी आयु के बाधने योग्य होते है। इसमें भी अपकर्षों का नियम पूर्ववत् रहता है। आगे यहा (पृ. २३७-३८) शकाकार के द्वारा इस प्रसंग से सम्बद्ध व्याख्याप्रज्ञप्ति के सन्दर्भ को उद्धृत करते हुए कहा गया है कि उपर्युक्त कथन का इस व्याख्याप्रज्ञप्तिगत सूत्र के साथ कैसे विरोध न होगा ? इसका समाधान यहा आचार्यों के मध्यगत मतभेद को प्रगट करते हुए किया गया है। धवला के प्रकृत भाग का हिन्दी अनुवाद करते समय हमने वर्तमान मे उपलब्ध व्याख्याप्रज्ञप्ति मे उस सूत्र के खोजने का यथासम्भव प्रयत्न किया था, पर वह उस रूप में हमे वहा उपलब्ध नही हुआ।

स्तनदोष या स्तनदृष्टिदोष— यह कायोत्सर्ग का एक दोष है। मूलाचार की वृत्ति (७-१७१) मे इसके स्वरूप का निर्देश करते हुए कहा गया है कि जो कायोत्सर्ग मे स्थित होकर अपने स्तनो पर दृष्टि रखता है उसके यह कायोत्सर्ग का स्तनदृष्टि नामक दोष होता है। योगशास्त्र के स्वो विवरण मे (३, १३०) कहा गया है कि डास-मच्छर आदि के निवारण के लिए अथवा अज्ञानता से स्तनो को चोलपट्ट से बाधकर कायोत्सर्ग मे स्थित होना, यह एक कायोत्सर्ग के स्तनदोष का लक्षण है। आगे यहा इस सम्बन्ध मे मतभेद को दिखलाते हुए यह भी कहा गया है कि अथवा जिस प्रकार धाय स्तनो को ऊपर उठाकर बालक के लिए दिखलाती है उसी प्रकार स्तनो को ऊचा करके कायोत्सर्ग मे स्थित होना, यह उस स्तनदोष का लक्षण है, ऐसा किन्ही अन्य आचार्यों का अभिमत है। सम्भव है यह लक्षणभेद साम्प्रदायिकता के व्यामोह-वश हुआ हो।

स्त्रीवेद— इसके स्वरूप का निर्देश करते हुए सर्वार्थसिद्धि (८-९) में कहा गया है कि जिसके उदय से जीव स्त्री जैसे भावो को प्राप्त होता है वह स्त्रीवेद कहलाता है। इसे कुछ और स्पष्ट करते हुए त. वार्तिक (८,९-४) मे कहा गया है कि जिसके उदय से जीव मृदुता, अस्पष्टता, क्लीवता (कायरता), कामावेश, नेत्रविभ्रम, आस्फालनसुख और पुरुषेच्छा, इन स्त्री जैसे भावो को प्राप्त होता है उसे स्त्रीवेद कहा जाता है। पश्चात्कालीन प्राय: सभी ग्रन्थो मे—जैसे श्रावकप्रज्ञप्ति टीका (१८), धवला (पु. १, पृ ३४०, ३४१, पु ६, पृ ४७, पु. ७, पृ ७९ और पु १३, पृ. ३६१), मूलाचारवृत्ति (१२-१९२) और प्रज्ञापना मलय वृत्ति (२९३) आदि— यही कहा गया है कि जिसके उदय से स्त्री के पुरुषविषयक अभिलाषा होती है उसका नाम स्त्रीवेद है।

लगभग इसी पद्धति में नपुसकवेद और पुरुषवेद या पुंवेद का भी लक्षण देखा जाता है। विशेषता यह है कि त. वा में जैसे स्त्रीवेद के लक्षण मे स्त्रैण भावों को स्पष्ट किया गया है वैसे वहां नपुसक और पौंस्न भावों को कुछ स्पष्ट नही किया गया (देखिए नपुंसक और पुरुषवेद व पुंवेद शब्द)।

स्थापनाकर्म—जैनागमों में विवक्षित पदार्थ की प्ररूपणा नय व निक्षेप के आधार से की गई है। प्रकृत में कर्म की विवक्षा है। वह नाम, स्थापना, द्रव्य और भाव के भेद से चार प्रकार का है। इनमें स्थापनाकर्म के स्वरूप का विचार करते हुए षट्खण्डागम (५,४, ११-१२—पु. १३, पृ. ४१) में कहा गया है कि काष्ठकर्म, चित्रकर्म, पोत्तकर्म, लेप्यकर्म, लयनकर्म, शैलकर्म, गृहकर्म, भित्तिकर्म, दन्तकर्म अथवा भेण्डकर्म, इनमें तथा अक्ष अथवा वराटक इत्यादि अन्य भी जो है उनमें स्थापना के द्वारा जो 'यह कर्म है' इस प्रकार से स्थापना की जाती है वह सब स्थापनाकर्म कहलाता है। इस प्रकार की विवेचनपद्धति को स्थापनानन्त, स्थापनाकृति, स्थापनाप्रकृति और स्थापनास्पर्श आदि शब्दो के अन्तर्गत भी देखा जा सकता है।

यह विवेचन की पद्धति आवश्यकसूत्र में भी देखी जाती है। उदाहरण के रूप मे स्थापनावश्यक के स्वरूप का विचार करते हुए वहा (सू १०) कहा गया है कि काष्ठकर्म, पुस्तकर्म, चित्रकर्म, लेप्यकर्म, ग्रन्थिम, वेढिम, पूरिम अथवा सघातिम, अक्ष अथवा वराटक मे जो 'यह आवश्यक है' इस प्रकार से सद्भाव रूप, (तदाकार) अथवा असद्भाव रूप (अतदाकार) एक या अनेक की स्थापना की जाती है उसे स्थापनावश्यक कहते हैं। (सद्भावस्थापना और असद्भावस्थापना के लिए देखिये धवला पु १३, पृ १० और ४२ आदि तथा ग्रन्थिम व वेढिम आदि के लिए देखिये धवला पु ६, पृ २७२-७३ आदि)।

स्थावर—पीछे (पृ ५-६) 'त्रस' के प्रसग मे त्रस जीवो के स्वरूप व भेद आदि के विषय मे विचार किया जा चुका है। प्रस्तुत स्थावर उक्त त्रस का विपक्षभूत है। सर्वार्थसिद्धि (२-१२) मे स्थावर जीवो के स्वरूप का विचार करते हुए कहा गया है कि जो जीव स्थावर नामकर्म के वशीभूत होते है वे स्थावर कहलाते है। त वार्तिक (२,१२,३) और त श्लो. वार्तिक (२-१२) के अनुसार जिन जीवो के जीवविपाकी स्थावर नामकर्म के उदय से विशेषता उत्पन्न हुई है उन्हे स्थावर कहा जाता है। जो जीव स्वभावत एक स्थान पर रहते है उन्हे स्थावर कहना चाहिए, इस शका का समाधान करते हुए पूर्वोक्त स. सि. मे कहा गया है कि वैसा मानने पर आगम मे जो यह कहा गया है कि 'कायानुवाद मे द्वीन्द्रिय से लेकर अयोगिकेवलियों तक त्रस जीव होते हैं उससे विरोध का प्रसग प्राप्त होगा। त. वार्तिक (२,१२, ४-५) मे भी स्थानशील—एक ही स्थान में स्थित रहने वाले—जीवो को स्थावर क्यो न माना जाय, इस शंका का समाधान करते हुए कहा गया है कि वैसा स्वीकार करने पर वायु, तेज एव जलकायिक जीवो के अस्थावरत्व—स्थावरभिन्न त्रसता—का प्रसग दुर्निवार होगा, क्योकि उनका गमन एक स्थान से दूसरे स्थान मे देखा जाता है। यदि कहा जाय कि वह तो अभीष्ट ही है, तो वैसा कहने वालो के प्रति यह कहा गया है कि उन्होने समय के अर्थ को नही समझा, क्योकि सत्प्ररूपणा मे कायानुवाद के प्रसग में द्वीन्द्रिय से लेकर अयोगिकेवली पर्यन्त जीवो को त्रस कहा गया है। ऊपर स. सि. में जिस आगम की ओर तथा त वा. मे जिस सत्प्ररूपणासूत्र की ओर संकेत किया गया है वह सूत्र इस प्रकार है—

तसकाइया बीइंदियप्पहुडि जाव अजोगिकेवलित्ति। षट्खं. १,१,४४ (पु. १, पृ. २७५).

इस सूत्र की व्याख्या करते हुए धवला टीका मे 'स्थावर जीव कौन हैं' ऐसा पूछने पर एकेन्द्रिय जीवो को स्थावर कहा गया है। इस पर वहा (पृ २७६) यह शका उठाई गई है कि सूत्र मे तो ऐसा निर्देश नही किया गया, फिर यह कैसे जाना जाता है कि एकेन्द्रिय जीव स्थावर है? इसके उत्तर मे वहा यह कहा गया है कि उक्त सूत्र में जब यह स्पष्ट निर्देश किया गया है कि द्वीन्द्रिय से लेकर अयोगिकेवली तक त्रस हैं, तब परिशेष से यह स्वयं सिद्ध है कि एकेन्द्रिय जीव स्थावर है। इसपर आगे स्थावर नामकर्म का क्या कार्य है, ऐसा पूछने पर यह कहा गया है कि उसका कार्य एक स्थान में अवस्थापित करने का है। इस पर यह शंका उपस्थित हुई कि वैसा होने पर तो तेज, वायु और जल इन चलने वाले स्थावर जीवों के स्थावरपने का अभाव प्राप्त होगा? इस शंका के समाधान में कहा गया है कि ऐसा नही हो सकता। इसका कारण यह है कि जिस प्रकार स्थिर पत्ते प्रयोग से—वायु की प्रेरणा से—वृक्ष से टूटने पर इधर-उधर चलते हैं उसी प्रकार स्थिर तेज और जल जीव भी प्रयोग के वश चलते हैं, न कि स्वतः, अतएव उनके गमन में कोई विरोध नही है। इनके अतिरिक्त गति पर्याय से परिणत वायु का तो शरीर ही वैसा है।

इस प्रसग से सम्बद्ध तत्त्वार्थसूत्र के स. सि. सिद्धिसम्मत और भाष्यसम्मत सूत्रो में भी कुछ भिन्नता रही है। यथा—

पृथिव्यप्तेजोवायु-वनस्पतयः स्थावराः । तेजोवायू द्वीन्द्रियादयस्त्रसाः । स. सि. सूत्र २,१३,१४.

पृथिव्यम्बु-वनस्पतयः स्थावराः । तेजोवायू द्वीन्द्रियादयश्च त्रसाः । भाष्य सूत्र २,१३,१४.

स. सि. और त. वा. के अन्तर्गत उपर्युक्त शंकासमाधान को देखते हुए सर्वार्थसिद्धिकार के सामने उक्त भाष्यसम्मत सूत्र रहे है या नही, यह सन्देहास्पद है। पर तत्त्वार्थवार्तिककार के समक्ष वे भाष्य-सम्मत सूत्र अवश्य रहे है, ऐसा प्रतीत होता है। कारण इसका यह है कि उन्होंने प्रकृत शंका के समाधान में वायु, तेज और जल कायिक जीवो के अस्थावरत्व का प्रसग दिया है, जब कि स. सि. में केवल आगमविरोध ही प्रगट किया गया है, वहा वायु, तेज और जल कायिक जीवो का कुछ भी निर्देश नही किया गया।

दशवैकालिक चूर्णि (पृ. १४७) के अनुसार जो जीव एक स्थान में अवस्थित रहते है उन्हें स्थावर कहा जाता है। त भा. की हरिभद्र विरचित वृत्ति (२-१२) मे कहा गया है कि जो जीव परिस्पन्दन आदि से रहित होते हुए स्थावर नामकर्म के उदय से अवस्थित रहते है वे स्थावर कहलाते हैं। श्रावकप्रज्ञप्ति की टीका (२२) मे भी उक्त हरिभद्र सूरि के द्वारा प्राय इसी अभिप्राय को प्रगट करते हुए कहा गया है कि जिसके उदय से जीव स्पन्दन से रहित होता है उसे स्थावर नामकर्म कहते हैं। उक्त त. भा की सिद्धसेन विरचित वृत्ति (२-१२) मे कहा गया है कि स्थावर नामकर्म के उदय से जिन जीवो के सुख-दुःखादि के अनुमापक चिह्न स्पष्ट नही रहते वे स्थावर कहलाते है। सूत्रकृताग की शीलाक विरचित वृत्ति (२,१,३ पृ. ३३ व २,६,४ पृ. १४०) में 'तिष्ठन्तीति स्थावरा.' इस निरुक्ति के साथ पृथिवी आदिकों को स्थावर कहा गया है। पर 'आदि' शब्द से वृत्तिकार को अन्य और कौन से जीव अभिप्रेत है, यह वहा स्पष्ट नही है। यही अभिप्राय प्राय स्थानाग की अभयदेव विरचित वृत्ति (५७ व ७५) में भी प्रगट किया गया है। विशेष इतना है कि वहा 'पृथिवी आदिक' यह निर्देश नही किया गया। योगशास्त्र के स्वो विवरण (१-१६) मे स्पष्ट रूप से भूमि, अप्, तेज, वायु और महीरुह (वनस्पति) इन पाच एकेन्द्रिय जीवो को स्थावर कहा गया है।

स्थिरनामकर्म—इसके स्वरूप का निर्देश करते हुए सवार्थसिद्धि (८-११) तत्त्वार्थाधिगम भाष्य (८-१२) तत्त्वार्थश्लोकवार्तिक (८-११) और भगवती आराधना की मूला. टीका (२१२४) मे प्राय: समान रूप से यही कहा गया है कि स्थिरभाव (स्थिरता) के जनक नामकर्म को स्थिर नामकर्म कहा जाता है। त. वार्तिक (८,११,३४) मे सर्वार्थसिद्धिगत इस लक्षण को शब्दश: आत्मसात् करके उसे स्पष्ट करते हुए यह कहा गया है कि जिसके उदय से दुष्कर उपवास आदि तपो के करने पर भी अंग व उपागो की स्थिरता रहती है वह स्थिर नामकर्म कहलाता है। त भा. की हरि वृत्ति और श्रावकप्रज्ञप्ति (२३) की हरि. टीका मे कहा गया है कि जिसके उदय से सिर, हड्डियां और दाँत आदि शरीरगत अव-यवो की स्थिरता होती है उसे स्थिर नामकर्म कहते हैं। त भा. की हरि. वृत्तिगत इस लक्षण को उसकी सिद्धसेन विरचित वृत्ति और प्रज्ञापना की मलय. वृत्ति (२५३) मे ज्यो का त्यों ले लिया गया है। धवला (पु ६,पृ ६३) में कहा गया है कि जिसके उदय से रस, रुधिर, मेदा, मज्जा, हड्डिया, मास और शुक्र इन सात धातुओ की स्थिरता होती है—उनका विनाश या गलन नही होता है—उसका नाम स्थिर नाम-कर्म है। धवलागत यह लक्षण मूलाचार की वृत्ति (१२-१९५) में प्राय. उसी रूप मे उपलब्ध होता है। आगे इसी धवला (पु. १३, पृ ३६५) में उसके लक्षण को पुन: दोहराते हुए यह कहा गया है कि जिस कर्म के उदय से रसादि धातुओ का अवस्थान कुछ काल तक अपने स्वरूप से होता है उसे स्थिर नाम कर्म कहते है। समवायांग की अभयदेव विरचित वृत्ति (४२) में कहा गया है कि जिसके आश्रय से स्थिर दांत आदि अवयवो की उत्पत्ति होती है वह स्थिर नामकर्म कहलाता है।

—बालचन्द्र शास्त्री

हैदराबाद

१६-१-७९

प्रस्तावनागत विशिष्ट लक्ष्य शब्दों की अनुक्रमणिका

लक्ष्यशब्द	पृष्ठ	लक्ष्यशब्द	पृष्ठ
कपित्थदोष	१	याचनापरीषहजय	२३
पर्व-पर्वांग	१	रसत्याग, रसपरित्याग	२४
काक्षा व काङ्क्षा	१	वलन्मरण, वलाकामरण, वलायमरण	२५
गण व गच्छ	२	विहायोगति नामकर्म	२५
ग्रन्थि	२	वृत्तिपरिसंख्यानतप	२५
छेद	३	व्यवहारनय	२५
छेदोपस्थापक	४	श्रमण	२६
तद्भवमरण	५	सत्य	२७
त्रस	५	असत्य	२७
दर्शन	६	समभिरूढनय	२८
दिव्यध्वनि	८	सम्यक्त्व	३०
धर्म	९	संग्रहनय	३३
नय	११	संयम	३४
नाग्न्यपरीषहजय	१४	संसारपरीत	३५
निगोद जीव	१४	सामायिक	३६
निर्ग्रन्थ	१५	सामायिक प्रतिमा	३९
निर्विचिकित्स	१६	सूत्र	४०
परिभोग	१८	सूत्ररुचि	४१
पादपोपगमन	१९	सोपक्रमायु	४१
पुलाक	२०	स्तनदोष	४२
प्रवचनवत्सलता	२०	स्त्रीवेद	४२
बकुश	२०	स्थापनाकर्म	४३
ब्रह्मचर्याणुव्रत	२१	स्थावर	४३
भोगोपभोगपरिमाण	२२	स्थिरनामकर्म	४४
यथाप्रवृत्तकरण	२२	ह्रस्व	४४

—: ० :—

शुद्धि-पत्र

पृष्ठ	कालम	पंक्ति	अशुद्ध	शुद्ध
३२६	१	३४	कल्पाः । सो	कल्पाःसो
४०५	२	२६	४-१५३	४-३२
४२४	१	२४	पन्द्र	पन्द्रह
४५१	२	३८	२७२	३७२
४५२	१	३०	तीर्थन्तिररस-	तीर्थान्तरस-
,,	२	२६	(निवृ[वृं]त्ति-	निवृत्ति-
,,	२	२७	निवृ[वृं]त्ति-	निवृत्ति-
४६१	२	६	जम्म	जस्स
४६७	२	२४	३७ ३	३७, २
५००	१	३२	तजस	तैजस
५०२	१	३२	११	१२
५४२	१	२२	दव	दैव
५६६	१	१४	२५	२४
,,	१	१५	८१	८५
,,	१	२५	धास्यते	धारयते
५७४	१	२	१०	१२
५८७	२	१७	१. गुणो	१. ×××अन्यतरत् प्रधानम् । गुणो
,,	२	१६	। (स्वयम्भू.	। भवन्त्यभिप्रेतगुणाः ××× ॥ (स्वयम्भू.
५६३	१	३०	पृ.	वृ.
६०२	१	३	ना क	नारक
६१७	२	२७	निर्ग्रंताः	निर्गंताः
६२५	१	२५	२४६	२३१
७१७	२	३५	पञ्जलि	पलञ्जि
७७४	२	३५	प्रमादादि	प्रसादादि
७७५	१	१३	यमोद्युक्त चेतसां	यमोद्युक्तचेतसां
७६७	१	२	आत्मोपकार	आत्म-परोपकार
८१८	१	३३	तपः । (त. भा.	तपः । तत्राग्निप्रवेश-मरुत्प्रपात-जलप्रवेशादि । (त. भा.
८२७	१	१४	यंत् सा	यंत् । सा
,,	१	१७	गृहीति	गृंहीति
,,	१	१६	परदारस्य	परदारस्स
६१६	१	१५	सिच्छा	मिच्छा
६४३	१	२२	स्वरूप···कथित	स्वरूपं · कथितं
६४५	१	२६	६, ११	८, ११

९४५	२	९	पृ. ६६	पृ. ६५-६६
९५५	१	१९	भा. सिद्ध	भा.
९६३	१	२१	रोग:ज्वराति	रोग: ज्वराति
१००१	१	३२	क्रिया:	क्रिया
१००२	१	२१	तस्से	तस्से [तिस्से]
१००३	१	२०	निमित्तानिनि-	निमित्तानि नि-
,,	२	२१	विद्यामहा	विद्या महा
१००८	१	२१	२१ व १४३	२१-१४३
१००९	२	२४	परकीयमनगतो	परकीयमतिगतो
१०११	१	२३	चारित	चरित
१०१९	१	४	आदि	व विष्ठा आदि
१०२४	१	३६	दरिद्र···एवभूतेन	दरिद्र · एवभूतेन
१०२५	१	१३	कानृजात	कानुजात
,,	२	२२	तदानुवेदिकम्	[तदा तु वेदकम्]
१०२८	१	१	कर्म-	कर्म
,,	१	२	भवनद स्व-	भवनस्व-
,,	१	३०	जस्सकम्म-	जस्स कम्म-
१०३४	१	२३	मल्लक्षी	मल्लाक्षी
१०३९	२	३५	३६	३३
१०४१	२	३९	१४०	२-१४
१०८३	१	९	तदनृतम्	तदननृतम्
१११०	२	९	चर्या सराग	चर्या व सराग
१११३	२	५	सर्वे चैव चैषा	सर्वे चैषा-
१११६	१	१२	भेदै संभूते	भेदै: सभूते
१११९	२	१६	तेणज	तेण ज
११२७	२	३५	सयम	संयम
,,	२	३६	६); व्रत-	६); समितिषु प्रवर्तमानस्य प्राणीन्द्रियपरिहार· सयम: (त. वा. ९, ६, १४); व्रत-
११२८	१	८	); सम्यक्	); व्रत-समिति-कषाय-दण्डेन्द्रियाणां रक्षण-पालन-निग्रह-त्याग-जया: सयम:, सम्यक्
११२८	१	३५	त्यागजन्य:	त्याग-जया:
११३०	१	२५	अक्षर समूहबाह्य	अक्षरसमूह बाह्य
,,	१	३३	कर्म	१ कर्म
,,	१	३६	संयोजणा	सजोयणा
,,	१	३७	सजोएदि	सजोएदि
११३२	१	१५	संवर-	संवर:
११३३	१	१०	निरोध: संवर:	निरोध: सवरो
११३५	२	१	त्रयात्मक धर्मा	त्रयात्मकधर्मा

११५१	१	२३	इकमप्पए	इकमप्पए
,,	१	२८	संगन	सगतं
११५८	१	३९	स्वासादन	सास्वादन
११६०	१	७	पुत्तयकम्मेण	पुग्गलकम्मेण
११६८	२	२५	वितंक	वितर्क
,,	२	३२	करके और बादर	करके बादर
११७२	२	१२	पु. १	पु. ९
११७३	१	९	चतुष्टयादि	चतुष्टयादि
११८१	१	२७	ति. ४	ति. प. ४
११८४	२	३३	तवपहावेण	[तह पहावेण]
११८८	२	८	पुस्तककर्म	पुस्तकर्म
११९५	१	२२	ना धर्मे	नाधर्मे
११९९	१	१७	स्नेहा (·· स्नेहवि-	स्नेह (···स्नेहावि-
१२००	२	१५	सपत्त-फासिंदियसु	सपत्तफासिंदिएसु
१२०१	१	२७	कुएँ के खोदने	कुएँ आदि के खोदने,
,,	१	२८	आदि	×××
,,	१	३३	जीविकाक केर ने	जीविका के करने
१२०३	१	१३	सर्वथा	×××
१२०४	१	२२	तप-श्रुत	तपःश्रुत
,,	१	२४	,,	,,
१२०८	२	३०	झाणवस	झाण-
१२०९	२	१६	सन्निवेशकर	सन्निवेशकर
,,	२	१७	वल्मीक	वल्मीक
,,	२	२१	वल्मीक:	वल्मीक:
१२१०	१	२०	योग. शा.	योगशा.
,,	२	२२	वसनि आहार	वसति—आ'हार
१२११	२	२४	को (स्वेद—पसीना)	को स्वेद (पसीना)
१२१४	२	३	प्राणानां परस्य च	प्राणाना [स्वस्य] परस्य च
१२१५	१	४	योगद्धि	योगाद्वै
१२१६	१	५	करोत्येवशील	करोत्येवंशील
,,	२	३२	लग्न वह्नि	लग्नवह्नि

३

जैन-लक्षणावली

(जैन पारिभाषिक शब्द-कोष)

प्रकरणसमा जाति—१. अथानित्येन नित्येन साधर्म्यादुभयेन वा। प्रक्रियाया. प्रसिद्धिः स्यात्ततः प्रकरणे समा ॥ तत्रानित्येन साधर्म्यान्निःप्रयत्नोद्भवत्वतः। शब्दस्यानित्यता कश्चित् साधयेदपरः पुनः ॥ तस्य नित्येन गोत्वादिसामान्येन हि नित्यता। तत पक्षे विपक्षे च समाना प्रक्रिया स्थिता ॥ (त. श्लो १, ३३, ३८०–८२)। २. तस्य (प्रकरणसमस्य) हि लक्षणम्—यस्मात् प्रकरणचिन्ता स प्रकरणसम. [न्यायसू. १।२।७] इति। प्रक्रियेते साध्यत्वेनाधिक्रियेते अनिश्चितौ पक्ष-प्रतिपक्षौ यौ तौ प्रकरणम्, तस्य चिन्ता सशयात् प्रभृत्याऽऽनिश्चयात् पर्यालोचना यतो भवति स एव, तन्निश्चयार्थं प्रयुक्तः प्रकरणसमः, पक्षद्वयेऽप्यस्य समानत्वादुभयत्राप्यन्वयादिसद्भावात्। (प्र. क. मा. ३–१५, पृ. ३५७)।

१ अनित्य की नित्य से और नित्य से अनित्य की समानता से जो प्रकरणसिद्धि की जाती है, इसे प्रकरणसमा जाति जानना चाहिए। जैसे कोई एक वादी जब 'प्रयत्न के अविनाभावित्व' हेतु के द्वारा शब्द की अनित्यता को सिद्ध करना चाहता है तब दूसरा प्रतिवादी गोत्व आदि सामान्य के साथ साधर्म्य होने से उसकी नित्यता के सिद्ध करने का प्रयत्न करता है। इस प्रकार पक्ष-विपक्ष में प्रक्रिया के समान होने से इसे प्रकरणसमा जाति कहा जाता है।

प्रकाश—प्रकाशयति घनतिमिरपटलावगुण्ठितमपि घटादि प्रकटयतीति प्रकाशः। (उत्तरा. नि. शा. वृ. २०६, पृ. २१२)।

जो सघन अन्धकार से आच्छादित भी घटादि पदार्थों को प्रकट करता है उसे प्रकाश कहते हैं।

प्रकाशन, प्रकाशना—१. पगासणा चरमाहारप्रकाशनम्। (भ. आ. विजयो. ६६)। २. पयासणाचरणं आहारप्रकटनम्। (भ. आ. मूला. ६६)। ३. प्रकाशनं चरमाहारप्रकटनम्। (अन. ध. स्वो. टी. ७–६८)।

१ अन्तिम आहार के प्रगट करने को प्रकाशन या प्रकाशना कहा जाता है। यह भक्तप्रत्याख्यानमरण के अर्हादिभावों के अन्तर्गत है।

प्रकीर्णक—१. प्रकीर्णका. पौर-जानपदकल्पाः। (त. सि ४–४)। २. प्रकीर्णका पौर-जनपदस्थानीयाः। (त. भा. ४–४)। ३. **प्रकीर्णकाः पौर-ज[जा]नपदकल्पाः।** यथेह राज्ञा पौरा जानपदाश्च प्रीतिहेतवः तथा तत्रेन्द्राणा प्रकीर्णकाः प्रत्येतव्या। (त. वा. ४, ४, ८)। ४ पौर-जानपदप्रख्याः सुरा ज्ञेया प्रकीर्णका.। (म. पु. २२–२६)। ५. प्रकीर्णा एव प्रकीर्णका, ते पौर-जानपदकल्पा.। (त. श्लो ४, ४)। ६. समुद्र इव प्रकीर्णक-सूक्त-रत्नविन्यासनिबन्धनं प्रकीर्णकम्। (नीतिवा. ३२–१, पृ. ३७६)। ७. ×××× प्रकीर्णा ग्राम्य-पौरवत्। (त्रि. श. पु. च. २, ३, ७७४)। ८. तथा प्रकीर्णका पौर-जनपदस्थानीयाः, प्रकृतिसदृशा इत्यर्थः। (बृहत्सं मलय. वृ. २)। ९. प्रकीर्णका पौर-जनपदादिप्रकृतिसदृशा.। (संग्रहणी. दे. वृ. १–२, पृ. ५)। १०. प्रकीर्णकाः पौर-जनपदसमाना.। (त. वृत्ति श्रुत. ४–४)।

१ देवों में जो पुरवासी और जनपद निवासी मनुष्यों के समान हुआ करते हैं वे प्रकीर्ण या प्रकीर्णक देव कहलाते हैं। ६ जिस प्रकार समुद्र बिखरे हुए रत्नों का कारण है उसी प्रकार जो काव्य विविध प्रकार

के सूक्तिरूप रत्नों की रचना का कारण है उसे प्रकीर्णक कहा जाता है।

प्रकृति—१. प्रकृतिशब्देन स्वभावो भेदश्चाभिधीयते।)उत्तरा. चू. पृ. २७७)। २. प्रक्रियते अज्ञानादिक फलमनया आत्मन इति प्रकृतिशब्दव्युत्पत्तेः। (धव. पु. १२, पृ. ३०३); पयडी सील सहावो इच्चेयट्ठो। (धव पु. १२, पृ ४७८); प्रकृतिः स्वभाव. शीलमित्यनर्थान्तरम्। (धव. पु १३, पृ. १६७)। ३. प्रकृतिर्मौल कारणं मृदिव घटादिभेदानामेकरूपपुद्गलग्रहणम्, अत. प्रक्रियन्तेऽस्य सकाशादिति अकर्तरीत्यनुवृत्तेरपादानसाधना प्रकृति। स्वभाववचनो वा प्रकृतिशब्दः। (त भा. सिद्ध. वृ. ८–४)। ४. पयडी सील सहावो ×××। (गो. क. २)। ५. प्रकृतिस्तु स्वभावः स्यात् ज्ञानावृत्यादिरष्टधा॥ (योगशा. स्वो. विव. १–१६, ६०, पृ. ११४)। ६. इदमुक्तं भवति—प्रकृतिर्नाम ज्ञानावारकत्वादिलक्षणः स्वभाव'। (पंचसं. मलय. वृ सं क. ३३)। ७. प्रीत्यप्रीति-विषादात्मकाना लाघवोपष्टम्भ-गौरवधर्माणां परस्परोपकारिणा त्रयाणा गुणाना सत्त्व-रजस्तमसा साम्यावस्था प्रकृति.। (स्याद्वादम १५, पृ. १८४)। ८. पयइ सहावो वुत्तो ×××। (नवत. ३७)।

१ प्रकृति का अर्थ स्वभाव अथवा भेद होता है। २ प्रकृति, शील और स्वभाव ये समानार्थक शब्द हैं। जो आत्मा के अज्ञानादि रूप फल को उत्पन्न करती है उसे प्रकृति कहते हैं। वह मूल में ज्ञानावरणादि के भेद से आठ प्रकार की है। ७ सत्त्व रज और तम इन तीन गुणों की समता का नाम प्रकृति (सांख्याभिमत) है। क्रमशः लाघव, उपष्टम्भ और गौरव धर्म वाले उक्त तीनों गुण प्रीति, अप्रीति और विषाद स्वरूप होते हुए परस्पर के उपकारक हैं।

प्रकृतिपतद्ग्रह—१. यस्या प्रकृतौ जीवस्तद्भावेन परिणमयति सो प्रकृतिः पगतीए सकममाणाए पडिग्गहो वुच्चति। (कर्मप्र. चू सं. क. २)। २ यस्यां प्रकृतौ आधारभूताया तत्प्रकृत्यन्तरस्थ दलिक परिणमयति—आधारभूतप्रकृतिरूपतामापादयति—एषा प्रकृतिराधारभूता पतद्ग्रह इव पतद्ग्रहः, संक्रम्यमाणप्रकृत्याधार इत्यर्थः। (कर्मप्र. मलय. वृ. सं. क. २)। ३. तत्र यदा एका प्रकृतिरेकस्या प्रकृतौ संक्रामति, यथा सातमसाते प्रसातं वा साते, तदा या सक्रामति सा प्रकृतिसंक्रमः, यस्यां तु संक्रामति सा प्रकृतिपतद्ग्रहः। (पंचसं. मलय. वृ. सं. क. ४)।

१ जीव जिस प्रकृति में विवक्षित कर्मप्रकृति के प्रदेशों को तत्स्वरूप से परिणमाता है उस आधारभूत प्रकृति को प्रकृतिपतद्ग्रह कहा जाता है।

प्रकृतिबन्ध—१. अविसेसियरसपगईउ पगइबंधो मुणेयव्वो। (कर्मप्र. १–२४, पृ. ६६)। २. प्रकृतिः स्वभावः। ××× तदेवंलक्षण (अर्थानवगमादिरूप) कार्य प्रक्रियते प्रभवत्यस्या इति प्रकृतिः। (त. सि. ८–३; त. वा. ८, ३, ४)। ३. यथोक्तप्रत्ययसद्भावे सति पुद्गलादान प्रकृतिबन्धः। (त. भा. हरि. व सिद्ध. वृ. ८–४)। ४. प्रकृतिबन्धो ज्ञानावरणादिप्रकृतिरूपः। (आ. प्र. टी. ८०)। ५. प्रकृतिः स्यात् स्वभावोऽत्र निम्बादेस्तिक्तकतादिवत्। कर्मणामिह सर्वेषां यथास्वं नियता स्थिता॥ (ह पु. ५८–२०४)। ६. प्रकृतिः स्वभाव इत्यनर्थान्तरम्। ××× बन्धव्यानि च कर्माणि प्रकृत्यावस्थितानि प्रकृतिबन्धव्यपदेश लभन्ते। (त. श्लो ८–३)। ७. बन्धो नाम यदात्मा राग-द्वेष-स्नेहश्लेशावलीढसकलात्मप्रदेशो भवति तदा येष्वेवाकाशप्रदेशेष्ववगाढस्तेष्वेवास्थितान् कार्मणविग्रहयोग्याननेकरूपान् पुद्गलान् स्कन्धीभूतानाहारवदात्मनि परिणामयति सम्बन्धयतीति स्वात्मा ततस्तानध्यवसायविशेषाज्ज्ञानादीनां गुणानामात्मावरणतया विभजते हंस क्षीरोदके यथा, यथा वा आहारकाले परिणतिविशेषक्रमवशादाहर्ता रस-खलतया परिणतिमानयत्यनाभोगवीर्यसामर्थ्यात्, एवमिहाप्यध्यवसायविशेषात् किञ्चिद् ज्ञानावरणीयतया किञ्चिद् दर्शनाच्छादकत्वेनापर सुख-दुःखानुभवयोग्यतया परं च दर्शन-चरणव्यामोहकारितयाऽन्यच्चारक-तिर्यङ्मनुष्यामरायुष्केनान्यद् गतिशरीराद्याकारेणापरमुच्च-नीचगोत्रानुभावेनाऽन्यद् दानाद्यन्तरायकारितया व्यवस्थापयति। एष. प्रकृतिबन्धः। (त. भा. सिद्ध. वृ. १–३, पृ. ३८)। ८. ××× तस्समुदाओ पगतिबंधो। (पंचसं. बं क ४०); तेषां त्रयाणामपि स्थित्यनुभाग-प्रदेशबन्धाना य. समुदायः स प्रकृतिबन्धः। (पंचस. स्वो. वृ. बं. क. ४०)। ९. प्रकृतयः कर्मणोऽज्ञा भेदाः ज्ञानावरणीयादयोऽष्टौ, तासां बन्धः प्रतिबन्धः। (समवा. अभय. वृ. ४)। १०. कर्मणः

प्रकृतयः अंशा भेदाः ज्ञानावरणीयादयोऽष्टौ, तासां प्रकृतेर्वा अविशेषितस्य कर्मणो बन्धः प्रकृतिबन्धः। (स्थाना. अभय वृ. ४, २, २९६)। ११. कार्मणवर्गणागतपुद्गलानां ज्ञानावरणादिभावेन परिणामः प्रकृतिबन्धः। (मूला. वृ. ५–४७); प्रकृतिर्ज्ञानावरणादिस्वरूपेण पुद्गलपरिणामः। (मूला. वृ. १२–३)। १२. ज्ञानावरणाद्यष्टकर्मणां तत्तद्योग्यपुद्गलद्रव्यस्वीकार प्रकृतिबन्धः। (नि. सा. वृ. १–४०)। १३. रस. स्नेहोऽनुभाग इत्येकार्थ., तस्य प्रकृति स्वभावः, अविशेषिताऽविवक्षिता रसप्रकृतिः, उपलक्षणत्वात् स्थित्यादयोऽपि यस्मिन्नविवक्षिता स बन्धोऽविशेषितरसप्रकृति प्रकृतिबन्धो ज्ञातव्य.। (कर्मप्र. मलय. वृ. १–२४, पृ. ६६)। १४. ज्ञानावरणाद्यात्मा प्रकृतिः ×× ×। (अन. ध. २–३९)। १५. यः पुनस्तत्समुदाय—स्थित्यनुभाग-प्रदेशसमुदाय—स प्रकृतिबन्ध। (पंचस. मलय. वृ. बं. क. ४०; कर्मवि दे. स्वो वृ. २; शतक. दे. स्वो. वृ. २१)। १६. प्रकृतिः समुदाय. स्यात् ××× । (कर्मवि. दे. स्वो. वृ. २, उद्.; शतक. दे. स्वो. वृ. २१ उद्.)। १७. प्रकृतिस्तत्स्वभावात्मा ××× । (पञ्चाध्यायी २–९३३)।

१ तीव्र-मन्द अथवा शुभाशुभरूप विशेषता से रहित रस की प्रकृति—अनुभाग के स्वभाव को—प्रकृतिबन्ध कहते हैं। ५ प्रकृति नाम स्वभाव का है, जैसे नीम की प्रकृति तिक्तता अथवा गुड़ की प्रकृति मधुरता। इस प्रकार ज्ञानावरणादि कर्मों की जो ज्ञानादि के आवरणरूप प्रकृति है उसे प्रकृतिबन्ध कहा जाता है।

प्रकृतिमरण—एवमेकस्यायुष्कर्मण एकैव प्रकृतिरुदेत्येकस्यात्मनस्तस्मादेकैकायुष्कप्रकृतिगलनरूपमिव मृतिमुपैति। तदेतत्प्रकृतिमरणम्। (भ. आ. विजयो. २५, पृ. ८६)।

एक जीव के एक ही आयुकर्म की प्रकृति उदय को प्राप्त होती है। इसी से जीव एक आयुकर्म की प्रकृति के गलनेरूप मृत्यु को प्राप्त होता है। यही प्रकृतिमरण है।

प्रकृतिमोक्ष—जा पयडी णिज्जरिज्जदि अण्णपयडि वा संकामिज्जदि एसो पयडिमोक्खो णाम। (धव. पु. १६, पृ ३३७)।

जो प्रकृति निर्जीर्ण होती है अथवा अन्य प्रकृतिरूप परिणत होती है, इसका नाम प्रकृतिमोक्ष है।

प्रकृतिसंक्रम—१. जा पयडी अण्णपयडिं णिज्जदि एसो पयडिसंकमो। (धव. पु. १६, पृ. ३४०)। २ एकस्यां प्रकृतावेका सक्रामति यदा तदा प्रकृतिसंक्रम. प्रकृतिप्रतिग्रहता चेति। (पंचसं. च. स्वो. वृ. सं. क. ४)। ३. यां प्रकृतिं बध्नाति जीवः तदनुभावेन प्रकृत्यन्तरस्थं दलिकं वीर्यविशेषेण यत्परिणमयति स सङ्क्रम.। (स्थाना. अभय. वृ. ४, २, २९६)। ४. तत्र यदा एका प्रतिरेकस्यां प्रकृतौ सक्रामति यथा सातमसाते, असातं वा साते, तदा या संक्रामति सा प्रकृतिसंक्रम। (पंचसं. मलय. वृ. सं क. ४); पतद्ग्रहरूपतापादनं प्रकृतिसंक्रम। (पंचसं. मलय वृ. सं. क. ३३)।

१ जो प्रकृति अन्य प्रकृतिरूपता को प्राप्त करायी जाती है, यह प्रकृतिसंक्रम कहलाता है। ४ जब एक प्रकृति अन्य एक प्रकृति में संक्रमण को प्राप्त होती है—जैसे साता असाता में अथवा असाता साता में, इत्यादि—तब जो संक्रान्त होती है उसे प्रकृतिसंक्रम कहा जाता है।

प्रकृतिस्थान— द्वि-त्रादीनां प्रकृतीनां समुदायः प्रकृतिस्थानम्। (पंचसं मलय. वृ. सं. क ४)।

दो तीन आदि प्रकृतियों के समुदाय को प्रकृतिस्थान कहते हैं।

प्रकृतिस्थानपतद्ग्रह—यदा तु प्रभूतासु प्रकृतिस्वेका संक्रामति, यथा मिथ्यात्व सम्यक्त्व-सम्यग्मिथ्यात्वयो., तदा प्रकृतिस्थानपतद्ग्रहः। (पंचसं. मलय. वृ. सं. क. ४)।

जब बहुत सी प्रकृतियों में एक प्रकृति संक्रमण को प्राप्त होती है, जैसे सम्यक्त्व व सम्यग्मिथ्यात्व में एक मिथ्यात्व प्रकृति, तब वह प्रकृतिस्थानपतद्ग्रह कहलाता है।

प्रकृतिस्थानसंक्रम—तत्र यदा प्रभूता प्रकृतय एकस्या सक्रामन्ति, यथा यशःकीर्तावेकस्या शेषा नामप्रकृतयः, तदा प्रकृतिस्थानसंक्रमः। (पंचसं. मलय. वृ. सं. क. ४)।

जब एक प्रकृति में बहुत सी प्रकृतियां संक्रमण को प्राप्त होती हैं, जैसे एक यशःकीर्ति में शेष नाम कर्मप्रकृतियां, तब वह प्रकृतिस्थानसंक्रम कहलाता है।

प्रकृत्यन्तरनयनसंक्रम—१. यत्पुनः सङ्क्रमप्रकृतिस्थितिसमयस्था कर्मपरमाणव प्रतिग्रहप्रकृतौ सङ्क्रमप्रकृतितुल्यासु स्थितिषु नीत्वा निवेश्यन्त इत्येषः प्रकृत्यन्तरनयनसंक्रमः। (पंचसं. स्वो वृ. सं, क. ३५, पृ. १५४)। २. विवक्षिताया प्रकृते समाकृष्य प्रकृत्यन्तरे नीत्वा निवेशनं प्रकृत्यन्तरनयनसंक्रमः। (पंचसं. मलय. वृ सं क. ५२)।

१ संक्रमप्रकृति सम्बन्धी स्थिति के समयों में अवस्थित कर्मपरमाणुओं को प्रतिग्रहप्रकृति में संक्रमप्रकृति की समान स्थितियों में ले जाकर जो रखा जाता है, इसका नाम प्रकृत्यन्तरनयनसंक्रम है। २ विवक्षित प्रकृति के रस को उससे खींचकर व अन्य प्रकृति में ले जाकर रखना, इसका नाम प्रकृत्यन्तरनयनसंक्रम है।

प्रकृत्यर्थता—पयडी सील सहावो इच्चेयट्ठो। अट्ठो पयोजण, तस्स भावो अट्ठदा, पयडीए अट्ठदा पयडिअट्ठदा। (धव. पु १२, पृ. ४७८)।

प्रकृति, शील और स्वभाव ये समानार्थक शब्द हैं। अर्थ से प्रयोजन का अभिप्राय रहा है। इस प्रकार प्रकृति की अर्थता को प्रकृत्यर्थता कहते हैं।

प्रक्षेपक—यत्पुनर्मुखे प्रवेशन स प्रक्षेपक। (बृहत्क क्षे वृ. ६८)।

लटकते हुए पत्र-पुष्पादि के मुख में रखने का नाम प्रक्षेपक है।

प्रक्षेपाहार—१. पक्खेवाहारो पुण कावलिओ होइ नायव्वो। (सूत्रकृ. नि २, ३, १७१; बृहत्सं. १६७)। २ प्रक्षेपाहारस्तु कावलिक। (त. भा हरि. व सिद्ध वृ. ५–२०)। ३. प्रक्षेपाहारः ओदनादिकवल-पानाभ्यवहारलक्षण। (त भा. सिद्ध वृ २–३१)। ४. प्रक्षेपेण कवलादेराहारः प्रक्षेपाहार, प्रक्षेपाहारस्तु कावलिक., कवलप्रक्षेपनिष्पादित इति ज्ञातव्यो भवति। (सूत्रकृ. नि. शी. वृ. २, ३, १७०)। ५. प्रक्षिप्यतेऽर्थात् मुखे इति प्रक्षेप, स चासावाहारश्च प्रक्षेपाहार, ×××कावलिकमुखप्रक्षेपाहार। (प्रज्ञाप. मलय. वृ. २८–३०६)। ६. प्रक्षेपाहार. पुन. कावलिको मुखे कवलप्रक्षेपरूपो भवति ज्ञातव्य.। (बृहत्सं. मलय. वृ १६७)। ७. यः पुनराहारः कावलिक कवलैर्निष्पन्नो भवति, स मुखे कवलादे प्रक्षेपात् प्रक्षेपाहारो ज्ञातव्यः। (संग्रहणी दे. वृ. १४०)।

१ कवल या ग्रासरूप आहार को प्रक्षेपाहार कहा जाता है, कारण कि उसे उठाकर मुख में रखना पड़ता है।

प्रचला—१. या क्रिया आत्मानं प्रचलयति सा प्रचला शोक-श्रम-मदादिप्रभवा आसीनस्यापि नेत्र-गात्रविक्रियासूचिका। (त. सि. ८–७)। २. पयला होइ ठियस्सा ××× ॥ (बृहत्क. २४००)। ३. किंचिदुन्मिषितो जीव स्वपित्येव मुहुर्मुहुः। ईषदीषद्विजानाति प्रचलालक्षणं हि तत् ॥ (वरांगच. ४–५४)। ४. **प्रचलयत्यात्मानमिति प्रचला**। या क्रिया आत्मान प्रचलयति सा प्रचलेत्युच्यते। ××× सा पुनः शोक-श्रम-मदादिप्रभवा विनिवृत्तेन्द्रियव्यापारस्यान्त.प्रीतिलवमात्रहेतु आसीनस्यापि नेत्र-गात्रविक्रियासूचिता। (त. वा. ८, ७, ४)। ५. पयलाए तिव्वोदएण वालुवाए भरियाइ व लोयणाइ होंति, गरुवभारोड्ढव्वं व सीस होदि, पुणो पुणो लोयणाइ उम्मिल्ल-णिमिल्लण कुणति, णिद्दाभरेण पडंतो लहु अप्पाणं साहारेदि, मणा मणा कपदि, सचेयणो सुवदि। (धव. पु. ६, पृ ३२); जिस्से पयडीए उदएण अद्धसुत्तस्स सीस मणा मणा चलदि सा पयला णाम। (धव. पु. १३, पृ. ३५४)। ६. श्रमादिप्रभवात्मान प्रचला प्रचलयत्यलम्। (ह. पु. ५८–२२८)। ७ या स्थितस्याप्येति प्रनिबोधविघातेन सा प्रचला। (पचसं. च स्वो. वृ. ३–४, पृ. ११०)। ८. उपविष्ट ऊर्ध्वस्थितो वा प्रचलति विघूर्णयत्यस्या स्वापावस्थायामिति प्रचला। (शतक मल. हेम. वृ ३८)। ९. उपविष्ट ऊर्ध्वस्थितो वा प्रचलति घूर्णते यस्या स्वपावस्थाया सा प्रचला। तद्विपाकवेद्या कर्मप्रकृतिरपि प्रचला। (पंचसं. मलय. वृ. ३–४, पृ. ११०; सप्ततिं. मलय. वृ. ६)। १०. तथा उपविष्ट ऊर्ध्वंस्थितो वा प्रचलयति घूर्णयति यस्या स्वापावस्थाया सा प्रचला, तद्विपाकवेद्या कर्मप्रकृतिरपि प्रचला। (प्रज्ञाप. मलय. वृ. २९३, पृ. ४६७)। ११. ऊर्ध्वस्थितस्यापि या पुनश्चैतन्यमस्फुटीकुर्वती समुपजायते निद्रा सा प्रचला। (जीवाजी मलय. वृ. ८९)। १२. उपविष्ट ऊर्ध्वस्थितो वा प्रचलति यस्या स्वापावस्थायां सा प्रचला, सा हि उपविष्टस्य ऊर्ध्वस्थितस्य वा स्वप्नुर्भवति। (धर्मसं. मलय. वृ. ६१०)। १३. उपविष्ट ऊर्ध्वस्थितो वा प्रचलत्यस्यां स्वप्ता स्वापाव-

स्थायामिति प्रचला, सा ह्युपविष्टस्योर्ध्वस्थितस्य वा घूर्णमानस्य स्वप्तुर्भवति, तथाविधविपाकवेद्या कर्मप्रकृतिः प्रचलेति तथैव। (**कर्मस्त. गो. वृ. ६, पृ. ८३**)। १४. या क्रियात्मान प्रचलयति घूर्णयति सा प्रचला, प्रचलाख्यदर्शनावरणकर्मविशेषविपाकवशस्य जीवस्यासीनस्यापि शोक-श्रम-मदादिप्रभवो नेत्र-गात्रविक्रियासूचितः स्वापपरिणामः। (**भ. आ. मूला. २०६४**)। १५. पयला ठिओवविट्ठस्स ×× × ॥ (**कर्मवि. वे. ११**); प्रचलति विघूर्णते यस्या स्वापावस्थायां प्राणी सा प्रचला, सा च स्थितस्योर्ध्वस्थानेन उपविष्टस्य आसीनस्य भवति, तद्विपाकवेद्या कर्मप्रकृतिरपि प्रचला। (**कर्मवि. वे. स्वो. वृ ११**)। १६ स्थितो नाम उपविष्ट ऊर्ध्वस्थितो वा, तस्य या स्वापावस्था सा प्रचला। (**बृहत्क. क्षे. वृ. २४००**)। १७. यदुदयात् या क्रिया आत्मान प्रचलयति तत्प्रचलादर्शनावरणमिति। (**गो. क. जी. प्र. ३३**)। १८. यत्कर्म आत्मानं प्रचलयति सा प्रचलेत्युच्यते। प्रचलावान् पुमान् उपविष्टोऽपि स्वपिति, शोक-श्रम-मद-खेदादिभिः प्रचला उत्पद्यते, सा नेत्र-गात्रविक्रियाभि सूच्यते। (**त. वृत्ति श्रुत. ८–७**)। १६. उपविष्ट ऊर्ध्वस्थितो वा प्रचलति घूर्णते यस्यां स्वापावस्थाया सा प्रचला। (**कर्मप्र. यशो. वृ. १, पृ. ४**)।

१ जो क्रिया जीव को चलायमान करती है, उसे प्रचला (निद्राविशेष) कहा जाता है। वह शोक, थकावट एवं मद आदि से उत्पन्न होती हुई बैठे हुए जीव के भी आ जाती है तथा नेत्र व शरीर के विकार की सूचक है या उनके द्वारा सूचित होती है। ५ प्रचला के तीव्र उदय से नेत्र बालु से भरे हुए के समान प्रतीत होते हैं, शिर भारी बोझ से आक्रान्त सा हो जाता है, नेत्र बार-बार खुलते और मिचते हैं तथा नींद के भार से गिरते हुए अपने को संभाल लेता है। ७ बैठे-बैठे या खड़े-खड़े भी जो विशेष जाति की नींद आकर बोध का विघात करती है वह प्रचला कहलाती है।

प्रचला-प्रचला—१. सैव पुनः पुनरावर्तमाना प्रचलाप्रचला। (**स. सि. ८–७**)। २. ××× पयलापयला य (कर्मवि. 'उ') चंकमओ॥ (**बृहत्क. २४००; कर्मवि. वे. स्वो. वृ. ११**)। ३. स्यन्दते मुखतो लाला तनुं चालयते मुहुः। शिरो नमयते-ऽत्यर्थं प्रचलाप्रचलाक्रमः॥ (**वरांगच. ४–५१**)। ४. **पौनःपुन्येन संवाहिता वृत्तिः प्रचलाप्रचला**। सैव प्रचला पुनः पुनरावर्तमाना प्रचलाप्रचलेत्युच्यते। (**त. वा. ८, ७, ५**)। ५. पयलापयलाए तिव्वोदएण वइट्ठओ वा उब्भवो वा मुहेण गलमाणलालो पुणो पुणो कंपमाणसरीर-सिरो णिब्भरं सुवदि। (**धव. पु. ६, पृ. ३१–३२**); जिस्से उदएण ट्ठियो णिसण्णो वा सोवदि, गहगहियो व सीस धुणदि, वायाहयलया व चदुसु वि दिसासु लोट्टदि सा पयलापयला णाम। (**धव. पु. १३, पृ. ३५४**)। ६. सा (प्रचला) पुन पुनरावृत्ता प्रचलाप्रचलाभिधा। (**ह. पु. ५८–२२८**)। ७. एवं या भ्रमतोऽप्येति सा प्रचलाप्रचला। (**पंचसं. स्वो. वृ. ३–४**)। ८. प्रचलातिशायिनी प्रचला प्रचलाप्रचला, सा हि चक्रमणादि कुर्वत. स्वप्नुर्भवति इति। स्थानस्थितस्वप्तृप्रभवां प्रचलामपेक्ष्यास्या अतिशायिनीत्वम्, तद्विपाकवेद्या कर्मप्रकृतिरपि प्रचलाप्रचला। (**शतक. मल. हेम. वृ. ३८, पृ. ४५; कर्मस्त. गो वृ. ६, पृ ८३**)। ९. प्रचलातोऽतिशायिनी प्रचलाप्रचला ××× सा हि चक्रमणादिकमपि कुर्वतः उदयमधिगच्छति, ततः स्थानस्थितस्वप्तृप्रभवप्रचलापेक्षया तस्या अतिशायिनीत्वम्। (**प्रज्ञाप. मलय. वृ. २९३, पृ ४६७**)। १०. प्रचलातोऽभिहितस्वरूपाया अतिशायिनी प्रचला प्रचलाप्रचला, सा पुनरध्वानमपि गच्छतो भवति। (**धर्मसं. मलय. वृ. ६१०**)। ११. तथा प्रचलातोऽतिशायिनी प्रचला प्रचलाप्रचला, ××× एषा हि चंक्रमणमपि कुर्वत उपतिष्ठते (पचस. 'उदयमधिगच्छति') तथा स्थानस्थितस्वप्तृभवप्रचलापेक्षया अस्या अतिशायिनीत्वम्, तद्विपाकवेद्या कर्मप्रकृतिरपि प्रचलाप्रचला। (**सप्तति. मलय. वृ. ६; पंचसं. मलय. वृ. ३–४, पृ. ११०; कर्मवि. वे. स्वो. वृ. ११, पृ. २८**)। १२. या तु चंक्रमतः गतिपरिणतस्य निद्रा सा प्रचलाप्रचला। (**बृहत्क. क्षे. वृ. २४००**)। १३. प्रचलेव पुनः पुनरावर्तमाना प्रचलाप्रचला चक्रमणस्यापि आत्मनः प्रचलाप्रचलाख्यदर्शनावरणकर्मविकल्पविपाकवशाज्जायते। (**भ. आ. मूला. २०६४**)। १४. यदुदयात् या क्रिया आत्मानं पुनः पुनः प्रचलयति तत्प्रचलाप्रचलादर्शनावरणम्। शोक-श्रम-मदादिप्रभवा आसीनस्यापि नेत्र-गात्रविक्रियासूचिका, सैव पुनः पुनरावर्तमाना प्रचला-

प्रचलेत्यर्थः। (गो. क. जी. प्र. ३३)। १५. प्रचलावान् पुमान् उपविष्टोऽपि स्वपिति शोक-श्रम-मद-स्वेदादिभिः प्रचला उत्पद्यते, सा नेत्र-गात्रविक्रियाभिः सूच्यते, प्रचलैव पुनः पुनरागच्छन्तीति प्रचलाप्रचला। (त. वृत्ति श्रुत. ८–७)। १६. प्रचलातोऽतिशायिनी प्रचलाप्रचला, इयं हि चंक्रमणादिकुर्वतोऽप्युदयमागच्छतीति प्रचलातोऽस्या अतिशायिनीत्वम्। (कर्मप्र. यशो. वृ. १, पृ. ४)।

१ बार बार प्रचला के आवर्तन का नाम प्रचला-प्रचला है। २ चलते चलते भी जो विशेष जाति की निद्रा आती है उसे प्रचलाप्रचला कहते हैं।

प्रच्छना—देखो पृच्छना। १. संशयच्छेदाय निश्चितबलाधानाय वा परानुयोगः प्रच्छना। (त. सि. ९–२५)। २. सन्देहनिवृत्तये निश्चितबलाधानाय वा सूत्रार्थविषयः प्रश्नः। (भ. आ विजयो १०४); प्रश्नो हि ग्रन्थेऽर्थे वा सशयच्छेदाय इत्थमेवैतदिति निश्चितार्थबलाधानाय वा पृच्छनम्। (भ. आ. विजयो. १३९)। ३. तत्संशयापनोदाय तन्निश्चयबलाय वा। परं प्रत्यनुयोगाय प्रच्छना तद्विदुर्जिनाः॥ (त. सा. ७–१८)। ४. प्रच्छना सशयोच्छित्त्यै प्रश्नः सप्रश्रयो मुनेः। स्वोन्नत्याख्यापनार्थं वा प्रहासोद्धर्षवर्जितः॥ (आचा. सा ४, ६०)। ५. प्रच्छनं ग्रन्थार्थयोः सन्देहच्छेदाय निश्चितबलाधानाय वा परानुयोगः। (योगशा. स्वो. विव. ४–६०)। ६. प्रच्छनं सशयोच्छित्त्यै निश्चितदृढनाय वा। प्रश्नोऽधीतिप्रवृत्यर्थत्वादधीतिरसावपि। (अन. ध. ७–८४)। ७. सशयच्छेदाय निश्चितबलाधानाय वा ग्रन्थार्थोभयस्य परं प्रत्यनुयोग. आत्मोन्नतिपरातिसन्धानोपहासादिवर्जितः प्रच्छना। (भाव-प्रा टी. ७८)।

१ संशय के दूर करने तथा निश्चित अर्थ के दृढ़ करने के लिए जो दूसरे विद्वान् से प्रश्न किया जाता है, इसे प्रच्छन या प्रच्छना कहा जाता है।

प्रच्छन्नदोष—१. इय पच्छण्णं पुच्छिय साधू जो कुणइ अप्पणो सुद्धिं। तो सो जिणेहिं वुत्तो छट्ठो आलोयणादोसो॥ (भ. आ. ५८६)। २. प्रच्छन्न व्याजेन दोषकथनं कृत्वा स्वतः प्रायश्चित्तं यः करोति तस्य षष्ठं प्रच्छन्नं नामालोचनदोषजातं भवति। (मूला. वृ. ११–१५)।

१ जो साधु गुप्तरूप से पूछ कर अपने अपराध की शुद्धि करता है उसके आलोचना का छठा दोष उत्पन्न होता है।

प्रजननपुरुष—प्रजन्यतेऽपत्यं येन तत्प्रजननं शिश्नं लिङ्गम्, तत्प्रधानः पुरुषः, अपरपुरुषकार्यरहितत्वात् प्रजननपुरुषः। (सूत्रकृ. नि. शी. वृ. १, ४, ५५, पृ. १०३)।

जिसके द्वारा सन्तान उत्पन्न की जाती है उस पुरुषेन्द्रिय का नाम प्रजनन है, प्रजनन की प्रधानता वाले पुरुष को प्रजननपुरुष कहा जाता है। अभिप्राय यह है कि जो पुरुषोचित अन्य कार्य को न करके केवल सन्तान को उत्पन्न करता है उसे प्रजननपुरुष समझना चाहिए।

प्रज्ञा—देखो प्रज्ञापरीषह। १. प्रज्ञायते अनया प्रज्ञा, प्रगता ज्ञा प्रज्ञा। (उत्तरा. चू. २, पृ. ८२)। २. प्रज्ञान प्रज्ञा, विशिष्टतरक्षयोपशमाहितप्रभूतवस्तुगतयथावस्थितधर्मालोचनरूपा मतिरेव। (विशेषा. को. वृ. ३९७, पृ. १५३)। ३ प्रज्ञान प्रज्ञा विशिष्टक्षयोपशमजन्या, प्रभूतवस्तुगतयथावस्थितधर्मालोचनरूपा मतिरित्यर्थः। (आव. नि. हरि व मलय. वृ. १२)। ४. अदिट्ठ-अस्सुदेसु अट्ठेसु णाणुप्पायणजोगत्त पण्णा णाम। ××× णाणहेदुजीवसत्ती गुरूवएसणिरवेक्खा पण्णा णाम। (धव. पु. ९, पृ. ८३–८४)। ५. ऊहापोहात्मिका प्रज्ञा। (अन. ध. ३–३)।

१ जिसके द्वारा जाना जाता है उसे अथवा प्रकर्षप्राप्त ज्ञान को प्रज्ञा कहते हैं। २ विशिष्ट क्षयोपशम के आश्रय से प्रचुर वस्तुगत यथावस्थित धर्मों के आलोचनरूप जो बुद्धि उत्पन्न होती है उसका नाम प्रज्ञा है। ४ नहीं देखे-सुने गये पदार्थों के विषय में जो ज्ञान के उत्पादन की योग्यता होती है उसे प्रज्ञा कहा जाता है।

प्रज्ञापक—चारित्रस्य प्रवर्तकः प्रज्ञापक उच्यते। (व्यव. मलय. वृ. १०–३४६)।

चारित्र के प्रवर्तक को प्रज्ञापक कहा जाता है।

प्रज्ञापना—देखो प्रज्ञापनी। १. जीवादीनां प्रज्ञापनं प्रज्ञापना। (नन्दी. हरि. वृ. पृ. ९०)। २. प्रकर्षेण निःशेषकुतीर्थितीर्थकरासाध्येन यथावस्थितस्वरूपनिरूपणलक्षणेन, ज्ञाप्यन्ते—शिष्यबुद्धावारोप्यन्ते, जीवादयः पदार्था अनयेति प्रज्ञापना, इयं च समवायाख्यस्य चतुर्थाङ्गस्योपाङ्गम्। (प्रज्ञाप.

मलय. वृ. पृ. १); प्रज्ञाप्यन्ते प्ररूप्यन्ते जीवादयो भावा अनया शब्दसंहत्या इति प्रज्ञापना। (प्रज्ञाप. मलय. वृ. भा. २)।

१ जीवादि पदार्थों के ज्ञापन कराने को प्रज्ञापना कहते हैं। २ यथावस्थित वस्तुस्वरूप के निरूपक जिस श्रुत के द्वारा जीवादि पदार्थों को शिष्य की बुद्धि में आरोपित किया जाता है उसका नाम प्रज्ञापना है। वह समवायांग नामक चौथे अंग का उपांग माना जाता है।

प्रज्ञापनी भाषा—१. पण्णवणी नाम धम्मकहा। सा बहून्निर्दिश्य प्रवृत्ता कैश्चिन्मनसि करणमितरैरकरण चापेक्ष्य [करणा-] करणत्वाद् द्विरूपा। (भ. आ. विजयो. ११९५)। २. मत्पृष्टं यत्तदादेश्यमिति प्रज्ञापना गुरौ। (आचा. सा. ५–८८)। ३. प्रज्ञापनी यथा तव किंचित् कथयिष्यामि। (भ. आ. मूला. ११९५)। ४. प्रज्ञापनी विनीतविनयस्य विनेयजनस्योपदेशदानम्, यथा प्राणिवधान्निवृत्ता भवन्ति, भवन्ति भवान्तरे प्राणिनो दीर्घायुष इत्यादि। (गो जी. म. प्र. व जी. प्र. २२५)।

१ धर्म की जो चर्चा की जाती है उसका नाम प्रज्ञापनी भाषा है। उसकी प्रवृत्ति बहुतों को लक्ष्य करके होती है, जिनमें से कितने ही मन में उसका निर्धारण करते हैं और कितने नहीं भी करते हैं। इससे उक्त भाषा के दो रूप हो जाते हैं। २ जो मैंने पूछा है उसके विषय में आदेश दीजिये, इस प्रकार गुरु से विज्ञापन करने का नाम प्रज्ञापनी भाषा है। ४ विनम्र शिष्य जन के लिए जो उपदेश दिया जाता है उसे प्रज्ञापनी भाषा कहा जाता है। जैसे—जो प्राणिहिंसा से निवृत्त होते हैं वे अगले जन्म में दीर्घायु होते हैं।

प्रज्ञापरीषह—देखो प्रज्ञा व प्रज्ञापरीषहजय। प्रज्ञापरीषहो नाम सो[यो]हि सति प्रज्ञाने तेण गव्वितो भवति तस्य प्रज्ञापरीषहः। प्रतिपक्षे ण प्रज्ञापरीषहो भवति। (उत्तरा. चू. २, पृ. ८२)।

विशिष्ट ज्ञान के होने पर जो उससे गर्व को प्राप्त होता है उसके प्रज्ञापरीषह होती है, इसके विपरीत जो उसका गर्व नहीं करता है उसके वह नहीं होती है।

प्रज्ञापरीषहजय—देखो प्रज्ञापरीषह। १. अङ्ग-पूर्व-प्रकीर्णकविशारदस्य शब्द-न्यायाध्यात्मनिपुणस्य मम पुरस्तादितरे भास्करप्रभाभिभूतखद्योतोद्योतवन्नितरां नावभासन्त इति विज्ञानमदनिरासः प्रज्ञापरीषहजयः प्रत्येतव्यः। (त. सि. ९–९)। २. प्रज्ञाप्रकर्षाविलेपनिरासः प्रज्ञाविजयः। अङ्ग-पूर्व-प्रकीर्णकविशारदस्य कृत्स्नग्रन्थार्थाधारिणोऽनुत्तरवादिनस्त्रिकालविषयार्थविदः शब्द-न्यायाध्यात्मनिपुणस्य मम पुरस्तादितरे भास्करप्रभाभिभूतोद्योतखद्योतवन्नितरामवभासन्त इति विज्ञानमदनिरासः प्रज्ञापरीषहजयः प्रत्येतव्यः। (त. वा. ९, ९, २६; चा. सा. पृ ५६)। ३. अजानन् वस्तु जिज्ञासुर्न मुह्येत् कर्मदोषवित्। ज्ञानिनां ज्ञानमुद्वीक्ष्य तथैवेत्यन्यथा न तु॥ (आव. नि. हरि. वृ. ९१८, पृ. ४०३, उद्. २०)। ४. प्रज्ञोत्कर्षाप[व]लेपनिरास प्रज्ञाविजयः। (त. श्लो. ९–९)। ५. प्रज्ञायतेऽनयेति प्रज्ञा बुद्ध्यतिशयः, तत्प्राप्तौ न गर्वमुद्वहत इति प्रज्ञापरीषहजयः। प्रज्ञाप्रतिपक्षेणाल्पबुद्धिकत्वेन परीषहो भवति—नाहं किञ्चिज्जाने मूर्खोऽहं सर्वपरिभूत इत्येव परितापमुपागतस्य परीषहः, तदकरणात् कर्मविपाकोऽयमिति परीषहजयः। (त. भा. सिद्ध. वृ. ९–९)। ६. प्रत्यक्षाऽऽक्रमविश्ववस्तुविषयज्ञानात्मनः स्वात्मनो गर्वं सर्वमतश्रुतज्ञ इति यः प्राप्ते परोक्षे श्रुते। सर्वस्मिन्नपि नो तनोति हृदये लज्जां स किं तामिति, प्रज्ञोत्कर्षमदापनोदनपरः प्रज्ञातिजित्तत्त्ववित्॥ (आचा. सा. ७–१८)। ७. अङ्गोपाङ्ग-पूर्व-प्रकीर्णकविशारदस्य शब्द-तर्काध्यात्मनिपुणस्य मम पुरस्तादन्ये सर्वेऽपि भास्करस्य पुरः खद्योता इव निष्प्रभा इति ज्ञानानन्दस्य[ज्ञानमदस्य]यन्निरसनं स प्रज्ञापरीषहजयः। (पंचसं मलय. वृ. ४–२२, पृ. १८९)। ८. विद्या. समस्ता यदुपज्ञमस्ता. प्रवादिनो भूपसभेषु येन। प्रज्ञोर्मिजिह्मोऽस्तु मदेभ विप्रो गरुत्मता यद्वदखाद्यमान.॥ (अन. ध. ६–१०८)। ९. अङ्गपूर्वप्रकीर्णकविशारदस्य अनुत्तरवादिनो मम पुरस्तादितरे भास्करप्रभाभिभूतोद्योतखद्योतवन्नितरामवभासन्त इति ज्ञानमदनिरासः प्रज्ञापरीषहजयः। (आरा. सा. टी. ४०)।

१ मैं अंग, पूर्व और प्रकीर्णक ग्रन्थों के रहस्य को जानता हूं तथा व्याकरण, न्याय और अध्यात्मशास्त्र में भी प्रवीण हूं; मेरे सामने दूसरे विद्वान् इस प्रकार से निःप्रभ हैं जिस प्रकार कि सूर्य के प्रकाश के आगे जुगनू; इस प्रकार के ज्ञानविषयक

अभिमान को उत्पन्न न होने देना, इसका नाम प्रज्ञापरीषहजय है। ३ जो ज्ञान का अभिलाषी होकर भी उसके प्राप्त न होने पर मोह को प्राप्त होता हुआ खिन्न नहीं होता, किन्तु कर्म का दोष समझता है; ऐसा साधु प्रज्ञापरीषहविजयी होता है।

प्रज्ञापारमित—ते खलु प्रज्ञापारमिता. पुरुषा ये कुर्वन्ति परेषां प्रतिबोधनम्। (नीतिवा. १७–६६)।
दूसरों को प्रतिबोधित करने वाले पुरुषों को प्रज्ञापारमित कहते हैं।

प्रज्ञाभावच्छेदना—मदि-सुद-ओहि-मणपज्जय-केवलणाणेहि छद्दव्वावगमो पण्णभावच्छेदणा णाम। (धव. पु. १४, पृ. ४३६)।
मति, श्रुत, अवधि, मनःपर्यय और केवलज्ञान के द्वारा छह द्रव्यों को जानना; इसका नाम प्रज्ञाभावछेदना है। यह दस प्रकार की छेदना में अन्तिम है।

प्रज्ञावशार्तमरण—तीक्ष्णा मम बुद्धि. सर्वत्राप्रतिहता इति प्रज्ञामत्तस्य मरणं प्रज्ञावशार्तमरणमुच्यते। (भ. आ. विजयो. २५)।
मेरी बुद्धि तीक्ष्ण है, उसकी गति सर्वत्र अप्रतिहत (निर्बाध) है, इस प्रकार से प्रज्ञामद से मत्त पुरुष के मरण को प्रज्ञावशार्तमरण कहते हैं।

प्रज्ञाश्रवण—देखो प्राज्ञश्रमण। १.पगडीए सुदणाणावरणाए वीरियंतरायाए। उक्कस्सक्खओवसमे उप्पज्जइ पण्णसमणद्धी॥ पण्णासमणद्धिजुदो चोद्दसपुव्वीसु विसयसुहुमत्त। सव्व हि सुदं जाणदि अक्खरमणक्खरगं वि णियमेण॥ भासति तस्स बुद्धी पण्णासमणद्धि सा च चउभेदा। (ति. प. ४, १०१७ से १०१६)। २ अतिसूक्ष्मार्थतत्त्वविचारणहेतु चतुर्दशपूर्विण एव विषयेऽनुपयुक्ते (चा. सा '—क्ते पृष्टे') अनधीतद्वादशाग-चतुर्दशपूर्वस्य प्रकृष्टश्रुतावरणवीर्यान्तरायक्षयोपशमाविर्भूतासाधारणप्रज्ञाशक्तिलाभाभिसंशय निरूपण प्रज्ञाश्रवणत्वम्। (त वा. ३, ३६, ३, पृ २०२, पं. २२–२४; चा. सा पृ ६६)। ३. प्रज्ञा एव श्रवण येषा ते प्रज्ञाश्रवणा'। ××× अदिट्ठ-अस्सुदेसु अट्ठेसु णाणुप्पायणजोग्गसं पण्णा णाम। (धव. पु. ६, पृ. ८३)।
१ श्रुतज्ञानावरण और वीर्यान्तराय कर्म का उत्कृष्ट क्षयोपशम होने पर प्रज्ञाश्रवण ऋद्धि उत्पन्न होती है। इस ऋद्धि से युक्त साधु अध्ययन के बिना भी चौदह पूर्वगत विषय की सूक्ष्मता को लिए हुए सभी श्रुत को जानता है। ३ अदृष्ट एवं अश्रुत अर्थविषयक ज्ञान उत्पन्न कराने की योग्यतारूप बुद्धि ही जिनके श्रवण (ज्ञान) होते हैं वे प्रज्ञाश्रवण कहलाते हैं।

प्रणिधान—१. प्रणिधानं विशिष्टश्चेतोधर्मः। (दशवै. नि. हरि. वृ. १–२३, पृ. २४)। २. प्रणिधानं चेतःस्वास्थ्यम्। (व्यव. भा. मलय. वृ. (पी.) १–६५, पृ. २८)।
१ चित्त के विशिष्ट—एकाग्रतारूप—धर्म को प्रणिधान कहा जाता है।

प्रणिधानयोग—प्रणिधानं चेतःस्वास्थ्यम्, तत्प्रधानयोगा. प्रणिधानयोगाः। (व्यव. भा. मलय. वृ. (पी.) १–६५, पृ. २८)।
चित्त की स्वस्थता युक्त योग प्रणिधानयोग कहलाते हैं।

प्रणिधि—प्रणिधि. व्रतापरिणतावासक्ति प्रणिधानम्। (त. भा. सिद्ध. वृ. ८–१०, पृ. १४६)।
व्रतों की अपरिणति में—उनके पालन न करने की ओर—जो आसक्ति या अरुचि होती है, उसका नाम प्रणिधि है। यह माया कषाय का नामान्तर है।

प्रणिधिमाया—प्रतिरूपद्रव्यमानकरणानि ऊनातिरिक्तमान संयोजनया द्रव्यविनाशनमिति प्रणिधिमाया। (भ. आ. विजयो. २५, पृ. ६०)।
बहुमूल्य द्रव्य में तत्सम अल्प मूल्य के द्रव्य को मिलाना, तौलने व नापने के उपकरणों (बांटों) को हीनाधिक रखना, तथा संयोग के द्वारा वस्तु को नष्ट करना; यह प्रणिधिमाया कहलाती है। यह माया के पांच भेदों में एक है।

प्रणिपातमुद्रा—जानु-हस्तोत्तमाङ्गादिसप्रणिपातेन प्रणिपातमुद्रा। (निर्वाणक. पृ. ३३)।
जानु (घुटने), हाथ और मस्तक के झुकाने को प्रणिपातमुद्रा कहते हैं।

प्रतनुकर्मा—प्रकर्षेण तनु प्रकृति-स्थिति-प्रदेशानुभावैरल्पीय. कर्म यस्यासौ प्रतनुकर्मा लघुकर्मा। (बृहत्क. क्षे. वृ. ७१४)।
जिसके प्रकृति, स्थिति, प्रदेश और अनुभाग स्वरूप

जो कर्म अतिशय हीनता को प्राप्त हुआ है वह प्रतनु-कर्मा कहलाता है।

प्रतर—१. प्रतरोऽभ्रपटलादीनाम्। (स. सि. ५, २४; त. वा. ५, २४, १४; कार्तिके. टी. २०६)। २. तद्वर्गः—तस्याः शूचिस्वरूपाया श्रेणेः वर्गः शून्या शूचिगुणनलक्षणस्तद्वर्गः (प्रतरः)। (शतक. दे. स्वो वृ. ९७)। ३. मेघपटलादीना विघटनं प्रतरम्। (त. वृत्ति श्रुत. ५-२४)।

१ मेघपटलादिकों के भेद (विघटन) का नाम प्रतर है। यह भेद के उत्कर-चूर्णादिरूप छह भेदों में पांचवां है। २ सूचिरूप श्रेणि—एक-एक आकाश-प्रदेशात्मक पंक्ति—के वर्ग को प्रतर कहते हैं।

प्रतरगतकेवलिक्षेत्र—वादरुद्धक्खेत्त घणलोगम्हि अवणिदे पदरगदकेवलिखेत्त देसूणलोगो होदि। (धव पु. ४, पृ. ५६)।

वायु से रोके गये क्षेत्र को घनलोक में से घटा देने पर शेष कुछ कम पूरा लोक प्रतर (समुद्घात)-गत केवली का क्षेत्र होता है।

प्रतरभेद—से किं तं पयराभेदे? जण्ण वंसाण वा वेत्ताण वा णलाण वा कदलीथभाण वा अब्भपडलाण वा पयरेणं भेदे भवति, से त पयरभेदे। (प्रज्ञाप. १७३, पृ. २६६)।

बांस, बेत, नड (एक प्रकार का घास), केला का स्तम्भ और मेघपटल; इन सबका जो भेद होता है उसे प्रतरभेद कहा जाता है। यह भेद के पांच भेदों में दूसरा है।

प्रतरलोक—सा (जगच्छ्रेणी) अपरया जगच्छ्रेण्याऽभ्यस्ता प्रतरलोक.। (त. वा. ३, ३८, ७)।

जगश्रेणी को दूसरी जगश्रेणी से गुणित करने पर प्रतरलोक होता है।

प्रतरसमुद्घात—पदरसमुग्घादो णाम केवलिजीव-पदेसाण वादवलयरुद्धलोगखेत्त मोत्तूण सव्वलोगा-पूरणं। (धव. पु. ४, पृ. २९)।

केवली के आत्मप्रदेश वातवलयों के द्वारा रोके गये क्षेत्र को छोड़कर जो शेष सब लोक को व्याप्त करते हैं, इसे प्रतरसमुद्घात कहा जाता है।

आरम्भ से रहित; धन, धान्य, वस्त्र, हिरण्य, शयन, आसन और छत्र इत्यादि के दूषित दान से रहित शत्रु-मित्र, प्रशंसा-निन्दा, लाभ-अलाभ और तृण-सुवर्ण इनमें रहने वाले समता भाव से सहित; आहार के निमित्त उत्तम व मध्यम एवं दरिद्र व सम्पन्न घर की अपेक्षा न करके सभी जगह ग्रहण किये जाने वाले आहार से सहित; बाह्य-अभ्यन्तर परिग्रह से रहित, मान व आशा से विहीन, राग-द्वेष से विरहित, ममता व अहंकार से रहित; स्नेह, लोभ, मोह, विकार, पाप, भय और आशा से रहित; जन्मजात (नग्न) रूप से उपलक्षित; लम्बायमान भुजाओं से संयुक्त, आयुधों से रहित, परकृत गृह में निवास से सहित, उपशम, क्षमा एवं दम—इन्द्रिय व कषायों के दमन—से युक्त, शरीरसंस्कार से रहित, मद, राग व दोष से विरहित; मूढता, आठ कर्म व मिथ्यात्व की विघातक, सम्यक्त्व से विशुद्ध, तिल-तुष मात्र परिग्रह से रहित; पशु, स्त्री, नपुंसक एवं कुशील जन के संग से रहित; विकथाओं विहीन, स्वाध्याय एवं ध्यान से युक्त, तप व व्रत एव गुणों से विशुद्ध; तथा संयम एवं सम्यक्त्व गुणों से विशुद्धि को प्राप्त ऐसी प्रव्रज्या—जिनदीक्षा—हुआ करती है। २ भावतः समस्त सावद्ययोग के परित्यागरूप विरतिपरिणाम—संयमस्वीकृति—का नाम प्रव्रज्या है।

प्रव्रज्यार्ह—प्रव्रज्यार्हः आर्यदेशोत्पन्नः १ विशिष्ट-जाति-कुलान्वितः २ क्षीणप्रायकर्ममलः ३ तत एव विमलबुद्धिः ४ दुर्लभं मानुष्यं जन्म मरणनिमित्तं सम्पदश्चपला विषयाः दुःखहेतवः सयोगे वियोगः प्रतिक्षणं मरणं दारुणो विपाकः इत्यवगतसंसारनैर्गुण्यः ५ तत एव तद्विरक्तः ६ प्रतनुकषायः ७ अल्पहास्यादिः ८ कृतज्ञः ९ विनीतः १० प्रागपि राजामात्य-पौरजनबहुमतः ११ अद्रोहकारी १२ कल्याणांगः १३ श्रद्धः १४ स्थिरः १५ समुपसम्पन्नः १६ चेति। (ध. वि. ४-३)।

जो आर्य देश में उत्पन्न हुआ हो, उत्तम कुल व जाति से युक्त हो, जिसका कर्मरूप मल क्षीण हो रहा हो, इसी से जो निर्मल बुद्धि से सहित हो; मनुष्य पर्याय दुर्लभ है, जन्म मरण का कारण है, सम्पत्ति चंचल (विनश्वर) है, विषय दुःख के कारण हैं, संयोग वियोग का अविनाभावी है, मरण (आवीचिमरण) प्रतिसमय होने वाला है, तथा विपाक भयानक है; इस प्रकार जिसने संसार की निर्गुणता को जान लिया है व इसीलिए जो उससे विरक्त हो चुका है; कषायें जिसकी कृशता को प्राप्त हो चुकी है, जिसके परिहास आदि अल्प हैं, जो उपकार का मानने वाला है, विनीत है, जो पूर्व में राजा, मंत्री एव नागरिक जनों के द्वारा बहुमान्य रहा है, द्रोह का करने वाला नहीं है, कल्याण का अंग है, श्रद्धालु है, स्थिर है, प्रारब्ध कार्य का अन्त तक निर्वाह करने वाला है, तथा जो समुपसंपन्न है—आत्मसमर्पणरूप सम्यक् आचरण द्वारा समीपता को प्राप्त हो चुका है; ऐसा महापुरुष प्रव्रज्यार्ह—मुनिदीक्षा के योग्य होता है।

प्रव्राजक—१. प्रव्राजकः—सामायिकव्रतादेरारोपयिता। (त भा. सिद्ध. वृ ९–६, पृ. २०८)। २. तत्र सामायिकव्रतादेरारोपयिता प्रव्राजकाचार्यः। (योगशा. स्वो. विव. ४–९०, पृ. ३१४)।

१ जो संयम के अभिमुख हुए किसी अन्य के सामायिकादि व्रतों का आरोपण कराता है—उनमें दीक्षित करता है—उसे प्रव्राजक—प्रव्रज्यादायक—कहते है। यह पांच प्रकार के आचार्यों में प्रथम है।

प्रशम—१. रागादीनामनुद्रेकः प्रशमः। (त. वा. १, २, ३०)। २. तत्रानन्तानुबन्धिना रागादीनां मिथ्यात्व-सम्यग्मिथ्यात्वयोश्चानुद्रेकः प्रशमः। (त. श्लो. १, २, १२, पृ ८६)। ३. यद्रागादिषु दोषेषु चित्तवृत्तिनिवर्हणम्। तं प्राहुः प्रशमं प्राज्ञाः समस्तव्रतभूषणम्॥ (उपासका. २२८)। ४. प्रशमः स्वभावत एव क्रोधादिक्रूरकषाय-विषविकारकटुफलावलोकनेन वा तन्निरोधः। (अ. वि. मू. वृ. ३–७)। ५. प्रशमो रागादीनां विगमोऽनन्तानुबन्धिना × × ×। (अम. ध. २–५२)। ६. रागादिदोषेभ्यश्चेतोनिवर्तनं प्रशमः। (त. वृत्ति श्रुत. १–२)। ७. प्रशमो विशयेषूच्चैर्भावक्रोधादिकेषु च। लोकासख्यातमात्रेषु स्वरूपाच्छिथिलं मनः॥ (लाटीसं. ३–७१; पंचाध्या. २–४२६)। ८. प्रशमः कषायाभावः। (ज्ञा. सा. वृ. २७–३, पृ. ९०)।

१ रागादि दोषों की तीव्रता के अभाव का नाम प्रशम है।

प्रशस्त करणोपशामना—१. जा सा सव्वकरणोव-

सामणा तिस्से वि दुवे णामाणि सव्वकरणोवसामणा-त्ति वि पसत्थकरणोवसामणा त्ति वि। (क. पा. चू. पृ. ७०८)। २. सव्वकरणुवसामणाए अण्णाणि दुवे णामाणि गुणोवसामणा त्ति च पसत्थुवसामणा त्ति च (धव. पु. १५, पृ. २७५)।

२ सर्वकरणोपशामना को ही प्रशस्त करणोपशामना कहते हैं। अर्थात् प्रशस्त परिणामों के द्वारा उदीरणादि आठों करणों के उपशान्त होने को प्रशस्त करणोपशामना कहते हैं।

प्रशस्त ध्यान—पुण्याशयवशाज्जात शुद्धलेश्यावलम्बनात्। चिन्तनाद्वस्तुतत्त्वस्य प्रशस्त ध्यानमुच्यते॥ (ज्ञाना ३–२६, पृ. ६६); अस्तरागो मुनिर्यत्र वस्तुतत्त्वं विचिन्तयेत्। तत् प्रशस्तं मत ध्यानं सूरिभिः क्षीणकल्मषैः॥ (ज्ञाना. २५–१८, पृ. २५६)।

पुण्य आशय—शुभ उपयोग—के वश शुद्ध लेश्या के आलम्बन से वस्तुतत्त्व के चिन्तन करने को प्रशस्त ध्यान कहते हैं।

प्रशस्त निदान—१. सजमहेदुं पुरिसत्त-सत्त-बल-वीरिय-संघदणबुद्धी। सावय-बंधुकुलादीणि णिदाणं होदि हु पसत्थ॥ (भ. आ. १२१६)। २. परिपूर्ण सयममाराधयितुकामस्य जन्मान्तरे पुरुषादिप्रार्थना प्रशस्त निदानम्। (भ. आ. विजयो. २५); एतानि पुरुषत्वादीनि संयमसाधनानि मम स्युरिति चित्तप्रणिधान प्रशस्तनिदानम्, सावयबंधुकुलादिनिदानं अदरिद्रकुले बन्धुकुले वा उत्पत्तिप्रार्थना प्रशस्तनिदानम्। (भ. आ. विजयो. १२१६)।

१ सयम के हेतुभूत मनुष्य पर्याय, सत्त्व (उत्साह), बल (शारीरिक), वीर्य और संहनन; इनकी प्रार्थना करना तथा श्रावककुल व बन्धुकुल में उत्पन्न होने की प्रार्थना करना, यह प्रशस्त निदान कहलाता है।

प्रशस्त निस्सरणतैजस—देखो तैजस व तैजससमुद्घात। ज त पसत्थ त पि एरिस (बारहजोयणायाम णवजोयणवित्थर सूचिअगुलस्स सखेज्जदिभागबाहल्ल) चेव। णवरि हसधवलं दक्खिणंससभव अणुकपाणिमित्त मारिरोगादिपसमणक्खमं। (धव. पु. ४, पृ. २८); अणुकंपादो दक्खिणंसविणिग्गय डमरमारीदिपसमक्खमं दोसयरहिदं सेदवण्णं णव-बारहजोयणरुंदायाम पसत्थं णाम तेयासरीरं। (धव. पु ७, पृ. ३००)।

बारह योजन आयत, नौ योजन विस्तृत, सूच्यंगुल के संख्यातवें भाग प्रमाण बाहल्य से सहित और हंस के समान धवल वर्ण वाला जो तैजस शरीर अनुकम्पावश साधु के दाहिने कन्धे से निकल कर मारी आदि रोगों के शान्त करने में समर्थ होता है उसे प्रशस्त निस्सरणतैजस कहते हैं।

प्रशस्त नोआगमभावोपक्रम—१. प्रशस्तं श्रुतादिनिमित्तमाचार्यभावोपक्रम। (व्यव. भा. मलय. वृ. १, पृ. २)। २. परश्च (प्रशस्तः) श्रुतादिनिमित्तमाचार्यभावावधारणरूप। (जम्बूद्वी शा. वृ. पृ. ६)।

१ श्रुत आदि के निमित्त आचार्यत्व के निर्धारण को प्रशस्त नोआगमभावोपक्रम कहते हैं।

प्रशस्त प्रभावना—तित्थयर-पवयण-निव्वाणमग्ग-पभावणा पसत्था। (जीतक. चू २८, पृ. १३)।

तीर्थंकर, प्रवचन और मोक्षमार्ग के प्रभाव को प्रगट करना; इसे प्रशस्त प्रभावना कहा जाता है।

प्रशस्त भावपिण्ड—मुच्चइ य जेण सो उण पसत्थओ नवरि विन्नेओ। (पिण्डनि. ६४)।

जिसके आश्रय से जीव कर्म से छुटकारा पाता है उसे प्रशस्त भावपिण्ड कहते हैं। वह क्रमशः एक-दो आदि के भेद से दस प्रकार का है। यथा—एक संयम, दो ज्ञान व चारित्र, तीन ज्ञान, दर्शन व चारित्र; इत्यादि के क्रम से दस—उत्तम क्षमा-मार्दवादि।

प्रशस्त भावयोग— ×××सम्मत्ताई पसत्थ ××× (आव नि. १०३८)।

सम्यग्दर्शनादिरूप उत्तम भावों को प्रशस्त भावयोग कहते हैं।

प्रशस्त भावसंयोग—नाणेण नाणी दसणेणं दंसणी चरित्तेण चरित्ती, से तं पसत्थे। (अनुयो सू. १३०, पृ. १४४)।

ज्ञान के संयोग से ज्ञानी, दर्शन के संयोग से दर्शनी और चारित्र के संयोग से चारित्री इत्यादि प्रशस्त भावसंयोग पद कहलाते हैं।

प्रशस्त राग—१. अरहत-सिद्ध-साहुसु भत्ती धम्मम्मि जा य खलु चेट्ठा। अणुगमणं पि गुरूणं पसत्थरागो त्ति वुच्चंति॥ (पंचा. का. १३६)। २ अरहंतेसु य राओ ववगदरागेसु दोसरहिएसु।

धम्मम्मि य जो राओ सुदे य जो बारसविधम्मि ॥ आयरिएसु य राओ समणेसु य बहुसुदे चरित्तड्ढे। एसो पसत्थराओ हवदि सरागेसु सव्वेसु ॥ (मूला. ७, ७३–७४)। ३ प्रशस्तस्त्वर्हदादिविषय:। यथोक्तम्—अरहंतेसु य रागो रागो साहूसु बभयारीसु। एस पसत्थो रागो अज्जसरागाण साहूण ॥ (आव. नि. हरि. वृ. ६१८, पृ. ३८६)। ४. प्रशस्तरागो नाम पचगुरुषु प्रवचने च वर्तमानस्तद्गुणानुरागात्मक.। (भ. आ. विजयो. ५१)। ५. रागो यस्य प्रशस्त.—वीतरागपरमात्मद्रव्याद्विलक्षण: पचपरमेष्ठिनिर्भरगुणानुरागरूप: प्रशस्तधर्मानुराग: ×× ×। (पचा. का जय. वृ १३५)। ६. दानशीलोपवास-गुरुजनवैयावृत्त्यादिसमुद्भव: प्रशस्तराग.। नि. सा. वृ. ६)।

१ अरहन्त, सिद्ध और साधुओं में भक्ति; धर्म में—व्यवहार धर्मानुष्ठान में—प्रवृत्ति और गुरुओं का अनुकरण; इस सब को प्रशस्त राग कहा जाता है। ३ अरहन्तों में राग, साधुओं में राग एवं ब्रह्मचारियों में राग; यह श्रेष्ठ सराग साधुओं का प्रशस्त राग कहलाता है।

प्रशस्त वात्सल्य— आयरिय-गिलाण-पाहुण-असहु-बाल-बुड्ढाईण आहारोवहिमाइणा समाहिकरणं पसत्थ। (जीतक. चू. २८, पृ १३)।

आचार्य, ग्लान, अतिथि, अशक्त, बाल और वृद्ध आदि को आहार एवं उपधि आदि के द्वारा समाहित करना—उनके संक्लेश को दूर करना—यह प्रशस्त वात्सल्य कहलाता है।

प्रशस्त विहायोगति—१. वरवृषभ-द्विरदादिप्रशस्तगतिकारणं प्रशस्तविहायोगतिनाम।(त. वा. ८, ११, १८)। २. जस्स कम्मस्स उदएण जीवाण सीह-कुजर-वसहाणं व पसत्थगई होज्ज तं पसत्थविहायगदी णाम। (धव. पु. ६, पृ. ७७)। ३. जस्सुदएण जीवो वरवसहगईए गच्छइ गइए। सा सुहिया विहगगई हंसाईण भवे सा उ ॥ (कर्मवि. ग. १२८)। ४. यस्य कर्मण उदयेन सिंह-कुजर-हंस-वृषभादीनामिव प्रशस्ता गतिर्भवति तत्प्रशस्तविहायोगतिनाम। (मूला. वृ. १२–१६५)। ५. तत्र यदुदयाज्जन्तो: प्रशस्ता विहायोगतिर्भवति, यथा हंसादीनाम्, तत्प्रशस्तविहायोगतिनाम। (सप्ततिः मलय. वृ. ५, पृ. १५३)। ६. गज-वृषभ-हंस-मयूरादिवत् प्रशस्तविहायोगतिनाम। (त. वृत्ति श्रुत. ८–११)।

१ जो कर्म उत्तम बैल व हाथी आदि की प्रशस्त गति के समान उत्तम गति (गमन) का कारण है उसे प्रशस्त विहायोगतिनामकर्म कहते हैं।

प्रशस्त स्थिरीकरण—विसीयमाणस्स चरित्ताइसु थिरीकरण पसत्थ। (जीतक. चू. गा. २८, पृ. १३)।

चारित्र आदि के विषय मे खेद को प्राप्त होने वाले प्राणी को उसमें स्थिर करना, इसे प्रशस्त स्थिरीकरण कहते हैं।

प्रशस्ता भावशीति—यैः पुनर्हेतुभिस्तेषामेव सयमादिस्थानानामुपरितनेषूपरितनेषु विशेषेष्वध्यारोहति सा प्रशस्तोच्चोपरितन एव क्रमेण भावशीतिस्तावद् द्रष्टव्य यावत् केवलज्ञानम्। (व्यव. भा. मलय. वृ. १०–४०६)।

जिन हेतुओं के द्वारा जीव संयमादिस्थानों के उपरितन उपरितन विशेष स्थानों पर आरोहण करता है इसे क्रम से प्रशस्त उपरितन भावशीति कहते हैं। उक्त आरोहणक्रम केवलज्ञान की प्राप्ति तक जानना चाहिए।

प्रशस्तेन्द्रियप्रणिधि — १ सद्देसु अ रूवेसु अ गधेसु रसेसु तह य फासेसु। न वि रज्जइ न वि दुस्सइ एसा खलु इंदियप्पणिही ॥ (दशवै. नि. २६५); त (अट्ठविह कम्म-रय) चेव खवेइ पुणो पसत्थपणिही समाउत्तो ॥ (दशवै. नि. ३०४)। २. तेसु सद्दादिसु विसएसु मणुन्नामणुन्नेसु जो रागद्दोसविणिग्गहो सो पसत्थो इदियपणिधी। (दशवै. चू. पृ. २६६); जो धम्मणिमित्तं इदियविसयपयारनिरोधो इदियविसयपत्ताणं च अत्थाण राग-दोसविणिग्गहो कसायोदयनिरोधो उदयपत्ताण कसायाणं विणिग्गहो सा पसत्था पणिधी भण्णई। (दशवै. चू. पृ. २६६)।

१ शब्द, रूप, गन्ध, रस और स्पर्श इन इष्ट व अनिष्ट इन्द्रियविषयों में राग-द्वेष नहीं करना; यह प्रशस्त इन्द्रियप्रणिधि कहलाती है। इसके आश्रय से जीव आठ प्रकार के कर्म-रज को नष्ट करता है। २ इन्द्रियों के विषयसंचार को रोकना, इन्द्रियविषयता को प्राप्त पदार्थों में राग-द्वेष नहीं करना, कषायों के उदय को रोकना, तथा उदयगत कषायों

का निग्रह करना; इसे प्रशस्त इन्द्रियप्रणिधि कहा जाता है।

प्रशस्तोपबृंहण — पसत्था साहूसु णाण-दंसण-तव-संजम-खमण-वेयावच्चाइसु अब्भुज्जयस्स उच्छाहवड्ढणं उवबूहण ॥ (जीतक चू २८, पृ १३)। साधुओं में ज्ञान, दर्शन, तप, संयम, क्षमण (उपवास) और वैयावृत्य आदि में उद्यत साधु के उत्साह के बढ़ाने को प्रशस्त उपबृंहण कहते हैं।

प्रशंसा — १. गुणोद्भावनाभिप्राय प्रशसा। (स. सि. ६–२५; त. श्लो. ६–२५); मनसा मिथ्यादृष्टेर्ज्ञान-चारित्रगुणोद्भावन प्रशसा। (स. सि. ७, २३; त. वा. ७, २३, १; चा. सा. पृ. ४)। २. ज्ञान-दर्शन-गुणविशेषोद्भावन भावत प्रशसा। (त. भा. ७–१८)। ३. गुणोद्भावनाभिप्रायः प्रशंसा। सद्भूतस्याऽसद्भूतस्य वा गुणस्योद्भावन प्रत्यभिप्रायः प्रशंसेत्युपदिश्यते। (त. वा. ६, २५, २)।

१ गुणो के प्रगट करने के अभिप्राय का नाम प्रशंसा है। २ ज्ञान व दर्शनरूप विशेष गुणों को भावतः प्रगट करना, यह प्रशंसा कहलाती है।

प्रशान्तरस — १. निद्दोसमणसमाहाणसंभवो जो पसतभावेण। अविकारलक्खणो सो रस पसतोत्ति णायव्वो ॥ (अनुयो. गा ८०, पृ १३६)। २. हिंसानृतादिदोषरहितस्य क्रोधादित्यागेन प्रशान्तस्य इन्द्रियविषयविनिवृत्तस्य स्वस्थमनस हास्यादिविकारवर्जित. अविकारलक्षण' प्रशान्तो रसो भवति। (अनुयो चू पृ ४६)। ३ निर्दोषमन समाधानसम्भव, हिंसादिदोषरहितस्य इन्द्रियविषयविनिवृत्या स्वस्थमनसो य. प्रशान्तभावेन क्रोधादित्यागेन अविकारलक्षण हास्यादिविकारवर्जित अमौ रस प्रशान्तो ज्ञातव्य.। (अनुयो हरि. वृ पृ. ७१)। ४. प्रशाम्यति क्रोधादिजनितौत्सुक्यरहितो भवत्यनेनेति प्रशान्त, परमगुरुवच श्रवणाविहेतुसमुल्लसित उपशमप्रकर्षात्मा प्रशान्तो रस। (अनुयो. गा मल. हेम वृ ६३, पृ १३५)।

१ निर्दोष—हिंसादि दोषों से रहित, मन के समाधान से—उस की विषयविमुखतारूप स्वस्थता से, होने वाले निर्विकार—हास्यादि विकारो से रहित—रसको प्रशान्तरस कहते हैं। यह क्रोधादि के परित्यागरूप शान्तभाव से उत्पन्न होता है, इसीलिए उसका प्रशान्तरस नाम सार्थक है।

प्रश्न — १. पण्हो उ होइ पसिणं जं पासइ वा सयं तु तं पसिणं। अगुट्ठछुच्चिट्ठ-पडे दप्पण-असि-तोयकुड्डाई ॥ (बृहत्क. १३११)। २. प्रश्न संशयापत्तौ असशयार्थं विद्वत्सन्निधौ स्वविवक्षासूचक वाक्यमिति। (आव. नि. हरि. वृ. ६१)। ३. नामनि निर्णीते लक्षणनिर्णयार्थं प्रश्नो भवति, लक्षणे वा निर्णीते नामनिर्ज्ञानार्थः इति। तत्र पूर्वस्मिन् 'किंलक्षणं जीवादिद्रव्यम्' इति प्रश्नः, 'उपयोगादिलक्षणम्' इति प्रतिवचनम्। अपरस्मिन् पक्षे 'उपयोगादिलक्षणः किन्नामा पदार्थः' इति प्रश्नः, 'जीवादिनामा' इत्युत्तरम्। (न्यायकु. ७–७६, पृ. ८०२)। ४. अथिजनेन शुभाशुभं पृष्टो दैवज्ञ स्वप्नादिषु तत्परिज्ञानार्थं विद्यादिदेवता यत्पृच्छति स प्रश्नः। (आव हरि. वृ. मल. हेम टि. पृ. ८३)। ५. या विद्या मन्त्रा वा विधिना जप्यमान. पृष्टा एव सन्त शुभाशुभं कथयन्ति ते प्रश्ना। (नन्दी. मलय. वृ. १५४, पृ. २३४)। ६ प्रश्न किमयमस्माभिरनुगृहीतव्यो न वेति मघमुद्दिश्य पृच्छा। (अन. ध. स्वो. टी. ७–६८)।

१ देवता आदि से पूछने को प्रश्न कहा जाता है, अथवा स्वयं व वहां पर स्थित अन्य जन भी जो देखते है उसे पसिण (प्राकृत शैली से) कहते हैं। यथा—अगूठे—कसार (क्षुद्र क्रीड़ा) आदि से भक्षित वस्त्र, दर्पण, तलवार, पानी और भित्ती आदि में अवतीर्ण देवता आदि से जो पूछा जाता है उसे प्रश्न समझना चाहिये। २ किसी पदार्थ के विषय में सन्देह के उत्पन्न होने पर उसे दूर करने के लिए विद्वान् के समीप मे अपनी विवक्षा के सूचक जिस वाक्य का उपयोग किया जाता है उसका नाम प्रश्न है। ६ इसके ऊपर हमे अनुग्रह करना चाहिये या नही, इस प्रकार सघ को लक्ष्य करके जो पूछा जाता है उसे प्रश्न कहते है। यह भक्तप्रत्याख्यान मरण का इच्छुक जिन अर्हादि लिंगों का आराधक होता है उनमें से एक है।

प्रश्नकुशल — चैत्यसयतानार्यिका श्रावकादच बालमध्यम-वृद्धादच पृष्ट्वा कृतगवेषणो याति इति प्रश्नकुशल.। (भ. आ. विजयो व मूला. टी. ४०३)। जो साधु चैत्यवासी संयतों, आर्यिकाओं, श्रावकों तथा बाल, मध्यम और वृद्धों से पूछकर निर्यापका-

कार्य के अन्वेषण के लिए जाता है वह प्रश्नकुशल कहलाता है।

प्रश्नव्याकरण--१. पण्हावागरणेसु ण अट्ठुत्तर पसिणसय अट्ठुत्तर अपसिणसय अट्ठुत्तर पसिणापसिणसय, त जहा – अगुट्ठपसिणाइ बाहुपसिणाइ अद्दागपसिणाइ अन्नेवि विचित्ता विज्जाइसया नागसुवण्णेहि सद्धि दिव्वा सवाया आघविज्जति, पण्हावागरणाण परित्ता वायणा सखेज्जा अणुओगदारा सखेज्जा वेढा सखेज्जा सिलोगा सखेज्जाओ णिज्जुत्तीओ सखेज्जाओ सगहणीओ सखेज्जाओ पडिवत्तीओ, से ण अगट्ठयाए दसमे अगे एगे सुअक्खधे पणयालीस अज्झयणा पणयालीस उद्देसणकाला पणयालीस समुद्देसणकाला सखेज्जाइ पयसहस्साइ पयग्गेण सखेज्जा अक्खरा अणता गमा अणता पज्जवा परित्ता तसा अणता थावरा सासयगडनिबद्धनिकाइया जिणपन्नत्ता भावा आघविज्जति पन्नविज्जति परूविविज्जति दसिज्जति निदसिज्जति उवदसिज्जति, से एव आया से एव नाया एव विन्नाया एव चरणकरणपरूवणा आघविज्जइ, सेत्त पण्हावागरणाइ १०। (नन्दी. सू ५४, पृ. २३४)। २. आक्षेपविक्षेपैहेतु-नयाश्रितानां प्रश्नानां व्याकरण प्रश्नव्याकरणम्, तस्मिल्लौकिक-वैदिकानामर्थानां निर्णय। (त. वा १, २०, १२)। ३ प्रश्नितस्य जीवादेर्यत्र प्रतिवचन भगवता दत्त तत्प्रश्नव्याकरणम्। (त. भा. हरि. व सिद्ध. वृ. १–२०)। ४. प्रश्न प्रतीतस्तन्निर्वचन व्याकरणम्। (नन्दी हरि वृ पृ. १०५)। ५ पण्हवायरण णाम अग तेणउदिलक्खसोलहसहस्सपदेहि ९३१६००० अक्खेवणी विक्खेवणी सवेयणी णिव्वेयणी चेदि चउव्विहाओ कहाओ वण्णेदि। (धव. पु. १, पृ. १०४), प्रश्नाना व्याकरण प्रश्नव्याकरणम्, तस्मिन् सत्रिनवतिलक्ष-षोडशपदसहस्रै ९३१६००० प्रश्नान्नष्ट-मुष्टि-चिन्तालाभालाभ-सुखदुःख-जीवितमरण - जयपराजय-नामद्रव्यायुस्सख्यानानि लौकिक-वैदिकानामर्थाना निर्णयश्च प्ररूप्यते, आक्षेपणी-विक्षेपणी-सवेदनी-निर्वेदन्यश्चेति चतस्र कथा एताश्च निरूप्यन्ते। (धव. पु ९, पृ. २०२)। ६. पण्हवायरण णाम अगं अक्खेवणी-विक्खेवणी-संवेयणी-णिव्वेयणीणामाओ चउव्विहं कहाओ पण्हादो णट्ठि-मुट्ठि-चिंता-लाहालाह-सुखदुक्ख-जीवियमरणाणि च वण्णेदि। (जयध. १, पृ १३१)। ७ षोडशसहस्र-त्रिनवतिलक्षपदपरिमाण नष्ट मुष्टचादीन् परप्रश्नानाश्रित्य यथावत्तदर्थप्रतिपादक प्रश्नाना व्याकृत प्रश्नव्याकरणम्। (सं. श्रुतभ ८, पृ १७३)। ८ प्रश्नस्य द्यूतवाक्य-नष्टमुष्टि-चिन्तादिरूपस्य अर्थ त्रिकालगोचरो धनधान्यादि लाभालाभ-सुखदुःख-जीवितमरण-जयपराजयादिरूपो व्याक्रियते व्याख्यायते यस्मिंस्तत्प्रश्नव्याकरणम्। (गो. जी जी. प्र. ३५७)। ९. नष्टमुष्टयादिकप्रश्नानामुत्तरप्रदायक षोडशसहस्राधिकत्रिनवतिलक्षपदप्रमाण प्रश्नव्याकरणम्। (त वृत्ति श्रुत. १–२०)। १०. पण्हाण वायरण अगपयाणि तियसुण्ण सोलसियं। तेणवदिलक्खसखा जत्थ जिणा वेति सुणह जणा ॥ पण्हस्स दुदवयणणट्ठमुट्ठिमरुत्थयसरूवस्स। धादुणरमूलजस्स वि अत्थो तियकालगोचरयो ॥ धणधण्णजयपराजयलाहालाहादिसुहदुह णेय। जीवियमरणत्थो वि य जत्थ कहिज्जइ सहावेण। (अगप. ५६–५८, पृ. २६८–६९)।

१ जिसमें एक सौ आठ प्रश्नों, एक सौ आठ अप्रश्नों, एक सौ आठ प्रश्नाप्रश्नों, तथा अंगुष्ठप्रश्न, बाहुप्रश्न एवं आदर्शप्रश्नरूप विचित्र विद्यातिशयों के निरूपण के साथ नागकुमार व सुवर्णकुमारों के साथ होने वाले दिव्य संवादो का भी निरूपण किया जाता है उसे प्रश्नव्याकरण (दसवा अग) कहा जाता है। २ जिस अगश्रुत मे शंका-समाधानपूर्वक हेतु और नयो के आश्रित प्रश्नो का व्याख्यान किया जाता हैं वह प्रश्नव्याकरणांग कहलाता है। इसमें लौकिक व वैदिक अर्थों का निर्णय भी किया जाता है।

प्रश्नाप्रश्न—१. पसिणापसिण सुमिणे विज्जासिट्ठं कहेइ अन्नस्स। अहवा आइक्खिणिया घटियसिट्ठ परिकहेइ ॥ (बृहत्क भा १३१२)। २. सुविणय-विज्जाकहिय आइक्खणिघटियाकहिय वा। ज सामइ अन्नेसिं पसिणापसिण हवइ एय ॥ (आव. नि. हरि. वृ. ११०७, पृ. ५१८ उद्.)। ३. अथिजनप्रश्नाद्देवताया प्रश्नः प्रश्नाप्रश्न। ××× स्वप्ने विद्यया—विद्यादेवतया—कथितं स्वप्नविद्याकथितम्, अथवा स्वप्नस्य विद्या स्वप्नविद्या, तया कथित स्वप्नविद्याकथितम्, आख्याति शुभाशुभमित्याख्यायि-

का देवताविशेषरूपा तया कर्णद्वारे वादितघण्टिका द्वारेण कथितम्, आख्यायिका देवता हि मन्त्रेणाहूता घण्टिकाद्वारेण शुभाशुभ दैवज्ञस्य कथयति, एतच्च देवताकथितं यदन्येभ्यः शिष्यते कथ्यते स प्रश्नाप्रश्न. । (आव. हरि. वृ. मल. टि. पृ. ८३) । ४. ये पृष्टा अपृष्टाश्च कथयन्ति ते प्रश्नाप्रश्ना । (नन्दी. मल. हेम. वृ. ५४, पृ. २३४) । ५. प्रश्नाप्रश्न नाम यत् स्वप्नविद्यादिभिः शिष्टस्यान्येभ्य कथनम् । (व्यव. भा. मलय. वृ. पृ. ११७) ।

१ स्वप्न में अवतीर्ण विद्या—अधिष्ठात्री देवता—के द्वारा जो कहा गया है उसे अन्य प्रश्नकर्ता के लिए कहना, अथवा शुभाशुभ का कथन करने वाली देवताविशेष के द्वारा घण्टा बजाकर जो कुछ कान में कहा गया है उसे अन्य प्रश्नकर्ता के लिये कहना, इसे प्रश्नाप्रश्न कहा जाता है ।

प्रश्वास—कोष्ठस्य वायोर्निश्वसन प्रश्वास । (योगशा. स्वो विव. ५-४) ।

उदररूप कोठे की वायु के निःश्वसन को प्रश्वास कहते हैं ।

प्रसङ्गसाधन—१. यत्र हि व्याप्याभ्युपगमो व्यापकाभ्युपगमनान्तरीयक प्रदर्श्यते प्रत्प्रसङ्गसाधनम् । (सिद्धिवि वृ. ३-६, पृ. ४३) । २. प्रसङ्गसाधन परस्येष्टधा अनिष्टापादनात् । (प्र. क. मा. पृ. ५४४) ।

१ जिस साधन में व्याप्य की स्वीकृति को व्यापक की अविनाभाविनी—व्यापक की स्वीकृति के विना न होने वाली—दिखलाया जाता है उसे प्रसंगसाधन कहते हैं । २ पर के मन्तव्य से ही जो उसे अनिष्ट का प्रसग दिया जाता है, उसे प्रसंगसाधन कहा जाता है ।

प्रसन्ना—प्रसन्ना द्राक्षादिद्रव्यजन्या मन.प्रसत्तिहेतुः । (विपाक. अभय. वृ २-१०, पृ. २३) ।

द्राक्षा (अंगूर या मुनक्का) आदि द्रव्यों से उत्पन्न होने वाली और मन को प्रसन्न करने वाली मदिरा को प्रसन्ना कहते हैं ।

प्रसेनिकाकुशील — अगुष्ठप्रसेनिका अक्षरप्रसेनी प्रदीपप्रसेनी शशिप्रसेनी सूर्यप्रसेनी स्वप्नप्रसेनीत्येवमादिभिर्जनं रंजयति यः सोऽभिधीयते प्रसेनिकाकुशीलः । (भ. आ. विजयो. १९५०) ।

अंगुष्ठप्रसेनिका, अक्षरप्रसेनिका, प्रदीपप्रसेनी, शशिप्रसेनी, सूर्यप्रसेनी और स्वप्नप्रसेनी आदि विद्याओं के द्वारा लोक को अनुरंजित करने वाले साधु को प्रसेनिकाकुशील कहते हैं ।

प्रस्थ— १. ××× पलाणि पुण अद्धतेरस उ पत्थो । (ज्योतिष्क. १६)। २. चतुःकुडवः प्रस्थः । (त. वा. ३, ३८, ३, पृ. २०६) । ३. अर्द्धत्रयोदशपलानि सार्द्धानि द्वादशपलानि प्रस्थ । (ज्योतिष्क. मलय. वृ. १६) । ४. ××× प्रस्थो द्वादशभिश्च तै. (पलै.) । (लोकप्र. २८-२५७) ।

१ साढ़े बारह पलों का एक प्रस्थ होता है । २ चार कुडव प्रमाण माप को प्रस्थ कहते हैं ।

प्रहार—प्रहारोऽस्यादिना स्वस्य प्रहारे निकटस्य वा । (अन ध. ५-५७) ।

साधु के भोजन करते समय उसके ऊपर या निकटवर्ती किसी अन्य के ऊपर तलवार आदि से आघात किये जाने पर प्रहार नाम का भोजनविषयक अन्तराय होता है ।

प्राकाम्य—१. सलिले वि य भूमीए उम्मज्ज-णिमज्जणाणि ज कुणदि । भूमीए वि य सलिले गच्छदि पाकम्मरिद्धी सा ॥ (ति प ४-१०२६)। २ अप्सु भूमाविव गमन भूमौ जल इवोन्मज्जन-निमज्जनकरण प्राकाम्यम्। (त. वा. ३, ३६, ३, पृ. २०३; चा. सा पृ ६८)। ३ कुल-सेल-मेरु-महीहर-भूमीण बाहमकाऊण तासु गमणसत्ती तवच्छरणवलेणुप्पण्णा पागम्मं णाम। (धव. पु ६,पृ. ७६); घणपुढवि-मेरु-सायराणमतो सव्वसरीरेण पवेससत्ती पागम्म णाम। (धव. पु. ६, पृ. ७६) । ४. प्राकाम्य यत्प्रचुरकामो भवति, विषयान् भोक्तु शक्नोति इत्यर्थः । (न्यायकु. १-४, पृ. १११) । ५. प्राकाम्यमप्सु भूमाविव प्रविशतो गमनशक्तिः तथा अप्स्विव भूमावुन्मज्जन-निमज्जने । (योगशा. स्वो. विव. १-८, पृ. ३७; प्रव. सारो. वृ. १५०५, पृ. ४३२) । ६. भूमाविव जलादौ सर्वत्राप्रतिहतगमनं प्रागम्यम् । न सर्वत्र गमनम् अगमः, प्रगतोऽगमो यस्मात् प्रकृष्टो वा आ समन्तात् गमो यस्मादसौ प्राममस्तस्य भावः प्रागम्यम् । (आ. योगिभ. टी. ६, पृ. १६६) । ७. प्राकाम्यवान् भुवीवाप्सु भुवि वाप्स्विव चङ्क्रमेत् ॥ (गु. गु. षट्. स्वो. वृ. ८, पृ. ३० उद्.) । ८. जले भूमाविव गमनं भूमौ जले इव मज्जनोन्मज्जनविधानं प्राकाम्यम् । अथवा जाति-क्रिया-गुण-द्रव्य-सैन्यादिकरणं

च प्राकाम्यम् । (त. वृत्ति श्रुत. ३–३६) ।

१ जिस ऋद्धि के प्रभाव से स्थल में जल के समान उन्मज्जन-निमज्जन किया जा सकता है तथा भूमि के समान जल पर गमन किया जा सकता है वह प्राकाम्य ऋद्धि कहलाती है । ४ प्राकाम्य ऋद्धि का धारक जीव प्रचुर अभिलाषायुक्त होता है—वह विषयों के भोगने मे समर्थ होता है। ६ भूमिके समान जल पर निर्बाध गमन कर सकने का नाम प्रागम्य ऋद्धि है । जिस ऋद्धि के होने पर सर्वत्र अगम — गमनाभाव—समाप्त हो जाता है, अर्थात् सर्वत्र जाया जा सकता है, उसे प्रागम्य ऋद्धि कहते है ।

प्राकार—जिणहरादीण रक्खट्ठ पासेसु ट्ठविदओलित्तीओ[ट्ठविदाओ भित्तीओ] पागारा णाम । (धव पु. १४, पृ. ४०) ।

जिनगृहादिको की रक्षा के लिये जो उनके पार्श्वभागों में भीतें स्थापित (निर्मापित) की जाती है उन्हें प्राकार कहा जाता है ।

प्राकृत भाषा—१. प्रकृतौ भवं प्राकृतम्, स्वभावसिद्धमित्यर्थ । (बृहत्क मलय वृ २) । २ प्राकृत तज्ज-तत्तुल्य-देश्यादिकमनेकधा । (अलं चि २–१२०) ।

१ जो भाषावचन प्रकृति (स्वभाव) से सिद्ध है उन्हें प्राकृत कहा जाता है । २ संस्कृत से उत्पन्न, उसके सदृश और देशी आदि के भेद से प्राकृत भाषा अनेक प्रकार की है ।

प्रागभाव—१. कार्यस्यात्मलाभात् प्रागभवन प्रागभाव । (अष्टस १०, पृ ९७) । २ उत्पत्तेः पूर्वमभाव प्रागभाव । (सिद्धिवि. वृ ३–१६, पृ २०४) । ३ क्षीरे दध्यादि यन्नास्ति प्रागभाव स उच्यते । (प्रमाल ३८५) । ४ यन्निवृत्तावेव कार्यस्य समुत्पत्ति सोऽस्य प्रागभाव । (प्र. न. त ३–५५) ।

१ कार्य के उत्पन्न होने से पूर्व जो उसका अभाव रहता है उसे प्रागभाव कहते हैं । ४ जिसकी निवृत्ति होने पर ही कार्य की उत्पत्ति होती है वह प्रागभाव कहलाता है ।

प्रागम्य—देखो प्राकाम्य ।

प्राग्भारवसुधा— देखो ईषत्प्राग्भार । तन्वी मनोज्ञा सुरभिः पुण्या परमभास्वरा । प्राग्भारा नाम वसुधा लोकमूर्ध्नि व्यवस्थिता ॥ नृलोकतुल्यविष्कम्भा सितच्छत्रनिभा शुभा । ऊर्ध्व तस्या क्षिते सिद्धाः लोकान्ते समवस्थिता. ॥ (त. भा. १०, १९–२०, पृ. ३२२) ।

जो प्राग्भार नाम की पृथिवी पतली—मध्य में आठ योजन मोटी होकर सब ओर क्रम से हीन होती हुई अन्त में मक्खी के पंख के समान पतली, मनोहर, सुगन्धित, पवित्र और दैदीप्यमान होकर मनुष्यलोक के समान पैंतालीस लाख योजन विस्तृत व सफेद छत्र के समान आकार वाली है। उसके ऊपर लोक के अन्त में सिद्ध जीव अवस्थित हैं ।

प्राचीनदेशावकाशिक— प्राचीन पूर्वाभिमुखम्, प्राच्या दिश्येतावन्मयाऽद्य गन्तव्यम् ××× इत्येवभूत स (देशावकाशिकव्रती) प्रतिदिनं प्रत्याख्यान विधत्ते । (सूत्रकृ सू. शी. वृ. २, ७, ७९, पृ १८२) ।

पूर्व दिशा में मैं आज इतनी दूर जाऊंगा, इस प्रकार से जो देशावकाशिकव्रती पूर्व दिशा में आने जाने का प्रतिदिन नियम करता है, इसे प्राचीनदेशावकाशिकव्रत कहते है ।

प्राजापत्यविवाह— १. विनियोगेन कन्याप्रदानात् प्राजापत्य. । (नीतिवा. ३१–७, पृ. ३७५) । २ विनियोगेन विभवस्य कन्याप्रदानात् प्राजापत्य । (ध. बि. मु. वृ १–१२) । ३. विभवविनियोगेन कन्यादान प्राजापत्य ।(योगशा स्वो. विव १–४७; श्राद्धगु पृ १४; धर्मसं मान. १, पृ ५) । ४. तथा च गुरु – धनिनो धनिन यत्र विषये कन्यकामिह । सन्तानाय स विज्ञेय प्राजापत्यो मनीषिभिः ॥ (नीतिवा टी. ३१–७ उद्.) ।

१ जिस विवाह में सम्पत्ति के विनियोग के साथ कन्या को प्रदान किया जाता है उसे प्राजापत्य विवाह कहा जाता है ।

प्राज्ञश्रमण—देखो प्रज्ञाश्रवण । प्रकृष्टश्रुतावरणवीर्यान्तरायक्षयोपशमाविर्भूतासाधारणमहाप्रज्ञद्धिलाभा अनधीतद्वादशाग-चतुर्दशपूर्वा अपि सन्तो यमर्थं चतुर्दशपूर्वी निरूपयति तस्मिन् विचारकृच्छ्रेऽप्यर्थेऽतिनिपुणप्रज्ञाः प्राज्ञश्रमणाः । (योगशा. स्वो. विव. १–८, पृ. ३७–३८) ।

श्रुतज्ञानावरण और वीर्यान्तराय के प्रकृष्ट क्षयोपशम से प्रगट हुई असाधारण महाबुद्धि ऋद्धि से युक्त होकर जो बारह अंगों और चौदह पूर्वों का अध्ययन न

करके भी चौदह पूर्वों का धारक जिस अर्थ का निरूपण करता है उस सूक्ष्म भी पदार्थ के विषय मे अतिशय निपुणबुद्धि से युक्त होते हैं वे प्राज्ञश्रमण कहलाते हैं।

प्राण—१. ×××पाणा पुण बलमिंदियमाउ उस्सासो ॥ (**पंचा. का. ३०**)। २ वीर्यान्तराय-ज्ञानावरणक्षयोपशमाङ्गोपाङ्गनामोदयापेक्षिणाऽऽत्म-ना उदस्यमान कोष्ठ्यो वायुरुच्छ्वासलक्षण प्राण इत्युच्यते। (**स सि ५–१९**)। ३ तौ उच्छ्वास-नि श्वासौ) बलवत पट्विन्द्रियस्य कल्पस्य मध्य-मवयस स्वस्थमनस पुस प्राण। (**त भा ४-१५**)। ४ हट्ठस्स अणवगल्लस्स निरुवकिट्ठस्स जतुणो। एगे ऊसास-णीसासे एस पाणुत्ति वुच्चइ। (**भगवती. पृ. ८२४; अनुयो. गा १०४, पृ. १७८–७९; जम्बूद्वी. १८, पृ. ८९; ध्यानश. हरि. वृ ३, पृ. ५८३ उद्.**)। ५. उस्सासो निस्सासो य दो (दुवे) वि पाणुत्ति भन्नए एक्को। (**ज्योतिष्क. ९**)। ६. हट्ठउणगल्लु-स्सासो एसो पाणुत्ति सन्निओ एक्को। (**जीवस. १०७**)। ७ बाहिरपाणेहि जहा तहेव अब्भतरेहि पाणेहि। जीवति जेहि जीवा पाणा ते होंति बोद्ध-व्वा ॥ (**प्रा. पंचसं. १–४५, धव पु १, पृ. २५६ उद्. गो जी १२८**)। ८. आहि-वाहिविमुक्कस्स नीसासूसास एगगो। पाणू ××× (**बृहत्स. १७९; संग्रहणी १६६**)। ९. ××× तावुभौ प्राण इष्यते ॥ (**ह पु. ७–१९**)। १० **कोष्ठ्यो वायुरु-च्छ्वासलक्षण. प्राणः**। वीर्यान्तराय-ज्ञानावरणक्षयोप-शमाङ्गोपाङ्गनामोदयापेक्षिण आत्मना उदस्यमानः कोष्ठ्यो वायुरुच्छ्वासलक्षण प्राण इत्युच्यते।(**त. वा. ५, १९, ३५**)। ११. तावुच्छ्वास-नि.श्वासौ, बलवत. शरीरबलेन, पट्विन्द्रियस्यानुपहतकरणग्रामस्य, कल्प-स्य नीरुजस्य, मध्यमवयस भद्रयौवनवत, स्वस्थमनसो अनाकुलचेतस., पुस पुरुषस्य प्राणो नाम कालभेदः। (**त. भा. हरि. वृ. ४–१५**), ऊर्ध्वगामी समीरणः प्राणः। (**त भा हरि वृ ८–१२**)। १२. संखे-ज्जाओ आवलिआओ आणुत्ति—ऊसासो, संखेज्जाओ आवलिआओ णिस्सासो, दोण्हवि कालो एगो पाणू। (**अनुयो. हरि. वृ. पृ. ५४**)। १३. प्राणिति एभि-रात्मेति प्राणः पञ्चेन्द्रिय-मनोवाक्कायानापानायूंषि इति। (**धव. पु. २, पृ. २५६**); प्राणिति जीवति एभिरिति प्राणः। (**धव. पु. २, पृ. ४१२**); उस्सा-सो णिस्सासो एगो पाणो त्ति आहिदो एसा ॥ (**धव. पु. ३, पृ. ६६ उद्.**)। १४. तावुच्छ्वास-नि श्वासा-वित्थप्रमाणौ शरीरबलयुक्तस्यानुपहतकरणग्रामस्य नीरुजस्य मध्य वयोऽनुप्राप्तस्य मनोदुःखेनानभिभू-तस्य पुरुषस्य प्राणो नाम कालविशेषो भवति। (**त. भा. सिद्ध. वृ. ४–१५**)। १५. प्राणन्ति यैः सदा जीवा प्राणैर्बाह्यैरिवान्तरैः। प्राणा प्रवर्तमानास्ते प्राणिना जीवितावधि ॥ (**पचस. अमित. १–१२३, पृ १९**)। १६ प्रकर्षेण नयतीति प्राण, ××× अथवा प्रसरणेनापसरणेन गमन्तात् प्रसरणादूर्ध्वं व्या-ख्या अनिति अनेनेति घञन्त प्राणम्। (**योगशा. स्वो विव. ५–१३**), प्राणो नामाग्रहस्ताभिपादाङ्गुष्ठान-गो हरित्। (**योगशा. ५–१४**)। १७ तौ द्वावपि समुदितावेक प्राणो भण्यते। यथोक्तपुरुषगतोच्छ्वास-नि श्वासप्रमित कालविशेष प्राणः। (**ज्योतिष्क. मलय वृ. ९**)। १८ द्वयोरपि (उच्छ्वास-नि श्वा-सयो) काल प्राण। (**षडशी. दे स्वो. वृ ६९**)। १९. सख्येयाभिश्चावलीभि प्राणो भवति निश्चितम् ॥ नीरोगस्यानुपहतकरणस्य बलीयस। प्रशस्ते यौवने वर्तमानस्याव्याकुलस्य च ॥ अप्राप्तस्याध्वन खेदमा-श्रितस्य सुखासनम्। स्याद्यदुच्छ्वास-नि श्वासमान प्राण. स कीर्तितः ॥ उच्छ्वास ऊर्ध्वगमनस्वभाव परिकीर्तित। अधोगमनशीलश्च नि श्वास इति कीर्तितः ॥ सख्येयावलिकामानौ प्रत्येक तावुभावपि। द्वाभ्या समुदिताभ्या स्यात्काल प्राण इति स्मृत ॥ (**लोकप्र. २८, २१२–१६**)।

१ बल, इन्द्रिय, आयु और उच्छ्वास ये प्राण कहलाते है। २ वीर्यान्तराय और ज्ञानावरण कर्म के क्षयोपशम तथा अंगोपाग नामकर्म के उदय से ऊपर जाने वाली उच्छ्वासरूप कोष्ठ (उदर) की वायु को प्राण कहा जाता है। ३ शारीरिक बल से सहित, अविनष्ट इन्द्रियो से संयुक्त, रोग से रहित एवं मध्यम अवस्था से युक्त—न बाल और न वृद्ध—ऐसे स्वस्थ मन वाले पुरुष के सख्यात आवलियो प्रमाण उच्छ्वास व निःश्वास इन दोनों रूप काल-विशेष का नाम प्राण है।

प्राणवादपूर्व—देखो प्राणायु। १. कायचिकित्साद्य-ष्टांग आयुर्वेदः भूतिकर्मजाङ्गुलिकप्रक्रम. प्राणापान-विभागोऽपि यत्र विस्तरेण वर्णितस्तत्प्राणावायम्। (**त. वा. १-२०, १२, पृ. ७७; धव. पु. ९, पृ. २२२,**

२२३)। २. पाणावायं णाम पुव्वं दसण्ह वत्थूणं १० विसदपाहुडाण २०० तेरसकोडिपदेहि १३००००००० काय-चिकित्साद्यष्टाङ्गमायुर्वेदभूतिकर्मजाङ्गुलिप्रक्रम प्राणापानविभागं च विस्तरेण कथयति। (धव. पु. १, पृ. १२२)। ३ पाणावायपवादो दसविधपाणाण हाणिवड्ढीओ वण्णेदि। ×××करि-तुरय-णरयि-सबद्धमट्ठ गमाउव्वेय भणदि त्ति वुत्त होदि। (जयध. १, पृ १४६)। ४ त्रयोदशकोटिपद प्राणापानविभागायुर्वेद-मन्त्रवाद-गारुडवादादीना प्ररूपकप्राणावायम् १३००००००००। (श्रुतभ. टी १३, पृ १७६)। ५. अष्टागवैद्यविद्या-गारुडविद्या-मन्त्रतन्त्रादिनिरूपक त्रयादशकोटिपदप्रमाण प्राणावायपूर्वम्। (त. वृत्ति श्रुत. १–२०)। ६ पाणावाय पुव्व तेरहकोडीपय णममामि। जत्थ वि कायचिकिच्छा पमुहट्ठगायुवेय च॥ भूदीकम्म जगुलिपक्रमाणासाहया परे भया। ईडापिगलादिपाणा पुढवी-आउगिवायूण॥ तच्चाण बहुभेय दहपाणपरूवण च दव्वाणि। उवयारयावयारयरूवाणि य तेसिमव खु॥ वण्णिज्जइ गइभेया जिणवरदेवेहि सव्वभासाहि। (अगप. २, १०७–१०, पृ. ३००–३०१)।

१. शरीरचिकित्सादि अष्टांग आयुर्वेद, भूतिकर्म—शरीर की रक्षा के लिए किये जाने वाले भस्मलेपन—जांगुलिप्रक्रम (विषविद्या) और प्राणापानविभाग—प्राण व अपानरूप वायुओं के विभाग—का भी वर्णन करने वाले श्रुत को प्राणवाद या प्राणावादपूर्व कहते हैं।

प्राणातिपात—१ पाणादिवादो णाम पाणेहितो पाणीण विजोगो। सो जत्तो मण-वयण-कायवावारादीहितो ते वि पाणादिवादो। ××× पाणादिवादो णाम हिंसाविसयजीववावारो। (धव. पु. १२, पृ. २७५–७६)। २ प्राणा उच्छ्वासादय, तेषामतिपातन प्राणवता सह वियोजन प्राणातिपातो हिंसेत्यर्थ.। उक्त च—पञ्चेन्द्रियाणि त्रिविध बल च उच्छ्वास-निःश्वासमथान्यदायुः। प्राणा दशैते भगवद्भिरुक्तास्तेषा वियोजीकरण तु हिंसा॥ (स्थाना. अभय. वृ १–४८, पृ. २४)।

१. प्राणों से प्राणियों के वियोग करने का नाम प्राणातिपात है। वह प्राणवियोग जिन मन, वचन व कायके व्यापार आदि से होता है उन्हें भी प्राणातिपात कहा जाता है। २ पांच इन्द्रियां, तीन बल, उच्छ्वास-निःश्वास और आयु; इन दस प्राणों को प्राणधारी (जीव) से अलग करना, इसका नाम प्राणातिपात है।

प्राणातिपातक्रिया—देखो प्राणातिपातिकी।

प्राणातिपातिकी क्रिया—१. आयुरिन्द्रिय-बल-प्राणाना वियोगकरणात् प्राणातिपातिकी क्रिया। (स सि ६–५, त. वा. ६, ५, ८)। २. इन्द्रियायुर्बलप्राणवियोगकरणात् क्रिया। प्राणातिपातिकी नाम्ना ××॥ (ह. पु. ५८–६८)। ३. आयुरिन्द्रिय-बलप्राणाना वियोगकारिणी प्राणातिपातिकीक्रिया। (भ. आ. विजयो. ८०७)। ४. प्राणा इन्द्रियादयस्तेषामतिपातो विनाशस्तद्विषया, प्राणातिपात एव वा क्रिया प्राणातिपातक्रिया। (प्रज्ञाप. मलय. वृ २७६, पृ. ४३५); प्राणातिपातक्रिया जीविताद् व्यपरोपणम्। (प्रज्ञाप. मलय. वृ. २८१, पृ ४४०)। ५. दशप्राणवियोगकरण प्राणातिपातिकीक्रिया। (त वा श्रुत. ६–५)।

१ आयु, इन्द्रिय और बल प्राणो का वियोग करना; इसे प्राणातिपातिकी क्रिया कहते है।

प्राणातिपातविरमण—सुहुमादीजीवाण सव्वेसि सव्वहा सुपणिहाण। पाणाइवायविरमणमिह पढमो होइ मूलगुणो॥ (धर्मस. हरि. ८५८)।

उत्तम विचारो के साथ सभी सूक्ष्मादि जीवों के प्राणघात का परित्याग करना, यह मुनियों का प्रथम (अहिंसामहाव्रत) मूलगुण है।

प्राणापान—१. प्राणिति जीवति यत जीव स प्राण, अपअनिति हर्षेण जीवति विकृत्या वा जीवति येन जीव स अपान., कोष्ठाद्बहिर्निर्गच्छति य स प्राण उछ्वास इत्यर्थ., बहिर्वायुरभ्यन्तरमायाति य. स अपान. नि श्वास., प्राणश्च अपानश्च प्राणापानौ। ××× वीर्यान्तरायस्य ज्ञानावरणस्य च क्षयोपशमम् अङ्गोपाङ्गनामकर्मोदय चापेक्षमाणो जीवोऽभ्यन्तरीकृतं कोष्ठवात बहिरुदस्यति प्रेरयति स वात प्राण. उच्छ्वासापरनामधेय:। तथा तादृग्विधो जीव. बहिर्वातमभ्यन्तरे करोति गृह्णाति नासिकादिद्वारेण सोऽपान. नि श्वासापरनामधेय:। (त. वृत्ति श्रुत. ५–१६, पृ. १६० व १६२)। २. वीर्यान्तराय-ज्ञानावरणक्षयोपशमागोपागनामोदयाऽपेक्षेणात्मनोदस्यमानकर्मप्रवायुरुच्छ्वासलक्षण: स प्राण:, तेनैव वायुनात्मनो बाह्यवायुरभ्यन्तरीक्रियमाणो नि:श्वास-

लक्षणोऽपानः। (कार्तिके. टी. २०६)।

१ वीर्यान्तराय और ज्ञानावरणकर्म के क्षयोपशम तथा अंगोपांगनामकर्म के उदय की अपेक्षा से जीव जिस उदरगत वायु को बाहिर निकालता है उसे प्राण या उच्छ्वास कहा जाता है तथा वही जीव बाहिरी वायु को नाक आदि के द्वारा भीतर करता है उसे अपान या नि:श्वास कहा जाता है।

प्राणापानपर्याप्ति—१. प्राणापानक्रियायोग्यद्रव्यग्रहण-निसर्गशक्तिनिवर्तनक्रियापरिसमाप्तिः प्राणापानपर्याप्तिः। (त भा. ८–१२; नन्दी. हरि. वृ पृ. ४४)। २. प्राणापानौ उच्छ्वास-नि:श्वासौ, तद्योग्यकरणनिष्पत्तिः प्राणापानपर्याप्तिः। (त भा. हरि. वृ. ८–१२)। ३. प्राणापानावुच्छ्वास-नि:श्वासक्रियालक्षणौ, तयोर्वर्गणाक्रमेण योग्यद्रव्यग्रहणशक्ति — सामर्थ्यम्, तन्निवर्तनक्रियापरिसमाप्तिः प्राणापानपर्याप्ति। (त. भा. सिद्ध. वृ. ८–१२)। ४. यया पुनरुच्छ्वासयोग्यवर्गणादलिकमादाय उच्छ्वासरूपतया परिणमय्यालम्ब्य च मुञ्चति सा प्राणापानपर्याप्ति। (प्रव. सारो. वृ. १३१७; बृहत्क. क्षे वृ ११११२)। ५. प्राणापानपर्याप्ति —यया उच्छ्वास-नि:श्वासयोग्य दलिकमादाय तथा परिणमय्यालम्ब्य च नि:सृष्टु समर्थो भवति। (संग्रहणी. दे. वृ. २६८; विचारस वृ ४३, पृ. ६)।

१ प्राणापान—श्वास और उच्छ्वास क्रिया के योग्य द्रव्य के ग्रहण व त्याग शक्ति के रचनेरूप क्रिया की समाप्ति को प्राणापानपर्याप्ति कहते है।

प्राणायाम—१. प्राणायामो भवेद्योगनिग्रह. शुभभावन। (म पु २१–२२७)। २ सुनिर्णीतमुसिद्धान्तै. प्राणायाम प्रशस्यते। मुनिभिर्ध्यानसिद्धयर्थं स्थैर्यार्थं चान्तरात्मन ॥ त्रिधा लक्षणभेदेन संस्मृतः पूर्वसूरिभि। पूरक कुम्भकश्चैव रेचकस्तदनन्तरम् ॥ (ज्ञाना. २९–१ व ३, पृ. २८४–८५)। ३. प्राणस्य मुख-नासान्तरमचारिणो वायो. आसमन्तात् यमन गतिविच्छेद प्राणायाम। (योगशा. स्वो. विव. ५–१); प्राणायामो गतिच्छेद श्वास-प्रश्वासयोर्मत.। (योगशा. ५–४)। ४. प्राणायाम प्राणयमः, श्वास-प्रश्वासरोधनम् ॥ (गु गु. षट्. स्वो. वृ. ८ उद्.)।

१ उत्तम भावनापूर्वक मन, वचन और काय इन तीनों योगों के निग्रह करने को प्राणायाम कहते हैं।

२ जिसके द्वारा ध्यान की सिद्धि और अन्तरात्मा की स्थिरता होती है उसका नाम प्राणायाम है। वह पूरक, कुम्भक और रेचक के भेद से तीन प्रकार का है। ४ श्वास और प्रश्वास के निरोध को प्राणायाम कहा जाता है।

प्राणायु—देखो प्राणवादपूर्व। प्राणायुर्द्वादश तत्राप्यायु:प्राणविधान सर्वं सभेदमन्ये च प्राणा वर्णितास्तत्परिमाणमेका पदकोटी षट्पञ्चाशच्च पदशतसहस्राणीति। (समवा. अभय. वृ. १४७, पृ. १२२)। जिस श्रुत में भेदों के साथ आयु प्राण की विधि तथा अन्य प्राणों का भी वर्णन किया जाता है वह प्राणायु या प्राणवादपूर्व कहलाता है।

प्राणावायपूर्व—देखो प्राणवादपूर्व।

प्राणासंयम—१. पाणासजमो वि छव्विहो पुढवि-आउ-तेउ-वाउ-वणप्फदि-तसासजमभेएण। (धव. पु ८, पृ २१)। २. रसजजन्तुपीडा प्राणासयम। (भ. आ. विजयो २१३)। ३ यच्च पृथिव्यप्तेजोवायु-वनस्पतिलक्षणपचस्थावराणा द्वीन्द्रिय-त्रीन्द्रिय-चतुरिन्द्रिय-पचेन्द्रियलक्षणत्रसानां च प्रमादचारित्रत्वाज्जीवितव्यपरोपण स प्राणासयम। (आरा. सा टी ६)।

१ पृथिवी, जल, तेज, वायु, वनस्पति और त्रस इन छह प्रकार के जीवों के असंयम—प्राणपीडन—का नाम प्राणासंयम है। वह उक्त जीवभेदों के कारण छह प्रकार का है।

प्राणिवध—प्राणिवध प्रमादवतो जीवहिसनम्। (मूला. वृ. ११–६)।

प्रमाद के वश होकर जीवों के घात करने को प्राणिवध कहते हैं।

प्राणिसंयम—१. एकेन्द्रियादिप्राणिपीडापरिहार प्राणिसयम। (त. वा. ६, ६, १४, चा. सा पृ. ३२)। २. षड्जीवनिकायबाधाऽकरणादपर प्राणिसयम। (भ. आ. विजयो ४६)।

१ एकेन्द्रियादि जीवों को किसी भी प्रकार से पीडा न पहुंचाना, इसका नाम प्राणिसंयम है।

प्राणी—१. पाणा एयस्स सति त्ति पाणी। (धव. पु. १, पृ. ११६); प्राणा अस्य सन्तीति प्राणी। (धव. पु. ६, पृ. २२०)। २. णयदुगुत्तपाणा अस्स अत्थि इदि पाणी। (अंगप. पृ. २६५)।

१ जिसके इन्द्रिय, बल, आयु और श्वासोच्छ्वास

ये चार प्राण पाये जाते हैं उसे प्राणी कहते हैं।

प्रातराशः—प्रातरशन प्रातराश प्रातर्भोजनकालम्। (आव. नि. हरि. वृ २१७)।

प्रात.काल सम्बन्धी भोजन के काल का नाम प्रातराश है।

प्रात्ययिकी क्रिया—१. अपूर्वाधिकरणोत्पादनात् प्रात्ययिकी क्रिया। (स. सि. ६–५, त. वा. ६, ५, ६)। २. उत्पादनादपूर्वस्य पापाधिकरणस्य तु। पापास्रवकरी प्राय प्रोक्ता प्रात्ययिकी क्रिया॥ (ह. पु. ५८–७१)। ३. अपूर्वप्राणिघातार्थोपकरणप्रवर्तनम्। क्रिया प्रात्ययिकी ज्ञेया हिंसाहेतुस्तथापरा॥ (त. श्लो ६, ५, १४)। ४ अपूर्वहिंसादिप्रत्ययविधान प्रतीतिजनन प्रात्ययिकी क्रिया। (त. वृत्ति श्रुत ६–५)।

१ हिंसा के कारणभूत नये नये उपकरणों के बनाने को प्रात्ययिकी क्रिया कहते हैं।

प्रादुष्करण—देखो प्रादुष्कार। १. साधूनुद्दिश्य गवाक्षादिप्रकाशकरण बहिर्वा प्रकाशे आहारस्य व्यवस्थापन प्रादुष्करणम्। (आचारा. सू. शी वृ. २, १, २६६, पृ. ३१७)। २. यदन्धकारव्यवस्थितस्य द्रव्यस्य वह्नि-प्रदीप-मण्यादिना भित्त्यपनयनेन वा बहिर्निष्कास्य द्रव्यधारणेन वा प्रकटकरण तत्प्रादुष्करणम्। (योगशा स्वो. विव. १–३८, पृ. १३३)। ३. यन्महान्धकारस्थितस्य यतिनिमित्त दीपादिना प्रकटन बहिरालोके नयन वा तत्प्रादुष्करणम्। (गु. गु. षट्. स्वो. वृ. २०)।

१ साधुओं के उद्देश से गवाक्ष (खिड़की) आदि का प्रकाश करना, अथवा बाहिर प्रकाश में आहार को स्थापित करना, यह प्रादुष्करण नाम का उत्पादन-दोष कहलाता है।

प्रादुष्कारदोष—देखो प्रादुष्कृत व प्राविष्कृत। १. पादुक्कारो दुविहो संकमण पयासणा य बोधव्वो। भायण-भोयणदीण मंडवविरलादियं कमसो॥ (मूला. ६–१५)। २. यद् गृहम् अन्धकारबहुलं तत्र बहुलप्रकाशसम्पादनाय यतीना छिद्रीकृतकुड्यम् अपाकृतफलकं सुविन्यस्तप्रदीपकं वा तत्प्रादुष्कारशब्देन भण्यते। (भ. आ. विजयो. व मूला. २३०; कार्तिके. टी. ४४८–४६)। ३. पात्रादेः संक्रमः साधौ कटाद्याविष्क्रियाऽऽगते। प्रादुष्कारः ×× ×॥ (अन. ध. ५–१३); साधौ संयते, आगते गृहमायाते सति, पात्रादेः सक्रमो भाजनादीनामन्यस्थानादन्यतरस्थाने नयनं सक्रमाख्य प्रादुष्कारो दोषः स्यात्॥ (अन. ध. स्वो. टी. ५–१३)।

१ प्रादुष्कार उत्पादनदोष संक्रमण और प्रकाशन के भेद से दो प्रकार का है। इनमें पात्र व भोजन आदि को एक स्थान से दूसरे स्थान में ले जाना, यह संक्रमण नाम का प्रादुष्कार दोष कहलाता है। उक्त पात्र व भोजन आदि को प्रकाशित करना—प्रकाश को रोकने वाले कपाट आदि को हटाना या दीपक आदि का प्रकाश करना, इसे प्रकाशन नाम का दूसरा प्रादुष्कारदोष जानना चाहिये। २ जो घर प्रचुर अन्धकार से युक्त हो उसे मुनियों के निमित्त प्रकाश उपलब्ध करने के लिए भित्तियों में छेद कराना, पटियेको हटाना, अथवा दीपक रखना; इस प्रकार से संस्कारित वसति (घर) प्रादुष्कार दोष से दूषित होती है।

प्रादुष्कृतदोष—देखो प्रादुष्कार। तदागमानुरोधेन गृहसस्कारकालापह्नास कृत्वा वा सस्कारिता वसतिः प्रदीपक वा तत्प्रादुष्कृतमित्युच्यते। (भ. आ. विजयो. २३०)।

अथवा मुनियो के आगमन को जानकर गृहसंस्कार के काल मे कमी करके पूर्व में सस्कारित की गई अथवा प्रकाशयुक्त की गई वसति प्रादुष्कार या प्रादुष्कृत दोष से दूषित मानी जाती है।

प्रादेशिक प्रत्यक्ष—१. इन्द्रियार्थज्ञान स्पष्ट हिताहितप्राप्ति-परिहारसमर्थं प्रादेशिक प्रत्यक्षम् अवग्रहेहावाय-धारणात्मकम्। (लघीय. स्वो. वृ. ६१)। २. इन्द्रियाणा कार्यमात्मनः—सविदा स्वरूपस्य ज्ञान स्पष्टं हिताहितप्राप्तिपरिहारसमर्थं प्रादेशिकं प्रत्यक्षम्। (न्यायकु. ६१, पृ. ६८३)।

१ हित की प्राप्ति और अहित के परिहार में समर्थ ऐसे इन्द्रियों के कार्यरूप अर्थज्ञान को तथा ज्ञानों के स्वकीय स्वरूप के स्पष्ट ज्ञान को प्रादेशिक प्रत्यक्ष कहते हैं।

प्रादोषिकी क्रिया—१. क्रोधावेशवशात् प्रादोषिकी क्रिया. (स. सि. ६–५; त. वा. ६, ५, ८)। २. क्रोधावेशवशात् प्रादुर्भूता प्रादोषिकी क्रिया। (ह. पु. ५८–६६)। ३. क्रोधावेशात्प्रदोषो यः सान्तप्रादोषिकी क्रिया। (त. श्लो. ६, ५, ८)। ४. क्रोधाविष्टस्य दुष्टत्वं प्रादोषिकी क्रिया। (त.

वृत्ति श्रुत. ६–५)।

१ क्रोध के आवेश से होने वाली क्रिया को प्रादोषिकी क्रिया कहते हैं।

प्राद्वेषिकी क्रिया— देखो प्रादोषिकी क्रिया। १. प्रद्वेषो मत्सरस्तेन निर्वृत्ता प्राद्वेषिकी। (**समवा. अभय. वृ. ५**)। २ प्रद्वेषो मत्सर कर्मबन्धहेतुरकुशलो जीवपरिणामविशेष इत्यर्थ, तत्र भवा तेन वा निर्वृत्ता, सा एव वा प्राद्वेषिकी। (**प्रज्ञाप. मलय वृ २७९, पृ ४३५**); प्राद्वेषिकी मारयाम्येनमित्यशुभमन सप्रधारणमिति। (**प्रज्ञाप. मलय. वृ. २८१, पृ ४४०**)।

२ कर्मबन्ध का कारणभूत जो जीव का अशुभ परिणाम (मत्सरभाव) है उसके आश्रय से होने वाली क्रिया प्राद्वेषिकी क्रिया कहलाती है।

प्राधान्यद्रव्यशुद्धि—१. वण्ण-रस-गध-फासे समणुण्णा सा पहाणओ सुद्धी। तत्थ उ सुक्किल-महुरा उ समया चेव उक्कोसा॥ (**दशवै नि. २८५**)। २ वर्ण-रस-गन्ध-स्पर्शेषु या मनोज्ञता—सामान्येन कमनीयता, अथवा मनोज्ञता—यथाभिप्रायमनुकूलता, सा प्राधान्यत. शुद्धिरुच्यते। (**दशवै नि हरि वृ. २८५**)।

१ रूप, रस, गन्ध और स्पर्श मे जो मनोज्ञता—सुन्दरता अथवा अनुकूलता—होती है उसे प्राधान्यद्रव्यशुद्धि कहते है। जैसे—वर्ण में शुक्ल वर्ण, रस में मधुर, रस और गन्ध में सुगन्ध आदि।

प्राधान्यपद—देखो प्रधानतया नामपद। प्राधान्यपदानि आम्रवन निम्बवनमित्यादीनि। (**धव. पु १, पृ. ७६**), अण्णेहि वि रुक्खेहि सहियाण कयब-णिबंबरुक्खाणं बहुत्त पेक्खिय जाणि कयब-णिबबवण-णामाणि ताणि पाधण्णपदाणि। (**धव. पु. ९, पृ १३६**)।

अन्यान्य वृक्षों के साथ अवस्थित कदम्ब, नीम और आम आदि वृक्षों की अधिकता को देख कर जो कदम्ब वन, नीम वन और आम वन आदि नाम प्रसिद्ध होते हैं वे प्राधान्यपद कहलाते हैं।

प्रान्तापना—१. कर-पाय-दडमाइसु पतावण × × ×। (**बृहत्क. भा. ९००**)। २. प्रान्तापना यष्टि-मुष्टयादिभिस्ताडना। (**बृहत्क. भा. क्षे वृ ८९६**)।

१ लाठी और मुट्ठी आदि से ताड़ना करने को प्रान्तापना कहते है। यह प्रतिषेधना व खरण्टना आदि छह भेदों मे एक है।

प्राप्ति—१. भूमीए चिट्ठंतो अगुलिअग्गेण सूरससिपहुदि। मेरुसिहराणि अण्णे जं पावदि पत्तिरिद्धी सा॥ (**ति. प. १०२८**)। २ भूमौ स्थित्वागुल्यग्रेण मेरुशिखर-दिवाकरादिस्पर्शनसामर्थ्यं प्राप्तिः। (**त. वा ३, ३६ ३, पृ २०३; चा. सा. पृ. ९८**)। ३. भूमिट्ठियस्स करेण चदाइच्चबिंबच्छिवणसत्ती पत्ती णाम। (**धव. पु. ९, पृ. ७५**)। ४. प्राप्ति यद् यद् मनसा चिन्तयति तत्तत्प्राप्नोति। (**न्यायकु. १–४, पृ १११**)। ५ प्राप्तिर्यद्यन्मनसा चिन्तयति तत्तत्प्राप्नोति, भुवि स्थितस्यागुल्यादिना मेरुशिखरादिप्रापणशक्तिर्वा प्राप्ति। (**प्रा. योगिभ टी. ६, पृ. १९९**)। ६ प्राप्तिर्भूमिस्थस्य अगुल्यग्रेण मेरुपर्वताग्र-प्रभाकरादिस्पर्शसामर्थ्यम्। (**योगशा. स्वो. विव १–८, पृ. ३७; प्रव सारो वृ १५०५**)। ७ प्राप्तिप्रभावतोऽर्कादीन् स्पृशेद् भूस्थोऽपि हेलया। (**गु ग षट् स्वो वृ. ८**)। ८ भूमिस्थितोऽप्य-(तस्याप्य-)ङ्गुल्यग्रेण मेरुशिखर-चन्द्र-सूर्यादिस्पर्शनसामर्थ्य प्राप्ति। (**त. वृत्ति श्रुत ३–३६**)।

१ जिस ऋद्धि के प्रभाव से भूमि पर रहते हुए ही अंगुलि के अग्रभाग से सूर्य-चन्द्रमा, मेरुशिखर तथा अन्य भी वस्तुओ का स्पर्श कर सके या उन्हें पा सके उसका नाम प्राप्ति ऋद्धि है।

प्राभृत, प्राभृतक (पाहुड)—१ जम्हा पदेहि पुद (फुड) तम्हा पाहुड। (**क पा. चू. पृ २९**)। २. प्रकृष्टेन तीर्थकरेण आभृत प्रस्थापित इति प्राभृतम्। प्रकृष्टैराचार्यैर्विद्या-वित्तवद्भिराभृत धारित व्याख्यातमानीतमिति वा प्राभृतम्। (**जयध १, पृ ३२५**), एदेहि पदेहि (मज्झिमत्थपदेहि) पुद वत्त सुगममिदि पाहुड। (**जयध १, पृ ३२६**)। ३ तस्स (पाहुडपाहुडसमासस्स) उवरि एगक्खरे वड्ढिदे पाहुडो होदि। (**धव पु ६, पृ २५**)। ४. अहियारो पाहुडय एयट्ठो × × ×॥ दुगवार-पाहुडादो उवरि वण्णे कमेण चउवीसे। दुगवार-पाहुडे सउड्ढे खलु होदि पाहुडय॥ (**गो. जी. ३४१–४२**)। ५ वस्त्वन्तर्वर्ती अधिकारविशेष प्राभृतम्। (**शतक. मल. हेम वृ ३८, पृ. ४३; कर्मवि. दे. स्वो. वृ ७**)। ६. वस्तुन अधिकार: प्राभृतकम्। (**गो. जी. म. प्र. टी. ३४१**); द्वि-

कवारप्राभृतकात्परं तस्योपरि पूर्वोक्तप्रकारेण प्रत्येकमेकैकवर्णवृद्धिसहचरितपदादिवृद्धया चतुर्विंशतिप्राभृतप्राभृतकेषु वृद्धेषु रूपोनतावन्मात्रेषु प्राभृतकप्राभृतकसमासज्ञानविकल्पेषु गतेषु तच्चरमस्य उत्कृष्टविकल्पस्योपरि एकस्मिन्नक्षरे वृद्धे सति प्राभृतक नाम श्रुतज्ञानं भवति। (गो. जी म. प्र. टी. ३४२)। ७ वस्तुनामश्रुतज्ञानस्याधिकार प्राभृतक वेति द्वौ एकार्थौ। (गो जी. जी. प्र. टी ३४१); द्विकवारप्राभृतकात्परं तस्योपरि पूर्वोक्तक्रमेण प्रत्येकमेकैकवर्णवृद्धिसहचरितपदादिवृद्धिभि. चतुर्विंशतिप्राभृतप्राभृतकेषु रूपोनतावन्मात्रेषु प्राभृतकप्राभृतकज्ञानविकल्पेषु गतेषु तच्चरमसमासोत्कृष्टविकल्पस्य उपरि एकाक्षरवृद्धौ सत्या प्राभृतकं नाम श्रुतज्ञान भवति। (गो जी. जी प्र ३४२)।

१ जो पदों से पृथक् अथवा स्पष्ट है उसे प्राभृत कहते हैं। २ जो प्रकृष्ट (तीर्थंकर) के द्वारा प्रस्थापित है, अथवा विद्यारूप धन के धारक प्रकृष्ट आचार्यों के द्वारा धारित, व्याख्यात अथवा लाया गया है उसे प्राभृत कहते है। ३ प्राभृतप्राभृतसमास श्रुतज्ञान के ऊपर एक अक्षर की वृद्धि के होने पर प्राभृत श्रुतज्ञान होता है। ५ वस्तु के अन्तर्गत अधिकारविशेष का नाम प्राभृत श्रुतज्ञान है।

प्राभृत (पाहुड, पाहुडिग, पाहुडिह) दोष—देखो प्राभृतिका। १ पाहुडिह पुण दुविहं बादर सुहुम च दुविहमेक्केक्कं। ओमक्कणमुक्कस्सणमह कालो वट्टणा-वट्ठी॥ दिवसे पक्खे मासे वास परत्तीय बादर दुविह। पुव्व-पर-मज्झवेल परियत्त दुविह सुहुम च॥ (मूला. ६, १३-१४)। २ सयत म च यावदभिर्दिनैरागमिष्यति तत्प्रवेशदिन गृहसंस्कार सकल करिष्याम इति चेतसि कृत्वा यत्संस्कारित वेश्म तत्पाहुडिगमित्युच्यते। (भ आ. विजयो. २३०; कार्तिके टी. ४४८-४४९)। ३. वेला-दिवस-मासर्तु-वर्षादिनियमेन यत्। यतिभ्यो दीयमानान्न प्राभृत परिकीर्तितम्॥ (आचा. सा. ८-२८)। ४ सयता इयद्भिर्दिनैरागमिष्यन्ति, तत्प्रवेशदिने गृहसंस्कार सकल करिष्याम इति चेतसि कृत्वा यत्संस्कारित वेश्म तत्पाहुडिदं। (भ. आ. मूला. २३०)। ५. अस्या वेलायां दास्यामि, अस्मिन् दिवसे दास्यामि, अस्मिन् मासे दास्यामि, अस्यामृतौ दास्यामि, अस्मिन् वर्षादौ दास्यामीति नियमेन यदन्नं मुनिभ्यो दीयते तत्प्राभृतं कथ्यते। (भावप्रा. टी. ९९)।

१ दिन, पक्ष व मास आदि काल का परिवर्तन करके (बादर), अथवा पूर्वाह्ण व अपराह्ण आदि वेला का परिवर्तन करके (सूक्ष्म), जो दान दिया जाता है वह क्रम से बादर और सूक्ष्म प्राभृत दोष से दूषित होता है।

प्राभृतप्राभृत—१. तस्स (अणियोगसमासस्स) उवरि एगक्खरसुदणाणे वड्ढिदे पाहुडपाहुड होदि। सव्वेज्जेहि अणियोगसुदणाणेहि एग पाहुडपाहुड णाम सुदणाण होदि। (धव पु ६, पृ २४); सव्वेज्जाणि अणियोगद्दाराणि घेत्तूण एग पाहुडपाहुडसुदणाण होदि। (धव पु १३, पृ २७०)। २ चोद्दसमग्गणसमुदयअणियोगादुवरि वड्ढिदे वण्णे। चउरादी-अणियोगे लग्गवार पाहुड होदि॥ [illegible] पाहुडस्स अहियारा। पाहुडपाहुडणाम होदि त्ति जिणेहि णिद्दिट्ठ॥ (गो जी ३४०-४१)। ३. प्राभृतान्तर्वर्ती अधिकारविशेष प्राभृतप्राभृतम्। (शतक. मल हेम वृ ३८, पृ ४३; शतक दे. स्वो वृ. ७)। ४. चतुर्दशमार्गणासंयुतानुयोगात्पर तस्योपरि पूर्वोक्तक्रमेण प्रत्येकमेकैकवर्णवृद्धिसहचरितपदादिवृद्धया चतुरादिषु अनुयोगेषु वृद्धेषु रूपोनतावन्मात्रेष्वनुयोगसमासज्ञानविकल्पेषु गतेषु तच्चरमस्य अनुयोगसमासोत्कृष्टविकल्पस्योपरि एकस्मिन्नक्षरे वृद्धे सति द्विकवारप्राभृतकम् प्राभृतप्राभृतक भवति। (गो जी म प्र. व जी प्र ३४०)।

१ अनुयोगसमास ज्ञान के ऊपर एक अक्षररूप श्रुतज्ञान की वृद्धि होने पर प्राभृतप्राभृत श्रुतज्ञान होता है। अभिप्राय यह कि सख्यात अनुयोग श्रुतज्ञानो से एक प्राभृतप्राभृत नाम का श्रुतज्ञान होता है। ३ प्राभृत श्रुतज्ञान के अन्तर्गत अधिकारविशेष का नाम प्राभृतप्राभृत है।

प्राभृतप्राभृतज्ञानावरणीय—पाहुडपाहुडसुदणाणस्स जमावारयं त पाहुडपाहुडणाणावरणीयं। (धव. पु १३, पृ. २७८)।

प्राभृतप्राभृत श्रुतज्ञान को आवृत करने वाला कर्म प्राभृतप्राभृतज्ञानावरणीय कहलाता है।

प्राभृतप्राभृतसमास श्रुतज्ञान—१. एदस्स (पाहुडपाहुडसुदणाणस्स) उवरि एगक्खरे वड्ढिदे पाहुड-

पाहुडसमाससुदणाणं होदि। एवमेगेगक्खर-उत्तर-वड्ढीए पाहुडपाहुडसमाससुदणाणं वड्ढमाणं गच्छदि जाव एगक्खरेणूणपाहुडसुदणाणेत्ति। (धव. पु. १३, पृ. २७०)। २. तद्द्वयादिमयोगस्तु प्राभृतप्राभृत-समासः। (शतक. मल. हेम. वृ. ३८, पृ. ४२; कर्मवि. दे. स्वो. वृ. ७)।

१ प्राभृतप्राभृत श्रुतज्ञान के ऊपर एक अक्षर के बढ़ने पर प्राभृतप्राभृतसमास श्रुतज्ञान होता है। इस प्रकार उत्तरोत्तर एक एक अक्षर की वृद्धि के होने पर एक अक्षर से हीन प्राभृतश्रुतज्ञान के प्राप्त होने तक प्रकृत प्राभृतप्राभृतसमास श्रुतज्ञान के विकल्प चलते हैं।

प्राभृतप्राभृतसमासावरणीय—पाहुडपाहुडसमा-ससुदणाणस्स जमावारय कम्म तं पाहुडपाहुडसमासा-वरणीय। (धव. पु. १३, पृ. २७८)।

जो कर्म प्राभृतप्राभृतसमास श्रुतज्ञान का आवरण करता है उसे प्राभृतप्राभृतसमासावरणीय कहते हैं।

प्राभृतिका—देखो प्राभृतदोष। १. प्रकरणस्य साध्वर्थमुत्सर्पणमवसर्पण वा प्राभृतिका। (आचा. शी. वृ. २, १, २६६, पृ. ३१७)। २. कालान्तर-भाविनो विवाहादेरिदानी सन्निहिता. साधव. सन्ति, तेषामप्युपयोगे भवत्विति बुद्धया इदानीमेव करण समयपरिभाषया प्राभृतिका, सन्निकृष्टस्य विवाहादे कालान्तरे साधुसमागमन सचिन्त्योत्कर्षणं वा। (योगशा. स्वो. विव. १–३८, पृ. १३३)। ३. यत्स्वनिमित्तमपि गृही व्रतिन. आजिगमिषून् जिग-मिषून् वा ज्ञात्वा अर्वाक् परतो वा तदर्थमारभते तत्प्राभृतिका। (गु. गु. षट्. स्वो. वृ. २०)।

१ साधु के निमित्त प्रकृत कार्य को बढ़ा लेना या घटा लेना, यह प्राभृतिका दोष है। २ कुछ काल के पश्चात् होने वाले पुत्रविवाहादि की अपेक्षा साधुओं का आगमन समीपवर्ती है, अतः उनके उपयोग में भी आ जावे, इस विचार से इसी समय विवाहादि का करना ठीक है, इस प्रकार समय के पूर्व में उनका करना; अथवा विवाहादि यदि समीपवर्ती हों और साधुओं का आगम पीछे होने वाला हो तो उक्त विचार से उनके समय को बढ़ा लेना; यह प्राभृतिका नामक उत्पादनदोष कहलाता है।

प्राभृतिकास्थापना—भिक्खागाही एगत्थ कुणइ विइओ उ दोसु उवओग। तेण पर उक्खित्ता पाहु-डिया होइ ठवणा उ॥ (पिण्डनि. २८४)।

भिक्षा का ग्राहक एक साधु एक घर में उपयोग करता है—उपयोग से पर्यालोचन करके एक पंक्ति में स्थित तीन घरों में से एक घर में हस्तगत भिक्षा को ग्रहण करता है। दूसरा साधु दो घरों में उप-योग करता है—उक्त रीति से दो घरों में हस्तगत दो भिक्षाओं को ग्रहण करता है। तीन घरों के अतिरिक्त जहां तक अन्य घर नहीं है वहां तक भिक्षा के ग्रहण में स्थापना दोष नहीं होता है। आगे गृहान्तर में साधु के निमित्त हस्तगत भिक्षा के ग्रहण में उपयोग के असम्भव होने से प्राभृति का स्थापना दोष होता है।

प्रामाण्य—१. प्रमाणस्य भाव अर्थपरिच्छेदिका शक्तिः कर्म वा अर्थपरिच्छेद प्रामाण्यम्। (न्यायकु. १–६, पृ. १९५)। २. इदमेव हि प्रमाणस्य प्रामा-ण्य यत्प्रमितिक्रिया प्रति साधकतमत्वेन करणत्वम्। (प्रमाणनि. पृ. १)। ३. ज्ञानस्य प्रमेयाऽव्यभिचा-रित्व प्रामाण्यम्। (प्र न त. १-१८)। ४ प्रमीय-माणार्थाऽव्यभिचरणशीलत्व यज् ज्ञानस्य तत् प्रामा-ण्यम्। (रत्नाकरा पृ. १–१९)। ५. किमिद प्रमा-णस्य प्रामाण्यम् नाम ? प्रतिभातविषयाव्यभिचारि-त्वम्। (न्यायदी पृ. १४–१५)।

१ मीमांसक मत के अनुसार प्रमाण के भाव को—पदार्थ के जानने की शक्ति को—अथवा उसके जाननेरूप कर्म को प्रामाण्य कहते हैं। २ प्रमिति क्रिया के प्रति अतिशय साधक रूप से कारण होना, यही प्रमाण का प्रामाण्य है। ३ ज्ञान का अपने विषयभूत पदार्थ का व्यभिचारी (अन्यथा) न होना—पदार्थ यथार्थ में जैसा है उसी रूप से उसे जानना—इसका नाम प्रामाण्य या प्रमाणता है।

प्रामित्य (पामिच्च, पामिच्छ)—१. डहरिय रिण तु भणियं पामिच्छ ओदणादिअण्णदर। तं पुण दुविहं भणिदं सवड्ढियमवड्ढियं चावि॥ (मूला. ६–१७)। २. पामिच्च पि य दुविहं लोइय लोगुत्तर समासेण। लोइय सज्झिलगाई लोगुत्तर वत्थमाईसु॥ (पिण्डनि. ३१६)। ३. प्रामित्य साध्वर्थमुच्छिद्य दानलक्षणम्। (दशवै. सू. हरि. वृ. ५–५५, पृ. १७४)। ४. अल्पमृण कृत्वा वृद्धिसहितं अवृद्धिकं वा गृहीत सयतेभ्यः पामिच्छमुच्यते। (भ. आ. विजयो. २३०; कार्तिके. टी. ४४८–४९)।

५. विद्या-द्रव्यादिभिः क्रीत क्रीतं प्रामृष्यमिष्यते। स्तोकर्णं वृद्धवृद्धिभ्यां यतिदानार्थमर्जितम् ॥ (आचा. सा. ८–३०)। ६. यत्साध्वर्थमन्नादि उद्यतकं गृहीत्वा दीयते तत्प्रामित्यकम्। (योगशा. स्वो. विव. १–३८, पृ. १३४)। ७. उद्धारानीत-मन्नादि प्रामित्यं वृद्धवृद्धिमत्। (अन. ध. ५–१४); उक्त च—भक्तादिकमृण यच्च तत्प्रामित्यमुदाहृतम्। तत्पुनर्द्विविध प्रोक्तं सवृद्धिकमथेतरत् ॥ प्रमीयते स्म प्रमितम्, प्रमितमेव प्रामित्यम्। चातुर्वर्णादिभ्य. स्वार्थेऽण्यण्। (अन. ध. स्वो. टी. ५–१४)। ८. अल्पमृणं कृत्वा सवृद्धिकमवृद्धिकं वा सयतार्थं गृहीतं पामिच्छम्। (भ आ. मूला. २३०)। ९. यदुच्छिन्न याचित्वा गृही दत्ते तत्प्रामित्यम्। (गु. गु षट्. स्वो. वृ २०)। १०. कालान्तरेणा-व्याजेन वा स्तोकमृण कृत्वा यतीना दानार्थ यदर्जित तत्प्रामृष्यं मृष्यते। (भावप्रा. टी. ६६)।

१ वृद्धि (ब्याज) से युक्त या वृद्धि से रहित थोड़ा सा ऋण करके साधु को देने के लिए जो भात व अन्य मण्डक (खाद्यविशेष) आदि लिया जाता है वह प्रामृष्य या प्रामित्य नामक उद्गमदोष से दूषित होता है। २ प्रामित्य दोष लौकिक और लोकोत्तर के भेद से दो प्रकार का है। उनमे भी प्रत्येक उसी द्रव्यविषयक व अन्य द्रव्यविषयक के भेद से दो प्रकार का है। भगिनी आदि के द्वारा खरीदी गई भोज्य वस्तु के देने पर लौकिक प्रामित्य दोष होता है तथा परस्पर साधुओ के हो वस्त्रादि-विषयक लोकोत्तर प्रामित्य दोष होता है। लौकिक प्रामित्य के विषय मे भगिनी (सज्झिल्लगा) शब्द से जिस कथानक की सूचना की गई है उसका निर्देश संक्षेप मे स्वयं निर्युक्तिकार ने (३१७–१९) किया है तथा विस्तार से टीका में मलयगिरि आचार्य ने उसे प्रगट किया है।

प्रामृष्य—देखो प्रामित्य।

भावसाधु— १. ××× भावंमि य सजतो साहू॥ (आव. नि. १००८, पृ. ५५१); निव्वाण० साहए जोगे, जम्हा साहेति साहुणो। समा य सव्व० भूएसु, तम्हा ते भावसाहुणो॥ (आव. नि. १०१०, पृ. ५५१)। २. जे णिव्वाणसाहए जोगे साधयंति ते भावसाधवो भण्णंति। (दशवै. चू. पृ. २६१)। ३. भावे विचार्यमाणे साधुः सयतः—सम्यक् जिनाज्ञापुरस्सरं सकलसावद्यव्यापारादुपरतः। (आव. नि. मलय. वृ. १००८)।

१ जो सयत है—जिनाज्ञापूर्वक समस्त सावद्य व्यापार को छोड़ चुका है उसे भावसाधु कहते हैं। जो मुक्ति के साधक योगों को—सम्यग्दर्शनादिरूप व्यापारों को—सिद्ध करते हैं तथा समस्त प्राणियों में सम—राग-द्वेष से रहित—होते हैं वे भावसाधु कहलाते हैं।

भावसाम—देखो भावसामायिक।

भावसामायिक—१. आयोवमाए परदुक्खमकरण राग-दोसमज्झत्थ। नाणाइतिगं तस्सायपोग्गणं भाव० सामाई॥ (आव. नि. १०४५, पृ. ५७५)। २. णिरुद्धासेसकसायस्स वंतमिच्छत्तस्स णय-

णिउणस्स छदव्वविसओ बोहो बाहविवज्जिओ अक्खलिओ भावसामाइयं णाम। (जयध. १, पृ. ६८)। ३. सर्वजीवेषूपरि मैत्रीभावोऽशुभपरिणामवर्जनं भावसामायिकं नाम। (मूला. वृ. ७–१७)। ४. आत्मनीव परदुःखाकरणपरिणामो भावसाम, तथा राग-द्वेषमाध्यस्थ्यम् अनासेवनया राग-द्वेषमध्यवर्तित्वम्, सर्वत्रात्मनस्तुल्यरूपेण वर्त्तनं भावसमम् ×××। (आव. नि. मलय. वृ. १०४५,पृ.५७५)। ५. भावसामायिकं सर्वजीवेषु मैत्रीभावोऽशुभपरिणामवर्जनं वा। ××× वर्तमानपर्यायोपलक्षितं द्रव्य भावः, तस्य सामायिकं भावसामायिकम्। (अन. ध. स्वो. टी. ८–१६, पृ. ५५२–५३)। ६. भावस्य जीवादितत्त्वविषयोपयोगरूपस्य पर्यायस्य मिथ्यादर्शन-कषायादिसक्लेशनिवृत्तिः सामायिकशास्त्रोपयोगयुक्तज्ञायकः तत्पर्यायपरिणतसामायिकं वा भावसामायिकम्। (गो. जी. जी. प्र. ३६७)। ७. णामभावस्स जीयादितच्चविसयुवयोगरूवस्स पज्जायस्स मिच्छादंसण-कसायादिसंकिलेसणियट्टी सामाइयसत्थुपयुत्तणायगो तप्पज्जायपरिणद सामाइय वा भावसामाइय। (धंगप. पृ. ३०६)।

१ अपने समान दूसरों को दुखित न करने का अभिप्राय रखना तथा राग-द्वेष के मध्य में स्थित रहना—न इष्ट से राग करना और न अनिष्ट से द्वेष करना, इसका नाम भावसाम या भावसामायिक है। ज्ञान, दर्शन और चारित्र (रत्नत्रय) रूप जो समीचीन भाव है उसका आत्मा मे प्रवेश कराना, इसे भावसामायिक जानना चाहिए। २ जिसने समस्त कषायों को रोककर मिथ्यात्व का वमन कर दिया है—उसे नष्ट कर दिया है—तथा जो नयों के व्यवहार में कुशल है ऐसे जीव के जो निर्बाध व अस्खलित छह द्रव्यविषयक बोध होता है उसका नाम भावसामायिक है।

भावसिद्ध—ओदइयाई भावे, अत्थेणं सव्वहा खविताणं। साहियवं ज खतियं, भावं तो भावसिद्धो उ॥ (सिद्धप्राभृत ५)।

जिसने औदयिक आदि भावों को सर्वथा नष्ट करके केवलज्ञान-दर्शनादिरूप क्षायिक भाव को सिद्ध कर लिया है उसे भावसिद्ध कहते हैं।

भावसेवा—दर्पः प्रमादः अनाभोगः भयं प्रदोष इत्यादिकेषु परिणामेषु प्रवृत्तिर्भावसेवा। (भ. आ. विजयो. ४५०)।

अभिमान, प्रमाद, अनावधानी, भय और प्रदोष (द्वेष) इन परिणामों में जो प्रवृत्ति होती है उसे भावसेवा कहते हैं।

भावस्तव—१. ××× संतगुणकित्तणा भावे॥ (आव. भा. १६३, पृ. ५६०)। २. तेसिं जिणाणमणंतणाण-दंसण-विरिय-सुह-सम्मत्तव्वाबाह- विरायभावादिगुणाणुसरण-परूवणाओ भावत्थओ णाम। (जयध. १, पृ. १११)। ३. केवलज्ञान-केवलदर्शनादिगुणानां स्तवनं भावस्तवः। (मूला. वृ. ७, ४१)। ४. वर्ण्यन्तेऽनन्यसामान्या यत्कैवल्यादयो गुणाः। भावकैर्भावसर्वस्वदिशां भावस्तवोऽस्तु सः॥ (अन. ध. ८–४४)। ५. भावविषयो भावस्तवः। (आव. भा. मलय. वृ. १६३, पृ. ५६०)।

१ विद्यमान गुणों का कीर्तन करना, इसका नाम भावस्तव है। २ तीर्थंकरों के अनन्त ज्ञान, दर्शन, वीर्य, सुख, सम्यक्त्व, अव्याबाध और विरागता आदि गुणों के स्मरण व प्ररूपण करने को भावस्तव कहा जाता है।

भावस्त्री—स्त्रीवेदोदयेन पुरुषाभिलाषरूपमैथुनसज्ञाक्रान्तो जीवो भावस्त्री। (गो. जी. जी. प्र. २७१)।

जो जीव स्त्रीवेद के उदय से पुरुष की अभिलाषारूप मैथुन संज्ञा से पीड़ित हो उसे भावस्त्री कहते हैं।

भावस्नान—ध्यानाम्भसा तु जीवस्य सदा यच्छुद्धिकारणम्। मलं कर्म समाश्रित्य भावस्नानं तदुच्यते॥ (अष्टक. हरि. २–६)।

जो कर्मरूप मैल का आश्रय लेकर सदा शुद्धि का कारण है ऐसा जो जीव का ध्यानरूप जल से स्नान है उसे भावस्नान कहा जाता है।

भावस्पर्श—१. जो सो भावफासो णाम॥ उवजुत्तो पाहुडजाणओ सो सव्वो भावफासो णाम॥ (षट्खं. ५, ३, ३१–३२—पु. १३, पृ. ३५)। २. फासपाहुड णादूण जो तत्थ उवजुत्तो सो भावफासो त्ति घेत्तव्वो। (धव. पु. १३, पृ. ३५)।

१ जो स्पर्शप्राभृत का ज्ञाता होकर उसके विषय में उपयोगयुक्त हो उसका नाम भावस्पर्श है।

भावागम—तेषामेव पञ्चाना (जीवास्तिकायानाम्) मिथ्यात्वोदयाभावे सति सशय-विमोह-विभ्रम-

रहितत्वेन सम्यगवायो बोधो निर्णयो निश्चयो ज्ञान-समयोऽर्थपरिच्छित्तिर्भाविश्रुतरूपो भावागम इति यावत् । (पंचा. का. जय. वृ. ३) ।

मिथ्यात्व कर्म के उदय का अभाव हो जाने पर जो जीवादि पांच अस्तिकायों का संशय, अनध्यवसाय और विपरीत ज्ञान से रहित यथार्थ बोध होता है उसे भावागम कहा जाता है ।

भावागमकर्म—देखो आगमभावकर्म ।

भावागार — चारित्रमोहोदये सत्यगारसम्बन्ध प्रत्यनिवृत्त परिणामो भावागारमित्युच्यते । (स. सि. ७–१९) ।

चारित्रमोह का उदय रहने पर जो परिणाम घर की ओर से निवृत्त नहीं होता है—उसके विषय में अनुरागरूप रहता है—उसे भावागार कहते हैं ।

भावाग्नि—१. उदयं पत्तो वेदो, भावग्गी होइ तदुवओगेण । भावो चरित्तमादी, त डहई तेण भाव-ग्गी ॥ (बृहत्क. भा. २१५०) । २. 'वेदः' स्त्री-वेदादिरुदय प्राप्त सन् तस्य स्त्रीवेदादेः सम्बन्धी य उपयोग —पुरुषाभिलाषादिलक्षणस्तेन हेतुभूतेन भावाग्निर्भवति । कुत इत्याह—भावश्चारित्रादिक परिणाम, त भाव येन कारणेन दहति तेन भावा-ग्निरुच्यते, 'भावस्य दाहकोऽग्निर्भावाग्नि ' इति व्यु-त्पत्ते । (बृहत्क. क्षे. वृ. २१५०) ।

१ उदय को प्राप्त वेद (स्त्रीवेद आदि) तद्विषयक उपयोग से—पुरुषादिविषयक अभिलाषा के द्वारा—चूंकि चारित्र आदिरूप भाव (परिणाम) को दग्ध करता है, इसीलिए उसे भावाग्नि कहा जाता है ।

भावाचार्य—देखो आचार्य । आयारो नाणाई तस्सायरणा पभासणातो वा । जे ते भावायरिया भावयारोवउत्ता य ॥ (आव. नि. ९९५) ।

ज्ञान-दर्शनादिरूप आचार पांच प्रकार का है । जो भावाचार में उपयुक्त होकर स्वयं उस आचार का परिपालन करते हैं तथा अन्य साधुओं के लिए उसका व्याख्यान करते हैं उन्हें भावाचार्य कहा जाता है ।

भावाजीव—१. भावाजीवो धर्मादिर्गत्यादुपग्रह-कारीति । (त. भा. सिद्ध. वृ. १–५, पृ. ४९) । २ भावतस्त्वेकरस एकवर्ण एकगन्धो द्विस्पर्श इति । (आव. नि. मलय. वृ. १२९, पृ. १३१) ।

१ गति-स्थिति आदि के उपकारक धर्म-अधर्म आदि द्रव्य भाव की अपेक्षा अजीव माने जाते हैं । २ भाव की अपेक्षा अजीव (परमाणु) वह है जो एक रस, एक वर्ण, एक गन्ध और दो स्पर्शों (स्निग्ध-रुक्ष और शीत-उष्ण में से एक-एक) से सहित हो ।

भावाधःकर्म—संजमठाणाण कंडगाण लेसा-ठिई-विसेसाण । भाव अहे करेई तम्हा त भावहेकम्म ॥ (पिण्डनि. ९९) ।

जो आचरण संयमस्थानों के काण्डकों, लेश्याविशेषों और कर्मप्रकृतियों के स्थितिविशेषों सम्बन्धी विशुद्ध व विशुद्धतर स्थानों में वर्तमान भाव (अध्यवसाय) को अधः करता है—हीन व हीनतर स्थानों में करता है—उसे भावाधःकर्म कहा जाता है । यह साधु के आहारविषयक १६ उद्गम-दोषों में प्रथम है ।

भावानुयोग—भावानामनुयोगो नाम बहूनामौद-यिकादीनां भावानां व्याख्यानम् । (आव. नि. मलय. वृ. १२९, पृ. १३२) ।

औदयिक आदि भावों में किसी एक के अथवा बहुतों के व्याख्यान को भावानुयोग कहते हैं ।

भावापरिणत— दायकादेरशुद्धे भावे भावापरिण-तम् । (गु. गु. षट् २५, पृ. ५८) ।

दाता आदि के भाव के अशुद्ध होने पर भावा-परिणत नाम का एषणादोष (८वां) होता है ।

भावाभिग्रह—उक्खित्तमाइचरगा, भावजुया खलु अभिग्गहा होंति । गायतो व रुदतो, ज देइ निसन्न-मादी वा ॥ ओसक्कण अहिसक्कण परम्मुहाऽलक्किए-यरो वा वि । भावन्नयरेण जुओ, अह भावाभिग्गहो नाम ॥ (बृहत्क. भा. १६५२–५३) ।

उत्क्षिप्त—दाता के द्वारा पाकपात्र से पूर्व में ही निकाल कर रखे हुए—भोज्य पदार्थ का अन्वेषण करने वाले भावयुक्त अभिग्रह (भावाभिग्रह) होते है, अर्थात् "मै पाकपात्र से पूर्व में निकाली गई वस्तु को ही ग्रहण करूंगा, इस प्रकार के नियम का नाम भावाभिग्रह है । अथवा गाता हुआ, रोता हुआ या बैठा हुआ आदि दाता यदि देगा तो ग्रहण करूंगा, ऐसा जो नियम किया जाता है उसे भावा-भिग्रह कहते हैं । तथा हटता हुआ, सम्मुख आता

हुआ, पराङ्मुख होता हुआ, अलंकारयुक्त अथवा अलंकारों से रहित दाता यदि देगा तो ग्रहण करूंगा; इस प्रकार के अभिप्रायों में किसी भी अभिप्राय से युक्त भावाभिग्रह होता है।

भावार्त्त—क्रोधादिभिरभिभूतो भावार्त. । (बृहत्क. भा. क्षे. वृ. १२५१)।

जो क्रोधादि कषायों से पीड़ित है वह भावार्त कहलाता है।

भावार्द्र—१. ××× भावेण होइ रागद्द ॥ (सूत्रकृ. नि. २, ६, १८५)। २. भावार्द्र सु पुन रागः—स्नेहोऽभिष्वङ्गस्तेनार्द्र यज्जीवद्रव्य तद्भावार्द्रमित्यभिधीयते। (सूत्रकृ. नि. शी. वृ. २, ६, १८५)।

१ राग का अर्थ स्नेह या आसक्ति है, उससे जो जीव द्रव्य आर्द्र (भीगा हुआ) है उसे भावार्द्र कहा जाता है।

भावावग्रह—चउरो ओदइअम्मी, खओवसमियम्मि पच्छिमो होइ। मणसी करणमणुन्नं, च जाण ज जत्थ ऊ कमइ ॥ भावोग्गहो अहव दुहा, मइ गहणे अत्थ-वंजणे उ मई। गहणं जत्थ उ गिण्हे, 'मणसी कर' अकरणे तिविहं। (बृहत्क. भा. ६८४–८५)।

देवेन्द्रावग्रह, राजावग्रह, गृहपति-अवग्रह, सागारिक-अवग्रह और साधर्मिक अवग्रह इन पांच अवग्रहों में से चार तो यह मेरा क्षेत्र है' इत्यादि प्रकार की मूर्च्छा रहने के कारण औदयिक भाव के अन्तर्गत हैं तथा अन्तिम (पांचवां) कषायमोहनीय के क्षयोपशम से मूर्छा न होने के कारण क्षायोपशमिक भाव के अन्तर्गत है। यह भावावग्रह है। भावावग्रह मति और ग्रहण के भेद से दो प्रकार का है। इनमें मतिअवग्रह अर्थावग्रह और व्यंजनावग्रह के भेद से दो प्रकार का है। जिस देवेन्द्रावग्रह आदि में साधु जब किसी सचित्त, अचित्त या मिश्र वस्तु को ग्रहण करता है तब वह ग्रहणभावावग्रह कहलाता है।

भावावसन्न — भावावसन्नोऽशुद्धचरित्रः सीदति उपकरणे वसति-संस्तरप्रतिलेखने स्वाध्याये विहार-भूमिशोधने गोचारशुद्धौ ईर्यासमित्यादिषु स्वाध्याय-कालावलोकेन स्वाध्यायविसर्गे गोचरे चानुद्यतः आवश्यकेष्वलसः जनातिरिक्तो वा जनाधिकं करोति कुर्वंश्च यथोक्तमावश्यकं वाक्कायाभ्यां करोति न भावत एवम्भूतश्चारित्रेऽवसीदतीत्यवसन्नः। (भ. आ. विजयो. १९५०)।

जो साधु का वेष धारण करके शुद्ध चारित्र से रहित होता हुआ उपकरण, वसति व संस्तर के प्रतिलेखन में; स्वाध्याय में, विहारभूमि के शोधन में, गोचारशुद्धि में, ईर्यासमिति आदि में, स्वाध्याय की समाप्ति में तथा गोचर में प्रयत्नशील नहीं रहता है; आवश्यकों के परिपालन में आलस करता है या हीनाधिक रूप में करता है तथा वचन व काय से करता हुआ भी उसे मन से नहीं करता है; इस प्रकार से जो चारित्र में खिन्न रहता है उसे भावावसन्न साधु जानना चाहिए।

भावास्रव—१. भावास्रवास्तु ते (आत्मसमवेताः पुद्गलाः) एवोदिताः। (त. भा. सिद्ध. वृ. १–५, पृ. ४९)। २ मिच्छत्ताइचउक्कं जीवे भावासवो भणियं ॥ (द्रव्यस्व. प्र. नयच. १५२)। ३. आसवदि जेण कम्मं परिणामेणप्पणो स विण्णेओ। भावासओ जिणुत्तो ××× ॥ (द्रव्यसं २९)। ४. कर्मास्रवनिर्मूलनसमर्थशुद्धात्मभावनाप्रतिपक्षभूतेन येन परिणामेनास्रवति कर्म, कस्य ? आत्मनः स्वस्य, स परिणामो भावास्रवो विज्ञेयः। (बृ. द्रव्यसं. टी २९)। ५. निरास्रवशुद्धात्मपदार्थविपरीतो राग-द्वेष-मोहरूपो जीवपरिणामो भावास्रवः। (पंचा. का. जय. वृ. १०८)। ६. उदयोदीरणाकर्मद्रव्यास्रवो यतः (?)। स्यान्नूत्न(?) द्रव्य-भावौर्नो भाव-द्रव्यास्रवाः क्रमात्। (आचा. सा. ३–३०)। ७. आद्यो जीवात्मको भावः ××× ॥ (जम्बू. च. ३–५३); तत्र रागादयो भावाः कर्मागमन-हेतवः ॥ तस्माद्भावाश्रवो ज्ञेयो रागभावः शरीरिणाम्। (जम्बू. च. १३, १००–१)।

१ आत्मा में समवाय को प्राप्त हुए वे ही कर्मरूप पुद्गल उदय को प्राप्त होने पर भावास्रव कहलाते हैं। २ जीव में जो मिथ्यात्व, अविरति, कषाय और योग ये चार विद्यमान रहते हैं उन्हें भावास्रव कहते हैं।

भावाहार—भावाहारस्त्वयम्—क्षुधोदयाद् भक्ष्य-पर्यायापन्नं वस्तु यदाहरति स भावाहारः। (सूत्रकृ. नि. शी. वृ. २, ३, १६९, पृ. ८७)।

क्षुधा के उदय से भक्ष्य अवस्था को प्राप्त वस्तु को जो ग्रहण किया जाता है उसे भावाहार कहते हैं।

भाविद्रव्यकृति—जा सा भवियदव्वकदी णाम जे इमे कदित्ति अणिओगद्दारा भविओवकरणदाए जो ट्ठिदो जीवो ण ताव तं करेदि सा सव्वा भवियदव्वकदी णाम। (षट्खं. ४, १, ६४—पु. ६, पृ. २७१)।

जो जीव भविष्य में कृति अनुयोगद्वारों के उपकरण रूप से स्थित होकर वर्तमान में उसे नहीं कर रहा है उसे भावी (नोआगम) द्रव्यकृति कहते हैं।

भाविद्रव्यासंख्यात— जं त भवियासंखेज्जयं तं भविस्सकाले असंखेज्जपाहुडजाणुगजीवो। (धव. पु. ३, पृ. १२४)।

जो जीव भविष्य में असंख्यातप्राभृत का ज्ञाता होने वाला है उसे भावी द्रव्यासंख्यात कहा जाता है।

भाविनैगमनय—१. णिप्पण्णमिव पयंपदि भाविपयत्थ खु णरो अणिप्पण्णं। अप्पत्थे जह पत्थं भण्णइ सो भाविणइगमोत्ति णओ॥ (नयच. ३५; द्रव्यस्व. प्र. नयच. २०५)। २ भाविनि भूतवत्कथन यत्र स भाविनैगमो यथा अर्हन् सिद्ध एव। (आलापप. पृ. १३८)। ३. भविष्यन्तम् अर्थम् अतीतवत् कथन भाविनि भूतवत् कथन भाविनैगमः, यथा अर्हन् सिद्ध एव। (कार्तिके टी. २७१)।

१ अनिष्पन्न (अनुत्पन्न) भावी पदार्थ को जो निष्पन्न के समान कहा जाता है उसे भावी नैगमनय कहते हैं। जैसे—जो प्रस्थ (एक मापविशेष) अभी उत्पन्न नहीं हुआ है—आगे उत्पन्न होने वाला है—उसे वर्तमान में प्रस्थ कहना, अथवा अरहन्त को सिद्ध कहना।

भाविनोआगमज्ञायकशरीरद्रव्यभाव— भावपाहुडपज्जायपरिणदजीवस्स आहारो जं होसदि सरीर त भवियं णाम। (धव. ५, पृ. १८४)।

भावप्राभृतपर्यायरूप से परिणत जीव का जो शरीर आधार होगा उसे भावी नोआगमज्ञायकशरीरद्रव्यभाव कहते हैं।

भाविनोआगमद्रव्यकाल— भवियणोआगमदव्वकालो भविस्सकाले कालपाहुडजाणओ जीवो। (धव. पु. ४, पृ. ३१४)।

जो जीव आगामी काल में कालप्राभृत का ज्ञाता होने वाला है उसे भावी नोआगमद्रव्यकाल कहा जाता है।

भाविनोआगमद्रव्यजीव—१. जीवन-सम्यग्दर्शनपरिणामप्राप्ति प्रत्यभिमुखं द्रव्यं भावीत्युच्यते। (त. वा. १, ५, ७)। २. गत्यन्तरे स्थितो मनुष्यभवप्राप्ति प्रत्यभिमुखो भाविजीवः, स एव यदा जीवादिप्राभृतं न जानाति केवलमग्रे ज्ञास्यति तदा भाविनोआगमः। (न्यायकु. ७४, पृ. ८०७)। ३. अथवा यदा जीवादिप्राभृतं न जानाति अग्रे तु ज्ञास्यति तदा भाविनोआगमद्रव्यजीवः। (त. वृत्ति श्रुत. १–५)।

१ जीवन—मनुष्यादि जीवन—परिणाम और सम्यग्दर्शन परिणाम की प्राप्ति के प्रति जो अभिमुख द्रव्य है उसे क्रम से भावी नोआगमद्रव्यजीव और भावी नोआगमसम्यग्दर्शन कहते हैं। २ अन्य गति में स्थित जो जीव मनुष्यभव की प्राप्ति के प्रति अभिमुख हो रहा है उसे भावी नोआगमद्रव्यजीव कहते हैं; वही जब जीवादिप्राभृत को वर्तमान में नहीं जानता है, किन्तु आगे अवश्य जानेगा तब उसे भावी नोआगमद्रव्यजीव कहा जाता है।

भाविनोआगमद्रव्यभाव— भावपाहुडपज्जयसरूवेण जो जीवो परिणमिस्सदि सो णोआगमभवियदव्वभावो णाम। (धव. पु. ५, पृ. १८४)।

जो जीव आगे भावप्राभृत पर्यायरूप से परिणत होने वाला है उसे भावी नोआगमद्रव्यभाव कहते हैं।

भाविनोआगमद्रव्यसामायिक—भाविकाले सामायिकप्राभृतज्ञायिजीवो भाविनोआगमद्रव्यसामायिकम्। (अन. ध. १० टी. ८–१९)।

जो जीव आगामी काल में सामायिकप्राभृत का ज्ञाता होने वाला है उसे भावी नोआगमद्रव्यसामायिक कहा जाता है।

भाविनोआगमद्रव्यानन्त—ज तं भवियाणत तं अणतपाहुडजाणुगभावी जीवो। (धव पु ३, पृ. १४–१५)।

जो जीव भविष्य में अनन्तप्राभृत का जानकार होने वाला है उसे भावी नोआगमद्रव्यानन्त कहा जाता है।

भाविनोआगमद्रव्यान्तर—भवियणोआगमदव्वतरं भविस्सकाले अतरपाहुडजाणओ। सपहि संतेवि उवजोए अतरपाहुडअवगमरहिओ। (धव पु ५, पृ. २)।

जो जीव भविष्य में अन्तरप्राभृत का ज्ञाता होने वाला है, पर वर्तमान में उपयोग के होने पर भी

जो अनन्तरप्राभृत के ज्ञान से रहित हैं उसे भावी नो आगमद्रव्यान्तर कहते हैं।

भाविप्रतिक्रमण — चारित्रमोहक्षयोपशमसान्निध्ये भविष्यत्प्रतिक्रमणपर्याय आत्मा भाविप्रतिक्रमणम्। भ. आ. विजयो. ११६)।

चारित्रमोहनीय का क्षयोपशम होने पर जो जीव आगे होने वाली प्रतिक्रमण पर्याय से परिणत होने वाला है उसे भावी प्रतिक्रमण कहते हैं।

भाविव्रत—चारित्रमोहस्य क्षयात् क्षयोपशमाद्वा यस्मिन्नात्मनि भविष्यन्ति विरतिपरिणामाः स भाविव्रतम्। (भ. आ. विजयो. ११८५)।

चारित्रमोह के क्षय या क्षयोपशम से जिस आत्मा में आगे विरतिरूप परिणाम होने वाले हैं उसे भावीव्रत कहते हैं।

भाविसामायिक—चारित्रमोहनीयक्षयोपशमविशेषसहायो य आत्मा भविष्यत्सर्वसावद्ययोगनिवृत्तिपरिणामः सोऽभिधीयते भाविसामायिकशब्देन। (भ. आ. विजयो. ११६)।

चारित्रमोहनीय के क्षयोपशम के आश्रय से जो जीव आगामी काल में समस्त सावद्ययोग की निवृत्तिरूप परिणाम से युक्त होने वाला है उसे 'भावीसामायिक' शब्द से कहा जाता है।

भाविसिद्ध—भविष्यत्सिद्धत्वपर्यायो जीवो भाविसिद्धः। (भ. आ. विजयो. १)।

जिस जीव को आगे सिद्धत्व पर्याय प्राप्त होने वाली है उसे भावीसिद्ध कहा जाता है।

भावी अर्हन्—देखो भाव्यर्हन्।

भावेन अनुयोग — भावेनानुयोगः संग्रहादीनां पञ्चानामध्यवसायानामन्यतरेणाध्यवसायेन योऽनुयोगः। (आव. नि. मलय. वृ. १२६, पृ. १३२)।

संग्रह आदि (संग्रहार्थता, उपग्रहार्थता, निर्जरार्थता, श्रुतपर्यवजात और अव्यवच्छित्ति) पांच अध्यवसायों में से किसी एक अध्यवसाय (अभिप्राय) के द्वारा जो व्याख्या की जाती है उसे भावेन अनुयोग कहा जाता है।

भावेन्द्र—जो पुण जहत्थजुत्तो, सुद्धनयाणं तु एस भाविदो। इदस्स व अहिगारं, वियाणमाणो तदुवउत्तो॥ (बृहत्क. भा. १५)।

जो परमैश्वर्यरूप यथावस्थित अर्थ से सहित हो वह शुद्ध नयों—शब्दादि नयों—के अनुसार भाव-इन्द्र कहलाता है। इन्द्र के अधिकार को—शब्दार्थ को—जो जानता है और तद्विषयक उपयोग से सहित हो उसे भाव-इन्द्र जानना चाहिए।

भावेन्द्रिय—१. लब्ध्युपयोगौ भावेन्द्रियम्। (त. सू. २-१८; ष. खं. पु. १, पृ. २३६)॥ २. लब्ध्युपयोगौ भावेन्द्रियम्—अर्थग्रहणशक्तिः लब्धिः, उपयोगः पुनरर्थग्रहणव्यापारः। (लघीय. स्वो. विव. ५, पृ. ११५)। ३. श्रोत्रेन्द्रियादिविषया सर्वात्मप्रदेशानां तदावरणक्षयोपशमलब्धिरूपयोगश्च भावेन्द्रियम्। (नन्दी. हरि. वृ. पृ. २८)। ४. भावेन्द्रियं तु क्षयोपशम उपयोगश्च। (ललितवि. पृ. ३६)। ५. भावेन्द्रियाणि तु भावात्मकान्यात्मपरिणतिरूपाणीति। (त. भा. सिद्ध. वृ. २-१६); लब्ध्युपयोगौ भावेन्द्रियम्—लब्धिः प्रतिस्वमिन्द्रियावरणकर्मक्षयोपशमः, स्वविषयव्यापारः प्रणिधानं वीर्यमुपयोगः, एतदुभयं भावेन्द्रियमात्मपरिणतिलक्षणं भवति। (त. भा. सिद्ध. वृ. २-१८)। ६. भावेन्द्रियं नाम ज्ञानावरणक्षयोपशमविशेषोपलब्धिः, द्रव्येन्द्रियनिमित्तरूपाद्युपलब्धिश्च। (भ. आ. विजयो. ११५); भावेन्द्रिय ज्ञानावरणक्षयोपशम इन्द्रियजनितो रूपाद्युपयोगश्च। (भ. आ. विजयो. ३१३)। ७. लब्धिस्तथोपयोगश्च भावेन्द्रियमुदाहृतम्। (त. सा. २-४४)। ८. मदिआवरणखओवसमुत्थविसुद्धी हु तज्जबोहो वा। भाविंदियं तु ×××॥ (गो. जी. १६५)। ९. आत्मप्रदेशावरणक्षयोपशमरूप भावेन्द्रियम्। (सिद्धिवि. वृ. ८-२९, पृ. ५७०)। १०. भावेन्द्रियं तु लब्ध्युपयोगात्मकम्। (अ. क मा. २-५, पृ. २२९)। ११. लब्धिः सदोपयोगश्च स्याद् भावेन्द्रियमात्मनः। (आचा. सा. ४-२७)। १२. ××× इयरं पुण, लद्धुवओगेहि नायव्व॥ (गु. गु. षट्. स्वो. वृ. १५, उद्.)। १३. जन्तोः श्रोत्रादिविषयस्तत्तदावरणस्य यः। स्यात् क्षयोपशमो लब्धिरूपं भावेन्द्रिय हि तत्॥ स्व-स्वलब्ध्यनुसारेण विषयेषु य आत्मनः। व्यापार उपयोगाख्यं भवेद् भावेन्द्रिय च तत्॥ (लोकप्र. ३, ४८०-८१)।

१ लब्धि और उपयोग को भावेन्द्रिय कहते हैं। २. अर्थ के ग्रहण करने की शक्ति का नाम लब्धि और अर्थग्रहण के प्रति जो व्यापार होता है उसका नाम उपयोग है, इन दोनों को भावेन्द्रिय कहा जाता है। ३ समस्त आत्मप्रदेशों सम्बन्धी श्रोत्र

आदि इन्द्रियों विषयक उनके आवरण के क्षयोपशम रूप लब्धि और उपयोग को भावेन्द्रिय कहते हैं।

भावैकान्त—भाव एवेति सन्नेवेति एकान्तः असद्व्यायधर्मग्रहो भावैकान्तः, सर्वथा सत्त्वाभ्युपगम इत्यर्थः। (आप्तमी. वसु. वृ. १-६)।

विवक्षित वस्तु 'सत् ही है' इस प्रकार से जो असत्त्व धर्म की अपेक्षा से रहित ग्रहण होता है—केवल सत्ता को ही स्वीकार किया जाता है, इसका नाम भावैकान्त है।

भावोज्झित—लद्धूण अन्नवत्थे, पोराणे सो उ देइ अन्नस्स। सो वि अ निच्छइ ताइ, भावुज्झियमेवमाईयं। (बृहत्क. भा. ६१४)।

कोई अन्य नवीन वस्त्रों को प्राप्त करके पुराने वस्त्र किसी दूसरे को देता है, वह (दूसरा) भी उन्हें पुराने होने के भाव (अभिप्राय) से नहीं स्वीकार करता है; इसीलिए इत्यादि प्रकार के त्याग को भावोज्झित कहा जाता है।

भावोत्थानकायोत्सर्ग—ध्येयैकवस्तुनिष्ठता ज्ञानमयस्य भावस्य भावोत्थानम्। (भ. आ. विजयो. ११६)।

ज्ञानमय भाव, जो एक ध्येय वस्तुमें रहता है, इसका नाम भावकायोत्सर्ग है।

भावोद्योत—१. भावुज्जोवो णाण जह भणिय सव्वभावदरिसीहिं। तस्स दुपयोगकरणे भावुज्जोवोत्ति णादव्वो॥ (मूला. ७-१५६)। २. भावुज्जोवउज्जोओ लोगालोग पगासेइ॥ (आव. नि. १०६२)।

१ भावोद्योत ज्ञान है, ऐसा सर्वज्ञ ने कहा है, उस का उपयोग करने पर भावोद्योत होता है, ऐसा जानना चाहिए। २ जो उद्योत लोक व अलोक को प्रकाशित करता है वह भावोद्योत उद्योत कहलाता है।

भावोपक्रम—भावोपक्रमो हि नाम परहृदयाकूतस्य यथावत्परिज्ञानम्। (आव. नि. मलय. वृ. ७८, पृ. ९२)।

दूसरे के हृदयगत अभिप्राय का जो यथार्थ ज्ञान होता है उसका नाम भावोपक्रम है।

भावोपयोगवर्गणा—उवजोगो णाम कोहादिकसाएहि सह जोवस्स संपजोगो, तस्स वग्गणाओ वियप्पा भेदा त्ति एयट्ठो। ×××भावदो तिव्वमंदादिभावपरिणदाणं कसायुदयट्ठाणाणं जहण्णवियप्पप्पहुडि जावुक्कस्सवियप्पो त्ति छवड्ढिकमेणावट्ठियाणं भावोवजोगवग्गणा त्ति घेत्तव्वाओ; भावविसेसिदाओ उवजोगवग्गणाओ भावोवजोगवग्गणाओ त्ति विवक्खियत्तादो। (जयध.—कसायपा. पृ. ५७९, टि. १)।

क्रोधादि कषायों के साथ जो जीव का संयोग होता है उसका नाम उपयोग है, इस उपयोग के विकल्पों या भेदों को उपयोगवर्गणा कहा जाता है। तीव्र-मन्द आदि भावों से परिणत कषायों के जघन्य विकल्प से लेकर उत्कृष्ट विकल्प तक षड्-वृद्धिक्रम से अवस्थित उदयस्थानों को भावोपयोगवर्गणा कहते हैं।

भाव्यर्हन्—यस्मिन्नात्मनि अरिहननादयो भविष्यन्ति गुणाः स भाव्यर्हन्। (भ. आ. विजयो. ४६)।

जिस जीव में आगे अरिहनन—कर्मरूप शत्रु का विनाश—आदि गुण होने वाले हैं उसे भावी अर्हन् कहा जाता है।

भाषक—भाषत इति भाषकः। (आव. नि. हरि. वृ. ८, पृ. १६); भाषालब्धिसम्पन्नाः भाषकाः। (आव. नि. हरि. वृ. १५, पृ. २१)।

जो भाषालब्धि से युक्त होते हैं वे भाषक कहलाते हैं।

भाषा—१. भाष्यत इति भाषा। (आव. नि. हरि. वृ. ६ व ८)। २. व्यक्तवाग्भिर्वर्ण-पद-वाक्याकारेण भाष्यत इति भाषा। (त. भा. सिद्ध. वृ. ५-२४, पृ. ३६०)। ३. भाष्यते इति भाषा, तद्योग्यतया परिणामितनिसृज्यमानद्रव्यसहतिः। (प्रज्ञाप. मलय. वृ. १६१)।

१ जो बोली जाती है उसे भाषा कहते हैं। २ स्पष्ट वचन बोलने वाले व्यक्त वर्ण, पद और वाक्य के आकार से जो कुछ बोलते हैं उसका नाम भाषा है।

भाषाद्रव्यवर्गणा—१. भासादव्ववग्गणा णाम चउव्विहाए भासाए गहणं पवत्तति। त जहा—सच्चाए मोसाए सच्चामोसाए असच्चामोसाए। जाइ दव्वाइं घित्तूण सच्चादिभासत्ताए परिणामेउ णिस्सरति जीवा ताणि ताणि दव्वाणि भासादव्ववग्गणा। (कर्मप्र. चू. १९, पृ. ४०-४१)। २. तत एकोत्तरवृद्धिमत्स्कन्धारब्धा एता अपि भाषानिष्प-

त्तिहेतुभूता अनन्ता भाषावर्गणा मन्तव्याः । (शतक. मलय. हेम. वृ. ८७, पृ. १०५)।

२ जो वर्गणाएं उत्तरोत्तर एक एक वृद्धि वाले स्कन्धों से प्रारम्भ होकर भाषा की उत्पत्ति में कारण होती हैं वे भाषावर्गणाए कहलाती हैं।

भाषापर्याप्ति—१. भाषायोग्यद्रव्यग्रहण-निसर्ग-शक्तिनिर्वर्तनक्रियापरिसमाप्तिर्भाषापर्याप्तिः । (त. भा. ८–१२; नन्दी. हरि. वृ. पृ. ४४)। २ भासाजोग्गगहण-णिसिरणसत्ती भासापज्जत्ती। (नन्दी. चू. पृ. १५)। ३. भाषायोग्यपुद्गलग्रहण-विसर्गसमर्थ-करणनिष्पत्तिर्भाषापर्याप्तिः । (त. भा. हरि. व सिद्ध. वृ. ८–१२, पृ. ३६८ व १६०); अत्रापि वर्गणाक्रमेणैव भाषायोग्यद्रव्याणा ग्रहण-निसर्गो तद्विषया शक्तिः सामर्थ्यं तन्निवर्तनक्रियापरिसमाप्तिर्भाषापर्याप्तिः । (त. भा. हरि. व सिद्ध. वृ. ८, १२, पृ. ४०० व १६१)। ४. भाषावर्गणायाः स्कन्धाच्चतुर्विधभाषाकारेण परिणमनशक्तेर्निमित्त-नोकर्मपुद्गलप्रचयावाप्तिर्भाषापर्याप्तिः। (धव. पु. १, पृ. २५५)। ५. तथा भाषापर्याप्तिरिति । किमुक्तं भवति ? येन कारणेन सत्य-मृषा-[सत्यमृषा-]असत्य-मृषाया भाषायाश्चतुर्विधाया प्रायोग्यानि पुद्गल-द्रव्याण्याश्रित्य चतुर्विधाया भाषाया. स्वरूपेण परिणमय्य समर्थो भवति तस्य कारणस्य निर्वृत्तिः सम्पूर्णता भाषापर्याप्तिरुच्यते । (मूला. वृ १२–४); भाषावर्गणायाश्चतुर्विधभाषाकारपरिणमनशक्ते परिसमाप्तिर्भाषापर्याप्ति । (मूला. वृ. १२–११६)। ६. भाषापर्याप्तिर्वचोयोग्यान् पुद्गलान् गृहीत्वा भाषात्वेन परिणमय्य वाग्योग्यतया निसर्जनशक्ति.। (स्थाना. अभय. वृ ७३)। ७. यया तु भाषाप्रायोग्य वर्गणाद्रव्यमादाय भाषारूपतया परिणमय्य मुञ्चति सा भाषापर्याप्तिः। (शतक. मल. हेम वृ. ३८, पृ. ५०)। ८. यया तु भाषाप्रायोग्यान् पुद्गलानादाय भाषात्वेन परिणमय्यालम्ब्य च मुञ्चति सा भाषापर्याप्ति । (जीवाजी. मलय. वृ १२; प्रज्ञाप. मलय वृ १२; नन्दी. सू. मलय. वृ. १३; षड्शी. मलय वृ. ३; सप्तति. मलय. वृ ६; पंचसं. मलय. वृ. ५, पृ ८; प्रव. सारो. वृ. १३१७; संग्रहणी दे. वृ. २६८; बृहत्क. क्षे. वृ. १११२; कर्मस्त. गो. वृ. १०; षडशी. दे. स्वो. वृ २; विचारस. वृ. ४३)। ६. उचितकालायातभाषावर्गणास्कन्धान् चतुर्विधभाषारूपेण परिणमयितुं पर्याप्त-स्वरनामकर्मोदयजनिता आहारवर्गणावष्टम्भ-युक्तस्य आत्मनः शक्तिनिष्पत्तिर्भाषापर्याप्तिः। (गो. जी. म. प्र. ११२)। १०. स्वरनामकर्मोदयवशाद् भाषावर्गणायातपुद्गलस्कन्धान् सत्यासत्योभयानुभय-भाषारूपेण परिणमयितुं शक्तिनिष्पत्तिः भाषापर्याप्तिः। (गो. जी. जी. प्र. ११६; कार्तिके. टी. १३४)। ११. येन करणेन सत्यादिभाषायाः प्रायोग्यद्रव्याण्यवलम्ब्य चतुर्विधभाषाया परिणमय्य भाषा-निसर्ज्जनप्रभुः स्यात् तस्य करणस्य निष्पत्तिर्भाषा-पर्याप्तिः। (भगवती. दा. वृ. ६–४, पृ. ६२)। १२. भाषार्हं दलमानाय, गीस्त्वं नीत्वाऽवलम्ब्य च। यया शक्त्या त्यजेत् प्राणी, भाषापर्याप्तिरित्यसौ ॥ (लोकप्र. ३–२६)।

१ भाषा के योग्य द्रव्य के ग्रहण और छोड़ने की शक्ति के निर्वर्तन रूप क्रिया की समाप्ति को भाषा-पर्याप्ति कहा जाता है। ४ भाषावर्गणा के स्कन्ध से चार प्रकार की भाषा के आकार से परिणमाने की शक्ति के कारणभूत नोकर्मरूप पुद्गलसमूह की प्राप्ति को भाषापर्याप्ति कहते हैं।

भाषार्य—१. भाषार्या नाम ये शिष्टभाषानियत-वर्ण लोकरूढस्पष्टशब्द पञ्चविधानामप्यार्याणा सव्यवहार भाषन्ते । (त. भा. ३–१५)। २. भा-र्या नाम ते शिष्टभाषानियतवर्णकम् । पचानामपि चार्याणां व्यवहारं वदन्ति ये ॥ (त्रि. श पु च २, ३, ६७८)।

१ जो शिष्टभाषा में नियत वर्णों से तथा लोक-प्रसिद्ध स्पष्ट शब्दों से युक्त समीचीन व्यवहार को पांच प्रकार के आर्यों के मध्य में बोला करते हैं वे भाषार्य कहलाते हैं। सिद्धसेन गणी के अनुसार सब अतिशयों से युक्त गणधर आदि शिष्ट कहलाते हैं तथा उनकी संस्कृत व अर्धमागधी आदि भाषा शिष्टभाषा मानी गई है।

भाषासमिति—१. पेसुण्ण-हास-कक्कस-परणिंदप्प-पसंसियं वयण । परिचत्ता स-परहिय भासासमिदी वदतस्स ॥ (नि. सा. ६२)। २. पेसुण्ण-हास-कक्कस-परणिदाप्पप्पसस-विकहादी। वज्जिता स-पर-हियं भासासमिदी हवे कहणं ॥ (मूला १–१२); सच्चं असच्चमोसं अलियादीदोसवज्जमणवज्ज । वदमाणस्सणुवीची भासासमिदी हवे सुद्धा ॥ (मूला.

५–११०; भ. आ. ११९२)। ३. हित-मितासंदिग्धानवद्यार्थनियतभाषणं भाषासमितिः। (त. भा. ९–५)। ४. हितमितासंदिग्धाभिधानं भाषासमितिः। (त. वा. ९, ५, ५; त. श्लो. ९–५)। ५. आत्मने परस्मै च हितमायत्यां तदात्वे चोपकारकं मुखवसनाच्छादितास्येन, नातिबहु प्रयोजनमात्रसाधकमिदम्, असंदिग्धं सूत्रवर्णमर्थप्रतिपत्तौ वा न सन्देहकारि, निरवद्यार्थमनुपघातकं षण्णां जीवनिकायानाम्, एवविधं च नियत सर्वदैव भाषणं भाषासमिति.। (त. भा. हरि. वृ. ९–५)। ६. भाषणं भाषा, तद्विषया समितिर्भाषासमितिः। उक्तं च—भाषासमितिर्नाम हित-मितासन्दिग्धार्थभाषणम्। (आव. हरि. वृ. पृ. ६१६)। ७. त्यक्त्वा कार्कश्य-पारुष्यं यतेर्यत्नवतः सदा। भाषणं धर्मकार्येषु भाषासमितिरिष्यते॥ (ह. पु. २–१२३)। ८. आत्मने परस्मै हितमायत्यामुपकारकं मुखवसनाच्छादितास्यता, नातिबहु प्रयोजनमात्रसाधकम् मितम्, असंदिग्धं सूक्त अर्थ-वर्णप्रतिपत्तौ वा न सन्देहकारि निरवद्यार्थमनुपघातकं षण्णां जीवकायानाम्, एवविधं च नियत सर्वदैव भाषणं भाषासमितिः। आह च—त्यक्तानृतादिदोष सत्यमसत्यानृतं च निरवद्यम्। सूत्रानुयायि वदतो भाषासमितिर्भवति साधोः॥ (त. भा. सिद्ध. वृ. ९–५)। ९. व्यलीकादिविनिर्मुक्त सत्यासत्यामृषाद्वयम्। वदत. सूत्रमार्गेण भाषासमितिरिष्यते॥ (त. सा. ६–८)। १०. दशदोषविनिर्मुक्ता सूत्रोक्तां साधुसम्मताम्। गदतोऽस्य मुनेर्भाषा स्याद्भाषासमितिः परा॥ (ज्ञानार्णव १८–९, पृ. १८९)। ११. भाषासमितिः श्रुतधर्माविरोधेन पूर्वापरविवेकसहितमनिष्ठुरादि वचनम्। (मूला. वृ. १-१०)। १२. भेद-पैशून्य-परुषप्रहासोक्त्यादिवर्जिता। हित-मिता नि.सन्देहा भाषा भाषासमित्याख्या॥ (आचा. सा. १–२३); मित-सत्य-हितस्योक्तिर्मन.-सन्देहभेदिनः। वचसोऽनुभयस्यापि भाषासमितिरिष्यते। (आचा. सा. ५–९१)। १३. भाषासमितिः निरवद्यवचनप्रवृत्तिः। (समवा. अभय. वृ. ५)। १४. अवद्यत्यागतः सर्वजनीनं मितभाषणम्। प्रिया वाचंयमानां सा भाषासमितिरुच्यते॥ (योगशा. स्वो. विव. १–४२)। १५. कर्कशा परुषा कटुवी निष्ठुरा परकोपिनी। छेदङ्करा मध्यकृशातिमानिन्यनयङ्करा॥ भवहिंसाकरी चेति दुर्भाषां दशधा त्यजन्। हितं मितमसन्दिग्धं स्याद् भाषासमितो वदन्। (अन. ध. ४, १६५–६६)। १६. हितं परमितमसन्दिग्धं सत्यमनसूयं प्रियं कर्णामृतप्रायमशंकाकरं कषायानुत्पादकं सभास्थानयोग्यं मृदु धर्माऽविरोधि देश-कालाद्युचितं हास्यादिरहितं वचोऽभिधानं सम्यक्भाषासमितिर्भवति। (त. वृत्ति श्रुत. ९५)। १७. भाषासमितिः आगमानुसारेण वचनम्। (चारित्रप्रा. टी. ३६)। १८. परबाधाकरं वाक्यं न ब्रूते धर्मदूषितम्। यस्तस्य समितिर्भाषा जायते वदतो हितम्॥ (धर्मसं. ९–५)। १९. हितं यत्सर्वजीवानां निरवद्य मितं वचः। तद्धर्महेतोर्वक्तव्यं भाषासमितिरित्यसौ॥ तदुक्तम्—सत्यं ब्रूयात्प्रियं ब्रूयान्न ब्रूयात्सत्यमप्रियम्। प्रियं च नानृतं ब्रूयात् सा भाषासमितिर्भवेत्॥ (लोकप्र. ३०, ७४५–४६)। २०. वचो धर्माश्रितं वाच्यं वरं मौनमथाश्रयेत्। हिंसाश्रितं न तद्वाच्यं भाषासमितिरिष्यते॥ (लाटीसं. ५–२२७)। २१. भाषाजातवाक्यशुद्धयध्ययनप्रतिपादिता सावद्या भाषां धूर्त-कामुक-क्रव्याद-चौर-चार्वाकादिभाषितां निर्दम्भतया वर्जयतः सर्वजनीनं स्वल्पमप्यतिप्रयोजनसाधकमसन्दिग्ध च यद्भाषणं सा भाषासमितिः। (धर्मसं. मान. ३–४७, पृ. १३१)।

१ पैशुन्य, हास्य, कर्कश, परनिन्दात्मक और आत्मप्रशंसारूप वचन को छोड़कर जो स्व और पर के लिए हितकर वचन को बोलता है उसके भाषासमिति होती है। ३ हितकर, परिमित, सन्देह से रहित और निष्पाप अर्थ के सूचक वचन के सदा बोलने का नाम भाषासमिति है।

भाषासमित्यतिचार— इदं वचनं मम गदितुं युक्त न वेति अनालोच्य भाषणम्, अज्ञात्वा वा। अत एवोक्तम्—'अपुट्ठो दु ण भासेज्ज भासमाणस्स अंतरे' इति। अपृष्टश्रुतधर्मतया मुनिः अपृष्ट इत्युच्यते। भाषासमितिक्रमानभिज्ञो मौनं गृह्णीयात्, इत्यर्थः। एवमादिको भाषासमित्यतिचारः। (भ. आ. विजयो. १६)।

यह वचन बोलने योग्य है या नहीं, इस प्रकार का विचार न करके भाषण करना, अथवा बिना जाने भाषण करना तथा बिना पूछे भाषण करना; इत्यादि भाषासमिति के अतिचार हैं—उसे दूषित करने वाले हैं।

भाष्य – भाष्यो वर्ण-पद-वाक्याकारेण भाष्यत इति कृत्वा। (त. भा. हरि. वृ. ५–२६)।

जो शब्द वर्ण, पद और वाक्य के आकार से बोला जाता है उसे भाष्य कहते हैं। यह छह प्रकार के शब्द में अन्तिम है।

भाष्य जप—यस्तु परै. श्रूयते स भाष्य.। (निर्वाणक. पृ. ४)।

जो जप दूसरों के द्वारा सुना जाता है उसे भाष्य जप कहते हैं।

भिक्षापरिमाण—भिक्षापरिमाणम् एकां भिक्षा द्वे एव वा गृह्णामि नाधिकामिति। (भ. आ. विजयो. २१६)।

मैं एक अथवा दो ही भिक्षाओं को ग्रहण करूंगा, अधिक को नहीं; इस प्रकार के नियम का नाम भिक्षापरिमाण है।

भिक्षाशुद्धि—१. भिक्षाशुद्धिः परीक्षितोभयप्रचारा प्रमृष्टपूर्वापरस्वागदेशविधाना आचारसूत्रोक्तकाल-देश-प्रकृतिप्रतिपत्तिकुशला लाभालाभ-मानापमान-(त. श्लो. 'मान-प्रतिमान-')समानमनोवृत्तिः लोकगर्हितकुलपरिपर्जनपरा चन्द्रगतिरिव हीनाधिकगृहा विशिष्टोपस्थाना दीनानाथ-दानशाला-विवाह-यजन-गेहादिपरिवर्जनोपलक्षिता (त श्लो. 'त-')दीनवृत्ति-विगमा प्रासुकाहारगवेषणप्रणिधाना आगमविहित-निरवद्याशनपरिप्राप्तप्राणयात्राफला, तत्प्रतिबद्धा हि चरणसपत् गुणसम्पदिव साधुजनसेवानिबन्धना सा लाभालाभयो सुरस-विरसयोश्च समसन्तोषाद्भिक्षेति भाष्यते। (त. वा. ६, ६, ६; त. श्लो. ६–६; चा सा. पृ. ३५)। २. वाक्चित्त-काय-कारित कृतानुमतकर्मणा। नवभेदं तदेतेन कर्मणा परिवर्जिता॥ योद्गमोत्पादनैषणैर्दोषैः संयोजनेन च। प्रमाणाङ्गार-धूमाख्यैर्व्यपेता कारणान्विता॥ एषणासमितिप्रोक्त-क्रमाप्ताशनसेवना। भिक्षाशुद्धिर्गुणव्रातरक्षादक्षा स्मृता नुता॥ (आचा. सा. ८, १६–१८)।

१ भिक्षा को जाते हुए दोनों ओर देखकर गमन करना, अपने पूर्वापर शरीर के भाग का विधिपूर्वक प्रतिलेखन करना; आचारशास्त्र में निर्दिष्ट काल, देश और प्रकृति के जानने में कुशल होना; लोक-निन्द्य कुलों को छोड़ना, चन्द्रगति के समान हीन-अधिक घरों में जाना, उपस्थान की विशेषता से सहित होना; दीन, अनाथ, दानशाला, विवाह व याग आदि के घर को छोड़ना; दीनवृत्ति का त्याग करना, प्रासुक आहार के खोजने में सावधान रहना तथा आगमोक्त निर्दोष भोजन के द्वारा जीवनयात्रा को सफल करना; इस सबका नाम भिक्षाशुद्धि है। जिस प्रकार गुणरूप सम्पदा का कारण साधु जन की सेवा है उसी प्रकार चारित्ररूप सम्पदा का कारण यह भिक्षाशुद्धि है। लाभ-अलाभ और सरस-नीरस भोजन में समान सन्तोष होने से इसे भिक्षा कहा जाता है।

भिक्षु—१. भिक्खू अणुन्नए विणीए नामए दन्ते दविए वोसट्ठकाए सविधुणीय विरूवरूवे परीसहोवसग्गे अज्झप्पजोगसुद्धादाणे उवट्ठिए ठिअप्पा सखाए परदत्तभोई भिक्खु त्ति वच्चे। (सूत्र. कृ. १, १६, ३)। २. मोणं चरिस्सामि समेच्च धम्म, सहिए उज्जुकडे णियाणछिन्ने। संथवं जहेज्ज अकामकामे, अन्नायएसी परिव्वए स भिक्खू॥ राओवरयं चरेज्ज लाढे, विरए वेदवियाऽऽयरक्खिए। पन्ने अभिभूय सव्वदसी, जे कम्हि वि ण मुच्छिए स भिक्खू॥ अक्कोसवहं विइत्तु धीरे, मुणी चरे लाढे णिच्चमायगुत्ते। अव्वग्गमणे असंपहिट्ठे, जे कसिणं अहियासए स भिक्खू॥ पंत सयणासणं भइत्ता, सीउण्ह विविह च दंसमसग। अव्वग्गमणे असपहिट्ठे, जे कसिण अहियासए स भिक्खू॥ णो सक्कियमिच्छती न पूय, णो वि य वदणग कुओ पसंस। से सजए सुव्वए तवस्सी, सहिए आयगवेसए स भिक्खू॥ जेण पुण जहाइ जीवियं, मोह वा कसिण मियच्छई। नरनारिं पजहे सया तवस्सी, ण य कोऊहल उवेइ स भिक्खू॥ छिन्न सरं भोम अंतलिक्ख, सुमिण लक्खण दड वत्थुविज्जं। अगवियार सरस्सविजय, जे विज्जाहि ण जीवई स भिक्खू॥ मत मूलं विविह विज्जचित, वमण-विरेयण-धूम-नेत्त-सिणाण। आउरे सरण तिगिच्छिय च, त परिन्नाय परिव्वए स भिक्खू॥ खत्तिय-गण-उग्ग-रायपुत्ता, माहणभोइय विविहा य सिप्पिणो। नो तेसिं वयइ सिलोगपूय, त परिन्नाय परिव्वए स भिक्खू॥ गिहिणो जे पव्वइएण दिट्ठा, अप्पव्वइएण व संथुया हवेज्जा। तेसिं इहलोइयफलट्ठा, जो सथव न करेइ स भिक्खू॥ सयणासण-याण-भोयण, विविह खाइम-साइमं परेसिं। अदए पडिसेहिए नियंठे, जे तत्थ ण पउस्सई स भिक्खू॥ जं किंचि आहारपाणं विविह

खाइम-साइमं परेसिं लद्धुं। जो तं तिविहेण णाणुकंपे, मणवयकायसुसंवुडे जे स भिक्खू ॥ आयामगं चेव जवोदणं च, सीयं सोवीरजवोदगं च। णो हीलए पिंडं णीरसं तु, पंतकुलाइं परिव्वए स भिक्खू ॥ संति विविहा भवंति लोए, दिव्वा माणुस्सया तहा तिरिच्छा। भीमा भयभेरवा उराला, जो सोच्चा ण विहेज्जई स भिक्खू ॥ वायं विविहं समिच्च लोए, सहिए खेयाणुगए य कोवियप्पा। पन्ने अभिभूय सव्वदंसी, उवसंते अविहेडए स भिक्खू ॥ असिप्पजीवी अगिहे अमित्ते, जिइंदिए सव्वओ विप्पमुक्के। अणुक्कसाई लहुअप्पभक्खी, चिच्चा गिहं एगयरे स भिक्खू ॥ (उत्तरा. १५, १–१६)। ३. निक्खम्ममाणाइ य बुद्धवयणे, निच्चं चित्तसमाहिओ हविज्जा। इत्थीण वसं न आवि गच्छे, वंत नो पडिआवइ जे स भिक्खू ॥ पुढविं न खणे न खणावए, सीओदगं न पिए न पिआवए। अगणिसत्थं जहा सुनिसिअं, तं न जले न जलावए जे स भिक्खू ॥ अनिलेण न वीए न वीयावए, हरियाणि न छिंदे न छिंदावए। बीआणि सया विवज्जयंतो, सच्चित्तं नाहारए जे स भिक्खू ॥ वहण तस-थावराण होइ, पुढवीतणकट्ठनिस्सिआणं। तम्हा उद्देसिअं न भुंजे, नोऽवि पए न पयावए जे स भिक्खू ॥ रोइअ नायपुत्तवयणे, अत्तसमे मन्निज्ज छप्पि काए। पंच य फासे महव्वयाइ, पंचासवसंवरे जे स भिक्खू ॥ चत्तारिवमे सया कसाए, धुवजोगी हविज्ज बुद्धवयणे। अहणे निज्जायरूवरयए, गिहिजोगं परिवज्जए जे स भिक्खू ॥ सम्मद्दिट्ठी सया अमूढे, अत्थि हु नाणे तवे संजमे अ। तवसा धुणइ पुराणपावगं, मणवयकायसुसंवुडे जे स भिक्खू ॥ तहेव असणं पाणगं वा, विविहं खाइम-साइमं लभित्ता। होही अट्ठो सुए परे वा, तं न निहे न निहावए जे स भिक्खू ॥ तहेव असणं पाणगं वा, विविहं खाइम-साइमं लभित्ता। छंदिअ साहम्मिआण भुंजे, भुच्चा सज्झायरए जे स भिक्खू ॥ न य वुग्गहिअं कहं कहिज्जा, न य कुप्पे निहुइंदिए पसंते। संजमे धुवं जोगेण जुत्ते, उवसंते अविहेडए जे स भिक्खू ॥ जो सहइ हु गामकंटए, अक्कोस-पहार-तज्जणाओ अ। भयभेरवसद्दसप्पहासे, समसुहदुक्खसहेअ जे स भिक्खू ॥ पडिमं पडिवज्जिआ मसाणे, नो भीयए भयभेरवाइं दिस्स। विविहगुणतवोरए अ निच्चं, न सरीरं चाभिकंखए जे स भिक्खू ॥ अनिइं वोसट्ठचत्तदेहे, अक्कुट्ठे व हए लूसिए वा। पुढविसमे मुणी हविज्जा, अनिआणे अकोउहल्ले जे स भिक्खू ॥ अभिभूय काएण परीसहाइं, समुद्धरे जाइपहाउ अप्पयं। विइत्तु जाईमरणं महब्भयं, तवे रए सामणिए जे स भिक्खू ॥ हत्थसंजए पायसंजए, वायसंजए संजइंदिए। अज्झप्परए सुसमाहिअप्पा, सुत्तत्थं च विआणइ जे स भिक्खू ॥ उवहिंमि अमुच्छिए अगिद्धे, अन्नायउंछं पुलनिप्पुलाए। कयविक्कयसंनिहिओ विरए, सव्वसंगावगए य जे स भिक्खू ॥ अलोल भिक्खू न रसेसु गिज्झे, उंछं चरे जीविअ नाभिकंखे। इड्ढिं च सक्कारणपूअणं च, चए ठिअप्पा अणिहे जे स भिक्खू ॥ न परं वइज्जासि अयं कुसीले, जेणं च कुप्पिज्ज न तं वइज्जा। जाणिअ पत्तेअं पुण्णपावं, अत्ताण ण समुक्कसे जे स भिक्खू ॥ न जाइमत्ते न य रूवमत्ते न लाभमत्ते न सुएण मत्ते। मयाणि सव्वाणि विवज्जइत्ता, धम्मज्झाणरए जे स भिक्खू ॥ पवेअए अज्जपयं महामुणी, धम्मे ठिओ ठावयई परं पि। निक्खम्म वज्जिज्ज कुसीललिंगं, न आविहासकुहए जे स भिक्खू ॥ तं देहवासं असुइं असासयं, सया चए निच्चहिअट्ठअप्पा। छिंदित्तु जाइमरणस्स बंधणं, उवेइ भिक्खू अपुणागमं गइं ॥ (दशवै. सू. १०, १–२१)। ४. भिदतो यावि खुहं भिक्खू ×××। (व्यव. भा. पी. द्वि. वि. १२)। ५. भिक्षणशीलो भिक्षुः भिनत्ति वाऽष्टप्रकारं कर्मेति भिक्षुः। (दशवै. नि. हरि. वृ २–१५८); आरम्भपरित्यागाद्धर्मकायपालनाय भिक्षणशीलो भिक्षुः। (दशवै. सू. हरि. वृ. ४–१०, पृ. १५२)। ६. क्षुभमष्टप्रकारं कर्म्म भिदानो भिक्षुः। (व्यव. भा. पी. द्वि. वि. मलय. वृ. १२)। ७ विनिर्जितेन्द्रियग्रामः, सर्वजीवदयापरः। सर्वशास्त्रार्थदर्शी च, भिक्षुर्मोक्षपदं व्रजेत् ॥ (बुद्धिस्ता. ५२)।

१ जो शरीर से व भाव से—अभिमान से—उन्नत न हो, विनीत हो, अपने को गुरु आदि के प्रति नमाने वाला हो अथवा विनय से आठ प्रकार के कर्म को नमाने वाला हो, इन्द्रियों व मन का दमन करने वाला हो, शरीर से ममत्व को छोड़ चुका हो, अनेक प्रकार के अनुकूल-प्रतिकूल परीषह व उप-

सर्गों को नष्ट करके—उन्हें सहन करके—अध्यात्म-योग से—कर्मध्यान से—निर्मल आदान (चारित्र) वाला हो, सम्यक्चारित्र में उद्यत होकर उन्नति को प्राप्त हो, स्थितात्मा—जिसकी आत्मा परीषह व उपसर्ग से अक्षुब्ध होकर मोक्षमार्ग में स्थित हो, जो संसार की असारता और बोधि की दुर्लभता को जानकर संयम के परिपालन में उद्यत हो, तथा दूसरों के द्वारा दिये गये आहार का उपयोग करने वाला हो; इन गुणों से जो सम्पन्न हो उसे भिक्षु कहना चाहिए।

भित्तिकर्म—घरकुड्डेसु तदो अभेदेण चिदपडिमाओ भित्तिकम्मं। (धव. पु. ९, पृ. २५०); कुड्डेहिंतो अभेदेण कदएहि णिप्पाइयपडिमाओ भित्तिकम्माणि णाम। (धव. पु. १३, पृ. १०); कुड्डेसु अभेदेण घडिदपंचलोगपालपडिमाओ भित्तिकम्माणि णाम। (धव. पु. १३, पृ. २०२); तेण चेव (मट्टियपिंडेण) कुड्डेसु घडिदरूवाणि भित्तिकम्माणि णाम। (धव. पु. १४, पृ. ६)।

घर की दीवालों पर जो उनसे अभिन्न प्रतिमायें रची जाती हैं, इसे भित्तिकर्म कहा जाता है। दीवालों पर उनसे अभिन्न रूप में रची गई पांच लोकपालों की प्रतिमाओं का नाम भित्तिकर्म है।

भिन्नदशपूर्वी—देखो अभिन्नदशपूर्वी। तत्थ एक्कारसगाणि पढिदूण पुणो परियम्म-सुत्त-पढमाणियोग-पुव्वगय-चूलियात्ति पंचहियारणिबद्धदिट्ठिवादे पढिज्जमाणे उप्पादपुव्वमादिं कादूण पढंताणं दसपुव्वीए विज्जाणुपवादे समत्ते रोहिणीआदिपंचसयमहाविज्जाओ अंगुट्ठपसेणादिसत्तसयदहरविज्जाहि अणुगयाओ किं भयवं आणवेदि त्ति ढुक्कंति। एवं ढुक्कताणं सव्वविज्जाणं जो लोभं गच्छदि सो भिण्णदसपुव्वी। (धव. पु. ९, पृ. ६९)।

ग्यारह अंगों को पढ़कर तत्पश्चात् परिकर्म, सूत्र, प्रथमानुयोग, पूर्वगत और चूलिका, इन पांच अधिकारों में विभक्त दृष्टिवाद के पढ़ते समय उत्पादपूर्व को आदि लेकर आगे के पूर्वों को पढ़ते हुए दसवें विद्यानुवाद पूर्व के समाप्त होने पर रोहिणी आदि पांच सौ महाविद्याएं तथा अंगुष्ठप्रसेनादि सात सौ लघुविद्याएं आकर पूछती हैं कि भगवन् क्या आज्ञा देते हैं, इस प्रकार से प्रार्थना करने वाली उक्त विद्याओं के लोभ को जो प्राप्त होता है उसे भिन्नदशपूर्वी कहते हैं।

भिन्नमुहूर्त—१. समऊणेक्कमुहुत्तं भिण्णमुहुत्तं × ×× । (ति. प. ४–२८८)। २. ××× वेणालिया मुहुत्तो दु। एगसमएण हीणो भिण्णमुहुत्तो भवे सेसं॥ (धव. पु. ३, पृ. ६६ उद्.); तत्थ (मुहुत्ते) एगसमए अवणिदे सेसकालपमाण भिण्णमुहुत्तो उच्चदि। (धव. पु. ३, पृ. ६७); भिण्णमुहुत्तं समऊणमुहुत्त। (धव. पु. १३, पृ. ३०६)। ३. एयसमएण हीणं भिण्णमुहुत्तं तदो सेसं। (जं. दी. प. १३–६; गो. जी. ५७५)। ४. एकेन समयेन न्यूनो मुहूर्तो भिन्नमुहूर्तः। (चारित्रप्रा. टी. १७)।

१ एक समय कम मुहूर्त को भिन्नमुहूर्त कहा जाता है।

भिन्नाभिन्नाक्षरचतुर्दशपूर्वधरत्व—भिन्नाक्षराणि किञ्चिन्न्यूनाक्षराणि चतुर्दशपूर्वाणि सम्पूर्णानि वा, तद्धारणत्वम्। (त. भा. सिद्ध. वृ. १०–७, पृ. ३१७)।

कुछ अक्षरों से कम अथवा सम्पूर्ण चौदह पूर्वों को धारण करना, इसका नाम भिन्नाभिन्नाक्षरचतुर्दशपूर्वधरत्व ऋद्धि है।

भिषग्—भिषगायुर्वेदविद्वैद्यः शस्त्रकर्मविच्च। (नीतिवा. १४–२९, पृ. १७४)।

जो आयुर्वेद को जानता है वह भिषग् कहलाता है तथा जो आयुर्वेद और शस्त्रक्रिया को भी जानता है वह वैद्य कहलाता है।

भिषग्वृत्ति—१. गजाश्वजांगुलीबालवैद्याद्यैर्नीचवृत्तिभिः। भिषग्वृत्तिर्मता तादृगन्यैरप्यशनार्जनम्॥ (आचा. सा. ८–३८)। २. गजचिकित्सा विषचिकित्सा जांगुल्यपरनामा बालचिकित्सा तादृशान्यचिकित्साभिरशनार्जनं भिषग्वृत्तिः। (भावप्रा. टी. ९९)।

१ हाथी, घोड़ा, विष या मन्त्र और बालक आदि की चिकित्सा द्वारा तथा इसी प्रकार की दूसरी भी नीच वृत्तियों से—हीन आजीविका के साधनों से—भोजन प्राप्त करना, इसे भिषग्वृत्ति कहते हैं।

भीरु—भीरुः ऐहिकामुष्मिकापायभीलुकः। (सम्बोधस. मु. वृ. २३, पृ. २०)।

इस लोक सम्बन्धी व परलोक सम्बन्धी अपाय से

जो भयभीत रहता है उसे भीरु कहते हैं; यह बावीस के २१ गुणों में छठा है।

भुक्त—रज्ज-महव्वयादिपरिपालणं भुत्ती णाम, तं भुत्तं ×××। (धव. पु. १३, पृ. ३५०)।

राज्य और महाव्रतों आदि के परिपालन को भुक्त या भुक्ति कहते हैं।

भुक्ति—देखो भुक्त।

भुक्तिरोध—देखो अन्न-पाननिरोध। भुक्तिरोधोऽन्न-पानादिनिषेधः। सोऽपि दुर्भावाद् बन्धवदतिचारः। ×××। (सा ध. स्वो. टी. ४-१५)।

भोजन पान को रोक देना, इसका नाम भुक्तिरोध है। यह अहिंसाणुव्रत का एक अतिचार है।

भुजाकार उदय—जमेण्हि पदेसग्गमुदिण्णं तत्तो अणंतरउवरिमसमए बहुपदेसग्गे उदिदे एसो भुजगारो णाम। (धव. पु. १५, पृ. ३२५)।

जितना प्रदेशपिण्ड इस समय उदय को प्राप्त है, अनन्तर आगे के समय में उससे अधिक प्रदेशपिण्ड के उदय को प्राप्त होने पर वह भुजाकार (भूयस्कार) प्रदेशोदय कहलाता है।

भुजाकार उदीरणा—जाओ एण्हि पयडीओ उदीरेदि तत्तो अणंतरओसक्काविदे समए अप्पदरियाओ उदीरेदि त्ति एसो भुजगारो। (धव. पु. १५, पृ. ५०)।

जितनी प्रकृतियों की इस समय उदीरणा करता है, अनन्तर पीछे के समय में उससे कम प्रकृतियों की उदीरणा के होने पर वह भुजाकार उदीरणा कहलाती है।

भुजाकार बन्ध—देखो भूयस्कारबन्ध। तत्र प्रथमो (भुजाकारबन्धो) अल्पप्रकृतिकं बध्नतो बहुप्रकृतिबन्धे स्यात्। (गो. क. जी. प्र. ५६४)।

थोड़ी प्रकृतियों को बाँधते हुए आगे बहुत प्रकृतियों के बाँधने पर उसे भुजाकार बन्ध कहा जाता है।

भुजाकार संक्रम—जे एण्हि अणुभागस्स फद्दया संकामिज्जंति ते जइ अणंतरविदिक्कंते समए संकामिदफद्दएहिंतो बहुआ होंति तो एसो भुजगारसंकमो। (धव. पु. १६, पृ. ३९८)।

अनुभाग के जो स्पर्धक इस समय संक्रमण को प्राप्त हो रहे हैं, यदि वे अनन्तर पिछले समय में संक्रम को प्राप्त कराये गये उक्त स्पर्धकों से बहुत होते हैं तो यह भुजाकारसंक्रम कहलाता है।

भूत (व्यन्तरविशेष)—१. भूताः श्यामाः सुरूपाः सौम्याः नानाभक्तिविलेपनाः सुलसध्वजाः कालाः। (त. भा. ४-१२)। २. भूताः सुरूपाः सौम्या नानाभक्तिविलेपनाः। (बृहत्सं. भट्टव. वृ. पृ. ५८)।

१ जो व्यन्तरदेव वर्ण से श्याम, सुन्दर, प्रियदर्शन, कुछ स्थूल, अनेक प्रकार के विलेपनों से सहित और लाल वर्ण वाली ध्वजा से युक्त होते हैं उनका नाम भूत है।

भूत (प्राणी)—१. तासु तासु गतिषु कर्मोदयवशाद्भवन्तीति भूतानि, प्राणिन इत्यर्थः। (स. सि. ६-१२)। २. आयुर्नामकर्मोदयवशाद्भवनाद् भूतानि। तासु तासु योनिष्वायुर्नामकर्मोदयवशाद् भवनाद् भूतानि, सर्वे प्राणिनः इत्यर्थः। (त. वा. ६, १२, १)। ३. आयुर्नामकर्मोदयवशाद् भवनाद् भूतानि सर्वे प्राणिनः। (त. श्लो. ६-१२)। ४. उक्तं च—प्राणा द्वि-त्रि-चतु प्रोक्ता. भूतास्तु तरव. स्मृता.। जीवाः पञ्चेन्द्रिया प्रोक्ताः शेषाः सत्त्वा उदीरिताः ॥१॥ इति, यदि वा ××× कालत्रयभवनात् भूताः। (आचारा. सू. शी. वृ. १, १, ६, ५१)।

१ जो कर्म के उदय के वशीभूत होकर उन उन गतियों में होते हैं उन प्राणियों का नाम भूत है। ४ तरुओं (वनस्पति जीवों) को भूत कहा जाता है। अथवा जो तीनों कालों में होते हैं वे भूत कहलाते हैं।

भूत काल—तदेव (क्रियापरिणतं द्रव्यम्) कालवशादनुभूतवर्तनासम्बन्धं भूतम्, कालाणुरपि भूतः। (त. वा. ५, २२, २५)।

जो क्रियापरिणत द्रव्य वर्तना सम्बन्ध का अनुभव कर चुका है उसको तथा कालपरमाणु को भी भूत कहा जाता है।

भूतनैगमनय—१. णिव्वत्तदव्वकिरिया वट्टणकाले दु जं समाचरणं। तं भूयणइगमणयं जह अड णिव्वुइदिणं वीरे ॥ (नयच. बृ. ३३; द्रव्यस्व. प्र. नयच. २०६)। २. अतीते वर्तमानारोपण यत्र स भूतनैगमः, यथा अद्य दीपोत्सवदिने श्रीवर्द्धमानस्वामी मोक्षं गतः। (आलापप. पृ. २१६)। ३. अतीत भूतम्, अतीतार्थं विकल्परूपं वर्तमानारोपणम् अर्थं पदार्थं साधयति स भूतनैगमः। (कार्तिके. टी. २७१)।

१ जो कार्य हो चुका है उसका वर्तमान काल में जो आरोप किया जाता है उसे भूतनैगमनय कहते हैं। जैसे—आज वर्धमान जिन मुक्तिको प्राप्त हुए।

भूतविद्या—भूतानां निग्रहार्था विद्या शास्त्रं भूतविद्या, सा हि देवासुर-गन्धर्व-यक्ष-राक्षसाद्युपसृष्टचेतसां शान्तिकर्म-बलिकरणादिभिर्ग्रहोपशमनार्था। (विपाक. सू. अभय. वृ. पृ. ४६)।

जिस विद्या या शास्त्र के निमित्त से देव, असुर, गन्धर्व, यक्ष और राक्षस आदि से पीड़ित जीवों की पीड़ा को शान्तिकर्म आदि के द्वारा शान्त किया जाता है उसे भूतविद्या कहा जाता है।

भूतिकर्म—१. भूईए मट्टियाए व, सुत्तेण व होइ भूइकम्मं तु। वसही-सरीर-भंडगरक्खाअभियोगमाईया॥ (बृहत्क. भा. १३१०)। २. ज्वरितादीनां तदपगमार्थं भूत्याः भस्मनोऽभिमन्त्र्य यत्प्रदानं तत् भूतिकर्म्म। (आव. हरि. वृ. मल. हेम. टि. पृ. ८२-८३)।

१ विद्या से मन्त्रित भूति (भस्म), गीली मिट्टी अथवा धागे से चारों ओर वेष्टित करना; इसका नाम भूतिकर्म है। यह क्रिया वसति, शरीर और बर्तनों की रक्षा के निमित्त एवं अभियोग (वशीकरण) आदि के लिए की जाती है। २ ज्वर आदि से पीड़ित जीवों को उसे दूर करने के लिए जो मन्त्रित भस्म दी जाती है वह भूतिकर्म कहलाता है।

भूतिकुशील—भूत्या धूल्या सिद्धार्थकैः पुष्पैः फलैरुदकादिभिर्वा मन्त्रितैः रक्षां वशीकरणं वा यः करोति स भूतिकुशीलः। (भ. आ. विजयो. १९५०)।

मन्त्रित भस्म, धूलि, सरसों, पुष्पों, फलों और जल आदि के द्वारा जो रक्षण या वशीकरण करता है उसे भूतिकुशील कहा जाता है।

भूमिकर्म्म—१. भूमिकर्म्म नाम विषमाणि भूमिस्थानानि भंक्त्वा संमार्जन्या संमार्जनम्। (व्यव. भा. मलय. वृ. ४-२७)। २. 'भूमि' त्ति समभूमिकरणम्। (बृहत्क. भा. मलय. वृ. ५८३)।

१ विषम (ऊंचे-नीचे) भू-भागों को खण्डित करके संमार्जनी (झाड़ू) से संमार्जन करना, इसका नाम भूमिकर्म है।

भूमिराजिसदृश क्रोध—१. भूमिराजिसदृशो नाम। यथा भूमेर्भास्कररश्मिजालादात्तस्नेहाया वाय्वभिहताया राजिरुत्पन्ना वर्षपिक्षसंरोहा परमप्रकृष्टाऽष्टमासस्थितिर्भवति, एवं यथोक्तनिमित्तो यस्य क्रोधोऽनेकवर्षस्थायी दुरनुनयो भवति स भूमिराजिसदृशः। (त. भा. ८-१०, पृ. १४४)। २. पृथ्वीभेदसमानानुत्कृष्टशक्तिविशिष्टः क्रोधस्तिर्यग्गतौ जीवमुत्पादयति। (गो. जी. म. प्र. व जी. प्र. २८४)।

१ जिस प्रकार सूर्य की किरणों के समूहसे जिसकी स्निग्धता ग्रहण कर ली गई है तथा जो वायु से ताड़ित हुई है ऐसी पृथिवी के रेखा उत्पन्न हुई, वह वर्षा से भर जाती है। उसके भरने का उत्कृष्ट काल आठ मास है। इसी प्रकार यथोक्त कारण से जिसके क्रोध उत्पन्न हुआ है उसका वह क्रोध अनेक वर्ष रहता है व कष्ट से दूर होता है। इस प्रकार का वह क्रोध भूमिराजिसदृश कहलाता है। २ जो क्रोध पृथिवीभेद के समान अनुत्कृष्ट (उत्कृष्ट से भिन्न) शक्ति से युक्त होता है वह पृथिवीराजि के सदृश माना जाता है और वह जीव को तिर्यंचगति में उत्पन्न कराता है।

भूमिसंस्तर—अघसे समे असुसिरे अहिसुयअविले य अप्पपाणे य। असिणिद्धे घण-गुत्ते उज्जोवे भूमिसंथारो॥ (भ. आ. ६४१)।

क्षपक का भूमिगत बिछौना ऐसी भूमि में होना चाहिए जो मृदु न हो, ऊंची नीची न हो—सम हो, पोली न हो, दीमक से रहित हो, बिलों से रहित हो, जीव-जन्तुओं से शून्य हो; अथवा क्षपक के शरीर प्रमाण हो, गीली न हो, सघन हो, गुप्त हो और प्रकाश से युक्त हो।

भूमिस्पर्शान्तराय—भूस्पर्शः पाणिना भूमेः स्पर्शे ×××। (अन. ध. ५-५५)।

हाथ से भूमि का स्पर्श हो जाने पर भूस्पर्श नाम का भोजन का अन्तराय होता है।

भूम्यलीक—देखो क्ष्मालीक। भूम्यलीकं परसत्कामप्यात्मादिसत्का विपर्ययं वा वदतः, इदं च शेषपादपाद्यपदद्रव्यविषयालीकस्योपलक्षणम्। (योगशा. स्वो. विव. २-५४, पृ. २८७)।

दूसरे की भूमि को अपनी कहना या अपनी भूमि को दूसरे की बतलाना, यह भूम्यलीक—भूमिविषयक असत्य कहलाता है। इससे चरणविहीन वृक्षादिविषयक असत्य को भी ग्रहण करना चाहिए।

भूयस्कार उदय—देखो भुजाकार उदय।

भूयस्कार बन्ध—देखो भुजाकार बन्ध। यदा स्तोकाः प्रकृतीरावध्नन् परिणामविशेषतो भूयसीः प्रकृतीर्बध्नाति, यदा सप्त बद्ध्वा अष्टौ बध्नाति, यद्वा षट् एकां च बद्ध्वा सप्त, तदा स बन्धो भूयस्कारः। (कर्मप्र. मलय. वृ. ५२)।

जब थोड़ी प्रकृतियों को बांधता हुआ परिणामविशेष से बहुत प्रकृतियों को बांधता है, जैसे—सात को बांध कर आठ को, अथवा छह या एक को बांधकर सात को, तब वह भूयस्कार बन्ध कहलाता है।

भृङ्गारमुद्रा — पराङ्मुखहस्ताभ्यामङ्गुलीविदर्भ्य मुष्टि बध्वा तर्जन्यौ समीकृत्य प्रसारयेदिति भृङ्गारमुद्रा। (निर्वाणक. पृ. ३३)।

उल्टे दोनों हाथों द्वारा अंगुलियों को विदर्भित करके व मुट्ठी बांध करके दोनों तर्जनियों को समान करे व फैला दे। इस प्रकार से भृंगारमुद्रा होती है (?)।

भृत, भृतक—१. भ्रियते पोष्यते स्मेति भृतः, स एवानुकम्पितो भृतकः कर्म्मकरः। (स्थाना. २७१, पृ. २०३)। २. भृतको वस्त्र-भोजनादिमूल्येन परस्य दास्यं गतः। (आ. वि. पृ. ७४)। ३. भृतको वृत्तिकिङ्करः। (गु. गु. षट्. स्वो. वृ. २२, पृ. ५३)।

१ जिसका भरण-पोषण किया जाता है वह स्वामी की अनुकम्पा से युक्त सेवक भृत या भृतक कहलाता है।

भेण्डकर्म—भेंडो सुप्पसिद्धो, तेण घडिदपडिमाओ भेंडकम्मं। (धव. पु. ६, पृ. २५०); भेंडमोएण(?) घडिदपडिमाओ भेंडकम्माणि णाम। (धव. पु. १३, पृ. १०); भेंडेसु घडिदपडिमाओ भेंडकम्माणि णाम। (धव. पु. १३, पृ. २०२); भेंडेहिं घडिदरूवाणि भेंडकम्माणि णाम। (धव. पु. १४, पृ. ६)।

भेण्ड से निर्मित प्रतिमाओं को भेण्डकर्म कहते हैं।

भेद—१. समणिद्धदा समलुक्खदा भेदो। (षट्खं. ५, ६, ३३—पु. १४, पृ. ३०)। २. सघातानां द्वितयनिमित्तवशाद्विदारणं भेदः। (स. सि. ५-२६)। ३. संहतानां द्वितयनिमित्तवशात् विदारणं भेदः। बाह्याभ्यन्तरविपरिणामकारणसन्निधाने सति सहतानां स्कन्धानां विदारणं नानात्व भेद इत्युच्यते। (त. वा. ५, २६, १)। ४. खंधाणं विहडणं भेदो णाम। (धव. पु. १४, पृ. १२१)। ५. भेदः स्वामिनः पदातीनां च स्वामिन्यविश्वासोत्पादनम्। (विपाक. अभय. वृ. पृ. ३६); भेदः नायक-सेवकयोश्चित्तभेदकरणम्। (विपाक. अभय. वृ. पृ. ४२)।

१ समान स्निग्धता और समान रूक्षता का नाम भेद है। २ अभेद को प्राप्त हुए स्कन्ध जो बाह्य व अभ्यन्तर निमित्त के वश विभक्त होते हैं इसका नाम भेद है। ५ स्वामी और पादचारी सैनिकों के मध्य में भेद उत्पन्न करना—उनका स्वामी के विषय में अविश्वास उत्पन्न करना, इसका नाम भेद है।

भेदकल्पनानिरपेक्ष शुद्धद्रव्यार्थिक— गुण-गुणिआइचउक्के अत्थे जो णो करेइ खलु भेयं। सुद्धो सो दव्वत्थो भेदवियप्पेण णिरवेक्खो॥ (नयच. दे. ३०, द्रव्यस्व. प्र. नयच. १६२)।

गुण-गुणी आदि (स्वभाव-स्वभाववान्, पर्याय-पर्यायी और धर्म-धर्मी) चतुष्टयरूप अर्थ में जो भेद को नहीं करता है वह भेद के विकल्प से निरपेक्ष शुद्ध द्रव्यार्थिक नय कहलाता है।

भेदकल्पनासापेक्ष अशुद्धद्रव्यार्थिक— भेए सदि संबंध गुण-गुणियाईहि कुणइ जो दव्वे। सो वि असुद्धो दिट्ठो सहिओ सो भेदकप्पेण॥ (नयच. दे. २३; द्रव्यस्व. प्र. नयच. १६५)।

जो नय भेद के होने पर गुणी-गुणी आदि के द्वारा द्रव्य में सम्बन्ध को करता है वह भेदकल्पना से सापेक्ष अशुद्ध द्रव्यार्थिक कहलाता है।

भेदव्यवहार—देखो अपोद्धारव्यवहार।

भेदसंघात—भेद गंतूण पुणो समागमो भेदसंघादो णाम। (धव. पु. १४, पृ. १२१)।

भेद को प्राप्त होकर फिर से संयोग को प्राप्त होना, इसका नाम भेदसंघात है।

भोक्ता — अमर-णर-तिरिय-णारयभेएण चउव्विहे संसारे कुसलमकुसलं भुजदि त्ति भोत्ता। (धव. पु. १, पृ. ११६); चतुर्गतिसंसारे कुसलमकुसलं भुंक्ते इति भोक्ता। (धव. पु. ६, पृ. २२०-२१)।

देव, मनुष्य, तिर्यञ्च और नारक के भेद से चार प्रकार के संसार में कुशल-अकुशल के भोगने वाले को भोक्ता कहते हैं।

भोक्तृत्व—कर्तृत्वादेव च भोक्तृत्वं स्वप्रदेशव्यवस्थितशुभाशुभकर्मकर्तृत्वात् ×××भोक्तृत्व मदि-

रादिष्वत्यन्तप्रसिद्धं भुक्तोज्झया गुड इति। (त. भा. सिद्ध. वृ, २–७)।

शुभ-अशुभ कर्मों के निर्वर्तन का नाम कर्तृत्व है, इस कर्तृत्व के कारण ही उक्त शुभ-अशुभ कर्मों के फल का जो भोगना है इसे भोक्तृत्व कहा जाता है, वह भोक्तृत्व मदिरा आदि में अत्यन्त प्रसिद्ध है। जैसे—इसने गुड़ का उपभोग किया।

भोग—१. भुक्त्वा परिहातव्यो भोगः ×××। (रत्नक. ८३)। २. सकृद् भुज्यत इति भोगः। (त. भा. हरि. वृ. २–४; आ. प्र. टी. २६; पंचसं. मलय. वृ. ३–३, पृ. १०६; धर्मसं. मलय. वृ. ६२३; कर्मप्र. यशो. वृ. ८)। ३. सकृद् भुज्यत इति भोगः ताम्बूलाशन-पानादिः। (धव. पु. ६, पृ. ७८); सकृद् भुज्यत इति भोगः, गन्ध-ताम्बूल-पुष्पाहारादिः। (धव. पु. १३, पृ. ३८६)। ४. शुभविषयसुखानुभवो भोगः, अथवा भक्ष्य-पेय-लेह्यादिसकृदुपयोगाद् भोगः। (त. भा. सिद्ध. वृ. २–४); भोगो मनोहारिशब्दादिविषयानुभवनम्। (त. भा. सिद्ध. वृ. ५–२६)। ५. सइ भुज्जइत्ति भोगो सो पुण आहार-पुप्फमाईओ। (कर्मवि. ग. १६५; प्रश्नव्या. अभय. वृ. पृ. २२० उद्.)। ६. यः सकृत्सेव्यते भावः स भोगो भोजनादिकः। (उपासका. ७५२)। ७. भोगः सुखाद्यनुभवः। (समाधि. टी. ६७)। ८. सकृदेव भुज्यते यः स भोगोऽन्नस्रगादिकः। (योगशा. ३–५)। ९. भोगः सेव्यः सकृदुप ×××। (सा. ध. ५–१४)। १०. भुज्यते—सकृदुपभुज्यत इति भोगः पुष्पाहारादिः। (कर्मवि. दे. स्वो. वृ. ५१)। ११. भुक्त्वा संत्यज्यते वस्तु स भोगः परिकीर्त्यते। (भावसं. वाम. ५०८)। १२. एकशो भुज्यते यो हि भोगः स परिकथ्यते। (धर्मसं. आ. ७–१७)। १३. सकृद् भुज्यत इति भोगः, अन्न-माल्य-ताम्बूल-विलेपनोद्वर्तन-स्नान-पानादिः। (धर्मसं. मान. स्वो. वृ. २–३१, पृ. ७०)।

१ जिसे एक बार भोग कर छोड़ दिया जाता है उसे भोग कहते हैं। २ जो एक ही बार भोगने में आता है वह भोग कहलाता है। ४ अभीष्ट विषयजनित सुख के अनुभव का नाम भोग है; अथवा भक्ष्य, पेय और लेह्य आदि पदार्थों का जो एक बार उपयोग होता है इसे भोग जानना चाहिए।

भोगकृतनिदान — १. देविग-माणुसभोगो[गे] णारिस्सर-सिट्ठि-सत्थवाहत्तं। केसव-चक्कधरत्तं पच्छंतो होदि भोगकदं॥ (भ. आ. विजयो. १२१६)। २. इह परत्र च भोगा अपि इत्थम्भूता अस्माद् व्रतशीलादिकाद् भवन्त्विति मनःप्रणिधानं भोगनिदानम्। (भ. आ. विजयो. २५, पृ. ८६)।

१ देवों व मनुष्यों सम्बन्धी भोगों की इच्छा करना तथा स्त्रीत्व, ईश्वरत्व, श्रेष्ठीपना, सार्थवाहत्व, वासुदेवत्व और चक्रवर्तित्व इनकी इच्छा करना; इसे भोगकृतनिदान कहा जाता है। २ इस व्रतशीलादि से मुझे इस लोक या परलोक में इस प्रकार के भोग प्राप्त हों, ऐसा मन से विचार करना, इसे भोगकृतनिदान कहते हैं।

भोगपत्नी—परणीता नात्मज्ञातिर्या पितृसाक्षिपूर्वकम्। भोगपत्नीति सा ज्ञेया भोगमात्रैकसाधनात्॥ (लाटीसं. २–१८३)।

जिसके साथ पिता की साक्षीपूर्वक विवाह किया गया है, किन्तु जो अपनी जाति की नहीं है, उसे एक मात्र भोग की साधन होने से भोगपत्नी जानना चाहिए।

भोगपरिमाणक—स्नान-गन्ध-माल्यादावाहारे बहुभेदजे। प्रमाणं क्रियते यत्तु तद्भोगपरिमाणकम्॥ (धर्मसं. श्रा. ७–२८)।

स्नान व गन्ध-माला आदि तथा बहुत प्रकार के आहार के विषय में जो प्रमाण किया जाता है वह भोगपरिमाण कहलाता है।

भोगपुरुष—तथा भोगप्रधानः पुरुषो भोगपुरुषः चक्रवर्त्यादिः। (सूत्रकृ. नि. शी. वृ. ५५, पृ. १०३)। जिस पुरुष के भोग ही प्रधान हो वह भोगपुरुष कहलाता है। जैसे—चक्रवर्ती आदि।

भोगभूमिज मनुष्य-तिर्यञ्च—मंदकसायेण जुदा उदयागदसत्थपयडिसंजुत्ता। विविहविणोदासत्ता णर-तिरिया भोगजा होंति॥ (ति. प. ४–४२०)। भोगभूमिज मनुष्य व तिर्यंच मन्द कषाय से युक्त होकर उदय को प्राप्त हुई प्रशस्त कर्मप्रकृतियों से सहित होते हुए अनेक प्रकार के विनोद में आसक्त रहते हैं।

भोगभूरिता — देखो उपभोग-परिभोगानर्थक्य। भोगस्य उपलक्षणत्वादुपभोगस्य च उक्तनिर्वचनस्य, स्नान-पान-भोजन-चन्दन-कुङ्कुम-कस्तूरिका-वस्त्राभ-

रणादेर्भूरिता स्व-स्वीयकुटुम्बव्यापारणापेक्षयाऽधिकत्वम् । (धर्मसं. मान. स्वो. वृ. २–५४, पृ. ११३)। भोग के साथ यहां उपभोग को भी ग्रहण करना चाहिए । स्नान, पान, भोजन, वस्त्र, केसर, कस्तूरी और वस्त्र-आभरणादि रूप जो भोग-उपभोग की सामग्री है उसकी भूरिता—अधिकता—का नाम भोगभूरिता है। यह अनर्थदण्डव्रत का एक अतिचार है।

मनःपर्याप्ति—१. मनस्त्वयोग्यद्रव्यग्रहण-निसर्ग-शक्तिनिर्वर्तनक्रियासमाप्तिर्मनःपर्याप्तिरित्येके। (त. भा. ८-१२)। २. मणजोग्गे पोग्गले घेत्तूण मणत्ताए परिणामण-णिसिरणसत्ती मणपज्जत्ति। (नन्दी. चू. पृ. १५)। ३. मनस्त्वयोग्यद्रव्यग्रहण-निसर्ग-शक्तिनिवर्तनक्रियापरिसमाप्तिर्मन.पर्याप्तिरित्येके। नन्दी. हरि. वृ. पृ. ४४)। ४. मनोवर्गणास्कन्धनिष्पन्नपुद्गलप्रचयः अनुभूतार्थस्मरणशक्तिनिमित्तः मनःपर्याप्तिः। द्रव्यमनोऽवष्टम्भेनानुभूतार्थस्मरणशक्तेरुत्पत्तिर्मनःपर्याप्तिर्वा। (धव. पु. १, पृ. २५५)। ५. मनस्त्वयोग्यानि मनोवर्गणायोग्यानि मनःपरिणामप्रत्ययानि यानि द्रव्याणि, तेषा ग्रहणनिसर्गसामर्थ्यस्य निर्वर्तनक्रियापरिसमाप्तिर्मनःपर्याप्तिरिति। (त. भा. सिद्ध. वृ. ८-१२)। ६ मनःपर्याप्तिर्मनोयोग्यान् पुद्गलान् गृहीत्वा मनस्तया परिणमय्य मनोयोग्यतया निसर्जनशक्तिरिति। (स्थाना. अभय. वृ. २. १, ७३)। ७. यया तु मनःप्रायोग्यवर्गणाद्रव्यमादाय मनस्त्वेन परिणमय्य मुञ्चति सा शक्तिर्मनःपर्याप्तिः। यदुक्तम्—आहारसरीरिंदिय-ऊसास-वओमणोभिनिव्वत्ति। होइ जओ दलियाउ करण पई सा उ पज्जत्ती॥ (शतक. मल. हेम. वृ. ३८)। ८. मनोवर्गणाभिनिष्पन्नद्रव्यमनोऽवष्टम्भेनानुभूतार्थस्मरणशक्तेरुत्पत्तिर्मनःपर्याप्तिः। (मूला. वृ. १२-१९६)। ९. यया पुनर्मनःप्रायोग्यवर्गणादिदलिकमादाय मनस्त्वेन परिणमय्यालम्ब्य च मुञ्चति सा मनःपर्याप्ति.। (जीवाजी. मलय. वृ. १२; नन्दी. सू. मलय. वृ. १३; सप्तति. मलय. वृ. ६; पञ्चसं. मलय. वृ. १-५; षडशी. मलय. वृ. ३; कर्मस्त. गो. वृ. १०; प्रव. सारो. वृ. १२५१; कर्मवि. दे. स्वो. वृ. ४८; षडशी. दे. स्वो. वृ. २)। १०. यया पुनर्मनःप्रायोग्यान् पुद्गलानादाय मनस्त्वेन परिणमय्याऽऽलम्ब्य च मुञ्चति सा मनःपर्याप्तिः। (प्रज्ञाप. मलय. वृ. १-१२)। ११. यया पुनर्मनःप्रायोग्याणि दलिकान्यादाय मनस्त्वेन वा परिणमय्याऽऽलम्ब्य च मुञ्चति सा मनःपर्याप्तिः। (बृहत्क. भा. क्षे. वृ. १११२)। १२. मनोवर्गणायातपुद्गलस्कन्धान् द्रव्यमनोरूपेण परिणमयितुं गुण-दोषविचार-दृष्टाद्यर्थस्मरणादिविशिष्टस्य आत्मनः पर्याप्ताङ्गोपाङ्गनामकर्मद्वयोदयजनिता शक्तिनिष्पत्तिर्मन पर्याप्तिः। (गो. जी. मं. प्र. ११९)। १३. मनोवर्गणायातपुद्गलस्कन्धान् अङ्गोपाङ्गनामकर्मोदयबलाधानेन द्रव्यमनोरूपेण परिणमयितुं तद्द्रव्यमनोबलाधानेन नोइन्द्रियावरणवीर्यान्तरायक्षयोपशमविशेषेण गुण-दोषविचारा-

नुस्मरणप्रणिधानलक्षणभावमन:परिणमनशक्तिनिष्पत्तिर्मन:पर्याप्ति: । (गो. जी. जी. प्र. ११९; कार्तिके. टी. १३४) । १४. येन कारणेन चतुर्विधमनोयोग्यद्रव्याणि गृहीत्वा मनस: मननसमर्थ: स्यात्तस्य करणस्य निष्पत्तिर्मन:पर्याप्ति: । (भगवती. वृ. ६, ४, ९२) । १५. यया मनोवर्गणादलिकमादाय मनस्त्वेन परिणमय्यालम्ब्य च मन:समर्थो भवति सा मन:पर्याप्ति: । (विचारस. ४३) । १६. दलं लात्वा मनोयोग्यं तत्तां नीत्वाऽवलम्ब्य च । यया मननशक्त: स्यान्मन:पर्याप्तिरत्र सा । (लोकप्र. ३–३०) ।

१ मनरूप होने के योग्य द्रव्य के ग्रहण और त्याग की शक्ति जिस क्रिया से निर्मित होती है उसकी समाप्ति का नाम मन:पर्याप्ति है, ऐसा किन्हीं का मत है । ४ अनुभूत पदार्थों के स्मरण की शक्ति का निमित्तभूत जो मनोवर्गणा के स्कन्धों से पुद्गलसमूह उत्पन्न होता है उसे मन:पर्याप्ति कहते हैं । अथवा द्रव्य मन के आलम्बन से जो अनुभूत पदार्थों के स्मरण की शक्ति उत्पन्न होती है उसे मन:पर्याप्ति जानना चाहिए ।

मन:पर्ययज्ञान—देखो मन:पर्ययज्ञान ।

मन:पर्ययज्ञानलब्धि—मन:पर्ययज्ञानलब्धिर्मनोद्रव्यप्रत्यक्षीकरणशक्ति: । (योगशा. स्वो. विव. १–९) ।

मन द्रव्य के साक्षात्कार करने की जो शक्ति है उसे मन:पर्ययज्ञानलब्धि कहा जाता है ।

मन:पर्ययज्ञानावरण — देखो मन:पर्ययज्ञानावरण ।

मन:प्रणिधान—देखो नोइन्द्रियप्रणिधि । णोइंदियपणिधाणं कोहे माणे तहेव मायाए । लोहे य णोकसाए मणपणिधाण तु तं वज्जे । (मूला. ५, १०३) ।

क्रोध, मान, माया और लोभ तथा नोकषाय के विषय में जो मन की प्रवृत्ति होती है उसे नोइन्द्रियप्रणिधान या मन:प्रणिधान कहते हैं ।

मन:प्रदुष्टवन्दन—देखो मनोदुष्टदोष । १. मन:प्रद्वेषोऽनेकोत्थान:—अनेकनिमित्तो भवति, स च सर्वोऽपि आत्मप्रत्ययेन परप्रत्ययेन वा स्यात्, तत्रात्मप्रत्ययेन यथा शिष्य एव गुरुणा किञ्चित् परुषमभिहितो भवतीति, परप्रत्ययेन तु यथा तस्यैव शिष्यस्य सम्बन्धिन: सुहृदादे: सम्मुखं सूरिणा किमप्यप्रियमुक्तं भवतीत्येवंप्रकारैरन्यैरपि स्व-परप्रत्ययै: कारणान्तरैर्मनस: प्रद्वेषो भवति यत्र तन्मनसा प्रदुष्टमुच्यते । (आव. हरि. वृ. मल. हेम. टि, पृ. ८८; प्रव. सारो. वृ. १६०) । २. मनसा प्रदुष्टम्—शिष्यस्तत्सम्बन्धी वा गुरुणा किञ्चित् परुषमभिहितो यदा भवति तदा मनसो दूषितत्वाद् मनसा प्रदुष्टम्, यद्वा वन्द्यो हीन: केनचिद् गुणेन ततोऽहमेवंविधेनापि वन्दनं दापयितुमारब्ध इति चिन्तयतो वन्दनम् । (योगशा. स्वो. विव. ३, १३०) ।

१ मन:प्रद्वेष अनेक निमित्तों से उत्पन्न होता है । वह सब ही आत्मप्रत्यय से व परप्रत्यय से होता है । आत्मप्रत्यय से जैसे—जब गुरु ने केवल शिष्य से कुछ कठोर वचन कहे, परप्रत्यय जैसे—उसी शिष्य के सम्बन्धी मित्र आदि के समक्ष जब गुरु ने कुछ कठोर वचन कहा, इत्यादि प्रकारों से तथा अन्य कारणों से भी जो शिष्य के मन में द्वेष होता है उसे मन:प्रदुष्ट कहते हैं ।

मनु—देखो कुलकर । १. जादिभरणेण केई भोगभूमुस्साण जीवणोवायं । भासंति जेण तेणं मणुणो भणिदा मुणिदेहिं ।। (ति. प. ४–५०८) । २. आद्यसंस्थान-संघात-गम्भीरोदारमूर्तय: । स्वपूर्वभवविज्ञाना मनवस्ते चतुर्दश । (ह. पु. ७–१७३) ।

१ कोई जातिस्मरण के द्वारा भोगभूमि के मनुष्यों को आजीविका का उपाय बतलाते हैं, इससे उन्हें मनु कहा गया है ।

मनुज—मानुषीसु मैथुनसेवका: मनुजा नाम । (धव. पु. १३, पृ. ३९१) ।

जो मनुष्यनियों में मैथुन सेवन किया करते हैं उनका नाम मनुज है ।

मनुष्यगतिनाम—१. अशेषमनुष्यपर्यायनिष्पादिका मनुष्यगति: । अथवा मनुष्यगतिकर्मोदयापादितमनुष्यपर्यायकलाप: कार्ये कारणोपचारान्मनुष्यगति: । अथवा मनसा निपुणा: मनसा उत्कटा इति वा मनुष्या:, तेषां गति: मनुष्यगति: । (धव. पु. १, पृ. २०२–३); जस्स कम्मस्स उदएण मणुयभावो जीवाणं होदि, तं कम्मं मणुसगदि त्ति उच्चदि कारणे कज्जुवयारादो । (धव. पु. ६, पृ. ६७); जं णिरय-तिरिक्ख-मणुस्स-देवाणं णिव्वत्तयं त

गदिणामं (जं मणुस्सणिव्वत्तयं कम्मं तं मणुस्सगदिणामं। (ध. पु. १३, पृ. ३६३)। २. यदुदयाज्जीवो मनुष्यभावस्तन्मनुष्यगतिनाम। (त. वृत्ति श्रुत. ८-११)।

१ जो कर्म मनुष्य की सब अवस्थाओं की उत्पत्ति का कारण है वह मनुष्यगतिनामकर्म कहलाता है।

मनुष्यगतिप्रायोग्यानुपूर्वीनाम—एव सेसआणुपुव्वीणं पि अत्थो वत्तव्वो (जस्स कम्मस्स उदएण मणुसगइं गयस्स जीवस्स विग्गहगईए वट्टमाणयस्स मणुसगइपाओग्गसठाणं होदि तं मणुसगदिपाओग्गाणुपुव्वीणाम)। (ध. पु. ६, पृ. ७६)।

जिस कर्म के उदय से मनुष्यगति को प्राप्त जीव के विग्रहगति में वर्तमान होने पर मनुष्यगति के योग्य आकार रहता है उसे मनुष्यगतिप्रायोग्यानुपूर्वीनामकर्म कहते हैं।

मनुष्यभाविजीव—गत्यन्तरे जीवो व्यवस्थितो मनुष्यभवप्राप्ति प्रत्यभिमुखो मनुष्यभाविजीवः। (त. सि. १-५)।

जो जीव गत्यन्तर में स्थित रहकर मनुष्यभव की प्राप्ति के उन्मुख होता है उसे मनुष्यभावी जीव कहा जाता है।

मनुष्यलोक— १. तसणालीबहुमज्झे चित्ताय खिदीय उवरिमे भागे। अइवट्टो मणुवजगो जोयणपणदाललक्खविक्खभो॥ (ति. प. ४-६)। २. मणुसलोगपमाणपणदालीसजोयणसदसहस्सविक्खभ जोयणसदसहस्सुस्सेधम्। (ध. पु. ४, पृ. ४२); पणदालीसजोयणलक्खघणो मणुवलोगो। (ध. पु. १३, पृ. ३०७)।

१ त्रसनाली के ठीक बीच में चित्रा पृथिवी के उपरिम भाग में पैंतालीस लाख योजन विस्तार वाला गोल मनुष्यलोक है।

मनुष्यायु— १. शारीर-मानससुख-दुःखबहुविष्ठेसु मनुष्येसु जन्मोदयात् मनुष्यायुषः। शारीरेण मानसेन च सुख-दुःखेन समाकुलेषु मनुष्येषु यस्योदयाज्जन्म भवति तन्मानुषमायुरवसेयम्। (त. वा. ८, १०, ७)। २. एवं मणुस-देवाउआणं पि वत्तव्वं (जेसिं कम्मक्खंधाणमुदएण जीवस्स उद्धगमणसहावस्स मणुसभवम्मि अवट्ठाणं होदि तेसिं मणुस्साउअमिदि सण्णा)। (ध. पु. ६, पृ. ४९); जं कम्मं मणुसभवं धारेदि त मणुसाउअं णाम। (ध. पु. १३, पृ. ३६२)। ३. शारीर-मानस-सुख-दुःखबहुविष्ठेषु मनुष्येषु जन्मोदयान्मानुष्यायुषः। (त. श्लो. ८-१०)। ४. यत्प्रत्ययान्मनुष्येषु जीवति जीवः तत् मानुषमायुः। (त. वृत्ति श्रुत. ८-१०)।

१ जिस कर्म के उदय से प्रचुर शारीरिक एवं मानसिक दुःखों से युक्त मनुष्यों में जन्म होता है उसे मनुष्यायु कर्म कहते हैं।

मनोगुप्ति—१. जा रायादिणियत्ती मणस्स जाणीहि तम्मणोगुत्ती। (नि. सा. ६९; मूला. ५-१३५; भ. आ. ११८७)। २. सावद्यसंकल्पनिरोधः कुशलसकल्पः कुशलाकुशलसकल्पनिरोध एव वा मनोगुप्तिः। (त. भा. ९-४)। ३. मनसो गुप्तिः मनोगुप्तिः मनसो रक्षणमार्तरौद्रध्यानाप्रचारः धर्मध्याने चोपयोगो मनोगुप्ति.। (त. भा. हरि. व सिद्ध. वृ. ७-३); तत्र राग-द्वेषपरिणतेरार्त-रौद्राध्यवसायात् मनो निर्वर्त्य निराकृतैहिकामुष्मिकविषयाभिलाषस्य मनोगुप्तत्वादेव न रागादिप्रत्यय कर्मास्रोष्यति। (त. भा. हरि. व सिद्ध. वृ. ९-२), अथवा गर्हितं पापम्, सहावद्येन सावद्य., सकल्पः चिन्तनमालोचनमात्रं-रौद्रध्यायित्व चलचित्ततया वा यदवद्यवञ्चिन्तयति तस्य निरोधः अकरणमप्रवृत्तिर्मनोगुप्ति.। तथा च कुशलसकल्पानुष्ठान सरागसंयमादिलक्षणम् येन धर्मोऽनुष्ठ्यते, यावान् वा ऽध्यवसायः कर्मोच्छेदाय यतते सोऽपि सर्वः कुशलसकल्पो मनोगुप्तिः। अथवा न कुशले सरागसयमादौ प्रवृत्तिः, नाप्यकुशले ससारहेतौ, योगनिरोधावस्थायामभावादेव मनसोगुप्ति मनोगुप्तिः। (त. भा. हरि. व सिद्ध. वृ. ९-४); दोषेभ्यो वा हिंसादिभ्यो विरतिर्मनोगुप्तिः। (त भा. हरि व सिद्ध. वृ ९-४ उद्.)। ४ राग-कोपाभ्याम् अनुपप्लुता नोइन्द्रियमति. मनोगुप्तिरिति ××× अथवा राग-द्वेष-मिथ्यात्वाद्यशुभपरिणामविरहो मनोगुप्तिः सामान्यभूता, इन्द्रिय-कषायाप्रणिधान तद्विशेषः। (भ. आ. विजयो ११५); ××× तेन मनसस्तत्त्वावग्राहिणो रागादिभिरसहचारिता या सा मनोगुप्ति। मनोग्रहणं ज्ञानोपलक्षणम्, तेन सर्वो बोधो निरस्तरागद्वेषकलंको मनोगुप्तिः। ××× अथवा मन.शब्देन मनुते य आत्मा स एव भण्यते, तस्य रागादिभ्यो या निवृत्तिः राग-द्वेषरूपेण या अपरिणतिः

सा मनोगुप्तिरित्युच्यते। अथवं भूषे सम्यग्योगनिग्रहो गुप्तिः इष्टफलमनपेक्ष्य योगस्य वीर्यपरिणामस्य निग्रहो रागादिकार्यकरणनिरोधो मनोगुप्तिः। (भ. आ. विजयो. ११८७)। ५. सम्यग्दण्डो वपुषः सम्यग्दण्डस्तथा च वचनस्य। मनसः सम्यग्दण्डो गुप्तित्रितयं समनुगम्यम्। (पु. सि. २०२)। ६. विहाय सर्वसंकल्पान् राग-द्वेषावलम्बितान्। स्वाधीनं कुरुते चेतः समत्वे सुप्रतिष्ठितम्॥ सिद्धान्तसूत्रविन्यासो शश्वत्प्रेरयतोऽथवा। भवत्यविकला नाम मनोगुप्तिर्मनीषिणः॥ (ज्ञाना. १८, १५-१६, पृ. १६०)। ७. मनःपंचेन्द्रियेभेन्द्रस्वैरचारनिवारिणी। स्वगोचरे मनोगुप्तिर्ज्ञान-ध्यानरता मतिः। (आचा. सा. ५-१३८)। ८. विमुक्तकल्पनाजालं समत्वे सुप्रतिष्ठितम्। आत्मारामं मनस्तज्ज्ञैर्मनोगुप्तिरुदाहृता॥ (योगशा. १-४१)। ९. रागादित्यागरूपामृत समयसमभ्याससद्ध्यानभूताम्, चेतोगुप्ति ××× । (अन. ध. ४-१५६)। १०. मणस्य नोइन्द्रियज्ञानलक्षणस्य मनस्तत्त्वावग्राहिणो जा रागादिणियत्ती—राग-द्वेषादिभिरात्मपरिणामैरसहचरिता सा मनोगुप्तिः। मनोग्रहणं ज्ञानोपलक्षणम्, तेन सर्वो बोधो निरस्तरागादि-कलङ्को मनोगुप्तिः स्यात्, अथवा मनुते विचारयति हेयमुपादेयं च तत्त्वं योऽसावात्मात्र मनःशब्देनोच्यते, तस्य रागादिरूपेणापरिणतिर्मनोगुप्तिरिति ग्राह्यम्। (भ. आ. मूला. ११८७)। ११. कल्पनाजालनिर्मुक्त समभावेन पावनम्। मुनीना यन्मनःस्थैर्यं मनोगुप्तिर्भवत्यसौ॥ (लोकप्र. ३०-७४९)।

१ मन से रागादि का हट जाना, इसका नाम मनोगुप्ति है। २ पापपूर्ण आर्त्त-रौद्रादि स्वरूप संकल्प (चिन्तन) को रोकना, सरागसंयमादिरूप कुशल संकल्प का अनुष्ठान करना, अथवा कुशल व अकुशल दोनों ही प्रकार के संकल्प का निरोध करना, इसे मनोगुप्ति कहते हैं।

मनोगुप्ति-अतिचार—रागादिसहिता स्वाध्याये वृत्तिर्मनोगुप्तिरतिचारः। (भ. आ. विजयो. १६)। रागादि के साथ जो स्वाध्याय में प्रवृत्ति होती है, यह मनोगुप्ति का अतिचार है।

मनोज्ञ (वर्णादि)—मनसा ज्ञायन्ते अनुकूलतया स्वप्रवृत्तिविषयीक्रियन्त इति मनोज्ञाः मनोऽनुकूलाः। (जीवाजी. मलय. वृ १२६, पृ. १९०)। जो वर्ण-गन्धादि अनुकूल होने के कारण अपनी प्रवृत्ति के विषय किए जाते हैं वे मनोज्ञ कहलाते हैं। यह प्रसंगप्राप्त मणियों के वर्णादि का विशेषण मात्र है।

मनोज्ञ (साधुविशेष)—१. मनोज्ञो लोकसम्मतः। (त. सि. ९-२४)। २. मनोज्ञोऽभिरूपः। अभिरूपो मनोज्ञ इत्यभिधीयते। (त. वा. ९, २४, १२)। ३. मनोज्ञोऽभिरूपः, सम्मतो वा लोकस्य विद्वत्त्व-वक्तृत्व-महाकुलत्वादिभिः, असंयतसम्यग्दृष्टिर्वा। (त. श्लो. ९-२४)। ४. अभिरूपो मनोज्ञः, आचार्याणा सम्मतो वा दीक्षाभिमुखो वा मनोज्ञः, अथवा विद्वान् वाग्मी महाकुलीन इति यो लोकस्य सम्मतः स मनोज्ञस्तस्य ग्रहणं प्रवचनस्य लोके गौरवोत्पादनहेतुत्वादसयतसम्यग्दृष्टिर्वा सस्कारोपेतरूपत्वान्मनोज्ञ। (चा सा. पृ. ६७)। ५. शिष्टसम्मतो विद्वत्त्व-वक्तृत्व-महाकुशलत्वादिभिर्मनोज्ञः प्रत्येतव्योऽसंयतसम्यग्दृष्टिर्वा। (त. सुखबो. वृ. ९-२४)। ६. वक्तृत्वादिगुणविराजितो लोकाभिसम्मतो विद्वान् मुनिर्मनोज्ञ उच्यते। (त. वृत्ति श्रुत. ९- २४)।

१. जो जनसमुदाय को सम्मत (अभीष्ट) होता है। उसे मनोज्ञ कहा जाता है। २. अभिरूप (मनोहर) को मनोज्ञ कहते हैं। ३, जो विद्वत्ता, वक्तृत्व और प्रतिष्ठित कुल आदि के कारण लोकसम्मत (जनप्रिय) होता है वह मनोज्ञ कहलाता है। असंयतसम्यग्दृष्टि को भी मनोज्ञ माना जाता है।

मनोज्ञ (आर्तध्यान)—देखो अमनोज्ञ आर्तध्यान व आर्तध्यान। १. विपरीतं मनोज्ञस्य। (त. सू. ९-३१)। २. मणुन्न-संपओगसंपउत्ते तस्स अविप्पओगसतिसमण्णागते यावि भवति २। (स्थाना. २४७)। ३. मनोज्ञस्येष्टस्य स्वपुत्र-दार-धनादेर्विप्रयोगे तत्सप्रयोगाय संकल्पश्चिन्ताप्रबन्धो द्वितीयमार्तम्। (त. सि. ९-३१)। ४. मणुण्णसंपयोगसंपउत्तो तस्स अविप्पयोगाभिकंखी सद्दसमन्नागए यावि भवइ, सद्दाइसु विसएसु परमपमोदमावन्नो अणिट्ठेसु पदोसमावण्णो तप्पच्चइयस्स राग-दोसं अजाणमाणो गओ इव सलिलउल्लियगो पावकम्मरयमलं उवचिणोत्तित्ति अट्टस्स वितिओ भेदो गओ। (दशवै. चू. पृ. ३०)। ५ इट्ठाण विसयाईण देसणाए अ रागरत्तस्स। अवियोगज्झवसाणं तह संजोगाभिलासो अ। (ध्यानश. ८)। ६. मनो-

मस्य विषयस्य विप्रयोगे संप्रयुक्तां प्रति वा परिध्यातिः स्मृतिसमन्वाहार-शब्दबोधिता प्रसावध्यार्तध्यानमिति निश्चीयते। (त. वा. ९, ३१, १)। ७. मनोज्ञविप्रयोगस्य यच्चानुत्पत्तिचिन्तनम्। (ह. पु. ५६–८); पशु-पुत्र-कलत्रादि मनोज्ञं सुखलाधनम्। बाह्यं स्याद्धन-धान्यादि सचेतनमचेतनम्॥ आध्यात्मिकं च पित्तादिसाम्यादारोग्यमांगिकम्। मानसं सौमनस्यादि रत्यशोकाभयादिकम्॥ विप्रयोगश्च मे मा भूदैहिकामुत्रकस्य तु। मनोज्ञस्येति सकल्पस्तृतीय चार्तमुच्यते॥ (ह. पु. ५६, १४–१६)। ८. प्रियस्य मनोज्ञस्य विप्रयोगो विश्लेषस्तस्मिन् सति तत्संप्रयोगाय पुनः पुनश्चिन्ताप्रबन्धः, सा मे प्रिया कथं प्रयोगिनी स्यादिति प्रबन्धेन चिन्तनमार्तध्यानमप्रशस्तम्। (त. श्लो. ९–३१)।

१ अमनोज्ञ से विपरीत मनोज्ञ पदार्थ का वियोग होने पर उसके संयोग के लिए जो अतिशय चिन्ता होती है उसे मनोज्ञविषयक आर्तध्यान कहते हैं। २ मनोज्ञ इन्द्रियविषयों का संयोग होने पर उनसे सम्बद्ध हुआ प्राणी जो उनके अवियोग का—सदा उनके सयोग के बने रहने का—निरन्तर चिन्तन करता है, यह मनोज्ञविषयक आर्तध्यान का लक्षण है।

मनोज्ञवैयावृत्य— आयरिएहि सम्मदाणं गिहत्थाण दिक्खाभिमुहाणं वा जं कीरदे त मणुण्णवेज्जावच्च णाम। (धव. पु. १३, पृ. ६३)। जो आचार्यों को सम्मत हैं अथवा जो दीक्षा के अभिमुख हुए गृहस्थ हैं उनकी जो सेवा-शुश्रूषा की जाती है उसे मनोज्ञवैयावृत्य कहते हैं।

मनोदुष्टदोष—देखो मनःप्रदुष्टवन्दन। १. मनसाचार्यादीना दुष्टो भूत्वा यो वन्दनां करोति तस्य मनोदुष्टदोषः, संक्लेशयुक्तेन मनसा यद्वा वन्दनाकरणम्। (मूला. वृ. ७–१०७)। २. मनोदुष्टं खेदकृतिर्गुर्वाद्युपरि चेतसि॥ (अन. ध. ८–१०१)। १ जो आचार्यादिकों के प्रति मन से द्वेष युक्त होकर अथवा संक्लेश युक्त मन से वन्दना करता है वह वन्दनाविषयक मनोदुष्ट नामक दोष का भागी होता है।

मनोदुष्प्रणिधान—१. प्रणिधानं प्रयोगः परिणाम इत्यनर्थान्तरम्। दुष्टु पापं प्रणिधानं दुष्प्रणिधानम्, अन्यथा वा प्रणिधानं दुष्प्रणिधानम्। तत्र ××× मनसोऽनर्पितत्वं चेत्यन्यथाप्रणिधानम्। (त. वा. ७, ३३, २)। २. क्रोध-लोभाभिद्रोहाभिमानेर्ष्यादिकार्यव्यासङ्गजातसम्भ्रमो दुष्प्रणिधत्ते मन इति मनोदुष्प्रणिधानम्। (त. भा. सिद्ध. वृ. ७–२८)। ३. मनसोऽनर्पितत्वं मनोदुःप्रणिधानम्। (चा. सा. पृ. ११)। ४. क्रोध-लोभ-द्रोहाऽभिमानेर्ष्यादयः कार्यव्यासङ्गसम्भ्रमश्च मनोदुष्प्रणिधानम्। (योग. शा. स्वो. विव. ३–११६; सा. ध. स्वो. टी. ५–३३; धर्मसं. मान. स्वो. वृ. ५५, पृ. ११४)। ५. सामायिकादितोऽन्यत्र मनोवृत्तिर्यदा भवेत्। मनोदुष्प्रणिधानाख्यो दोषोऽतीचारसंज्ञकः। (लाटीसं. ६–१९०)।

१ पापपरिपूर्ण प्रवृत्ति अथवा अन्यथा प्रवर्तन का नाम दुष्प्रणिधान है। मन को सामायिक में संलग्न न करना अथवा अन्य विषयों में लगाना, यह सामायिक को दूषित करने वाला उसका एक मनोदुष्प्रणिधान नाम का अतिचार है। २ क्रोध, लोभ, द्रोह, अभिमान, ईर्ष्या और कार्य की व्यस्तता से उत्पन्न हुआ क्षोभ मन को जो दुष्प्रवृत्त करता है, इसका नाम मनोदुष्प्रणिधान है।

मनोद्रव्यवर्गणा—१. मणदव्ववग्गणा णाम का? मणदव्ववग्गणा चउव्विहस्स मणस्स गहणं पवत्तदि। सच्चमणस्स मोसमणस्स सच्च-मोसमणस्स असच्चमोसमणस्स जाणि दव्वाणि घेत्तूण सच्चमणत्ताए मोसमणत्ताए सच्च-मोसमणत्ताए असच्चमोसमणत्ताए परिणामेदूण परिणमति जीवा ताणि दव्वाणि मणदव्ववग्गणा णाम। (षट्ख. ५, ६, ७४९–७५१—पु. १४, पृ. ५५१–५५२)। २. एदीए वग्गणाए दव्वमणणिव्वत्तणं कीरदे। (जीए दव्वमणणिव्वत्तण कीरदे सा मणदव्ववग्गणा णाम)। (धव. पु. १४, पु. ६२)।

१ जिस वर्गणा के द्वारा सत्य, असत्य, सत्य-असत्य और असत्यमृषा इस चार प्रकार के मन की रचना की जाती है उसे मनोद्रव्यवर्गणा कहते हैं।

मनोबल ऋद्धि—१. सुदणाणावरणाए पगडीए वीरियंतरायाए। उक्कस्सक्खउवसमे मुहुत्तमेत्तरम्मि सयलसुदं। चिंतइ जाणइ जीए सा रिद्धी

मणबलाणामा। (ति. प. ४, १०६१-६२)। २. मनःश्रुतावरण-वीर्यान्तरायक्षयोपशमप्रकर्षे सत्यन्तर्लब्धश्रुतार्थचिन्तनेऽवदाता मनोबलिनः। (त. वा. ३, ३६, ३)। ३. बारहंगुद्दिट्ठतिकालगोयराणान्तट्ठ-वंजणपज्जायाइण्णछदव्वाणि णिरन्तरं चिंतिदे वि खेयाभावो मणबलो, एसो मणबलो जेसिमत्थि ते मणबलिणो। (धव. पु. ६, पृ. ६२)। ४. श्रुतावरण-वीर्यान्तरायक्षयोपशमप्रकर्षे सति खेदमन्तरेणान्तर्मुहूर्ते सकलश्रुतार्थचिन्तनेऽवदाता मनोबलिनः। (का. सा. पृ. १०१)। ५. तत्र प्रकृष्टज्ञानावरण-वीर्यान्तरायक्षयोपशमविशेषेण वस्तूद्घृत्यान्तर्मुहूर्त्तेन सकलश्रुतोदध्यवगाहनावदातमनसो मनोबलिनः। (योगशा. स्वो. विव. १-८, पृ. ३८, ३६)। ६. अन्तर्मुहूर्तेन निखिलश्रुतचिन्तनसमर्था ये ते मनोबलिनः। (त. वृत्ति श्रुत. ३-३६)।

१ जिस ऋद्धि के प्रभाव से जीव श्रुतज्ञानावरण और वीर्यान्तराय के उत्कृष्ट क्षयोपशम के होने पर एक अन्तर्मुहूर्त मात्र में समस्त श्रुत का चिन्तन करता है व उसे जानता है उसका नाम मनोबल ऋद्धि है। २ बारह अगों में उद्दिष्ट तीनों कालों सम्बन्धी अनन्त अर्थपर्यायों एवं व्यञ्जनपर्यायों से व्याप्त छह द्रव्यों का निरन्तर चिन्तन करने पर भी खेद को प्राप्त न होना, इसे मनोबल कहते हैं, यह मनोबल ऋद्धि जिनके होती है वे मनोबली कहलाते हैं।

मनोयोग—१. अभ्यन्तरवीर्यान्तराय-नोइन्द्रियावरणक्षयोपशमात्मकमनोलब्धिसन्निधाने बाह्यनिमित्तमनोवर्गणालम्बने च सति मनःपरिणामाभिमुखस्यात्मनः प्रदेशपरिस्पन्दो मनोयोगः। (त सि. ६-१; त. वा. ६, १, १०)। २. मनोयोग्यपुद्गलात्मप्रदेशपरिणामो मनोयोगः। (त. भा. ६-१)। ३. औदारिक-वैक्रियिकाहारकशरीरव्यापाराहृतमनोद्रव्यसमूहसाचिव्याज्जीवव्यापारो मनोयोगः। (नन्दी. हरि. वृ पृ. ४६; ध्यानश. हरि. वृ. ३; स्थानां. अभय. वृ. ५१, पृ. २८; योगशा. स्वो. विव. ११-१०)। ४. भावमनसः समुत्पत्त्यर्थः प्रयत्नो मनोयोगः। (धव. पु. १, पृ. २७६); चतुर्णां मनसां सामान्यं मनः, तज्जनितवीर्येण परिस्पन्दलक्षणेन योगो मनोयोगः। (धव. पु. १, पृ. ३०८); मणवग्गणादो णिप्फण्णदव्वमणमवलंबिय जो जीवस्स संकोच-विकोचो सो मणजोगो। (धव. पु. ७, पृ. ७६); वीरियंतराइयस्स सव्वघादिफद्दयाणं संतोवसमेण देसघादिफद्दयाणमुदएण णोइंदियावरणस्स सव्वघादिफद्दयाणमुदयक्खएण तेसिं चेव सन्तोवसमेण देसघादिफद्दयाणमुदएण मणपज्जत्तीए पज्जत्तयदस्स जेण मणजोगो समुप्पज्जदि ×××। (धव. पु. ७, पृ. ७७); वज्झत्थचिंतावावदमणादो समुप्पण्णजीवपदेसपरिप्फंदो मणजोगो णाम। (धव. पु. १०, पृ. ४३७)। ५. मनोवर्गणालम्बनो (ह्यात्मप्रदेशपरिष्पन्दो) मनोयोगः। (आप्तप. १११, पृ. २४२)। ६. तेन मनसा सहकारिकारणभूतेन योगो मनोयोगो मनोविषयो योगो वा मनोयोगः। (शतक. मल. हेम. वृ. २)। ७ मननं मनः—औदारिकादिशरीरव्यापाराहृतमनोद्रव्यसमूहसाचिव्याज्जीवव्यापारो मनोयोग इति भावः, मन्यते वा ऽनेनेति मनोद्रव्यमात्रमेवेति। (स्थानां. अभय. वृ. १६, पृ. २०), मनसा करणेन युक्तस्य जीवस्य योगो वीर्यपर्यायो दुर्बलस्य यष्टिकाद्रव्यवदुपष्टम्भकरो मनोयोग इति। ××× मनसो वा योगः करण-कारणानुमतिरूपो व्यापारो मनोयोगः। (स्थानां अभय. वृ. १२४, पृ. १०७)। ८. तत्रात्मना शरीरवता सर्वप्रदेशैर्गृहीता मनोयोग्याः पुद्गला. शुभादिमननार्थं करणभावमालम्बन्ते, तत्सम्बन्धादात्मनः पराक्रमविशेषो मनोयोगः। (योगशा. स्वो. विव. ४-७४)। ९. तनुयोगेन मन.प्रायोग्यवर्गणाभ्यो गृहीत्वा मनोयोगेन मनस्त्वेन परिणमितानि वस्तुचिन्ताप्रवर्तकानि द्रव्याणि मनः इत्युच्यन्ते, तेन मनसा सहकारिकारणभूतेन योगो मनोयोगः, मनोविषयो वा योगो मनोयोगः। (षडशी. हे, स्वो. पृ. १०)। १०. नोइन्द्रियावरणक्षयोपशमयुक्तजीवप्रदेशप्रचये लब्ध्युपयोगलक्षण भावमनः, तद्व्यापारो मनोयोगः। (गो. जी. जी. प्र. ७०३)। ११. अभ्यन्तरवीर्यान्तराय - मानसावरणक्षयोपशमस्वरूपमनोलब्धिनैकटर्ये सति बाह्यकारणमनोवर्गणालम्बने च सति चित्तपरिणामसम्मुखस्य जीवस्य प्रदेशानां परिस्पन्दनं परिचलनं परिस्फुरणं मनोयोग इति मन्यते। (त. वृत्ति श्रुत. ६-१)।

१ अभ्यन्तर वीर्यान्तराय और नोइन्द्रियावरण के क्षयोपशम रूप मनोलब्धि की समीपता के होने पर

तथा बाह्य निमित्तभूत मनोवर्गणा का आलम्बन होने पर मनपरिणाम के अभिमुख हुए जीव के आत्मप्रदेशों का जो परिस्पन्द होता है उसे मनोयोग कहते हैं। २ मन के योग्य पुद्गलों के (मनोवर्गणा के) आश्रय से जो आत्मप्रदेशों में परिणमन होता है उसका नाम मनोयोग है।

मनोविनय—देखो मनविनय।

मन्त्र—१. ××× साहणरहिओ अ मंतुत्ति। (आव. नि. ६३१)। २. कर्मणामारम्भोपायः पुरुषद्रव्यसम्पद्देश-कालविभागो विनिपातप्रतीकार. कार्यसिद्धिश्चेति पञ्चाङ्गो मन्त्रः। (नीतिवा. १०–२५, पृ. ११५)। ३ पाठमात्रप्रसिद्धः पुरुषाधिष्ठानो वा मन्त्र.। (योगशा. स्वो. विव. १–३८, पृ. १३६)। ४ ग्रमाधनो मन्त्रः, यस्याधिष्ठाता पुरुषः स मन्त्रः। (व्यव. भा. मलय. वृ. तृ. वि. पृ. ११७)। ५. पाठमात्रसिद्धः पुरुषाधिष्ठानो वा मन्त्रः। (धर्मसं. मान. ३–२२, पृ. ४१)।

१ जिस मंत्र में देवता पुरुष होता है तथा जो मंत्र जप व हवन आदि रूप साधना से रहित होता है उसे मंत्र कहते हैं। २ जो सभी कार्यों के आरम्भ करने का उपायभूत होता है (१); जिसमें पुरुष, द्रव्य व सम्पत्ति—सामर्थ्य—(२) एवं देश-काल के विभाग (३) का भी विचार किया जाता है, जो आपत्ति का प्रतीकार करने वाला हो (४) तथा कार्यसिद्धि का भी जिसमें विचार हो (५); इन पांच अंगों से जो सम्पन्न हो उसे मंत्र कहा जाता है। इस प्रकार का मंत्र मन्त्रियों द्वारा राजा को दिया जाता है।

मन्त्रपिण्ड—देखो मन्त्रोत्पादनदोष। १. तथैव मन्त्र-जापावाप्तो मन्त्रपिण्डः। (आचारा. शी. वृ. २; १, २७३, पृ. ३२०)। २. पुरुषदेवाधिष्ठितं पठितसिद्ध च सप्रभाववर्णान्नाय प्रयुञ्जानस्य पुरमंत्रपिण्ड.। (गु. गु. षट्. स्वो. वृ. २०, पृ. ४६)।

१ मंत्र-जाप का उपयोग करके जो भोजन प्राप्त किया जाता है वह मन्त्रपिण्ड नामक उत्पादनदोष से दूषित होता है।

मन्त्रभेद—देखो विश्वस्तमन्त्रभेद व साकारमन्त्रभेद। मन्त्रभेदोऽङ्गविकार-भ्रूक्षेपादिभिः पराभिप्राय ज्ञात्वाऽनुवादिना तत्प्रकटनम्, विश्वसितमित्रादिभिर्वा आत्मना सह मंत्रितस्य लज्जादिकरस्यार्थस्य प्रकाशनम्। (सा. ध. स्वो. टी. ४–४५)।

शरीर के विकार व भ्रुकुटियों के निक्षेप आदि से दूसरे के अभिप्राय को जानकर उसे प्रगट कर देना अथवा विश्वासपात्र मित्र आदि के द्वारा जो अपने साथ लज्जाजनक कार्य का विचार किया गया है उसे प्रगट कर देना, यह मन्त्रभेद नामक सत्याणुव्रत का एक अतिचार है।

मन्त्रानुयोग—मन्त्रानुयोगश्चेटकाहिमन्त्रसाधनोपायशास्त्राणि। (समवा. अभय. वृ. २६, पृ. ४७)।

चेटक और अहि (सर्प) मंत्र की सिद्धि के उपायभूत शास्त्रों को मन्त्रानुयोग कहा जाता है।

मन्त्री—देखो मन्त्र। १. अकृतारम्भमारब्धस्याप्यनुष्ठानमनुष्ठितविशेषं विनियोगसम्पदं च ये कुर्युस्ते मन्त्रिण.। (नीतिवा. १०–२४, पृ. ११५)। २. मंत्री पञ्चाङ्गमन्त्रकुशलः। (त्रि. सा. टी. ६८३)। ३. तथा च शुक्रः—दर्शयन्ति विशेषं ये सर्वकर्मसु भूपतेः। स्वाधिकारप्रभाव च मंत्रिणस्तेऽन्यथा परे। (नीतिवा. टी. १०–२४)। ४. मन्त्रिणो राज्याधिष्ठायकाः सचिवाः। (कल्पसू. विनय. वृ. ६२, पृ. ६६)।

१ जो नहीं किये गये कार्य को प्रारम्भ करते हैं, प्रारब्ध कार्य का विधिवत् निर्वाह करते हैं, अनुष्ठित कार्य को अतिशयित करते हैं, तथा सम्पत्ति का यथोचित विनियोग करते हैं, वे मंत्री कहलाते हैं। २ जो पांच अंगयुक्त मंत्र में कुशल होते हैं उन्हें मंत्री कहते हैं।

मन्त्रोत्पादनदोष—देखो मन्त्रपिण्ड। १. सिद्धे पढिदे मंते तस्स य आसापदाणकरणेण। तस्स य माहप्पेण य उप्पादो मंतदोसो दु। (मूला. ६–३६)। २. ××× मन्त्रश्च तद्दान-माहात्म्याभ्यां मलोऽर्हतः॥ (अन. ध. ५–२५)।

१ जो मंत्र पढ़ने पर ही सिद्ध होने वाला है उसके देने की आशा दिलाकर और उसकी महिमा को दिखला कर यदि आहार प्राप्त किया जाता है तो वह मंत्रोत्पादनदोष से दूषित होता है।

मन्त्रोपजीवन—देखो मंत्रोत्पादन दोष। अङ्गभृङ्गारकारिणः पुरुषस्य पाठसिद्धादिमन्त्राणामुपदेशनं मंत्रोपजीवनम्। (भावप्रा. टी. ६६)।

शरीरशृङ्गार करने वाले पुरुष के लिए पढ़ने मात्र

से सिद्ध आदि होने वाले मंत्रों का उपदेश देना, यह मंत्रोपजीवन नामक एक आहारविषयक उत्पादनदोष है।

मन्मनत्व—देखो मन्मनमूक। मन एव मन्तृ यत्र तन्मन्मनं परस्याप्रतिपादकं वचनम्, तद्योगात् पुरुषोऽपि मन्मनस्तस्य भावो मन्मनत्वम्। (योगशा. स्वो. विव. २–५३)।

जिस वचन में मन ही मन्ता होता है ऐसे पर के अप्रतिपादक वचन का नाम मन्मन है। इस वचन के योग से पुरुष को भी मन्मन कहा जाता है। इस प्रकार के पुरुष के स्वरूप को मन्मनत्व कहते हैं। यह असत्यभाषण के फलरूप है।

मन्मनमूक—यस्य तु ब्रुवतः खड्ग्यमानमिव वचनं स्खलति स मन्मनमूकः। (गु. गु. षट्. स्वो. वृ. २२)।

बोलते हुए जिस पुरुष का वचन खींचे जाने के समान स्खलित हुआ करता है, उसे मन्मनमूक कहते हैं।

ममकार—१. सामर्थ्यादिदं मम भोग्यमित्यात्मपरिणामो ममकारः। (युक्त्यनु. टी. ५२)। २. शश्वदनात्मीयेषु स्वतनुप्रमुखेषु कर्मजनितेषु। आत्मीयाभिनिवेशो ममकारो मम यथा देहः॥ (तत्त्वानु. १४)। ३. कर्मजनितदेह-पुत्र-कलत्रादौ ममेदमिति ममकारः। (बृ. द्रव्यसंसं. टी. ४१)।

१ अहंकार परिणाम के सामर्थ्य से 'यह मेरा भोग्य है' इस प्रकार का जो जीव का परिणाम होता है उसे ममकार कहते हैं। २ कर्मोदयजनित अपने शरीर आदि आत्मभिन्न पदार्थों में जो आत्मीयत्व का अभिप्राय रहता है, उसका नाम ममकार है।

ममत्वतः आत्तपुद्गल—जे अणुराएण पडिग्गहिया ते ममत्तीदो अत्ता पोग्गला। (धव पु. १६, पृ ५१५)।

जो पुद्गल अनुराग से ग्रहण किये जाते हैं उन्हें ममत्वतः आत्त पुद्गल कहा जाता है। यह ग्रहण व परिणाम आदि छह प्रकार से आत्मसात् किये जाने वालों में से एक है।

मरण—देखो मृत्यु। १. आउक्खयेण मरणं जीवाणं जिणवरेहिं पण्णत्तं। (समवप्रा. २६६)। २. स्वपरिणामोपात्तस्यायुष इन्द्रियाणां बलानां च कारणवशात् संक्षयो मरणम्। (त. सि. ७–२२)। ३. तद्वुच्छेदो मरणम्। तस्य जीवितस्योच्छेदो जीवस्य मरणमित्यवसेयम्। (त. वा. ५, २०, ४); स्वायुरिन्द्रिय-बलसंक्षयो मरणम्। स्वपरिणामोपात्तस्यायुषः इन्द्रियाणां बलानां च कारणवशात् संक्षयो मरणम्। (त. वा. ७, २२, १)। ४. मरणं प्राणपरित्यागलक्षणम्। (आ. प्र. टी. ३७८; उपदे. मु. वृ. ३९६); मरणं प्राणत्यागरूपम्। (आ. प्र. टी. ३९७; प्रज्ञाप. मलय. वृ. १–१)। ५. तस्स (जीविदस्स) परिसमत्ती मरणं नाम। (धव. पु. १३, पृ. ३३३)। ६. किं मरणं मूर्खत्वम् × × × (प्रश्नो. र. मा. १७)। ७. मरण नाम इन्द्रियादिप्राणेभ्यो विगम आत्मनः। (भ. आ. विजयो. २१); मरणं नाम उत्पन्नपर्यायविनाशः, अथवा प्राणपरित्यागो मरणम्, अथवा अनुभूयमानायुसंज्ञकपुद्गलगलन मरणम्। (भ. आ. विजयो. २५)। ८. मरण प्राणत्यागः। (स्थानां. अभय. वृ. २, ३, ८५, पृ. ६७)। ९. मरणं प्राणत्यागरूपम्। (सूर्यप्र. मलय वृ. २०–१०८, पृ. २९७)। १०. मरण च शरीरादिप्रच्युतिः। (रत्नक. टी. ५–१०)। ११. आयुःसंज्ञकपुद्गलगलन मरणम्। मरणमनुभूयमानायुःपुद्गलगलनम्। (भ. आ. मूला. २५)। १२. आयुःपुद्गलाना प्रतिसमय क्षया मरणम्। (भगवती. वान. वृ. १–१, पृ. ४)। १३. निजपरिणामेन पूर्वभवादुपार्जितमायुः इन्द्रियाणि च बलानि च तेषां कारणवशेन योऽसौ विनाशः संक्षयः तन्मरणमुच्यते। (त. वृत्ति श्रुत ७–२२)।

१ आयु के क्षय से जो प्राणों का वियोग होता है, इसका नाम मरण है। २ अपने परिणामों के अनुसार जिस आयु को प्राप्त किया है उसके विनाश के साथ इन्द्रियों व बल का भी जो कारणवश विनाश होता है उसे मरण कहा जाता है। ४ प्राणों के परित्याग को मरण कहते हैं।

मरणभय—१. मरणभय प्रतीतम्। (ललितवि. मु. वृ. पृ. ३८)। २ प्राणपरित्यागभय मरणभयम्। (आव. भा. हरि. व मलय. वृ. १८४)। ३. मृत्युः प्राणात्ययः प्राणाः काय वागिन्द्रिय मनः। निःश्वासोच्छ्वासमायुश्च दशैते वाक्यविस्तरात्॥ तद्भीतिर्जीवितं मूयान्मा भून्मे मरणं क्वचित्। कदा लेभे न वा दैवादित्याधिः स्वे तनुव्यये। (पंचाध्या. २, ५३९–४०; लाटीसं. ४, ६२–६३)।

३ काय, वचन, इन्द्रिय पाँच, मन, उच्छ्वास—निःश्वास और आयु इन १० प्राणों के परित्याग के भय को मरणभय कहते हैं।

मरणाशंसा—१. जीवनसंक्लेशान्मरणं प्रति चित्तानुरोधो मरणाशंसा। रोगोपद्रवाकुलतया प्राप्तजीवनसंक्लेशस्य मरणं प्रति चित्तस्य प्रणिधानं मरणाशंसा इति व्यपदेशमर्हति। (त. वा. ७, ३७, ३)। २. मरणाशंसाप्रयोग न कश्चित्तं प्रतिपन्नानशनं गवेषते न सपर्यायामाद्रियते न कश्चिच्छ्लाघते ततस्तस्यैवंविधचित्तपरिणामो भवति यदि शीघ्रं म्रियेऽहम् अपुण्यकर्मेति मरणाशंसा। (आ. प्र. टी. ३८५)। ३. जीवितसंक्लेशान्मरणं प्रति चित्तानुरोधो मरणाशंसा। (त. श्लो. ७–३७)। ४. रोगोपद्रवाकुलतया प्राप्तजीवनसंक्लेशस्य मरण प्रति चित्तप्रणिधान मरणाशंसा। (चा. सा. पृ. २३)। ५. मरणाशंसा रोगोपद्रवाकुलतया प्राप्तजीवनसंक्लेशस्य मरणं प्रति चित्तप्रणिधानम्, यदा न कश्चित्त प्रतिपन्नाशनं प्रति सपर्यया आद्रियते, न च कश्चित् श्लाघते तदा तस्य यदि शीघ्र म्रियेय तदा भद्रकं स्यादित्येवंविधपरिणामोत्पत्तिर्वा। (सा. ध. स्वो. टी. ८–४५)। ६. रुगादिभीतेर्जीवित्स्यासक्लेशेन मरणे मनोरथो मरणाशंसा। (त. वृत्ति ७–३७)।

१ रोग के उपद्रव से व्याकुल होकर जीवन में संक्लेश को प्राप्त होने से मरने का जो भाव उदित होता है, इसका नाम मरणाशंसा है। यह सल्लेखना का एक अतिचार है। २ जिसने सल्लेखना में उपवास को स्वीकार किया है उसको जब न कोई खोजता है, न पूजा में आदर करता है, और न प्रशंसा ही करता है तब उसके मन में जो यह परिणाम होता है कि मुझ पापी का मरण यदि शीघ्र हो जाता है तो अच्छा है, इसे मरणाशंसा कहा जाता है।

मरालि—म्रियत इव शकटादौ योजितो राति च—ददाति लत्तादि, लीयते च भुवि पतनेनेति मरालिः। (उत्तरा. नि. ६४, पृ. ४६)।

जो घोड़ा अथवा बैल गाड़ी या तांगे आदि में जोतने पर मरासा हो जाता है, लातें आदि मारता है तथा जमीन पर पड़ जाता है उसे मरालि कहते हैं।

मर्कटतन्तुचारण — १. मक्कडयतंतुपंतीउवरिं अविलघुओ तुरिदपदसेवे। गच्छेदि मुणिमहेसी सा मक्कडतंतुचारणा रिद्धी॥ (ति. प. ४–१०४५)। २. कुब्जवृक्षान्तरालभाविनभःप्रदेशेषु कुब्जवृक्षादिसम्बद्धमर्कटतन्त्वालम्बनपादोद्धरण - निक्षेपावदाता (प्रव. वृ. 'लम्बनतः पादोत्क्षेपनिक्षेपसमा') मर्कटतन्तूनच्छिन्दन्तो यान्तो कर्कटतन्तुचारणाः। (योगशा. स्वो. विव. १–६, पृ. ४१; प्रव. सारो. वृ. ६०१)।

१ जिस ऋद्धि के प्रभाव से महर्षि मकड़ी के तन्तुओं की पंक्ति के ऊपर से पांवों को रखते हुए शीघ्रता से गमन कर सकते हैं उसका नाम मर्कटतन्तुचारण ऋद्धि है। २ कुब्जक वृक्ष के अन्तरालवर्ती आकाशप्रदेशों में उक्त वृक्ष आदि से सम्बद्ध मकड़ी के तन्तुओं का आलम्बन लेकर जो पांवों को उठाते धरते हुए पवित्र रहते हैं—जीवों को बाधा नहीं पहुचाते हैं—और तन्तुओं को छिन्न-भिन्न नहीं करते हैं वे मर्कटतन्तुचारणऋद्धि के धारक होते हैं।

मल—देखो मल्ल। १. स्वेद-वारिसम्पर्कात् कठिनीभूतं रजो मलोऽभिधीयते। (आव. सू. हरि वृ. अ. ४, पृ. ६५८)। २. मल अङ्गैकदेशप्रच्छादकम्। (मूला. वृ. १-३१)।

१. पसीना के जल के सम्बन्ध से जो धूलि कठिनता को प्राप्त हो जाती है उसे मल कहा जाता है। २ जो मैल शरीर के एक भाग को आच्छादित करता है वह मल कहलाता है।

मलधारण—देखो मलपरीषहजय।

मलपरीषहजय— १. अप्कायिकजन्तुपीडापरिहारायामरणादस्नानव्रतधारिणः, पटुरविकिरणप्रतापजनितप्रस्वेदाक्तपवनानीतपांसुनिचयस्य, सिध्मक-कच्छू-वद्रुदीर्णकण्डूयायामुत्पन्नायामपि कण्डूयन-विमर्दन-मधट्टनविवर्जितमूर्तेः, स्वगतमलोपचय-परगतमलापचययोरसकल्पितमनसः, सज्ज्ञान-चारित्रविमल-सलिलप्रक्षालनेन कर्ममल-पङ्कजालनिराकरणाय नित्यमुद्यतमतेर्मलपीडासहनमाख्यायते। (स. सि. ९–९)। २. स्व-परमलापचयोपचयसंकल्पाभावो मलधारणम्। जलजन्तुपीडापरिहारायास्नानप्रतिज्ञस्य स्वेदपङ्कदिग्धसर्वाङ्गस्य, सिध्म-कच्छू-वद्रुदीर्णकायस्य नख-रोम-श्मश्रु-केशविकृतसहजबाह्यमल-

संपर्ककारणानेकत्वन्विकारस्य स्वगतमलापचये परमलोपचये चाप्रणिहितमनसः कर्म-मलपंकापनोदायैवोद्यतस्य पूर्वानुभूतस्नानानुलेपनादिस्मरणपराङ्मुखचित्तवृत्तेर्मलधारणमाख्यायते। (त. वा. ९, ९, २३)। ३. मलपङ्करजोदिग्धो ग्रीष्मोष्णवेदनादपि। नोद्विजयेत् स्नानमिच्छेद्वा सहेतोद्वर्तयेन्न वा। (आव. नि. हरि. वृ. ९१८, पृ. ४०३); स (मलः) वपुषि स्थिरतामितो ग्रीष्मोष्मसन्तापजनितघर्मजलार्द्रतां गतो दुर्गन्धिघर्महान्तमुद्वेगमापादयति, तदपनयनाय न कदाचिदभिलषेत्। (आव. सू. हरि. वृ. अ. ४, पृ. ६५८)। ४. स्व-पराङ्गमलोपचयापचयसकल्पाभावो मलधारणम्। (त. श्लो. ९–९)। ५. रजःपरागमात्र मलस्तु स्वेदवारिसम्पर्ककठिनीभूतो वपुषि स्थिरतामितो ग्रीष्मोष्मसंतापजनितघर्मजलार्द्रतां गतो दुर्गन्धिघर्महान्तमुद्वेगमुत्पादयति। तदपनयनाय न कदाचिदभिषेकाद्यभिलाषं करोतीति मलपरीषहजयः। (त. भा. सिद्ध. वृ. ९–९)। ६. प्राणाघातविभीतितस्तनुरतित्यागाच्च भोगास्पृहः, स्नानोद्वर्तन-लेपनादिविगमात् प्रस्वेदपांसुचितम्। लोकानिष्टमनिष्टमात्मवपुषः पापादिमूलं मलम्, गोत्रत्राणमिवादधाति वृजिनं जेतुं मलक्लेशजित्॥ (आचा. सा. ७–६)। ७. अप्कायिकादिजन्तुपीडापरिहारायाऽऽमरणादस्नानव्रतधारिणः पटुरविकिरणप्रतापजनितप्रस्वेदवारिसम्पर्कलग्नपवनानीतपांशुनिचयस्य मलापनयनासंकल्पितमनसः सज्ज्ञान-दर्शन-चारित्रविमलसलिलप्रक्षालनेन कर्म-मलनिराकरणाय नित्य-मुद्यतमतेर्मलपीडासहनं मलपरीषहसहनम्। (पंचस. मल. वृ ४–२१)। ८. रोमास्पदस्वेदमलोत्थसिध्मप्रायार्त्यवज्ञातवपुःकृपावान्। केशापनेतान्यमलाग्रहीता, नैर्मल्यकामः क्षमते मलोर्मिम्। (अन. ध. ६–१०६)। ९. रविकिरणजनितप्रस्वेदलवसंलग्नपांसुनिचयस्य सिध्मा-कच्छू-दद्रूभूतकायत्वादुत्पन्नायामपि कण्ड्वा कण्डूयन-मर्दनादिरहितस्य स्नानानुलेपनादिकमस्मरतः स्वमलापचये परमलोपचये च [चा-]प्रणिहितमनसो मलधारणम्। (भारा. सा. टी. ४०)। १०. यो मुनिरम्बुकायिकप्राणिपीडापरिहरणचेताः मरणपर्यन्तमस्नानव्रतधारी भवति, तीव्रतपनभानुसञ्जनितपरितापसमुत्पन्नप्रस्वेदवशमरुदानीतपांशुनिचयोऽपि किलास-कच्छू-दद्रूकण्डूवादिके विकारे समुत्पन्नेऽपि संघट्टन-प्रमर्दन-कण्डूयनादिकं तदुत्पन्नजन्तुपीडापरिहारार्थं न करोति, ममाङ्गे मलं वर्तते, अस्य भिक्षोरङ्गे कीदृशं नैर्मल्यं वर्तते इति संकल्पनं न करोति, अवगम-चरित्रपूतपानीयप्रधावनेन कर्ममलकर्दमापनयनार्थं च सदैवोद्यतमतिर्भवति केशलोचासंस्कारखेदं न गणयति, स मुनिर्मलपरीषहसहनशीलो भवति। (त. वृत्ति. श्रुत. ९–९)।

१ जलकायिक जीवों की पीड़ा को दूर करने के लिए जीवन पर्यन्त स्नान का परित्याग करने वाले साधु के शरीर में जब तीक्ष्ण सूर्य की किरणों के ताप से उत्पन्न हुए पसीना के आश्रय से वायु के द्वारा लायी गई धूलि का समूह सम्बद्ध होता है और उसके निमित्त से शरीर में सेहुआ, खुजली एवं दाद उत्पन्न हो जाती है तब खुजली के उत्पन्न होने पर भी जो खुजला कर या घिसकर उसका प्रतीकार नहीं करता है तथा जो अपने शरीर में मल का संचय और दूसरे के शरीर में उसकी हानि को देखते हुए भी मन में किसी प्रकार का विकल्प नहीं करता है, किन्तु सम्यग्ज्ञान व सम्यक्चारित्ररूप निर्मल जल के द्वारा पापरूप कीचड़ के दूर करने में उद्यत रहता है, इस प्रकार से जो वह उसकी पीड़ा को सहन करना है उसको मलपरीषहजय कहा जाता है।

मलयपट्ट—मलयविसयुप्पण्णो मलयपट्टो भण्णति। (अनुयो. चू. पृ. १५)।

मलयदेश में जो पट्ट (वस्त्र) उत्पन्न होता है वह मलयपट्ट कहलाता है।

मलौषधि—१. जीहोट्ठ-दंत-णासा-सोत्तादिमल पि जीए सत्तीए। जीवाण रोगहरणं मलोसही णाम सा रिद्धी॥ (ति. प. ४–१०७१)। २. कर्ण-दन्त-नासाक्षिसमुद्भवं मलं औषधिप्राप्तं येषां ते मलौषधिप्राप्ताः। (त. वा. ३, ३६, ३, पृ. २०३; चा. सा. पृ. ९९)।

१ जिस ऋद्धि के प्रभाव से जिह्वा, ओठ, नासिका और श्रोत्र आदि का मल भी जीवों के रोगों का हरनेवाला होता है उसका नाम मलौषधि ऋद्धि है।

मल्ल—शरीरैकदेशवर्ती मल्लः। (आ. योगिभ. टी. १३, पृ. २०२)।

शरीर के एक भाग में रहने वाले मल को मल्ल कहा जाता है।

मल्लि—परीषहादि-मल्लजयान्मिरुक्तान्मल्लिः, तथा गर्भस्थे भातुः एकऋतौ सर्वर्तुसुरभिकुसुममाल्य-शयनीयदोहदो देवतया पूरित इति मल्लिः। (योग-शा. स्वो. विव. ३-१२४)।

परीषहविरूप मल्लों पर विजय प्राप्त करने के कारण १९वें तीर्थंकर मल्लि कहलाये। उक्त तीर्थंकर के गर्भ में स्थित होने पर माता को एक ऋतु में सब ऋतुओं के सुगन्धित फूलों की शय्या का दोहला उत्पन्न हुआ, जिसे देवता ने पूरा किया था। इससे उनका नाम मल्लि प्रसिद्ध हुआ।

मषिकर्म— ×××मषिलिपिविधौ स्मृता। (म. पु १६-१८१)।

लेखन क्रिया का नाम मषिकर्म है।

मषीकर्मार्य — १. द्रव्याय-व्ययादिलेखननिपुणा मषीकर्मार्या। (त. भा. ३, ३६, २)। २. आय-व्ययादिलेखनवित्ता मषीकर्मार्याः। (त. वृत्ति श्रुत. ३-३६)।

१. द्रव्य के आय और व्यय के लिखने में जो चतुर होते हैं वे मषीकर्मार्य या मषिकर्मार्य कहलाते हैं।

मसक समान शिष्य—यः शिष्यो मसक इव जात्यादिकमुद्घट्टयन् गुरोर्मनसि व्यथामुत्पादयति स मसकसमानः, स चायोग्यः। (आव. नि. मलय. वृ. १३६, पृ. १४४)।

जो शिष्य मसक के समान जाति आदि को नष्ट करता हुआ गुरु के मन में पीड़ा को उत्पन्न करता है उसे मसक समान शिष्य कहा जाता है।

मस्तिष्क—मस्तिष्कं मस्तुलुङ्गकं शिरोऽङ्गस्यारम्भकोऽवयवः। (त. भा. सिद्ध. वृ. ८-१२, पृ. १५२)।

मस्तुलुंग (सिर में से निकलने वाला एक चिपकण पदार्थ) को मस्तिष्क कहते हैं। यह शिर रूप अंग का आरम्भक एक अवयव (उपांग) है।

महत्तर—१. गंभीरो महविसो, कुसलो जाइ-विणयसंपन्नो। जुवरण्णाए सहितो पेच्छइ कज्जाइं महत्तरओ। (व्यव. भा. (मु. वि.) पृ. १२९)। २. महत्तरः कुलवृद्धः। (त्रि. सा. टी. ६८३)।

१ जो गम्भीर, विनीत, कुशल एवं जाति व विनय से सम्पन्न होता हुआ युवराज के साथ राज्य के कार्यों को देखता है उसे महत्तर या महत्तरक कहते हैं। २ जो कुल में वृद्ध होता है उसे महत्तर कहा जाता है।

महत्तरापदानर्हा—कुरूपा खण्डिताङ्गी च हीनान्वयसमुद्भवा। मूढा दुष्टा दुराचारा सरोगा कटुभाषिणी॥ सर्वकार्येष्वनभिज्ञा कुमुहूर्तोद्भवा तथा। कुलक्षणाचारहीना युज्यते न महत्तरा॥ (आचारदि. पृ. १२० उद्.)।

जो कुरूप हो, विकलांग हो, हीन कुल में उत्पन्न हुई हो, मूर्ख हो, दुष्ट स्वभाववाली हो, दूषित आचरण से सहित हो, रोगयुक्त हो, कटु भाषण करने वाली हो, सब कार्यों के ज्ञान से रहित हो, अशुभ मुहूर्त में उत्पन्न हुई हो, तथा कुत्सित लक्षणों से युक्त होती हुई आचार से हीन हो; वह महत्तरा होने के योग्य नहीं होती।

महत्तरापदार्हा—सिद्धान्तपारगा शान्ता कृतयोगोत्तमान्वया। चतुःषष्टिकलाज्ञात्री सर्वविद्याविशारदा॥ प्रमाणादिलक्षणादिशास्त्रज्ञा मञ्जुभाषिणी। उदारा शुद्धशीला च पञ्चेन्द्रियजये रता॥ धर्मव्याख्याननिपुणा लब्धियुक्ता प्रबोधकृत्। समस्तोपधिसन्दर्भकृताभ्यासातिधैर्ययुक्॥ दयापरा सदानन्दा तत्त्वज्ञा बुद्धिशालिनी। गच्छानुरागिणी नीतिनिपुणा गुणभूषणा॥ सबला च विहारादौ पञ्चाचारपरायणा। महत्तरापदार्हा स्यादीदृशी व्रतिनी ध्रुवम्॥ (आचारदि. पृ. १२० उद्.)।

सिद्धान्त में पारंगत, शान्त, अनुष्ठेय क्रियाओं को करने वाली, उत्तम कुल में उत्पन्न, चौंसठ कलाओं की जानकार, समस्त विद्याओं में निपुण, प्रमाण आदि व लक्षण आदि शास्त्रों की जानने वाली, मधुरभाषिणी, उदारहृदय, शील से पवित्र, पांचों इन्द्रियों के जीतने में उद्यत, धर्म के व्याख्यान में कुशल, ज्ञानावरणादि कर्मों के क्षयोपशम रूप लब्धि से सम्पन्न, प्रबोध को करने वाली, समस्त उपधियों के सम्बन्ध में किए गये अभ्यास से सहित, अतिशय धीरता को प्राप्त, दयालु, सदा प्रसन्न रहने वाली, वस्तुस्वरूप की जानकार, बुद्धिमती, गच्छ से अनुराग करने वाली, नीति में चतुर, गुणों से विभूषित, विहारादि में समर्थ और पांच आचारों के परिपालन में तत्पर; इन गुणों से संयुक्त साध्वी महत्तरा पद के योग्य होती है।

महत्त्व—महत्त्वं मेरोरपि महत्तरशरीरकरणसा-

मर्य्यम् । (योगशा. स्वो. विव. १–८)।

जिस ऋद्धि के प्रभाव से जीव अपने शरीर को अतिशय विशाल कर सकता है, उसका नाम महत्त्व ऋद्धि है।

महर्द्धिक देव—महती ऋद्धिर्विमान-परिवारादिका यस्य स महर्द्धिकः। (जीवाजी. मलय. वृ. १–८४)।

विमान व परिवार आदि रूप ऋद्धि से सम्पन्न देवों को महर्द्धिक कहा जाता है।

महर्षि—देखो महैषि।

महाअडड — चतुरशीतिमहाअडडाङ्गशतसहस्राण्येकं महाअडडम्। (ज्योतिष्क. मलय. वृ. ७०)।

चौरासी लाख महाअडडांग का एक महाअडड होता है।

महाअडडाङ्ग — चतुरशीतिअडडशतसहस्राण्येकं महाऽडडाङ्गम्। (ज्योतिष्क. मलय. वृ. ७०)।

चौरासी लाख अडडों का एक महाअडडांग होता है।

महाकमल—ततः परतश्चतुरशीतिमहाकमलाङ्गशतसहस्राण्येकं महाकमलम्। (ज्योतिष्क. मलय. पृ. ६७)।

चौरासी लाख महाकमलांगों का एक महाकमल होता है।

महाकमलाङ्ग — चतुरशीतिकमलशतसहस्राण्येक महाकमलाङ्गम्। (ज्योतिष्क. मलय. वृ. ६७)।

चौरासी लाख कमलों का एक महाकमलांग होता है।

महाकल्प (कालविशेष)—एएण सरूवमाणेण तिण्णिसरसयसाहस्सीओ से महाकप्पे। (भगवती. ३, १५, १३, पृ. ३८१)।

तीन लाख सरप्रमाण काल का एक महाकल्प होता है। बादरबोंदिकप उद्धार (गंगाबालुकाकण) में से सौ सौ वर्ष में एक-एक बालुकाकण के निकालने पर जितने काल में वह (बालुकाकणों का समुदाय रूप उद्धार) खाली होता है उतने काल का नाम महाकल्प है।

महाकल्प (श्रुतविशेष)—देखो महाकल्प्य।

महाकल्प्य—१. महाकप्पियं काल-संघडणाणि अस्सिऊण साहुपाओग्गदव्व-खेत्तादीण वण्णण कुणइ। (धव. पु १, पृ. ९८); महाकप्पियं भरह-इरावद-विदेहाणं तत्थतणतिरिक्ख-मणुस्साणं देवाणमण्णेसिं दव्वाणं च सव्वं छक्काले अस्सिदूण पवण्णेदि। (धव. पु. ९, पृ. १९१)। २. साहूणं गहण-सिक्खा-गणपोसणप्पसंक्करणसल्लेहणुत्तमट्ठाणगयाणं जं कप्पइ तस्स चेव दव्व-खेत्त-काल-भावे अस्सिदूण पवण्णं कुणइ महाकप्पियं। (जयध. १, पृ. १२१)। ३. दीक्षा-शिक्षा-गणपोषणात्मसंस्कारभावनोत्तमार्थभेदेन षट्कालप्रतिबद्धयतीनामाचरणं प्रतिपादयत् महाकल्प्यम्। (श्रुतभ. टी. २५, पृ. १८०)। ४. महतां कल्प्यमस्मिन्निति महाकल्प्यम्, तन्महासाधूनां जिनकल्पानाम् उत्कृष्टसंहननादिविशिष्टद्रव्य-क्षेत्र-काल-भाववर्तिनां योग्यं त्रिकालयोगाद्यनुष्ठानं स्थविरकल्पानां शिक्षा-दीक्षा-गणपोषणात्मसंस्कार-सल्लेखनोत्तमार्थस्थानगतोत्कृष्टाराधनाविशेषं च वर्णयति। (गो. जी. म. प्र. व जी. प्र. टी. ३६८)। ५. यति-दीक्षा-शिक्षा-भावनात्मसंस्कारोत्तमार्थगणपोषणादि-प्रकटकं महाकल्पम्। (त. वृत्ति श्रुत. १–२०)। ६. महकप्पं णायव्वं जिणकप्पाणं च सव्वसाहूणं। उत्तमसंहडणाण दव्व-खेत्तादिवत्तीणं॥ तियकालयोग-कप्पं थविरकप्पाण जत्थ वण्णिज्जइ। दिक्खा-सिक्खा-पोसण-सल्लेहणअप्पसक्कारं॥ उत्तमठाण-गदाण उक्किट्ठाराहणाविसेसं च। (अंगप. ३–२९, ३०, पृ. ३१०)।

१ जो आगम काल और संहननों का आश्रय लेकर साधु के योग्य द्रव्य व क्षेत्र आदि का वर्णन करता है उसे महाकल्प या महाकल्प्य कहा जाता है।

महाकवि—सुश्लिष्टपदविन्यासं प्रबन्धं रचयन्ति ये। श्रव्यबन्धं प्रसन्नार्थं ते महाकवयो मताः। (म. पु. १–९८)

जो अनेक अर्थों के सूचक इसेव सुबल पदों की रचना से विशिष्ट एवं सुनने में मनोहर शब्दयोजना वाले प्रबन्ध (सन्दर्भ) की रचना किया करते हैं। वे महाकवि माने गये हैं।

महाकालनिधि—देखो नैसर्प व पाण्डु निधि। १. काल-महाकाल-पंडू × × × । × × × उडु-जोग्गदव्वभायण-वण्णायुद्ध × × × ॥ (ति. प. ४, ७३९–४०)। २. लोहस्स य उप्पत्ती होइ महाकालि आगराणं च। रुप्पस्स सुवण्णस्स य मणि-मुत्त-सिल-प्पवालाणं। (जम्बूदी. ६६, पृ. १५६)। ३. प्रवाल-रजत-स्वर्णशिला-मुक्ताफलायसाम्। तथा लोहाद्या-कराणां महाकाले समुद्भवः॥ (हि. ह. पु. व. १०

४, ५८०)।

१ जो निधि काव्य को सिद्ध करती है उसका नाम महाकालनिधि है। २. जिस निधि में लोहा, चांदी, सोना, मणि, मोती, शिला (स्फटिक आदि) और प्रवाल (मूंगा) इनकी खानों की उत्पत्ति होती है—उसका कथन किया जाता है, उसे महाकालनिधि कहते हैं।

महाकाव्य—१. महापुराणसम्बन्धि महानायकगोचरम्। त्रिवर्गफलसन्दर्भं महाकाव्य तदिष्यते। (म. पु. १–६६)। २. पद्य प्रायः संस्कृत-प्राकृतापभ्रंशग्राम्यभाषानिबद्धभिन्नान्त्यवृत्तसर्गाश्वास-सन्ध्यवस्कन्धकबन्ध सत्सन्धिशब्दार्थवैचित्र्योपेत महाकाव्यम्। (काव्यानु. ८, पृ ३३०); छन्दोविशेषरचितं प्रायः संस्कृतादिभाषानिबद्धैर्भिन्नान्त्यवृत्तैर्यथासम्भव सर्गादिभिर्निमित सुश्लिष्टमुख-प्रतिमुखगर्भविमर्शनिर्वहणसन्धिसुन्दर शब्दार्थवैचित्र्योपेतं महाकाव्यम्। (काव्यानु. स्वो. वृ. ८, पृ. ३३०)। १ जो अतिशय प्राचीन महापुरुषों के चरित्र से सम्बन्ध रखने वाला हो, महानायक (तीर्थंकर आदि) जिसका विषय (अभिधेय) हो, और जिसमें धर्म, अर्थ एवं काम पुरुषार्थ रूप त्रिवर्ग का सन्दर्भ (ग्रथन या वर्णन) हो वह महाकाव्य कहलाता है।

महाकुमुद—चतुरशीतिमहाकुमुदाङ्गशतसहस्राण्येक महाकुमदम्। (ज्योतिष्क. मलय. वृ. ६८)।

चौरासी लाख महाकुमुदांगों का एक महाकुमुद होता है।

महाकुमुदाङ्ग—चतुरशीतिकुमुदशतसहस्राण्येक महाकुमुदाङ्गम्। (ज्योतिष्क. मलय. वृ. ६८)।

चौरासी लाख कुमुदों का एक महाकुमुदांग होता है।

महागङ्गा—से जहा वा गंगा महाणदी जओ पवूढा, जहिं वा पज्जुवत्थिया, एस ण अद्धा पंचजोयणसयाइं आयामेणं, अद्धजोयणं विक्खंभेणं, पंचधणुहसयाइं उव्वेहेणं एएण गंगापमाणेणं सत्त गंगाओ सा एगा महागंगा। (भगवती ३, १५, १३, पृ. ३८१)।

जिसमें गंगा नदी प्रवाहित हुई है—निकली है—व जहां वह समाप्त होती है वह मार्ग पांच सौ योजन लम्बा, आधा योजन विस्तृत और पांच सौ धनुष प्रमाण ऊंचा (गहरा) है। इस प्रकार के गंगा के प्रमाण से सात गंगाएं मिलकर एक महागंगा होती है।

महातप—१. मंदरपंतिप्पमुहे महोववासे करेदि सव्वे वि। चउसण्णाणबलेणं जीए सा महतवा रिद्धी। (ति. प. ४–१०५४)। २. सिहनिःक्रीडितादिमहोपवासानुष्ठानपरायणा यतयो महातपसः। (त. वा. ३, ३६, ३, पृ. २०३)। ३. अणिमादिअट्ठगुणोवेदो जलचारणादिअट्ठविहचारणगुणालकरियो फुरतसरीरप्पहो दुविहुग्गक्खीणलद्धिजुत्तो लब्धोसहिसरूवो पाणि-पत्तणिवदिदसव्वाहारे अमियसादसरूवेण पल्लट्टावणसमत्थो सयलिंदेहितो वि अणतबलो आसी-दिट्ठिविसलद्धिसमण्णिओ तत्ततवो सयलविज्जाहरो मदि-सुद-ओहि-मण्णपज्जवणाणेहि मुणिदतिहुवणवावारो मुणी महातवो णाम। (धव. पु. ६, पृ. ६१)। ४ सकलविद्याधारिणो मति-श्रुतावधि-मनःपर्ययज्ञानावगतत्रिभुवनगतव्यापारा महातपस। (चा. सा. पृ. १००)। ५. पक्ष-मासोपवासाद्यनुष्ठानपरा महातपसः। (प्रा. योगिभ. टी. १५, पृ. २०३)। ६. पक्ष-मास-षण्मास-वर्षोपवास-विधातारः ये मुनयस्ते महातपस। (त. वृत्ति श्रुत. ३–३६)।

जिस ऋद्धि के प्रभाव से जीव मतिज्ञानादि चार सम्यग्ज्ञानों के बल से मंदरपंक्ति आदि सभी महान् उपवासों को करता है उसे महातप ऋद्धि कहते हैं। इस ऋद्धि के धारक महातप (महातपस्वी) कहलाते हैं।

महात्मा—अनन्तज्ञान-वीर्ययुक्तत्वान्महानात्मा यस्य स महात्मा। (नन्दी. हरि. वृ. पृ. ५)।

अनन्त ज्ञान और अनन्त वीर्य से युक्त होने के कारण जिसकी आत्मा महान् है उसे महात्मा कहा जाता है।

महाचुटितक—चतुरशीतिमहाचुटिताङ्गशतसहस्राण्येक महाचुटितकम्। (ज्योतिष्क. मलय. वृ. ६६)।

चौरासी लाख महाचुटितों का एक महाचुटिक होता है।

महाचुटिताङ्ग—चतुरशीतिचुटितशतसहस्राण्येकं महाचुटिताङ्गम्। (ज्योतिष्क. मलय. वृ. ६६)।

चौरासी लाख त्रुटितों का एक महात्रुटिताङ्ग होता है।

महादुःख—परस्पृहा महादुःखम् ×××। (आ. स. १३–८)।

पर पदार्थ की जो इच्छा होती है, वह अतिशय दुःखरूप है।

महादेव—महामोहादयो दोषा ध्वस्ता येन यदृच्छया। महाभवार्णवोत्तीर्णो[र्णो]महादेवः स कीर्तितः। (आप्तस्व. २६)।

जो महामोह आदि दोषों को स्वेच्छा से नष्ट कर चुका है तथा संसार रूप महासमुद्र से पार हो चुका है उसे महादेव कहा जाता है।

महाद्युतिक— महती द्युतिः शरीराभरणविषया यस्य स महाद्युतिकः। (जीवाजी. मलय. वृ. ८४)।

जिसकी शरीर व आभरण विषयक कान्ति अधिक होती है उसे महाद्युतिक कहते हैं।

महानलिन — चतुरशीतिमहानलिनाङ्गशतसहस्राण्येक महानलिनम्। (ज्योतिष्क. मलय. वृ. ६६)।

चौरासी लाख नलिनांगों का एक महानलिन होता है।

महानलिनाङ्ग — चतुरशीतिनलिनशतसहस्राण्येक महानलिनाङ्गम्। (ज्योतिष्क. मलय. वृ. ६६)।

चौरासी लाख नलिनों का एक महानलिनाङ्ग होता है।

महानस—महानसम् अन्नपाकस्थानं तदाश्रितत्वाद्वाऽन्नमपि महानसम्। (औपपा. अभय. वृ. पृ. २८)।

अन्न के पकाने के स्थान को—रसोईघर को—महानस कहते हैं, अथवा उसके आश्रय से अन्न को भी महानस कहते हैं।

महापद्म — चतुरशीतिमहापद्माङ्गशतसहस्राण्येकं महापद्मम्। (ज्योतिष्क. मलय. वृ. ६७)।

चौरासी लाख महापद्माङ्गों का एक महापद्म होता है।

महापद्मनिधि—१. वत्थाण य उप्पत्ती णिप्फत्ती चेव सव्वभत्तीणं। रगाण य धोव्वाण य सव्वा एसा महापउमे। (जम्बूद्वी. ६६, पृ. २५६)। २. वस्त्राणां सर्वभक्तीनां शुद्धानां रागिणामपि। संजायते समुत्पत्तिर्महापद्मान्महानिधेः। (जि. श. पु. च. १, ४, ५७८)।

१ महापद्मनिधि से वस्त्रों, वस्त्ररचनाओं, रंगों और धोने की विधियों की उत्पत्ति होती है, यह सब महापद्मनिधि कहलाती है।

महापद्माङ्ग — चतुरशीतिपद्मशतसहस्राण्येकं महापद्माङ्गम्। (ज्योतिष्क. मलय. पृ. ६६)।

चौरासी लाख पद्मों का एक महापद्म होता है।

महापुण्डरीक—१. महापुण्डरीयं सयलिंद-पडिइंदे उप्पत्तिकारणं वण्णेई। (धव. पु. १, पृ. ६८); महापुण्डरीयं देविंदेसु चक्कवट्टि-बलदेव-वासुदेवेसु च कालमस्सिदूण उववादं वण्णेदि। (धव. पु. ६, पृ. १६१)। २. तेसिं चेव पुव्वुत्त-(चउव्विह-) देवाणं देवीसु उप्पत्तिकारणतवोववासादिय महापुण्डरीयं परूवेदि। (जयध. १, पृ. १२१)। ३ अमरामराङ्गनाप्सरःसूत्पत्तिहेतुव्रतिपादक महापुण्डरीकम्। (श्रुतभ. टी. २५, पृ. १८०)। ४. महच्च तत् पुण्डरीकं च तत् महापुण्डरीकम्, तत् महर्धिकेषु इन्द्रप्रतीन्द्रादिषु उत्पत्तिकारणतपोविशेषाद्याचरणं वर्णयति। (गो. जी. म. प्र. व जी. प्र. टी. ३६८)। ५. देवागनापदप्राप्तिहेतुपुण्यप्रकाशकं महापुण्डरीकम्। (त. वृत्ति श्रुत १–२०)।

१ जिस श्रुत में काल के आश्रय से समस्त इन्द्रों प्रतीन्द्रों व चक्रवर्तियों आदि में उत्पत्ति की प्ररूपणा की जाती है उसका नाम महापुण्डरीक है। २ भवनवासी आदि चार प्रकार के देवों की देवियों में उत्पन्न होने के कारणभूत तप व उपवास आदि का वर्णन जिस श्रुत में किया जाता है उसे महापुण्डरीक (अनगश्रुत) कहा जाता है।

महापुरुष—१. स खलु महान् यः स्वल्पार्तो न दुर्वचनं ब्रूते। (नीतिवा. ३२–१२, पृ. ३८४)। २. तथा च शुक्रः—दुर्वाक्यं नैव यो ब्रूयादत्यर्थं कुपितोऽपि सन्। स महत्त्वमवाप्नोति समस्ते धरणीतले। (नीतिवा. टी. ३२–१२)।

१ जो पीड़ित होकर भी दुष्ट वचन (अपशब्द) नहीं बोलता है उसे महापुरुष कहा जाता है।

महाप्रज्ञापना — जीवादीनां प्रज्ञापनं प्रज्ञापना, बृहत्तरा (प्रज्ञापना) महाप्रज्ञापना। (अन्वी. हरि. वृ, पृ. ६०)।

जीवादिकों के ज्ञापन करने वाले अतिशय विस्तीर्ण शास्त्रविशेष का नाम महाप्रज्ञापना है।

महाप्रतिष्ठा—सप्तत्यधिकशतस्य तु चरमेह महाप्रतिष्ठेति। (बोधप्र. ८–३)।

एक सौ सत्तर तीर्थंकरों की बिम्बप्रतिष्ठा को महाप्रतिष्ठा कहा जाता है। ५ भरत व ५ ऐरावत क्षेत्रों के ५-५ और ५ विदेह क्षेत्रों के १६० (३२×५+१०=१७०) इस प्रकार एक साथ अधिक से अधिक १७० तीर्थङ्कर रह सकते हैं।

महाभद्रा—महाभद्रापि तथैव, नवरमहोरात्रकायोत्सर्गरूपा अहोरात्रचतुष्टयमाना। (स्थानां. अभय. वृ. ८४, पृ. ६५)।

महाभद्रा नामक भिक्षुप्रतिमा भद्रा प्रतिमा के समान है। विशेष इतना है कि इसमें जो चारों दिशाओं में से प्रत्येक में चार पहर कायोत्सर्ग किया जाता है वह दिन-रात किया जाता है व उसका प्रमाण चार दिन-रात है।

महामण्डलीक—१. महमण्डलिओ णामो अट्ठसहस्साणं अहिवई ताणं। (ति. प. १–४७)। २. अष्टसहस्रमहीपतिनायकमाहुर्बुधाः महामण्डलिकम्। (बृह. पु. १, पृ. ५८ उद्.)। ३. पंचसयरायसामी अहिराजो तो महाराजो॥ तह अद्धमण्डलीओ मंडलिओ तो महादिमडलिओ। तिय-छक्खडाणहिवा पहुणो राजाण दुगुण-दुगुणाण॥ (त्रि. सा. ६८४–८५)। ४. अष्टसहस्रराजस्वामी महामण्डलिकः। (त्रि. सा. टी. ६८५)।

१ आठ हजार राजाओं का जो अधिपति होता है वह महामण्डलीक कहलाता है।

महामन्त्री—महामन्त्रिणस्ते एव विशेषाधिकारवन्त। (कल्पसू विनय. वृ. ६२' पृ. ९६)।

राज्य के अधिष्ठायक जो मंत्री होते हैं वे ही विशेष अधिकार से युक्त होने पर महामन्त्री कहलाते हैं।

महामाण्डलिक—महामाण्डलिकः स एवानेकदेशाधिपतिः। (जीवाजी. मलय. वृ. ३६, पृ. ४०)।

जो राजा अनेक देशों का अधिपति होता है उसे महामाण्डलिक कहा जाता है।

महामात्य—महामात्यः स सर्वाधिकारीत्यर्थः। (त्रि. सा. वृ. ६८३)।

समस्त अधिकार से युक्त महामात्य होता है।

महामानस (कालविशेष)—चउरासीति महाकप्पसयसहस्साइं से एगे महामाणसे। (भगवती ३, १५, १३, पृ. ३८१)।

चौरासी लाख महाकल्पों का एक महामानस होता है।

महामुद्रा—प्रसारिताधोमुखाभ्यां हस्ताभ्यां पादाङ्गुलीतलामस्तकस्पर्शान्महामुद्रा। (निर्वाणक. पृ. ३१)।

फैलाये हुए अधोमुख दोनों हाथों के साथ पांवों की अंगुलियों से मस्तक का स्पर्श करने पर महामुद्रा होती है।

महायोजन—पञ्चशतमानवयोजनैरेकं महायोजनं प्रमाणयोजन दिव्ययोजन भवति। (त. वृत्ति श्रुत. ३–३८)।

पांच सौ मानव योजनों (उत्सेधयोजनों) का एक महायोजन, प्रमाणयोजन अथवा दिव्ययोजन होता है।

महाराज—१. रायाण जो सहस्सं पालइ सो होदि महाराजो। (ति. प. १–४५)। २. राजसहस्राधिपतिः प्रतीयतेऽसौ महाराजः॥ (बृह. पु. १, पृ. ५७ उद्.)। ३. सहस्रराजस्वामी महाराजः। (त्रि. सा. टी. ६८४)।

१ जो एक हजार राजाओं का परिपालन करता है—वह महाराज कहलाता है।

महार्थत्व—महार्थत्व परिपुष्टार्थाभिधायिता। (रायप. मलय. वृ. पृ. २७)।

परिपुष्ट अर्थ के कथन से युक्त होना, इसका नाम महार्थत्व है। यह ३५ वचनातिशयों में आठवां है।

महालता—चतुरशीतिर्लताशतसहस्राण्येका महालता। (ज्योतिष्क. मलय. वृ. ६४)।

चौरासी लाख लताओं का एक महालता काल कहलाता है।

महावाक्य—वाक्यान्येव विशिष्टतरैकार्थचालितार्थप्रत्यवस्थानरूप महावाक्यम्। (उपदेशप. मु. वृ. ८५९)।

अतिशय विशिष्ट अर्थ से चलाए गये अर्थ के व्यवस्थापक वाक्यों को ही महावाक्य कहा जाता है।

महावीर—१. ईरेइ विसेसेण व खवेइ कम्माइं गमयइ सिव वा। गच्छइ य तेण वीरो स महं वीरो महावीरो॥ (विशेषा. भा. १०६५)। २. कषायादिशत्रुजयात् महाविक्रान्तो महावीरः। (त. भा. हरि. वृ. का. १३, पृ. ८; नन्दी हरि. वृ. पृ ५)।

३. विशेषेण ईरयति कर्म गमयति याति वा शिवमिति वीरः, महांश्चासौ वीरश्च महावीरः। (योगशा. स्वो. विव. ३-१२४)। ४ वीरयति स्म कषायादिशत्रून् प्रति विक्रामति स्मेति वीरः, महांश्चासौ वीरश्च महावीरः। (प्रज्ञाप. मलय. वृ. १-१)।

१ जो विशेषरूप से ईरित करता है, अर्थात् कर्मों का क्षय करता है, अथवा मोक्ष को प्राप्त कराता है वह महान् वीर होने से महावीर कहलाता है।

महाव्रत—१. साहति जं महल्ला आयरियं जं महल्लपुव्वेहिं। जं च महल्लाणि तदो महल्लया इत्तहे याइ। (चारित्रप्रा. ३०)। २. साहति ज महत्थ आचरिदाणी य ज महल्लेहिं। ज च महल्लाणि तदो महव्वयाइं भवे ताइं। (मूला. ५, ६७)। ३. देश-सर्वतोऽणुमहती। (त सू. ७-२)। ४. एभ्यो हिंसादिभ्य ××× सर्वतो विरतिर्महाव्रतम्। (त. भा. ७-२)। ५. साधेंति ज महत्थ आयरिदाइं च ज महल्लेहिं। ज च महल्लाइं सय महव्वदाइं हवे ताइं॥ (भ. आ. ११८४)। ६. पंचाना पापाना हिंसादीनां मनोवचःकायैः। कृत-कारितानुमोदैस्त्यागस्तु महाव्रतं महताम्। (रत्नक. ७२)। ७. हिंसादेः सर्वतो विरतिर्महाव्रतम्। (त. वा. ७, २, २)। ८. पंच महाव्रतानि प्राणातिपातादिविनिवृत्तिलक्षणानि। (नन्दी. हरि. वृ. पृ. ८; आव. नि. हरि. वृ. ११६७)। ९. महाव्रत भवेत्कृत्स्नहिंसात्यागोविवर्जनम्। (म. पु. ९, ४)। १०. महान्ति च तानि व्रतानि प्राणातिपातविरमणादीनि। (सूत्रकृ. शी. वृ. २, ६, ६)। ११. सर्वतो विरतिर्नाम मुनियोग्यं महाव्रतम्। (लाटीस. ५-५८)। १२. सर्वतो विरतिस्तेषां हिंसादीना व्रत महत्। (पञ्चाध्या. २-७२१)।

१ जिस कारण महापुरुष उनको सिद्ध करते हैं, महापुरुषों ने उनका आचरण किया है, तथा वे स्वयं महान् हैं; इसलिए हिंसादि के पूर्णतया परित्याग को महाव्रत कहा जाता है। २ जो महान् अर्थ को —मोक्ष को—सिद्ध करते हैं जो महापुरुषों के द्वारा आचरित (परिपालित) हैं, और जो स्वयं महान् है उन हिंसादि पापो के त्यागरूप व्रतों को महाव्रत कहते हैं। ४ हिंसादि से सर्वथा विरत होने का नाम महाव्रत है।

महाश्रावक—१. एव व्रतस्थितो भक्त्या सप्तक्षेत्र्यां धनं वपन्। दयया चातिदीनेषु महाश्रावक उच्यते। (योगशा. ३-११६)। २. एवं पालयितुं व्रतानि विदधच्छीलानि सप्तामलान्यागूर्णः समितिष्वनारतमनोदीप्राप्तवाग्दीपकः। वैय्यावृत्यपरायणो गुणवतां दीनानतीवोद्धरंश्चर्यां दैवसिकीमिमां चरति यः स स्यान्महाश्रावकः। (सा. ध. ५-५५); ××× एतेन सम्यग्दर्शनशुद्धत्व व्रत-भूषणभूषितत्वं निर्मलशीलनिधित्वं संयमनिष्ठत्वं जिनागमज्ञत्वं गुरुसुश्रूषकत्वं दयादिसदाचारपरत्वं चेति सप्तगुणयोगान्महाश्रावकत्व कस्यचित् सुकृतिनः कालादिलब्धिविशेषवशाद् भवतीति तात्पर्यार्थोऽत्र प्रतिपत्तव्य इति। (सा. ध. स्वो. टी. ५-५५)।

१ इस प्रकार जो अणुव्रतादि रूप श्रावक के व्रतों में स्थित होकर भक्तिपूर्वक जिनबिम्ब, जिनभवन, जिनागम, साधु, साध्वी, श्रावक और श्राविका इन सात क्षेत्रों में तथा दया से प्रेरित होकर अतिशय दीन-दुखी जीवों में धन को बोता है—उसका दान करता है—उसे महाश्रावक कहा जाता है। २. पांच अणुव्रतों के पालन करने के अभिप्राय से जो व्रतों के रक्षण रूप सात शीलों को—तीन गुणव्रतों और चार शिक्षाव्रतों को – धारण करता हुआ निरन्तर समितियों के पालन में उद्यत रहता है तथा गुणी जनों के वैयावृत्य मे तत्पर रहता है वह इस दैनिक अनुष्ठान का परिपालन करता हुआ महाश्रावक होता है।

महाश्वाक्ष—आशुगमनादश्वो मन., अक्षाणि इन्द्रियाणि स्वविषयव्यापकत्वात्; अश्वश्चाक्षाणि च अश्वाक्षाणि, महान्ति अश्वाक्षाणि यस्यासौ महाश्वाक्षः। (जीवाजी. मलय. वृ. ८४, पृ. १०६)।

शीघ्रतापूर्ण गमन (विषयसंचार) के कारण मन को अश्व (घोड़ा) कहा जाता है, अक्ष का अर्थ व्यापक होता है, अपने विषयों में व्यापक होने के कारण इन्द्रियों को अक्ष कहा जाता है, जिसका मन और इन्द्रियां महान् होती हैं वह महाश्वाक्ष इस विशेषण से विशिष्ट होता है।

महासत्ता—१. सर्वपदार्थसार्थव्यापिनी सादृश्यास्तित्वसूचिका महासत्ता। (पंचा. का. अमृत. वृ. ८)। २. समस्तवस्तुविस्तरव्यापिनी महासत्ता, समस्तव्यापकरूपव्यापिनी महासत्ता अनन्तपर्यायव्यापिनी महासत्ता। (नि. सा. वृ. ३४)। ३.

किन्तु सदित्यभिधानं परस्यात्सर्वार्थसार्थसंसूचि। सामान्यग्राहकत्वात् प्रोक्ता सन्मात्रतो महासत्ता। (पंचाध्या. १-२६५)।

व्यञ्जनावग्रह—देखो व्यञ्जना। १. एवं श्रोत्रादिश्चिन्द्रियेषु शब्दादिपरिणताः पुद्गला द्वि-त्र्यादिषु समयेषु गृह्यमाणा न व्यक्तीभवन्ति, पुनः पुनरवग्रहे सति व्यक्तीभवन्ति, अतो व्यक्तग्रहणात्प्राग्व्यञ्जनावग्रहः। (स. सि. १-१८)। २. व्यञ्जनमव्यक्तं शब्दादिजातम्, तस्यावग्रहो भवति। (त. वा. १-१८); अव्यक्तग्रहणं व्यञ्जनावग्रहः। कथम्? अभिनवशरावत्। यथा सूक्ष्मजलकणद्वि-त्रिसिक्तः शरावोऽभिनवो नार्द्रीभवति, स एव पुनः पुनः सिच्यमानः शनैस्तिम्यति तथा आत्मनः शब्दादीनां व्यक्तग्रहणात् प्राक् व्यञ्जनावग्रहः। (त. वा. १, १८, २)। ३. प्राप्तार्थग्रहण व्यञ्जनावग्रहः। (धव. पु. १, पृ. ३५५; पु. ९, पृ. १५६; पु. १३, पृ. २२०); पत्तत्थगहण वजणावग्गहो। (धव. पु. ६, पृ. १६)। ४. अव्यक्तमत्र शब्दादिजात व्यञ्जनमिष्यते। तस्यावग्रह एवेति नियम. × × ×। (त. श्लो. १, १८, २)। ५ फासित्ता ज गहण रस फरसण-सह्-गधविसएहिं। वजणवग्गहणाणं णिद्दिट्ठ त वियाणाहि॥ (ज. दी. प. १३-६७)। ६ व्यञ्जनावग्रहश्चक्षुर्मनसोर्नास्त्यवग्रह। विषयाक्षसन्निपातानन्तराद्यग्रह स्मृत.॥ प्राप्ताप्राप्तार्थबोधोऽवग्रहो व्यञ्जनार्थयो। रस-रूप-परिज्ञाने रसना-नेत्रयोर्यथा॥ (आचा. सा. ४, १०-११)। ७ व्यञ्जनेन सम्बन्धेनावग्रहण सम्बध्यमानस्य शब्दादिरूपस्यार्थस्याव्यक्तरूपः परिच्छेदो व्यञ्जनावग्रह। अथवा व्यज्यन्ते इति व्यञ्जनानि × × × व्यञ्जनाना शब्दादिरूपतया परिणताना द्रव्याणामुपकरणेन्द्रियसम्प्राप्तानामवग्रह अव्यक्तरूप परिच्छेदो व्यञ्जनावग्रह। अथवा व्यज्यतेऽनेनार्थ. प्रदीपेनेव घट इति व्यञ्जनम् उपकरणेन्द्रियम्, तेन स्वसम्बद्धस्यार्थस्य शब्दादेरवग्रहणम् अव्यक्तरूपः परिच्छेदो व्यञ्जनावग्रहः। (आव. नि. मलय. वृ. ३, पृ. २३)। ८. इन्द्रियैः प्राप्तार्थविशेषग्रहण व्यञ्जनावग्रह। (गो. जी. म. प्र. व जी. प्र. ३-७)।

१ श्रोत्र आदि इन्द्रियों में शब्दादिरूप से परिणत पुद्गल दो तीन आदि समयों में ग्रहण करते हुए भी व्यक्त नहीं होते। किन्तु वे बार-बार ग्रहण होने पर व्यक्त होते हैं, अतः व्यक्तग्रहण के पहिले जो उनका अवग्रह होता है उसे व्यञ्जनावग्रह कहते हैं। २ प्राप्त अर्थ का जो ग्रहण होता है उसे व्यञ्जनावग्रह कहा जाता है। ७ व्यंजन का अर्थ इन्द्रिय और पदार्थ का सम्बन्ध है, इस सम्बन्ध के द्वारा

सम्बन्ध को प्राप्त होने वाले शब्दादि का जो ज्ञान होता है वह व्यञ्जनावग्रह कहलाता है। अथवा 'व्यज्यन्ते इति व्यञ्जनानि' इस निरुक्ति के अनुसार व्यञ्जन शब्द से शब्दादिरूप से परिणत होकर उपकरण इन्द्रिय को प्राप्त द्रव्य अभिप्रेत है; उनका जो अव्यक्त ग्रहण होता है उसका नाम व्यञ्जनावग्रह है।

व्यञ्जनावग्रहावरणीय— व्यञ्जनावग्रहस्य यदावारकं तद् व्यञ्जनावग्रहावरणीयम्। (धव. पु. १३, पृ. २२०)।

जो कर्म व्यञ्जनावग्रह को आच्छादित करता है उसे व्यञ्जनावग्रहावरणीय कहते हैं।

व्यतिक्रम— देखो व्यतिक्रमण। १. आहाकम्मनिमंतणपडिसुणमाण अतिक्कमो होइ। पयभेयाइ वइक्कम ×××॥ (व्यव. भा. पी. ४३, पृ. १७)। २. उपयोगपरिसमाप्त्यन्तर च यदाधाकर्म्मग्रहणाय पदभेदं करोति, ××× मार्गे गच्छति, गृह प्रविशति, आधाकर्म्मग्रहणाय पात्र प्रसारयति, न चाद्यापि प्रतिगृह्णाति, एष सर्वोऽपि व्यापारो व्यतिक्रमः। (व्यव. भा. पी. मलय. वृ. ४३, पृ. १७-१८); विशेषेण पदभेदकारणतोऽतिक्रमो व्यतिक्रम.। (व्यव. भा. मलय. वृ. २५१, पृ. ८७)।

२ किसी गृहस्थ के द्वारा सम्बन्धविशेष से अथवा गुणानुराग के वश आहार ग्रहण के लिए निमंत्रित करने पर उसके वाक्य को सुनकर तदनुकूल प्रवृत्ति करता हुआ साधु यदि अतिक्रम दोष के पश्चात् उपयोग के समाप्त होने पर आधाकर्म से दूषित भोजन को ग्रहण करने के लिए पावों को उठाता धरता है, मार्ग में चलता है, घर में प्रवेश करता है और पात्र को निकालता है, किन्तु अभी ग्रहण नहीं कर रहा है, यह उसका सब व्यापार व्यतिक्रमस्वरूप है। ग्रहण करने पर अतिचार और खाने पर अनाचार होता है।

व्यतिक्रमण— १. व्यतिक्रमणं संयतस्य सयतसमूहत्यक्त्वा विषयोपकरणार्जनम्॥ (मूला. वृ. ११, ११)। २. ××× व्यतिक्रमो यो विषयाभिलाषः। (भावप्रा. टी. ११८ उद्.)।

१ संयत समूह को छोड़कर विषय के उपकरणों के जुटाने पर व्यतिक्रमण होता है। यह उन चौरासी लाख सावद्यभेदों के अन्तर्गत है जिनके अभाव में शील-गुण परिपूर्ण होते हैं।

व्यतिरेक - १. व्यतिरेकः सन्तानान्तरगतो विसदृशपरिणामः। (लघीय स्वो. विव. ६७)। २. व्यतिरेकः तदभावे (कारणाभावे) अभावः (कार्यस्य)। (सिद्धिवि. वृ. ३-१०, पृ. १९३)। ३. व्यतिरेको भवेद् भावो वस्त्वन्तरगतोऽक्रमः। गो-महिष्यादिवावो यो यथा तद्व्यतिरेकवत्॥ (आप्ता. का. ४, ६-७)। ४. व्यतिरेकः एकस्मिन् द्रव्ये क्रमभाविपर्यायः। (लघीय. अभय. वृ. ६-१७)। ५. तत्र व्यतिरेकः स्यात्परम्परामावलक्षणेन यथा। अंशविभागः पृथगिति सदृशांशाना सतामेव॥ (पंचाध्या १-१७२)।

१ भिन्न सन्तान— जैसे गाय-भैंस आदि में—जो विसदृशतारूप अवस्था है उसे व्यतिरेक पर्याय कहा जाता है। २ कारण के अभाव में जो कार्य का भी अभाव होता है, यह व्यतिरेक कहलाता है। यह अन्वय के साथ कार्यकारणभाव का गमक होता है।

व्यतिरेक दृष्टान्त— १. साध्याभावे साधनाभावो यत्र कथ्यते स व्यतिरेकदृष्टान्त.। (परीक्षा. ३, ४४)। २. व्यतिरेकव्याप्तिप्रदर्शनप्रदेशो व्यतिरेकदृष्टान्तः। (न्यायवी. पृ. ७८)।

१ साध्य के अभाव में जहां साधन का अभाव कहा जाता है उसे व्यतिरेक दृष्टान्त कहते हैं।

व्यन्तर १ विविधदेशान्तराणि येषा निवासास्ते व्यन्तरा इत्यन्वर्थसामान्यसंज्ञा। (स. सि. ४-११)। २ विविधदेशान्तरनिवासित्वाद् व्यन्तराः। विविधदेशान्तराणि येषा निवासास्ते व्यन्तरा इत्यन्वर्थाः। (त. वा. ४, ११, १)। ३ व्यन्तरनामकर्मोदये सति विविधान्तरनिवासित्वाद् व्यन्तरा॥ (त. श्लो. ४-११)। ४. तथा विविधमन्तरं वनान्तरादिकमाश्रयरूप येषा ते व्यन्तराः, अथवा विगतमन्तर मनुष्येभ्यो येषा ते व्यन्तराः। (बृहत्सं मलय. वृ. २); वनानामन्तराणि वनान्तराणि, तेषु भवा वानमन्तरा व्यन्तरा, "पृषोदरादयः" इति वनान्तरशब्दयोरपान्तराले मकार-वर्णागम.। (बृहत्सं. मलय. वृ. ५८)। ५. विविधदेशान्तराणि निवासाः येषां ते व्यन्तराः। (त. वृत्ति श्रुत. ४-११)।

१ जिन देवों के निवास विविध—अनेक प्रकार के—देश हैं उन्हें व्यन्तर कहा जाता है। ४ अनेक प्रकार

का अनन्तर आदि जिनका आश्रयभूत है वे व्यन्तर कहलाते हैं। अथवा जिनका मनुष्यों से अन्तर नहीं है उनका नाम व्यन्तर है।

व्यपहार—देखो संव्यवहारदोष। १. यत्यर्थं संभ्रमाच्चेल-पात्रादेरसमीक्ष्य यत्। समाकर्षणमाम्नातं व्यपहार इति श्रुते॥ (आचा. सा. ८-४१)। २. यतीनां संभ्रमादादरतया चेल-पात्रादेरसमीक्ष्याकर्षण स आगमे व्यपहार उच्यते। (भावप्रा. ६६)।

१ यति के लिए शीघ्रतावश जो वस्त्र व पात्र आदि को खींचा जाता है, इसे आगम में भोजन सम्बन्धी व्यपहारदोष कहा गया है।

व्यय—१. तथा पूर्वभावविगमन व्ययः, यथा घटोत्पत्तौ पिण्डाकृतेः। (स. सि. ५-३०; त. श्लो. ५-३०)। २. तथा पूर्वभावविगमो व्ययनं व्ययः। तेन प्रकारेण तथा, स्वजात्यपरित्यागेनेत्यर्थ, पूर्वभावविगमो व्ययनं व्यय इति कथ्यते, यथा घटोत्पत्तौ पिण्डाकृतेः। (त. वा. ५, ३०, २)। ३. ×××भूत्वा चाभवन व्ययः। (म. पु २४, ११०)। ४. स्वजातेरविरोधेन द्रव्यस्य द्विविधस्य हि। विगमः पूर्वभावस्य व्यय इत्यभिधीयते॥ (त. सा. ३-७)। ५ पूर्वभावस्य व्ययन विघटनं विगमनं विनशन व्ययः। (त. वृत्ति श्रुत. ५-३०)। ६. अपि च व्ययोऽपि न सतो व्ययोऽप्यवस्थाव्ययः सतस्तस्य। प्रध्वसाभावः स च परिणामित्वात्सतोऽप्यवश्यं स्यात्। (पंचाध्या, १-२०२)।

१ पूर्व पर्याय के विनाश का नाम व्यय है।

व्यवच्छिन्नक्रियाप्रतिपाती—देखो समुच्छिन्नक्रियानिवर्ती।

व्यवसाय—१. व्यवसीयते निश्चीयते अन्वेषितोऽर्थोऽनेनेति व्यवसायः। (धव. पु. १३, पृ. २४३)। २ व्यवसायः अनुष्ठानोत्साह इति। (समवा. अभय. वृ. १४१)।

१ जिसके द्वारा अन्वेषित पदार्थ का निश्चय किया जाता है, वह व्यवसाय कहलाता है। यह अवाय ज्ञान का नामान्तर है। २ अनुष्ठेय के अनुष्ठान में उत्साह रखने का नाम व्यवसाय है।

व्यवस्थापद—जस्स जम्हि अवट्ठाण तस्स त पदम्, ट्ठाणमिदि वुत्तं होदि। जहा सिद्धिखेत्तं सिद्धाण पदं अत्थालावो अत्थावगमस्स पदं। (धव. पु. १०, पृ. १८)।

जो जहां अवस्थित रहता है वह उसका पद या स्थान कहलाता है। प्रकृत में व्यवस्थापद से स्थिति-स्थान को ग्रहण किया गया है। जैसे—सिद्धों का सिद्धि-क्षेत्र पद तथा अर्थावबोध का पद अर्थालाप।

व्यवहार—१. व्यवहारोऽर्थाभिधानप्रत्ययात्मकः। सग्रहनयाक्षिप्तानामर्थानां विधिपूर्वकमवहरणं भेदनं व्यवहारः। (धव. पु. १, पृ. ८४)। २. व्यवह्रियते यत् यस्य प्रायश्चित्तमाभवति स तद्दानविषयीक्रियते अनेनेति व्यवहारः। (व्यव. भा. पी. मलय. वृ. २, पृ. ३); विधिना उप्यते ह्रियते च येन स व्यवहारः। (व्यव. भा. मलय. वृ. पी. ५, पृ. ५)। २ जो जिसका प्रायश्चित्त है वह जिसके द्वारा उस प्रायश्चित्त के देने का विषयभूत किया जाता है उसका नाम व्यवहार है।

व्यवहारकाल—१. समओ णिमिसो कट्ठा कला य णाली तदो दिवा रत्ती। मास उडु अयण सवच्छरो त्ति कालो परायत्तो॥ (पंचा का २५; धव. पु. ४, पृ. ३१७ उद्.)। २. समयावलिकोच्छ्वासः प्राणस्तोकलवादिकः। व्यवहारस्तु विज्ञेयः कालः कालज्ञवर्णितः॥ (ह. पु. ७-१६)। ३. कालोऽन्यो व्यवहारात्मा मुख्यकालव्यपाश्रयः। परत्वापरत्वससूच्यो वर्णितः सर्वदर्शिभिः॥ वर्तितो द्रव्यकालेन वर्तनालक्षणेन यः कालः पूर्वपरीभूतो व्यवहाराय कल्प्यते॥ समयावलिकोच्छ्वासनालिकादिप्रभेदतः। ज्योतिश्चक्रभ्रमायत्त कालचक्र विदुर्बुधाः॥ (म. पु. ३, १०-१२)। ४. तत्र क्रमानुपाती समयाख्यः पर्यायो व्यवहारकालः। ××× व्यवहारकालो जीव-पुद्गलपरिणामेन निश्चीयते। ××× तत्र क्षणभङ्गी व्यवहारकालः। (पंचा. का. अमृत वृ. १००)। ५. जीवाण पुग्गलाणं जे सुहमा बादरा य पज्जाया। तीदाणामदभूदा सो ववहारो हवे कालो॥ (कार्तिके. २२०)। ६. व्यवहारकालः परमार्थकालवर्तनया लब्धकालव्यपदेशः परिणामादिलक्षणः। (चा. सा. पृ. ८१)। ७. दव्वपरिवट्टरूवो जो सो कालो हवेइ ववहारो। परिणामादीलक्खो ××× ॥ (द्रव्यसं. २१)। ८. जीवपुद्गलयोः परिवर्तो नव-जीर्णपर्यायस्तस्य या समयघटिकादिरूपा स्थितिः स्वरूप यस्य स भवति द्रव्यपर्यायरूपो व्यवहारकालः। (बृ. द्रव्यसं. २१)। ९. स च मन्दगतिपुद्गलपरमाणुव्यज्यमानः समया

जलभाजनादिबहिरङ्गनिमित्तभूतपुद्गलप्रकटीक्रियमाणा घटिका। दिनकरबिम्बगमनादिक्रियाविशेषव्यक्तीक्रियमाणो दिवसः इत्यादिः व्यवहारकालः। (पंचा. का. जय. वृ. २५); यस्तु निश्चयकालोपादानकारणजन्योऽपि पुद्गलपरमाणुजलभाजनादिव्यक्तयन्यथानुपपत्त्या समय-घटिका-दिवसादिरूपेण विवक्षितव्यवहारकल्पनारूपः स व्यवहारकाल इति। (पंचा. का. जय. वृ. २६); समय-निमिष-घटिकादिवसादिरूपो व्यवहारकालः। (पंचा. का. जय. वृ. १००); तस्यैव (निश्चयकालस्यैव) पर्यायभूतः सादि-सनिधनः समय-निमिष-घटिकादिविवक्षितकल्पनाभेदरूपो व्यवहारकालो भवतीति। (पंचा. का. जय. वृ. १०१)। १०. समयादिकृतं यस्य मानं ज्योतिर्गणाश्रितम्। व्यवहाराभिधः कालः स कालज्ञैः प्रपंचितः॥ (ज्ञाना. ३७, पृ. ६८)। ११. मुख्यकालस्य पर्यायः समयादिस्वरूपवान्। व्यवहारो मतः कालः कालज्ञानप्रवेदिनाम्॥ (भावसं. वाम. ३७०)।

१ समय, निमेष, काष्ठा, कला, नाली, दिन, रात, मास, ऋतु, अयन और वर्ष इत्यादि परिगणित काल को व्यवहारकाल कहा जाता है। २ क्रम के अनुसार होने वाली समयरूप पर्याय को व्यवहारकाल कहते हैं। क्षण-क्षण में जो नष्ट होने वाला है वह व्यवहारकाल कहलाता है।

व्यवहारचारित्र—१. चिट्ठा तवंहि चरिया ववहारो मोक्खमग्गोत्ति॥ (पंचा. का. १६०)। २. आचारादिसूत्रप्रपञ्चितविचित्रयतिवृत्तसमस्तसमुदयरूपे तपसि चेष्टा चर्या। (पंचा. का. अमृत. वृ. १६०)। ३. चरणं च तपसि चेष्टा व्यवहारान्मुक्तिहेतुरयम्॥ (तत्त्वानु. ३०)। ४. असुहादो विणिवित्ती सुहे पवित्ती य जाण चारित्तं। वदसमिदि-गुत्तिरूवं ववहारणया दु जिणभणियं॥ (द्रव्यसं. ४४)। ५. ××× कृतकारितानुमतिभिर्योगैरशुभोज्झनम्। तत्पूर्वं व्यवहारतः सुचरितं तान्येव रत्नत्रयम् ××× (अन. ध. १-९३)। ६. कर्मोपचयहेतूना निग्रहो व्यवहारतः॥ (मोक्षपं. ४४)।

२ आचारादि आगमों में विस्तार से प्ररूपित यति आचार के समस्त समुदायरूप तप में जो प्रवृत्ति होती है, इसका नाम व्यवहारचारित्र है। ४ अशुभ आचरण (कदाचार) से निवृत्ति और सदाचार में जो प्रवृत्ति होती है उसे व्यवहारचारित्र कहते हैं।

व्यवहारजीवस्वरूप—१. तिक्काले चदुपाणा इंदिय बलमाउ आणपाणो य ववहारा सो जीवो ×××॥ (द्रव्यसं. ३)। २. मण-वयण-काय-इंदिय-आणप्पाणाउगं च जं जीवे। तमसब्भूओ भणदि हु ववहारो लोयमज्झम्मि॥ (द्रव्यस्व. प्र. नयच. ११२)।

१ जिसके तीनों कालों में इन्द्रिय, बल, आयु और श्वासोच्छ्वास ये चार प्राण होते हैं, वह व्यवहार से जीव कहलाता है। २ मन, वचन, काय, पाँच इन्द्रियों में यथासम्भव इन्द्रियां, आयु और आनप्राण; इनका सद्भाव जीव में असद्भूत व्यवहारनय से कहा जाता है।

व्यवहारध्यान—××× परालम्बनमुत्तरम्॥ (तत्त्वानु. ९६)।

जिस ध्यान में आत्मा के अतिरिक्त अन्य का आलम्बन लिया जाता है उसे व्यवहारध्यान कहते हैं।

व्यवहारनय—१. ववहइ विणिच्छयत्थं ववहारो सव्वदव्वेसु॥ (आव. नि. ७५६)। २. संग्रहनयाक्षिप्तानामर्थानां विधिपूर्वकमवहरणं व्यवहारः। (स. सि. १-३३; मूला. वृ. ९-६७)। ३. अतो विधिपूर्वकमवहरणं व्यवहारः। एतस्मादतः। कुतः? संग्रहात् संग्रहनयाक्षिप्तानामर्थानां विधिपूर्वकमवहरणं व्यवहारः। को विधिः? संग्रहगृहीतोऽर्थस्तदानुपूर्व्येणैव व्यवहारः प्रवर्तते इत्ययं विधिः। (त. वा. १, ३३, ६)। ४. संग्रहनयाक्षिप्तानामर्थानां विधिपूर्वकमवहरणं भेदनं व्यवहारः, व्यवहारपरतन्त्रो व्यवहारनय इत्यर्थः। (धव. पु. १, पृ. ८४); शेषद्रव्याद्यनन्तविकल्पसंग्रहप्रस्तारावलम्बनः पर्यायकलङ्काङ्कितततया अशुद्धद्रव्यार्थिको व्यवहारनयः। (धव. पु. ९, पृ. १७१)। ५. संग्रहेण गृहीतानामर्थानां विधिपूर्वकः। योऽवहारो विभागः स्याद् व्यवहारो नयः स्मृतः। (त. श्लो. १, ३६, ५८)। ६. संग्रहाक्षिप्तसत्तादेरवहारो विशेषतः। व्यवहारो यतः सत्ता नयत्यन्तविशेषताम्॥ (ह. पु. ५८-४५)। ७. संग्रहेण गृहीतार्थानामर्थानां विधिपूर्वकः। व्यवहारो भवेद्यस्माद् व्यवहारनयस्तु सः॥ (त. सा. १-४६)। ८. यस्तु पुद्गलपरिणाम आत्मनः

कर्म, स एव पुण्यापुण्यद्वैतम्, पुद्गलपरिणामस्यात्मा कर्ता तस्योपादाता हाता चेति सोऽशुद्धद्रव्यनिरूपणात्मको व्यवहारनय । (प्रव. सा अमृत. वृ. २ ९७)। ९. × × × व्यवहार वर्णयन्त्यभूतार्थम् । (पु. सि. ५)। १०. व्यवहारनयो भिन्नकर्तृ-कर्मादिगोचरः ॥ (तत्त्वानु. २९)। ११ ज संगहेण गहियं भेयइ अत्थ असुद्ध सुद्ध वा । सो ववहारो दुविहो असुद्ध सुद्धत्थभेयकरो ॥ (ल. न च ३७, द्रव्यस्व. प्र. नयच. २७९)। १२ सग्रहेण गृहीतार्थस्य भेदरूपतया वस्तु येन व्यवह्रियत इति व्यवहारः। (आलापप. पृ. १४६)। १३. व्यवहारनयस्य तु स्वरूपमिदम् । तद्यथा— यथालोकग्राह्यमेव वस्तु। (सूत्रकृ. शी. वृ. २, ७, सू१, पृ. १८८)। १४. व्यवहरण व्यह्रियते वा स व्यवह्रियते वा तेन विशेषेण वा सामान्यमवह्रियते—निराक्रियतेऽनेनेति लोकव्यवहारपरो वा व्यवहारो— विशेषमात्राभ्युपगमपर । (स्थानां. अभय. वृ. १८६)। १५. जो संगहेण गहिदं विसेसरहिद पि भेददे सदद । परमाणूपज्जत ववहारणओ हवे सो हु ॥ (कार्तिके. २७३)। १६. सग्रहगृहीतार्थाना विधिपूर्वकमवहरण विभाजन भेदेन प्ररूपण व्यवहारः। (प्र. क. मा ६–७४, पृ. ६७७)। १७. सग्रहगृहीतभेदको व्यवहारः। (प्रमेयर. ६–७४)। १८. जो सियभेदुवयारं धम्माण कुणइ एगवत्थुस्स । सो ववहारो भणिओ × × × ॥ (द्रव्यस्व. प्र. नयच. २६४)। १९. व्रजति गच्छति, निः आधिक्येन, चयन चय, निश्चय सामान्यः, विगतो निश्चयः सामान्याभावः, तदर्थं तन्निमित्तम्, सामान्याभावायेति भावार्थः। × × × व्युत्पत्तिश्चैवम्— व्यवहरण व्यवहारः, यदि वा विशेषतोऽवह्रियते—निराक्रियते सामान्यमनेनेति व्यवहारः, विशेषप्रतिपादनपरो व्यवहारनय इत्यर्थः। (आव. नि मलय. वृ. ७५६)। २० संग्रहनयविषयीकृताना सग्रहनयगृहीताना सग्रहनयनिष्पन्नानामर्थाना विधिपूर्वकमवग्रहण भेदेन प्ररूपण व्यवहारः। (त. वृत्ति श्रुत. १–३३)। २१. सग्रहेण गृहीतस्यार्थस्य भेदतया वस्तु व्यवह्रियतेऽनेन व्यवहारः क्रियते, व्यवहरणं वा व्यवहारः, सग्रहनयविषयीकृतानां सग्रहनयगृहीताना पदार्थानां वस्तूनां विधिपूर्वकम् अवहरण भेदेन प्ररूपण व्यवहारः। (कार्तिके. टी. २७६)।

२ संग्रहनय के द्वारा ग्रहण किये गये पदार्थों का जिसके द्वारा भेद किया जाता है उसे व्यवहारनय कहते हैं। ८ जो पुद्गल द्रव्य का परिणाम आत्मा का कर्म है वह पुण्य-पाप रूप दो प्रकार का है, पुद्गल द्रव्य के परिणाम का कर्ता आत्मा उसको ग्रहण करता है और छोड़ता है; इस प्रकार से जो अशुद्ध द्रव्य का निरूपण करता है उसे व्यवहार कहा जाता है। १० जो एक वस्तुगत धर्मों के कथंचित् भेदोपचार को करता है उसका नाम व्यवहारनय है। १९ निश्चय का अर्थ सामान्य और विनिश्चय का अर्थ सामान्याभाव (विशेष) है; इस प्रकार जो नय सामान्य के अभाव के लिए सब द्रव्यो में प्रवृत्त होता है उसे व्यवहारनय कहते हैं। यह निर्युक्तिकार के द्वारा निर्दिष्ट उस व्यवहारनय के लक्षण का स्पष्टीकरण किया गया है।

व्यवहारनयाभास—काल्पनिको भेदस्तदाभास.। (प्रमेयर. ६–७४)।

जैसा भेद सम्भव नही है उस प्रकार के काल्पनिक भेद का निरूपण करना, यह व्यवहारनयाभास का लक्षण है।

व्यवहारपरमाणु अट्ठेहि तेहि णेया सण्णासण्णेहि तह य दव्वेहि। ववहारियपरमाणू णिद्दिट्ठो सव्वदरसीहि ॥ (ज बी. प. स. १३–२१)।

उन आठ सन्नासन्न द्रव्यों का एक व्यवहारपरमाणु कहा गया है।

व्यवहारपल्य—१. उत्तमभोगखिदीए उप्पण्णविजुगल-रोम-कोडीओ । एक्कादिसत्तदिवसावहिम्मि च्छेत्तूण सगहिय ॥ अट्ठट्टेहि तेहि रोमग्गेहि णिरतर पढम । अच्चत णिबिडूण भरियव्व जाव भूमिसम ॥ दड-पमाणंगुलए उस्सेहगुल जव च जूव च। लिक्ख तह कादूणं बालग्ग कम्मभूमीए ॥ अवर-मज्झिम-उत्तमभोगखिदीण च बालग्गाइ। एक्केक्कमट्ठघणहदरोमा ववहारपल्लस्स ॥ × × × एक्केक्क रोमग्गं वस्ससदे पेलिदम्हि सो पल्लो। रित्तो होदि स कालो उद्धारणिमित्तववहारो ॥ (ति. प. १, ११९–२२ व १२५)। २. प्रमाणागुलपरिमितयोजनविष्कम्भायामावगाहानि त्रीणि पल्यानि, कुसूला इत्यर्थः। एकाह्निसप्तान्ताहोरात्रजाताविवालाग्राणि तावच्छिन्नानि यावद् द्वितीय कल्पेरुच्छेदं नाप्नुवन्ति, तादृशैर्लोमच्छेदैः परिपूर्णं भरीभूतं

व्यवहारपल्यमित्युच्यते। ततो वर्षशते वर्षशते गते (त. वा. 'अतीते') एकैकलोमापकर्षणविधिना यावता कालेन तद् रिक्त भवेत् तावान् कालो व्यवहारपल्योपमाख्यः। (स. सि. ३–३८; त वा ३, ३८, ६)। ३. योजन विस्तृतं पल्य यच्च योजनमुच्छ्रितम्। आ सप्ताहःप्ररूढाना केशाना तु सुपूरितम्॥ ततो वर्षशते पूर्णे एकैके रोम्णि उद्धृते। क्षीयते येन कालेन तत्पल्योपममुच्यते॥ (धव. पु. १३, पृ. ३०० उद्.)। ४. प्रमाणयोजनव्यासावगाहविशेषवत्। त्रिगुण परिवेषेण क्षेत्र पर्यन्तभित्तिकम्॥ सप्ताहान्ताविरोमाग्रैरापूर्य कठिनीकृतम्। तदुद्धार्यमिदं पल्यं व्यवहाराख्यमिष्यते॥ (ह. पु. ७–४७ व ४८)। ५. तद्योजन-(प्रमाणयोजन-) प्रमाण खनिः क्रियते मूले मध्ये उपरि च समाना वर्तुलाकारा सातिरेकत्रिगुणपरिधिः, सा खनि. एकादिसप्तान्ताहोरात्रजाताऽविरोमाग्राणि गृहीत्वा खण्डितानि क्रियन्ते, पुनः तादृशानि खण्डानि क्रियन्ते यादृशानि खण्डानि कर्त्तर्या खण्डयितु न शक्यन्ते तैः सूक्ष्मैः रोमखण्डैर्महायोजनप्रमाणा खनिः पूर्यते, कुट्टयित्वा निविडीक्रियते, सा खनिर्व्यवहारपल्यमिति कथ्यते। (त. वृत्ति श्रुत. ३–३८)।

२ प्रमाणाङ्गुल से निष्पन्न योजन प्रमाण चौड़े, लम्बे और गहरे तीन गड्ढे करे। उनमें एक से सात दिन के भीतर उत्पन्न भेड़ के बालों को इस प्रकार कैंची से खण्डित करके भरे कि जिस प्रकार से उनका दूसरा खण्ड न हो सके। इस प्रकार उन बालाग्रों से गड्ढे को सघन भरने पर उस पल्य (गर्त) को व्यवहारपल्य कहा जाता है।

व्यवहारपल्योपम- देखो व्यवहारपल्य। १. एकैकस्मिंस्ततो रोम्णि प्रत्यब्दशतमुद्धृते। यावतास्य क्षयः कालः पल्य व्युत्पत्तिमात्रकृत्॥ (ह. पु. ७–४६)। २. प्रमाणयोजनावगाह-विष्कम्भायामं कूपं कृत्वा सप्तरात्रजातमात्रोरणरोमाग्रभागैः पूर्णं च कृत्वा तत्र यावन्मात्राणि रोमाग्राणि तावन्मात्राणि वर्षशतानि गृहीत्वा तत्र यावन्मात्राः समयाः [तावन्मात्र] व्यवहारपल्योपम नाम। (मूला. वृ. १२–३६)। ३. तदनन्तरमब्दशतैरेकैक रोमखण्डमपकृष्यते, एव सर्वेषु रोमेष्वाकृष्टेषु यावत्कालेन सा खनिः रिक्ता भवति तावत्कालो व्यवहारपल्योपम इत्युच्यते। (त. वृत्ति श्रुत. ३–३८)।

१ व्यवहारपल्य में से सौ सौ वर्ष में एक-एक रोमखण्ड के निकालने पर जितने काल में वह पल्य खाली होता है उतने काल का नाम व्यवहारपल्योपम है।

व्यवहारपण्डित—१. लोक-वेद-समयव्यवहारनिपुणो व्यवहारपण्डितः, अथवाऽनेकशास्त्रज्ञः सुश्रूषादिबुद्धिगुणसमन्वितः व्यवहारपण्डितः। (भ. आ. विजयो. २५)। २. लोक-वेद-समयगतव्यवहारनिपुणो व्यवहारपण्डितः। (भावप्रा. टी. ३२)।

१ लोक, वेद और समय के व्यवहार में जो निपुण है अथवा अनेक शास्त्रों का ज्ञाता होकर जो सुश्रूषादि बुद्धिगुणों (सुश्रूषा, श्रवण, ग्रहण, धारण, ऊह, अपोह, अर्थविज्ञान और तत्त्वज्ञान) से युक्त है उसे व्यवहारपण्डित कहा जाता है।

व्यवहारबाल—लोक-वेद-समयव्यवहारान् यो न वेत्ति शिशुर्वासौ व्यवहारबाल.। (भ. आ. विजयो. २५; भावप्रा. टी. ३२)।

जो लोक, वेद और समय के व्यवहार को नहीं जानता है उसे अथवा शिशु को व्यवहारबाल कहा जाता है।

व्यवहारमनोगुप्ति— कालुस्स-मोह-सण्णारागद्दोसाइ असुहभावाण। परिहारो मणुगुत्ती ववहारणयेण परिकहियं॥ (नि. सा. ६६)।

कलुषता, मोह, आहारादि संज्ञा, राग और द्वेष आदि के परित्याग को व्यवहारनय से मनोगुप्ति कहा जाता है।

व्यवहारमोक्षमार्ग—१. धम्मादीसद्दहणं सम्मत्त णाणमग-पुव्वगदं। चिट्ठा तवहि चरिया ववहारो मोक्खमग्गो त्ति॥ (पंचा. का. १६०)। २. धर्मादिश्रद्धान सम्यक्त्व ज्ञानमधिगमस्तेषाम्। चरणं च तपसि चेष्टा व्यवहारान्मुक्तिहेतुरयम्॥ (तत्त्वानु. ३०)। ३. सम्मद्दंसणणाणं चरण मोक्खस्स कारण जाणे। ववहारा ×××॥ (द्रव्यसं. ३६)। ४. वीतरागसर्वज्ञप्रणीतषड्द्रव्य-पञ्चास्तिकायसप्ततत्त्व-नवपदार्थसम्यक्श्रद्धान-ज्ञान-व्रताद्यनुष्ठानविकल्परूपो व्यवहारमोक्षमार्गः। ××× अथवा धातुपाषाणेऽग्निवत्साधको व्यवहारमोक्षमार्गः॥ (बृ. द्रव्यस. ३६, परमात्मप्र. वृ. १४०)। ५. वीत-

राग सर्वज्ञप्रणीतषड्द्रव्यादिसम्यक्श्रद्धान-ज्ञान-व्रतानुष्ठानरूपो व्यवहारमोक्षमार्गः, ×××अथवा साधको व्यवहारमोक्षमार्ग'। (परमा. वृ. २–१४)। १ धर्माधर्मादि द्रव्यों के श्रद्धानस्वरूप सम्यक्त्व, अंग-पूर्वों के अधिगमस्वरूप ज्ञान और तप में प्रवृत्तिरूप चारित्र को व्यवहारमोक्षमार्ग माना गया है।

व्यवहारवात्सल्य—बाह्याभ्यन्तररत्नत्रयाधारे चतुर्विधसंघे वत्से धेनुवत् पञ्चेन्द्रियविषयनिमित्तं पुत्र-कलत्र-सुवर्णादिस्नेहवद्वा यदकृत्रिमस्नेहकरणं तद् व्यवहारेण वात्सल्यं भण्यते। (बृ. द्रव्यसं ४१)। जिस प्रकार बछड़े से गाय स्वाभाविक स्नेह को करती है, अथवा पांचों इन्द्रियविषयों के निमित्त प्राणी पुत्र-स्त्री आदि से तथा धन-सम्पत्ति आदि से स्नेह करता है, उसी प्रकार रत्नत्रय के आधारभूत चार प्रकार के संघ से जो स्वाभाविक स्नेह प्रगट किया जाता है, वह व्यवहारवात्सल्य कहलाता है।

व्यवहारसत्य—१. ववहारेण य सच्चं रज्जादि कूरो जहा लोए॥ (मूला. ५–११४)। २. वर्तमानकाले स परिणामो यद्यपि नास्ति तथाप्यतीतानागतपरिणामान् प्रति इदमेव द्रव्यमिति कृत्वा प्रवृत्तानि वचांसि ओदनं पच कट कुर्वित्येवमादीनि व्यवहारसत्यम्। (भ आ विजयो. ११९३)। ३. ××× पचौदनं व्यवहृतौ ×××॥ (अन. ध. ४–४७)। ४. सिद्धेऽप्योदने लोकव्यवहारानुसरणात् तन्दुलान् पचेति वक्तव्ये ओदन पचेति वचनं व्यवहारसत्यम्। (अन. ध. स्वो टी. ४–४७)। ५. व्यवहारसत्य भाविभूतपरिणामापेक्षया प्रवृत्तम्। यथा सिद्धेऽप्योदने लोकव्यवहारानुसरणात् तन्दुलान् पचेति वाच्ये ओदन पचेत्यादिवचनम्। (भ आ. मूला. ११९३)। ६. व्यवहार नैगमादिनयप्राधान्यमाश्रित्य प्रवृत्त यद्वच: तद् व्यवहारसत्यम्। (गो. जी. म. प्र. व जी. प्र. २२३)।

१ 'भात को पकाओ' इत्यादि वचनप्रयोग को लोक में व्यवहारसत्य माना जाता है। भात को नहीं पकाया जाता, किन्तु चावलो के पकाने पर भात बनता है। इस प्रकार से यद्यपि उपर्युक्त वाक्य असत्य है, फिर भी लोकव्यवहार में उसे असत्य नहीं माना जाता।

व्यवहारसम्यक्त्व—१. धम्मादीसद्दहणं सम्मत्तं जिणवरेहिं पण्णत्त। (पंचा. का. १६०)। २. धर्मादिश्रद्धानं सम्यक्त्वम् ×××। (तत्त्वानु. ३०)। ३. तत्र धर्मादीनां द्रव्य-पदार्थविकल्पवतां तत्त्वार्थश्रद्धानभावस्वभाव भावान्तरं श्रद्धानाख्यं सम्यक्त्वम्। (पंचा का. अमृत. वृ. १६०)। ४. एवमुक्तप्रकारेण मूढत्रय-मदाष्टक-षडनायतनशंकाद्यष्टमलरहितं शुद्धजीवादि-तत्त्वार्थश्रद्धानलक्षणं सरागसम्यक्त्वाभिधानं व्यवहारसम्यक्त्व विज्ञेयम्। (बृ. द्रव्यसं. ४१)। ५. मिथ्यात्वादिपरीतं तत्त्वार्थश्रद्धानरूपं निश्चयसम्यक्त्वकारणभूतं व्यवहारसम्यक्त्वम्। (पंचा. का. जय. वृ. ४३[६], पृ. ८७)। १ द्रव्य और पदार्थ के भेदभूत धर्म व अधर्म आदि द्रव्यों के श्रद्धान का नाम व्यवहारसम्यक्त्व है।

व्यवहारसम्यग्ज्ञान—१. ××× णाणमंगपुव्वगदं। (पंचा. का १६०)। २. तत्त्वार्थश्रद्धाननिर्वृत्तौ सत्यामङ्ग-पूर्वगतार्थपरिच्छित्तिर्ज्ञानम्।(पंचा. का. अमृत. वृ. १६०)। ३. ××× ज्ञानमधिगमस्तेषाम्। (तत्त्वानु. ३०)। ४ ××× बोधनं सज्ज्ञानम् ×××। (अन. ध. १–९३)। १ अंग और पूर्व श्रुतविषयक ज्ञान को सम्यग्ज्ञान कहते हैं, यह व्यवहारसम्यग्ज्ञान का लक्षण है।

व्यवहारसम्यग्दर्शन—देखो व्यवहारसम्यक्त्व। १. श्रद्धानं पुरुषादितत्त्वविषयं सद्दर्शन ×××। (अन. ध. १–९३)। २. व्यवहाराच्च सम्यक्त्वं ज्ञातव्य लक्षणाद्यथा। जीवादिसप्ततत्त्वाना श्रद्धान गाढमव्ययम्॥ (लाटीस. ३–१२)। १ पुरुषादि (जीवादि) तत्त्वो के विषय में जो श्रद्धान होता है उसे सम्यग्दर्शन या सम्यक्त्व कहा जाता है।

व्यवहारसम्यग्दर्शनाराधना—मूढत्रयादिपञ्चविंशतिमलपरिहारेण हेयस्य त्यागेनोपादेयस्योपादानेन जीवादितत्त्वश्रद्धान विधीयते यत्र सा व्यवहार-सम्यग्दर्शनाराधना। (आरा. सा टी. ४)। तीन मूढता आदि पच्चीस दोषों को दूर करके हेय के परित्याग और उपादेय के ग्रहण से जिसमें जीवादि तत्त्वों का श्रद्धान किया जाता है उसे व्यवहारसम्यग्दर्शनाराधना कहते हैं।

व्यवहारहिंसा—रागाद्युत्पत्तेर्बहिरङ्गनिमित्तभूतः परजीवघातो व्यवहारहिंसा। (प्रव. सा. जय. वृ. ३–१७)। रागादि की उत्पत्ति में बाह्य निमित्तभूत जो अन्य

प्राणियों का घात है उसे व्यवहारहिंसा कहते हैं।

व्यवहारामूढदृष्टि — वीतरागसर्वज्ञप्रणीतागमार्थाद् बहिर्भूते. कुदृष्टिभिर्यत्प्रणीतं धातुवाद-खन्यवाद-हरमेखल - क्षुद्रविद्याव्यन्तरविकुर्वणादिकमज्ञानिजनचित्तचमत्कारोत्पादक दृष्ट्वा श्रुत्वा च योऽसौ मूढभावेन धर्मबुद्ध्या तत्र रुचि भक्ति न कुरुते स एव व्यवहारोऽमूढदृष्टिरुच्यते। (बृ. द्रव्यस. ४१)।

वीतराग सर्वज्ञ के द्वारा उपदिष्ट आगम के अर्थ से जो मिथ्यादृष्टि बहिर्भूत हैं उनके द्वारा उपदिष्ट धातुवाद, खन्यवाद, हरमेखल, क्षुद्रविद्या और व्यन्तरदेवों की विक्रिया आदि रूप अन्य जनों के मन में चमत्कार के उत्पन्न करने वाले कार्य को देखकर मूढतापूर्वक धर्मबुद्धि से जो उसमें रुचि या भक्ति नहीं करता उसे व्यवहार-अमूढदृष्टि कहा जाता है।

व्यवहारी—व्यवहरतीत्येवशीलो व्यवहारी व्यवहारक्रियाप्रवर्तकः, प्रायश्चित्तदायीति यावत्। (व्यव. भा. पी. मलय. वृ. १, पृ. ३)।

व्यवहार अनुष्ठान में जो प्रवृत्ति कराता है—प्रायश्चित्त देता है—उसे व्यवहारी कहते हैं।

व्यवहित—व्यवहित नाम अन्तर्हितम्, यत्र प्रकृतमुत्सृज्याप्रकृत विस्तरतोऽभिधाय पुनः प्रकृतमधिक्रियते, यथा हेतुकथामधिकृत्य सुप्तिङन्तपदलक्षणप्रपञ्चमर्थशास्त्र चाभिधाय पुनर्हेतुवचनम्। (आव. नि. मलय. वृ. ८८२, पृ ४८३)।

जिस वचनव्यवहार में प्रकृत को छोड़कर अप्रकृत का विस्तार से व्याख्यान करते हुए तत्पश्चात् पुन प्रकृत का आश्रय लिया जाता है वह वचन व्यवहित नामक दोष से दूषित होता है। जैसे—हेतुविषयक चर्चा के प्रकरण में सुबन्त अथवा तिङन्त पदों के लक्षण और अर्थशास्त्र का व्याख्यान करके तत्पश्चात् प्रकृत हेतु का कथन करना। यह वचन के ३२ दोषों में २०वां है।

व्यसन—१. व्यस्यतीत्यावर्तयत्येनं पुरुष श्रेयस इति व्यसनम्। (नीतिवा. १६–१, पृ. १७७)। २. जाग्रत्तीव्रकषायकर्कशमनस्कारापितैर्दुष्कृतैश्चैतन्य तिरयत्तमस्तरदपि द्यूतादि यच्छ्रेयसः। पुसो व्यस्यति तद्विदो व्यसनमित्याख्यान्ति ×××॥ (सा. ध. ३–१८)।

१ जो पुरुष को कल्याणमार्ग से भ्रष्ट करता है उसे व्यसन कहते हैं। २ जो द्यूत (जुआ) आदि तीव्रकषाय के वश उत्पन्न होने वाले दुर्ध्यान से चेतना को आच्छादित करते हुए प्राणी को श्रेयस्कर मार्ग से दूर किया करते हैं, उन्हें व्यसन कहा जाता है।

व्याकरण—अपरिमितार्थोपलब्धिमूलभूतपदरत्नराशिरोहणं व्याकरणम्। (गद्यचि पृ. ५४)।

जो अपरिमित अर्थ के मूल कारणभूत पदरूप रत्नों की राशि के प्ररोहन का कारण है वह व्याकरण कहलाता है।

व्याकरणसूत्र—वागरणसुत्त ति व्याख्यानसूत्रमिति, व्याक्रियतेऽनेनेति व्याकरणम्, प्रतिवचनमित्यर्थः। (जयध.—कसायपा पृ. ८८२, टि. १)।

व्याकरणगत वस्तु के व्याख्यान करने वाले सूत्र को व्याकरणसूत्र कहते हैं।

व्याख्याप्रज्ञप्ति—१. व्याख्याप्रज्ञप्तौ, षष्ठिव्याकरणसहस्राणि—किमस्ति जीव., [किं] नास्ति, इत्येवमादीनि निरूप्यन्ते। (त. वा. १, २०, १२)। २. वियाहपण्णत्तीणाम अगं दोहि लक्खेहि अट्ठावीससहस्सेहि पदेहि २२८००० किमत्थि जीवो, किं णत्थि जीवो इच्चेवमाइयाइ सट्ठिवायरणसहस्साणि परूवेदि। (धव. पु १, पृ. १०१); व्याख्याप्रज्ञप्तौ स-द्विलक्षाष्टाविंशतिपदसहस्राया [२२८०००] षष्ठिव्याकरणसहस्राणि किमस्ति जीवो नास्ति जीवः क्वोत्पद्यते कुत आगच्छतीत्यादयो निरूप्यन्ते। (धव. पु. ९, पृ. २००)। ३. वियाहपण्णत्तीणाम अग सट्ठिवायरणसहस्साणि छण्णउदिसहस्सछिण्णछेयणजणि (ज्जणी) यसुहमसुह च वण्णेदि। (जयध. १, पृ. १२५)। ४. अष्टाविंशतिसहस्र-लक्षद्वयपदपरिमाणा जीव किमस्ति नास्तीत्यादिगणधरषष्ठिसहस्रप्रश्नव्याख्याविधात्री व्याख्याप्रज्ञप्तिः। (श्रुतभ. टी. ७, पृ. १७३)। ५. विशेषैः बहुप्रकारैः, आख्यात किमस्ति जीवः किं नास्ति जीवः किमेको जीवः किमनेको जीवः किं नित्यो जीवः किमनित्यो जीवः किं वक्तव्यो जीवः किमवक्तव्यो जीवः इत्यादीनि षष्ठिसहस्रसख्यानि भगवदर्हत्सौम्यकरसन्निधौ गणधरदेवप्रश्नवाक्यानि प्रज्ञाप्यन्ते कथ्यन्ते यस्यां सा व्याख्याप्रज्ञप्तिर्नाम। (गो. जी. म. प्र. व जी. प्र. ३५६)। ६. जीवः किमस्ति नास्ति वा इत्यादिगणधरकृतप्रश्नषष्ठिसहस्रप्रति-

पादकं अष्टविंशतिसहस्राधिकद्विलक्षपदप्रमाण व्याख्याप्रज्ञप्तिः। (त. वृत्ति श्रुत. १–२०)। ७. दुगदुगअडतियसुण्ण विवायपण्णत्तिअंगपरिमाण। णाणाविसेसकहणं वेंति जिणा जत्थ गणिपण्हा॥ किं अत्थि णत्थि जीवो णिच्चोऽणिच्चोऽहवाह किं एगो। वत्तव्वो किमवत्तव्वो हि किं भिण्णो॥ गुणपज्जयादभिण्णो सट्ठिसहस्सा गणिस्स पण्हेवं। जत्थत्थि तं वियाण विवाहपण्णत्तिअंग खु॥ (अंगप. १, ३६–३८, पृ. २६४)।

१ जिस अंगश्रुत में क्या जीव है, क्या जीव नहीं है, वह कहां उत्पन्न होता है, और कहां से आता है; इत्यादि साठ हजार प्रश्नों का निरूपण किया जाता है उसका नाम व्याख्याप्रज्ञप्ति अंग है। वह दो लाख अट्ठाईस हजार (२२८०००) पद प्रमाण है।

व्याख्याप्रज्ञप्तिपरिकर्म (दृष्टिवादभेद)—१. वियाहपण्णत्ती णाम चउरासीदिलक्ख छत्तीसपदसहस्सेहि ८४३६००० रूविअजीवदव्व अरूविअजीवदव्व भवसिद्धिय-अभवसिद्धियरासि च वण्णेदि। (धव. पु. १, पृ. ११०); व्याख्याप्रज्ञप्तौ षट्त्रिंशत्सहस्राधिकचतुरशीतिशतसहस्रपदायां ८४३६००० रूविअजीवद्रव्य अरूपिअजीवद्रव्य भव्याभव्यस्वरूपं च निरूप्यते। (धव. पु. ९, पृ २०७)। २. जा पुण विवाहपण्णत्ती सा रूवि-अरूवि-जीवाजीवदव्वाण भवसिद्धिय-अभयसिद्धियाण पमाणस्स तल्लक्खणस्स अणंतर-परंपरसिद्धाण च अण्णेसि च वत्थूण वण्णण कुणइ। (जयध १, पृ. १३३)। ३. चतुरशीतिलक्ष-षट्त्रिंशत्सहस्रपदपरिमाणा जीवादिद्रव्याणा रूपित्वारूपित्वादिस्वरूपनिरूपिका व्याख्याप्रज्ञप्ति.। (श्रुतभ. टी. ९, पृ १७४)। ४. रूप्यरूपिजीवाजीवद्रव्याणा भव्याभव्यभेदप्रमाणलक्षणाना अनन्तरपरम्परासिद्धाना अन्येषा च वस्तूना वर्णन करोति। (गो. जी. म. प्र. व जी. प्र. ३६१)।

१ जिसमे चौरासी लाख छत्तीस हजार पदों के द्वारा रूपी व अरूपी अजीवद्रव्य तथा भवसिद्धिक (भव्य) और अभवसिद्धिक जीवराशि का वर्णन किया जाता है। उसे व्याख्याप्रज्ञप्तिपरिकर्म (दृष्टिवाद के अन्तर्गत) कहा जाता है।

व्याधित—व्याधित सदा रोगी स्वाध्यायावश्यकभिक्षाटनाद्यक्षम.। (आचा. वि. पृ. ७४)।

जो सदा रोगी रहता हुआ स्वाध्याय, आवश्यक और भिक्षाटन आदि में असमर्थ रहता है वह व्याधित कहलाता है।

व्यान व्यानयति व्याप्नोतीति व्यान.। (योगशा. स्वो विव. ५–१३)।

जो वायु समस्त शरीर को व्याप्त करती है उसे व्यान कहा जाता है।

व्याप्ति—१. व्याप्तिर्हि साध्य-साधनयोरविनाभाव.। (न्यायकु. १०, पृ ४१८–१९); लिंगात् हेतोः, × × × साध्येनेष्टाबाधितासिद्धविशेषणविशिष्टेन अविनाभावो व्याप्ति। (न्यायकु. १२, पृ. ४३५)। २ यावान् कश्चिद् धूमवान् प्रदेश स सर्वोऽपि अग्निमान् व्याप्तो × × ×॥ (सिद्धिवि. वृ. ३३, पृ १७७)।

१ साध्य और साधन मे जो अविनाभाव होता है उसका नाम व्याप्ति है। २ जितना कुछ भी धूम वाला प्रदेश होता है वह सब अग्नि से व्याप्त अवश्य होता है, इस प्रकार के साध्य-साधन के अविनाभाव के निश्चय को व्याप्ति कहते हैं।

व्यायाम शरीरायासजननी क्रिया व्यायाम.। (नीतिवा. २५–१५, पृ. २५२)।

शरीर को श्रम उत्पन्न करने वाली क्रिया का नाम व्यायाम है।

व्यावहारिक काल—ज्योतिःशास्त्रे यस्य मानमुच्यते समयादिकम्। स व्यावहारिक काल कालवेदिभिरामत॥ (योगशा स्वो विव. १६, पृ. ११३)।

ज्योतिष शास्त्र मे जिसका मान समय आदि कहा जाता है वह व्यावहारिककाल कहलाता है।

व्याहत—व्याहत नाम यत्र पूर्वेण पर व्याहन्यते, यथा—कर्म चास्ति फल चास्ति कर्ता नास्ति च कर्मणाम्। इत्यादि। (आव. नि मलय वृ. ८८१, पृ. ४८३)।

जिस वचन में पूर्व के द्वारा आगे का बाधा जाता है वह व्याहत दोष से दूषित होता है। जैसे—कर्मों का कार्य है और उनका फल भी है पर उनका कर्ता नहीं है, इस वाक्य में 'उनका कर्ता नहीं है' यह कहने से उसके पूर्व मे निर्दिष्ट कर्मों का अस्तित्व व फल कर्ता के बिना बाधा को प्राप्त होता है। यह वचन के ३२ दोषों में ग्यारहवां है।

व्युत्सर्गआवश्यक—सरीराहारेसु हु मण-वयण-पवृत्तीओ ओसारिय जं झेयम्मि एयग्गेण चित्तणिरोहो विओसग्गो णाम। (धव. पु ८, पृ. ८५)। **शरीर और आहार के विषय मे मन और वचन की प्रवृत्तियों को हटाकर एकाग्रतापूर्वक ध्येय में चित्त के रखने का नाम व्युत्सर्ग है। यह मुनि के छह आवश्यकों में अन्तिम है।**

व्युत्सर्गतप—१. आत्माऽऽत्मीयसंकल्पत्यागो व्युत्सर्गः। (स. सि ९–२०)। २. विविधाना बाह्याभ्यन्तराणा बन्धहेतूनां दोषाणामुत्तमस्त्यागो व्युत्सर्गः। (चा. सा पृ ६८)। ३. व्युत्सर्ग देहे ममत्वनिरास जिनगुणचिन्तायुक्तः कायोत्सर्गः। (मूला. वृ १–२२)। ४. शरीरान्तर्बहिःसगसगव्युत्सर्जन मुने'। व्युत्सर्ग. स्यात्समधीचीनध्यानसिद्धिकारणम्॥ (आचा. सा. ६–९९)। ५ बाह्यो भक्तादिरुपधि क्रोधादिश्चान्तरस्तयो.। त्याग व्युत्सर्गमस्वन्त मितकाल च भावयेत्॥ बाह्याभ्यन्तरदोषा ये विविधा बन्धहेतव। यस्तेषामुत्तमः सर्ग' स व्युत्सर्गो निरुच्यते॥ (अन ध. ७, ९३–९४)। ६. इद शरीर मदीयमिति सकल्पस्य परिहृतिर्व्युत्सर्गः। (त. वृत्ति श्रुत. ९–२०)।

१ आत्मा और आत्मीयरूप सकल्प—अहंकार और ममकार—के त्याग का नाम व्युत्सर्ग है। २ बन्ध के कारणभूत बाह्य और अभ्यन्तर अनेक दोषों का जो उत्कृष्ट त्याग किया जाता है, इसे व्युत्सर्ग कहते है।

व्युत्सर्गप्रायश्चित्त—१. कायोत्सर्गादिकरण व्युत्सर्ग.। (स सि. ९–२२; त. श्लो. ९–२२, मूला वृ. ७–२४)। २. **व्युत्सर्गः कायोत्सर्गादिकरणम्**। कालनियमेन कायोत्सर्गादिकरण व्युत्सर्ग इत्युच्यते। (त. वा. ९, २२, ६)। ३. व्युत्सर्ग. कुस्वप्नादौ कायोत्सर्ग'। (आ. नि. हरि. वृ. पृ. ७६४)। ४. झाणेण सह कायमुज्झिदूण मुहुत्त दिवस-पक्ख-मासादिकालमच्छण णिरुद्धा णाम पायच्छित्तं। (धव पु १३, पृ ६१)। ५. कायोत्सर्गादिकरण व्युत्सर्ग. परिभाषित। (त. सा ७–२४)। ६. दु.-स्वप्न-दुश्चिन्तन-मलोत्सर्जनाऽऽगमातीचार-नदी-महाटवी-रणादिभिरन्यैश्चाप्यतीचारे सति ध्यानमवलम्ब्य कायमुत्सृज्यान्तर्मुहूर्त-दिवस-पक्ष-मासादिकालावस्थानं व्युत्सर्ग इत्युच्यते। (चा. सा. पृ. ६३; अन. ध. स्वो. टी. ५१ उद्.)। ७. व्युत्सर्गोऽन्तर्मुहूर्तादिकाल कायविसर्जनम्। सद्ध्यानं तन्मलोत्सर्गनद्याद्युत्तरणादिषु॥ (आचा. सा. ६–४५)। ८. व्युत्सर्गोऽनेषणीयादिषु त्यक्तेषु गमनागमन-सावद्य-स्वप्नदर्शन-नौसन्तरणोच्चार-प्रश्रवणेषु च विशिष्टप्रणिधानपूर्वकः काय-वाङ्मनोव्यापारत्यागः। (योगशा. स्वो. विव. ४–९०)। ९. व्युत्सर्गः कायचेष्टानिरोधोपयोगमात्रेण शुध्यति प्रायश्चित्तम्, यथा दुःस्वप्नप्रजनित तद्व्युत्सर्गार्हत्वात् व्युत्सर्ग.। (व्यव. भा. मलय. वृ. १–५३)। १०. नियतकाल काय-वाङ्मनसा त्यागो व्युत्सर्ग'। (भावप्रा. टी. ७८)। ११ स व्युत्सर्गो मलोत्सर्गाद्यतिचारेऽवलम्ब्य यत्। ध्यानमन्तर्मुहूर्तादिकायोत्सर्गेण या स्थिति.॥ (अन. ध. ७–५१)। १२. नियतकाल कायस्य वाचो मनसश्च त्यागो व्युत्सर्गम्। (त वृत्ति श्रुत. ९–२२; कार्तिके. टी. ४५१)।

२ काल के नियम से कायोत्सर्ग आदि करना, यह व्युत्सर्ग प्रायश्चित्त का लक्षण है। ३ दुःस्वप्न आदि में जो कायोत्सर्ग किया जाता है; इसे व्युत्सर्ग कहते हैं। ६ दुःस्वप्न, दुर्विचार, मलत्याग, आगमविषयक अतीचार, नदी, महावन व युद्ध आदि तथा अन्य का अतिचार के होने पर ध्यान के आश्रय से आलम्बन लेकर अन्तर्मुहूर्त, दिन, पक्ष और मास आदि काल तक अवस्थित रहना; इसे व्युत्सर्ग प्रायश्चित्त कहा जाता है।

-युत्सर्गप्रतिमा—व्युत्सर्गप्रतिमा कायोत्सर्गकरणमेवेति। (स्थानां. अभय. वृ. ८४)।

कायोत्सर्ग करने का नाम ही व्युत्सर्गप्रतिमा है।

व्युत्सर्गशुद्धि—देखो प्रतिष्ठापनशुद्धि। चूर्णीकृत्य नखान् केशान् विक्षिप्यैकैकमुत्सृजेत्। अनुल्बलणमलेप च क्ष्वेल-सिंहाणकादिकम्॥ वीक्ष्य पूर्वापरोर्ध्वाधःपार्श्वभागान् पुरोदिते। स्थाने प्रस्रवणोच्चार वात नि.शब्दमुत्सृजेत्॥ पश्चाच्छुचि प्रकृत्येष्टकाविकृत्यादिभि. पुनः। स्याच्क्षालितासनकर. सौवीरोष्णजलादिभिः॥ जरा-रुजादितः कायं सन्यासेन त्यजेदिति। व्युत्सर्गशुद्धिः सशुद्धि विधत्ते यमिनामियम्॥ (आचा. सा. ८, ७९–८२)।

नख और बालो को चूर्णित करके पृथक् करते हुए एक एक छोड़े, थूक व नासिका के मल को उत्क्षेण व लेप से रहित अलग करे; आगे, पीछे, ऊपर, नीचे और पार्श्वभाग में देखकर निर्जन्तुस्थान में

मूत्र व मल का त्याग करे एवं शब्द के बिना वायु को छोड़े, पश्चात् ईंट के चूर्ण आदि से शुद्धि करे, तत्पश्चात् सौवीर (कांजी) या गरम जल आदि से आसन व हाथों को प्रक्षालित करे तथा वृद्धावस्था व रोग से पीड़ित शरीर को संन्यास के साथ छोड़े; यह सब व्युत्सर्गशुद्धि है। वह मुनिजनों की शुद्धि को करती है।

व्युत्सर्गसमिति—१. विजन्तुकधरापृष्ठे मूत्र-श्लेष्म-मलादिकम्। क्षिपतोऽतिप्रयत्नेन व्युत्सर्गसमितिर्भवेत् ॥ (ज्ञाना. १४, पृ १६०)। २. कृष्ट-प्लुष्टादिदेशेऽगिछिद्रहीने घने च यः। व्यत्सर्गोऽङ्गमलादेः स्याद् व्युत्सर्गसमितिर्यते ॥ (आचा. सा ५-१३३)। १ जीव जन्तुओं से रहित पृथ्वी के ऊपर मूत्र, कफ और मल आदि को जो अतिशय प्रयत्न के साथ फेंका जाता है उसे व्युत्सर्गसमिति कहते हैं।

व्युत्सृष्टमरण— दर्शन-ज्ञान-चारित्राणि त्यक्त्वा मरण व्युत्सृष्टमरणम्। (भ. आ. मूला २५)। दर्शन, ज्ञान और चारित्र को छोड़कर जो मरण होता है उसे व्युत्सृष्टमरण कहते हैं।

व्युपरतक्रियानिवृत्ति— १. अवितर्कमवीचार ध्यान व्युपरतक्रियम्। पर निरुद्धयोग हि तच्छैलेश्यमपश्चिमम् ॥ (त. सा. ७-५४)। २. जोगविणास किच्चा कम्मचउक्कस्स खवणकरणट्ठ। जं झायदि अजोगिजिणो णिक्किरिय त चउत्थ च ॥ (कार्तिके. ४८७)। ३. विशेषेणोपरता निवृत्ता क्रिया यत्र तद् [व्युपरत], व्युत्परतक्रिय च तदनिवृत्ति चानिवर्तक च तद् व्युपरतक्रियानिवृत्तिसज्ञ चतुर्थं शुक्लध्यानम्। (बृ द्रव्यसं. टी. ४८)। १ जो ध्यान वितर्क व वीचार से रहित होता हुआ क्रिया से विहीन है, जिसमें योगों का निरोध हो चुका हो तथा जिसमें शैलेश (मेरु) के समान स्थिरता प्राप्त हो चुकी है (अथवा जिसके होते हुए समस्त शीलों का स्वामित्व प्राप्त हो चुका है) वह व्युपरतक्रिया नाम का अन्तिम (चौथा) शुक्लध्यान सर्वोत्कृष्ट है। २ योगों का विनाश करके जिस ध्यान को अयोगी जिन चार अघाति कर्मों के क्षय के लिए ध्याते हैं तथा जो क्रिया से रहित है उसे चौथा शुक्लध्यान माना गया है।

व्रत—१. हिंसानृत-स्तेयाब्रह्म-परिग्रहेभ्यो विरतिर्व्रतम्। (त. सू. ७-१)। २. अभिसंधिकृता विरतिर्विषयाद्योग्याद् व्रतं भवति ॥ (रत्नक. ३-४०)। ३. व्रतिमभिसन्धिकृतो नियमः, इदं कर्तव्यमिदं न कर्तव्यमिति वा। (त. सि. ७-१)। ४. व्रतमभिसन्धिकृतो नियमः। बुद्धिपूर्वकपरिणामोऽभिसन्धिः, इदमेवेत्थमेव वा कर्तव्यमित्यन्यनिवृत्तिः नियमः, अभिसन्धिना कृतः अभिसन्धिकृतः सर्वत्र व्रतव्यपदेशभाग् भवति। (त. वा. ७, १, ३)। ५. हिंसालियचोज्जाब्बंभ-परिग्गहे विरदी वदं णाम। (धव. पु. ८, ८२); असखेज्जगुणाए सेढीए कम्मणिज्जरणहेदू वदं णाम। (धव. पु. ८, पृ. ८३)। ६. हिंसाया अनृतात् स्तेयाद् दारसगात् परिग्रहात्। विरतेर्व्रतमुद्दिष्टं भावनाभिः समन्वितम् ॥ (पद्मपु. ११-३८)। ७. व्रत नाम यावज्जीव न हिनस्मि, नानृत वदामि, नादत्तमाददे, न मैथुनकर्म करोमि, न परिग्रहमाददे इत्येवभूत आत्मपरिणामः। (भ. आ. विजयो. ११८५)। ८. अभिसधिकृतो नियमो व्रतमित्युच्यते। (चा सा. पृ. ४)। ९. संकल्पपूर्वक. सेव्ये नियमो व्रतमुच्यते। प्रवृत्ति-विनिवृत्ती वा सदसत्कर्मसंभवे ॥ (उपासका. ३१६)। १० निश्चयेन विशुद्धज्ञानदर्शनस्वभावनिजात्मतत्त्वभावनोत्पन्नसुख-सुधास्वादबलेन समस्तशुभाशुभरागादिविकल्पनिवृत्तिर्व्रतम्। व्यवहारेण तत्साधकं हिंसानृतस्तेयाब्रह्मपरिग्रहाच्च यावज्जीवनिवृत्तिलक्षण पञ्चविध व्रतम्। (बृ. द्रव्यसं. ३५)। ११. हिंसायामनृते स्तेये मैथुने च परिग्रहे। विरतिर्व्रतमित्युक्त सर्वसत्त्वानुकम्पकैः ॥ (ज्ञाना. ६, पृ. ११०)। १२. हिंसाऽनृत-चुराब्रह्म-ग्रन्थेभ्यो विरतिर्व्रतम्। (अन. ध. ४-१९)। १३. सकल्पपूर्वकः सेव्ये नियमोऽशुभकर्मणः। निवृत्तिर्वा व्रत स्याद्वा प्रवृत्तिः शुभकर्मणि ॥ (सा. ध. २-८०)। १४. व्रत हिंसादिभ्योऽभिप्रायकृता विरति.। (भ. आ. मूला. ६१)। १५. हिंसादिपचपातकेभ्यो या विरतिः विरमणम् अभिसधिकृतो नियम. व्रतमुच्यते, अथवा इदं मया कार्यमिदं मया न कार्यमिति व्रतं कथ्यते। (त. वृत्ति श्रुत. ७-१)। १६. सर्वसावद्ययोगस्य निवृत्तिर्व्रतमुच्यते। यो मृषादिपरित्यागः सोऽस्तु तस्यैव विस्तरः ॥ (लाटी-सं. २-२); सर्वसावद्ययोगस्य निवृत्तिर्व्रतमुच्यते ॥ (लाटीसं. ४-२४६; पंचाध्या. २-७३५)। १७. हिंसादेविरतिः प्रोक्तं व्रतम् ××× । (जम्ब. च. १०-१११); ××× सर्वसङ्गपरि-

त्यागलक्षण व्रतमयहीत् ॥ (अम्बू. च. १२-६६)। १ हिंसा, असत्य, चोरी, अब्रह्म और परिग्रह, इनसे विरत होने का नाम व्रत है। २ योग्य विषय से जो अभिप्रायपूर्वक निवृत्ति होती है उसे व्रत कहते हैं। ४ यही करने योग्य है और इसी प्रकार से करने योग्य है, इस प्रकार से जो अन्य से बुद्धिपूर्वक निवृत्त होना है, इसे व्रत कहा जाता है।

व्रतारोपणार्ह—१. अचेलतायां स्थितः उद्देशिक-राजपिण्डपरिहरणोद्यतः गुरुभक्तिकृद् विनीतो व्रतारोपणार्हो भवति। उक्त च—आचेलक्के य ठिदो उद्देसादी य परिहरदि दोसे। गुरुभत्तिको विणीओ होदि वदाण सदा अरिहो ॥ (भ. आ. विजयो. ४२१)। २. अचेलतायां हि स्थित उद्देशिकादि-पिण्डत्यागोद्यतो गुरुभक्तिमान् विनीतश्च व्रतारोपण-योग्यः स्यात्। (भ. आ. मूला. ४२१)।

१ जो अचेलता (निर्वस्त्रता) में स्थित है, उद्देशिक और राजपिण्ड के परित्याग में उद्यत है, गुरुभक्ति को करने वाला है और विनम्र है वह व्रतारोपण के योग्य होता है।

व्रतिक—१ निरतिक्रमणमणुव्रतपञ्चकमपि शील-सप्तकं चापि। धारयते निःशल्यो योऽसौ व्रतिनां मतो व्रतिकः ॥ (रत्नक. ५-१७)। २. पञ्चाणु-व्वय जो धरइ णिम्मलगुणवय तिण्णि। सिक्खा-वयइ चयारि जसु सो बीयउ मणि मण्णि ॥ (सावयध. ११)। ३. व्रतिको निःशल्यः पञ्चाणुव्रत-रात्रिभोजनविरमण-शीलसप्तकं निरतिचारेण यः पालयति सः भवति। (चा सा. पृ. ४)। ४. पञ्चा-णुव्वयधारी गुणवय-सिक्खावएहि संजुत्तो। दिढचित्तो समजुत्तो णाणी वयसावओ होदि ॥ (कार्तिके. ३३०)। ५. विभूषण नीव दधाति धीरो व्रतानि यः सर्वसुखाकराणि। आकृष्टमीक्षानि पवित्रलक्ष्मीं तं वर्णयन्ते व्रतिन वरिष्ठाः ॥ (अमित. श्रा. ७, ६८)। ६. पंचेव अणुव्वयाइं गुणव्वयाइं हवंति पुण तिण्णि। सिक्खावयाणि चत्तारि जाण विदियम्मि ठाणम्मि ॥ (वसु श्रा. २०७)। ७. सम्पूर्णदृग्मूल-गुणो निःशल्यः साम्यकाम्यया। धारयन्नुत्तरगुणानक्षू-णान् व्रतिको भवेत् ॥ (सा. ध. ४-१)। ८. अणु-व्रतानि पंचैव सप्तशीलगुणैः सह। प्रपालयति निः-शल्यः भवेद् व्रतिको गृही ॥ (भावसं. वाम. ५३१)। ९. सद्दृग्मूलगुणः साम्यकाम्यया शल्यवर्जितः। पाल-यन्नुत्तरगुणान् निर्मलान् व्रतिको भवेत् ॥ (धर्मसं. श्रा. ६-१); पञ्चाणुव्रतपुष्ट्यर्थं पाति यः सप्त-शीलकम्। व्यतीचार सदृष्टिः स व्रतिकः श्रावको भवेत् ॥ (धर्मसं. श्रा. ७-१३०)। १०. अणुव्रतानि यः पाति शीलसप्तकमप्यसौ। व्रतिकः प्रोच्यते विद्भिः सप्तव्यसनवर्जितः ॥ (उपासका. ३६)। ११. उक्ता सल्लेखनोपेता द्वादशव्रतभावनाः। एताभिर्व्रतप्रतिमा पूर्णता याति सुस्थिता ॥ (लाटीसं. ६-२४६)।

१ जो माया, मिथ्या और निदान इन तीन शल्यों से रहित होकर निरतिचार पांच अणुव्रतों और सात शीलों (३ गुणव्रतों व ४ शिक्षाव्रतों) को धारण करता है वह व्रतिक—दूसरी प्रतिमा का धारक होता है।

व्रती—१. निःशल्यो व्रती। (त. सू. ७-१८)। २. व्रतानि अहिंसादीनि, तद्वन्तो व्रतिनः। (स. सि. ६-१२)। ३. व्रताभिसम्बन्धिनो व्रतिनः। व्रतानि ××× अहिंसादीनि, तदभिसम्बन्धिनो ये ते व्रतिनः। (त. वा. ६, १२, २)। ४ माया-निदान-मिथ्यात्वशल्याभावविशेषतः। अहिंसादिव्रतोपेतो व्रतीति व्यपदिश्यते ॥ (त. सा. ४-७८)। ५. दुर-न्तासारसंसारजनितासातसन्ततेः। यो भीतोऽणुव्रतं याति व्रतिन तं विदुर्बुधाः ॥ (सुभा. सं. ८३४)। ६. यो व्रतानि हृदये महामना निर्मलानि विदधाति सर्वदा। दुर्लभानि भुवने धनानि वा स व्रती व्रति-भिरीरितः सुधी ॥ (धर्मस. श्रा. २-५४)।

१ जो अहिंसादि व्रतों से सहित होते हैं वे व्रती कहलाते हैं। ४ जो माया, मिथ्या और निदान इन तीन शल्यों से रहित होता हुआ अहिंसा आदि व्रतों से विभूषित होता है उसे व्रती कहा जाता है।

शकट—लोहेण बद्धणेमि-तुव-महाचक्का लोहबद्ध-छुहयपेरंता लोणादीण गरुअमहव्वहणक्खमा सयडा णाम। (धव. पु. १४, पृ. ३८)।

जिसकी धुरा, तुम्ब और विशाल चाक लोहे से सम्बद्ध होते हैं तथा जिसका छोर पर्यन्त (?) लोहे से बंधा होता है और जो भारी बोझ के ले जाने में समर्थ होती है उसका नाम शकट (गाड़ी) है।

शकटजीविका—देखो अनोजीविका। शकटानां तदंगाना घट्टन खेटनं तथा। विक्रयश्चेति शकट-जीविका परिकीर्तिता ॥ (त्रि. श. पु. च. ६, ३,

३३८; योगशा. ३-१०४)।

गाड़ी और उसके अंगभूत चाक आदि का बनाना, उन्हें चलाना तथा बेचना इसे शकटजीविका कहा जाता है। यह हिंसा जनक होने से हेय मानी गई है।

शकटीकर्म—देखो शकटजीविका। साडीकम्म सागडीयत्तणेण जीवति, तत्थ बध बधमाई दोषा। (आव. अ. ६, पृ. ८२६)।

गाड़ी चलाकर उसके द्वारा आजीविका के करने को शकटीकर्म कहा जाता है।

शकटोद्धिकादोष पार्ष्णी मीलयित्वाऽग्रचरणौ विस्तार्य, अङ्गुष्ठौ वा मीलयित्वा पार्ष्णी विस्तार्य स्थान शकटोद्धिकादोष। (योगशा. ३-१३०)।

दोनों एड़ियों को मिलाकर व आगे के पांवों को फैला करके स्थित होना अथवा दोनो अंगूठों को मिलाकर व एड़ियों को फैला करके स्थित होना यह एक शकटोद्धिका नामक कायोत्सर्ग का दोष है।

शक्ति—अन्तरायविनाशाद् वीर्यलब्धिः शक्तिः। (युक्त्यनु. टी. ४); शक्तिः सामर्थ्यं परमागमान्विता युक्तिः। (युक्त्यनु. टी. ५)।

अन्तराय के विनाश से जो वीर्य की प्राप्ति होती है उसे शक्ति कहते हैं। परमागम से युक्त युक्तिरूप सामर्थ्य को भी प्रसंगानुसार शक्ति कहा गया है।

शक्तितस्तप—१. अनिगूहितवीर्यस्य मार्गाविरोधिकायक्लेशस्तपः। शरीरमिदं दुःखकारणमनित्यमशुचि, नास्य यथेष्टभोगविधिना परिपोषो युक्तः, अशुच्यपीद गुण-रत्नसचयोपकारीति विचिन्त्य विनिवृत्तविषयसुखाभिष्वङ्गस्य स्वकार्यं प्रत्येतद् भृतकमिव नियुञ्जानस्य यथाशक्ति मार्गाविरोधिकायक्लेशानुष्ठान तप इति निश्चीयते। (त. वा. ६, २४, ७)। २. अनिगूहितवीर्यस्य सम्यग्मार्गाविरोधतः। कायक्लेश. समाख्यातं विशुद्धं शक्तितस्तपः॥ (त. श्लो ६, २४, ६)। ३. शरीरमिद दुःखकारणमनित्यमशुचि, नास्य यथेष्ट भोगविधिना परिपोषो युक्त., अशुच्यपीद गुण-रत्नसंचयोपकारीति विचिन्त्य विनिवृत्तविषयसुखाभिष्वगस्य कार्यं प्रत्येतद् भृतक मिवनियुञ्जानस्य यथाशक्ति मार्गाविरोधकायक्लेशानुष्ठानं तप.। (चा. सा. पृ. २५)।

१ यह शरीर दुःख का कारण, अनित्य और अपवित्र है; अभीष्ट भोगों के द्वारा इसको पुष्ट करना योग्य नहीं है, अपवित्र होकर भी यह गुण रूप रत्नों के सचित करने में उपकारी है; यह विचार करके विषयसुख में आसक्त न होकर उसका उपयोग दास के समान करना—जिस प्रकार केवल कार्य के सम्पादनार्थ सेवक को भोजन अथवा वेतन आदि दिया जाता है उसी प्रकार रत्नत्रयादि गुणों के प्राप्त करने के लिए यथायोग्य उस शरीर का पोषण करना—तथा शक्ति के अनुरूप आगमानुसार कायक्लेश करना, यह शक्तितस्तप कहलाता है।

शक्तितस्त्याग—१. परप्रीतिकरणातिसर्जनं त्याग.। आहारो दत्तः पात्राय तस्मिन्नहनि तत्प्रीतिहेतुर्भवति, अभयदानमुपपादितमेकभवव्यसननोदनकरम्, सम्यग्ज्ञानदान पुन अनेकभवशतसहस्रदुःखोत्तारकारणम्, अत एतत्त्रिविध यथाविधि प्रतिपाद्यमान त्यागव्यपदेशभाग्भवति। (त. वा. ६, २४, ६)। २. शक्तितस्त्याग उद्गीत प्रीत्या स्वस्यातिसर्जनम्। नात्मपीडाकर नापि सम्पद्यनतिसर्जनम्॥ (त. श्लो. ६, २४, ८)। ३. आहारो दत्त. पात्राय तस्मिन्नहनि तत्प्रीतिहेतुर्भवति. अभयदानमुपपादितमेकभवव्यसननोदनकरम्, सम्यग्ज्ञानदान पुनरनेकभवशतसहस्रदुःखोत्तारणकारणम्, अतस्त्रिविधाहाराभय-ज्ञानदानभेदेन यथाविधि प्रतिपाद्यमानं त्याग.। (चा सा पृ. २५)।

१ पात्रके लिए दिया गया आहार उसी दिन में उसकी प्रीति का कारण होता है, अभयदान एक भव की आपत्तियों को दूर करने वाला है; सम्यग्ज्ञान का दान हजारों भवों के दुःखों से मुक्त कराने वाला है, इस कारण विधिपूर्वक इस तीन प्रकार के दान को देना, इसे शक्तितस्त्याग कहा जाता है।

शकुनि—शकुनि उत्कटवेदोदयः सप्तधातुक्षयेऽपि यस्य कामोद्गमो न क्षीयते। (आचा. वि पृ ७४)।

तीव्र वेद के उदयवश जिसके काम का आविर्भाव सात धातुओं के क्षय में भी क्षीण नहीं होता है उसे शकुनि कहा जाता है।

शक्तुक्षेत्र—शक्तुक्षेत्रं यत्र यवा बाहुल्येन समुत्पद्यन्ते सक्तवः संततमुपभुज्यन्ते। (प्राय. स. वि. ४, १३६)।

जिस स्थान में जौ बहुतायत से होते हैं तथा वे उपभोग में ही आते हैं उसे शक्तुक्षेत्र कहते हैं।

शङ्का—१. अधिगतजीवाजीवादितत्त्वस्यापि भग-

वतः शासनं भावतोऽभिप्रपन्नस्यासंहार्यमतेः सम्यग्दृष्टेरर्हतोक्तेषु अत्यन्तसूक्ष्मेष्वतीन्द्रियेषु केवलागमगम्येष्वर्थेषु यः सन्देहो भवत्येव [व] स्यादिति सा शङ्का। (त. भा. ७–१८)। २. संशयकरणं शङ्का, भगवदर्हत्प्रणीतेषु पदार्थेषु धर्मास्तिकायादिष्वत्यन्तगहनेषु मतिदौर्बल्यात् सम्यगनवधार्यमाणेषु संशय इत्यर्थः। (आ. प्र. टी. ८७)। ३. तत्र शङ्कन शंका, भगवदर्हत्प्रणीतेषु पदार्थेषु धर्मास्तिकायादिष्वत्यन्तगहनेषु मतिदौर्बल्यात् सम्यगनवधार्यमाणेषु संशय इत्यर्थः, किमेवं स्यात् नैवमिति सशयकरण शङ्का। (आव. अ. ६, पृ. ८१४)। ४. संसयकारण संका × × ×। (जीतक. चू. पृ. १३)। ५. शङ्कनं शङ्कितं शङ्का। (व्यव. भा. मलय. वृ. ६४, पृ. २६)। ६. विश्वं विश्वविदाज्ञयाभ्युपयतः शङ्कास्तमोहोदयाज्ज्ञानावृत्युदयान्मतिः प्रवचने दोलायिता संशयः। दृष्टि निश्चयमाश्रिता मलिनयेत् सा नाहिरज्ज्वादिगा या मोहोदयसशयात्तदरुचिः स्यात् सा तु सशीतिदृक्॥ (अन. ध. २–७१)। ७. शंका सन्देहः सर्वज्ञस्तत्प्रतिपादिताश्चार्था सन्ति न सन्तीति वा। (चारित्रभ. ३, पृ. १८७)। ८. नैर्ग्रन्थ्यं मोक्षमार्गोऽयं तत्त्वं जीवादिदेशितम्। को वेत्तीत्थ भवेन्नो वा भावः शङ्केति कथ्यते॥ (धर्मस. श्रा. ४–४५)।

१ जीवाजीवादि तत्त्वों के ज्ञाता भगवान् वर्धमान जिनेन्द्र के मत को भाव से स्वीकार करके व उस पर श्रद्धा रखते हुए सम्यग्दृष्टि के जिनोपदिष्ट अतिशय सूक्ष्म केवलज्ञानगम्य व आगमगम्य ऐसे अतीन्द्रिय पदार्थों के विषय में जो यह सन्देह होता है कि ऐसा होगा या नहीं, यह सम्यग्दर्शन को मलिन करने वाला एक शंका नाम का अतिचार है। ७ सर्वज्ञ और उसके द्वारा उपदिष्ट पदार्थ हैं अथवा नहीं हैं, इस प्रकार का जो सन्देह होता है इसे शंका कहा जाता है।

शङ्कित—१. असणं च पाणयं वा खादीयमध सादियं च अज्झप्पे। कप्पियमकप्पियत्ति य संदिद्ध सकिय जाणे॥ (मूला. ६–४४)। २. किमिय योग्या वसतिर्नेति शङ्किता। (भ. आ. विजयो. ३–२३०)। ३. शंकितं शंकित सेव्यमेतदन्नं न वेति यत्। (आचा. सा. ८–४६)। ४. आधाकर्मकादिशङ्काकलुषितो यदन्नाद्यावत्ते तच्छंकितं यं च दोषं शङ्कते तमापद्यते। (योगशा. स्वो. विव. १–३८, पृ. १३६)। ५. संदिग्धं किमिदं भोज्यमुक्तं नो वेति शङ्कितम्। (अन. ध. ५–२९)। ६. किमियं योग्या वसतिर्न वेति शकिता। (भ. आ. मूला. २३०)। ७. एतदन्नं सेव्यमसेव्यं वेति शङ्कितम्। (भावप्रा टी. ९८)।

१ अमुक अशन, पान, खाद्य और स्वाद्य पदार्थ आगमानुसार ग्रहण करने योग्य हैं या नहीं, इस प्रकार के सन्देह के रहते हुए यदि उसे ग्रहण किया जाता है तो उससे शंकित नाम का अशनदोष होता है। ४ आधाकर्म आदि की शंका से उत्पन्न मलिनता से युक्त साधु जिस अन्न को ग्रहण करता है वह शंकित दोष से दूषित होता है।

शङ्खनिधि—देखो पाण्डुनिधि। १. काल-महाकाल पडू माणव सखा य पउम-णइसप्पा। पिंगल णाणारयणो णवणिहिणो सिरिपुरे जादा॥ उडुजोग्गदव्वभायण-धण्णायुह-तूर-वत्थ-हम्माणि। आभरणारयणणियरा णवणिहिणो देंति पत्तेयं॥ (ति. प. ४, १३८४ व १३८६)। २. णट्टविही णाडगविही कव्वस्स य चउव्विहस्स उप्पत्ती। सव्वे महाणिहिमी तुडिअगाण च सव्वेसि॥ (जम्बूद्वी. ३–६६, पृ. २५७)। ३. चतुर्द्धाकाव्यनिष्पत्तिर्नाट्य-नाटकयोर्विधे। तूर्याणामखिलानां चोत्पत्तिः शंखान्महानिधे॥ (त्रि. श. पु. च. १, ४, ५८२)।

१ जो निधि सब प्रकार के बाद्यों को दिया करती है उसे शङ्खनिधि कहा जाता है। २ शंखनिधि में नृत्य की विधि, नाटक की विधि, धर्मादि चार प्रकार के पुरुषार्थ से सम्बद्ध अथवा संस्कृत, प्राकृत, अपभ्रंश और संकीर्ण (शौरसेनी) इन चार भाषाओं में निबद्ध चार प्रकार के काव्यों (गद्य, पद्य, गेय व चौर्ण) की उत्पत्ति तथा सब बाद्यों की उत्पत्ति कही गई है।

शङ्खावर्तयोनि—१. तत्थ य सखावत्ते णियमा दु विवज्जए गब्भो॥ (मूला. १२–६१; गो. जी. ८१)। २. तेसु संखावत्ता गब्भेण विवज्जिदा होदि॥ (ति. प. ४, २९५१)। ३. शंख इव आवर्तो यस्य [स्याः सा] शंखावर्तका योनिः। (मूला. वृ. १२, ६१)।

१ शंख के समान भुनाव वाली जिस योनि में गर्भ नहीं रहता उसे शङ्खावर्तयोनि कहा जाता है।

शठवन्दन—१. वीसंभट्ठाणमिण सब्भावजडे सढ त्ति एयं। कवडति कइयवंति य सढयावि हुंति एगट्ठा॥ (प्रव. सारो. १६७)। २. विस्रम्भो विश्वासः, तस्य स्थानमिद वन्दनकम्, एतस्मिन् यथावद्दीयमाने श्रावकादयो दिश्वसन्तीत्यर्थः, इत्यभिप्रायेणैव सद्भावजडे सद्भावरहितेऽन्तर्भावशून्ये वन्दमाने शिष्ये शठमेतद् वन्दनकं भवतीति। (आव. हरि. वृ. मल. हेम. टि. पृ. ८६; प्रव. सारो. वृ. १६७)। ३. शठं शाठ्येन विश्रम्भार्थं वन्दन ग्लानादि व्यपदेश वा कृत्वा न सम्यग्वन्दनम्। (योगशा. स्वो. विव. ३-१३०)।

१ मेरे यथाविधि वन्दना करने पर श्रावक आदि मेरे ऊपर विश्वास करेंगे, इस अभिप्राय से वन्दना को विश्वास का स्थान मानकर छल से जो वन्दना की जाती है उसे शठवन्दन कहा जाता है। कपट, कैतव और शठता ये समानार्थक हैं।

शतपृथक्त्व—तिस्सदप्पहुडि जाव णवसदाणि त्ति एदे सव्ववियप्पा सदपुधत्तमिदि वुच्चति। (धव. पु. ७, पृ. १५७)।

तीन सौ से लेकर नौ सौ तक जितने विकल्प हैं वे सब शतपृथक्त्व के अन्तर्गत हैं।

शत्रु—नास्त्यविवेकात्परः प्राणिना शत्रु.। (नीतिवा. १०-४५, पृ. १२१)।

प्राणियों का शत्रु विवेकशून्यता है, उसको छोड़ अन्य कोई शत्रु नहीं है।

शनैश्चरसंवत्सर—शनैश्चरनिष्पादित सवत्सर शनैश्चरसंवत्सरः शनैश्चरसम्भव.। (सूर्यप्र. सू. मलय. वृ. १०-२०, पृ. १५४)।

शनैश्चर ग्रह से सम्भव वर्ष का नाम शनैश्चरसंवत्सर है।

शबरबधूदोष—१. शबरबधूरिव जघाभ्या जघने विपीड्य कायोत्सर्गेण तिष्ठति तस्य शबरबधूदोषः। (मूला. वृ. ७-१७१)। २. हस्तौ गुह्यदेशे स्थापयित्वा शबर्या इव स्थान शबरीदोषः। (योगशा. स्वो. विव. ३-१२६)। ३. गुह्य कराभ्यामावृत्य शबरीवच्छबर्यपि। (अन. ध. ८-११४)।

१ भील स्त्री के समान जंघाओं से जघनों को पीड़ित कर कायोत्सर्ग में स्थित होने पर वह शबरबधू (शबरी) नामक दोष से मलिन होता है। २ दोनों हाथों को गुह्य प्रदेशों (जननेन्द्रिय) पर रखकर कायोत्सर्ग में स्थित होना, यह एक कायोत्सर्ग का शबरी नामक छठवां दोष है।

शबरीदोष—देखो शबरबधूदोष।

शबल—शबल कर्बुरं चारित्रं यैः क्रियाविशेषैर्भवति ते शबलाः, तद्योगात् साधवोऽपि। (समवा. वृ. २१)।

शबल नाम कर्बुर—मिश्रित अनेक रंगों का है, जिन विविध प्रवृत्तियों से चारित्र चित्र-विचित्र होता है उन्हें शबल कहा जाता है तथा उनके सम्बन्ध से वैसा आचरण करने वाले साधुओं को भी शबल कहा जाता है।

शब्द—१. शपत्यर्थमाक्षिपति प्रत्यायति, शप्यते येन, शपनमात्रं वा शब्द.। (त वा ५, २४, १)। २. बाह्यश्रवणेन्द्रियावलम्बितो भावेन्द्रियपरिच्छेद्यो ध्वनिः शब्द। (पचा. का. अमृत. वृ ७६)। ३. शब्द. श्रवणेन्द्रियगोचरो भावः। (सिद्धिवि. वृ. ६, २, पृ. ५६४)। ४. शब्द्यते अभिधीयते अनेनेति शब्दो ध्वनि. श्रोत्रेन्द्रियविषय। (स्थानां. अभय. वृ. ४७); शब्द्यते अभिधीयतेऽभिधेयमनेनेति शब्दो वाचको ध्वनि। ××× शब्दनमभिधानम्, शब्द्यते वा यः, शब्द्यते वा येन वस्तु स शब्दः, तदभिधेयविमर्शपरो नयोऽपि शब्द एवेति। (स्थानां. अभय. वृ. १८६)। ५. शब्दो वर्ण-पद-वाक्यात्मको ध्वनिः। (लघीय. अभय. वृ. १६, पृ. ६६)।

१ जो अर्थ को बुलवाता है—जतलाता है, जिसके द्वारा पदार्थ का ज्ञान कराया जाता है उसे अथवा उच्चारण मात्र को शब्द कहते हैं। इस प्रकार यहां कर्ता, करण और भाव की अपेक्षा शब्द का निरुक्त्यर्थ प्रगट किया गया है। २ जो बाह्य श्रोत्रेन्द्रिय के आश्रित है तथा भाव श्रोत्रेन्द्रिय के द्वारा जाना जाता है उसका नाम शब्द है। ४ श्रोत्रेन्द्रिय की विषयभूत ध्वनि को शब्द कहा जाता है।

शब्ददोष—१. शब्द कुवाणो यो वन्दनादिक करोति मौन परित्यज्य तस्य शब्ददोषः। (मूला. वृ. ७, १०८)। २. शब्दो जल्पक्रिया > ××। (अन. ध. ८-१०६)।

१ जो मौन को छोड़कर शब्द करता हुआ वन्दना आदि करता है उसके शब्ददोष होता है। यह एक वन्दना का दोष है।

१ जो वचन दूसरों को संताप देने वाला हो उसे छोड़कर ऐसा वचन बोलना जो अपना और पर का हित करने वाला हो, इसे सत्य कहा जाता है। यह दस धर्मों में गिना है। २ प्रशस्त जनों में जो उत्तम वचन का व्यवहार होता है, उसे सत्य कहते हैं। ३ पदार्थ के होते हुए जो तद्विषयक वचन बोला जाता है अथवा समीचीन अर्थ को जो विषय करता है उसे सत्य वचन माना जाता है। ऐसा सत्य वचन कठोरता, पिशुनता, असभ्यता, चंचलता और कलुषता आदि से रहित होता है। वह भ्रान्ति से रहित मधुर, विनम्रता का सूचक, सन्देह से मुक्त और औदार्य आदि गुणों से युक्त होता है।

सत्यधर्म—देखो सत्य।

सत्यप्रवाद—१. वाग्गुप्तिसंस्कारकारणप्रयोगो द्वादशधा भाषा वक्तारश्चानेकप्रकारमृषाभिधान दशप्रकारश्च सत्यसद्भावो यत्र प्ररूपित तत्सत्यप्रवादम्। (त. वा. १, २०, १२)। २. सच्चपवाद पुण वारसण्ह वत्थूण १२ दुसयचालीसपाहुडाण २४० छअहियएगकोडिपदेहि १००००००६ वाग्गुप्तिः वाक्संस्कारकारण प्रयोगो द्वादशधा भाषा वक्तारश्च अनेकप्रकार मृषाभिधानं दशप्रकारश्च सत्यसद्भावो यत्र प्ररूपितस्तत्सत्यप्रवादम्। एतस्य पदप्रमाण षडाधिकैककोटी १००००००६। (धव. पु ९, पृ. २१६)। ३ सच्चपवादो ववहारसच्चादिदसविहसच्चाणं सत्तभंगीए सयलवत्थुणिरूवणविहाण च भणइ। (जयध. १, पृ. १४१)। ४. सत्यप्रवाद षष्ठं सत्य संयम. सत्यं वचन वा, तद्यत्र सभेद सप्रतिपक्ष च वर्ण्यते तत्सत्यप्रवादम्, तस्य पदपरिमाण एका पदकोटी षट् च पदानीति। (समवा. वृ. १४७)। ५ षडाधिकैककोटिपद वाग्गुप्तेः वाक्संस्काराणा कण्ठादिस्थानानाम् आविष्कृतवक्तृत्वपर्यायद्वीन्द्रियादिवक्तृणां शुभाशुभरूपवचःप्रयोगस्य सूचक सत्यप्रवादम् १००००००६। (श्रुतभ. टी. १०, पृ. १७५)। ६. वर्णस्थान-तदाधारद्वीन्द्रियादिजन्तुवचनगुप्तिसंस्कारप्ररूपक षडधिककोटिपदप्रमाण सत्यप्रवादपूर्वम्। (त. वृत्ति श्रुत. १-२०)।

१ जिस पूर्वश्रुत में वचनगुप्ति के संस्कार के कारणभूत प्रयोग, बारह प्रकार की भाषा, वक्ता, अनेक प्रकार के असत्य वचन तथा दस प्रकार के सत्य

वचन की प्ररूपणा की जाती है उसे सत्यप्रवादपूर्व कहा जाता है। ४ सत्य का अर्थ संयम या सत्यवचन है। जिस श्रुत में उस सत्य का भेदों और प्रतिपक्ष के साथ वर्णन किया जाता है वह सत्यप्रवाद कहलाता है। उसकी पदसंख्या एक करोड़ छह (१००००००६) है।

सत्यमनोयोग—१. सब्भावो सच्चमणो जो जोगो सो दु सच्चमणजोगो। (प्रा पंचस. १–८९; धव. पु. १, पृ. २८१ उद्.)। २ सत्यमवितथममोघमित्यनर्थान्तरम्। सत्ये मनः सत्यमन., तेन योगः सत्यमनोयोगः। ××× सत्यवचननिबन्धनः मनसा योगः सत्यमनोयोगः। (धव. पु. १, पृ पृ. २८०, २८१)। ३ सब्भावमणो सच्चो जो जोगो तेण सच्चमणजोगो। (गो. जी. २१८)। ४. सत्यमनः सत्यार्थज्ञानजननशक्तिरूपं भावमन, तेन जनितो यो योगः प्रयत्नविशेषः स सत्यमनोयोगः। (गो. जी. म. प्र. व जी. प्र. २१८)।

१ समीचीन पदार्थ को विषय करने वाला मन सत्यमन कहलाता है, उससे जो योग—आत्मप्रदेशों में परिस्पन्दन—होता है उसे सत्यमनोयोग कहते हैं; ४ सत्य पदार्थविषयक ज्ञान उत्पन्न करने वाली शक्ति का नाम भावमन है, उसके आश्रय से जो योग—प्रयत्नविशेष—होता है उसे सत्यमनोयोग कहा जाता है।

सत्यमहाव्रत—१. रागेण व दोसेण व मोहेण व मोसभासपरिणामं। जो पजहदि साहु सया विदियवय होइ तस्सेव॥ (नि. सा. ५७)। २. रागादीहि असच्च चत्ता परतावसच्चवयणुत्ति। सुत्तत्थाण विकहणे अयधावयणुज्झण सच्च॥ (मूला. १–६)। ३. मुसावाद तिविहं तिविहेण णेव बूया ण भासए। बितिय सोमव्वलक्खण। (ऋषिभासित. १, पृ. १)। ४. मुसावायाओ वेरमण। (समवा. ५)। ५. यद्राग-द्वेष-मोहेभ्यः परतापकर वचः। निवृत्तिस्तु ततः सत्य तद् द्वितीय महाव्रतम्॥ (ह. पु. २–११८)। ६. पारमार्थिकस्य भूतनिह्नवे अभूतोद्भावने च यदभिधान तदेवानृत स्यात्। ××× कृतात्कारितादनुमोदिताद्वाऽनृताद्विरतिः सत्यव्रतम्। (आ. सा. पृ. ४१)। ७. व्रत-श्रुत-यमस्थानं विद्या-विनयभूषणम्। चरण-ज्ञानयोर्बीजं सत्यसज्ञं व्रत मतम्॥ (ज्ञाना. ९–२७, पृ. १२५)। ८. राग-द्वेषादिजासत्यमुत्सृज्यान्याहितं वचः। सत्य तत्त्वान्यथोक्तं च वचन सत्यमुत्तमम्॥ (आचा. सा. १–१७); कृतं सत्यमसत्य वा वच प्राणिहितेहितम्। येन सम्मानविश्वास-यशांसि लभते नरः॥ (आचा. सा. ५, २३)। ९. अनृताद्विरतिः सत्यव्रतं जगति पूजितम्। अनृत त्वभिधानं स्याद् रागाद्यावेशतोऽसतः॥ (अन. ध. ४–३७)। १०. अथ मृषापरित्यागलक्षणं व्रतमुच्यते। सर्वतस्तन्मुनीनां स्याद् ××× ॥ (लाटीसं ६–१)।

१ जो साधु सदा राग, द्वेष और मोह के आश्रय से होने वाले असत्य भाषणरूप परिणाम का त्याग करता है उसके द्वितीय सत्यमहाव्रत होता है। २ राग-द्वेष आदि के वश असत्य वचन का परित्याग करना, अन्य को सन्तप्त करने वाला सत्य वचन भी न बोलना, सूत्र व अर्थ विषयक अन्यथा कथन न करना तथा अन्यथा वचन (अपरमार्थभूत) को छोड़ देना; यह सत्यमहाव्रत का लक्षण है। ३ करने, कराने व अनुमोदनरूप तीन प्रकार के मृषावाद (असत्य वचन) का मन, वचन और काय से परित्याग करना, इसे सत्यमहाव्रत कहा जाता है।

सत्य-मोषमनोयोग—१. ××× जाणुभय सच्चमोस ति। (प्रा पचस. १–८९, धव. पु. १, पृ. २८१ उद्.; गो जी. २१८)। २. तदुभय-(सत्य-मोष-मनो-) योगात्सत्य-मोषमनोयोगः। ××× उभयात्मकवचननिबन्धनमनसा योग सत्यमोष-मनोयोगः। (धव पु १, पृ २८०–२८१)।

२ सत्य और मृषा इन दोनों के निमित्त से जो योग होता है उसे सत्य-मोषमनोयोग कहते हैं।

सत्यवचनयोग—१. दसविहसच्चे वयणे जो जोगो सो दु सच्चवचिजोगो। (प्रा. पचसं. १–९१; धव. पु. १, पृ २८६ उद्; गो. जी. २२०)। २. जनपदादिदशविधसत्यार्थविषयवाग्व्यापारजननसमर्थं स्वरनामकर्मोदयापादितभाषापर्याप्तिजनितभाषावर्गणालम्बनात्मप्रदेशशक्तिरूपं यद्भावववचः, तेन जनितो यो योगः प्रयत्नविशेषः स सत्यवचोयोग.। (गो. जी. म. प्र. व जी. प्र. २२०)।

१ दस प्रकार के सत्यवचन के आश्रय से जो योग—आत्मप्रदेशों में परिस्पन्दन—होता है उसे सत्यवचनयोग कहते हैं।

सत्यवादी—जिणवयणमेव भासदि त पालेदु असक्कमाणो वि। ववहारेण वि अलिय ण वददि जो सच्चवाई सो॥ (कार्तिके. ३६८)।

जो सत्यधर्म के परिपालन में असमर्थ होकर भी जिनागम के अनुसार ही वस्तुस्वरूप का कथन करता है तथा व्यवहार में भी असत्य भाषण नहीं करता है वह सत्यवादी सत्यधर्म का परिपालक होता है।

सत्यसत्य—यद्वस्तु यद्देश-काल-प्रमाकार प्रतिश्रुतम्। तस्मिंस्तथैव सवादि सत्यसत्य वचो वदेत्॥ (सा. ध. ४–४१)।

जो वस्तु जिस देश, काल, प्रमाण और आकार मे नियत रही है उसके विषय मे उसी रूप यथार्थ वचन के बोलने को सत्यसत्य कहा जाता है।

सत्याणुव्रत—१. ××× थूले मोसे ×××। परिहारो। (चारित्रप्रा. २३)। २. स्थूलमलीक न वदति न परान् वादयति सत्यमपि विपदे। यत्तद्वदन्ति सन्तः स्थूलमृषावादवैरमणम्॥ (रत्नक. ३–६)। ३. स्नेह-मोहादिवशाद् गृहविनाशे ग्रामविनाशे वा कारणमित्यभिमतादसत्यवचनान्निवृत्तो गृहीति द्वितीयमणुव्रतम्। (स. सि ७–२०)। ४. लोभ-मोह-भय-द्वेषैर्माया-मान-मदेन वा। न कथ्यमनृत किंचित्त् सत्यव्रतमुच्यते॥ (वरागच १५–११३)। ५. स्नेह-द्वेष-मोहावेशात् असत्याभिधानवर्जनप्रवण.। स्नेहस्य द्वेषस्य मोहस्य चोद्रेकात् यदसत्याभिधान ततो निवृत्तादरो गृहीति द्वितीयमणुव्रतम्। (त. वा. ७, २०, ३)। ६ थूलमुसावायस्स उ विरई दुच्च च पचहा होइ। कन्ना-गो-भुआलिय-नासहरण-कूडसक्खिज्जे॥ (श्रा. प्र. २६०)। ७. यद्रागद्वेष-मोहादेः परपीडाकरादिह। अनृताद्विरतिर्यंत्र तद् द्वितीयमणुव्रतम्॥ (ह. पु. ५८, १३६)। ८. भोगोपभोगसाधनमात्र सावद्यमक्षमा मोक्तुम्। ये तेऽपि शेषमनृत समस्तमपि नित्यमेव मुञ्चन्तु॥ (पु. सि. १०१)। ९. हिंसावयण ण वयदि कक्कसवयण पि जो ण भासेदि। णिट्ठुरवयण पि तहा ण भासदे गुज्झवयण पि॥ हिद-मिदवयण भासदि संतोसकरं तु सव्वजीवाण। धम्मपयासणवयण अणुव्वई हवदि सो विदिओ॥ (कार्तिके. ३३३–३४)। १०. क्रोध-लोभ-मद-द्वेष-राग-मोहादिकारणैः। असत्यस्य परित्यागः सत्याणुव्रतमुच्यत॥ (सुभा. स. ७६६)। ११. स्नेहस्य मोहस्य द्वेषस्य वोद्रेकादसत्याभिधान ततो निवृत्तादरो गृहीति द्वितीयमणुव्रतम्। (चा. सा. पृ. ५)। १२. वा [रा]गादीहि अमच्च परपीडयर तु सच्चवयण पि। वज्जतस्स णरस्स हु विदियं तु अणुव्वय होइ॥ (धर्मर. १४४)। १३. मन्मनत्व काहलत्व मूकत्वं मुखरोगिताम्। वीक्ष्यासत्यफल कन्यालीकाद्यसत्यमुत्सृजेत्॥ कन्या-गो-भूम्यलीकानि न्यासापहरण तथा। कूटसाक्ष्यं च पञ्चेति स्थूलासत्यान्यकीर्त्तयत्॥ (योगशा. २, ५३–५४)। १४. अलिय ण जपणीय पाणिवहकर तु सच्चवयण पि। रायेण य दोसेण य णेय विदिय वय थूलं॥ (वसु. श्रा. २१०)। १५ कन्या-गो-क्ष्मालीककूटसाक्ष्य-न्यासापलापवत्। स्यात्सत्याणुव्रती सत्यमपि स्वान्यापदे त्यजन्। (सा ध. ४–३६)। १६. सभ्यै. पृष्टोऽपि न ब्रूयाद् विवादे ह्यलीक वच। भयाद् द्वेषाद् गुरुस्नेहात्स्थूल सत्यमिद व्रतम्॥ (धर्मसं श्रा. ६, ४६)। १७. लाभ-लोभ-भयद्वेषैर्व्यलीकवचन पुन.। सर्वदा तन्न वक्तव्य द्वितीय तदणुव्रतम्॥ (पू. उपासका. २४)। १८ ××× देशतो वेश्मवासिनाम्॥ (लाटीसं. ६–१)।

१ स्थूल मृषा (असत्य) वचन का जो त्याग किया जाता है उसे सत्याणुव्रत कहते हैं। २ स्थूल असत्य को स्वय न बोलना, दूसरो से न बुलवाना तथा विपत्तिजनक सत्य भी न बोलना, यह स्थूल मृषावाद से विरत होना है—सत्याणुव्रत का लक्षण है। ६ कन्याविषयक, गायविषयक व भूमिविषयक असत्य, न्यास (अमानत) का अपहरण तथा न्यायालय आदि में असत्य साक्षी देना, यह पांच प्रकार का स्थूल असत्य है। इस सब के परित्याग को द्वितीय सत्याणुव्रत कहा जाता है। ८ जो सत्याणुव्रती गृहस्थ भोग-उपभोग के साधन मात्र सावद्य के छोड़ने में असमर्थ हैं वे भी सदा शेष असत्य वचन को छोड़ देते हैं।

सत्यासत्य—वाच्यं कालातिक्रमेण दानात् सत्यमसत्यगम्। (सा. ध. ४–४२)।

उधार लिए हुए धन आदि को नियत समय पर न देकर कुछ समय के पश्चात् देना, यह असत्य के आश्रित सत्य वचन कहलाता है। कारण यह है कि समय पर नहीं दिये जा सकने से यद्यपि असत्य का भागी हुआ है, फिर भी उसको अस्वीकार न

कर पीछे अनुकूलता होने पर उसे वापिस कर दिया, अतः सत्य का भी परिपालन हुआ है।

सत्त्व (जीव)—१ दुष्कर्मविपाकवशान्नानायोनिषु सीदन्तीति सत्त्वा. जीवा.। (स. सि. ७–११)। २. अनादिकर्मबन्धवशात् सीदन्तीति सत्त्वाः। अनादिनाष्टविधकर्मबन्धसन्तानेन तीव्रदुःखयोनिषु चतसृषु गतिषु सीदन्तीति सत्त्वा.। (त. वा. ७, ११, ५)। ३. अनादिकर्मबन्धवशात् सीदन्तीति सत्त्वाः। (त. श्लो. ७–११)।

१ पाप कर्म के उदय के वश जो अनेक योनियों में सीदन्ति अर्थात् खेद को प्राप्त होते हैं उनका नाम सत्त्व है। यह जीवों का एक सार्थक नाम है।

सत्त्व (सत्कर्म)—१. ××× अस्तित्वं सत्त्वं ××× ॥ (गो. क. ४३९)। २ कर्मणा विद्यमानत्व यत्सत्त्व तन्निगद्यते। ××× कर्मणां संगृहीताना सत्तोक्ता विद्यमानता॥ (पञ्चस. अमित. ५ व ८, पृ ५४)। ३. सत्त्व वीर्यान्तरायकर्मक्षयोपशमादिजन्य आत्मपरिणामः। (आव. नि मलय. वृ. ५७१)।

१ कर्मों का जो कर्मस्वरूप से आत्मा के साथ अस्तित्व रहता है उसे सत्त्व कहते हैं। २ वीर्यान्तराय कर्म के क्षयोपशम आदि से जो आत्मा का परिणाम होता है उसे सत्त्व कहते हैं। यह तीर्थंकरों के कर्मोदय से होने वाले संहननादिकों में से एक है।

सत्त्वपरिगृहीतत्व—१. सत्त्वपरिगृहीतत्वं साहसोपेतता। (समवा. वृ. ३६; ओपपा. वृ पृ. २२)। २. सत्त्वपरिगृहीतत्वमोजस्विता। (रायप. मलय. वृ. १७, पृ. २८)।

१ वचन का साहस से सहित होना, इसका नाम सत्त्वपरिगृहीतत्व है। यह ३५ वचनातिशयों में ३३वां है। २ वचन का ओज गुण से सहित होना, इसे सत्त्वपरिगृहीतत्व कहते हैं।

सत्त्वप्रकृति– जासिं पुण पयडीण बधो चेव णत्थि, बधे सते वि जासिं पयडीण ट्ठिदिसतादो उवरि सव्वकाल बधो ण सभवदि ताओ सतपयडीओ, सतपहाणत्तादो। (धव. पु. १२, पृ. ४९५)।

जिन प्रकृतियों का बन्ध ही नहीं है अथवा बन्ध के होने पर भी जिन प्रकृतियों का सर्वदा स्थितिसत्त्व से ऊपर बन्ध सम्भव नहीं है वे सत्त्वप्रकृतियां कहलाती हैं।

सदृशकुष्टि—जदि जे अणुभागे उदीरेदि एक्किस्से वग्गणाए सव्वे ते सरिसा णाम। (कषायप्रा. चू. पृ. ८८४)।

उदय में आने वाली अनेक कुष्टिकों के एक वर्गणा रूप से परिणत होकर उदय में आने को सदृशकुष्टि कहते हैं।

सद्गुरु—सम्यक्त्वेन व्रतेनापि युक्तः स्यात् सद्गुरुर्यतः। (पंचाध्या. २–६०४)।

जो सम्यक्त्व व व्रत सहित होता है उसे सद्गुरु माना जाता है।

सद्दर्शन—देखो सम्यग्दर्शन। १. त्रिकालविद्भिस्त्रिजगच्छरण्यैर्जीवादयो वेऽभिहिताः पदार्थाः। श्रद्धानमेषा परया विशुद्धया सद्दर्शनं सम्यगुदाहरन्ति॥ (वरांगच. १०–२०)। २. यम-प्रशमजीवातुर्बीज ज्ञान-चरित्रयोः। हेतुस्तपःश्रुतादीना सद्दर्शनमुदीरितम्॥ (योगशा. स्वो. विव. १७, पृ. ११८)।

१ त्रिकालज्ञ (सर्वज्ञ) के द्वारा कहे गये जीवादि पदार्थों का जो विशुद्धिपूर्वक श्रद्धान किया जाता है उसे सद्दर्शन (सम्यग्दर्शन) कहते है।

सद्दृष्टि— १. छद्दव्व णव पयत्था पंचत्थी सत्त तच्च णिद्दिट्ठा। सद्दहइ ताण रूव सो सद्दिट्ठी मुणेयव्वो॥ (दर्शनप्रा. १९)। २. णियमुद्धप्पणुरत्तो बहिरप्पावच्छवज्जिओ णाणी। जिण-मुणि-धम्म मण्णइ गयदुक्खो होइ सद्दिट्ठी॥ मयमूढमणायदण सकाइवसण भयमईयार। जिण-मुणि-धम्म मण्णइ गयदुक्खी होइ सद्दिट्ठी॥ (र. सा ६–७)। ३. उत्तमगुणगहणरओ उत्तमसाहूण विणयसजुत्तो। साहम्मियअणुराई सो सद्दिट्ठी हवे परमो॥ देहमिलिय पि जीव णियणाणगुणेण मुणदि जो भिण्ण। जीवमिलिय पि देह कचुवसरिस वियाणेइ॥ णिज्जियदोस देव सव्वजिवाण दयावर धम्म। वज्जियगथं च गुरुं जो मण्णदि सो हु सद्दिट्ठी॥ (कार्तिके. ३१५–१७)। ४. यस्य नास्ति (काक्षिता भावः) स सद्दृष्टिः युक्ति-स्वानुभवागमात्। (लाटीसं. ४–७४)।

१ जो छह द्रव्यों, नौ पदार्थों, पांच अस्तिकायों और सात तत्त्वों के स्वरूप का श्रद्धान करता है उसे सद्दृष्टि (सम्यग्दृष्टि) जानना चाहिए।

सद्धर्मकथा—यतोऽभ्युदय-निःश्रेयसार्थससिद्धिरंजसा। स धर्मस्तन्निबद्धा या सा सद्धर्मकथा स्मृता॥ (म. पु. १–१२०)।

स्वर्गादि अभ्युदय और मुक्ति के साधनभूत धर्म से सम्बद्ध कथा को सद्धर्मकथा माना गया है।

सद्भावपर्याय— सद्भावपर्यायनिमित्तेनादेशेनार्पितमात्मरूपद्रव्यमित्येव सद्द्रव्यत्वमेव हि सद्भावपर्यायः। (त. भा. सिद्ध. वृ. ५-३१, पृ. ४१४)।

सद्भावपर्यायनिमित्तक आदेश से विवक्षित आत्मरूप द्रव्य है, उसके द्रव्यत्व को ही सद्भावपर्याय कहा जाता है।

सद्भावमार्गणा—यत्र च कल्पे स्थितो वर्त्तते तत्र सद्भावतः। उक्तं च—खेत्ते दुहेह मग्गण जम्मणतो चेव संतिभावे य। जम्मणतो जहिं जातो सतो भावो य जहिं कप्पे॥ (आव. नि. मलय वृ. ११४)।

जिस कल्प मे परिहारविशुद्धिक संयत स्थित है उसमें जो अन्वेषण किया जाता है, इसका नाम सद्भावतः क्षेत्रमार्गणा है।

सद्भावस्थापना—१. तदाकारवती सद्भावस्थापना। (अनुयो. हरि. वृ. पृ. ७)। २. अध्यारोप्यमाणेण मुख्येन्द्रादिना समाना सद्भावस्थापना। (न्यायकु. ७६, पृ. ८०५)। ३. सायारवतवत्थुम्मि जं गुणारोवण पढमा॥ (वसु श्रा ३८३)। ४. मुख्यद्रव्याकृतिः सद्भावस्थापना अर्हत्प्रतिमादिः। (लघीय. अभय. वृ. ७६, पृ. ९८)।

१ जिसकी स्थापना करना अभीष्ट है उसके आकार वाली स्थापना सद्भावस्थापना कही जाती है। २ जिस मुख्य इन्द्र आदि का अध्यारोपण किया जा रहा है उससे आकार में समानता रखने वाली स्थापना को सद्भावस्थापना कहते हैं।

सद्भावस्थापनाजिन—जिणायारसंठियं दव्वं सब्भावट्ठवणजिणो। (धव. पु. ९, पृ. ६)।

जिनदेव के आकार में स्थित द्रव्य (पाषाण आदि) को सद्भावस्थापनाजिन कहते हैं।

सद्भावस्थापनान्तर—भरह-बाहुबलीणमंतरमुब्भेल्लतो णदो सब्भावठवणंतरं। (धव पु. ५, पृ. २)।

भरत और बाहुबली के मध्य उठता हुआ नद सद्भावस्थापनान्तरस्वरूप है।

सद्भावस्थापनापूजा—क्रियते यद्गुणारोपः सा-ऽऽख्या साकारवस्तुनि॥ (धर्मसं. श्रा. ९-८८)।

तदाकार वस्तु में (मूर्ति आदि में) जो गुणों का आरोप किया जाता है, इसे सद्भावस्थापनापूजा कहते हैं।

सद्भावस्थापनाबन्ध—एदेसु कम्मेसु (कट्ठकम्मादिसु) जहासरूवेण ट्ठविदबंधो सब्भावट्ठवणबंधो णाम। (धव. पु. १४, पृ. ६)।

इन काष्ठकर्म आदि में स्वरूप के अनुसार बन्ध की स्थापना की जाती है उसका नाम सद्भावस्थापनाबन्ध है।

सद्भावस्थापनाभाव—विराग-सरागादिभावे अणुहरंती ठवणा सब्भावठवणाभावो। (धव. पु. ५, पृ. १८३)।

राग रहित और राग सहित भावों का अनुसरण करने वाली स्थापना को सद्भावस्थापनाभाव कहते हैं।

सद्भावस्थापनावेदना—पाएण अणुहरंतदव्वभेदेण इच्छिददव्वट्ठवणा सब्भावट्ठवणवेयणा। (धव. पु. १०, पृ. ७)।

प्रायः अनुसरण करने वाले द्रव्य के भेद से इच्छित द्रव्य में जो वेदना की स्थापना की जाती है उसे सद्भावस्थापनावेदना कहते हैं।

सद्भावस्थापनाव्रत— हिंसादिनिवृत्तिपरिणामवत आत्मनः शरीरस्य बंधं प्रत्येकत्वात् आकारः सामायिके परिणतस्य सद्भावस्थापनाव्रतम्॥ (भ. आ. ११८५)।

हिंसा आदि से निवृत्तिरूप परिणाम से युक्त आत्मा शरीर के बन्ध के प्रति एक है, इसलिए सामायिक में परिणत उसका आकार सद्भावस्थापनाव्रत है।

सद्भूतानिषेधवचन— देखो सद्भूतार्थनिषेधवचन।

सद्वेदनीय—१ यदुदयाद् देवादिगतिषु शारीरमानससुखप्राप्तिस्तत् सद्वेद्यम्। (स. सि. ८-८; त. श्लो. ८-८; भ. आ. मूला. २१२१)। २. यस्योदयाद्देवादिगतिषु शारीर-मानससुखप्राप्तिस्तत्सद्वेद्यम्। देवादिषु गतिषु बहुप्रकारजातिविशिष्टासु यस्योदयात् अनुगृहीत-सम्बन्धापेक्षात् प्राणिनां शारीर-मानसानेकविधसुखपरिणामस्तत्सद्वेद्यम्, प्रशस्तं वेद्यं सद्वेद्यम्। (त. वा. ८, ८, १)। ३. अभिमतमिष्टमात्मनः कर्तुरुपभोक्तुर्मनुज-देवादिजन्मसु शरीर-मनोद्वारेण सुखपरिणतिरूपमागन्तुकानेकमनोज्ञद्रव्य-क्षेत्र-काल-भावसम्बन्धसमासादितपरिपाकावस्थमति बहुभेदं यदुदयाद्भवति तदाचक्षते सद्वेदनीयम्। (त. भा. हरि. वृ. ८-९)। ४. आह्लादरूपेण

यद्वेद्यते तत्सातवेदनीयम्। (आ. प्र. १४)। ५. यस्योदयात् सुख तत् स्यात् सद्वेद्य देहिना तथा। (त. श्लो ८, २५, १)। ६. यदुदयाद् देव-मनुष्य-तिर्यग्गतिषु शरीर मानस च सुखं लभते तद् भवति सद्वेद्यम्। (त वृत्ति श्रुत. ८-८)।

१ जिसके उदय से देवादि गतियों में शारीरिक और मानसिक सुख की प्राप्ति होती है उसे सद्वेद्य कहा जाता है। ४ जिसका वेदन आह्लाद स्वरूप से होता है उसे सद्वेद्य कहते हैं।

सद्वेद्य —देखो सद्वेदनीय।

सधर्मा —सधर्मणे—समान आत्मना समो धर्म क्रिया-मत्र-व्रतादिलक्षणो गुणो यस्य तस्मै ×>×। (सा. ध. स्वो टी २-५६)।

जिसका क्रिया, मत्र और व्रत आदि रूप धर्म अपने समान होता है उसे सधर्मा कहा जाता है।

सधूमभोजन त पुण होइ सधूम ज आहारेइ निंदतो॥ (पिण्डनि ६५५)।

साधु निन्दा करते हुए जिस भोजन का उपयोग करता है वह सधूम नामक ग्रासैषणादोष से दूषित होता है।

सनिरुद्ध कायक्लेश—सणिरुद्ध निश्चलमवस्थानम्। (भ. आ. विजयो. व मूला. २२३)।

कायोत्सर्ग में निश्चलरूप से स्थित रहना, यह सनिरुद्धस्थानयोग कहलाता है।

सन्तान—पूर्वापरकालभाविनोरपि हेतु-फलव्यपदेश-भाजोरतिशयात्मनोरन्वयः सन्तान। (अष्टश. २६)।

पूर्वोत्तर काल में रहते हुए भी अतिशयस्वरूप कारण व कार्य कहलाने वालों में जो अन्वय रहता है उसे सन्तान कहा जाता है।

सन्तोषव्रत—देखो परिग्रहपरिमाणाणुव्रत। वास्तु क्षेत्र धन धान्य पशु-प्रेष्यजनादिकम्। परिमाण कृत यत्तत्सन्तोषव्रतमुच्यते॥ (वरांगच. १५-११६)।

वास्तु, क्षेत्र, धन, धान्य, पशु और दास आदि बाह्यपरिग्रह के विषय में जोपरिमाण किया जाता है उसे सन्तोषव्रत कहते हैं। यह परिग्रहपरिमाण-व्रत का नामान्तर है।

सन्दिग्ध अर्थ—किमयं स्थाणुः पुरुषो वेति चलित-प्रतिपत्तिविषयभूतो ह्यर्थः सन्दिग्धोऽभिधीयते। (प्र. क. मा. ३-२१, पृ. ३६६)।

'यह ठूंठ है या पुरुष' इस प्रकार जो अनेक विषयों में चलात्मक ज्ञान (सन्देह) होता है उसके विषय-भूत पदार्थ को सन्दिग्ध अर्थ कहा जाता है।

सन्दिग्धासिद्धहेत्वाभास— स्वरूपसन्देहे सन्दिग्धासिद्धः। ××× यथा—धूम-वाष्पादिविवेकानिश्चये कश्चिदाह -अग्निमानय प्रदेशो धूमवत्त्वात् इति। (न्यायदी. पृ. १००)।

स्वरूप में सन्देह रहने पर हेतु स्वरूपासिद्धहेत्वाभास होता है। जैसे - जिसे धूम और वाष्प का भेद ज्ञात नहीं है वह यदि कहता है कि 'यह प्रदेश अग्निवाला है, क्योंकि वह धूमयुक्त है' इसमें यद्यपि धूम हेतु अग्नि का साधक है, पर यहां धूम व वाष्प में सन्देह रहने के कारण इसे सन्दिग्धासिद्धहेत्वाभास माना गया है।

सन्निकर्ष —एकस्मिन् वस्तुन्येकस्मिन् धर्मे निरुद्धे शेषधर्माणा तत्र सत्त्वासत्त्वविचारः, सत्त्वप्येकस्मिन्नुत्कर्षमुपगते शेषाणामुत्कर्षानुत्कर्षविचारश्च सन्निकर्षः। (धव. पु. १३, पृ २८४)।

एक वस्तु मे किसी एक धर्म के विवक्षित होने पर शेष धर्मों के उसमे सत्त्व-असत्त्व का विचार करना तथा उनमें भी किसी एक के उत्कर्ष को प्राप्त होने पर शेष धर्मों के उत्कर्ष-अनुत्कर्ष का भी विचार करना, इसे सन्निकर्ष कहते हैं।

सन्निपात—सन्निपातो द्वि-त्रिभावाना सयोगः। (आव. भा. मलय. वृ. २०२, पृ. ५६३)।

औदयिक व औपशमिकादि भावों में दो-तीन आदि भावों के संयोग को सन्निपात कहते है।

सन्मान—१. स्तुत्यादिगुणोन्नतिकरण सन्मान.। (ललितवि. पृ. ८०)। २. सन्मानो वस्त्रादिपूजनम्। (समवा. अभय वृ ६१)।

१ स्तुति आदि के द्वारा गुणों की उन्नति करने को सन्मान कहते हैं। २ वस्त्रादि के द्वारा पूजा करने का नाम सन्मान विनय है।

सन्मिश्राहार—देखो सचित्तसम्मिश्राहार। तथा सचित्तेन मिश्रः शबलः आहारः सन्मिश्राहारः, यथा-आर्द्रक-दाडिमबीज-कुलिका-चिर्भटिकादिमिश्रः पूरणादिः, तिलमिश्रो यवधानादिर्वा, अयमप्यनाभोगादिनातिचारः। अथवा सम्भवत्सचित्तावयवस्यापक्व-कणिक्कादेः पिष्टत्वादिना अचेतनमिति बुद्धया

आहारः सम्मिश्राहारः सचित्तसापेक्षत्वादतिचारः। (योगशा. स्वो. विव. ३-९८)।

सचित्त से मिले हुए आहार को सम्मिश्राहार कहते हैं। जैसे—अदरख, अनार के बीज, कुलिका और कोरे के बीजों से मिश्रित पूरण आदि; अथवा तिलों से मिश्रित अवधान आदि। अथवा सचित्त अशों से सहित कच्ची कमिक को पीसे जाने से अचित्त मानकर ग्रहण करना, यह सम्मिश्राहार है। यह भोगोपभोगपरिमाणव्रत को दूषित करने वाला उसका एक अतिचार है।

सपक्ष—साध्यसजातीयधर्मा धर्मी सपक्षः। (न्यायदी. पृ. ८३)।

साध्य का सजातीय धर्म जहां रहता है उसे सपक्ष कहते हैं। जैसे—पर्वत में धूम हेतु से अग्नि के सिद्ध करने में रसोईघर।

सपृथक्त्व—द्रव्याद् द्रव्यान्तरं याति गुणाद् गुणान्तरं व्रजेत्। पर्यायादन्यपर्यायं सपृथक्त्वं भवत्यतः॥ (भावसं. वाम. ७०५)।

प्रथम शुक्ल ध्यान में एक द्रव्य से दूसरे द्रव्य, एक गुण से दूसरे गुण और एक पर्याय से दूसरी पर्याय को प्राप्त होता है, इसलिए उसे सपृथक्त्व कहा जाता है।

सप्तभंगी—१. प्रश्नवशादेकस्मिन् वस्तुन्यविरोधेन विधि-प्रतिषेधविकल्पना सप्तभङ्गी। एकस्मिन् वस्तुनि प्रश्नवशाद् दृष्टेनेष्टेन च प्रमाणेनाविरुद्धा विधि-प्रतिषेधकल्पना सप्तभङ्गी विज्ञेया। (त. वा. १, ६, ५)। २. द्रव्य-पर्याय-सामान्य-विशेषप्रविभागतः। स्याद्विधि-प्रतिषेधाभ्यां सप्तभङ्गी प्रवर्तते॥ (न्यायवि. ४५१-५२)। ३. द्रव्य-पर्याय-सामान्य-विधान-प्रतिषेधन॥ सह-क्रमविवक्षायां सप्तभङ्गी तदात्मनि। (प्रमाणसं. ७३-७४)। ४. एकस्मिन्नविरोधेन प्रमाण नयवाक्यतः। सदादिकल्पना या च सप्तभंगीति सा मता॥ (कार्तिके. टी. २२४ उद्.)। ५. एकत्र वस्तुन्येकपर्यायनिरूपितविधि-निषेधकल्पना मूल-सप्तधर्मप्रकारकोद्देश्यशाब्दबोधजनकता पर्याप्त्यधिकरणं वाक्यं सप्तभंगी। (अष्टस. यशो. वृ. १४)। ६. विहि-णिसेहावत्तव्वभंगाणं पत्तेयदुसंजोग-तिसंजोयादीणं तिण्णि तिण्णि एगसंभोयाणं मेलणं सप्तभंगी। (अंगप. पृ. २८८)।

१ प्रश्न के वश एक ही वस्तु में जो प्रत्यक्ष और अनुमान प्रमाण से अविरुद्ध विधि और प्रतिषेध की कल्पना की जाती है उसे सप्तभंगी कहते हैं।

सप्तमी प्रतिमा—सप्तमासान् (पूर्वप्रतिमानुष्ठानसहितः) सचित्ताहारान् परिहरतीति सप्तमी। (योगशा. स्वो. विव. ३-१४८)।

पूर्व छह प्रतिमाओं के अनुष्ठान सहित जो सात मास पर्यन्त सचित्त भोजनों का परित्याग किया करता है वह सातवीं प्रतिमा का परिपालक होता है।

सभ्य—१. आदित्यवद्यथावस्थितार्थप्रकाशनप्रतिभाः सभ्याः। (नीतिवा. २८-३ पृ. २६५); २. तथा च गुरुः—यथादित्योऽपि सर्वार्थान् प्रकटान् करोति च। तथा च व्यवहारार्थान् ज्ञेयास्तेऽमी सभासदः॥ (नीतिवा टी. २८-३)।

१ जो सूर्य के समान अपनी प्रतिभा से यथावस्थित पदार्थों को प्रकाशित किया करते हैं वे राजसभा के सभ्य (सभासद्) माने जाते हैं।

सम (परमाणु) गुणविभागपडिच्छेदेहि लहुक्खपोग्गलेण सरिसो णिद्धपोग्गलो समो णाम। (धव. पु. १४, पृ. ३३)।

जो स्निग्ध पुद्गल अपने गुणविभागप्रतिच्छेदों की अपेक्षा रूक्ष पुद्गल के समान होता है उसे सम कहते हैं।

समगेय—ताल-वंश-स्वरादिसमनुगतं समम्। (राय. प. मलय वृ. पृ. १६२)।

ताल, वंश और स्वर आदि से संयुक्त गेय समगेय कहलाता है।

समचतुरस्रसंस्थान नामकर्म—१. तत्रोर्ध्वाधोमध्येषु समप्रविभागेन शरीरावयवसन्निवेशस्यावस्थापनं कुशलशिल्पिनिर्वर्तितसमस्थितिचक्रवत् अवस्थानकरं समचतुरस्रसंस्थाननाम। (त. वा ८, ११, ८)। २. समं च तच्चतुरस्रं चेति समचतुरस्रम्, यतस्तत्र मानोन्मानप्रमाणमन्यूनाधिकमंगोपांगानि चाधिकृतावयवानि, अध ऊर्ध्वं तिर्यक् च तुल्यम्, स्वांगुलाष्टशतोच्छ्रायांगोपांगयुक्तं युक्तिनिर्मितलेप्यकवद्वा। (त. भा. हरि. वृ. ८-१२)। ३. समं तुल्यारोहपरिणाहं संपूर्णांगोपांगावयवं स्वांगुलाष्टशतोच्छ्रायं समचतुरस्रम्। (अनुयो. हरि. वृ. पृ. ५७)। ४. जस्स कम्मस्स उदएण जीवाणं समचउरससठाण होदि-

तस्स कम्मस्स समचउरससंठाणमिदि सण्णा। (धव. पु. ६, पृ. ७१); चतुर शोभनम्, समन्ताच्चतुरं समचतुरम्, समानमानोन्मानमित्यर्थः। समचतुरं च तत् शरीरसंस्थानं च समचतुरशरीरसंस्थानम्, तस्य संस्थानस्य निर्वर्तकं यत्कर्म तस्याप्येवंच संज्ञा, कारणे कार्योपचारात्। (धव. पु. १३, पृ ३६८)। ५. समचतुरस्र संस्थानं यथा प्रदेशावयवं परमाणूनामन्यूनाधिकता। (मूला वृ. १२–४६)। ६. तत्र समाः सामुद्रिकशास्त्रोक्त-प्रमाणलक्षणाविसंवादिन्यश्चतस्रोऽस्रयश्चतुर्दिग्विभागोपलक्षिताः शरीरावयवा यस्य तत्समचतुरस्रम्, समासान्तोऽत्-प्रत्ययः, समचतुरस्रं च तत्संस्थानं च समचतुरस्रसंस्थानम्। (प्रज्ञाप. मलय वृ. २६८, पृ. ४१२); यदुदयादसुमतां समचतुरस्रसंस्थानमुपजायते तत्समचतुरस्रसंस्थाननाम। (प्रज्ञाप. मलय वृ. २६३, पृ. ४७३)।

१ जिस नामकर्म के उदय से कुशल कारीगर के द्वारा निर्मित समान स्थिति वाले चक्र के समान शरीरगत अवयवों की रचना ऊपर, नीचे और मध्य में समान विभागों को लिए होती है उसे समचतुरस्रसंस्थान कहते हैं। २ जिसके आश्रय से शरीर में सब ओर मान, उन्मान व प्रमाण हीनाधिक नहीं होता है; अंग और उपांग अविकृत अवयवों से परिपूर्ण होते हैं; आकार नीचे, ऊपर व तिरछे में समान होता है, तथा युक्ति से निर्मित मूर्ति के समान शरीर अपने अंगुल से आठ सौ अंगुल ऊंचाई से सहित अंग-उपांगों से सहित होता है उसे समचतुरस्रसंस्थान कहते हैं।

समता—१. सत्तु-मित्त-मणि-पाहाण-सुवण्ण-मट्टियासु राग-दोसाभावो समदा णाम। (धव. पु. ८, पृ. ८४)। २. समदा समभावः जीवित-मरण-लाभालाभ-संयोग-विप्रयोग-सुख-दुःखादिषु रागद्वेषयोरकरणम्। (भ. आ. विजयो. ७८)। ३. समस्य भावः समता, राग-द्वेषादिरहितत्व त्रिकालपंचनमस्कारकरणं वा। (मूला. वृ. १–२२)। ४. लाभालाभ-सुख-क्लेशप्रमुखे समतामतिः। स्वायत्तकरणस्वान्तः ज्ञानिनः समता मता॥ (आचा. सा. १–३४)। ५. समता राग-द्वेषहेतुषु मध्यस्थता। (योगशा. स्वो. विव. ३–८२, पृ. ५०३)। ६. समता जीवित-मरणादिषु रागद्वेषयोरकरणम्। (अन. ध. टी. ७, ६८; भ. आ. मूला. ७०)।

१ शत्रु व मित्र, मणि व पत्थर तथा सुवर्ण और मट्टी में राग और द्वेष का उत्पन्न न होना; इसे समता कहते हैं। ५ राग-द्वेष के कारणों में मध्यस्थ रहना—न राग करना और न द्वेष करना, इसका नाम समता है।

समदत्ति—१. समानायात्मनाऽन्यस्मै क्रिया-मन्त्र-व्रतादिभिः। निस्तारकोत्तमायेह भू-हेमाद्यतिसर्जनम्॥ समानदत्तिरेषा स्यात् पात्रे मध्यमतामिते। समानप्रतिपत्त्यैव प्रवृत्ता श्रद्धयान्विता॥ (म. पु. ३८, ३८–३९)। २. समदत्तिः स्वसमक्रियाय मित्राय निस्तारकोत्तमाय कन्या-भूमि-सुवर्ण-हस्त्यश्व-रथ-रत्नादिदानं स्वसमानाभावे मध्यमपात्रस्यापि दानम्। (चा. सा. पृ. २०; कार्तिके. ३६१)। ३. ×× × बुभुक्षुषु गृहस्थेषु वात्सल्येन यथार्हमनुग्रहः समानदत्तिः। (सा. ध स्वो टी. २–५१)।

१ जो क्रिया, मन्त्र और व्रत आदि से अपने समान है ऐसे निस्तारकोत्तम—संसार-समुद्र से पार उतारने वाले गृहस्थों में श्रेष्ठ गृहस्थ के लिए—अथवा मध्यम पात्र के लिए जो श्रद्धापूर्वक समान आदर भाव से पृथिवी व सुवर्ण आदि को दिया जाता है, इसे समदत्ति कहते हैं।

समधी—निर्ममो निरहंकारो निर्माण-मद-मत्सरः। निन्दायां संस्तवे चैव समधी शंसितव्रतः॥ (उपासका. ८६६)।

जो ममकार और अहंकार से रहित होकर मान, मद व मत्सर भाव को छोड़ चुका है तथा निन्दा व स्तुति में विषाद व हर्ष को नहीं प्राप्त होता है उस प्रशस्त व्रतों से संयुक्त महापुरुष को समधी कहना चाहिए।

समनस्क—देखो संज्ञी। १. संज्ञिनः समनस्काः। (त. सू. दि. २–२४, श्वे. २–२५)। २. सम्प्रधारणसंज्ञाया संज्ञिनो जीवाः समनस्का भवन्ति। सर्वे नारक-देवा गर्भव्युत्क्रान्तयश्च मनुष्यास्तिर्यग्योनिजाश्च केचित्। ईहापोहयुक्ता गुण-दोषविचारणात्मिका सम्प्रधारणसंज्ञा। तां प्रति संज्ञिनो विवक्षिताः, अन्यथा ह्याहार-भय-मैथुन-परिग्रहसंज्ञाभिः सर्व एव जीवाः संज्ञिन इति। (त. वा. २–२५)। ३. मीमंसइ जो पुव्वं कज्जमकज्जं च तच्चमिदरं च। सिक्खइ णामेणेदि य समणो ××

× ॥ (प्रा. पंचसं. १–१७४; गो. जी ६६२)। ४. मनसो द्रव्य-भावभेदस्य सन्निधानात् समनस्काः। (त. श्लो. २–११)। ५. नोइन्द्रियावरणस्यापि क्षयोपशमात् समनस्काः। (पंचा का. ११७)। ६. गृह्णाति शिक्षते कृत्यमकृत्यं सकलं तदा। आभोगाद्भूतः समभ्येति समनस्को × × × ॥ (पंचसं. अमित. ३२०, पृ. ४४)। ७. समस्तशुभाशुभविकल्पातीतपरमात्मद्रव्यविलक्षणं नानाविकल्पजालरूपं मनो भण्यते, तेन सह ये वर्तन्ते ते समनस्काः। (बृ. द्रव्यस. टी १२)। ८ पुद्गलविपाकिकर्मोदयापेक्षं द्रव्यमनः, वीर्यान्तराय-नोइन्द्रियावरणक्षयोपशमापेक्षया आत्मनो विशुद्धिर्भावमन, ईदृग्विधेन मनसा वर्तन्ते ये ते समनस्काः। (त वृत्ति श्रुत. २–११)।

१ संज्ञी जीवों को समनस्क कहा जाता है। २ जिसके आश्रय से जीव दीर्घ काल तक स्मरण रख सकता है तथा भूत-भविष्यत् के विचार के साथ कर्तव्य कार्य का भी विचार करता है उस सम्प्रधारण संज्ञा में वर्तमान संज्ञी जीव समनस्क होते हैं। वे संज्ञी जीव देव, नारक, मनुष्य और कितने ही तिर्यंच भी होते हैं। इस सम्प्रधारण संज्ञा के आश्रय से ही संज्ञी समझना चाहिए, न कि आहारादि चार संज्ञाओं के आश्रय से। ३ कार्य के करने के पूर्व जो उसके करने योग्य या न करने योग्य का विचार करता है, तत्त्व-अतत्त्व का भी विचार करता है, सीखता है, तथा नाम लेने से आता है; वह समनस्क—मन से सहित—होता है।

समनोज्ञ—देखो सम्भोग। १. सम्भोगयुक्ता. समनोज्ञाः। (त. भा. ६–२४)। २. सह वा मनोज्ञैर्ज्ञानादिभिरिति समनोज्ञाः साम्भोगिकाः साधवः। (स्थानां. अभय. वृ. १७४)।

१ बारह प्रकार के सभोग से जो सहित होते हैं वे समनोज्ञ कहलाते हैं। अथवा जो मनोज्ञ ज्ञानादि से सहित होते हैं उन्हें समनोज्ञ कहा जाता है।

समन्तानुपातनक्रिया—१. स्त्री-पुरुष-पशुसम्पातिदेशेऽन्तर्मलोत्सर्गकरण समन्तानुपातनक्रिया। (स. सि. ६–५; त. वा. ६, ५, ६)। २. स्त्री-पुंस-पशुसपातिदेशेऽन्तर्मलमोक्षणम्। क्रिया साधुजनायोग्या सा समन्तानुपातिनी ॥ (ह. पु ५८–७२)। ३. स्त्र्यादिसपातिदेशेऽन्तर्मलोत्सर्गः प्रमादिनः। शक्तस्य या क्रियेष्टेह सा समन्तानुपातिकी ॥ (त. श्लो. ६, ५, १५)। ४. समन्तानुपातक्रिया स्त्री-पुरुष-नपुंसक-पशुसपातदेशे उपनीयवस्तुत्यागः। (त. भा. सिद्ध. वृ. ६–६)। ५. स्त्री-पुरुष-पश्वाद्यागमनप्रदेशे मल-मूत्रादुत्सर्जनं समन्तानुपातनक्रिया। (त. वृत्ति श्रुत. ६–५)।

१ जिस स्थान में स्त्री-पुरुष आदि के आने-जाने का सम्बन्ध रहता है ऐसे स्थान में भीतरी मल आदि का त्याग करना, इसे समन्तानुपातनक्रिया कहते हैं।

समपदासन—समपदं स्फिक्पिण्डसमकरणेनासनम्। (भ. आ. विजयो. व मूला. २२४)।

स्फिक् और पिण्ड को समान करके स्थित होना, इसे समपद आसन कहा जाता है।

समपाद—१. समपाय नाम दोऽवि पादे सम निरंतर ठवेइ। (आव. नि. मलय. वृ. १०३६, पृ. ५६७)। २. द्वावपि पादौ समौ निरन्तरं यस्त्यापयति जानुनी ऊरु चातिसरलं करोति तत्समपादम्। (व्यव. भा. मलय. वृ. पी. हि. वि. ३५)।

२ दोनों पांवों को अन्तर के बिना समरूप में स्थापित करके घुटनों और ऊरुओं को अतिशय सरल करने पर समपाद स्थान होता है।

समभिरूढनय—१. सत्स्वर्थेष्वसङ्क्रमः समभिरूढः। (त. भा. १–३५, पृ. १२०); तेषामेव साम्प्रतानामध्यवसायासङ्क्रमो वितर्कध्यानवत् समभिरूढः। (त. भा. १–३५, पृ. १२४)। २. नानार्थसमभिरोहणात् समभिरूढः। यतो नानार्थान् समतीत्यैकमर्थमाभिमुख्येन रूढः समभिरूढः। यथा गौरित्यय शब्दो वागादिष्वर्थेषु वर्तमानः पशावभिरूढः। (त. सि. १–३३)। ३. वत्थूओ संकमणं होइ अवत्थू णए समभिरूढे। (अनुयो. गा. १३६, पृ. २६४)। ४. ज ज सण्ण भासइ त तं चिय समभिरोहए जम्हा। सण्णतरत्थविमुहो तओ नयो समभिरूढोत्ति। (विशेषा. २७२७)। ५. नानार्थसमभिरोहणात्समभिरूढः। यतो नानार्थान् समतीत्यैकमर्थमाभिमुख्येन रूढस्ततः समभिरूढः। कुतः? वस्त्वन्तरासङ्क्रमेण तन्निष्ठत्वात्। (त. भा. १, ३३, १०)। ६. नानार्थसमभिरोहणात् समभिरूढः। (त. भा. हरि. वृ. १–३५; अनुयो. हरि. वृ. पृ. १०८)। ७. नानार्थरोहणात्समभिरूढः। × × × नानार्थस्य भावः नानार्थता, तां समभिरूढत्वात्समभिरूढः।

(धव. पु. १, पृ. ८९–९०)। ८. नानार्थसमभिरोहणात् समभिरूढः—इन्दनादिन्द्रः शकनाच्छक. पूर्दारणात् पुरन्दर इति। नैते एकार्थवाचकाः, भिन्नार्थप्रतिबद्धत्वात्। पदभेदान्यथानुपपत्तेरर्थभेदेन भवितव्यमित्यभिप्रायवान् समभिरूढ इति बोद्धव्यः। (जयध. १, पृ. २४०)। ९. शब्दभेदेऽर्थभेदार्थी व्यक्तपर्यायशब्दकः। नयः समभिरूढोऽर्थो नानासमभिरोहणात्॥ (ह. पु. ५८–४८)। १०. पर्यायशब्दभेदेन भिन्नार्थस्याधिरोहणात्। नयः समभिरूढः स्यात् पूर्ववच्चास्य निश्चय.॥ (त. श्लो. १ ३३, ७६)। ११. सतां विद्यमानानां वर्तमानकालावधिकानां सम्बन्धी योऽध्यवसायासङ्क्रमः स समभिरूढः। (त. भा. सिद्ध. वृ. १–३५)। १२. ज्ञेयः समभिरूढोऽसौ शब्दो यद्विषय. स हि। एकस्मिन्नभिरूढार्थे नानार्थान् समतीत्य यः॥ (त. सा. १–४९)। १३. सद्दारूढो अत्थो अत्थारूढो तहेव पुण सद्दो। भणइ इह समभिरूढो जह इंद पुरंदरो सक्के॥ (ल. नयच. ४२; द्रव्यस्व. प्र. नयच. २१४)। १४. परस्परेणाभिरूढाः समभिरूढा., शब्दभेदेऽप्यर्थभेदो नास्ति, यथा शक्रः इन्द्रः पुरंदर इत्यादयः समभिरूढाः। (आलापप. पृ १४६)। १५. जो एगेगं अत्थ परिणविभेएण साहए अत्थ। मुक्खत्थं वा भासदि अहिरूढ त णय जाण॥ (कार्तिके. २७६)। १६. तथा पर्यायाणा नानार्थतया समभिरोहणात्समभिरूढः, न ह्यय घटादिपर्यायाणामेकार्थतामिच्छति। (सूत्रकृ. सू. शी. वृ. २, ७, ८१, पृ. १८८)। १७. नानार्थान् समेत्याभिमुख्येन रूढः समभिरूढ। (प्र. क. मा. ६–७४, पृ. ६८०। १८. पर्यायभेदात्पदार्थनानात्वनिरूपकः समभिरूढः। (प्रमेयर. ६–७४)। १९. प्रत्यर्थमेकैकसंज्ञाभिरोहणादिन्द्र-शक्र-पुरन्दरपर्यायशब्दभेदनात् समभिरूढः। (मूला. वृ. ४–६७)। २०. वाचकं वाचकं प्रति वाच्यभेदं समभिरोहयति आश्रयति यः स समभिरूढः, स हि अनन्तरोक्तविशेषणस्यापि वस्तुनः शक्र-पुरन्दरादिवाचकभेदेन भेदमभ्युपगच्छति घट-पटादिवत्, यथा शब्दार्थो घटते चेष्टते इति घट इत्यादिलक्षणः। (स्थानां. अभय. वृ. १८६)। २१. पर्यायशब्दभेदादर्थभेदकृत्समभिरूढनयः। (अनीक. ७२, पृ. ६२)। २२. एकमप्यर्थं शब्दभेदेन भिन्नं जानाति यः सः समभिरूढो नयः। (त वृत्ति श्रुत. १–३३; कार्तिके. टी. २७६)।

१ विद्यमान अर्थात् वर्तमान पर्याय को प्राप्त पदार्थों को छोड़कर दूसरे पदार्थ में जो शब्द की प्रवृत्ति नहीं होती है, उसे समभिरूढ नय कहते हैं। २ शब्द अनेक अर्थों को छोड़कर जो प्रमुखता से एक ही पदार्थ में रूढ होता है, इसे समभिरूढनय कहा जाता है।

समभिरूढनयाभास — पर्यायनानात्वमन्तरेणापीन्द्रादिभेदकथन तदाभासः। (प्रमेयर. ६–७४)।

पर्याय की भिन्नता के बिना जो इन्द्र आदि में भेद किया जाता है, यह समभिरूढनयाभास का लक्षण है।

समय (कालविशेष) —१ परमसूक्ष्मक्रियस्य सर्वजघन्यगतिपरिणतस्य परमाणो स्वावगाहनक्षेत्रव्यतिक्रमकाल समय इत्युच्यते परमदुरधिगमोऽनिर्देश्य.। (त. भा. ४–१५)। २. कालो परमनिरुद्धो अविभज्जो त तु जाण समयं तु। (ज्योतिष्क. ८)। ३ कालो परमनिरुद्धो अविभागी त तु जाण समयो त्ति। (जीवस १०६)। ४. परमाणुप्प णियट्टिदगयणपदेसस्सदिक्कमणमेत्तो। जो कालो अविभागी होदि पुढ समयणामा सो॥ (ति. प. ४–२८५)। ५. काल पुनर्योगविभागमेति निगद्यतेऽसौ समयो विधिज्ञै.। (वरांग. २७–३,)। ६. सर्वजघन्यगतिपरिणतस्य परमाणोः स्वावगाढप्रदेशव्यतिक्रमकाल. परमनिपिद्धो निर्विभाग: समयः। (त. वा. ३–३८)। ७. कालः परमनिकृष्टः समयोऽभिधीयते। (आव. नि. हरि. वृ. ४ व ६६३; नन्दी. हरि. वृ. पृ. ७३; आव. नि. मलय. वृ. ६६६)। ८. अणोरण्वतरव्यतिक्रमकालः समयः। चोद्दसरज्जुमागासपदेसक्कमणमेत्तकालेण जो चोद्दसरज्जुक्कमणक्खमो परमाणू तस्स एगपरमाणुक्कमणकालो समओ णाम। (धव. पु. ४, पृ. ३१८)। ९. परिणामं प्रपन्नस्य गत्या सर्वजघन्यया। परमाणोर्निजागाहस्वप्रदेशव्यतिक्रमः॥ कालेन यावतैव स्यादविभागः स भाषितः। समयः समयाभिज्ञैर्निरुद्धः परमास्थितः॥ (ह. पु. ७, १७–१८)। १०. अणुमंतरयरु समउ भणिज्जइ ×××। (म. पु. पुष्प. २–५, पृ. २२)। ११. परमाणुप्रचलनायत्तः सैमयः। (पंचा. का. अमृत. वृ. २५)। १२. अणोरण्वन्तरव्याप्ति

क्रमः कालः समय.। (मूला. वृ. १२-८५)। १३. मंदगतिपरिणतपुद्गलपरमाणुना निमित्तभूतेन व्यक्तीक्रियमाणः समय.। (पद्मा. का. जय. वृ. २५)। १४. एकस्मिन्नभःप्रदेशे यः परमाणुस्तिष्ठति तमन्यः परमाणुमंन्दचलनाल्लघयति स समयो व्यवहारकालः। (नि. सा. वृ. ३१)। १५. णहएयपएसत्थो परमाणू मंदगइपवट्टतो। बीयमणंतरखेत्तं जावदियं जादि तं समयकालं॥ (द्रव्यस्व. भाव. प्र. नयच. १३९)। १६. आकाशस्यैकप्रदेशस्थितपरमाणुर्मन्दगतिपरिणत. सन् द्वितीयमनन्तरक्षेत्र यावद्याति स. समयाख्यः कालः। (कार्तिके. टी. २२०)।

१ अतिशय सूक्ष्म क्रिया से संयुक्त व सबसे जघन्य गति मे परिणत परमाणु का जो अपने अवगाहनक्षेत्र के लांघने का काल है उसका नाम समय है। ४ जिस आकाशप्रदेश मे परमाणु स्थित है उसके लांघने मे उसे जितना काल लगता है उतने मात्र काल को समय कहते हैं, वह विभाग से रहित है।

समय (जीव)—१. योऽयं नित्यमेव परिणामात्मनि स्वभावे अवतिष्ठमानत्वादुत्पाद-व्यय-ध्रौव्यैक्यानुभूतिलक्षणया सत्तयानुस्यूतश्चैतन्यस्वरूपत्वान्नित्योदितविशददृशि - ज्ञप्तिज्योतिरनन्तधर्माधिरूढैकधर्मित्वादुद्योतमानद्रव्यत्वः क्रमाक्रमप्रवृत्तविचित्रभावस्वभावत्वादुत्सर्पितगुण-पर्याय स्व-पराकारावभासनसमर्थत्वादुपात्तवैश्वरूप्यैकरूप प्रतिविशिष्टावगाहगति-स्थिति-वर्तनानिमित्तत्वरूपित्वाभावासाधारणचिद्रूपतास्वभावसद्भावाच्चाकाश-धर्माधर्म - कालपुद्गलेभ्यो भिन्नोऽत्यन्तमनन्तद्रव्यसंकरेऽपि स्वरूपादप्रच्यवनात् टंकोत्कीर्णचित्स्वभावो जीवो नाम पदार्थः, स समय.। (समयप्रा. अमृत वृ. २)। २. सम्यगयति गच्छति शुद्धगुण-पर्यायान् परिणमतीति समयः। अथवा सम्यगयः सशयादिरहितो बोधो ज्ञान यस्य भवति स समयः। अथवा समित्येकत्वेन परमसमरसीभावेन स्वकीयशुद्धस्वरूपे अयनं गमनं परिणमनं समयः। (समयप्रा. जय. वृ. १६१)।

१. जो परिणमनशील होने से उत्पाद, व्यय और ध्रौव्य की एकता के अनुभवन स्वरूप सत्ता से अन्वित है, नित्य प्रकाशमान दर्शन व ज्ञानरूप ज्योति से सहित है, अनन्त धर्मों से सहित होने के कारण द्रव्यस्वरूप को प्राप्त है, गुण-पर्यायों से संयुक्त है, स्व-पराभासी होने से विश्वरूपता को प्राप्त होकर भी एक रूपवाला है, गति-स्थिति आदि की निमित्तता से रहित व असाधारण चैतन्यस्वभाव से सहित होने के कारण अन्य धर्माधर्मादि द्रव्यों से भिन्न है, तथा कभी भी अपने स्वभाव से च्युत न होने के कारण टांकी से उकेरे गये के समान चैतन्य स्वभाव वाला है; ऐसे इन लक्षणों से युक्त जीवपदार्थ का नाम समय है।

समयक्षेत्र—अड्ढाइज्जा दीवा दो य समुद्दा एस णं एवइए समयखेत्ते त्ति पवुच्चति। (भगवती २, ९, ५२, पृ. ३०३ प्र. खं.)।

अढ़ाई द्वीप (जम्बूद्वीप धातकीखण्ड और आधा पुष्कर द्वीप) और लवण व कालोद ये दो समुद्र, इतने मात्र क्षेत्र को समयक्षेत्र कहा जाता है।

समयद्योतक—समयद्योतको वादित्वादिना मार्गप्रभावक.। (सा. ध. स्वो. टी. २-५१)।

जो वादित्व आदि विशेषताओं के द्वारा मोक्षमार्ग की प्रभावना किया करता है उसे समयद्योतक कहा जाता है।

समयप्रबद्ध—१. ताहि अणंतहि णियमा समयपबद्धो हवे एक्को। (गो. जी. २४५)। २. ताभिर्वर्गणाभिरनन्ताभि सिद्धानन्तभागा भव्यानन्तगुणप्रमिताभिर्नियमादेक. समयप्रबद्धो नाम योग्यपुद्गलस्कन्धो भवति। समयेन प्रबद्धते स्म कर्म-नोकर्मरूपतया आत्मना सम्बध्यते स्म यः पुद्गलस्कन्धः स समयप्रबद्ध इति निरुक्तिसिद्धः, आत्मना मिथ्यादर्शनादिसक्लेशपरिणामैः प्रतिसमयं कर्म-नोकर्मरूपतया परिणममानस्तत्तद्योग्यपुद्गलस्कन्धः समयप्रबद्ध इति स्याद्वादप्रसिद्धो बोद्धव्यः। (गो. जी. म. प्र. व जी. प्र. २४५)।

२ सिद्धों के अनन्तवें भाग प्रमाण और अभव्यों से अनन्तगुणी वर्गणाओं से एक समयप्रबद्ध नामक पुद्गलस्कन्ध होता है। मिथ्यादर्शनादि संक्लेशपरिणामों के वश प्रत्येक समय में कर्म-नोकर्मरूप से परिणत होकर उतना पुद्गलस्कन्ध बनता है, इसलिए उसे समयप्रबद्ध कहा जाता है।

समयप्रबद्धशेषक—ज समयपबद्धस्स वेविदसेसगं पदेसग्गं विस्सहइ, तम्मि अपरिसेसिदम्हि एगसमएण उदयमागदम्हि तस्स समयपबद्धस्स अण्णो कम्मपदेसो वा णत्थि तं समयपबद्धसेसग णाम। (कसायपा. चू. पृ. ८३३)।

समयप्रबद्ध अर्थात् एक समय में बंधे हुए कर्मप्रदेशों का वेदन करने से जो प्रदेशाग्र शेष रहें और जिनका अपरिशेषित या सामस्त्यरूप से एक समय में उदय आने पर फिर कोई कर्मप्रदेश शेष न रहे, ऐसे उन शेष कर्मप्रदेशाग्रों को समयप्रबद्धशेष कहते हैं।

समयमूढ—१. रत्तवड-चरग-तावस-परिहत्तादी य अण्णपासडा। ससारतारगत्ति य जदि गेण्हइ समयमूढो सो॥ (मूला. ५-६२)। २. अज्ञानिजनचित्तचमत्कारोत्पादक ज्योतिष्क-मन्त्रवादादिक दृष्ट्वा वीतरागसर्वज्ञप्रणीतसमय विहाय कुदेवागम-लिङ्गिना भयाशा-स्नेह-लोभैर्धर्मार्थं प्रणाम विनय-पूजा-पुरस्कारादिकरण समयमूढत्वम्। (बृ. द्रव्यस. टी. ४१)। १ रक्तपट, चरक, तापस और परिव्राजक तथा अन्य भी पाखण्डी साधुओं को, ये संसार से पार करने वाले हैं, ऐसा मान करके जो ग्रहण करता है उसे समयमूढ कहते हैं।

समयविरुद्ध—समयविरुद्ध स्वसिद्धान्तविरुद्धम्। यथा सांख्यस्यासत्कारणे कार्ये सद्वैशेषिकस्य इत्यादि। (आव. नि. मलय. वृ. ८८३, पृ. ४८३)। अपने मत के विरुद्ध वचन को समयविरुद्ध कहा जाता है। जैसे—सत्कार्यवादी सांख्य का कारण में कार्य को असत् कहना तथा वैशेषिक का उसे कारण में सत् कहना; इत्यादि। यह ३२ सूत्रदोषों में २४वां है।

समयसत्य—१. प्रतिनियतषट्तयद्रव्य-पर्यायाणामागमगम्यानां याथात्म्याविष्करण यद्वचस्तत्समयसत्यम्। (त. वा. १, २०, १२, पृ. ७५; धव. पु. १, पृ. ११८)। २ द्रव्य-पर्यायभेदानां याथात्म्यप्रतिपादकम्। यत्तत्समयसत्य स्यादागमार्थपरं वचः॥ (ह. पु. १०-१०७)। ३. सिद्धान्तः समयस्तेन प्रसिद्धःन्तप्ररूपणम्। वचः समयसत्य स्यात् प्रमाणनयसश्रयम्॥ (आचा. सा. ५-३८)।

१ आगमगम्य प्रतिनियत छह द्रव्यों व उनकी पर्यायों की यथार्थता के प्रगट करने वाले वचन को समयसत्य कहते हैं।

समयिक—१. समयिकमिति सम्यक्शब्दार्थे समित्युपसर्गः, सम्यक् अयः समयः—सम्यग्दयापूर्वक जीवेषु प्रवर्त्तनम्, समयोऽस्यास्तीति अतोऽनेकस्वरादिति मत्वर्थीय इक्प्रत्यय.। (आव. नि. मलय. वृ. ८६४, पृ ४७४)। २. समयिको गृही यतिर्वा जिनसमयश्रित.। (सा. ध. स्वो. टी. २-५१)।

१ समीचीन दयापूर्वक जो जीवों में प्रवर्तन होता है उसका नाम समय है, इस प्रकार के समय से जो सहित हो उसे समयिक कहा जाता है। २ गृहस्थ हो, चाहे मुनि हो, जो जिनागम के आश्रित होता है उसे समयिक कहते हैं।

समयोग—लोगे पुण्णे एगा वग्गणा जोगस्सेत्ति। लोगमेत्तजीवपदेसाणं लोगे पुण्णे समजोगो होदि त्ति वुत्त होदि। (धव. पु. १०, पृ. ४५१)।

लोकपूरणसमुद्घात में लोक के पूर्ण होने पर योग की एक वर्गणा होती है। अभिप्राय यह है कि लोक के पूर्ण होने पर लोक प्रमाण जीवप्रदेशों का समयोग होता है।

समवर्तित्व—देखो समवाय। १. द्रव्य-गुणानामेकास्तित्वनिर्वृत्तत्वादनादिरनिधना सहवृत्तिर्हि समवर्तित्वम्, स एव समवायो जैनानाम्। (पंचा. का. अमृत. वृ. ५०)। २. समवृत्तिः सहवृत्तिर्गुण-गुणिनोः कथंचिदेकत्वेनानादितादात्म्यसम्बन्ध इत्यर्थः। (पंचा. का. जय. वृ. ५०)।

१ द्रव्य और गुणों के एक अस्तित्व से रचित होने के कारण अनादि-अनन्त जो सहवृत्ति—साथ साथ रहना है, इसे समवर्तित्व नाम से कहा जाता है। यही जैनों के यहां समवाय सम्बन्ध है।

समवदानकर्म—समयाविरोधेन समवदीयते खण्डयत इति समवदानम्, समवदानमेव समवदानता। कम्मइयपोग्गलाण मिच्छत्तासजम-जोग-कसाएहि अट्ठकम्मसरूवेण सत्तकम्मसरूवेण छकम्मसरूवेण वा भेदो समुदाणद इति वुत्त होदि। (धव. पु. १३, पृ. ४५)।

आगमाविरोध से जो खण्डित या विभाजित किया जाता है उसका नाम समवदान है। समवदान और समवदानता इन दोनों में कोई अर्थभेद नहीं है। मिथ्यात्व, असंयम, योग और कषायों के द्वारा आठ, सात अथवा छह कर्मों के स्वरूप से जो कर्मपुद्गलों का भेद होता है उसे समवदानता कहा जाता है।

समवाय—देखो समवर्तित्व। १. समवत्ती समवाओ अपुधब्भूदो य अजुदसिद्धो य। (पंचा. का. ५०)। २. समवाये (धव. 'सलक्खचतुःषष्टिपदसहस्रे १६४०००' इत्यधिकः पाठः) सर्वपदार्थानां समवा-

यश्चिन्त्यते। स चतुर्विधः द्रव्य-क्षेत्र-काल-भावविकल्पैः। तत्र धर्माधर्मास्तिकाय-लोकाकाशैकजीवानां तुल्यासंख्येयप्रदेशत्वादेकेन प्रमाणेन द्रव्याणां समवायनाद् द्रव्यसमवायः। जम्बूद्वीप-सर्वार्थसिद्धयप्रतिष्ठाननरक-नन्दीश्वरैकवापीनां तुल्ययोजनशतसहस्रविष्कम्भप्रमाणेन क्षेत्रसमवायनात्क्षेत्रसमवायः। (धव. 'सिद्धि-मनुष्यक्षेत्रसुविमान-सीमन्तनरकाणां तुल्ययोजनपंचचत्वारिंशच्छतसहस्रविष्कम्भप्रमाणेन क्षेत्रसमवायः' इत्यधिकः पाठः) उत्सर्पिण्यवसर्पिण्योस्तुल्यदशसागरोपमकोटिकोटिप्रमाणात् कालसमवायनात् कालसमवायः। क्षायिकसम्यक्त्व-केवलज्ञान-केवलदर्शन-यथाख्यातचारित्राणां यो भावस्तदनुभवस्य तुल्यानन्तप्रमाणत्वाद् भावसमवायनाद्भावसमवायः। (त. वा. १, २०, १२; धव. पु. ६, पृ. १९९–२००)। ३ सम्यगवायनं वर्षधर-नगादिपर्वतानां यत्र स समवायः। (त. भा. हरि व सिद्ध वृ. १–२०)। ४. समवायो णाम अंग चउसट्ठिसहस्सब्भहियएगलक्खपदेहि १६४००० सव्वपयत्थाणं समवायं वण्णेदि। (धव. पु. १, पृ. १०१)। ५. समवाय इहेद-प्रत्ययलक्षणम्। (आ. भी. वसु. वृ. ६५)। ६. समिति सम्यक्, अवेत्याधिक्येन, अयनमयः परिच्छेदो जीवाजीवादिविविधपदार्थसार्थस्य यस्मिन्नसौ समवायः, समवयन्ति वा समवतरन्ति संमिलन्ति नानाविधा आत्मादयो भावाः अभिधेयतया यस्मिन्नसौ समवाय इति। स च प्रवचनपुरुषस्याङ्गमिति समवायाङ्गम्। (समवा. वृ. पृ. १); समवायनं समवायः, सम्यक्परिच्छेद इत्यर्थः, तद्धेतुश्च ग्रन्थोऽपि समवायः। (समवा वृ. १३९)। ७. चतुःषष्टिसहस्रैकलक्षपदपरिमाण द्रव्यतो धर्माधर्म-लोकाकाशैकजीवानां क्षेत्रतो जम्बूद्वीपाप्रतिष्ठाननरक-नन्दीश्वरवापी-सर्वार्थसिद्धिविमानादीनां कालत उत्सर्पिण्यादीनां भावतः क्षायिकज्ञान-दर्शनादिभावानां साम्यप्रतिपादकं समवायनामधेयम्। (श्रुतअ. टी. ७, पृ. १७३)। ८. सम् एकीभावे, अव-शब्दः अपृथक्त्वे, अय् गतौ इण् गतौ वा, ततश्च एकीभावेनापृथग्गमनं समवायः संश्लेषः। (आव. नि. मलय. वृ. ७३८, पृ. ३६४)। ९. सं संग्रहेण सादृश्यसामान्येन अवेयन्ते ज्ञायन्ते जीवादिपदार्था द्रव्य-क्षेत्र-काल-भावानाश्रित्य यस्मिन्निति समवायांगम्। (गो. जी. म. प्र. व जी. प्र. ३५६)। १०. धर्माधर्म-लोकाकाशैकजीव-सप्तनरकमध्यविलजम्बूद्वीप सर्वार्थसिद्धिविमान नन्दीश्वरद्वीप वापिकातुल्यैकलक्षयोजनप्रमाणनिरूपक भव-भावकथकं चतुःषष्टिपदसहस्राधिकलक्षपदप्रमाणं समवायाङ्गम्। (त. वृत्ति श्रुत. १–२०)। ११. समवायांग अट्ठकदिसहस्समिगिलक्खमाणुपयमेत्तं। सगहणयेण दव्वं खेत्तं कालं पडुच्च भवं॥ दीवादी अवियंति अत्था णज्जंति सरित्थसामण्णा। दव्वा धम्माधम्मा जीवपदेसा तिलोयसमा॥ सीमंतणरय माणुसखेत्त उडुइयं च सिद्धिसिल। सिद्धट्ठाणं सरिसं खेत्तासयदो मुणेयव्वं॥ ओहिट्ठाण जबूदीव सव्वत्थसिद्धिसम्माणं। णंदीसरवाबीओ वाणिदपुराणि सरिसाणि॥ समओ समएण समो आवलिएण समा हु आवलिया। कालेण पढमपुढवीणारय-भोमाण वी (वा) णाणं॥ सरिसं जहण्णआऊ सत्तमखिदिणारयाण उक्कस्स। सव्वट्ठाण आऊ सरिस उस्सप्पिणीपमुहं॥ भावे केवलणाणं केवलदसणसमाणय दिट्ठ। एव जत्थ सरित्थ वेंति जिणा सव्वअत्थाणं। (अंगप. २९–३५, पृ. २६३–६४)।

१ समवृत्ति, समवाय, अपृथग्भूत और अयुतसिद्ध ये समानार्थक शब्द हैं। अभिप्राय यह है कि गुण व गुणी आदि जो परस्पर में अभिन्नरूप से रहते हैं, यही जैनदर्शन के अनुसार उनका समवाय है। २ समवाय नामक चौथे अंग में सब पदार्थों के समवाय का विचार किया जाता है। वह समवाय द्रव्य, क्षेत्र, काल और भाव के भेद से चार प्रकार का है। (इनके लिए पृथक् पृथक् 'द्रव्यसमवाय' आदि उन-उन शब्दों को देखना चाहिए)। ६ समवाय में 'सम्' का अर्थ सम्यक्, 'अव' का अर्थ अधिकता और 'अय' का अर्थ जानना है। जिससे जीव, अजीव आदि विविध प्रकार के पदार्थों का ज्ञान प्राप्त होता है वह समवाय अंग कहलाता है। अथवा जिस श्रुत में आत्मा आदि अनेक अभिधेय स्वरूप से समवतरित या संमिलित होते हैं उसे समवाय अंग जानना चाहिए। यह परमागमरूप पुरुष के अंग (अवयव) जैसा है।

समवायाङ्ग—देखो समवाय।

समाचार—१. समया सामाचारो सम्माचारो समो व आचारो। सव्वेसि सम्माणं सामाचारो दु आचारो॥ (मूला. ४–२, पृ. ११०)। २. समाचरणं

समाचारः शिष्टाचरितः क्रियाकलापः। (अनुयो. हरि. वृ. पृ. ५८)। ३. समः समानः सं सम्यगाचारो यः समैर्युतैः। आचार्यत इति प्राज्ञैः स समाचार ईरितः॥ (आचा. सा. २-३)।

१ राग-द्वेष के अभावस्वरूप समता, सम्यक् (निर्दोष) आचरण, अहिंसा परिपालन आदि रूप सबका समान आचार अथवा समान- आत्मगौरव से परिपूर्ण—आचरण, ये सब समाचार के पर्याय शब्द हैं। २ शिष्ट जनों के द्वारा जिस क्रियाकलाप का आचरण किया जाता है उसे समाचार कहते हैं।

समादानक्रिया—१. संयतस्य सतोऽविरतिं प्रत्याभिमुख्यं समादानक्रिया। (स. सि ६-५)। २. संयतस्स मत अविरतिं प्रत्याभिमुख[ख्य]समादानक्रिया। (त वा. ६, ५, ७)। ३. आभिमुख्य प्रति प्राय सयतस्याप्यसयमे। समादानक्रिया प्रोक्ता प्रमादपरिवर्धिनी॥ (ह. पु. ५८-६४)। ४. संयतस्य सतः पुंसोऽसयमं प्रति यद् भवेत्। आभिमुख्यं समादानक्रिया सा वृत्तघातिनी॥ (त. श्लो. ६, ५, ६)। ५. अपूर्वापूर्वविरतिप्रत्याभिमुख्यमुत्पद्यते यत् तपस्विन. सा समादानक्रिया। अन्ये व्याचक्षते—द्विविधा समादानक्रिया समादीयते येन विषयस्तत् समादानम्—इन्द्रियम्, तस्य (सर्वोपघातकारि) देशोपघातकारि वा समादानक्रिया। (त. भा. सिद्ध. वृ. ६-६)। ६. संयतस्य सतः अविरत्याभिमुख्य प्रयत्नेनोपकरणादिग्रहणं वा समादानक्रिया। (त. वृत्ति श्रुत. ६-५)।

१ संयत होकर भी जो अविरति के अभिमुख होना है, इसे समादानक्रिया कहते हैं। ५ तपस्वी के जो अपूर्व अपूर्व विरति के प्रति अभिमुखता उत्पन्न होती है उसका नाम समादानक्रिया है।

समादेश—१. ××× णिग्गंथो त्ति य हवे समादेसो॥ (मूला. ६-७)। २. ××× निग्गंथाणं समाएसं॥ (पिंडनि. २३०)। ३ ये केचन निर्ग्रन्थाः साधव आगच्छन्ति तेभ्यः सर्वेभ्यो दास्यामीत्युद्दिश्य कृतमन्नं निर्ग्रन्था इति च भवेत् समादेशः। (मूला. वृ. ६-७)। ४. साधूंश्च (उद्दिश्य कृतमन्न) समादेशः। (अन. ध. टी. ५-७)।

३ जो निर्ग्रन्थ साधु आवेंगे उन सबको मैं भोजन दूंगा, इस प्रकार निर्ग्रन्थों के उद्देश से जो भोजन तैयार कराया जाता है वह समादेश नामक औद्देशिक दोष से दूषित होता है।

समाधि—१. यथा भाण्डागारे दहने समुत्थिते तत्प्रशमनमनुष्ठीयते बहूपकारत्वात् तथाऽनेकव्रत-शीलसमृद्धस्य मुनेस्तपसः कुतश्चित् प्रत्यूहे समुपस्थिते तत्सन्धारणं समाधिः। (स. सि. ६-२४)। २. मुनिगणतपःसंधारणं समाधिः भाण्डागाराग्निप्रशमनवत्। यथा भाण्डागारे दहने समुत्थिते तत्प्रशमनमनुष्ठीयते बहूपकारकत्वात् तथानेकव्रत-शीलसमृद्धस्य मुनिगणस्य तपस. कुतश्चित् प्रत्यूहे समुत्थिते तत्संधारणं समाधिरिति समाख्यायते। (त. वा. ६, २४, ८)। ३. समाधिः गुर्वादीना कार्यकरणेन स्वस्थतापादनम्। (आव. नि. हरि. वृ. १८०), समाधान समाधिः चेतसः स्वास्थ्य मोक्षमार्गेऽवस्थितिः। (आव. हरि. वृ. अ. ४, पृ. ६५३)। ४. दसण-णाण-चरित्तेसु सम्ममवट्ठाणं समाही णाम। (धव. पु. ८, पृ. ८८)। ५. यत्सम्यक्परिणामेषु चित्तस्याधानमञ्जसा। स समाधिरिति ज्ञेय स्मृतिर्वा परमेष्ठिनाम्॥ (म. पु. २१-२२६)। ६. वैयावृत्य-पात्रसिद्धियुक्तायनगुणपरिणामादिनवकाचरणपरेण मुमुक्षुणा सिद्धिसुखैकनिष्ठमनस्कतालक्षण. समाधिः। (भ. आ. विजयो. ३२५)। ७. तस्य (चतुर्विधसघस्य) समाधान स्वस्थता निरुपद्रवत्वं समाधिः। (त. भा. सिद्ध. वृ. ६-२३)। ८. सोऽय समरसीभावस्तदेकीकरण स्मृतम्। एतदेव समाधिः स्याल्लोकद्वयफलप्रदः॥ (तत्त्वानु. १३७)। ९. समाधानं समाधिः स्वास्थ्यम्। (आव. नि. मलय. वृ. १०८६, पृ. ५६७)। १०. प्राप्ताना तु (सम्यग्दर्शनादीना) पर्यन्तप्रापण समाधिः, ध्यानं वा धर्म-शुक्ल च समाधिः। (रत्नक. टी. २-२)। ११. स्वरूपे चित्तनिरोधलक्षणः समाधिः। (समाधि. टी. २७)। १२. समाधिः समाधान शुभोपयोगे वा मनस एकताकरणम्। (अन. ध. स्वो. टी. ७-९८)। १३. 'समाही' समाधानं मनस एकाग्रताकरण शुभ उपयोगे शुद्धे वा। (भ. आ. मूला. ६७); सिद्धिसुखैकनिष्ठमनस्कतालक्षणः समाधिः। (भ. आ. मूला. ३२५)।

१ जिस प्रकार भाण्डागार (खजाना) में अग्नि के लग जाने पर बहुत उपकारक होने से उसे शान्त किया जाता है—बुझाया जाता है—उसी प्रकार अनेक व्रतों व शीलों से सम्पन्न मुनि के तपश्चरण में कहीं से विघ्न के उपस्थित होने पर उसे जो

धारण किया जाता है – शान्त किया जाता है, उसे समाधि कहते हैं। ३ गुरु आदिकों के कार्य के करने से जो चित्त को स्वस्थ—मोक्षमार्ग में स्थित किया जाता है—इसका नाम समाधि है।

समाधिमरण – समाधिमरणं रत्नत्रयैकाग्रतया प्राणत्यागः। (सा. ध. स्वो. टी. ७–५८)।

रत्नत्रय में एकाग्रचित्त होकर जो प्राणों का परित्याग किया जाता है उसे समाधिमरण कहते हैं।

समानजातीय द्रव्य-पर्याय—द्वे त्रीणि वा चत्वारीत्यादिपरमाणुपुद्गलद्रव्याणि मिलित्वा स्कन्धा भवन्तीत्यचेतनस्यापरेणाचेतनेन सम्बन्धात् समानजातीयो भण्यते। (पंचा. का. अय. वृ. १६)।

दो, तीन अथवा चार आदि परमाणु पुद्गल द्रव्य मिल करके स्कन्ध हो जाते हैं, इस प्रकार एक अचेतन से दूसरे अचेतन का सम्बन्ध होने पर उनकी इस अवस्था को समानजातीय द्रव्य-पर्याय कहा जाता है।

समानदत्ति—देखो समदत्ति। कुल-जाति-क्रिया-मन्त्रैः स्वसमाय सधर्मणे। भू-कन्या-हेम-रत्नाऽश्व-रथ-हस्त्यादि निर्वपेत्॥ (धर्मसं. श्रा. ६–२०२)।

कुल, जाति, क्रिया और मंत्र; इनसे जो अपने समान सधर्मा है उसके लिए पृथिवी, कन्या, सुवर्ण, रत्न, घोड़ा, रथ और हाथी आदि को जो दिया जाता है उसे समदत्ति या समानदत्ति कहते हैं।

समाप्तकल्प—समाप्तकल्पो नाम परिपूर्णसहायः। (व्यव. भा. मलय. वृ. ४–१६, पृ. ४)।

परिपूर्ण सहाय युक्त कल्प को समाप्तकल्प कहते हैं।

समारम्भ—१. ××× परिदावकदो हवे समारभो। (भ आ. ८१२)। २. साधनसमभ्यासीकरणं समारम्भः। (स. सि. ६–८)। ३. ××× परितापनया भवेत् समारम्भः। (त. भा. ६–६ उद्.)। ४. ××× परितावकारी भवे समारभो। (व्यव. भा. पी. ४६, पृ. १८)। ५. समारभण नाम तस्स संघट्टणादिडडस्स पवत्तणं। (दशवै. चू. पृ. १४२)। ६. साधनसमभ्यासीकरणं समारम्भः। साध्यायाः क्रियायाः साधनानां समभ्यासीकरणं समाहारः समारम्भः इत्याख्यायते। (त. वा. ६, ८, ३)। ७. तत्साधनजनितपरितापकरः समारम्भः। (त. भा. हरि. वृ. ६–६)। ८. क्रियायाः साधनानां समभ्यासीकरणं समारभः। (त. श्लो. ६–८)। ६. तत्साधनसन्निपातजनितपरितापनादिलक्षणः समारम्भः। (त. भा. सिद्ध. वृ. ६–६)। १०. साध्यायाः हिंसादिक्रियायाः साधनानां समाहारः समारम्भः। (भ. आ. विजयो. ८११)। ११. साध्याया क्रियायाः साधनाना समाहारः समारम्भः। (चा. सा. पृ ३६)। १२. ××× हिंसोपकरणार्जनम् समारम्भो ××× ॥ (आचा. सा. ५–१३)। १३ समारम्भः जीवोपमर्दः ××× अथवा समारम्भः परितापनम्। (प्रश्नव्या. १३)। १४. यस्तु परस्य परितापकरो व्यापारः स समारम्भः। (व्यव. भा. पी. मलय. वृ. ४६, पृ. १८)। १५. साध्यायाः हिंसादिक्रियायाः साधनानामभ्यासीकरण समारम्भ। (अन. ध. स्वो. टी. ४–२७)। १६. प्राणव्यपरोपणादीनाम् उपकरणाभ्यासीकरण समारम्भः कथ्यते। (त. वृत्ति श्रुत. ६–८)।

१ दूसरों को सन्ताप करने वाले व्यापार को समारम्भ कहा जाता है। २ हिंसादि क्रिया के साधनों का अभ्यास करना, इसका नाम समारम्भ है।

समास—द्वयोर्बहूनां पदाना मीलन समास.। (अनुयो. हरि. वृ. पृ. ७३)।

दो या बहुत से पदों के मिलाने का नाम समास है।

समिताचार—देखो सम्यगाचार।

समिति—१. प्राणिपीडापरिहारार्थं सम्यगयन समितिः। (स. सि. ६–२)। २. सम्यगयनं समितिः। परप्राणिपीडापरिहारेच्छया सम्यगयनं समितिः। (त. वा. ६, २, २)। ३. सम्यक् श्रुतज्ञाननिरूपितक्रमेण गमनादिषु वृत्तिः समितिः। (भ. आ. विजयो. १६); प्राणिपीडापरिहारादरवतः सम्यगयन प्रवृत्तिः समितिः। (भ. आ. विजयो. ११५)। ४. ××× समिदी य पमादवज्जणं चेव। (कार्तिके. ६७)। ५. निश्चयेनानन्तज्ञानादिस्वभावे निजात्मनि सम् सम्यक् समस्तरागादिविभावपरित्यागेन तल्लीनतच्चिन्तनतन्मयत्वेन अयनं गमनं परिणमनं समितिः। (बृ. द्रव्यसं. टी. ३५)। ६. समितिरिति पञ्चाना चेष्टानां तांत्रिकी संज्ञा। अथवा सं सम्यक् प्रशस्ता अर्हत्प्रवचनानुसारेण इतिः चेष्टा समितिः ××× सम्यक्प्रवृत्तिलक्षणा समितिः। (योगशा. स्वो. विव. १,

३४) । ७. अभेदानुपचाररत्नत्रयमार्गेण परमधर्मेण स्वात्मनि सम्यगिता परिणतिः समितिः । अथवा निजपरमतत्त्वनिरतसहजपरमबोधादिपरमधर्माणां संहतिः समितिः । (नि. सा. वृ. ६१) । ८. सम्यक् श्रुतनिरूपितक्रमेण गमनादिष्वयनमिति प्रवृत्ति समिति. । (भ. आ. मूला. १६) । ९. सम्यगयन तच्छुद्धि प्रतीति समितिर्मता । (धर्मस श्रा. ९-३)। १०. सम्यगयन जन्तुपीडापरित्यागार्थं वर्तन समितिः । (त. वृत्ति श्रुत. ९-२) । ११. प्रमादाना विकथाकषायादिविकाराणा वर्जन त्यजन समिति. कथ्यते । (कार्तिके. टी. ९७) ।

१ जन्तुओं को पीड़ा से बचाने के लिए जो भले प्रकार —सावधानी से—प्रवृत्ति की जाती है उसे समिति कहते हैं । ६ समिति यह पांच चेष्टाओं की—गमनादि रूप पांच प्रवृत्तियों की—संज्ञा है, अथवा जिनागम के अनुसार जो चेष्टा या प्रवृत्ति होती है उसका नाम समिति है ।

समीचीनदृष्टिवर्णजनन—मिथ्यात्वपटलविपाटनपटीयसी ज्ञाननैर्मल्यकारिणी अशुभगतिगमनप्रतिबन्धविधायिनी मिथ्यादर्शनविरोधिनीति निगदन समीचीनदृष्टेर्वर्णजननम् । (भ. आ. विजयो. ४७) ।

समीचीन दृष्टि (सम्यग्दर्शन) मिथ्यात्व को नष्ट करने वाली, ज्ञान की निर्मलता की जनक, दुर्गति गमन की रोधक और मिथ्यादर्शन की विरोधक है; इस प्रकार के कथन को समीचीन दृष्टि का वर्णजनन कहा जाता है ।

१ जो अणुव्रतों का परिपालन करता है उसे सागार कहा जाता है। २ जो अनादिकालीन अज्ञानता के कारण आहारादि चार संज्ञाओं रूप ज्वर से व्याकुल रहते हैं तथा आत्मज्ञान से विमुख होते हुए जो निरन्तर विषयों में आसक्त रहते हैं व परिग्रह को नहीं छोड़ सकते हैं वे सागार कहलाते हैं।

सागारिक अगमकरणादगार तस्सहजोगेण होइ सागारी। (बृहत्क. ३५२२)।

अगमों—गमनागमन न कर सकने वाले वृक्षों—से जो किया जाता है उसका नाम अगार है, इस अगार (गृह) से जिसका सम्बन्ध रहता है उसे सागारिक- वसति का स्वामी—कहा जाता है।

साङ्गार भोजन—त होइ सइंगाल ज आहारेइ मुच्छिओ सतो। (पिण्डनि. ६५५)।

स्वाद मे आसक्त होकर जिस भोजन की प्रशंसा करता हुआ उसका उपभोग करता है वह साङ्गार नामक ग्रासैषणा दोष से दूषित होता है।

साचीसंस्थान—देखो सादिसंस्थान।

सात गौरव—१. निकामभोजने निकामशयनादौ वा आसक्तिः सातगौरवम्। (भ. आ. विजयो. ६१३)। २. सातगारव भोजन-पानादिसमुत्पन्नसौख्यलीलामदः। (भावप्रा. टी. १५७)।

१ भोजन अथवा शयन आदि मे अतिशय आसक्ति का नाम सातगौरव है।

सातवशार्तमरण—शारीरे मानसे वा सुखे उपयुक्तस्य मरण सातवशार्तमरणम्। (भ. आ. विजयो. २५)।

शारीरिक अथवा मानसिक सुख में उपयोग लगाने वाले के मरण को सातवशार्तमरण कहते हैं।

सातवेदनीय—देखो सद्वेद्य व सातावेदनीय।

साताद्धा—सादबंधणपाओग्गकालो सादद्धा णाम। (धव. पु. १०, पृ. २४३)।

सातावेदनीय के बांधने योग्य काल का नाम साताद्धा है।

सातावेदनीय—१. साद सुहं, तं वेदावेदि भुजावेदि त्ति सादावेदणीय। (धव. पु. ६, पृ. ३५); सत् सुखम्, सदेव सातम्, ×××सात वेदयतीति सातवेदणीय, दुक्खपडिकारहेदुदव्वसंपादय दुक्खुप्पायणकम्मदव्वसत्तिविणासयं च कम्मं सादावेदणीयं णाम। (धव. पु. १३, पृ. ३५७)। २. सुहसरूवयं सादं। (गो. क. १४)। ३. सातं सुखं सासारिकम्, तद्भोजयति वेदयति जीवं सातवेदनीयम्। (मूला. वृ. १२-१८६)। ४. सातरूपेण यद् वेद्यते तत्सातवेदनीयम्। यस्योदयात् शारीरं मानसं च सुखं वेद्यते तत्सातवेदनीयम्। (प्रज्ञाप. मलय. वृ. २९३, पृ. ४६७)। ५. रतिमोहनीयोदयबलेन जीवस्य सुखकारणेन्द्रियविषयानुभवनं कारयति तत्सातवेदनीयम्। (गो. क. जी. प्र. २५)।

१ सात नाम सुख का है, जो कर्म उसका वेदन कराता है उसे सातावेदनीय या सातवेदनीय कहते हैं। ४ जिसका अनुभवन सातस्वरूप से किया जाता है, अर्थात् जिसके उदय से शारीरिक और मानसिक सुख का वेदन होता है उसे सातवेदनीय कहा जाता है।

सातिचार छेदोपस्थान—देखो छेदोपस्थापन। १. छेदोपस्थानमेव छेदोपस्थाप्यम्, पूर्वपर्यायच्छेदे सति उत्तरपर्याये उपस्थापन भावे यतो विधानात्। तदपि द्विधा सातिचार-निरतिचारभेदेन ×××। सातिचार तु भग्नमूलगुणस्य पुनर्व्रतारोपणात् छेदोपस्थाप्यम्। (त. भा. सिद्ध. वृ. ९-१८)। २. सातिचार (छेदोपस्थापनं) यन्मूलगुणघातिनः पुनर्व्रतोच्चारणम्। उक्त च— ××× मूलगुणघाइणो साइयारमुभय ××× ।। (आव. नि. मलय. वृ. ११४)।

१ जिस चारित्र में पूर्व पर्याय को छेदकर महाव्रतों मे स्थापना की जाती है उसे छेदोपस्थान या छेदोपस्थाप्य चारित्र कहते हैं। वह सातिचार और निरतिचार के भेद से दो प्रकार का है। जिसका मूलगुण भंग हुआ है उसके व्रत का जो पुनः आरो-

पण किया जाता है उसे सातिचार छेदोपस्थान या छेदोपस्थाप्य कहा जाता है।

सातिप्रयोग (मायाभेद)—अर्थेषु विसंवादः स्वहस्तनिक्षिप्तद्रव्यापहरण दूषण प्रशंसा वा सातिप्रयोगः। (भ. आ. विजयो. २५, पृ. ९०)।

अर्थों के विषय में विसंवाद करना, अपने हाथों में रखे गए द्रव्य का अपहरण करना, दोषारोपण करना अथवा प्रशंसा करना; इसे सातिप्रयोग कहा जाता है। यह माया के पांच भेदों में तीसरा है।

सातिशय मिथ्यादृष्टि—सम्यक्त्वोत्पत्तौ अनादिमिथ्यादृष्टिः सादिमिथ्यादृष्टिर्वा जीवः कश्चित् क्षयोपशम-विशुद्धि-देशना-प्रायोग्यलब्धीः प्राप्य प्रतिसमयमनन्तगुणवृद्धया वर्धमानविशुद्धिपरिणामः सन् यदा प्रथमोपशमसम्यक्त्वाभिमुख करणलब्धि प्राप्तः तदा स सातिशयमिथ्यादृष्टिः ×××। (गो. जी. म. प्र. ६६)।

सम्यक्त्व को उत्पन्न करते समय चाहे अनादि मिथ्यादृष्टि हो और चाहे सादिमिथ्यादृष्टि हो कोई जीव क्षयोपशम, विशुद्धि, देशना और प्रायोग्य इन चार लब्धियों को प्राप्त करके प्रतिसमय अनन्तगुणी विशुद्धि से बढ़ते हुए परिणामों से युक्त होता हुआ जब प्रथमोपशम सम्यक्त्व के अभिमुख होकर करणलब्धि को प्राप्त होता है तब वह सातिशय मिथ्यादृष्टि कहलाता है।

सात्त्विकदाता—१ स्वल्पवित्तोऽपि यो दत्ते भक्तिभारवशीकृतः। स्वाद्याश्चर्यकरं दान सात्त्विक तं प्रचक्षते॥ (अमित. श्रा. ९-९)। २. आतिथेय हितं यत्र यत्र पात्रपरीक्षणम्। गुणाः श्रद्धादयो यत्र तद्दान सात्त्विकं विदुः॥ (सा. ध. स्वो. टी. ५, ४७ उद्.)।

१ धन के अल्प होने पर भी जो दाता अतिशय भक्ति के वश होकर स्वादिष्ट व आश्चर्यजनक दान को देता है उसे सात्त्विकदाता कहा जाता है।

सादिनित्यपर्यायार्थिकनय—कम्मक्खयादु पत्तो (द्र. स्व. 'दुप्पणो') अविणासी जो हु कारणाभावे। इदमेवमुच्चरंतो भण्णइ सो साइणिच्चणओ॥ (ल. नयच. २८; द्रव्यस्व. प्र. नयच. २००)।

जो सिद्ध पर्याय कर्मक्षय से उत्पन्न होने के कारण सादि होकर भी विनाश के कारणों के अभाव में अविनाशी है—शाश्वतिक है—उसे विषय करने वाले नय को सादि-नित्यपर्यायार्थिक नय कहते हैं।

सादि विस्रसाबन्ध—से तं बंधणपरिणामं पप्प से अब्भाण वा मेहाण वा संज्झाणं वा विज्जूण वा उक्काण वा कणयाण वा दिसादाहाणं वा धूमकेदूणं वा इंदाउहाण वा से खेत्तं पप्प कालं पप्प उदुं पप्प अयणं पप्प पोग्गलं पप्प जे चामण्णे एवमादिया अंगमलप्पहुडीणि बंधणपरिणामेण परिणमंति सो सव्वो सादियविस्ससा बंधो णाम। (षट्खं. ५, ६, ३७—धव. पु १४, पृ. ३४)।

बन्धन परिणाम को प्राप्त होकर जो अभ्रों, मेघों, सन्ध्याओं, बिजलियों, उल्काओं, ज्योतिपिण्डों, दिशादाहों, धूमकेतुओं अथवा इन्द्रायुधों का देश, काल, ऋतु, अयन और पुद्गल को प्राप्त होकर बन्ध होता है तथा और भी जो अंगमल आदि बन्धन परिणाम से परिणत होते हैं; यह सब सादिविस्रसाबन्ध का लक्षण है।

सादिशरीरिबन्ध—सरीरी णाम जीवो, तस्स जो बंधो ओरालियादिसरीरेहि सो सरीरिबंधो णाम। (धव. पु. १४, पृ. ४५)।

शरीरधारी (जीव) का जो औदारिक आदि शरीरों के साथ बन्ध होता है उसे सादिशरीरिबन्ध कहा जाता है।

सादि-सपर्यवसित श्रुतज्ञान—×××इच्चेइय दुवालसग गणिपिडगं वुच्छित्तिनयट्ठाए साइअं सपज्जवसिअं। (नन्दी. सू. ४२, पृ. १९५)।

व्युच्छित्ति नय—पर्यायार्थिक नय—की अपेक्षा द्वादशांगस्वरूप गणिपिटक सादि-सपर्यवसित (सादि-सान्त) है।

सादिसंस्थान—देखो स्वातिसंस्थान। १. सादिनामस्वरूप तु नाभेरधः सर्वावयवा. समचतुरस्रलक्षणाविसंवादिन., उपरितनभागाः पुनर्नाधोऽनुरूपा इति (सिद्ध. वृ. 'उपरि तु तदनुरूपाः')। सादीति शाल्मलीतरुमाचक्षते प्रवचनवेदिनः, तस्य हि स्कन्धो द्राघीयानुपरि तु न (सिद्ध. वृ. 'परितना न') तदनुरूपा विशालतेति। (त. भा. हरि. व सिद्ध. वृ. ८-१२)। २. आदिरिहोत्सेधाख्यो नाभेरधस्तनो देहभागो गृह्यते, ततः सह आदिना नाभेरधस्तनभागेन यथोक्तप्रमाणलक्षणेन वर्तते इति सादि, यद्यपि सर्वं शरीरमादिना सह वर्तते तथापि सादित्वविशेषणान्यथानुपपत्त्या विशिष्ट एव प्रमाणलक्षणोपपन्न-

आदिरिह लभ्यते, तत उक्त यथोक्तप्रमाणलक्षणेनेति। इदमुक्त भवति —यत्संस्थान नाभेरध: प्रमाणोपपन्नमुपरि च हीनं तत्सादीति। अपरे तु साचीति पठन्ति, तत्र साची प्रवचनवेदिन: शाल्मलीतरुमाचक्षते, तत: साचीव यत्संस्थानं तत्साचिसंस्थानम्, यथा शाल्मलीतरो: स्कन्ध: काण्डमतिपुष्ठमुपरितना तदनुरूपा न महाविशालता, तद्वदस्यापि संस्थानस्याधोभाग: परिपूर्णो भवत्युपरितनभागस्तु नेति। (प्रज्ञाप मलय वृ २६८, पृ. ४१२)।

१ नाभि के नीचे के सब अवयव, समचतुरस्र—संस्थान के समान विसंवाद से रहित होते हैं, परन्तु ऊपर के भाग जो अधस्तन भागों के अनुरूप नहीं होते है, यह सादिसंस्थान का स्वरूप है। प्रवचन के ज्ञाता विद्वान् 'सादि' का अर्थ शाल्मलिवृक्ष बतलाते हैं। उसका स्कन्ध अतिशय दीर्घ होता है, परन्तु ऊपर की विशालता उसकी तदनुरूप नहीं होती है। २ 'आदि' से यहां शरीर का उत्सेध नामक अधस्तनभाग ग्रहण किया जाता है, आदि के साथ—नाभि का अधस्तन भाग यथोक्त प्रमाण से रहता है, इससे वह सादि है। अभिप्राय यह है कि जिस संस्थान में नाभि के नीचे का भाग योग्य प्रमाण से रहता है, और ऊपर का भाग हीन रहता है उसे सादिसंस्थान कहा जाता है। दूसरे कितने ही आचार्य 'सादि' के स्थान में 'साचि' पढ़ते हैं व उसका अर्थ शाल्मली वृक्ष करते हैं.

साधक—१. साधक. स्वयुक् ×××(सा. ध. १–२०); समाधिमरण साधयतीति साधक:। किंविशिष्ट: ? 'स्वयुक्' स्वस्मिन्नात्मनि युक् समाधिर्यस्यासौ निष्पन्नदेशसयम आत्मध्यानतत्पर:। (सा. ध. स्वो. टी. १–२०); साधको ज्योतिष-मन्त्रवादादिलोकोपकारकशास्त्रज्ञ.। (सा. ध. स्वो. टी. २–५१); देहाहारेहितत्यागात् ध्यानशुद्धयात्मशोधनम्। यो जीवितान्ते सम्प्रीत: साधयत्येष साधक:॥ (सा. ध. ८–१)। २. ज्ञानानन्दमयात्मानं साधयत्येष साधक.। श्रितापवादलिङ्गेन रागादिक्षयत: स्वयुक्॥ (धर्मसं. श्रा. ५–८); सोऽन्ते संन्यासमादाय स्वात्मानं शोधयेद्यदि। तदा साधनमापन्न: साधक: श्रावको भवेत्॥ (धर्मसं. श्रा. ८–८१); भुक्त्यङ्गहापरित्यागाद् ध्यानशक्त्यात्मशोधनम्। यो जीवितान्ते सोत्साह: साधयत्येष साधक॥ (धर्मसं. श्रा. १०–१)।

१ जो देशसंयमी श्रावक आत्मध्यान में तत्पर रहता हुआ समाधिमरण को सिद्ध करता है उसे साधक कहा जाता है। ज्योतिष व मन्त्रादि रूप लोकोपकारक शास्त्रों के ज्ञाता को भी साधक कहा जाता है।

साधकतम—यद्भावे हि प्रमितेर्भाववत्ता यदभावे चाऽभाववत्ता तत्तत्र साधकतमम्। भावाभावयोस्तद्वत्ता साधकतमत्वम् इत्यभिधानात्। (न्यायकु. ३, पृ. २६); यद् यत्रोत्पन्नमव्यवधानेन फलमुत्पादयति तदेव तत्र साधकतमम्, यथा अपवरकान्तर्वर्तिपदार्थप्रकाशे प्रदीप:। (न्यायकु ३, पृ. ३०)। जिसके सद्भाव में प्रमिति (आदि) का सद्भाव और जिसके अभाव में उसका अभाव पाया जाता है वह उसके प्रति साधकतम होता है। जो वहां उत्पन्न होकर व्यवधान के विना फल को उत्पन्न करता है उसे वहां साधकतम माना जाता है। जैसे गृह के भीतर स्थित पदार्थों के प्रकाशित करने में दीपक साधकतम है। साधकतम यह करण का लक्षण है।

साधन—१. साधनमुत्पत्तिनिमित्तम्। (स. सि. १–७)। २. साधन कारणम्। (त वा. १–७)। ३. साधन प्रकृताभावेऽनुपपन्नम् ×××। (न्यायवि. २–६६; प्रमाणसं २१)। ४. साधनं साध्याविनाभावियनियमनिश्चयैकलक्षणम्। (प्रमाण-प. पृ. ७०)। ५. उपयोगान्तरेणान्तर्हितानां दर्शनादिपरिणामानां निष्पादनं साधनम्॥ (भ. आ. विजयो. २)। ६. केन इति कारणप्रकाशनं साधनम्। (न्यायकु. ७६, पृ. ८०२)। ७. साधनं साध्याविनाभावनियमलक्षणम्। (प्रमाणनि. पृ. ३६)। ८. ××× भवेत् साधनम्, त्वन्तेऽन्नेहतनूज्झनाद्विशदया ध्यात्यात्मन. शोधनम्॥ (सा. ध. १–१६)। ९. साधन उपयोगान्तरेणान्तर्हितानां निष्पादनम्। (भ. आ. मूला २)। १०. निश्चितसाध्यान्यथानुपपत्तिक साधनम्। यस्य साध्याभावासम्भवनियमरूपा व्याप्त्यविनाभावाद्यपरपर्याया साध्यान्यथानुपपत्तिस्तर्कात्मिकेन प्रमाणेन निर्णीता तत् साधनमित्यर्थ:। (न्यायदी. पृ. ६९)। ११. साधनं

त्पत्तिकारणम् । (त. वृत्ति श्रुत. १–७) ।

१ विवक्षित पदार्थ की उत्पत्ति का जो निमित्त है उसे साधन कहते हैं (यह जीवादि तत्त्वों के जानने के उपायभूत निर्देशादि में से एक है ।) ३ जो प्रकृत (साध्य) के अभाव में अनुपपन्न है—सम्भव नहीं है—उसे साधन कहा जाता है । यह हेतु या लिंग का नामान्तर है । ४ जिसका नियम से साध्य के साथ अविनाभाव रहता है उसका नाम साधन है । ५ उपयोगान्तर से व्यवहित दर्शनादि परिणामों के—दर्शन, ज्ञान, चारित्र और तप के—निष्पादन को साधन कहा जाता है । यह आराधना के लक्षण का एक अंश है । ८ अन्त में—मरण के समय—आहार, शरीर की चेष्टा और शरीर के त्यागपूर्वक ध्यान से आत्मा को शुद्ध करना, इसे साधन कहते हैं । यह तीन प्रकार के श्रावकों में अन्तिम साधक श्रावक के अनुष्ठान के अन्तर्गत है ।

साधर्मिक—देखो सम्भोग । साधर्मिकाः समान-धर्मिणो द्वादशविधसम्भोगवन्तश्च । (योगशा. स्वो. विव. ४–९०) ।

समान धर्मवालों और बारह प्रकार के सम्भोग वालों को साधर्मिक कहा जाता है । सम्भोग से यहाँ एकत्र भोजनादिविषयक उस व्यवहार को ग्रहण किया गया है जो समान समाचारी वाले साधुओं के मध्य हुआ करता है ।

साधर्म्य—साधर्म्यं नाम साध्याधिकरणवृत्तित्वेन निश्चितत्वम् । (सप्तभं पृ. ५३) ।

साध्य के आधार में निश्चित रूप से रहना, इसका नाम साधर्म्य है ।

साधर्म्य दृष्टान्त—साध्य-साधनयोर्व्याप्तिर्यत्र निश्चीयते तराम् । साधर्म्येण स दृष्टान्तः सम्बन्ध-स्मरणान्मतः ॥ (न्यायाव. १८) ।

सम्बन्ध के स्मरणपूर्वक जहाँ साध्य और साधन की व्याप्ति निश्चित हो उसे साधर्म्य दृष्टान्त कहते हैं । जैसे—धूम के द्वारा अग्नि के सिद्ध करने में रसोई-घर का दृष्टान्त ।

साधारण (कायक्लेश)—१. साधारण प्रमृष्ट-स्तम्भादिकमुपाश्रित्य स्थानम् । (भ. आ. विजयो. २२३) । २. साधारण प्रमृष्ट स्तम्भादिकमवष्टभ्य स्थानं ऊर्ध्वस्थावस्थानम् । (भ. आ. मूला. २२३) । १ प्रमृष्ट (प्रमार्जित) स्तम्भ आदि का आश्रय लेकर स्थित होना, यह साधारण कायक्लेश कहलाता है ।

साधारण (भोजन व वसतिदोष)—१. काष्ठ-चेल-कण्टक-प्रावरणाद्याकर्षणं कुर्वता पुरोयायिनोपदर्शिता वसतिः साधारणशब्देनोच्यते । (भ. आ. विजयो. व मूला. २३०) । २. यद्दातुं सभ्रमाद्दस्त्राद्याकृष्यान्नादि दीयते । असमीक्ष्य तदादानं दोषः साधारणोऽशने ॥ (अन. ध. ५–३३); सभ्रमाहरणं कृत्वाऽऽदातुं पात्रादिवस्तुनः । असमीक्ष्यैव यद् देयं दोषः साधारणः स तु ॥ (अन. ध स्वो. टी. ५, ३३ उद्.) । १ लकड़ी, वस्त्र, कांटे और आच्छादक उपकरण इत्यादि के खींचने वाले पुरोगामी पुरुष के द्वारा उपदर्शित वसति साधारणदोष से दूषित होती है । २ शीघ्रतावश वस्त्र आदि को खींचते हुए जो आहार दिया जाता है उसके ग्रहण करने पर साधु भोजनविषयक साधारण दोष का भागी होता है ।

साधारण जीव—१ साहारणमाहारो साहारण-माण-गणगहणं च । साहारणजीवाणं साहारण-लक्खणं भणियं (आचारा नि. 'एय') ॥ (षट्खं. ५, ६, १२२—धव. पु. १४, पृ २२६, आचारा. नि. १३६, पृ. ५३) । २. साधारण सामान्यं शरीरं येषां ते साधारणशरीराः । (धव. पु. १, पृ २६९); जेण जीवेण एगसरीरट्ठियबहूहि जीवेहि सह कम्म-फलमणुभवेयव्वमिदि कम्ममुवज्जिदं सो साहारण-सरीरो । (धव. पु. ३, पृ ३३३) ३. जत्थेक्क मरइ जीवो तत्थ दु मरणं हवे अणंताणं । वक्कमइ जत्थ एक्को वक्कमणं तत्थ णंताणं ॥ (गो. जी. १९२) । ४. साहारणाणि जेसिं आहारुस्सास-काय-आऊणि । ते साहारणजीवा णंताणं तप्पमाणाणं ॥ (कार्तिके. १२६) । ५. साधारणः स यस्याङ्गमपरैः बहुभिः समम् ॥ एकत्र म्रियमाणे ये म्रियन्ते देहिनोऽखिलाः । जायन्ते जायमाने ते लक्ष्या साधारणा बुधैः । (पंचसं. अमित. १–१०५ व १०७) । ६. येषामनन्तजीवानां साधारणनामकर्मोदयवशवर्तिनाम् उत्पन्नप्रथमसमये आहारपर्याप्तिः तत्कार्यम् आहार-वर्गणायातपुद्गलस्कन्धखल-रसभागपरिणमन च साधारणं समकालं च, तथा शरीरपर्याप्तिः तत्कार्यम् आहारवर्गणायातपुद्गलस्कन्धस्य शरीराकारपरिणमन च, तथा इन्द्रियपर्याप्तिः तत्कार्यं स्पर्शनेन्द्रियाकारपरिणमनं च, तथा आन-पानपर्याप्तिः तत्कार्यम्

उच्छ्वास-निश्वासग्रहणं च साधारण सदृशरूप समकालं च भवति ते साधारणजीवाः। (गो. जी. म. प्र. व जी. प्र. १९२)।

१, जिन जीवों का आहार--शरीर प्रायोग्य पुद्गलों का ग्रहण—और उच्छवास-निःश्वास समान होता है वे साधारण जीव कहलाते है। यह साधारण वनस्पतिकायिक जीवों का सामान्य लक्षण है।

साधारणनाम—देखो साधारणशरीर नामकर्म।

साधारण शरीर—१. गूढसिर-संधि-पव्व समभंगमहीरुह (जीवस. 'महीरय') च छिण्णरुह। साहारणं सरीरं ×××॥ (मूला. ५–१९; जीवस. ३७; गो. जी १८६)। २. बहूण जीवाण जमेगशरीर त साहारणसरीरं णाम। (धव. पु १४, पृ. २२५)। ३. गूढसंधि-शिरा-पर्व-समभंगमहीरुह। साधारण वपुश्छिन्नरोहि ×××॥ (पंचसं. अमित. १–१०६)। ४. तल्लक्षणं यथा भङ्गे समभागः प्रजायते। तावत्साधारण ज्ञेय ××॥ (लाटीसं. २–१०९)।

१ जिस जीवशरीरयें सिरायें, सन्धियां और पोर प्रगट नहीं हुए है; जिसके तोड़ने पर भंग समान होता है तथा छेदे जाने पर भी जो प्ररोहित होता है उसे साधारण शरीर कहा जाता है। २ बहुत जीवों का जो एक ही शरीर होता है उसे साधारण शरीर कहते हैं।

साधारणशरीर नामकर्म—१ बहूनामात्मनामुपभोगहेतुत्वेन साधारण शरीर यतो भवति तत्साधारणशरीरनाम। (स. सि. ८–११; मूला वृ. १२, १९५; भ. आ. मूला. २०९५; गो. क जी. प्र. ३३)। २. अनेकजीवसाधारणशरीरनिर्वर्तक साधारणशरीरनाम। (त. भा. ८–१२)। ३. यतो बह्वात्मसाधारणोपभोगशरीरं तत्साधारणशरीरनाम। बहूनामात्मनामुपभोगहेतुत्वेन साधारण शरीरं यतो भवति तत्साधारणशरीरनाम। (त. वा. ८, ११, २०)। ४. साधारणनाम यदुदयाद् बहवो जीवा एक शरीर निर्वर्तयन्ति। (आ. प्र. टी. २३)। ५. अनन्तानां जीवानामेक शरीर साधारणं किशलय-निगोद-थोहरि-वज्रि (सिद्ध. वृ. 'निगोदवज्र') प्रभृति, यथैकजीवस्य परिभोगस्तथाऽनेकस्यापि तदभिन्न सद्यस्य कर्मण उदयान्निर्वर्त्यते तत्साधारणशरीरनाम। (त. भा. हरि. व सिद्ध. वृ. ८–१२)। ६. जस्स कम्मस्सुदएण एगसरीरा होदूण अणंता जीवा अच्छंति तं कम्मं साहारणसरीर। (धव. पु. १३, पृ. ३६५)। ७. यतो बह्वात्मसाधारणोपभोगशरीरता तत्साधारणशरीरनाम। (त श्लो. ८–११)। ८. यदुदयवशात्पुनरनन्तानां जीवानामेकं शरीरं भवति तत्साधारणनाम। (प्रज्ञाप. मलय. वृ. २९३, पृ. ४७४)।

१ जिस कर्म के उदय से बहुत जीवों के उपभोग के हेतुरूप से साधारण शरीर होता है उसे साधारण या साधारणशरीर नामकर्म कहा जाता है। २ जो कर्म अनेक जीवो के लिए साधारण शरीर को निर्मित करता है उसे साधारण शरीर कहते है।

साधु—१. वावारविप्पमुक्का चउव्विहाराहणासयारत्ता। णिग्गंथा णिम्मोहा साहू एदेरिसा होंति॥ (नि सा. ७५)। २ महुगारसमा बुद्धा जे भवंति अणिस्सिया। णाणापिंडरया दंता तेण वुच्चंति साहुणो॥ (दशवै सू. १–५, पृ. ७२)। ३. थिरधरियसीलमाला ववगयराया जसोहपडहत्था। बहुविणयभूसियंगा सुहाइ साहू पयच्छंतु॥ (ति. प. १–५)। ४. विषयसुखनिरभिलाष. प्रशमगुणगणाभ्यलंकृत. साधुः। द्योतयति यथा सर्वाण्यादित्यः सर्वतेजासि॥ (प्रशमर. २४२)। ५- चिरप्रव्रजित साधुः। (स. सि. ९–२४; त. श्लो. ९–२४)। ६. बारसविहेण जुत्ता तवेण साहेन्ति जे उ निव्वाणं। ते साहु तुज्झ वच्छय साहन्तु दुसाहय कज्ज॥ (पउमच. ८६–२२)। ७. तहा पसत-गंभीरासया सावज्जजोगविरया पचविहायारजाणगा परोवयारनिरया पउमाइनिदसणा झाणज्झयणसगया विसुज्झमाणभावा साहू सरण। (पंचसू पृ. १३)। ८. मानापमानयोस्तुल्यस्तथा यः सुख-दुःखयोः। तृणकाचनयोश्चैव साधुः पात्र प्रशस्यते॥ (पद्मपु. १४, ५७)। ९. चिरप्रव्रजितः साधु.। चिरकालभाविनप्रव्रज्यागुण साधुरित्याम्नायते। (त. वा. ९, २४, ११)। १०. अभिलषितमर्थं साधयतीति साधुः। (आव. नि. हरि. वृ. १००० उत्थानिका)। ११. चारित्तजुत्तो साहू ×××। (पंचाश. ४९६)। १२. अनन्तज्ञानादिशुद्धात्मस्वरूपं साधयन्तीति साधवः। पञ्चमहाव्रतधरास्त्रिगुप्तिगुप्ता. अष्टादशशीलसहस्रधराश्चतुरशीतिशतसहस्रगुणधराश्च साधवः। सीह-गय-वसह-मिय-पसु-मारुद-सूरुवहि-मंदरिंदु-

मणी। खिदि-उरगंबरसरिसा परमपयविमग्गया साहू ॥ (धव. पु. १, पृ. ५१); अणतणाण-दंसण-वीरिय-विरइ-खइयसम्मत्तादीण साहया साहू णाम। (धव. पु. ८, पृ. ८७)। १३. ज्ञान-दर्शन-चारित्र-लक्षणाभिः पौरुषेयीभिः शक्तिभिर्मोक्षं साधयन्तीति साधवः। (त. भा सिद्ध. वृ. ६-२३)। १४. साधयन्ति रत्नत्रयमिति साधवः। (भ. आ. विजयो. ४६)। १५. उग्गतवतवियगत्तो तियालजोएण गमिय-अहरत्तो। साहियमोक्खस्स पहो झाओ सो साहुपरमेट्ठी ॥ (भावस. दे ३७६)। १६. चिरकालभावितप्रव्रज्यागुणः साधु.। (चा. सा. पृ. ६६)। १७. कषायसेना प्रतिबन्धिनी ये निहत्य धीराः शमशील-शस्त्रैः। सिद्धिं विबाधा लघु साधयन्ते ते साधवो मे वितरन्तु सिद्धिम् ॥ (अमित. श्रा. १, ५)। १८. त्यक्तबाह्याभ्यन्तरग्रन्थो नि.कषायो जितेन्द्रिय। परीषहसहः साधुर्जातरूपधरो मतः ॥ (धर्मप. १८-७६)। १६. दसण-णाणसमग्ग मग्ग मोक्खस्स जो हु चारित्त। साधयदि णिच्चसुद्ध साहू स मुणी णमो तस्स ॥ (द्रव्यसं. ५४)। २०. अभ्यन्तरनिश्चयचतुर्विधाराधनाबलेन च बाह्याभ्यन्तरमोक्षमार्गद्वितीयनामाभिधेयेन कृत्वा यः कर्ता वीतरागचारित्राविनाभूत स्वशुद्धात्मानं साधयति भावयति स साधुर्भवति। (बृ. द्रव्यस. टी. ५४)। २१. सर्वद्वन्द्वविनिर्मुक्तो व्याख्यानादिषु कर्मसु। विरक्तो मौनवान् ध्यानी साधुरित्यभिधीयते ॥ (नीतिसा. १७)। २२. चिरदीक्षित. साधुः। (त. वृत्ति श्रुत. ६-२४; कार्तिके. टी. ४५६)। २३. दर्शन-ज्ञान-चारित्रत्रिकं भेदेतरात्मकम्। यथावत्साधयन् साधुरेकान्तपदमाश्रितः ॥ (धर्मसं. श्रा. १०-११८)। २४. मार्गं मोक्षस्य चारित्र सद्ज्ञप्तिपुरस्सरम्। साधयत्यात्मसिद्धयर्थं साधुरन्वर्थसंज्ञकः ॥ (लाटीसं. ४-१८६; पंचाध्या. २-६६७)।

१ जो बाह्य व्यापार से रहित होकर चार प्रकार की आराधना का निरन्तर आराधन करते हैं तथा परिग्रह को छोड़कर ममत्वभाव से रहित हो चुके हैं ऐसे वे साधु कहलाते हैं। २ जो मधुकर (भ्रमर) के समान दाता को कष्ट न पहुंचा कर अनुद्दिष्ट भोजन को प्राप्त करते हैं, तत्त्व के ज्ञाता हैं, आसक्ति से रहित हैं, तथा भिक्षावृत्ति से प्राप्त भोजन में सन्तुष्ट रहते हैं उन्हें साधु कहा जाता है। ५ जो दीर्घ काल से प्रव्रजित (दीक्षित) हो उसे साधु कहते हैं। ७ जो अतिशय शान्त, गम्भीर, सावद्य योग से विरत, पांच प्रकार के आचार के ज्ञाता, परोपकार में विरत, ध्यान-अध्ययन में तत्पर और उत्तरोत्तर विशुद्धि को प्राप्त होने वाले भावों से युक्त होते हैं उन्हें साधु माना जाता है। १२ जो अनन्त ज्ञान-दर्शनादिरूप आत्मा के स्वरूप को सिद्ध करते हुए पांच महाव्रतों के धारक, तीन गुप्तियों से रक्षित, अठारह हजार शीलों के धारक और चौरासी लाख गुणों से सम्पन्न होते हैं उन्हें साधु समझना चाहिए।

साधुवर्णजनन—साधुमाहात्म्यप्रकाशन साधुवर्णजननम्। (भ. आ. विजयो. व मूला. ४७)।

साधु के माहात्म्य के प्रगट करने को साधुवर्णजनन कहा जाता है।

साधुसमाधि—देखो 'साधु' व 'समाधि'। १. साहूणं समाहिसंधारणदाए—दंसण-णाण-चरित्तेसु सम्ममवट्ठाणं समाही णाम, सम्म साहूण धारण संधारण, (साहूण) समाहीए संधारण (साहु) समाहिसंधारण। (धव. पु. ८, पृ. ८८)। २. भाण्डागारहुताशोपशमनवज्जातविघ्नमनुपद्य। संधारण हि तपसः साधूना स्यात् समाधिरिह ॥ (ह. पु. ३४-१३६)। ३. भाण्डागाराग्निसंशान्तिसम मुनिगणस्य यत्। तप.सरक्षण साधुसमाधिः स उदीरितः ॥ (त श्लो. ६, २४, १०)।

१ दर्शन, ज्ञान और चारित्र मे भली भांति अवस्थित होने का नाम समाधि है, साधुओं की समाधि को साधुसमाधि कहा जाता है।

साध्य—१. साध्य शक्यमभिप्रेतमप्रसिद्ध × × ×। (प्रमाणसं. २०; न्यायवि. १७२)। २. अव्युत्पत्तिसशय-विपर्यासविशिष्टोऽर्थः साध्यः। (प्रमाणसं. स्वो. विव. २०)। ३. साध्य शक्यमभिप्रेतमप्रसिद्धमनुमेयम्। (सिद्धिवि. वृ. ३-३, पृ. १७७)। ४. इष्टमबाधितमसिद्धं साध्यम्। (परीक्षा. ३, १५)। ५. शक्यमभिप्रेतमप्रसिद्धं साध्यम्। यत् प्रत्यक्षादिप्रमाणबाधितत्वेन साधयितुं शक्यम्, वाद्यभिमतत्वेनाभिप्रेतम्, सन्देहाद्याक्रान्तत्वेनाप्रसिद्धम्, तदेव साध्यम्। (न्यायदी. पृ. ६६)।

१ जो साधने के लिए शक्य, वादी को अभीष्ट और

प्रत्यक्षादि अन्य प्रमाण से सिद्ध न हो उसे साध्य कहा जाता है।

साध्याभास—१. ××× ततोऽपरम्। साध्याभास यथा सत्ता भ्रान्तेः पुरुषधर्मतः॥ (प्रमाणसं. २०); ततोऽपरं साध्याभासम्। यथा सत्ता, सदसदेकान्तयोः साधनासम्भवः, तदतदुभयधर्माणामसिद्ध-विरुद्धानैकान्तिकत्वम्। (प्रमाणसं. स्वो. वि. २०)। २. ××× ततोऽपरम्। साध्याभासं विरुद्धादि साधनाविषयत्वत.॥ (न्यायवि.१७३)। ३. ततोऽपरं साध्याभासम्। (प्रमाणनि. पृ. ६१)। १ साध्य से विपरीत को—जो साधने के लिए शक्य न हो; वादी को अभीष्ट न हो, अथवा अन्य प्रमाण से सिद्ध हो; उसे साध्याभास कहा जाता है।

साध्ववर्णवाद—अहिंसाव्रतमेवैषा न युज्यते षड्जीवनिकायाकुले लोके वर्तमानाः कथमहिंसकाः स्युः, केशोल्लुचनादिभिः पीड्यतां च कथं नात्मवधः, अदृष्टमात्मनो विषयं धर्मं पापं तत्फलं च गदता कथं सत्यव्रतम्, इति साध्ववर्णवादः। (भ. आ. विजयो. ४७)।

छह काय के जीवों से व्याप्त लोक में रहते हुए इन साधुओं का अहिंसाव्रत सुरक्षित नहीं रह सकता, केशलुंचन आदि के द्वारा पीड़ित होने से आत्मवध का भी दोष सम्भव है, तथा स्वयं न देखे गये पुण्य-पाप व उनके फल का कथन करते हुए उनका सत्यव्रत भी सुरक्षित नहीं रह सकता; इत्यादि प्रकार से साधुओं के विषय में दोषारोपण करना, यह साधु-अवर्णवाद कहलाता है।

सान—स्यति छिनत्ति हन्ति विनाशयति अनध्यवसायमित्यवग्रहः सानम्। (धव. पु. १३, पृ. २४२)। जो अनध्यवसाय को नष्ट करता है उसे सान कहा जाता है। 'स्यति छिनत्ति अनध्यवसायम् इति सानम्' इस निरुक्ति के अनुसार यह अवग्रह का सार्थक नामान्तर है।

सान्तरनिरन्तरद्रव्यवर्गणा—अन्तरेण सह णिरन्तरं गच्छदि त्ति सांतर-णिरंतर दव्ववग्गणासण्णा। (धव. पु. १४, पृ. ६४)।

जो वर्गणा निरन्तर अन्तर के साथ जाती है उसका नाम सान्तर-निरन्तरद्रव्यवर्गणा है।

सान्तरबन्धप्रकृति—जिस्से पयडीए अद्धाक्खएण बंधवोच्छेदो संभवइ सा सांतरबंधपयडी। (धव. पु. ८, पृ. १७); ××× परमत्थदो पुण एगसमयं बधिदूण विदियसमए जिस्से बंधविरामो दिस्सदि सा सांतरबधपयडी। (धव. पु. ८, पृ. १००)।

काल के क्षय से जिस प्रकृति के बन्ध की व्युच्छित्ति सम्भव है उसे सान्तरबन्धप्रकृति कहते हैं। यथार्थतः एक समय बन्ध को प्राप्त होकर दूसरे समय में जिसके बन्ध का विश्राम देखा जाता है उसे सान्तरबन्धप्रकृति कहा जाता है।

सापराध—नियतमयमशुद्धं स्वं भजन् सापराधः ××× ॥ (समयक. ६–८)।

जो नियम से अशुद्ध आत्मा का आराधन करता है वह सापराध (अपराधी) है। कारण यह कि इस प्रकार के आचरण से उसके कर्मबन्ध होने वाला है।

सापेक्षत्व—तदनिराकृते (अनेकान्तानिराकृतेः) सापेक्षत्वम्। (लघीय. स्वो. विव. ७२)।

अनेकान्त का निराकरण नहीं करना, यही नयोंका सापेक्षत्व है।

सामग्री—सकलकारककलारूपा किल सामग्री। (न्यायकु. ३, पृ. ३५)।

समस्त कारकों के समूह का नाम सामग्री है। इसका सम्बन्ध कारक-साकल्य प्रकरण से है।

सामानिक—१. आज्ञैश्वर्यवर्जितं यत्समानायुर्वीर्य-परिवार-भोगोपभोगादि तत्समानम्, तस्मिन् समाने भवाः सामानिकाः। (स. सि. ४–४)। २. इन्द्रसमानाः सामानिका अमात्य-पितृ-गुरूपाध्याय-महत्तरवत्केवलमिन्द्रत्वहीनाः। (त. भा. ४–४)। ३. तत्स्थानार्हत्वात्सामानिकाः। तेषामिन्द्राणामाज्ञैश्वर्यवर्जितं यत् स्थान आयुर्वीर्य-परिवार-भोगोपभोगादितत्तेषां समानम्, समाने भवाः सामानिकाः। (त वा ४, ४, ४)। ४. आज्ञैश्वर्याद्विनाऽन्यैस्तु गुणैरिन्द्रेण सम्मिताः। सामानिका भवेयुस्ते शक्रेणापि गुरूकृता.॥ पितृ-मातृ-गुरुप्रख्याः सम्मतास्ते सुरेशिनाम्। लभन्ते सममिन्द्रैश्च सत्कारं मान्यतोचितम्॥ (म. पु. २२, २३–२४)। ५. आज्ञैश्वर्यवर्जितमायुर्वीर्य-परिवार-भोगोपभोगादिस्थानमिन्द्रैः समानम्, तत्र भवाः सामानिका इन्द्रस्थानार्हत्वात्। (त. श्लो. ४–४)। ६. सामानिकाश्चेन्द्रसमाः परमिन्द्रत्ववर्जिताः। (त्रि. श. पु. च. २, ३, ७७२)। ७. यथा इन्द्रेण सह समाने तुल्ये द्युति-विभवादौ

भवाः सामानिकाः, "अध्यात्मादिभ्यः" इतीकण-प्रत्ययः, इन्द्रत्वरहिता इन्द्रेण सह समानद्युति-विभवा इन्द्राणाममात्य-पितृ-गुरूपाध्याय- महत्तरवत्पूजनीयास्तेऽपि चेन्द्रान् स्वामित्वेन प्रतिपन्नाः। (बृहत्सं. मलय. वृ. २)। ८. आज्ञामैश्वर्यं च विहाय भोगोपभोग-परिवार-वीर्यायुरास्पदप्रभृतिक यद्वर्तते तत्समानम्, समाने भवाः सामानिकाः महत्तर-पितृ-गुरूपाध्यायसदृशा। (त. वृत्ति श्रुत. ४–४)।

१ आज्ञा और ऐश्वर्य को छोड़कर आयु, वीर्य, परिवार और भोग-उपभोग की अपेक्षा जिनका स्थान इन्द्र के समान होता है वे सामानिक देव कहलाते हैं। २ जो देव मंत्री, पिता, गुरु, उपाध्याय और महत्तर के समान इन्द्र जैसे ही होते हैं; वे केवल इन्द्रत्व—आज्ञा व ऐश्वर्य—से रहित होते हुए सामानिक कहे जाते हैं।

सामान्य—देखो तिर्यक्सामान्य व ऊर्ध्वतासामान्य। १. तथा चोक्तम्—वस्तुन एव समानः परिणामो यः स एव सामान्यम्। (अने. ज. प. पृ. ३२)। २. सामान्य भिन्नेष्वभिन्नकारणम्। (आ. मी. वसु. वृ. ६५)। ३. यो वस्तूनां समानपरिणामः सामान्यम् ×××। उक्तं च—वस्तुन एव समानः परिणामो यः स एव सामान्यम्। (आव. नि. मलय. वृ. ७५५)।

१ वस्तु के समान परिणाम का नाम सामान्य है। २ भिन्न अनेक व्यक्तियों में जो अभेद का कारण है उसे सामान्य कहते हैं।

सामान्य आलोचना—देखो सामान्यालोचना।

सामान्य छल—सम्भवतोऽर्थस्यातिसामान्ययोगादसद्भूतार्थकल्पना सामान्यछलम् [न्यायसू. १, २, १३]। (प्र. क मा. ५–७३, पृ. ६५०; सिद्धिवि. वृ. ५–२, पृ. ३१)।

सम्भव होने वाले अर्थ की अति सामान्य के योग से असद्भूत अर्थ की जो कल्पना की जाती है उसे सामान्य छल कहा जाता है।

सामान्य शक्ति—सामान्या यथा घटसन्निवेशिनामुदकाद्याहरणादिकार्यकरणशक्तिः। (अने. ज. प. पृ. ५०)।

घट जैसी रचना वाले पदार्थों में जो जल आदि के ग्रहण रूप कार्य करने की शक्ति है उसे सामान्य-शक्ति कहा जाता है।

सामान्य स्थिति—एक्कम्हि ट्ठिदिविसेसे जम्हि समयपबद्धसेसयमत्थि सा ट्ठिदी सामण्णा त्ति णादव्वा। (कसायपा. चू. पृ ८३५)।

जिस एक स्थिति विशेष में समयप्रबद्ध शेष (और भवबद्ध शेष) पाये जाते हैं, उसे सामान्य स्थिति कहते हैं।

सामान्यालोचना—ओघेणालोचेदि हु अपरिमिदवराधसव्वघादी वा। अज्जोपाए इत्थ सामण्णमहं खु तुच्छो त्ति॥ (भ. आ. ५३४)।

जिसने अपरिमित अपराध किया है अथवा सम्यक्त्व आदि सबका घात किया है ऐसा अपराधी साधु सामान्य से परसाक्षिक आलोचना करता हुआ प्रार्थना करता है कि मै तुच्छ हू व आज से श्रमण धर्म की इच्छा करता हूं। यह सामान्य (श्रामण्य) आलोचना का लक्षण है।

सामायिक—१. विरदो सव्वसावज्जे तिगुत्तो पिहिदिंदिओ। तस्स सामाइग ठाइ इदि केवलिसासणे॥ जो समो सव्वभूदेसु थावरेसु तसेसु वा। तस्स सामाइग ठाई इदि केवलिसासणे॥ जस्स सण्णिहिदो अप्पा सजमे णियमे तवे। तस्स सामाइग ठाइ इदि केवलिसासणे॥ जस्स रागो दु दोसो दु विगडिं ण जणेति दु। तस्स सामाइग ठाई इदि केवलिसासणे॥ जो दु अट्ट च रुद्द च झाण वज्जेदि णिच्चसा। तस्स सामाइग ठाई इदि केवलिसासणे॥ जो दु पुण्ण च पाव च भावं वज्जेदि णिच्चसा। तस्स सामाइग ठाई इदि केवलिसासणे॥ जो दु हस्स रई सोग अरदि वज्जेदि णिच्चसा। तस्स सामाइग ठाई इदि केवलिसासणे॥ जो दु दुगंछा भय वेद सव्व वज्जेदि णिच्चसा। तस्स सामाइगं ठाई इदि केवलिसासणे॥ जो दु धम्म च सुक्कं च झाण झाएदि णिच्चसा। तस्स सामाइगं ठाई इदि केवलिसासणे॥ (नि. सा. १२५–१३३)। २, जीविद-मरणे लाभालाभे संजोय-विप्पओगे य। बंधुरि-सुह-दुक्खादिसु समदा सामाइयं णाम॥ (मूला. १–२३); सम्मत्त-णाण-संजम-तवेहि जं तं पसत्थसमगमण। समयं तु तं तु भणिदं तमेव सामाइयं जाणं॥ (मूला. ७–१८)। ३. आ समयमुक्ति मुक्तं पञ्चाधानामशेषभावेन। सर्वत्र च सामयिकाः सामायिकं नाम शंसन्ति॥ (रत्नक. ४–७)। ४. समेकीभावे वर्तते। तद्यथा—सङ्गतं घृतं

सङ्गतं तैलमित्युच्यते, एकीभूतमिति गम्यते, एकत्वेन अयनं गमन समय., समय एव सामायिकम्। समयः प्रयोजनमस्येति वा विगृह्य सामायिकम्। (स. सि. ७–२१)। ५. सामायिकं नामाभिगृह्य-कालं सर्वसावद्ययोगनिक्षेपः। (त. भा. ७–१६)। ६. सामाइयं नाम सावज्जजोगपरिवज्जण निरवज्जजोगपडिसेवणं च। (आव. सू. अ. ६); सावज्जोगविरओ तिगुत्तो छसु संजओ। उवउत्तो जयमाणो आया सामाइय होई॥ (आव. भा १४६, पृ. ३२७ हरि. वृ.)। ७. रागद्दोसविरहिओ समो त्ति अयणं अयोत्ति गमणं ति। समगमण ति समाओ स एव सामाइयं नाम॥ अहवा भवं समाए निव्वत्त तेण तम्मयं वावि। ज तप्पओयण वा तेण व सामाइयं नेयं॥ अहवा समाइ सम्मत्त-नाण-चरणाइ तेसु तेहिं वा। अयणं अओ समाओ स एव सामाइय नाम॥ अहवा समस्स आओ गुणाण लाभोत्ति जो समाओ सो। अहवा समाणमाओ नेओ सामाइय नाम॥ अहवा साम मित्ती तत्थ अओ (गमण) तेण होइ सामाओ। अहवा सामस्साओ लाभो सामाइय णेय॥ सम्ममओ वा समओ सामाइयमुभयविद्धि भावाओ। अहवा सम्मस्स आओ लाभो सामाइय होइ॥ अहवा निरुत्तविहिणा सामं सम्म सम च ज तस्स। इकमप्पए पवेसणमेय सामाइयं नेय॥ (विशेषा. ४२२०–२६)। ८. सावज्जजोगविरओ तिगुत्तो छसु सजओ। उवउत्तो जयमाणो आया सामाइय होई॥ (आव भा. १४६, पृ. ३२७ हरि. वृ.)। ९ एकत्वेन गमन समयः। समेकीभावे वर्तते। तद्यथा—'संगत घृतम्, संगत तैलम्' इत्युक्ते एकीभूतमिति गम्यते, एकत्वेन गमन समय' प्रतिनियतकाय-वाङ्मनःकर्मपर्यायार्थं प्रतिनिवृत्तत्वादात्मनो द्रव्यार्थेनैकत्वगमनमित्यर्थ, समय एव सामायिकम्, समय. प्रयोजनमस्येति वा सामायिकम्। (त. वा. ७, २१, ६); सर्वसावद्ययोगप्रत्याख्यानपरम्। सर्वस्य सावद्ययोगस्याभेदेन प्रत्याख्यानमवलम्ब्य प्रवृत्तमवधृतकाल वा सामायिकमित्याख्यायते। (त. वा. ९, १८, २)। १०. सर्वसावद्ययोगविरतिलक्षण सामायिकम्। (त. भा. हरि. व सिद्ध. वृ. ९–१८)। ११. समो राग-द्वेषवियुतो यः सर्वभूतान्यात्मवत् पश्यति, आयो लाभः प्राप्तिरिति पर्यायः, समस्या आयः समायः, समो हि प्रतिक्षणमपूर्वज्ञान-दर्शन-चरणपर्यायैर्भवाटवीभ्रमणसक्लेशविच्छेदकैर्निरुपमसुखहेतुभिरध कृतचिन्तामणि-कल्पद्रुमोपमैर्युज्यते, स एव समायः प्रयोजनमस्याध्ययन-सवेदनानुष्ठानवृन्दस्येति सामायिकम्, समाय एव सामायिकम्। (अनुयो. हरि. वृ. पृ. २६; आव. हरि. वृ. ६, ९, पृ. ८३१); सावद्ययोगविरतिमात्रं सामायिकम्। (अनुयो. हरि. वृ. पृ १०३)। १२. समभावो सामाइयं तण-कचण-सत्तु-मित्तविसओ त्ति। णिरभिस्संग चित्त उचियपवित्तिप्पहाणं च॥ (पंचाश. ४९९)। १३. सव्वे जीवा णाणमया जो समभाव मुणेइ। सो सामाइउ जाणि फुडु जिणवर एम भणेइ॥ राय-रोस वे परिहरवि जो समभाउ मुणेइ। सो सामाइय जाणि फुडु केवलि एम भणेइ॥ (योगसा. योगीन्दु ९९–१००)। १४. तीसु वि संझासु पक्ख-मास-सविदिणेसु वा सगिच्छिदवेलासु वा बज्झतरगासेसत्थेसु सपरायणिरोहो वा सामाइयं णाम। (जयध. १, पृ. ९८, ९९)। १५. सामायिकमिति—समो राग-द्वेषवियुक्तो यः सर्वभूतान्यात्मवत् पश्यति, आयो लाभः प्राप्तिः, समस्यायः समायः, प्रतिक्षणमपूर्वापूर्वज्ञान-दर्शन-चरणपर्यायैर्युज्यते, स एव समायः प्रयोजनमस्य क्रियानुष्ठानस्येति सामायिकम्। समाय एव वा सामायिकम्। (त. भा सिद्ध. वृ. ७–१६)। १६. सव्व सावज्जजोग पच्चक्खामीति वचनाद्विसादिभेदमनुपादाय सामान्येन सर्वसावद्ययोगनिवृत्तिः सामायिकम्। (भ. आ विजयो. ११६)। १७. राग-द्वेषत्यागाच्चिखिलद्रव्येषु साम्यमवलम्ब्य। तत्त्वोपलब्धिमूल बहुशः सामायिक कार्यम्॥ (पु. सि. २४८)। १८. सम्यगेकत्वेनायन गमन समयः, स्वविषयेभ्यो विनिवृत्त्य काय-वाङ्मनःकर्मणामात्मना सह वर्तनाद् द्रव्यार्थेनात्मन एकत्वगमनमित्यर्थः। समय एव सामायिकम्, समयः प्रयोजनमस्येति वा सामायिकम्। (चा. सा. पृ. १०); सामायिकं सर्वसावद्ययोगनिवृत्तिलक्षणम्, चित्तस्यैकत्वेन ज्ञानेन प्रणिधान वा, शत्रुमित्र-मणि-पाषाण-सुवर्णमृत्तिका-जीवितमरण - लाभालाभादिषु राग-द्वेषाभावो वेति। (चा. सा. पृ. २६)। १९. जीविते मरणे योगे वियोगे विप्रिये प्रिये। शत्रौ मित्रे सुखे दुःखे साम्यं सामायिक विदुः॥ (अमित. श्रा. ८–३१)। २०. जीविते मरणे

सौख्ये दुःखे योग-वियोगयोः। समानमानसैः कार्यं सामायिकमतन्द्रितैः ॥ (धर्मप. १६–८४)। २१. रुद्दट्टविवज्जणं पि य समदा सव्वेसु च भूदेसु। सजमसुहभावणा वि सिक्खा सा उच्चये पढमा ॥ (कम्मर. १५३)। २२. समता सर्वभूतेषु सयमे शुभभावना। आर्त्त-रौद्रपरित्यागस्तद्धि सामायिक विदु.॥ (पद्म. पं. ६–८)। २३. समभेदेन त्यागेनायोऽयन मतेः। समयः स एव चारित्र सामायिकमुत्तमम् ॥ (आचा. सा. ५–५); स यः स्वार्थनिवृत्त्यात्मनेन्द्रियाणामयोऽयनम्। समयः सामायिक नाम स एव समताह्वयम् ॥ समस्या राग-रोषस्य सर्ववस्तुष्वयोऽयनम्। समायः स्यात्स एवोक्त सामायिकमिति श्रुते ॥ (आचा. सा ६–२०, २१)। २४. समो राग-द्वेषविकल आत्मा, समस्य आयो विशिष्टज्ञानादिगुणलाभ. समाय', स एव सामायिकम्। (योगशा. स्वो. विव. २–८); समस्य राग-द्वेषविनिर्मुक्तस्य सतः, आयो ज्ञानादीना लाभ' प्रशमसुखरूपः समायः, समाय एव सामायिकम्, ××× समायः प्रयोजनमस्येति वा सामायिकम् ××× सावद्यव्यापारनिषेधात्मकम् निरवद्यव्यापारविधानात्मक च। (योगशा. स्वो. विव. ३, ८२, पृ. ५०३–४); तत्र सामायिकमार्त-रौद्रध्यानपरिहारेण धर्मध्यानपरिकरणन शत्रु-मित्र-तृणकाञ्चनादिषु समता। (योगशा. स्वो. विव. ३-१३०)। २५. त्यक्तार्त्त-रौद्रध्यानस्य त्यक्तसावद्यकर्मण'। मुहूर्त समतायातं विदुः सामायिकव्रतम् ॥ (त्रि. श. पु. च. १, ३, ६३६)। २६. समो राग-द्वेषयोरपान्तरालवर्ती मध्यस्थः, 'इण् गतौ' अयनं अयो गमनमित्यर्थः, समस्य अयः समायः समीभूतस्य सतो मोक्षाध्वनि प्रवृत्तिः, समय एव सामायिकम्, विनयादेराकृतिगणत्वात् 'विनयादिभ्य' इति स्वार्थिक इकण्-प्रत्ययः, एकान्तोपशान्तगमनमिति भावः। (आव. नि. मलय. वृ. ८६४); समो राग-द्वेषरहित' अयनं गमनम्, समस्यायः समायः, अयनग्रहण शेषक्रियाणामुपलक्षणम्, सर्वासामपि साधुक्रियाणां समस्य सतस्तत्त्वतो भावात्, समाय एव सामायिकम्। अथवा समानि ज्ञान-दर्शन-चारित्राणि, तेष्वयनं समायः, स एव सामायिकम्। यदि वा सर्वजीवेषु मैत्री साम, साम्न आयो लाभ. सामायः, स एव सामायिकम्। अथवा सम्यक्-शब्दार्थः समशब्दः, सम्यगयन वर्तनं समयः, अथवा सम्यगायो लाभः समायः, यदि वा समस्य भावः साम्यम्, तस्यायः साम्यायः, सर्वत्र स्वार्थिक इकण्प्रत्ययः, पृषोदरादित्वादिष्टरूपनिष्पत्तिः। (आव. भा. मलय. वृ. १८५, पृ. ५७४); आत्मन्येव साम्न इकं प्रवेशन सामायिकम्, यल्लक्षणेनानुपन्न तत्सर्वं नैरुक्तिनिपातनादवसेयम्। तथा हि—सामन्-शब्दनकारस्य आय आदेश, तथा समस्य राग-द्वेषमध्यस्थस्यात्मनि इकं प्रवेशन सामायिकम् समशब्दात्परः अयागम', सकारस्य च दीर्घता, तथा सम्यगित्येतस्य सम्यग्ज्ञान-दर्शन-चारित्रयोजनरूपस्यात्मनि इक प्रवेशन सामायिकं, यकारादेरायादेशनिपातन सकारस्य च दीर्घता। (आव. नि. मलय वृ. १०४५, पृ. ५७५)। २७. रागाद्यबाधबोध. स्यात् समायोऽस्मिन्निरुच्यते। भव सामायिकं साम्यं नामादौ सत्यऽसत्यपि ॥ समयो दृग्ज्ञानतपोयम-नियमादौ प्रशस्तशमगमनम्। स्यात् समय एव सामायिक पुनः स्वार्थिकेन ठणा ॥ (अन. ध. ८, १६–२०)। २८. सम् एकत्वेन आत्मनि आय. आगमन परद्रव्येभ्यो निवृत्य उपयोगस्य आत्मनि प्रवृत्तिः समाय', अयमह ज्ञाता दृष्टा चेत्यात्मविषयोपयोग इत्यर्थ', आत्मन एकस्यैव ज्ञेय-ज्ञायकत्वसम्भवात्। अथवा समे रागद्वेषाभ्यामनुपहते मध्यस्थे आत्मनि, आयः उपयोगस्य प्रवृत्तिः समायः, स प्रयोजनमस्येति सामायिक नित्य नैमित्तिकानुष्ठानम्। (गो. जी. म. प्र व जी. प्र. ३६७–६८)। २९. सर्वभूतेषु यत्साम्यमार्त्त-रौद्रविवर्जनम्। सयमोऽतीवभावश्च विद्धि सामायिकं हितम् ॥ (धर्मस. आ. ७–४२)। ३० सामायिक सर्वजीवेषु समत्वम्। (भावप्रा. टी. ७७)। ३१. आर्त-रोद्र परित्यज्य त्रिषु कालेषु सर्वदा। वद्यो भवति सर्वज्ञस्तच्छिक्षाव्रतमाद्यजम् ॥ (पू. उपासका. ३१)। ३२. अर्थात् सामायिकः प्रोक्तः साक्षात् साम्यावलम्बनम्। ××× तत्सूत्र यथा—समता सर्वभूतेषु सयमे शुभभावना। आर्त्त-रौद्रपरित्यागस्तद्धि सामायिकव्रतम् ॥ (लाटीसं. ६–१५३)। ३३. एयत्तणेण अप्पे गमणं परदव्वदो दु णिव्वत्ती। उवयोगस्स पवत्ती स समायोऽदो उच्चदे समये ॥ णादा चेदा दिट्ठाहमेव इदि अप्पगोचर झाणं। अहं मज्झत्थे गदि अप्पे आयो दु सो भणिओ ॥ तस्य भव सामाइयं ××× ॥ (अंगप. ३, ११–

१२, पृ. ३०५)।

१ जो सर्वसावद्य योग का त्याग कर चुका है, तीनों गुप्तियों से संरक्षित है, इन्द्रियों पर विजय प्राप्त कर चुका है, त्रस स्थावर जीवों में समभाव रखता है; संयम, तप और नियम में निरत रहता है, जिसे राग-द्वेष विकृत नहीं करते हैं, तथा जो आर्त और रौद्र ध्यान से रहित है, ऐसे महापुरुष के सामायिक होता है। २ जीवन और मरण, लाभ और अलाभ, संयोग और वियोग, शत्रु और मित्र तथा सुख और दुःख इनमें समान—हर्ष-विषाद से रहित—रहना, इसका नाम सामायिक है। ५ काल का नियम करके समस्त सावद्य योग का त्याग करना, इसे सामायिक कहते हैं। ११ जो राग-द्वेष से रहित होकर सब प्राणियों को अपने समान देखता है उसे सम कहा जाता है, आय का अर्थ लाभ होता है, सम के आय का नाम समाय है, यह समाय ही जिसका प्रयोजन है उसे सामायिक कहते हैं। यह सामायिक का निरुक्त लक्षण है। इसका अभिप्राय यही है कि राग-द्वेष से रहित होकर जो दर्शन, ज्ञान एवं चारित्र की प्राप्ति के अभिमुख होना, इसे सामायिक समझना चाहिए। १४ तीनों सन्ध्याकालों में पक्ष, मास व सन्धि के दिनों में अथवा अपनी इच्छानुसार किसी भी समय में बाह्य व अन्तरंग सभी पदार्थों में कषाय का जो निरोध किया जाता है, इसका नाम सामायिक है।

सामायिककाल—देखो सामायिकसमय। पुव्वण्हे मज्झण्हे अवरण्हे तिहि वि णालियाछक्को। सामाइयस्स कालो सविणय णिस्सेस णिद्दिट्ठो॥ (कार्तिके. ३५४)।

सामायिक का काल पूर्वाह्न, मध्याह्न और अपराह्न इन तीन सन्ध्याकालों में छह घड़ी तक कहा गया है।

सामायिकक्षेत्र—जत्थ ण कलयलसद्दो बहुजणसंघट्टण ण जत्थत्थि। जत्थ ण दंसादीया एस पसत्थो हवे देसो॥ (कार्तिके. ३५३)।

जहां कल-कल शब्द न हो, बहुत जनों का आना-जाना न हो, तथा डांस-मच्छर आदि न हों; ऐसा प्रशस्त देश सामायिक के लिए उपयोगी होता है।

सामायिकचारित्र—देखो सामायिक। सर्वे जीवाः केवलज्ञानमया इति भावनारूपेण समतालक्षणं सामायिकम्, अथवा परमस्वास्थ्यबलेन युगपत्समस्तशुभाशुभसंकल्प-विकल्पत्यागरूपसमाधिलक्षणं वा, निर्विकारस्वसंवित्तिबलेन राग-द्वेषपरिहाररूपं वा, स्वशुद्धात्मानुभूतिबलेनार्त्त-रौद्रपरित्यागरूपं वा, समस्तसुखदुःखादिमध्यस्थरूपं चेति। (बृ द्रव्यसं टी. ३५)।

सब जीव केवलज्ञान स्वरूप हैं, इस प्रकार के समताभाव का नाम सामायिकचारित्र है। अथवा शुभाशुभ सकल्प विकल्पों के त्यागरूप समाधि को सामायिकचारित्र का लक्षण जानना चाहिए। राग-द्वेष के परित्यागपूर्वक आर्त-रौद्र का परित्याग भी सामायिक का लक्षण है।

सामायिक प्रतिमा—१ चतुरावर्त्तत्रितयश्चतुःप्रणामःस्थितो यथाजातः। सामायिको द्विनिषद्यस्त्रियोगशुद्धस्त्रिसन्ध्यमभिवन्दी॥ (रत्नक. ५–१८)। २. माध्यस्थ्यैकत्वगमनं देवतास्मरणस्थितेः। सुखदुःखारिमित्रादौ बोध्य सामायिक व्रतम्॥ (ह. पु. ५८–१५३)। ३. जो कुणदि काउसग्ग बारसआवत्तसजु[जु]दो धीरो। णमणदुग पि करंतो चदुप्पणामो पसण्णप्पा॥ चिंततो ससरूवं जिणबिंबं अहव अक्खर परमं। झायदि कम्मविणाय तस्स वयं होदि सामइय॥ (कार्तिके. ३७१–७२)। ४. चउरट्ठह दोसह रहिउ पुव्वाइरियकमेण। जिणु वदइ संझइ तिहिमि सो तिज्जउ णियमेण॥ (सावयध. दो. १२)। ५. आर्त्त-रौद्रपरित्यक्तस्त्रिकाल विदधाति य। सामायिक विशुद्धात्मा स सामायिकवान् मतः॥ (सुभा. स. ८३५)। ६ रौद्रार्त्तमुक्तो भवदुःखमोक्षी निरस्तनिःशेषकषायदोषः। सामायिकं य कुरुते त्रिकाल सामायिकस्थः कथित स तथ्यम्॥ (अमित. श्रा. ७–६६)। ७ प्रियेऽप्रिये विद्विषि बन्धुलोके समानभावो दमितेन्द्रियाश्वम्। सामायिक य कुरुते त्रिकालं सामायिकी स प्रथितः प्रतीतः॥ (धर्मप. २०–५५)। ८. होऊण सुई चेइयगिहम्मि सगिहे व चेइयाहिमुहो। अण्णत्थ सुइपएसे पुव्वमुहो उत्तरमुहो व॥ जिणवयण धम्मचेइय परमेट्ठि-जिणालयाण णिच्च पि। ज वदणं तियाल कीरइ सामाइयं तं खु॥ (वसु. श्रा. २७४, २७५)। ९. दृङ्मूलोत्तरगुणग्रामाभ्यासविशुद्धधीः।

भजंस्त्रिसध्य कृच्छ्रेऽपि साम्य सामायिकी भवेत् ॥ (सा. ध. ७-१)। १०. चतुस्त्र्यावर्तसयुक्तश्चतुर्नमस्क्रिया(?) सह। द्विनिषद्यो यथाजातो मनोवाक्कायशुद्धिमान् ॥ चैत्यभक्त्यादिभि. स्तूयाज्जिन सन्ध्यात्रयेऽपि च। कालातिक्रमणं मुक्त्वा स स्यात् सामायिकव्रती ॥ (भावसं वाम. ५३२-३३)। ११. मूलोत्तरगुणव्रात पूर्ण. सम्यक्त्वपूतधी:। साम्य त्रिसध्य कष्टेऽपि भजन् सामायिकी भवेत् ॥ कुर्वन् यथोक्त सन्ध्यासु कृतकर्माऽऽसमाप्तित। समाधेर्जातु नापैति कृच्छ्रे सामायिकी हि स' ॥ (धर्मसं. श्रा. ८, ५-६)। १२. सा च मासत्रय यावदुभयसन्ध्य सामायिक कुर्वतो भवति। नियम नन्दि-व्रतादिविधिः स एव दण्डकतदभिलापेन इति सामायिक प्रतिमा। (आचारदि. पृ. ५२)।

१ जो गृहस्थ यथाजात—दिगम्बर वेष में अथवा समस्त प्रकार की परिग्रह मे निर्ममत्व होकर कायोत्सर्ग से स्थित होता हुआ—चार बार तीन तीन आवर्त व सिर झुका कर प्रणाम करता है तथा आदि और अन्त मे बैठकर प्रणाम करता है वह सामायिक प्रतिमा का धारक होता है। यह क्रिया तीनों योगो की शुद्धिपूर्वक तीनो सन्ध्याओं में—प्रातः (पूर्वाह्ण) मध्याह्न और अपराह्न मे की जाती है। प्रकारान्तर से इसे कृतिकर्म भी कहा जाता है। देखिए—धवला पु० ६, पृ० १८६ पर 'दुओणद ' इत्यादि; तथा मूलाचार गाथा ७-१०४। २ देवता—जिनदेव आदि- का स्मरण करते हुए जो सुख दु ख और शत्रु-मित्र आदि मे एक मध्यस्थ भाव को प्राप्त होता है, इसका नाम सामायिकव्रत (एक शिक्षाव्रत) है। ३ जो धीर श्रावक प्रसन्नचित्त होकर बारह आवर्तों से सयुक्त होता हुआ कायोत्सर्गपूर्वक दो नमन और चार प्रणामो को करता है तथा अपने आत्मस्वरूप का स्मरण करता हुआ जिनप्रतिमा, परम अक्षर - 'अरिहाउसा' आदि मंत्राक्षरों या बीजाक्षरों—और कर्मविपाक का ध्यान करता है उसके सामायिक व्रत होता है। १२ सामायिक प्रतिमा दो सन्ध्याओं में तीन मास तक सामायिक करने वाले के होती है।

सामायिकभावश्रुतग्रन्थ -- नैयायिक-वैशेषिक-लोकायत-सांख्य-मीमासक - बौद्धादिदर्शनविषयबोध. सामायिकभावश्रुतग्रन्थ.। (धव. पु. ६, पृ ३२३)। नैयायिक, वैशेषिक, लोकायत, सांख्य, मीमांसक और बौद्ध आदि दर्शनों के विषयावबोध को सामायिकभावश्रुतग्रन्थ कहते हैं।

सामायिक शिक्षाव्रत-- देखो सामायिकप्रतिमा। १. समता सर्वभूतेषु सयमः शुभभावना। आर्त्त-रौद्रपरित्यागस्तद्धि सामायिक व्रतम् ॥ (वरांगच. १५-१२२)। २. एकत्वेन गमन समय एकोऽहमात्मेति प्रतिपत्तिर्द्रव्यार्थादेशात्, काय-वाङ्मनःकर्मपर्यायार्थानर्पणात्, सर्वसावद्ययोगनिवृत्त्येकनिश्चयन वा व्रतभेदार्पणात्, समय एव सामायिक समयः प्रयोजनमस्येति वा। (त. श्लो ७-२१)। ३. राग द्वेषत्यागान्निखिलद्रव्येषु साम्यमवलम्ब्य। तत्त्वोपलब्धिमूल बहुश सामायिक कार्यम् ॥ (पु. सि. १५०)। ४ प्रत्याख्यानमभेदेन सर्वसावद्यकर्मण.। नित्य नियतकाल वा वृत्त सामायिक स्मृतम् ॥ (त. सा ६-४५)। ५ बधित्ता पज्जक अहवा उड्ढेण उब्भओ ठिच्चा। कालपमाण किच्चा इदियवावारवज्जिओ होउ ॥ जिणवयणे मणजणो सवुडकाओ य अजलि किच्चा। समरूवे मलीणा वदणमत्थ विचिततो ॥ किच्चा देस-पमाण सव्व सावज्जवज्जिदो होउ। जो कुव्वदि सामइय सो मुणि सरिसो हवे ताव ॥ (कार्तिके ३५६-५७)। ६. यत्सर्वद्रव्यसन्दर्भे राग-द्वेषव्यपोहनम्। आत्मतत्त्वनिविष्टस्य तत्सामायिकमूच्यते ॥ (योगशा. प्रा. ५-४७)। ७. त्यक्तार्त-रौद्रयोगो भक्त्या विदधाति निर्मलध्यान। सामायिक महात्मा सामायिकसयतो जीव ॥ (अमित. श्रा. ६-८६)। ८. एकान्ते कर्मबन्धादिमोक्ष यावन्मुनेरिव। स्व ध्यातु तर्वहिसादित्याग सामायिकव्रतम ॥ (सा. ध ५-२८)। ९ सामायिकमथाद्य स्याच्छिक्षाव्रतमगारिणाम्। आर्त्त-रौद्रे परित्यज्य त्रिकाल जिनवन्दनात् ॥ (धर्मश. २१-१४९)। १०. सम् शब्द एकत्वे एकीभावे वर्तते - यथा संगत घृत सगत तैलम्, एकीभूतमित्यर्थः। अयनमयः, सम् एकत्वेन अयन गमन परिणमन समयः, समय एव सामायिकम्। स्वार्थे इकण्। अथवा समय प्रयोजनमस्येति सामायिकम्, प्रयोजनार्थे इकण्। कोऽर्थ? देववन्दनाया निःसक्लेश सर्वप्राणिसमताचिन्तनम्, सामायिकमित्यर्थ। (त. वृत्ति श्रुत. ७-२१)।

१ आर्त्त और रौद्र ध्यान को छोड़कर समस्त

प्राणियों मे समता का भाव रखना, संयम का परिपालन करना, और उत्तम भावनाओं का चिन्तन करना, इसे सामायिक शिक्षाव्रत कहते हैं। ४ द्रव्यार्थिक नय की अपेक्षा जो 'मैं एक आत्मा हूं'। इस प्रकार का ज्ञान होता है तथा काय, वचन व मन की क्रियारूप पर्याय की विवक्षा न करके सर्व सावद्ययोग की निवृत्ति रूप जो एक निश्चय होता है, एवं व्रतभेद की अपेक्षा जो भिन्नता का बोध है; इसका नाम समय है, इस समय को ही सामायिक कहा जाता है।

सामायिक शुद्धिसंयम—देखो सामायिकसंयम।

सामायिक श्रुत—१. तत्थ ज सामाइय त णामट्ठवणा-दव्व-खेत्त-काल-भावेसु समत्तविहाण वण्णेदि। (धव. पु १, पृ. ९६); तत्थ सामाइय दव्व-खेत्त-काले अप्पिदूण पुरिसजाद आभोगिय परिमिदापरिमिदकालसमाइयं परूवेदि। (धव. पु. ९, पृ १८८)। २ एवविह सामाइय कालमस्सिदूण भरहादिखेत्ते च मणुट्ठाणाणि च अस्सिदूण परिमिदापरिमिदसरूवेण जेण परूवेदि × × ×। (जयध. १, पृ ९९)। ३ × × × तत्-(सामायिक-) प्रतिपादक शास्त्र सामायिकश्रुतम्। (गो. जी. जी. प्र. ३६७)।

१ जिस अंगबाह्य श्रुत में द्रव्य, क्षेत्र, काल और भाव का आश्रय करके तथा पुरुषसमूह को देखकर परिमित या अपरिमित काल पर्यन्त सम्पन्न होने वाले सामायिक अनुष्ठान की प्ररूपणा की जाती है उसे सामायिकश्रुत कहते हैं।

सामायिकसमय—देखो सामायिककाल। मूर्धरुह-मुष्टि-वासोबन्ध पर्यंकबन्धन चापि। स्थानमुपवेशन वा समय जानन्ति समयज्ञाः॥ (रत्क. ४–८)।

बालों का बन्धन, मुट्ठी का बन्धन, वस्त्र का बन्धन, पर्यंक आसन का बन्धन, कायोत्सर्ग से अवस्थान अथवा उपवेशन; इनको सामायिककाल माना जाता है, अर्थात् जब तक ये स्वय न छूटें या कष्टप्रद होने पर बुद्धिपुरःसर उन्हें छोड़ा न जाय तब तक सामायिक में स्थित रहना चाहिए।

सामायिक संयत—१. संगहियसयलसजममेयजममणुत्तर दुरवगम्म। जीवो समुव्वहतो सामाइयसजदो होई॥ (प्रा. पंचसं. १–१२९; धव. पु. १, पृ. ३७२ उद्.; गो. जी. ४७०)। २. सामाइयम्मि उ कए चाउज्जाम अणुत्तरं धम्म। तिविहेण फासयंतो सामाइयसंजओ स खलु॥ (भगवती. २५, ७, ६, खण्ड ४, पृ २६२)।

१ जिस एक ही संयम मे समस्त संयम का समावेश होता है तथा जो अनुपम होकर दुरवबोध है उस सामायिक संयम के परिपालन करने वाले को सामायिकसंयत कहा जाता है। २ सामायिक के स्वीकार कर लेने पर जो जीव अनुपम चार महाव्रत स्वरूप चातुर्याम धर्म का मन, वचन व काय से स्पर्श करता है उसका परिपालन करता है- वह सामायिक सयत कहलाता है।

सामायिकसंयम—देखो सामायिकसयत। १. सम् सम्यक् सम्यग्दर्शन-ज्ञानानुसारेण यता. बहिरंगान्तरगास्रवेभ्यो विरता सयताः। सर्वसावद्ययोगात् विरतोऽस्मीति सकलसावद्ययोगविरतिः सामायिकशुद्धिसयमो द्रव्यार्थिकत्वात्। (धव. पु. १, पृ. ३६९), स्वान्तर्भावितशेषसयमविशेषैकयमः सामायिकशुद्धिसयम। (धव पु १, पृ ३७०)। २. सामायिकमवस्थान सर्वसावद्ययोगस्याभेदेन प्रत्याख्यानमवलम्ब्य प्रवृत्तमथवाऽवधृतकालमनवधृतकाल सामायिकमित्याख्यायते। (चा सा. पृ. ३७)। ३ क्रियते यदभेदेन व्रतानामधिरोपणम्। कषायस्थूलतालीढ स सामायिकसयम। (पंचसं अमित १–१२९)।

१ 'सम्' का अर्थ सम्यक् अर्थात् सम्यग्दर्शन व ज्ञान का अनुसरण है तथा 'यत्' का अर्थ है बहिरंग और अन्तरग आस्रवों से विरत, तदनुसार अभिप्राय यह हुआ कि जो सम्यग्दर्शन व सम्यग्ज्ञानपूर्वक समस्त आस्रवो से विरत हो चुके हैं वे सयत कहलाते हैं। 'मै सर्वसावद्ययोग से विरत हूं' इस प्रकार से समस्त सावद्ययोग से विरत होने का नाम सामायिकशुद्धिसयम है।

साम्परायिक—१. तत्प्रयोजनं साम्परायिकम। तत्प्रयोजन कर्म साम्परायिकमित्युच्यते, यथा ऐन्द्रमहिकमिति। (त. वा. ६, ४, ५); मिथ्यादृष्ट्यादीना सूक्ष्मसाम्परायान्ताना कषायोदयपिच्छिलपरिणामाना योगवशादानीत कर्म भावेनोपश्लिष्यमाण आर्द्रचर्माश्रितरेणुवत् स्थितिमापद्यमान सांपरायिकमित्युच्यते। (त. वा. ६, ४, ७)। २. स सम्यक्, पर उत्कृष्टः, अयो गतिः पर्यटन प्राणिनां यत्र भवति

स संपरायः, ससार इत्यर्थः, संपरायः प्रयोजन यस्य कर्मणः तत् कर्म सांपरायिकम् कर्म । संसारपर्यटन-कर्म साम्परायिकमित्युच्यते । (त. वृत्ति श्रुत. ६-४)।

१ आत्मा का पराभव करना ही जिसका प्रयोजन है ऐसे कर्म को सांपरायिक कहा जाता है । मिथ्यादृष्टि से लेकर सूक्ष्मसांपरायसयत तक कषाय के उदयवश उत्पन्न परिणामो के अनुसार योग के द्वारा लाया गया कर्म गीले चमडे के आश्रित धूलि के समान जो स्थिति को प्राप्त होता है उसे साम्परायिक कर्म कहा जाता है ।

साम्प्रत – नामादिषु प्रसिद्धपूर्वच्छब्दादर्थे प्रत्ययः साम्प्रतः । (त भा १-३५, पृ. ११६); तेष्वेव साम्प्रतेषु नामादीनामन्यतमग्राहिषु प्रसिद्धपूर्वकेषु घटेषु सम्प्रत्ययः साम्प्रत. शब्द । (त. भा. १-३५, पृ. १२३)।

नाम व स्थापना आदि में जिसका वाच्य-वाचक सम्बन्ध आदि पूर्व में प्रसिद्ध है उस शब्द से जो घटादि के विषय में ज्ञान होता है उसे साम्प्रत शब्दनय कहते हैं । ऋजु सूत्र को अभीष्ट नाम स्थापना आदि घटों में से जो अन्यतम को ग्रहण करने वाले शब्द हैं उनके उच्चारण करने पर जिनका वाच्य वाचक सम्बन्ध पूर्व में प्रसिद्ध उन घटादिकों में जो ज्ञान होता है उसे साम्प्रत शब्द कहा जाता है ।

साम्भोगिक—सम्भोग. साधूना समानसामाचारीकतया परस्परमुपध्यादिदान-ग्रहणसव्यवहारलक्षणः, स विद्यते यस्य स साम्भोगिक । (स्थाना. सू. अभय. वृ. ३, ३, १७३, पृ. १३६)।

समान समाचारी वाले साधुओं के जो परस्पर उपधि आदि का देना लेना होता है उसका नाम सम्भोग है, इस सम्भोग से जो सहित होता है उसे साम्भोगिक कहा जाता है ।

साम्य - साम्यं तु दर्शन-चारित्रमोहनीयोदयापादितसमस्तमोह-क्षोभाभावादत्यन्तनिर्विकारो जीवस्य परिणामः । (प्रव. सा. अमृत. वृ. १-७); साम्यं मोह-क्षोभविहीन आत्मपरिणामः । (प्रव. सा. अमृत. वृ. ३-४१)।

दर्शन और चारित्र मोहनीय के उदय से जो मोह एवं क्षोभ होता है उसके अभाव में जीव का राग-द्वेषादि विकार से रहित निर्मल परिणाम होता है उसे साम्य कहा जाता है ।

साम्राज्यक्रिया—साम्राज्यमाधिराज्यं स्याच्चक्ररत्नपुरःसरम् । निधि-रत्नसमृद्धभूतभोगसम्पत्परम्परम् ॥ (म. पु. ३६-२०२)।

जिस सर्वोत्कृष्ट राज्य में चक्ररत्न के साथ नौ निधियों और चौदह रत्नों के आश्रय से भोग सम्पत्ति की परम्परा उपस्थित रहती है उसे साम्राज्यक्रिया कहा जाता है ।

सारणा—१ दुःखाभिभवान्मोहमुपगतस्य निश्चेतनस्य चेतनाप्रवर्तना सारणा । (भ. आ विजयो. ७०) । २. सारणा दुःखाभिभवान्मोहं गतस्य चेतनाप्रापणा । (अन. ध. स्वो. टी. ७-९८; भ. आ. मूला ७०)।

१ दुःख से अभिभूत होकर मूर्छा को प्राप्त हुए को सचेत करना, इसका नाम सारणा है । यह भक्तप्रत्याख्यानमरण को स्वीकार करने वाले क्षपक के अर्हादि ४० लिंगों मे से एक है ।

सारस्वत— (लौकान्तिक देवविशेष) सरस्वती चतुर्दशपूर्वलक्षणा विदन्ति जानन्ति सारस्वता. । (त वृत्ति श्रुत. ४-२५) ।

जो लौकान्तिक देव चौदह पूर्वस्वरूप सरस्वती को जानते हैं वे सारस्वत कहलाते हैं ।

सारार्द्र—सारार्द्र तु यद्बहिः शुष्काकारमप्यन्तर्मध्ये सार्द्रमास्ते यथा श्रीपर्णी-सोवर्चलादिकम् । (सूत्रकृ. नि. शी. वृ १८५, पृ. १३६) ।

जो बाहर सूखे आकार में होकर भी मध्य में गीला रहता है उसका नाम सारार्द्र है । जैसे—श्रीपर्णी और सोवर्चल आदि ।

सार्व – सार्व इह-परलोकोपकारकमार्गप्रदर्शकत्वेन सर्वेभ्यो हितः । (रत्नक. टी. १-७) ।

जो इस लोक व परलोक में उपकार करने वाले मार्ग को दिखलाने के कारण सभी प्राणियों के लिए हितकर होता है उसे सार्व कहा जाता है । यह वीतराग सर्वज्ञ के अनेक नामों के अन्तर्गत है ।

सालम्बध्यान—१. जिनरूपध्यान खल्वाद्यः (सालम्बनः योगः) ×××॥ (षोडशक. १४-१)। २. धर्मध्यानं तु सालम्ब चतुर्भेदनिगद्यते । आज्ञापाय-विपाकाख्य-संस्थानविचयात्मभिः ॥ अथवा जिनमुख्यानां पञ्चानां परमेष्ठिनाम् । पृथक् पृथक् तु यद् ध्यान सालम्बं तदपि स्मृतम् ॥ (भावसं. वाम.

६३८ व ६४३)। ३ सह आलम्बनेन चक्षुरादि-ज्ञानविषयेण प्रतिमादिना वर्तत इति सालम्बनः। (योगवि. टी. १६)।

१ जिन (अरहन्त)के रूप के चिन्तन को सालम्ब योग कहा जाता है। २ आज्ञा व अपायविचय आदि चार के आलम्बन से सहित धर्मध्यान को सालम्ब कहा जाता है। अथवा पांच परमेष्ठियों का जो पृथक् पृथक् चिन्तन किया जाता है उसे सालम्बध्यान माना गया है। ३ जो योग चाक्षुष आदि ज्ञान की विषयभूत प्रतिमा आदि के साथ रहता है उसे सालम्बन योग कहते हैं।

सालम्बन योग – देखो सालम्बध्यान।

सावद्ययोग—सर्वशब्देन तत्रान्तर्बहिर्वर्तिपदार्थतः। प्राणोच्छेदो हि सावद्य सैव हिंसा प्रकीर्तिता॥ योगस्तत्रोपयोगो वा बुद्धिपूर्वः स उच्यते। सूक्ष्मश्चाबुद्धिपूर्वो यः स स्मृत योग इत्यपि॥ (लाटीसं. ४, २५०–५१)।

सावद्य का अर्थ प्राणविघातरूप हिंसा है, योग का अर्थ है उसमे बुद्धिपूर्वक उपयोग लगाना, सूक्ष्म जो अबुद्धिपूर्वक योग होता है उसे भी योग माना गया है। अभिप्राय यह है कि प्राणिहिंसा में बुद्धिपूर्वक या अबुद्धिपूर्वक जो उपयोग किया जाता है वह सावद्ययोग कहलाता है। सर्वसावद्य में सर्व शब्द से अन्तरंग व बहिरंग सभी पदार्थों की विवक्षा रही है।

सावद्य वचन— १. जत्तो पाणवधादी दोसा जायंति सावज्जवयणं च। अविचारित्ता येणं येणत्ति जहेव मादीय॥ (भ. आ. ८३१)। २. छेदन-भेदन-मारण-कर्षण-वाणिज्य-चौर्यवचनादि। तत्सावद्य यस्मात् प्राणिवधाद्याः प्रवर्तन्ते॥ (पु. सि. ६७)। ३. आरम्भाः सावद्या विचित्रभेदा यतः प्रवर्तन्ते। सावद्यमिदं ज्ञेय वचन सावद्यवित्रस्तैः॥ (अमित. श्रा. ६–५३)।

१ जिस वचन से प्राणिहिंसा आदि बहुत से दोष उत्पन्न होते हैं उसे सावद्यवचन कहते हैं। जैसे—बिना विचारे चोर को चोर कहना, इत्यादि। २ जो वचन छेदने, भेदने, मारने, खींचने, व्यापार करने और चोरी करने आदि का सूचक होता है वह सावद्यवचन कहलाता है।

सावधिनित्यता — श्रुतोपदेशनित्यतावदुत्पत्ति-प्रलयवत्त्वेऽप्यवस्थानात् पर्वतोदधि-वलयाद्यवस्थानवच्च सावधिका। (त. भा सिद्ध. वृ. ५–४)।

श्रुत के उपदेश की नित्यता के समान उत्पत्ति व विनाश से संयुक्त होने पर भी अवस्थान के बने रहने से जो प्रवाह रूप से नित्यता है उसे सावधि नित्यता कहा जाता है। जैसे पर्वत, समुद्र और वलय आदि के अवस्थान की नित्यता।

सावनसंवत्सर—१ सावनमासस्त्रिंशदहोरात्र एव, एष च कर्ममास ऋतुमासश्चोच्यते। एवविध-द्वादशमासनिष्पन्न सावनसवत्सर, स चाय त्रीणि शतान्यह्ना षष्ठ्यधिकानि। (३६०)। (त भा सिद्ध. वृ. ४–१५)। २. तथा सवन कर्मसु प्रेरण 'षू प्रेरणे इति वचनात्, तत्प्रधान. सवत्सर सवन-सवत्सर'। तथा चोक्तम्—बे नालिया मुहुत्तो सट्ठी उण नालिया अहोरत्तो। पन्नरस अहोरत्ता पक्खो तीस दिणा मासो॥ सवच्छरो उ बारस मासा पक्खा य ते चउवीस। तिन्नेव सया सट्ठा हवंति राइदियाण तु॥ एसो उ कमो भणिओ निअमा सवच्छरस्स कम्मस्स। कम्मोत्ति सावणोत्ति य उउ-इत्तिय तस्स नामाणि॥ [ज्योतिष्क ३०–३२]॥ (सूर्यप्र. मलय. वृ. १०, २०, ५७ उद्.)।

२ जिस वर्ष में प्रमुखता से कर्म को प्रेरणा मिलती है उसे सावनसंवत्सर कहा जाता है। उसका क्रम इस प्रकार है—दो नालियो का मुहूर्त, साठ नालियों का दिन-रात, पन्द्रह दिन-रात का पक्ष अथवा तीन सौ साठ रात-दिन का संवत्सर होता है। कर्मसंवत्सर, श्रावण (सावन) सवत्सर और ऋतु-संवत्सर ये उसके नाम हैं।

सावित्रसंवत्सर—सूर्यमासस्त्वमवगन्तव्य.—त्रिंशद् दिनान्यर्धं च (३०½)। एवविधद्वादशमासनिष्पन्न. सवत्सरः सावित्र। स चाय त्रीणिशतान्यह्ना षट्षष्ठ्यधिकानि (३६६)। (त. भा. सिद्ध वृ. ४–१५)।

साढ़े तीस (३०½) दिन का सूर्यमास होता है। इस प्रकार के बारह मासों से एक सावित्रसंवत्सर होता है। (३०½ × १२ = ३६६)।

सासन—देखो सासादन।

सासादन—१. सम्मत्त-रयणपव्वयसिहारादो मिच्छभावसमभिमुहो। णासियसम्मत्तो सो सासण-णामो मुणेयव्वो॥ (प्रा. पंचस. १–९; धव. पु. १, पृ. १६६ उद्.; गो. जी. २०)। २. उवसमसम्मा-

